# TEXT LITE & DARK WITHIN THE BOOK ONLY

FLYING TEXT WITH IN THE BOOK ONLY.

UNIVERSAL
LIBRARY
OU_176559
UNIVERSAL
LIBRARY

# भारत

## (वार्षिक सन्दर्भ ग्रन्थ)

## 1954

पब्लिकेशन्स डिवीजन
मिनिस्ट्री ऑफ इन्फॉर्मेशन एण्ड ब्रॉडकास्टिंग
भारत सरकार

प्रसार तथा सूचना मन्त्रालय के रिसर्च एण्ड रैफरेन्स डिवीजन द्वारा संगृहीत तथा पब्लिकेशन्स डिवीजन द्वारा सम्पादित ।

( 7 रुपया 8 आना )

मैनेजर, गवर्नमेन्ट ऑफ इंडिया प्रेस, नई दिल्ली द्वारा मुद्रित
तथा
डाइरैक्टर, पब्लिकेशन्स डिवीजन, ओल्ड सैक्रेटेरियट, दिल्ली द्वारा प्रकाशित

## वक्तव्य

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद से देश में जो असाधारण सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन हो रहे है और जिस रफ़्तार मे भारत उन्नति पथ पर अग्रसर हो रहा है, उनके कारण भारत के सभी क्षेत्रो के सम्बन्ध मे विश्वसनीय और प्रामाणिक सूचनाओ और गणनाओं का महत्व और भी अधिक बढ गया है। इसी कारण 1953 मे अंग्रेजी में एक सन्दर्भ ग्रन्थ का प्रकाशन जारी किया गया था। इस वर्ष हिन्दी में भी इस सन्दर्भ ग्रन्थ का प्रकाशन प्रारम्भ करते हुए हमें विशेष प्रसन्नता अनुभव हो रही है।

इस सन्दर्भ ग्रन्थ के लिए रिसर्च एण्ड रैफरेन्स डिवीजन ने सामग्री एकत्र की और इसका सम्पादन पब्लिकेशन्स डिवीजन ने किया है। भविष्य में हम इस प्रकाशन को और भी अधिक उपयोगी बनाने का अधिकाधिक प्रयत्न करेगे।

दीपावली
26 अक्तूबर, 1954

पब्लिकेशन्स डिवीजन

# विषय-सूची


| अध्याय | | पृष्ठ |
|---|---|---|
| 1. | भारत भूमि और उसके निवासी | 1—34 |
| 2. | संविधान | 35—45 |
| 3. | राष्ट्र के प्रतीक | 46—48 |
| 4. | यूनियन सरकार और पार्लियामेंट | 49—78 |
| 5. | न्याय विभाग | 79—93 |
| 6. | सार्वजनिक सेवा | 94—97 |
| 7. | प्रतिरक्षा | 98—104 |
| 8. | सार्वजनिक वित्त | 105—151 |
| 9. | पंचवर्षीय आयोजना | 152—166 |
| 10. | कृषि | 167—190 |
| 11. | सामूहिक विकास | 191—197 |
| 12. | विद्युत शक्ति तथा सिंचाई | 198—218 |
| 13. | वैज्ञानिक शोध | 219—227 |
| 14. | उद्योग धन्धे | 228—253 |
| 15. | वाणिज्य | 254—263 |
| 16. | परिवहन | 264—285 |
| 17. | डाक और तार | 286—299 |
| 18. | सहकारी आन्दोलन | 300—309 |
| 19. | शिक्षा | 310—324 |
| 20. | स्वास्थ्य | 325—344 |
| 21. | श्रम | 345—378 |
| 22. | पत्र पत्रिकाएं, फिल्में और रेडियो द्वारा प्रसार | 379—387 |
| 23. | पुनर्वास | 388—402 |
| 24. | अनुसूचित जातियां, अनुसूचित उपजातियां और पिछड़े हुए वग | 403—414 |
| 25. | "क" भाग के राज्य | 415—485 |
| 26. | "ख" भाग के राज्य | 486—518 |
| 27. | "ग" भाग के राज्य तथा "घ" भाग के प्रदेश | 519—535 |
| 28. | खेल | 536—544 |
| 29. | 1953 की घटनाओं की सूची | 545—551 |
| 30. | वर्ष के कानून | 552—556 |
| 31. | सामान्य जानकारी | 557—578 |

## बच्चे को प्रसन्न रखिए



जब बच्चा चिड़चिड़ा हो जाये तो उसे
अत्यन्त स्वादिष्ट 'नरिशिंग बिस्कुट' दीजिए और वह तुरन्त
हंसने लगेगा। नरिशिंग बिस्कुट' में भरपूर विटामिन होते हैं




जे० बी० मंघाराम के

# NOURISHING

'नरिशिंग बिस्कुट'
विटामिनों से भरपूर हैं

**J. B. MANGHARAM & CO.**
GWALIOR

जे० बी० मंघाराम एण्ड कम्पनी, ग्वालियर
फ़तेहपुरी, दिल्ली और कनॉट प्लेस, नई दिल्ली में भी दुकानें हैं

# राम तीर्थ ब्राह्मी तैल

(स्पेशल नं० १)

## आयुर्वेदिक औषधि (रजिस्टर्ड)

स्मरण शक्ति बढ़ती है, गाढी निद्रा आती है तथा बाल काले होते है । आखो मे डालने से आखो की रोशनी बढ़ती है ।



कान मे डालने से कान के सब रोग मिटते है । गजापन दूर होता है । सब ऋतुओ मे उपयोगी ।

**कीमत** --बड़ी शीशी ३।।) छोटी शीशी २) रु०

**प्रत्येक स्थान पर मिलता है ।**

५।।।-) का मनीआर्डर बड़ी शीशी के लिये तथा ३।।-) का मनीआर्डर छोटी शीशी के लिये (डाक व्यय मिलाकर) भेजे ।

**उपरोक्त पते पर प्रात ७।। बजे से ९।। बजे तक और सांयकाल ६ से ७।। बजे तक योग की कक्षाएं नियमित रूप स (रविवार की छुट्टी) लगती है । स्वस्थ बनने और ठीक रहने के लिये हमारा आकर्षक मानचित्र मंगाइये जिसमें योग के आसन दिखाये गये है और जो एक रुपया बारह आने मिलने पर भेज दिया जायेगा । घर पर इन आसनों को बड़ी सरलता से किया जा सकता है ।**

# श्री रामतीर्थ योगाश्रम

दादर (सैन्ट्रल रेलवे) बम्बई १४

टेली :--६२८९९ ग्राम्स :—"PRANAYAM"


अनुभव के उत्पादन
प्रत्येक अपने क्षेत्र में अग्रणी
सुल्तान कोल्हू
सैण्ट्रिफ्यूगल पम्प
शिवालक
पावर से चलने वाला बेलना
हमारे यहां उच्च कोटि के कृषि-उपकरणों का निर्माण तथा पुरानी तथा मिश्रित धातुओं की ढलाई तथा मशीनी काम होता है
धान छड़ने की मशीन
कार्न शैलर
कैसर-ए-हिन्द
आटा मिल
सरोवर
बैलों से चलने वाला पम्प
कैसर-ए-हिन्द
पावर आटा मिल
नाहन फाऊण्ड्री लिमिटेड, नाहन
(हिमाचल प्रदेश) (भारत सरकार प्रतिष्ठान)



भारत
भौतिक मानचित्र
18,000 फीट से ऊपर
18,000 फीट
9,000 ,,
6,000 ,,
3,000 ,,
1,200 ,,
समुद्र की ऊंचाई
समुद्र
तिब्बत
पश्चिमी पाकिस्तान
सतलुज नदी
सिन्धु नदी
गौडविन ऑस्टिन 28,250 फीट
नागा पर्वत
काराकोरम पर्वत श्रेणी
धवलगिरि 26,795 फीट
एवरेस्ट शिखर 29,002 फीट
किंचनजंघा 28,146 फीट
ब्रह्मपुत्र नदी
गंगा नदी
यमुना नदी
अरावली पर्वत श्रेणी
पूर्वी पाकिस्तान
बरमा
विन्ध्या पर्वत श्रेणी
नर्मदा नदी
सतपुरा पर्वत श्रेणी
महादेव पहाड़ियां
ताप्ती नदी
महानदी
गोदावरी नदी
कृष्णा नदी
नीलगिरी पहाड़ियां
कावेरी नदी
कार्डमम पहाड़ियां
लंका
अण्डेमन निकोबार द्वीपसमूह
बं गा ल की खा ड़ी

## पहला अध्याय

# भारत भूमि और उसके निवासी

## भूमि

एशिया महाद्वीप की मुख्य भूमि मे से जो तीन टेढे-मेढे प्रायद्वीप समुद्र मे बाहर की ओर निकले हुए है, उनमे से बीच का प्रायद्वीप भारत है । एशिया के मध्य-दक्षिणी भाग से वह हिमालय की ऊची पर्वतमाला द्वारा जुडा हुआ है और यह उसका उत्तरी छोर है, जहा से दक्षिण की ओर सुदूर हिन्द महासागर तक उसका विस्तार है । उसके पूर्व मे बगाल की खाडी है और पश्चिम मे अरब समुद्र । भूमध्य रेखा के उत्तर मे 8° से लेकर 37° उत्तरी अक्षाश रेखाओ तथा 66°20 से लेकर 97° पूर्वी देशाश रेखाओं के बीच यह देश अवस्थित है । कर्क रेखा इसे प्राय दो बराबर के भागो मे बाटती है । देश का उत्तरी भाग शीतोष्ण कटिबन्ध मे पडता है और दक्षिणी भाग उष्ण कटिबन्ध मे । देश की भू-सीमा रेखा 8,200 मील लम्बी है और समुद्रतट रेखा 3,500 मील ।

शानदार हिमालय ससार की सबसे अधिक दुर्लघ्य प्राचीर है, और वही भारत की उत्तरी सीमा है जिस पर तिब्बत, भूटान, सिक्किम और नेपाल अवस्थित है । पूर्व मे कुछ पर्वतमालाए भारत और वर्मा को अलग करती है । उत्तर-पूर्व मे पश्चिमी बगाल और आसाम के बीच पूर्वी पाकिस्तान अवस्थित है । उत्तर-पश्चिम मे भारत और पश्चिमी पाकिस्तान की सीमाए मिलती है । बगाल की खाडी मे स्थित अन्दमान और नीकोबार द्वीप समूह भी भारतीय सघ के अन्तर्गत है ।

लगभग 12,69,640 वर्गमील मे फैले हुए इस भारतीय यूनियन मे कुल 29 राज्य है, जिनमे जम्मू और काश्मीर भी सम्मिलित है । इनमे से सब से नया राज्य आन्ध्र है, जिसका जन्म अक्तूबर 1953 मे हुआ था । क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत ससार का सातवा देश है । वह सयुक्त राज्य ब्रिटेन से प्राय: 13 गुना और जापान से 8 गुना बडा है । उसका क्षेत्रफल कैनाडा के क्षेत्रफल का एक तिहाई और रूस का सातवा भाग है ।

## प्राकृतिक बनावट

सम्पूर्ण देश को तीन सुनिश्चित प्रदेशो मे बाटा जा सकता है :—(1) महान हिमालय पर्वत-शृङ्खला वाला प्रदेश, (2) सिन्ध-गगा का मैदान और (3) प्रायद्वीप का दक्षिणी पठार । हिमालय प्राय: तीन समानान्तर पर्वत श्रेणियो से मिल कर बना है, जिनके बीच मे लम्बे चौडे पठार और घाटियां है, जैसे काश्मीर और कुल्लू की घाटिया, जो बडी उपजाऊ, विस्तृत और प्राकृतिक सौन्दर्य से सम्पन्न है । इन पर्वत श्रेणियो मे ससार की कुछ सबसे ऊची चोटिया पाई जाती है, जैसे एवरस्ट (29,141 फीट), माउण्ट गॉडविन ऑस्टिन (28,250 फीट), और कंचनजघा (28,146 फीट)। अधिक ऊचाई के कारण कुछ ही दर्रों से आना-जाना सम्भव है,

विशेषत "जेलेप ला" और "नाट् ला" दर्रे जो दार्जिलिंग के उत्तर मे चम्बी की घाटी से होकर जाने वाले भारत-तिब्बत व्यापार के मुख्य मार्ग है । उत्तर पश्चिम स्थित पामीर की शृङ्खला सन्धि से लेकर आसाम की सीमा तक पर्वत की दीवार प्राय 1500 मील तक फैली हुई है । पूर्व मे बर्मा और भारत के बीच पर्वत श्रेणियो की ऊंचाई अपेक्षाकृत काफी कम है और विभिन्न स्थानो मे उनके विभिन्न नाम है, जैसे आसाम के उत्तर-पूर्व मे पटकाई और नागा पहाडियां और दक्षिण-पश्चिम मे जैन्तिया, खासी और गारो पहाडिया ।

एक ओर हिमालय पर्वत और दूसरी ओर प्रायद्वीप के बीच स्थित सिन्ध-गगा का मैदान पूर्वी पाकिस्तान की पश्चिमी सीमा से पश्चिमी पाकिस्तान की पूर्वी सीमा तक प्राय 1500 मील लम्बा है । इस में पजाब की सतलुज, व्यास के अतिरिक्त गगा और उसकी सहायक नदिया, यमुना, गोमती, घाघरा और गण्डक नदिया बहती है । ब्रह्मपुत्र हिमालय के उस पार से निकलती है, और भारत मे धुर पूर्वीय सीमा पर प्रवेश करती है । आसाम और पूर्वी बगाल से होकर बहती हुई वह गगा के बगाल की खाडी मे गिरने से पहले ही उससे मिल जाती है ।

प्रायद्वीप का पठार सिन्ध-गगा के मैदान से कई पर्वत श्रेणियों द्वारा, जिनकी ऊंचाई 1500 फुट से लेकर 4000 फुट तक है, पृथक है । इनमे से प्रमुख श्रेणिया अरावली, विन्ध्य, सतपुडा, मैकल और अजन्ता है । प्रायद्वीप के एक ओर पूर्वी घाट पर्वतमालाए है, जिनकी औसत ऊचाई 1500 फुट है । दूसरी ओर पश्चिमी घाट पर्वतमालाए है, जिनकी औसत ऊचाई 3000 फुट है पर कही कही वह 9000 फुट तक भी ऊची है । प्रायद्वीपी पठार चट्टानी और ऊबड खाबड है और दूर दक्षिण की उन पर्वत श्रेणियो तक फैला हुआ है, जिनकी ऊचाई कही कही 4000 फुट तक है । इनमे से नीलगिरि और कार्डेमम श्रेणिया उल्लेखनीय है । पठार के आरपार नर्मदा और ताप्ती नदिया बहती है, जो अरब सागर मे गिरती है और महानदी, गोदावरी, कृष्णा तथा कावेरी बहती है, जो बगाल की खाडी मे गिरती है ।

## जलवायु

भारत का जलवायु मुख्यत वर्षा प्रधान सम-शीतोष्ण है। निस्सन्देह स्थानीय परिवर्तन इसमे विद्यमान है । भारत के जलवायु पर मौसम की हेर-फेर का स्पष्ट और सीधा प्रभाव रहता है और यहा मौसम का बटवारा इस प्रकार किया जा सकता है —

(क) अक्तूबर से फरवरी के अन्त तक सर्दी का मौसम,

(ख) मार्च के आरम्भ से जून के अन्त तक गर्मी का मौसम,

(ग) जून के अन्त से सितम्बर के अन्त तक वर्षा का मौसम ।

उत्तर-पूर्वी मानसून के मौसम का उप-विभाजन इस प्रकार किया जा सकता है —(1) जनवरी से फरवरी तक सर्दी का मौसम, (2) मार्च से जून तक गर्मी का मौसम । इसी प्रकार दक्षिण पश्चिमी मानसून का उप-विभाजन इस प्रकार है :—(1) जून से सितम्बर के मध्य तक वर्षा का मौसम और (2) अक्तूबर से दिसम्बर तक मानसून की वापसी का मौसम ।

जनवरी मे सब से अधिक सर्दी पडती है, फिर भी उत्तर से दक्षिण तक के तापमान म बहुत अन्तर रहता है । दिन प्रायः गर्म होते है और राते निश्चित रूप से सर्द । जनवरी के तापमान का औसत पंजाब मे 55° फारनहाइट, गगा की घाटी मे लगभग

60° फा० और मद्रास में लगभग 75° फा० होता है। अप्रैल और मई में भारत में सूर्य की किरण सीधी पडती है, और इसी से ये सबसे अधिक गर्म महीने होते है। मई मे उत्तर-पश्चिम भारत मे मैदानों का अधिकतम तापमान 110° फा० से भी बढ़ जाता है, यद्यपि औसत तापमान 100° फा० से कुछ ऊपर होता है। गंगा के डेल्टा में औसत तापमान 85° फा० होता है। प्राय. जून के मध्य में वर्षा शुरु हो जाती है और तेज गड़गडाहट और कौंध के साथ मूसलाधार पानी पडने लगता है। भारत के अधिकांश भागो मे, जहा उत्तर-पश्चिमी मानसून द्वारा वर्षा होती है, जून और सितम्बर के बीच वर्षा होती है। मद्रास के समुद्र तट को छोड़ कर भारत में अधिकांश वर्षा दक्षिण पश्चिमी मानसून द्वारा होती है। उत्तर पूर्वी मानसून से वर्षा केवल तिरुवाकर कोचीन और मद्राम के कुछ भागो मे होती है।

## भारत

**वर्ष का औसत धरातल तापमान**



## तालिका 1

### छाया मे मासिक और वार्षिक अधिकतम तापमान (फाहरेनहाइट अंशों में)

| केन्द्र | फुटो मे ऊचाई | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्तूबर | नवम्बर | दिसम्बर | वार्षिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **पार्वत्य केन्द्र:** | | | | | | | | | | | | | | |
| दार्जिलिंग | 7,432 | 47·0 | 47·8 | 55·4 | 61·2 | 62·9 | 64·9 | 65·7 | 65·6 | 64·6 | 61·7 | 55·6 | 50·5 | 58·6 |
| शिलांग | 4,921 | 60·1 | 62·5 | 70·4 | 74·1 | 74·0 | 74·5 | 75·3 | 75·1 | 74·3 | 71·1 | 66·0 | 61·6 | 69·9 |
| शिमला | 7,224 | 47·5 | 48·8 | 57·0 | 65·9 | 73·2 | 75·1 | 70·9 | 68·4 | 68·4 | 64·3 | 58·3 | 50·6 | 62·4 |
| **तटीय केन्द्र:** | | | | | | | | | | | | | | |
| बम्बई | 35 | 83·2 | 83·1 | 86·2 | 89·1 | 91·1 | 88·5 | 85·5 | 85·0 | 85·5 | 88·8 | 89·4 | 86·6 | 86·8 |
| मद्रास | 51 | 85·3 | 88·3 | 91·4 | 95·5 | 101·3 | 99·6 | 96·3 | 94·8 | 93·9 | 90·1 | 85·4 | 84·1 | 92·2 |
| **मैदानी केन्द्र:** | | | | | | | | | | | | | | |
| इलाहाबाद | 332 | 74·8 | 79·2 | 91·7 | 102·6 | 107·1 | 102·7 | 92·1 | 89·4 | 91·5 | 90·4 | 83·4 | 75·7 | 90·1 |
| कलकत्ता | 21 | 79·6 | 83·7 | 92·5 | 96·8 | 95·6 | 92·4 | 89·5 | 89·0 | 89·9 | 89·2 | 84·2 | 79·4 | 88·5 |
| कानपुर | 413 | 71·9 | 77·0 | 89·4 | 99·4 | 106·2 | 102·7 | 92·4 | 89·7 | 90·9 | 91·2 | 82·8 | 74·0 | 89·0 |
| कटक | 87 | 83·1 | 88·2 | 96·6 | 101·2 | 101·4 | 95·5 | 89·5 | 89·0 | 90·0 | 89·7 | 85·0 | 81·2 | 90·9 |
| नई दिल्ली | 710 | 70·5 | 74·7 | 85·0 | 96·6 | 104·8 | 102·4 | 95·3 | 93·0 | 93·5 | 92·5 | 83·2 | 73·7 | 88·8 |
| लखनऊ | 371 | 73·9 | 78·6 | 90·8 | 101·4 | 105·4 | 100·2 | 92·4 | 90·5 | 91·9 | 91·4 | 83·9 | 75·9 | 89·7 |
| पटना | 173 | 73·0 | 77·8 | 89·8 | 98·9 | 100·3 | 96·2 | 90·7 | 89·1 | 89·7 | 88·6 | 82·1 | 74·6 | 87·6 |
| **पठारों के केन्द्र:** | | | | | | | | | | | | | | |
| देहरादून | 2,239 | 66·1 | 69·3 | 79·4 | 90·0 | 96·0 | 93·7 | 86·5 | 84·5 | 84·8 | 82·9 | 75·4 | 68·7 | 81·4 |
| नागपुर | 1,010 | 83·7 | 88·2 | 96·7 | 104·2 | 108·7 | 99·5 | 88·3 | 87·3 | 89·8 | 90·6 | 85·5 | 81·7 | 92·0 |

## तालिका 2

छाया म मासिक तथा वार्षिक न्यूनतम तापमान (फाह्रेनहाइट अशो मे)

| केन्द्र | फुटो मे ऊचाई | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्तूबर | नवम्बर | दिसम्बर | वार्षिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **पार्वत्य केन्द्र.** | | | | | | | | | | | | | | |
| दार्जिलिंग | | 35.4 | 36.6 | 43.0 | 48.8 | 52.4 | 56.5 | 58.0 | 57.7 | 56.0 | 50.2 | 43.1 | 36.6 | 47.9 |
| शिलांग | | 38.8 | 42.4 | 50.8 | 57.0 | 59.1 | 63.0 | 64.6 | 64.0 | 61.6 | 54.8 | 46.2 | 40.0 | 53.5 |
| शिमला | ऊचाई के | 35.4 | 36.1 | 43.6 | 50.6 | 57.7 | 60.1 | 59.2 | 59.2 | 56.3 | 51.4 | 44.2 | 39.3 | 49.4 |
| **तटीय केन्द्र :** | लिए देखो | | | | | | | | | | | | | |
| बम्बई | तालिका | 66.7 | 67.4 | 71.9 | 76.1 | 79.6 | 78.6 | 76.7 | 76.1 | 75.7 | 75.6 | 72.5 | 68.8 | 73.8 |
| मद्रास | न० 1 | 67.1 | 68.4 | 72.4 | 78.1 | 81.7 | 81.1 | 79.3 | 78.0 | 77.2 | 75.0 | 71.9 | 68.9 | 74.9 |
| **मैदानी केन्द्र·** | | | | | | | | | | | | | | |
| इलाहाबाद | | 47.1 | 50.9 | 61.0 | 71.4 | 79.9 | 82.9 | 79.8 | 78.5 | 76.6 | 67.1 | 54.3 | 47.1 | 66.4 |
| कलकत्ता | | 54.6 | 59.4 | 68.8 | 75.5 | 77.5 | 78.6 | 78.6 | 78.3 | 78.0 | 73.8 | 63.7 | 55.0 | 70.2 |
| कानपुर | | 45.7 | 51.0 | 60.1 | 70.6 | 80.4 | 83.0 | 79.9 | 78.7 | 76.2 | 66.0 | 53.9 | 46.5 | 66.0 |
| कटक | | 59.8 | 64.8 | 71.8 | 77.5 | 79.9 | 79.6 | 78.3 | 78.1 | 77.8 | 74.4 | 65.8 | 58.7 | 72.2 |
| नई दिल्ली | | 43.3 | 49.2 | 57.1 | 67.7 | 78.8 | 82.5 | 80.1 | 78.4 | 75.5 | 64.3 | 51.8 | 45.0 | 64.5 |
| लखनऊ | | 47.1 | 51.4 | 60.6 | 70.8 | 78.3 | 81.7 | 79.5 | 78.6 | 76.5 | 66.5 | 54.1 | 47.3 | 66.0 |
| पटना | | 51.1 | 54.8 | 64.3 | 73.5 | 78.1 | 79.9 | 79.9 | 79.7 | 78.9 | 72.8 | 61.0 | 52.3 | 68.9 |
| **पठारों के केन्द्र** | | | | | | | | | | | | | | |
| देहरादून | | 44.0 | 46.6 | 54.1 | 62.5 | 70.1 | 74.1 | 73.8 | 72.9 | 69.5 | 60.3 | 51.1 | 45.1 | 60.3 |
| नागपुर | | 56.0 | 59.9 | 66.7 | 74.5 | 80.9 | 79.6 | 75.5 | 75.0 | 74.2 | 66.5 | 59.1 | 53.8 | 68.5 |

तलिका 3

## मासिक तथा वार्षिक वर्षा (इंचों में)

| केन्द्र | ऊंचाई फुटों में | जनवरी | फरवरी | मार्च | अप्रैल | मई | जून | जुलाई | अगस्त | सितम्बर | अक्तूबर | नवम्बर | दिसम्बर | वार्षिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **पार्वत्य केन्द्र:** | | | | | | | | | | | | | | |
| दार्जिलिंग | | 0·53 | 1·19 | 1·88 | 4·14 | 9·63 | 24·18 | 32·92 | 26·56 | 18·90 | 5·41 | 0·81 | 0·27 | 126·42 |
| शिलांग | | 0·52 | 1·06 | 1·97 | 5·10 | 11·29 | 18·16 | 13·65 | 12·49 | 11·79 | 6·72 | 1·61 | 0·28 | 84·64 |
| शिमला | | 2·61 | 2·92 | 2·36 | 1·81 | 2·53 | 6·04 | 16·30 | 16·85 | 6·68 | 1·18 | 0·52 | 1·24 | 61·04 |
| **तटीय केन्द्र:** | देखो | | | | | | | | | | | | | |
| बम्बई | तालिका | 0·14 | 0·08 | 0·05 | 0·03 | 0·65 | 19·06 | 24·27 | 13·39 | 10·39 | 2·54 | 0·53 | 0·08 | 71·21 |
| मद्रास | नं० 1 | 1·41 | 0·41 | 0·29 | 0·61 | 1·03 | 1·86 | 3·60 | 4·58 | 4·68 | 12·04 | 13·96 | 5·45 | 49·92 |
| **मैदानी केन्द्र:** | | | | | | | | | | | | | | |
| इलाहबाद | | 0·85 | 0·63 | 0·56 | 0·17 | 0·63 | 5·04 | 12·56 | 10·03 | 8·36 | 2·34 | 0·31 | 0·34 | 41·82 |
| कलकत्ता | | 0·37 | 1·17 | 1·36 | 1·75 | 5·49 | 11·69 | 12·81 | 12·92 | 9·95 | 4·48 | 0·81 | 0·18 | 62·98 |
| कानपुर | | 0·56 | 0·66 | 0·29 | 0·22 | 0·32 | 3·19 | 10·75 | 11·20 | 5·79 | 1·30 | 0·35 | 0·28 | 35·91 |
| कटक | | 0·32 | 0·78 | 1·04 | 1·07 | 3·57 | 9·95 | 12·89 | 13·40 | 9·76 | 5·34 | 1·62 | 0·23 | 59·97 |
| नई दिल्ली | | 0·99 | 0·83 | 0·51 | 0·33 | 0·52 | 3·03 | 7·03 | 7·23 | 4·84 | 0·40 | 0·10 | 0·43 | 26·24 |
| लखनऊ | | 0·76 | 0·72 | 0·34 | 0·25 | 0·77 | 4·46 | 12·00 | 11·50 | 7·40 | 1·28 | 0·22 | 0·32 | 40·02 |
| पटना | | 0·59 | 0·74 | 0·42 | 0·27 | 1·40 | 7·14 | 11·58 | 13·09 | 8·60 | 2·30 | 0·34 | 0·22 | 46·69 |
| **पठारों के केन्द्र:** | | | | | | | | | | | | | | |
| देहरादून | | 2·32 | 2·47 | 1·26 | 0·65 | 1·45 | 8·55 | 26·30 | 28·79 | 10·62 | 1·26 | 0·35 | 1·02 | 85·04 |
| नागपुर | | 0·37 | 0·65 | 0·60 | 0·60 | 0·76 | 8·82 | 14·60 | 11·42 | 8·01 | 2·17 | 0·77 | 0·47 | 49·24 |

## प्राकृतिक साधन

### खनिज पदार्थ

सबसे महत्वपूर्ण खनिज क्षेत्र छोटा नागपुर का पठार है, जिसे गोडवाना भी कहते है। इसके अन्तर्गत दक्षिण बिहार का भाग, दक्षिण-पश्चिमी बगाल और उत्तरी उडीसा आते है। देश को कोयले, लोहे, अभ्रक और ताबे का अधिकाश भाग इसी क्षेत्र से प्राप्त होता है। झरिया और रानीगज की कोयला खानो से कोयले का प्रमुख भाग प्राप्त होता है। साथ ही लिग्नाइट के रूप मे कोयला दक्षिण-पूर्वी हैदराबाद, दक्षिणी मध्य-भारत और मद्रास के दक्षिण-पूर्वी समुद्र-तट के साथ साथ भी मिलता है। लोहा मैसूर मे और अभ्रक उत्तरी मद्रास तथा मध्य राजस्थान मे पाया जाता है। इल्मेनाइट और मोनाजाइट, जो सामरिक महत्व के खनिज पदार्थ है, तिरुवाकुर के समुद्री तट की बालू में पाये जाते है। मैंगनेमाइट मद्रास की चाक की पहाड़ियो के क्षेत्र मे निकाला जाता है और सोना मैसूर की कोलार स्वर्ण खानो से। बाक्साइट, जिप्सम, मकान बनाने के लिये पत्थर, नमक, अग्निजित मिट्टी (फायर क्ले) कोरडम, और फुलर की मिट्टी भी देश के विभिन्न क्षेत्रो मे विभिन्न परिमाण मे प्रचुरता के साथ पाई जाती है। भारत मे अभ्रक काफी मिलता है। वास्तव मे यहा ससार के कुल अभ्रक के 60 प्रतिशत का उत्पादन होता है। इसके अतिरिक्त भारत मे पाये जाने वाले मेंगनीज, इल्मेनाइट, मोनाजाइट और लोहा तथा टिटेनियम की और किस्मे भी परिमाण की दृष्टि से ससार की सब से अधिक अच्छी किस्मो मे है। पर भारत के खनिज साधनो का लाभ अभी तक पूरी तरह नही उठाया जा सका है। देश मे पेट्रोलियम की कमी है। पेट्रोलियम का एकमात्र क्षेत्र आसाम मे है। आसाम के इन तेलक्षेत्रो का उत्पादन प्रायः नगण्य है। इसी प्रकार सीसा, गधक, चादी, निकेल, टिन, जस्ता, पारा, टगस्टेन, मोलिब्डेनम, प्लैटिनम, ग्रैफाइट, तारकोल, पोटाश, और फ्लोराइड्स का परिमाण देश की आवश्यकता के अनुपात से यथेष्ट नही है। नीचे दिए गए विवरण द्वारा इन महत्वपूर्ण खनिज पदार्थों की मात्रा और मूल्य का सकेत मिलता है, जिनका उत्पादन देश मे सन 1951 में हुआ :—

### तालिका 4

### सन् 1951 मे खनिज उत्पादन

| खनिज | मात्रा | रुपयो मे मूल्य |
|---|---|---|
| अपाटाइट | 416 टन | 6,408 |
| ऐस्बेस्टस | 433 टन | 2,32,555 |
| बाक्साइट | 67,047 टन | 7,52,365 |
| बरिटीज़ | 8,224 टन | 2,89,631 |
| चीनी मिट्टी | 54,987 टन | 15,86,298 |
| क्रोमाइट | 15,802 टन | 8,67,287 |
| कोयला | 3,44,30,522 टन | 50,47,62,162 |
| कच्चा ताबा | 3,69,057 टन | .. |
| कोरन्डम | 548 टन | 2,27,745 |
| हीरा | 1,674 कैरेट | 5,34,361 |

| खनिज | मात्रा | रुपयों में मूल्य |
|---|---|---|
| फेल्सपर | 3,145 टन | 34 532 |
| फुलर्स अर्थ | 4,000 टन | 63 000 |
| सोना | 2,26,357 औन्स | 6,75,28,992 |
| ग्रैफाइट | 1,578 टन | 2,01,188 |
| जिप्सम | 2,03,602 टन | 12,63,128 |
| कच्चा लोहा | 36,56,661 टन | 2,09,45,218 |
| कायनाइट | 42,301 टन | 58,50,626 |
| मैगनेसाइट | 1,17,071 टन | 17,78,134 |
| कच्चा मैंगनीज | 12,83,929 टन | 17,71,82,202 |
| अभ्रक | 4,90,665 हड्रेडवेट | 13,75,81,134 |
| ओकर | 8,409 हड्रेडवेट | 1,14,965 |
| स्टीटाइट | 32,378 हड्रेडवेट | 12,95,885 |

**नदियां तथा जल-साधन**

भारत के राष्ट्रीय जीवन पर सदा से नदियो का गहरा प्रभाव रहा है। यहा की प्राचीनतम सभ्यताओ का विकास सिन्धु, गगा और उनकी सहायक नदियो के तटीय प्रदेशो मे हुआ। दक्षिण मे भी देशवासियो की बडी सख्या, अपने अस्तित्व के लिए नदियो पर निर्भर रही है। नदियो के अतिरिक्त जमीन की सतह के नीचे का पानी भी घरेलू और कृषि कार्यो के लिए जल की प्राप्ति का महत्वपूर्ण साधन रहा है। देश के अधिकाश भागो मे सिचाई की व्यवस्था के बिना सफलतापूर्वक खेती करना सम्भव नही है।

नदियो मे वर्ष पर्यन्त अनुमानत कुल 1,35,60,00,000 एकड फुट पानी बहता है, जिसमे से प्राय: 7,60,00,000 एकड़ फुट या 5 6 प्रतिशत ही इस समय सिचाई के काम मे आता है। नदियो मे बहने वाले कुल पानी का न तो पूरा इस्तेमाल किया ही जा सकता है और न सिचाई के लिए उतने पानी की जरूरत है। पर यह अनुमान लगाया गया है कि 1,35,60,00,000 एकड फुट पानी मे से एक तिहाई, अर्थात 45,00,00,000 एकड फुट पानी देश के उपयोग में लाया जा सकता है। महत्वपूर्ण नदी श्रृङ्खलाओं मे जलीय साधनो के उपयोग की स्थिति इस प्रकार है:—

तालिका 5

| नदी शृङ्खला | अनुमानित वार्षिक बहाव एकड फुटो मे | वर्तमान उपयोग | प्रस्तावित कार्य | प्रस्तावित उपयोग एकड फुटों में |
|---|---|---|---|---|
| 1. सिन्ध | 1,700 लाख सम्पूर्ण शृङ्खला के लिए (पाकिस्तान सहित) | लगभग 80 लाख एकड फुट | भाखडा नंगल कार्य | 80 लाख |

| नदी शृङ्खला | अनुमानित वार्षिक बहाव एकड फुटो में | वर्तमान उपयोग | प्रस्तावित कार्य | प्रस्तावित उपयोग एकड़ फुटों में |
|---|---|---|---|---|
| 2. गगा | 4,000 लाख | अल्प भाग का उपयोग मुख्यत. गगा यमुना और शारदा नदियो की नहरो द्वारा हो रहा है। | दामोदर घाटी कार्य | 27 लाख |
| 3 ब्रह्मपुत्र | 3,000 लाख | नगण्य आम तौर पर आसाम मे भारी वर्षा होने के कारण सिचाई की जरूरत नही होती। | -- | — |
| 4. गोदावरी | 840 लाख | लगभग 14 प्रतिशत | — | — |
| 5 महानदी | 740 लाख | डेल्टा क्षेत्रो के लिए अल्प मात्रा मे | हीराकुड कार्य | लगभग 110 लाख |
| 6 कृष्णा | 500 लाख | लगभग 18 प्रतिशत | तुंगभद्रा कार्य | 60 लाख |
| 7. कावेरी | 120 लाख | 60 प्रतिशत से अधिक | -- | — |
| 8 नर्मदा | 320 लाख | — | — | — |
| 9 ताप्ती | 170 लाख | — | काकरापार कार्य | — |

शक्ति—

भारत मे विद्युत प्राप्त करने के ये तीन प्रमुख स्रोत है—मिट्टी का तेल, कोयला, और पानी। पैट्रोलियम के ज्ञात स्रोत यहा बहुत कम है। पत्थर के कोयले की कुल अनुमानित मिकदार 20,00,00 लाख (20 अरब) टन है, जिसमें से 5,00,00 लाख (5 अरब) टन अच्छी किस्म का कोयला है। यह अच्छी किस्म का कोयला धाते बनाने आदि कार्यो के लिये सुरक्षित किया जाएगा। घटिया किस्म का (लिगनाइट आदि) कोयला काफी बडी मात्रा मे उपलब्ध होता है, और उससे प्राप्ति स्थानो के निकट, बिजली पैदा की जा सकती है। भारत के जल-विद्युत् के स्रोत बहुत विशाल है। नीचे की तालिका से 11 विभिन्न क्षेत्रो के अनुमानित स्रोतो का अन्दाज लगाया जा सकता है —

## तालिका 6

(किलोवाट में)

| क्षेत्र का नाम | मार्च 1951 मे प्राप्त | 1954 के अन्त म अनुमानित शक्ति | 1959 के अन्त में अनुमानित शक्ति |
|---|---|---|---|
| १. जम्मू और काश्मीर | 6,000 | 12,000 | 15,000 |
| २. पजाब, दिल्ली और राजस्थान का कुछ भाग | 1,48,000 | 2,62,000 | 4,70,000 |

| क्षेत्र का नाम | मार्च 1951 में प्राप्त | 1954 के अन्त में अनुमानित शक्ति | 1949 के अन्त में अनुमानित शक्ति |
|---|---|---|---|
| ३. मध्य प्रदेश और राजस्थान क कुछ भाग | 1,49,000 | 2,31,000 | 3,26,000 |
| ४. बम्बई और हैदराबाद का कुछ भाग | 5,28,000 | 6,99,000 | 10,44,000 |
| ५. दक्षिण भारत (आन्ध्र के तटीयभाग को छोड कर ) | 3,17,000 | 5,78,000 | 7,57,000 |
| ६. आन्ध्र का तटीय भाग तथा हैदराबाद, उडीसा और मध्यप्रदेश के कुछ भाग | 67,000 | 1,78,000 | 2,35,000 |
| ७. महानदी घाटी कार्य का क्षेत्र | 13,000 | 66,000 | 1,41,000 |
| ८. रेहन्द कार्य का क्षेत्र तथा उत्तर-प्रदेश का कुछ भाग | 1,75,000 | 1,96,000 | 2,96,000 |
| ९. उत्तर प्रदेश के पश्चिमी ज़िले | 74 000 | 1,43,000 | 1,94,000 |
| १०. कलकत्ता तथा दामोदर घाटी कार्य | 9,48,000 | 12,15,000 | 15,34,000 |
| ११. आसाम | 8,000 | 8,000 | 17,000 |
| योग | 24,33 000 | 35,88,000 | 50,92,000 |

**जंगल—**

भारत के जंगलों का क्षेत्रफल 14,77,00,000 वर्गमील है, और देश की अर्थ-व्यवस्था में उनका महत्वपूर्ण स्थान है। यहा 2,500 किस्म की लकडी उपलब्ध होती है, जिसमे से 450 किस्में व्यापारिक दृष्टि से मूल्यवान है। निर्माण के कार्य तथा जलाने के अतिरिक्त लकडी से यहा ये चीज़े भी निकाली जाती है : एसेटिक एसिड, एसेटोन, मेथिल अलकोहल, तेल, क्रेमोसोट तथा सल्फेनोमाइड और क्लोरोफार्म जैसी कीमती दवाइया। जगलो से प्राप्त होने वाली छोटी चीजों की विविधता और मात्रा बहुत बड़ी है। भारत में लगभग 3,000 किस्मो की वनस्पतिया उत्पन्न होती है, उनके साथ ही जन्तु जगत की भी कितनी ही वस्तुए जगलो से प्राप्त होती है। उदाहरण के लिए दवाई वाली तथा जहरीली वनस्पतिया, आवश्यक तेल, बरोजा, घने तेल और चरबी, मोम, मैदा, गोंद, रंग, बांस, बेंत, कपड़े के तन्तु, घटिया किस्म का रेशम, सब तरह की घासें, शहद, लाख तथा पैकिंग का सामान आदि। इनमे से बहुत सी चीजे छोटे और बड़े व्यवसायो का पोषण करती है। विभिन्न प्रदेशों में भारत के जंगलो का क्षेत्रफल इस तालिका से ज्ञात होगा :—

तालिका 7

| प्रदेश | जगलो का क्षेत्रफल | कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का प्रतिशत |
|---|---|---|
| पूर्वी प्रदेश | 3,46,10,000 | 20 63 |
| उत्तर-पश्चिमी प्रदेश | 2,98,74,000 | 10 70 |
| केन्द्रीय प्रदेश | 3,96,92,000 | 29 92 |
| दक्षिणी प्रदेश | 4,35,29,000 | 18 82 |
| सम्पूर्ण भारत | 14,77,05,000 | 18 22 |

**कृषि—**

भारत मे विविध प्रकार के खाद्यान्न तथा धन लाने वाली उपजे पैदा होती है । इन क्षेत्रो में चावल पैदा होता है—गगा की घाटिया, पजाब के पहाडी ज़िले, उत्तर प्रदेश, पश्चिमी बगाल, आसाम, पश्चिमी घाट, उडीसा के तट क्षेत्र और मद्रास । गेहू के उत्पादन क्षेत्र है—पजाब, पैप्सू, उत्तर प्रदेश और मध्य भारत । गन्ने के क्षेत्र है—गगा के निकटवर्ती मैदान, मद्रास, मैसूर, उडीसा, हैदराबाद और पजाब । मूगफली, तिल, एरण्ड, सरसों, बीन्स, अलसी आदि तेल देने वाली उपजें, उत्तरी मद्रास, मध्य भारत, उत्तर प्रदेश आदि में तथा रुई दक्खन के दक्षिणी तथा उत्तर पश्चिमी क्षेत्रों और पजाब मे पैदा होती है। चाय दार्जिलिंग, आसाम की पहाडियो तथा नीलगिरी मे उत्पन्न होती है। पटसन मुख्यत: पश्चिम बंगाल में उत्पन्न होता है। काफी, चाय, रबर, काली मिरच, मसाले आदि अन्नामलाई तथा कार्डमम पहाड़ियो में पैदा होते है । भारत के विस्तृत समुद्र तट के काफी बड़े भाग पर नारियल पैदा होता है, जिससे गिरी, तेल और मुञ्जी आदि उपलब्ध होते है । काजू मलाबार तट पर होता है । इन्ही तटो पर केला भी खूब होता है । भारतीय आम की लगभग 500 किस्मे होती है, जिनमे से बम्बई का अल-फन्मो आदि ससार भर मे प्रसिद्ध है । बम्बई, पूना, मद्रास के सलेम और तजौर जिलो के तथा माल्दा, दरभगा, सहारनपुर और लखनऊ आदि के आम देश भर मे प्रसिद्ध है ।

सन् 1953 की मुख्य उपजो के क्षेत्रफल का अन्दाज इस तालिका से मिलेगा :—

तालिका 8

| फसल | क्षेत्रफल एकडो मे | उपज टनो मे |
|---|---|---|
| खाद्यान्न :— | | |
| चावल . . | 7,46,74,000 | 2,34,24,000 |
| गेहू . . | 2,40,41,000 | 67,62,000 |
| अन्य अन्न . . | 10,10,81,000 | 1,73,98,000 |
| चना | 1,72,67,c00 | 37,71,000 |
| मूगफली . . | 1,18,62,000 | 28,94,000 |
| गन्ना . . | 43,76,000 | 52,60,000 |
| अन्य उपजें :— | | |
| तिलहन . . | 1,56 49,000 | 17,41,000 |
| तम्बाकू . . | 7,98,000 | 2,05 000 |
| रबर (1952 में) . | 1,73,000 | 44,000 |
| रूई . . | 1,56,78,000 | 3,00,50,000 (गांठ) |
| पटसन (1952 में) . | 18,34,000 | 46,95,000 (गांठ) |

**पशुधन—**

भारत मे 29,22,18,000 पालतू पशु है, जो रूस को छोड कर शेष ससार के कुल पशुधन का सातवा भाग है । इनमे से लगभग दो तिहाई दूध देने वाले पशु है । इनके द्वारा प्राप्त दूध, मक्खन, घी, मास. अण्डे आदि देश के आन्तरिक व्यवहार में आते है, और खाल, हड्डी ,ऊन, चगड़ा, सीग

आदि के कुछ भाग का निर्यात होता है। पशुधन की पिछली तीन पंचवर्षीय गणनाओं के आंकड़े इस प्रकार है :—

| | 1940 | 1945 | 1950 |
|---|---|---|---|
| कुल पशु . | 27,61,48,000 | 26,84,40,000 | 29,22,18,000 |
| मुर्गिया आदि . | 5,74,08,000 | 5,82,47,000 | 7,33,99,000 |

**बन्दरगाह—**

भारत के पूर्वी तट पर कलकत्ता, मद्रास और विशाखापत्तनम तथा पश्चिमी तट पर बम्बई और कोचीन महत्वपूर्ण बन्दरगाह है। करांची की क्षतिपूर्ति के लिये इन दिनों कांडला के बन्दरगाह का विकास किया जा रहा है। इन्हीं से भारत का अधिकांश सामुद्रिक आयात निर्यात होता है।

**गर्मियों के लिये शीतल स्थान—**

गर्मियों में भारत के ये पहाडी स्थान बहुत लोकप्रिय है— हिमालय पर शिमला, मसूरी, नैनीताल, गुलमर्ग, पहलगाव, श्रीनगर, कुल्लू, शिलांग और दार्जिलिंग तथा पश्चिमी घाट के माथेरान, महाबलेश्वर, ऊटकमंड और कोडाईकनाल।

**तीर्थस्थल—**

उत्तर प्रदेश मे काशी इलाहाबाद (प्रयाग), हरिद्वार, मथुरा और वृन्दावन; उड़ीसा में पुरी; सौराष्ट्र मे द्वारका; बम्बई मे नासिक; मद्रास मे काजीवरम, कुम्भकोणम और रामेश्वरम; आन्ध्र मे तिरुपति आदि प्रसिद्ध हिन्दू तीर्थ है। पजाब मे अमृतसर और फतेहगढ सिक्खो के तीर्थ है और अजमेर, दिल्ली तथा पेप्सू मे सरहिन्द मुसलमानो के तीर्थ स्थान है। मैसूर मे श्रवण बेलगोला तथा पालिताना के निकट शत्रुजय पहाडी जैनियों के तीर्थ है। दिल्ली का राजघाट, जहा महात्मा गाधी का दाह सस्कार किया गया था, भारत भर का तीर्थस्थान बन गया है।

**अनुसन्धान के स्थान—**

ऐतिहासिक अनुसन्धान के महत्वपूर्ण स्थान ये है :—हैदराबाद मे अजन्ता और एलोरा की गुफाए; बम्बई मे कार्ली और एलिफैण्टा की गुफाए; उत्तर प्रदेश मे सारनाथ के बौद्ध खडहर; भूपाल मे साची और विहार मे बुद्ध गया; मैसूर मे बेलूर; बम्बई मे माउण्ट आबू; मद्रास मे मदुरा; तजौर, कोणार्क और महाबलिपुरम तथा उडीसा में भुवनेश्वर। इनके अतिरिक्त आगरा मे ताजमहल, दिल्ली के मुगल काल और उससे पहले के निर्माण, फतहपुर सीकरी, दौलताबाद, अहमदाबाद, सिकन्दराबाद और गोलकुण्डा आदि भी दर्शनीय है।

**निवासी—**

आबादी की दृष्टि से चीन के बाद भारत ससार का सबसे बड़ा देश है। सन् 1881 से भारत में प्रति 10 वर्षों के बाद नियमित रूप से जनगणना होती रही है। 1951 में जम्म–काश्मीर तथा

आसाम के आदिवासी क्षेत्रों को छोड़ कर शेष सम्पूर्ण भारत मे जनगणना हुई थी। निम्नलिखित तालिका से पिछले 60 वर्षों की जनवृद्धि का अन्दाजा मिलेगा :—

तालिका 9

| वर्ष | आबादी | गत दस वर्ष में (+) वृद्धि या (—) घटौती |
|---|---|---|
| 1891 | 23,59,00,000 | .. |
| 1901 | 23,55,00,000 | --4,00,000 |
| 1911 | 24,90,00,000 | +1,35,00,000 |
| 1921 | 24,81,00,000 | --9,00,000 |
| 1931 | 27,55,00,000 | +2,74,00,000 |
| 1941 | 31,28,00,000 | +3,73,00,000 |
| 1951 | 35,69,00,000 | +4,41,00,000 |

सन् 1921 से लेकर 1951 के 30 वर्षों मे भारत की आबादी मे लगभग 11 करोड की वृद्धि हुई है। 1921 के बाद से आबादी की वृद्धि का ढाचा एकदम बदल गया है। 1921 से पहले अकाल, महामारी आदि के कारण आबादी की वृद्धि रुकी रही, और कृषि की उपज बढती चली गई। परन्तु 1921 के बाद से इस परिस्थिति मे परिवर्तन आ गया।

**1951 की जनगणना—**

तालिका स० 10 में विभिन्न क्षेत्रों और राज्यो की जनसंख्या दी गई है। जम्मू-काश्मीर तथा आसाम के उपजातीय क्षेत्र को छोड कर भारत की कुल जनसख्या 35,68,29,485 है। इसमें 18,33,05,654 पुरुष है और 17,35,23,831 स्त्रियां। 1941 से 1951 तक 4,20,00,000 आबादी बढ़ी। सिर्फ पजाब और अण्डमान निकोबार मे क्रमश. 0·5 तथा 8 6 प्रतिशत आबादी घटी, बाकी सब राज्यो मे आबादी बढी। सबसे अधिक आबादी दिल्ली में बढ़ी जो 62·1 प्रतिशत है और दूसरे नम्बर पर कुर्ग मे (30.5 प्रतिशत)। अधिकाश राज्यो मे वृद्धि का हिसाब 10 से 22 प्रतिशत रहा। सिर्फ बिहार, उड़ीसा, मध्यप्रदेश, भोपाल, विन्ध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, और पेप्सू मे वृद्धि 10 प्रतिशत से नीचे रही। पेप्सू की आबादी केवल 2 6 प्रतिशत बढी।

**स्त्री और पुरुषों का अनुपात :—**

भारत मे प्रति 1,000 पुरुषों के पीछे 947 स्त्रिया है। केवल उडीसा, मणिपुर, मद्रास, तिरुवां-कुर-कोचीन और कच्छ (जहा प्रति 1,000 पुरुषो के पीछे स्त्रियो की संख्या क्रमश 1,022, 1,036, 1,006, 1,008 और 1,079 है) को छोड़ कर सब राज्यों मे पुरुषो की सख्या अधिक

## तालिका 10

### क्षेत्रों तथा राज्यों की जनसंख्या

| क्षेत्र और राज्य | वर्गमीलो मे भूमि का क्षेत्रफल | आबादी 1951 व्यक्ति | आबादी 1951 पुरुष | आबादी 1951 स्त्री | 1941 व्यक्ति | प्रति 1000 पुरुषो के पीछे स्त्रिया (1951) | 1941–1951 में वृद्धि की रफ्तार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भारत . . | 12,69,64 | 35,68,29,485 | 18,33,05,654 | 17,35,23,831 | 31,47,66,380 | 947 | +12.5 |
| 1 उत्तर भारत . | 1,13,409 | 6,32,15,742 | 3,30,98,866 | 3,01,16,876 | 5,65,31,848 | 910 | +11.2 |
| 1. उत्तर प्रदेश . | 1,13,409 | 6,32,15,742 | 3,30,98,866 | 3,01,16,876 | 6,65,31,848 | 910 | +11.2 |
| 2. पूर्वी भारत . | 2,61,657 | 9,00,80,297 | 4,63,15,658 | 4,37,64,639 | 8,08,73,038 | 945 | +10.8 |
| 1. बिहार . | 70,330 | 4,02,25,947 | 2,02,23,675 | 2,00,02,272 | 3,65,28,119 | 989 | + 9 6 |
| 2 उडीसा . | 60,136 | 1,46,45,946 | 72,42,892 | 74,03,054 | 1,37,67,988 | 1,022 | + 6.2 |
| 3. पश्चिमी बगाल | 30,775 | 2,48,10,308 | 1,33,45,441 | 1,14,64,867 | 2,18,37,295 | 859 | +12.7 |
| 4 आसाम* . | 85,012 | 90,43,707 | 48,12,166 | 42,31,541 | 7,5,93,037 | 879 | +17.4 |
| 5. मणिपुर . | 8,628 | 5,77,635 | 2,83 685 | 2,93,950 | 5,12,069 | 1,036 | +12.0 |
| 6 त्रिपुरा . | 4,032 | 6,39,029 | 3,35,589 | 3,03,440 | 5,13,010 | 904 | +21.9 |
| 7. सिक्किम . | 2,744 | 1,37,725 | 72,210 | 65,515 | 1,21,520 | 907 | +12.5 |
| 3. दक्षिण भारत . | 1,68,009 | 7,56,00,804 | 3,78,22,542 | 3,77,78,262 | 6,48,37,350 | 999 | +15.3 |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. मद्रास . | 1,27,790 | 5,70,16,002 | 2,84,19,003 | 2,85,96,999 | 4,98,30,749 | 1,006 | +13 4 |
| 2 मैसूर . | 29,489 | 90,74,972 | 46,57,409 | 44,17,563 | 73,37,818 | 949 | +21 2 |
| 3 तिरुवांकर कोचीन | 9,144 | 92,80,425 | 46,20,803 | 46,59,622 | 75,00,057 | 1,008 | +21 2 |
| 4 कुर्ग | 1,586 | 2,29,405 | 1,25,327 | 1,04,078 | 1,68,726 | 830 | +30 5 |
| 4 पश्चिमी भारत | 1,49,609 | 4,06,61,115 | 2,09,82,281 | 1,96,78,834 | 3,32,49,726 | 938 | +20 1 |
| 1 बम्बई | 1,11,434 | 3,59,56,150 | 1,86,14,8C2 | 1,73,41,288 | 2,91,81,146 | 932 | +20 8 |
| 2 सौराष्ट्र | 21,451 | 41,37,359 | 20,94,442 | 20,42,917 | 35,60,700 | 975 | +15.0 |
| 3 कच्छ . | 16,724 | 5,67,606 | 2,72,977 | 2,94,629 | 5,07,880 | 1,079 | +11 1 |
| 5 मध्य भारत | 2,89 399 | 5,22,67,959 | 2,64,97,524 | 2,57,70,435 | 4,72,73,886 | 973 | +10 0 |
| 1 मध्य प्रदेश | 1,30,272 | 2,12,47,533 | 1,06,62,812 | 1,05,84,721 | 1,96,31,615 | 993 | + 7 9 |
| 2 मध्य भारत . | 46,478 | 79,54,144 | 41,33,075 | 38,21,079 | 71,69,880 | 925 | +10 4 |
| 3 हैदराबाद | 82,168 | 1,86,55,108 | 94,31,062 | 92,24,046 | 1,63,27,119 | 978 | +13 3 |
| 4 भोपाल | 6,878 | 8,36,474 | 4,37,635 | 3,98,839 | 7,78,623 | 911 | + 7.2 |
| 5 विन्ध्य प्रदेश | 23,603 | 35,74,690 | 18,32,940 | 17,41,750 | 33,66,649 | 950 | + 6 0 |
| 6. उत्तर-पश्चिमी भारत | 2,84,342 | 3,49,72,597 | 1,85,69,728 | 1,64,02,869 | 3,19,66,764 | 883 | + 9.0 |
| 1 राजस्थान | 1,30,207 | 1,52,90,797 | 79,61,673 | 73,29,124 | 1,33,06,232 | 921 | +13.9 |
| 2 पंजाब . | 37,378 | 1,26,41,205 | 67,86,934 | 58,54,271 | 1,26,98,603 | 863 | — 0 5 |
| 3 पैप्सू | 10,078 | 34,93,685 | 18,94,844 | 15,98,841 | 34,02,586 | 844 | + 2 6 |
| *4 जम्मू और काश्मीर | 92,780 | — | — | — | — | — | — |
| 5 अजमेर . | 2,417 | 6,98,372 | 3,60,236 | 3,33,136 | 3,83,693 | 925 | +17.2 |
| 6 दिल्ली . | 578 | 17,44,072 | 9,86,538 | 7,57,534 | 9,17,939 | 768 | +62.1 |
| 7 बिलासपुर . | 453 | 1,26,099 | 64,738 | 61,361 | 1,10,336 | 948 | +13.3 |
| 8 हिमाचल प्रदेश | 10,451 | 9,83,367 | 5,14,765 | 4,68,602 | 9,47,375 | 910 | + 3.7 |
| अन्दमान और निकोबार द्वीपपुंज | 3,215 | 30,971 | 19,055 | 11 916 | 33,768 | 625 | — 8.6 |

*जम्मू और काश्मीर तथा आसाम के आदिवासी क्षेत्रों के आंकड़े शामिल नहीं है ।

है। सबसे कम स्त्रियां अण्डमान निकोबार में हैं, जहां उनका अनुपात 1,000 पुरुषों के पीछे 625 है। दिल्ली में यह अनुपात 768 है। इन राज्यों में स्त्रियों का अनुपात 1,000 के पीछे 900 से कम है—पश्चिमी बंगाल, आसाम, कुर्ग, पंजाब और पेप्सू।

**आबादी का विभाजन :—**

क्षेत्रों की दृष्टि से आबादी का वर्गीकरण करने पर उत्तर भारत में केवल एक ही राज्य (उत्तर प्रदेश) की आबादी भारत की कुल आबादी का 18 प्रतिशत है। पूर्वी भारत (7 राज्य) की आबादी 25 प्रतिशत है, दक्षिणी भारत (4 राज्य) की 21 प्रतिशत, पश्चिमी भारत (3 राज्य) की आबादी 11 प्रतिशत, केन्द्रीय भारत (5 राज्य) की 15 प्रतिशत और उत्तर पश्चिमी भारत (7 राज्य) की आबादी 10 प्रतिशत है।

## तालिका 11

### आबादी का प्रादेशिक वर्गीकरण

| संख्या | क्षेत्र | कुल आबादी | कुल आबादी का अनुपात |
|---|---|---|---|
| 1. | हिमालय प्रदेश . . | 1,70,42,697 | 4.8 |
| 2. | उत्तरी मैदान . . | 13,93,98,043 | 39.1 |
| 3. | प्रायद्वीपी पहाडिया और पठार | 10,85,58,645 | 30.4 |
| . | पश्चिमी घाट तथा तटीय प्रदेश | 3,99,26,793 | 11.2 |
| 5. | पूर्वी घाट तथा तटीय प्रदेश . | 5,18,23,336 | 14.5 |
| 6. | अण्दमान निकोबार द्वीप समूह | 30,971 | |
| | सम्पूर्ण भारत | 35,68,29,485 | 100 0 |

क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का सबसे बडा राज्य मध्य प्रदेश है, जिसका क्षेत्रफल 1,30,272 वर्गमील है। राजस्थान (क्षेत्रफल 1,30,207 वर्ग मील) का स्थान दूसरा है। सबसे छोटा राज्य दिल्ली है, जिसका क्षेत्रफल केवल 578 वर्गमील है।

आबादी के लिहाज से सबसे बडा राज्य उत्तर प्रदेश है, जिसकी आबादी 6,30,00,000 है। मद्रास दूसरा है (5,70,00,000) और बिहार तीसरा (4,00,00,000)। विन्ध्य प्रदेश (आबादी 35,70,000) और दिल्ली (आबादी 17,40,000) को छोड कर और किसी भी "ग" या "घ" श्रेणी के राज्य की आबादी 10 लाख से अधिक नही। अण्दमान निकोबार की आबादी केवल 30,971 है।

**आबादी की घनता:—**

भारत में आबादी की औसत घनता प्रति वर्ग मील पीछे 312 व्यक्ति है। किसी राज्य मे आबादी अधिक घनी है, और किसी मे कम। दिल्ली मे आबादी का औसत प्रति वर्गमील पीछे 3,017 है और तिरुवांकुर कोचीन मे 1,015; कच्छ मे यह औसत 34 है और अण्दमान निकोबार द्वीप समूह में केवल 10। आबादी की सघनता या विरलता स्वभावतः भूतल की बनावट, मिट्टी और वर्षा पर निर्भर करते । विशेषकर इन्ही से यह निश्चित होता है कि कितनी जमीन खाद्य-उत्पादन के काम

में आ सकती है और वह किस हद तक खाद्य-उत्पादन के योग्य है। इसलिये आबादी की समस्या का अध्ययन देश के राजनीतिक विभागों के सहारे न करके भू-विज्ञान और मौसम के आधार पर किये गये प्राकृतिक विभागों की सहायता से किया जाये तो अधिक अच्छा होगा। इसी अभिप्राय से देश को 15 उप-प्रदेशों में बांटा गया है और उन्हें निम्न तीन वर्गों में विभक्त किया गया है। अधिक सघन, कम सघन और मध्यम सघन। नीचे के विवरण में यह बताया गया है कि इन 15 उप-प्रदेशों में आबादी कितनी घनी है और प्रति व्यक्ति पीछे जमीन का औसत कितना है।

तालिका 12

| उप-प्रदेश | आबादी (लाख) | घनता प्रति वर्ग मील | जमीन का क्षेत्रफल (लाख एकड़) | प्रति व्यक्ति जमीन का क्षेत्रफल (एकड़ों में) |
|---|---|---|---|---|
| अधिक सघन उपप्रदेश :— | | | | |
| 1 गंगा का निचला मैदान | 700 | 832 | 538 | 77 |
| 2 गंगा का उपरला मैदान | 389 | 681 | 366 | ·94 |
| 3. मलाबार कोंकण | 238 | 638 | 239 | 1 00 |
| 4 दक्षिणी मद्रास . . | 307 | 554 | 355 | 1 15 |
| 5. उत्तरी मद्रास और समुद्र तटवर्ती उड़ीसा | 211 | 461 | 293 | 1 39 |
| योग . . | 1,845 | 660 | 1,791 | 97 |
| कम सघन उपप्रदेश :— | | | | |
| 1. रेगिस्तान . . | 46 | 61 | 482 | 10 47 |
| 2 पश्चिमी हिमालय . | 90 | 68 | 852 | 9·44 |
| 3 उत्तर-पश्चिमी पहाड़ी प्रदेश . . | 104 | 163 | 409 | 3 94 |
| 4 पूर्वी हिमालय . | 124 | 118 | 674 | 5·42 |
| 5. उत्तर-मध्यवर्ती पहाड़ी प्रदेश और पठार | 138 | 164 | 537 | 3 89 |
| 6. उत्तरी पूर्वी पठार . | 290 | 192 | 967 | 3 33 |
| योग . . . | 792 | 129 | 3,921 | 4 95 |
| मध्यम सघन उपप्रदेश :— | | | | |
| 1. गंगा पार का मैदान | 259 | 332 | 499 | 1·93 |
| 2. दक्षिणी दक्कन का पठार | 315 | 247 | 817 | 2·59 |
| 3. उत्तरी दक्कन का पठार | 239 | 246 | 621 | 2·60 |
| 4. गुजरात काठियावाड़ . | 161 | 226 | 456 | 2·83 |
| योग . . . | 974 | 266 | 2,393 | 2·46 |

नीचे की तालिका मे भारत तथा कुछ अन्य देशों मे जोती, बोई जाने वाली और जोतने बोने योग्य जमीन का प्रति व्यक्ति पीछे क्षत्रफल दिया गया है :—

तालिका 13

| | भारत | ससार | अमेरिका | यूरोप (रूस कोछोडकर) | रूस |
|---|---|---|---|---|---|
| आबादी (करोड़ों मे) . . . | 36·1 | 240 | 15·1 | 39·6 | 19·4 |
| जमीन का क्षेत्रफल (करोड एकडो मे) | 81·3 | 3,251 | 190·5 | 121·8 | 590·4 |
| क्षत्रफल प्रति व्यक्ति (एकड़ो में): | | | | | |
| कुल जमीन (प्रति व्यक्ति) . | 2·25 | 13·54 | 12 64 | 3·07 | 30 46 |
| जोती बोई जाने वाली जमीन (प्रति व्यक्ति) (एकड़ो मे) . . | ·97 | 3·51 | 7·41 | 1 53 | 4 48 |
| जोतने बोने योग्य जमीन (प्रति व्यक्ति)" | ·97 | 1 26 | 3·02 | 92 | 2·87 |

संसार मे सबसे अधिक घना बसा महाद्वीप यूरोप है, परन्तु वह भारत से कम घना बसा है। औसत भारतीय कुल जमीन के 43 प्रतिशत भाग मे खेती करता है, जबकि औसत यूरोपीय 30 प्रतिशत भाग मे ही खेती करता है। अमेरिका और रूस मे काम मे आने लायक जितनी जमीन है, उतनी यूरोप और भारत मे नही है।

**शहरी और देहाती आबादी :—**

भारत की कुल आबादी 35 करोड 70 लाख है। इसमे मे केवल 6 करोड 20 लाख आदमी शहरों और कस्बों में रहते है, शेष 29 करोड़ 50 लाख गावो मे रहते है। शहरी आबादी कुल आबादी का 17.3 प्रतिशत है और देहाती आबादी 82 7 प्रतिशत। नीचे की तालिका से पता चलता है कि गावो की आबादी धीरे धीरे शहरो की ओर खिच रही है।

तालिका 14

| वर्ष | कुल आबादी का प्रतिशत | |
|---|---|---|
| | देहाती | शहरी |
| 1921 | 88·7 | 11 2 |
| 1931 | 87·9 | 12·1 |
| 1941 | 86·1 | 13·9 |
| 1951 | 82 7 | 17·3 |

पिछली दशाब्दी मे शहरी आबादी 3·4 प्रतिशत बढी है, जबकि उससे पिछली दो दशाब्दियो में वह केवल 2·6 प्रतिशत ही बढ़ी थी।

देहली और अजमेर राज्य बहुत छोटे हैं। यहा शहरी आबादी क्रमशः 83 और 43 प्रतिशत है। बडे राज्यों में सबसे अधिक शहरी आबादी सौराष्ट्र और बम्बई में है। सौराष्ट्र में 34 प्रतिशत और बम्बई में 31 प्रतिशत लोग बड़े नगरों और शहरों में रहते हैं।

**शहर, गांव और घर :—**

देश में कुल 3,018 शहर और 5,58,089 गाव है। बसे हुए घरों की कुल संख्या 6 करोड़ 44 लाख है, जिनमें से 5 करोड़ 41 लाख गावों मे है और 1 करोड़ 3 लाख शहरों में। नीचे की तालिका में आबादी के अनुसार वर्गीकृत गावों, कस्बों, शहरों और बड़े नगरों की संख्या दी गई है :—

तालिका 15

| गाव, कस्बे और शहर | संख्या |
|---|---|
| 500 से कम आबादी वाले | 3,80,020 |
| 500 से 1,000 तक आबादी वाले | 1,04,268 |
| 1,000 से 2,000 तक आबादी वाले | 51,769 |
| 2,000 से 5,000 तक आबादी वाले | 20 508 |
| 5,000 से 10,000 तक आबादी वाले | 3.101 |
| 10,000 से 20,000 तक आबादी वाले | 856 |
| 20,000 से 50,000 तक आबादी वाले | 401 |
| 50,000 से 1,00,000 तक आबादी वाले | 111 |
| 1,00.000 से 10,00,000 तक आबादी वाले | 69 |
| 10,00,000 से अधिक आबादी वाले | 4 |
| (दिल्ली और नई दिल्ली को एक मान कर 5) | |
| योग | 5 61 107 |

१ लाख से अधिक आबादी वाले 73 शहरो मे "क" भाग के राज्यों मे से आसाम मे और "ख" भाग के राज्यो में से पेप्सु मे एक भी ऐसा शहर नही है। "ग" भाग के सात राज्यो मे इस तरह के चार शहर है, दिल्ली, नई दिल्ली, अजमेर और भोपाल। उपर्युक्त 73 शहरों में 24 ऐसे है, जिनकी आबादी दस साल पहले 1 लाख से कम थी। पिछले दस सालों में ये सब बढ़ते बढ़ते शहर बन

गए हैं। परन्तु उससे पिछले दस सालों में इस तरह के केवल 15 ही नए शहर बने थे। इन शहरों के नाम और 1942 तथा 1951 की जनगणना मे इनकी जनसंख्या नीचे दी जा रही है :—

तालिका 16

| शहर | जनसंख्या (1951 में) | जनसंख्या (1941 मे) | दसवार्षिकी वृद्धि का मध्यमान (मीन रेट) 1941-51 |
|---|---|---|---|
| **"क" भाग के राज्य** | | | |
| **बिहार** | | | |
| 1. पटना . . | 2,83,479 | 1,96,415 | + 36·3 |
| 2 जमशेदपुर . . | 2,18,162 | 1,65,395 | + 27·5 |
| 3. गया . . . | 1,33,700 | 1,05,223 | + 23·8 |
| 4. भागलपुर* . . | 1,14,530 | 93,254 | + 20·5 |
| 5 रांची* . . | 1,06,849 | 62,562 | + 52·3 |
| **बम्बई** | | | |
| 1 बम्बई . . . | 28,39,270 | 16,95,168 | + 50·5 |
| 2 अहमदाबाद . . | 7,88,333 | 5,91,267 | + 28·6 |
| 3. पूना . . . | 4,80,982 | 2,78,165 | + 53·4 |
| 4 शोलापुर . . | 2,66,050 | 2,03,691 | + 26·6 |
| 5. सूरत . . . | 2,23,182 | 1,71,434 | + 26·2 |
| 6. बडौदा . . . | 2,11,407 | 1,53,301 | + 31·9 |
| 7 कोल्हापुर* . . | 1,36,835 | 93,032 | + 38·1 |
| 8 हुबली* . | 1,29,609 | 95,512 | + 30·3 |
| **मध्यप्रदेश** | | | |
| 1. नागपुर . . . | 4,49,099 | 3,01,957 | + 39·2 |
| 2 जबलपुर . . | 2,56,998 | 1,78,339 | + 36·1 |
| **मद्रास** | | | |
| 1. मद्रास . . . | 14,16,057 | 7,77,481 | + 58·5 |
| 2. मदुराई . . . | 3,61,781 | 2,39,144 | + 40·8 |
| 3. तिरूचिरापल्ली . | 2,18,921 | 1,59,566 | + 31·4 |
| **मद्रास क्रमशः** | | | |
| 4. सलेम . . . | 2,02,335 | 1,29,702 | + 43·8 |
| 5. कोयम्बटूर . | 1,97,755 | 1,30,348 | + 41·1 |
| 6. विजयवाडा* . . | 1,61,198 | 86,184 | + 60·6 |
| 7. कोजीकोडे . . | 1,58,724 | 1,26,352 | + 22·7 |
| 8. गुन्टूर* . . . | 1,25,255 | 83,599 | + 39·9 |
| 9 मगलौर* . . | 1,17,083 | 81,069 | + 36·3 |

नोटः—तारांकित शहर पहली बार बड़े शहर माने गए हैं।

| शहर | जनसंख्या (1951 में) | जनसंख्या (1941 में) | दशवार्षिकी वृद्धि का मध्यमान (मीन रेट) 1141—51 |
|---|---|---|---|
| 10. विशाखपत्तनम्* . | 1,08,042 | 70,243 | + 42.4 |
| 11 वेल्लोर* . . | 1,06,024 | 71,502 | + 38 9 |
| 12. राजमुन्द्री* . | 1,05,276 | 74,564 | + 34 2 |
| 13. तजौर* . . | 1,00,680 | 68,702 | + 37 8 |
| **उड़ीसा** | | | |
| 1. कटक* . . | 1,02,505 | 74,291 | + 31 9 |
| **पंजाब** | | | |
| 1 अमृतसर . | 3,25,747 | 3,91,010 | — 18 2 |
| 2. जालधर . | 1,68,816 | 1,35,283 | + 22 1 |
| 3. लुधियाना . | 1,53,795 | 1,11,639 | + 31 8 |
| **उत्तर प्रदेश** | | | |
| 1 कानपुर . | 7,05,383 | 4,87,324 | + 36 6 |
| 2. लखनऊ . | 4,96,861 | 3,87,177 | + 24 8 |
| 3 आगरा . . | 3,75,665 | 2,84,149 | + 27 7 |
| 4 बनारस . | 3,55,777 | 2,63,100 | + 30 0 |
| 5. इलाहाबाद . | 3,32,295 | 2,60,630 | + 24 2 |
| 6 मेरठ . . | 2,33,183 | 1,69,290 | + 31 8 |
| 7. बरेली . | 2,08,083 | 1,92,688 | + 7 7 |
| 8 मुरादाबाद . | 1,61,854 | 1,42,414 | + 12 8 |
| 9 सहारनपुर . | 1,48,435 | 1,08,263 | + 31 3 |
| 10. देहरादून* . | 1,44,216 | 78,228 | + 59 3 |
| 11. अलीगढ . | 1,41,618 | 1,12,655 | + 22 8 |
| 12. रामपुर* . | 1,34,277 | 89,322 | + 40 2 |
| 13. गोरखपुर* | 1,32,436 | 98,977 | + 28 9 |
| 14 झासी . | 1,27,365 | 1,03,254 | + 20.9 |
| **पश्चिमी बंगाल** | | | |
| 1 कलकत्ता . | 25,48,677 | 21,08,891 | + 18.9 |
| 2 हावड़ा . . | 4,33,630 | 3,79,292 | + 13.4 |
| 3 टौलीगज* . | 1,49,317 | 58,594 | + 87.5 |
| 4 भाटपाडा . | 1,34,916 | 1,17,044 | + 14.2 |
| 5. खडगपुर* . | 1,29,636 | 87,185 | + 39.2 |
| 6. गार्डन रीच * . | 1,09,160 | 85,188 | + 24.7 |
| 7. साउथ सबर्बन (बेहाला)* | 1,04,055 | 63,479 | + 48.4 |
| **"ख" भाग के राज्य** | | | |
| **हैदराबाद** | | | |
| 1. हैदराबाद . | 1,085,722 | 7,39,159 | + 38.0 |
| 2 वारंगल* . | 1,33,130 | 92,808 | + 35.7 |

नोट—तारांकित शहर पहली बार बड़े शहर माने गये हैं।

| शहर | जनसंख्या (1951 में) | जनसंख्या (1941 म) | दशवार्षिकी वृद्धि का मध्यमान (मीन रेट) 1941—51 |
|---|---|---|---|
| **मध्य-भारत** | | | |
| 1. इन्दौर . . | 3,10,859 | 2,03,695 | + 41 7 |
| 2. ग्वालियर . | 2,41,577 | 1,82,492 | + 27.9 |
| 3. उज्जैन* . | 1.29,817 | 81,272 | + 46.0 |
| **मैसूर** | | | |
| 1. बंगलोर . | 7,78 977 | 4,06,760 | + 62.8 |
| 2. मैसूर . . | 2,44,323 | 1,50,540 | + 47.5 |
| 3 कोलार (सोने की खान). | 1,59,084 | 1,33,859 | + 17.2 |
| **राजस्थान** | | | |
| 1. जयपुर . . | 2,91,130 | 1,75,810 | + 49.4 |
| 2. जोधपुर . | 1,80,717 | 1,26,842 | + 35.0 |
| 3. बीकानेर . | 1,17,113 | 1,27,226 | — 8.3 |
| **सौराष्ट्र** | | | |
| 1. भावनगर . | 1,37,951 | 1,02,851 | + 29 2 |
| 2. राजकोट . | 1,32 069 | 52,178 | + 86.7 |
| 3. जामनगर . | 1,04 419 | 71,588 | + 37.3 |
| **तिरवांकूर-कोचीन** | | | |
| 1. त्रिवेन्द्रम . | 1,86,931 | 1,28,365 | + 37.2 |
| 2. अलेप्पी * . | 1,16,278 | 56,333 | + 69.5 |
| **"ग" भाग के राज्य** | | | |
| 1. अजमेर . . | 1,96,633 | 1,47,258 | + 28.7 |
| 2. भोपाल * . | 1,02,633 | 75,228 | + 30.5 |
| 3. दिल्ली . . | 9,14,790 | 5,21,849 | + 54.7 |
| 4. नई दिल्ली* . | 2,76,314 | 98,733 | + 98.7 |

नोट:—तारांकित शहर पहली बार बड़े शहर माने गये हैं।

## आर्थिक वर्गीकरण

जीविका के साधनों की दृष्टि से यदि आबादी का वर्गीकरण किया जाए, तो ज्ञात होगा कि 70 प्रतिशत आदमी खेतीबाड़ी पर निर्भर करते हैं और 30 प्रतिशत अन्य व्यवसायों पर। सौराष्ट्र, कच्छ, अजमेर, दिल्ली और अण्डमान निकोबार द्वीप समूह को छोड़ कर शेष सब राज्यों में किसानों की संख्या गैरकिसानों की संख्या से अधिक है। सौराष्ट्र, कच्छ, अजमेर, दिल्ली और अण्डमान निकोबार द्वीपसमूह में गैर किसानों की संख्या किसानों की संख्या से क्रमश: 3,8,5,90 और 86

प्रतिशत अधिक है। पश्चिमी बगाल और बम्बई राज्य उद्योगों मे सबसे आगे बढे हुए है, यद्यपि किसानों की सख्या यहा भी गैर किसानो की संख्या से अधिक है। इसके विपरीत, हिमाचल प्रदेश और सिक्किम आदि अधिकांश पहाड़ी राज्यों में तो किमानो की आबादी कुल आबादी के 90 प्रतिशत से भी अधिक है।

हर 100 भारतीयों मे जिनमे उनके आश्रित भी शामिल है, 47 मुख्य रूप से अपने खेतों के मालिक किसान है, 9 मुख्य रूप से किराये की जमीन बोने वाले किसान है, 13 खेतिहर मजदूर है, 1 जमीदार है, और 10 उद्योगो मे या दूसरे किसी गैर खेतीबाड़ी सम्बन्धी उत्पादन में लगे हुए हैं, 6 व्यापार में है, 2 परिवहन मे तथा 12 नौकरियो और विभिन्न फुटकर कार्यों मे लगे हुए है। नीचे की तालिका मे आजीविका की दृष्टि से खेतीबाडी और अन्य व्यवसायो के चार-चार उपवर्ग किये गये है, और यह दिखाया गया है कि इनमे कितने स्वावलम्बी है, और कितने उनके आश्रित है तथा आश्रितो मे कितने कमाते है और कितने नही कमाते।

तालिका 17 (लाखों मे)

| वर्ग | उपवर्ग | स्वावलम्बी | न कमाने वाले आश्रित | कमाने वाले आश्रित | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) किसान | (1) ऐसे किसान, जो सर्वथा या अधिकाश मे अपनी जमीन के मालिक है | 4,58 | 10,01 | 2,14 | 16,73 |
| | (2) ऐसे किसान जो सर्वथा या अधिकाश मे अपनी जमीन के मालिक नही है | 88 | 1,89 | 39 | 3,16 |
| | (3) खेतो में काम करने वाले मजदूर | 1,49 | 2,46 | 53 | 4,48 |
| | (4) ऐसे जमीदार जो खेती करते है और लगान वसूल करते है | 16 | 33 | 4 | 53 |
| | किसानो की कुल सख्या | 7,11 | 14,69 | 3,10 | 24,90 |
| (2) गैर किसान | (1) ऐसा उत्पादन जो खेती से नही होता | 1,22 | 2,24 | 31 | 3,77 |
| | (2) व्यापार | 59 | 1,45 | 9 | 2,13 |
| | (3) परिवहन | 17 | 36 | 3 | 56 |
| | (4) अन्य सेवाए और व्यवसाय आदि | 1,36 | 2,68 | 26 | 4,30 |
| | गैर किसानो की कुल सख्या | 3,34 | 6,73 | 69 | 10,76 |
| | सर्व योग | 10,45 | 21,42 | 3,79 | 35,66 |

जनगणना के समय जीविका के उपसाधनो के बारे मे जो जानकारी प्राप्त हुई थी, उसकी सहायता से अपनी ज़मीन जोतने वाले किसानो और दूसरो की जमीन जोतने वाले भूमिहीन किसानो की अलग गणना की गई है। इस गणना से पता चला है कि अपनी जमीन जोतने वाले किसानो और भूमिहीन किसानो मे परस्पर मे 1,000 और 402 का अनुपात है। एक हजार भूमिधर किसानों के पीछे भूमिहीन किसानो का अनुपात हर राज्य मे अलग अलग है। उत्तर प्रदेश मे यह सब से कम (161) है और तिरुवाकुर-कोचीन मे सब से अधिक (782)। दूसरे बड़े राज्यो मे ये आकडे इस प्रकार है—मैसूर (190), आसाम (235), उड़ीसा (271), बम्बई (383), मध्यभारत (397), मध्य-प्रदेश (413), हैदराबाद (507), बिहार (510), राजस्थान (544), पश्चिमी बगाल (609) और मद्रास (714)।

खेती करने वाले असली किसान 545 लाख है। इन मे 457 लाख मालिक-किसान है, और 88 लाख लगान देने वाले किसान। मालिक-किसानो की अधिकता भारत के कृषकवर्ग के ढाचे की विशेषता है। हमारे देश में इन की अधिकता बहुत महत्वपूर्ण है। ये रैयतवारी इलाको मे ही नहीं, इस्तमरारी बन्दोबस्त वाले और अस्थायी बन्दोबस्त वाले इलाको मे भी अधिक है।

334 लाख स्वावलम्बी गैर-किसानो को निम्नलिखित चार श्रेणियो मे विभाजित किया गया है:

तालिका 18

| श्रेणिया | सख्या | स्वावलम्बी गैर किसानो का प्रतिशत | स्वावलम्बी व्यक्तियो का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| (1) मालिक | 11,00,000 | 3 3 | 1 1 |
| (2) मालिको के अलावा अन्य लोग जो अपना ही काम करते है | 1,65,00,000 | 49.4 | 15 7 |
| (3) नौकर | 1,48,00,000 | 44.3 | 14 2 |
| (4) ऐसे लोग किसी प्रकार के किराये पर निर्भर करते है, पेशन पाने वाले तथा अन्य किसी प्रकार की आय पर गुजर करने वाले | 10,00,000 | 3.0 | 0.9 |
| योग | 3,34,00,000 | 100.0 | 31.9 |

इस विभाजन को देखने से पता चलता है कि गैर-किसानो मे नौकरो की सख्या का अनुपात किसानों मे नौकरों की संख्या के अनुपात से अधिक है। इस के विपरीत अपना काम करने वाले लोग (जो मालिक नही है) संख्या में इतने अधिक है कि मालिक और नौकर दोनों मिल कर भी उतने नहीं है।

खेतीबाड़ी को छोड़कर अन्य सेवाओं और उद्योगो मे लगे हुए 324 लाख स्वावलम्बी व्यक्ति अपनी जीविका किस प्रकार कमाते है, यह जानने के लिये उनको दस विभागों और 88 उप-विभागो मे बाटा गया है। नीचे जो आंकड़े दिये गये है, वे उसी ढग से तैयार किये गये है, जिस ढंग से दूसरे देशों मे युनैस्को द्वारा स्वीकृत योजना के अनुसार तैयार किये जाते है। भारत की 1931 की तथा उस से पहले की जन-गणनाओं के जो आंकड़े प्रकाशित होते रहे है, उन के ढग को भी ध्यान मे रखा गया है।

तालिका 19

| उद्योग और नौकरियो के विभाग | सख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|
| 1. खेती, खान और पत्थर की खुदाई को छोड़ कर अन्य प्राथमिक उद्योग | 24,00,000 | 7.4 |
| 2 खानो और पत्थर की खुदाई | 5,70,000 | 1.8 |
| 3. खाद्य पदार्थ, कपडे, चमड़ा और उस की बनी चीजो की प्रक्रिया और निर्माणसम्बन्धी कार्य | 55,10,000 | 17.0 |
| 4 धातु, रासायनिक पदार्थ और उन की बनी चीजो की प्रक्रिया और निर्माणसम्बन्धी कार्य | 12,40,000 | 3.8 |
| 5. अन्यत्र अनिर्दिष्ट वस्तुओ की प्रक्रिया तथा निर्माण | 24,30,000 | 7.5 |
| 6 निर्माण और उपयोग की चीजे | 15,90,000 | 4.9 |
| 7. व्यापार | 59,00,000 | 18.2 |
| 8. परिवहन, भडारीकरण और सचार | 19,00,000 | 5.9 |
| 9. स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक प्रशासन | 32,90,000 | 10.2 |
| 10 वे सेवाये जिन का अन्यत्र निर्देश नही है | 75,40,000 | 23.3 |
| योग | 3,23,70,000 | 100.0 |

**आयुओं का विवरण**

21 नम्बर तालिका मे आयु के अनुसार आबादी का ब्यौरा दिया गया है। प्रत्येक आयु-वर्ग के साथ जो संख्या नीचे दिखाई गई है, वह कुल आबादी का प्रतिशत है :

तालिका 20

| | आयुवर्ग (वर्षों मे) | प्रतिशत |
|---|---|---|
| दूध पीते और छोटे बच्चे | 0 से 4 | 13.5 |
| लडके और लडकिया | 5 से 14 | 24.8 |
| युवक और युवतिया | 15 से 24 | 17.4 |
| | 25 से 34 | 15.6 |
| अधेड़ पुरुष और अधेड स्त्रिया | 35 से 44 | 11.9 |
| | 45 से 54 | 8.5 |
| वृद्ध तथा वृद्धाएं | 55 से 64 | 5.1 |
| | 65 से 74 | 2.2 |
| | 75 और उस से ऊपर | 1.0 |
| | | 100.0 |

## तालिका 21

### आयु और नागरिक स्थिति

| आयु-वर्ग (वर्षो मे) | कुल (हजारो मे) | | अविवाहित (हजारो मे) | | विवाहित (हज़ारो मे) | | विधुर, विधवा और विवाह विच्छेद प्राप्त (हज़ारो मे) | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | पुरुष | स्त्री | पुरुष | स्त्री | पुरुष | स्त्री | पुरुष | स्त्री |
| I से कम | 5,821 | 5,668 | 5,821 | 5,668 | — | — | — | — |
| I से 4 | 17,939 | 17,908 | 17,939 | 17,908 | — | — | — | — |
| 5 से 14 | 44,703 | 41,989 | 41,804 | 35,737 | 2,833 | 6,118 | 66 | 134 |
| 15 से 24 | 30,672 | 30,052 | 16,627 | 5,184 | 13,660 | 24,041 | 384 | 827 |
| 25 से 34 | 27,875 | 26,633 | 3,701 | 733 | 23,122 | 23,731 | 1,052 | 2,129 |
| 35 से 44 | 22,032 | 19,528 | 1,150 | 304 | 19,323 | 15,346 | 1,559 | 3,178 |
| 45 से 54 | 15,719 | 13,898 | 604 | 173 | 13,076 | 8,314 | 2,038 | 5,412 |
| 55 से 64 | 9,064 | 8,624 | 299 | 89 | 6,777 | 3,334 | 1,989 | 5,201 |
| 65 से 74 | 3,867 | 3,976 | 104 | 37 | 2,533 | 1,092 | 1,230 | 2,847 |
| 75 और उस से ऊपर | 1,630 | 1,756 | 46 | 18 | 883 | 370 | 701 | 1,367 |
| अज्ञात आयु | 111 | 117 | 51 | 60 | 46 | 42 | 14 | 15 |
| विस्थापितो के इलावा कुल आबादी | 1,79,433 | 1,70,149 | 88,146 | 65,951 | 12,253 | 12,388 | 9,033 | 21,810 |

यह स्पष्ट है कि आबादी मे कम उम्र वालो का अनुपात बहुत अधिक है, और ऐसे लोगो की सख्या बहुत कम है, जो अधेड होने के बाद जीते है। नीचे की तालिका (संख्या २२) मे इस सम्बन्ध मे दूसरे देशों की परिस्थिति के साथ हमारे देश की परिस्थिति की तुलना की गई है।

तालिका 22

| देश | कुल आबादी का प्रतिशत | | | |
|---|---|---|---|---|
| | छोटे बच्चे | छोटे बच्चे और लड़के लडकियां | 15 से कम आयु वाले व्यक्ति | 55 और उस से ऊपर आयु वाले व्यक्ति |
| भारत | 3.3 | 13.5 | 38.3 | 8.3 |
| यूरोप | 2.0 | 9.8 | 26.9 | 17.2 |
| जर्मनी | 1.5 | 7.0 | 23.5 | 19.1 |
| इग्लैंड | 1.5 | 8.6 | 22.5 | 21.1 |
| इटली | 1.8 | 9.2 | 26.6 | 12.0 |
| फ्रांस | 1.6 | 7.2 | 21.8 | 21.4 |
| उत्तरी अमेरिका | —— | 10.8 | 27.1 | 16.9 |
| ओशेनिया | 2.5 | 10.5 | 26.0 | 17.8 |
| जापान | 2.8 | 13.5 | 35.4 | 11.0 |
| दक्षिण पूर्वी एशिया | 3.3 | 15.1 | 40.9 | 7.3 |
| दक्षिण पश्चिमी एशिया | 3.1 | 16.7 | 40 6 | 9.5 |
| दक्षिणी तथा मध्य अमेरिका | 3.1 | 14.6 | 40.1 | 7.4 |
| अफ्रीका | 2.9 | 13.7 | 13.1 | 8.5 |

**विवाह सम्बन्धी स्थिति का नमूना**

भारत मे प्रति 10 हजार व्यक्तियो मे (इनमे विस्थापितो का हिसाब शामिल नही है) 5,133 पुरुष और 4,867 स्त्रिया है । इन मे से 2,521 पुरुष और 1,886 स्त्रियां अविवाहित है । यदि पुरुषो और स्त्रियों का हिसाब एक साथ किया जाए, तो कुल आबादी के 44.1 प्रतिशत लोग अविवाहित है ।

विवाह सम्बन्धी परिस्थिति की एक बहुत बडी विशेषता यह है कि बाल-विवाह रोक सम्बन्धी कानून होते हुए भी बहुत अधिक बाल विवाह होते है । 1951 की जनगणना मे 5 से लेकर 14 साल की उम्र के लोगों मे 28,33,000 विवाहित पुरुष, 61,18,000 विवाहित स्त्रियां, 66,000 विधुर और 1,34,000 विधवाए दिखाई गई है । 14 साल उम्र की विवाहित स्त्रियों तथा 15, व 16 और 17 साल के विवाहित पुरुषो की सख्या क्या है, यह मालूम नही है । इस जन-गणना से यह मालूम हुआ है कि लगभग 92,00,000 विवाह ऐसे हुए है, जो कानून तोड़ कर ही किये गये थे । देश के विभिन्न इलाको मे कानून के विरुद्ध बाल-विवाह इस प्रकार हुए है :—

तालिका 23

| इलाका | 15 साल से कम आयु वाले विवाहित, विधुर तथा विधवाएं | |
|---|---|---|
| | संख्या | इलाके की कुल आबादी का प्रतिशत |
| उत्तरी भारत | 25,70,000 | 4.1 |
| पूर्वी भारत | 27,60,000 | 3.2 |
| दक्षिणी भारत | 5,20,000 | 0.7 |
| पश्चिमी भारत | 6,80,000 | 1.7 |
| मध्य भारत | 19,20,000 | 3.7 |
| उत्तर-पश्चिमी भारत | 7,00,000 | 2.2 |
| भारत | 91,50,000 | 2.6 |

इस सम्बन्ध में यह उल्लेखनीय है कि बाल-विवाहों की संख्या करीब करीब सभी स्थानों पर स्पष्टतः घट रही है। 1941 में 15 साल से कम उम्र वाली विवाहिता स्त्रियों का अनुपात विवाहित पुरुषों के मुकाबले में 9.6 प्रतिशत था, और अब 1951 में यह प्रतिशत घट कर 7.4 रह गया है। इसी प्रकार यह अनुपात उत्तर भारत में 10.9 से 10.1, पूर्वी भारत मे 10.5 से 8.2, दक्षिण भारत में 5.2 से 2.6, पश्चिमी भारत में 9.5 से 6.0, मध्य भारत मे 12.8 से 10.6 और उत्तर-पश्चिमी भारत में 7.4 से 6.5 हो गया है।

**जन्म और मृत्यु का अनुपात**

नीचे की तालिका मे 1931 से 1946 तक की जन्म और मृत्यु संख्यायें दिखलाई गई है, जब भारत अविभक्त था। साथ ही 1947 से 1950 तक की जन्म और मृत्यु संख्यायें भी दिखलाई गई हे।

तालिका 24

| वर्ष | प्रति हजार के पीछे | | |
|---|---|---|---|
| | जन्म अनुपात | मृत्यु अनुपात | शिशु-मृत्यु |
| 1931 | 35 | 25 | 179 |
| 1932 | 34 | 22 | 169 |
| 1933 | 36 | 23 | 171 |
| 1934 | 34 | 25 | 187 |
| 1935 | 35 | 24 | 164 |
| 1936 | 36 | 23 | 162 |
| 1937 | 35 | 22 | 162 |
| 1938 | 34 | 24 | 167 |
| 1939 | 34 | 24 | 156 |
| 1940 | 33 | 22 | 160 |
| 1941 | 32.1 | 21.9 | 158 |
| 1942 | 29.5 | 21.4 | 163 |
| 1943 | 26.1 | 23.9 | 165 |
| 1944 | 25.8 | 24.5 | 169 |
| 1945 | 28.0 | 22.1 | 151 |
| 1946 | 28.9 | 18.7 | 136 |
| 1947 | 26.6 | 19.7 | 146 |
| 1948 | 25.4 | 17.1 | 130 |
| 1949 | 26.7 | 16.0 | 123 |
| 1950 | 24.8 | 16.0 | 127 |

ऊपर जो आंकड़े दिये गये हैं, वे विभिन्न राज्यों द्वारा रखी हुई पंजीकरण सामग्री पर आधारित हैं। यहां यह बता देना चाहिये कि अधिकांश राज्यों में पंजीकरण की पद्धति न तो

सन्तोषजनक है और न वह कुशलता-पूर्वक रक्खी जाती है। इसी कारण जन्म और मृत्यु के सम्बन्ध में हमें रजिस्टरों में जो आकड़े मिलते हैं, उन में और दस-वर्षीय जन-गणना के आकड़ों में बहुत अन्तर हो जाता है।

पंजीकरण सम्बन्धी सामग्री, जनगणना के आकड़े तथा अन्य इस प्रकार की सूचनाओं की छानबीन और अध्ययन करने के बाद 1951 की जन-गणना की रिपोर्ट में ये परिणाम निकाले गये हैं :—

गत 10 वर्षों मे यानी 1941–50 में :—

(1) प्रति वर्ष प्रति हजार व्यक्तियो के पीछे 40 नए जन्म हुए।
(2) प्रति वर्ष प्रति हजार व्यक्तियो के पीछे 24 व्यक्तियों की मृत्यु हुई।
(3) इस तरह प्रति वर्ष प्रति हजार व्यक्तियो के पीछे 13 आदमियों की वृद्धि हुई।

**धर्म :—**

1951 की जनगणना में भी पहले की जन-गणनाओ की तरह धर्म सम्बन्धी आकड़े एकत्र किये गये थे। गणना सम्बन्धी लेखा पहलेपहल धार्मिक आधार पर तैयार किया जाता था, पर इस बार गणना जीविका के प्रधान साधनो के आधार पर की गई है। इसलिये इस जन-गणना मे आबादी के वर्गो के लिये जो सूचना एकत्र की गई है, वह केवल विभिन्न धर्मों के मानने वालो की सख्या की जानकारी तक ही सीमित है। नीचे जो आकड़े दिये गये है, उनमे पता चलेगा कि कितने लोग किस धर्म को मानने वाले हैं।

तालिका 25

| धर्म | सख्या | प्रति 1,000 व्यक्तियो पर |
|---|---|---|
| हिन्दू | 30,32,00,000 | 8,499 |
| सिख | 62,00,000 | 174 |
| जैन | 16,00,000 | 45 |
| बौद्ध | 2,00,000 | 6 |
| पारसी | 1,00,000 | 3 |
| ईसाई | 82,00,000 | 230 |
| मुसलमान | 3,54,00,000 | 993 |
| यहूदी | ... | ... |
| दूसरे धर्म (कबायली). | 17,00,000 | 47 |
| दूसरे धर्म (गैर कबायली) | 1,00,000 | 3 |
| सर्व धर्म | 35,67,00,000 | 10,000 |

**विशेष वर्ग :—**

1951 के पहले जब भी जन-गणना होती थी, तो प्रत्येक व्यक्ति से उसकी नस्ल, उपजाति या जाति के सम्बन्ध में पूछा जाता था। यह प्रथा भारत में पृथकता की भावना बढ़ाने वाली थी।

इस कारण 1951 की जन-गणना मे जातपातमूलक विभिन्नताओं का लेखा बन्द कर दिया गया। केवल उन्ही विशेष वर्गों के सम्बन्ध मे गणनाएं की गईं, जिन के सम्बन्ध में संविधान मे विशेष-रूप से उल्लेख है। एक व्यक्ति विशेष वर्ग का सदस्य केवल उसी हालत में माना गया है, जब कि वह "अनुसूचित जाति", "अनुसूचित उपजाति", अन्य किसी पिछड़े हुए वर्ग का सदस्य हो या "ऐंग्लो इण्डियन" हो। नीचे की तालिका में विभिन्न राज्यों की इन विशेष वर्गों की आबादी दिखलाई गई है।

## तालिका 26

### विशेष वर्गों की आबादी

| राज्य | एंग्लो इण्डियन | अनुसूचित जातिया | अनुसूचित जन-जातिया |
|---|---|---|---|
| अजमेर | 298 | 80,974 | 9,816 |
| आसाम | 1,055 | 4,24,044 | 17,35,245 |
| भोपाल | 18 | 1,29,370 | 59,114 |
| बिहार | 4,596 | 50,57,812 | 40,49,183 |
| बिलासपुर | 4 | 27,135 | .. |
| बम्बई | 7,327 | 30,03,024 | 33,59,305 |
| चन्द्रनगर | 89 | .. | .. |
| कुर्ग | 41 | 25,690 | 21,084 |
| दिल्ली | 812 | 2,08,612 | .. |
| [illegible]माचल प्रदेश | 6 | 2,24,610 | .. |
| [illegible]दराबाद | 3,919 | 28,00,184 | 3,54,933 |
| कच्छ | .. | 7,450 | 17 002 |
| मध्य भारत | 186 | 13,23,881 | 10,60,812 |
| मध्य प्रदेश | 2,634 | 28,98,968 | 24,77,024 |
| मद्रास | 27,253 | 85,33,632 | 6,35,979* |
| मणिपुर | .. | .. | 1,94,239 |
| मैसूर | 10,659 | 16,08,821 | 15,310 |
| उड़ीसा | 485 | 26,30,763 | 29,67,334 |
| पैप्सू | 239 | 6,76,302 | .. |
| पजाब | 935 | 23,86,143 | 2,429 |
| राजस्थान | 740 | 16,09,074 | 3,16,348 |
| सौराष्ट्र | 58 | 1,19,338 | 38,849 |
| सिक्किम | .. | .. | .. |
| तिरुवांकुर-कोचीन | 11,990 | 8,70,139 | 26,580 |
| त्रिपुरा | 94 | 46,371 | 1,92,293 |
| उत्तर-प्रदेश | 6,343 | 1,14,79,102 | .. |
| विन्ध्य-प्रदेश | 240 | 4,76,234 | 4,18,282 |
| पश्चिमी बंगाल | 31,616 | 46,96,205 | 11,65,377 |
| कुल | 1,11,637 | 5,13,43,898 | 1,91,16,498* |

*इन आंकडो मे मद्रास जिले के 5000 व्यक्ति भी शामिल है, जिन्होंने अपने को हरिजन लिखाया था पर उन्हें गलती से अनुसूचित उपजातियो में दिखला दिया गया था।

संविधान की धारा 314 और 342 के अन्तर्गत राष्ट्रपति द्वारा दिए गए आज्ञापत्रो के अनुसार अन्दमान द्वीपपुज, चन्द्रनगर, और सिक्किम की कोई जाति या जनजाति अनुसूचित नही की गई। फिर भी 1951 की जन-गणना मे चन्द्रनगर और सिक्किम पर पश्चिम बगाल की अनुसूचित जनजातियो वाली सूची लागू कर दी गई है। इस आधार पर जो आकडे प्राप्त हुए, वे इस प्रकार है :—

| | अनुसूचित जातिया | अनुसूचित आदिजातियां |
|---|---|---|
| चन्द्रनगर | 5,457 | 139 |
| सिक्किम | 112 | 29,429 |

### भाषाएं

सविधान मे ये 14 भाषाए स्वीकृत की गई है —आसामी, बगला, गुजराती, हिन्दी, उर्दू, कन्नड, काश्मीरी, मलयालम, मराठी, उडिया, पजाबी, सस्कृत, तमिल और तेलगू। देश की राष्ट्र भाषा हिन्दी स्वीकार की गई है और यह धीरे धीरे अग्रेजी का स्थान ले लेगी। अग्रेजी इस देश मे 1965 तक चलेगी।

1951 की जनगणना के अनुसार प्रत्येक भाषा के बोलने वालो की सख्या अभी तक प्राप्त नही है।

हिन्दी उत्तर-प्रदेश, राजस्थान, मध्यभारत, भोपाल, विन्ध्य प्रदेश, अजमेर, दिल्ली, बिहार, मध्यप्रदेश के अधिकाश भाग, पजाब पेप्सू, हिमाचल प्रदेश और हैदराबाद के कुछ भागो की बोलचाल की भाषा है। राष्ट्रभाषा के रूप मे हिन्दी का देश भर मे विकास किया जाएगा और उसे प्रोत्साहन दिया जाएगा। पर साथ ही क्षेत्रीय भाषाओ को भी अपने अपने इलाके मे इसी प्रकार पूर्ण प्रोत्साहन दिया जाएगा।

### प्रवासी भारतीय

मोटे तौर पर प्रवासी भारतीयो की कुल सख्या लगभग 40 लाख है। जिन देशो मे उन की सख्या 1 लाख से ऊपर है, वे है सिहल, मलय, सिगापुर, दक्षिण अफ्रीका, ट्रिनिडाड, टोबागो, मारीशस, ब्रिटिश गयाना और फिजी द्वीपपुज। इन के अतिरिक्त डच गयाना, केनिया, यूगाडा, टागानिका तथा इडोनेशिया मे उनकी सख्या प्रत्येक स्थान पर 25 हजार से ऊपर है।

भारतीय मजदूरो के बाहर जाने का कार्यक्रम 19वी शताब्दी के प्रारम्भ मे तब से जारी हुआ था, जब उन्हे स्टेट्स सैटलमेन्ट बगानो मे काम करने के लिए ले जाया गया था। 1837 मे जब पहला 'एमीग्रेशन ऐक्ट' पास हुआ, तभी से भारतीय नियमित ढग से बाहर जाकर बसने लगे। उसके पहले यह सब बिल्कुल अनियमित था। 1922 मे इस कानून की जगह पर एक दूसरा भारतीय एमीग्रेशन ऐक्ट पास हुआ। 1938 मे उसमें सशोधन किया गया, और फिर 1940 मे सशोधन हुआ।

नीचे की तालिका मे ससार के विभिन्न देशो मे रहने वाले भारतीयो की सख्या दिखाई गई है :—

## तालिका 27

## प्रवासी भारतीय

| देश का नाम | भारतीयों की संख्या | गणना का वर्ष |
|---|---|---|
| **राष्ट्रमडलीय देश** | | |
| आस्ट्रेलिया | 2,500 | 1947 |
| कैनाडा | 3,000 | 1950 |
| न्यूज़ीलैन्ड | 1,200 | 1952 |
| दक्षिण अफ्रीका | 3,65,524 | 1951 |
| दक्षिण रोडेशिया | 4,150 | 1951 |
| सिंहल (क) | 9,85,327 | 1953 |
| ब्रिटिश मलाया (पाकिस्तानियो को मिला कर) | 6,40,709 | 1952 |
| सिगापुर (क) | 83,624 | 1952 |
| हागकाग | 1,500 | 1952 |
| मारीशस | 3,22,972 | 1952 |
| सेशेल्ज | 285 | 1947 |
| जिब्राल्टर | 41 | 1946 |
| नाइजीरिया | 375 | 1947 |
| केनिया | 90,528 | 1948 |
| यूगान्डा | 33,767 | 1948 |
| न्यासालैण्ड | 4,000 | 1951 |
| जन्जिबार और पेम्बा | 15,812 | 1948 |
| टैगानिका | 56,499 | 1952 |
| जमैका | 25,000 | 1952 |
| ट्रिनीडाड और टोबैगो | 227,390 | 1950 |
| ब्रिटिश गयाना | 1,97,696 | 1951 |
| फिजी द्वीप | 1,48,802 | 1952 |
| उत्तरी रोडेशिया | 2,600 | 1951 |
| ब्रिटिश उत्तरी बोर्नियो | 1,298 | 1948 |
| अदन | 9,456 | 1946 |

(क) 1953 के 15 मार्च तक जिन भारतीयो तथा पाकिस्तानियों ने इंडियन मिशन में अपना पंजीकरण कराया, उनकी सख्या 18,500 थी ।

तालिका 27--क्रमशः

| देशों के नाम | भारतीयों की संख्या | गणना का वर्ष |
|---|---|---|
| मारीशस | 2,300 | 1940 |
| ब्रनेई | 436 | 1947 |
| ब्रिटिश सोमालीलैण्ड | 250 | 1946 |
| माल्टा | 37 | 1948 |
| ग्रनाडा | 9,000 | 1946 |
| सेंट लूसिया | 7,000 | 1952 |
| ब्रिटिश हाण्डूरास | 2,000 | 1946 |
| सेरा लीओन | 76 | 1948 |
| ब्रिटेन | 7,128 | 1932 |
| लीवर्ड द्वीप | 99 | 1946 |
| गोल्ड कोस्ट | 250 | 1948 |
| सेंट विंसेन्ट | 1,818 | 1950 |
| बारबेडोस | 100 | 1950 |
| सेंट किट्स | 97 | 1950 |
| डोमिनिका | 5 | 1950 |
| राष्ट्रमण्डलीय देशों में भारतीयों की कुल संख्या | 32,54,651 | |
| अन्य विदेश | | |
| बर्मा (1) | ... | ... |
| इण्डोनेशीय गणराज्य | 40,000 | 1952 |
| थाई देश | 17,000 | 1952 |
| हिन्दचीन | 2,300 | 1950 |
| जापान | 474 | 1952 |
| बेहरीन | 1,135 | 1948 |
| ईराक | 650 | 1948 |
| मस्कत | 1,145 | 1947 |
| पुर्तगीज पूर्वी अफ्रीका | 5,000 | 1948 |
| मदगास्कर | 9,955 | 1950 |
| रीयूनियन | 2,200 | 1947 |
| संयुक्त राज्य अमेरिका | 2,405 | 1947 |
| ब्राजील | 40 | 1951 |
| पनामा | 908 | 1950 |
| भारत स्थित फ्रांसीसी बस्तियां | 3,23,295 | 1939 |

(1) बर्मा के सही अंक प्राप्य नहीं हैं। 1931 की जनगणना के अनुसार वहां भारतीयों की जनसंख्या करीब 11 लाख थी। रंगून स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार भारतीयों की जनसंख्या अब लगभग 7 लाख होने का अनुमान है।

तालिका 27 —क्रमशः

| देशो के नाम | भारतीयो की संख्या | गणना का वर्ष |
|---|---|---|
| अफगानिस्तान (2) | 264 | 1951 |
| ईरान | 752 | 1952 |
| इथियोपिया | 1,250 (3) | — |
| डच गयाना | 60,000 | 1953 |
| फिलिपीन | 1,800 | 1951 |
| लेबनान | 49 | 1948 |
| सीरिया | 32 | 1948 |
| कुवेत | 1,250 | 1948 |
| सऊदी अरब | 2,400 | 1948 |
| फिलिस्तीन | 56 | 1947 |
| जर्मनी | 35 | 1953 |
| आस्ट्रिया | 39 | 1953 |
| इटली | 200 | 1952 |
| बेल्जियन कांगो | 1,227 | 1950 |
| बेल्जियम | 60 | 1952 |
| अान्डा उरुन्डी | 1,963 | 1950 |
| इटालियन सोमालीलैण्ड | 1,000 | 1947 |
| नेपाल | 10,441 | 1941 |
| चेकोस्लोवाकिया | 11 | 1953 |
| बल्गारिया | 3 | 1953 |
| सोवियत रूस | 15 | 1953 |
| स्विट्जरलैण्ड | 100 | 1953 |
| फ्रास | 23 | 1951 |
| नीदरलैण्ड | — | 1953 |
| लक्समबर्ग | — | 1952 |
| पुर्तगाल | 1 | 1952 |
| युगोस्लाविया | — | 1953 |
| विदेशो मे कुल भारतीयो की सख्या (बर्मा को छोडकर) | 4,89,478 | |
| सब देशो मे कुल भारतीयो की सख्या (बर्मा को छोडकर) | 37,44,129 | |

(2) ये आकडे केवल काबुल और कन्दहार के ही है। पूरे अफगानिस्तान के सम्बन्ध मे जानकारी अप्राप्य है ।

(3) इथियोपिया के ये आकडे गैर सरकारी है, वहा कभी जनगणना नही हुई ।


भारत
अफ़गानिस्तान
काश्मीर और जम्मू
श्रीनगर
पंजाब
हिमाचल प्रदेश
बिलासपुर
पश्चिमी पाकिस्तान
शिमला
चण्डीगढ़
पैप्सू
पटियाला
पंजाब
दिल्ली
तिब्बत
जयपुर
आगरा
अजमेर
लखनऊ
ग्वालियर
प० बंगाल
शिलांग
पटना
मणिपुर
विन्ध्य-प्रदेश
रीवा
बिहार
कच्छ
भुज
पूर्वी बंगाल
अगरतला
त्रिपुरा
पश्चिमी बंगाल
कलकत्ता
इन्दौर
भोपाल
राजकोट
सौराष्ट्र
नागपुर
कटक
बम्बई
हैदराबाद
करनूल
अरब समुद्र
बंगाल की खाड़ी
मैसोर
बंगलोर
मद्रास
कुर्ग
पोर्टब्लेयर
अन्दमान तथा
निकोबार द्वीपसमूह
ट्रावनकोर कोचीन
त्रिवेन्द्रम
लंका

# दूसरा अध्याय

## संविधान

भारत का संविधान 22 भागो मे विभक्त है, और उसमें 395 धाराये तथा 9 अनुसूचिया हैं। संविधान की प्रस्तावना में भारत को एक सम्पूर्ण-प्रभुत्व-सम्पन्न लोकतन्त्रात्मक गणराज्य घोषित किया गया है। संविधान का उद्देश्य अपने सब नागरिको के लिये निम्नलिखित बातो को सुरक्षित करना है :

(क) न्याय—सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक;

(ख) विचारो की स्वाधीनता—अभिव्यक्ति, विश्वास, आस्था और उपासना के सम्बन्ध मे,

(ग) समानता—संविधान की निगाह में सब एक समान है और सब को एक समान अवसर है,

(घ) भ्रातृभाव—व्यक्ति की गरिमा और राष्ट्र की एकता को सुरक्षित करना।

### नागरिकता

संविधान की पाचवी धारा मे कहा गया है :

प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का निवासी बन गया है और

(क) जो भारत की सीमा मे जन्मा था, अथवा

(ख) जिस के माता पिता मे से कोई भारत की सीमा मे जन्मा था; अथवा

(ग) जो संविधान के लागू होने से ठीक पहले कम से कम पाच वर्ष तक भारत की सीमा मे सामान्यतया रहता आया है,

भारत का नागरिक होगा।

पाकिस्तान से भारत आये प्रत्येक व्यक्ति के लिये यह भी व्यवस्था की गई है कि—

(क) यदि वह अथवा उस के माता पिता मे से कोई अथवा उस के दादा दादी और नाना नानी मे से कोई भारत-शासन-कानून 1935 (मूल कानून) मे परिभाषित भारत में उत्पन्न हुआ था,

(ख) (1) ऐसा व्यक्ति जो सन् 1948 की जुलाई के उन्नीसवे दिन से पूर्व भारत मे चला आया हो और तब से सामान्यत भारत की सीमा में ही रहता आया हो ; अथवा

(2) ऐसा व्यक्ति जो सन् 1948 की जुलाई के उन्नीसवे दिन या उस के पश्चात् भारत में आया हो, परन्तु संविधान प्रारम्भ होने से पूर्व ही भारत राज्य की सरकार द्वारा निश्चित रीति से आवेदनपत्र दे कर अधिकारप्राप्त भारतीय पदाधिकारी से भारत का नागरिक पंजीकृत कर लिया गया हो।

परन्तु यदि कोई व्यक्ति अपने आवेदनपत्र की तारीख से ठीक पहले कम से कम 6 महीने भारत राज्य-क्षेत्र का निवासी न रहा हो, तो वह इस प्रकार पंजीकृत नही किया जायेगा।

भारतीय उद्भव के ऐसे व्यक्तियों को भी नागरिकता का अधिकार दिया गया है, जो इस समय भारत के बाहर अन्यत्र निवास कर रहे हैं। इनमें वे व्यक्ति भी आ जाते है जो, स्वयं अथवा जिनके माता पिता में अथवा दादा दादी या नाना नानी मे से कोई भारत-शासन कानून 1935 मे परिभाषित भारत में जन्मे थे, तथा जो विदेश स्थित भारत के राजनीतिक अथवा वाणिज्यिक प्रतिनिधियो द्वारा अपने को भारत का नागरिक पजीकृत करा चुके है ।

जो व्यक्ति अपनी स्वेच्छा से किसी विदेशी राज्य की नागरिकता प्राप्त कर लेता है, वह फिर भारत का नागरिक नही रह जाता। किन्तु उपरोक्त नियम नागरिकता की प्राप्ति और समाप्ति तथा नागरिकता से सम्बद्ध अन्य सब विषयो के बारे में भारतीय संसद को कानून बनाने से नही रोकते ।

## आधारभूत अधिकार

भारतीय नागरिकों के आधारभूत अधिकारों को इन सात श्रेणियों में विभाजित किया गया है: समता का अधिकार; स्वातन्त्र्य अधिकार; शोषण के विरुद्ध अधिकार; धर्म-स्वातन्त्र्य का अधिकार; संस्कृति और शिक्षा सम्बन्धी अधिकार; सम्पत्ति का अधिकार और सवैधानिक उपचारो का अधिकार ।

समता के अधिकार द्वारा धर्म, नस्ल, जाति, लिंग अथवा जन्मस्थान के कारण सभी प्रकार के भेदभावो का निषेध किया गया है । हा, राज्य को महिलाओं तथा बच्चो के लिये किसी विशेष कानून बनाने तथा सामाजिक और शिक्षा की दृष्टि से पिछड़े लोगो, अनुसूचित जातियो और अनुसूचित आदिम जातियो के लोगो के विकास की व्यवस्था करने का अधिकार अवश्य दिया गया है । संविधान के अन्तर्गत सरकारी नौकरियो के सम्बन्ध मे सभी लोगो को समान अवसर दिया जायेगा । अस्पृश्यता का किसी भी दशा मे आचरण करना निषिद्ध ठहराया गया है, और अस्पृश्यता के कारण किसी को किसी भी कार्य के लिये आयोग्य ठहराना कानून की दृष्टि में (धारा 17) दडनीय अपराध है। साथ ही सविधान द्वारा सेना या विद्या सम्बन्धी उपाधियो को छोड़ अन्य उपाधियो की प्रथा का भी अन्त कर दिया गया है।

धारा 19 (1) द्वारा भारत के सभी नागरिको को बोलने और भाव प्रकट करने, सस्था या सघ बनाने, भारत राज्य-क्षेत्र मे सर्वत्र आ जा सकने, भारत के किसी भी भाग मे निवास करने या बस जाने, सम्पत्ति के कमाने और व्यय करने, कोई भी वृत्ति या उपजीविका अपनाने तथा कोई भी व्यापार या कारोबार करने के अधिकार की गारटी दी गई है। परन्तु इस से राज्य पर ऐसे कानून बनाने पर रुकावट नही डाली गई जिस के फलस्वरूप राज्य की सुरक्षा हो, विदेशो के साथ मैत्रीपूर्ण सम्बन्ध बने, सार्वजनिक व्यवस्था, शिष्टाचार अथवा सदाचार का हित हो। साथ ही न्यायालय-अवमान, मान-हानि अथवा उकसाहट पर प्रतिबन्ध लगाने के लिये चाहे जैसे कानून बनाये जा सकते हैं । इस के अतिरिक्त इन अधिकारो का किसी भी वर्तमान कानून पर कोई प्रभाव नही पडता, और न सार्वजनिक हित और व्यवस्था के लिये कोई नया कानून बनाने में ही रुकावट आती है ।

सविधान की धारा 21 व 22 मे व्यक्ति की स्वाधीनता का संरक्षण किया गया है । इसी धारा के अनुसार नियमविरुद्ध गिरफ्तारी तथा अनियमित नजरबन्दी पर भी रोक लगाई गई है। अन्य अधिकारो द्वारा बेगार, बाल-श्रम तथा मनुष्यों के व्यापार का प्रतिषेध लगाया गया है,

धार्मिक मामलो मे अन्त करण की स्वतन्त्रता का आश्वासन दिया गया है , अल्पसख्यको के सास्कृतिक और शिक्षासम्बन्धी हितो की रक्षा की गई है तथा यह कहा गया है कि पर्याप्त मुआवजा दिये बिना सरकार किसी की सम्पत्ति पर कब्जा न कर सकेगी ।

धारा 32 के अनुसार उपरोक्त अधिकारो के सम्बन्ध मे कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है । यह निश्चय कराने के लिये कि इन अधिकारो का पूर्ण पालन किया जायेगा धारा 12 मे राज्य की परिभाषा करते समय कहा गया है "राज्य के अन्तर्गत भारत की सरकार और ससद तथा भा त य राज्यो में से प्रत्येक की सरकार और उन के विधानमडल, तथा भारत राज्य-क्षेत्र के भीतर अथवा भारत सरकार के नियन्त्रण के अधीन सब स्थानीय और अन्य अधिकारी भी है ।" एक दूसरे उपबन्ध (धारा 13)द्वारा वे सभी कानून, जो इन अधिकारो के विरोधी है और जो इस सविधान के प्रारम्भ होने से पहले चालू थे, उस मात्रा तक अवैध घोषित कर दिये गये है, जहा तक उनका इन अधिकारों से विरोध है ।

## निर्देशक सिद्धान्त

न्यायालयों द्वारा लागू न किये जा सकने पर भी निर्देशक तत्व देश के शासन मे मूलभूत माने जाते है । धारा 38 में कहा गया है : लोक कल्याण की भावना से राज्य ऐसी सामाजिक व्यवस्था को बढाने का अधिकतम प्रयत्न करेगा, जिस मे सभी को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय प्राप्त हो सकेगा । धारा 39 के अनुसार राज्य अपनी नीति का ऐसा सचालन करेगा जिस से कि निश्चित रूप से

(क) सभी नागरिको को, चाहे वे पुरुष हो या स्त्री, जीवन के पर्याप्त साधन प्राप्त करने का अधिकार हो ;

(ख) समुदाय की भौतिक सम्पत्ति का स्वामित्व और नियन्त्रण इस प्रकार बटा हो, जिस से सामूहिक हित सर्वोत्तम रूप से सम्पन्न हो ;

(ग) आर्थिक व्यवस्था इस प्रकार चले कि जिस से धन और उत्पादन के साधनो का ऐसा एकत्रीकरण न होता चला जाए, जो सार्वजनिक हित का विरोधी हो ;

(घ) पुरुषो और स्त्रियो दोनो को समान कार्य के लिये समान वेतन दिया जाए ,

(ङ) श्रमिक पुरुषो और स्त्रियो के स्वास्थ्य और शक्ति का तथा बालको की सुकुमार अवस्था का दुरुपयोग न किया जा सके । साथ ही आर्थिक आवश्यकता से विवश हो कर नागरिको को ऐसे रोजगार मे न जाना पडे, जो उनकी आयु अथवा शक्ति के अनुकूल न हो ;

(च) बच्चो और कम उम्र के लो ो का शोषण या चारित्रिक तथा भौतिक पतन न होने दिया जाए ।

स्वायत्त शासन की इकाइयो के रूप मे राज्य ग्राम-पचायतो का संगठन करेगा, अपनी आर्थिक सामर्थ्य और विकास की सीमाओ के भीतर राज्य सभी नागरिको की रोज़गारी, शिक्षा आदि का प्रबन्ध करेगा और बुढापा, बीमारी और अगहीनता आदि की दशाओ मे सार्वजनिक सहायता देने का प्रबन्ध करेगा । वह नागरिकों के भोजन तथा जीवनस्तर को भी ऊचा करने का प्रयत्न करेगा । स्वास्थ्य के लिये हानिकर मादक द्रव्यो के यथासभव प्रतिषेध करने तथा कृषि और पशु-पालन को आधुनिक वैज्ञानिक प्रणालियो द्वारा सगठितकरने का प्रयत्न किया जाएगा । यह भी

निश्चय किया गया है कि राज्य अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा की उन्नति का तथा राष्ट्रों के बीच न्याय और सम्मानपूर्ण सम्बन्धो को बनाने और बढाने का प्रयास करेगा।

## यूनियन कार्यकारी

भारतीय संविधान मे संसदीय पद्धति द्वारा देश के शासन की व्यवस्था है। केन्द्र की कार्यपालिका म एक राष्ट्रपति और एक मन्त्रिपरिषद् है।

### राष्ट्रपति

भारत यूनियन का कार्यकारी मुखिया भारत का राष्ट्रपति कहलाता है। सघ की कार्यकारी शक्ति, जिस मे सेनाओ का उच्चतम कमाड भी सम्मिलित है, राष्ट्रपति मे निहित है और राष्ट्र के सभी कार्य राष्ट्रपति के नाम से किये जाते है। राष्ट्रपति का निर्वाचन एक ऐसा निर्वाचक मडल करता है, जिस मे संसद् के दोनो सदनो के निर्वाचित सदस्य तथा राज्यो की विधानसभाओ के निर्वाचित सदस्य है। निर्वाचन सानुपातिक प्रतिनिधि पद्धति के अनुसार इकहरे सक्रमणशील मत द्वारा होता है। राष्ट्रपति पद के लिये उम्मीदवार भारत का नागरिक 35 वर्ष की आयु से अधिक तथा लोक सभा के सदस्य निर्वाचित होने की क्षमता रखने वाला व्यक्ति होना चाहिये। राष्ट्रपति अपने पद पर पाच वर्ष तक रह सकता है, तथा वह दुबारा भी चुना जा सकता है। सविधान के अतिक्रमण की दशा मे राष्ट्रपति पर अभियोग चला कर उसे पदच्युत भी किया जा सकता है।

राष्ट्रपति को नियुक्ति करने का अधिकार दिया गया है। वह ससद के दोनो सदनो की बैठक बुला सकता है, सत्र को समाप्त किये बिना बैठक स्थगित करवा सकता है, दोनो सदनो को सम्बोधित कर सकता है तथा उनको सन्देश भेज सकता है। वह अध्यादेश जारी कर सकता है तथा ससद द्वारा पास किये गये कानूनो पर अपनी स्वीकृति दे सकता है। कुछ खास मामलो मे राष्ट्रपति दड क्षमा, उस का परिहार अथवा दडादेश को लघु भी कर सकता है।

### उपराष्ट्रपति

राष्ट्रपति को चुनने वाला निर्वाचक मडल ही उपराष्ट्रपति को भी चुनता है। उस का कार्यकाल भी पाच वर्ष का होता है। उपराष्ट्रपति ही राज्यपरिषद् के सभापति का कार्य करता है। राष्ट्रपति की अस्थायी अनुपस्थिति मे उपराष्ट्रपति राष्ट्रपति के रूप मे कार्य करता है। राष्ट्रपति का स्थान आकस्मिक रूप से रिक्त हो जाने पर उपराष्ट्रपति पदेन राष्ट्रपति के रूप मे उस समय तक कार्य करेगा, जब तक कि नवनिर्वाचित राष्ट्रपति अपना पदभार न सभाल ले।

### मन्त्री-परिषद्

सविधान की धारा 74 मे एक मत्री-परिषद् की व्यवस्था की गई है, जो सामूहिक उत्तरदायित्व के सिद्धान्त के अनुसार कार्य करती है। परिषद् का मुखिया प्रधान होता है, जो राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है। अन्य मत्री भी प्रधानमत्री के परामर्श पर राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये जाते है, यद्यपि मत्रीपरिषद् राष्ट्रपति की इच्छा की अवधि पर्यन्त रहती है, तो भी वह लोकसभा के प्रति उत्तरदायी होती है।

सविधान की 78 धारा मे ऐसी व्यवस्था है कि प्रधानमत्री मत्री-परिषद् के यूनियन के प्रशासन सम्बन्धी सभी निश्चयो को राष्ट्रपति तक पहुचाये तथा राष्ट्रपति के कहने पर उस विषय को, जिस पर किसी मत्री ने निश्चय कर दिया हो, किन्तु मत्रीपरिषद् ने विचार नही किया हो, परिषद् के सम्मख विचार के लिये पेश करे।

## ससद्

यूनियन का व्यवस्था सम्बन्धी भाग राष्ट्रपति और दो सदनो — (1) राज्य सभा और (2) लोक सभा—से मिल कर बनता है ।

**राज्यपरिषद्**

राज्य सभा की अधिकतम सदस्य संख्या 250 है । इनमे से 12 सदस्य राष्ट्रपति द्वारा कला, साहित्य, विज्ञान और समाजसेवा आदि के क्षेत्रो मे उनकी ख्याति के कारण नामजद किये जाते है । शेष सदस्य राज्यो के प्रतिनिधि होते है । स्थानो का बटवारा संविधान की चतुर्थ अनुसूची के उपबन्धो के अनुसार होता है ।

पूरी राज्य सभा कभी नही बदलती । इस के एक तिहाई सदस्यो का कार्यकाल प्रति दो वर्षो के बाद समाप्त हो जाता है, और उन स्थानो का नया चुनाव होता है । राज्य सभा के निर्वाचन परोक्ष होते है । प्रत्येक राज्य के लिये निर्धारित सदस्यो का निर्वाचन उसी राज्य की विधान सभा के निर्वाचित सदस्यो द्वारा सानुपातिक प्रतिनिधित्व पद्धति से सक्रमणशील मत पद्धति के अनुसार होना है ।

**लोक सभा**

लोक सभा की अधिकतम सदस्य संख्या 500 है, जो जनता द्वारा वयस्क मताधिकार के आधार पर निर्वाचित किये जाते है । निर्वाचन क्षेत्र इस प्रकार बाटे जाते है कि प्रति 7,50,000 की जनसंख्या के लिये एक से कम सदस्य तथा प्रति 5,00,000 की जनसंख्या के लिये एक से अधिक सदस्य न रहे ( धारा 81)।

कोई व्यक्ति ससद् मे न चुना जा सकेगा, जब तक कि वह

(क) भारत का नागरिक न हो,

(ख) राज्य सभा के स्थान के लिये कम से कम तीस वर्ष की आयु का तथा लोक सभा के स्थान के लिये कम से कम पच्चीस वर्ष की आयु का न हो, तथा

(ग) ऐसी अन्य योग्यताये न रखता हो जोकि इस बारे मे ससद्-निर्मित किसी विधि के द्वारा या अधीन विहित की जाये ।

संविधान द्वारा ससद् के दोनो सदनो के सदस्यो को कई अधिकार और विशेषाधिकार दिये गये है । धारा 105(2) के अनुसार ससद् मे या उस की किसी समिति मे कही हुई किसी बात अथवा दिये हुए किसी मत के विषय मे ससद् के किसी सदस्य के विरुद्ध किसी न्यायालय मे कोई कार्यवाही न चल सकेगी और न किसी व्यक्ति के विरुद्ध, ससद् के किसी सदन के प्राधिकार के द्वारा या अधीन किसी प्रतिवेदन, पत्र, मत या कार्यवाहियो के प्रकाशन के विषय मे इस प्रकार की कोई कार्यवाही चल सकेगी । ससद् के प्रत्येक सदन के सदस्य की शक्तिया, विशेषाधिकार और छूट ऐसी होगी, जैसी ससद् समय-समय पर नियत करे तथा इस सम्बन्ध मे जिन बातो पर ससद कोई नियम नही बनाती, उन के बारे मे जो कायदे कानून इग्लिस्तान की पार्लियामेट के हाउस आफ कामन्स के है, वे ही लागू होगे ।

## न्याय

भारत के उच्चतम न्यायालय मे, राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किये गये एक मुख्य न्यायाधिपति और न्यायाधीश, जो 7 से अधिक न हो, होते है । न्यायाधीश 65 वर्ष की अवस्था तक पद पर बने

रहते है । यदि आवश्यक हो तो धारा 124 (1) के अन्तर्गत ससद् अधिक सख्या भी निर्दिष्ट कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट मे एतदर्थ तथा पेन्शन प्राप्त जजो की नियुक्ति भी हो सकती है। उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के पद पर नियुक्त होने के लिये व्यक्ति का भारतीय नागरिक होना अनिवार्य है और वह (क) किसी एक या दो हाईकोर्टों का कम से कम पाच वर्ष तक न्यायाधीश रहा हो, अथवा (ख) किसी एक या दो हाई कोर्टो मे दस वर्ष तक लगातार वकील रहा हो अथवा (ग) राष्ट्रपति की राय मे कानून का पडित हो। उच्चतम न्यायालय से अवसर-प्राप्त मुख्य न्यायाधिपति या न्यायाधीश भारत की किसी अदालत मे वकालत का काम नहीं कर सकता ।

## राज्य सरकारे

**राज्यपाल**

सविधान की प्रथम अनुसूची के भाग 'क'[1] मे उल्लिखित राज्य का मुख्य-कार्यवाहक राज्य-पाल कहलाता है । राष्ट्रपति साधारणत पाच वर्ष की अवधि के लिये उस की नियुक्ति करते है, और वह उन के प्रसाद पर्यन्त उस पर रहता है। 35 वर्ष से अधिक अवस्था वाले भारतीय नागरिक ही इस पद पर नियुक्त किये जा सकते है। राज्यपाल केन्द्र अथवा राज्य के किसी विधान मडल के सदस्यत्व का अथवा कोई भी सरकारी लाभ का पद ग्रहण नही कर सकता।

राज्य की समस्त कार्यकारी शक्ति राज्यपाल मे निहित है, और उस से प्रत्यक्षत अथवा अपने अधीन अधिकारियो द्वारा सविधान के अनुरूप इस शक्ति के प्रयोग की अपेक्षा की जाती है ।

**मंत्रिपरिषद्**

धारा 163 मे एक ऐसी मत्रिपरिषद् की व्यवस्था है, जो सिवाय उन मामलो मे, जहा सविधान के अन्तर्गत राज्यपाल से अपने निर्णय की अपेक्षा की जाती है, सभी कामो मे राज्यपाल को मत्रणा और सहायता देती है । इस का नेता मुख्यमत्री होता है। मुख्य मत्री की नियुक्ति राज्यपाल करता है । अन्य मत्री मुख्यमत्री की सलाह पर नियुक्त किये जाते है। मत्रिपरिषद् सामूहिक रूप से राज्य की विधान सभा के सम्मुख उत्तरदायी है ।

## विधान मडल

संविधान मे प्रत्येक राज्य के लिये एक विधान मडल की व्यवस्था है । बिहार, बम्बई, मद्रास, पजाब, उत्तरप्रदेश, पश्चिमी बंगाल और मैसूर इन 7 राज्यो में दो सदनो के विधानमडल है। शेष राज्यो मे एक सदन के विधान मडल है । उच्च सदन विधान परिषद् कहलाता है और निचला सदन विधान सभा ।

**विधान सभा**

किसी विधान सभा के सदस्यों की कुल सख्या 500 से अधिक और 60 से कम न होगी । साधारण तौर से 75,000 जनसख्या के पीछे एक सदस्य लिया ै। विधान सभा का साधारण कार्य काल 5 ५५ है, यदि इस से पूर्व उसे भग न कर दिया जाए ।

---

1 भाग 'क' के 10 राज्य निम्नलिखित है—आसाम, आन्ध्र, बिहार, बम्बई, मध्यप्रदेश, ास, उडीसा, पजाब, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल ।

**विधान परिषद्**

किसी राज्य की विधान परिषद् के सदस्यों की कुल संख्या उस राज्य की विधान सभा के कुल सदस्यों की संख्या के एक चौथाई से अधिक न होगी। कम से कम निर्दिष्ट संख्या 40 है। जब तक कि संसद् किसी विधि द्वारा अन्य व्यवस्था न कर दे, विधान परिषद् के आधे सदस्य स्थानीय प्रशासन संस्थाओं, विश्वविद्यालयों के स्नातकों और शिक्षकों के निर्वाचकमंडलों द्वारा निर्वाचित किये जायंगे। एक तिहाई सदस्य उस राज्य की विधान सभा के सदस्यों द्वारा उन व्यक्तियों में से निर्वाचित किये जायंगे, जो विधान सभा के सदस्य नहीं हैं और शेष राज्यपाल द्वारा ऐसे व्यक्तियों में से चुने जायेंगे, जिन्होंने साहित्य, विज्ञान, कला, सहकारिता आन्दोलन और सामाजिक सेवाओं के क्षेत्र में असाधारण कार्य किया है। केन्द्र में अपने प्रतिरूप की तरह विधान परिषदें स्थायी हैं, प्रति दूसरे वर्ष के बाद उनके एक तिहाई सदस्य निवृत्त होते रहते हैं।

राज्य विधान मंडल में निर्वाचन के लिये ये बातें आवश्यक हैं—

(क) भारतीय नागरिक होना।

(ख) विधान सभा के स्थान के लिए न्यूनतम आयु 25 वर्ष है, और विधान परिषद् के लिए 30 वर्ष।

(ग) ऐसी योगताएं, जो इस सम्बन्ध में संसद् द्वारा बनाई किसी विधि अथवा उसके अन्तर्गत आवश्यक करार दी जाए।

प्रत्येक राज्य के विधान मंडल में भी भाषण की स्वतन्त्रता है, और इस सम्बन्ध में उन की स्थिति संसद् के समान है।

## न्याय

संविधान में प्रत्येक राज्य के लिये एक उच्च न्यायालय (हाई कोर्ट) का विधान है। इस में एक मुख्य न्यायाधीश और कुछ न्यायाधीश होते हैं, जिन्हें राष्ट्रपति समय-समय पर नियुक्त करता है। उच्च न्यायालयों के न्यायाधीशों की नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधिपति और राज्य के राज्यपाल के परामर्श से करते हैं। मुख्य न्यायाधीश के अतिरिक्त अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति के सम्बन्ध में सम्बद्ध उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से भी परामर्श किया जाता है। वे 60 वर्ष की अवस्था तक अपने पद का उपभोग कर सकते हैं।

## भाग 'ख' के राज्य [1]

धारा 238 में निर्दिष्ट कुछ रूपभेदों और छूटों के अतिरिक्त भाग 'क' के राज्यों पर लागू होने वाले सभी उपबन्ध प्रथम अनुसूची के भाग 'ख' में उल्लिखित सभी राज्यों पर लागू होंगे। ये रूपभेद विशेष रूप से राज्य के मुख्य के पद के बारे में और भूतपूर्व नरेशों की रियासतों का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्तियों के कुछ विशिष्ट मामलों के सम्बन्ध में हैं।

इन राज्यों में राज्य का मुख्य (जम्मू और काश्मीर के अतिरिक्त) राजप्रमुख कहलाता है। जम्मू और काश्मीर में वह 'सदरे रियासत' कहलाता है। राज्य का राजप्रमुख राष्ट्रपति द्वारा इसी रूप में मान्यता प्राप्त करता है और वह उन सभी मतों और विशेषाधिकारों का हकदार है

1. भाग 'ख' के य 8 राज्य हैं : हैदराबाद, जम्मू और काश्मीर, मध्य भारत, मैसूर, पैप्सू, राजस्थान, सौराष्ट्र, और तिरुवाकुर-कोचीन।

जो राष्ट्रपति सामान्य अथवा विशेष आज्ञा द्वारा निश्चित कर दे । राज्य के मुख्य कार्यपालक के रूप मे राजप्रमुख की भी स्थिति 'क' राज्यो के राज्यपाल के समान है ।

**भाग 'ग' के राज्य** [1]

सविधान की प्रथम अनुसूची के भाग 'ग' मे निर्दिष्ट राज्यो का प्रशासन राष्ट्रपति मुख्य आयुक्त द्वारा करेगे। इन राज्यो का प्रशासन पडौसी राज्य की सरकार द्वारा भी किया जा सकता है। ससद् को अधिकार है कि इन राज्यो मे स्वायत्त शासन को बढाने के अभिप्राय से इन राज्यो के लिये स्थानीय विधान-मडल या मत्रणादाताओ या मत्रियो की परिषदो की स्थापना कर दे । इसी के अनुरूप भाग 'ग' के 6 राज्यो मे निर्वाचित विधान-मडल या इलैक्टोरल कालेज और मत्रिपरिषदे स्थापित की जा चुकी है ।

## सघ और राज्यों के बीच सम्बन्ध

**वैधानिक सम्बन्ध**

संसद समस्त भारत के बारे मे या उस के किसी भाग के बारे मे कानून बना सकती है और राज्य का विधानमडल समस्त राज्य या राज्य के किसी भाग के बारे मे कानून बना सकता है। संसद का बनाया कोई कानून कभी इस आधार पर अवैध नही होगा कि वह क्षेत्र के आधार पर अथवा क्षेत्रो का ख्याल किए बिना बनाया गया है ।

यूनियन सूची मे उल्लिखित विषयो के बारे मे पार्लियामेट को कानून बनाने के पूर्ण अधिकार है, और यूनियन की राज्यो की सूची मे उल्लिखित सभी विषयो पर राज्य विधान मडलो के साथ-साथ संसद् को भी कानून बनाने का अधिकार प्राप्त है ।

एक राज्य विधान-मडल को राज्य सूची मे उल्लिखित किसी भी विषय के बारे में कुल राज्य या उस के एक भाग के लिये विधि निर्माण करने का पूर्ण अधिकार है। विधान निर्माण की अतिरिक्त (रेजिड्यूअरी) शक्तिया भारतीय ससद् मे निहित है (धारा 248) ।

**शासन सम्बन्ध**

प्रत्येक राज्य की कार्यकारी शक्ति का इस ढग से प्रयोग किया जाएगा कि ससद् द्वारा निर्मित कानूनो और राज्य मे प्रयुक्त होने वाले कानूनो मे परस्पर कोई टकराव न हो । सघ की कार्यकारी शक्ति उस सीमा तक राज्य को निर्देश देगी, जहा तक कि वह इस उद्देश्य के लिये आवश्यक समझे (धारा 256)। राज्य सरकारो से आशा की जाती है कि वे अपनी शक्तियो का इस ढंग से प्रयोग करेगी कि यूनियन की कार्यकारी शक्ति पर उस का कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े ।

यूनियन के कार्यकारी अधिकारियो को यह अधिकार दे दिया गया है कि वे राज्य के राष्ट्रीय अथवा सैनिक महत्व के घोषित सचार साधनो के निर्माण और स्थिति के बारे मे आदेश दे सके । संसद् को यह अधिकार भी दिया गया है कि वह किसी राजमार्ग अथवा जल-मार्ग को राष्ट्रीय घोषित कर दे । यूनियन के कार्यकारी अधिकारी नौ-सैनिक, सैनिक और वायु शक्ति के सम्बन्ध मे जरूरी रास्तो का निर्माण कर सकते है और उन की रक्षा के लिये प्रबन्ध कर सकते है। वे राज्यो के भीतर रेलो की सुरक्षा के लिये भी आवश्यक उपाय कर सकते

---

[1] भाग 'ग' मे ये 9 राज्य है : अजमेर, भोपाल, कुर्ग, दिल्ली हिमाचल प्रदेश, कच्छ, मनिपुर, त्रिपुरा और विन्ध्यप्रदेश ।

है। इस के साथ ही धारा 258 मे इस बात की भी व्यवस्था है कि राष्ट्रपति किसी राज्य की सरकार की सहमति से कुछ शर्तो पर अथवा बिना शर्त उस सरकार अथवा उस के अधिकारियो को ऐसे कार्यों की जिम्मेवारी सौप दे जिन पर यूनियन की कार्यकारी शक्ति का अधिकार है।

जन-हित की दृष्टि से एक अन्तर्राज्य परिषद् के निर्माण की भी व्यवस्था है ताकि—

(क) राज्यो के बीच उठने वाले झगडो की छान-बीन कर उन्हे परामर्श दिया जा सके,

(ख) ऐसे विषयो की चर्चा और अनुसन्धान किया जा सके, जिस मे कुछ अथवा सब राज्यो का अथवा यूनियन और एक अथवा अधिक राज्यो का साझा हित है ; या

(ग) राज्यो मे परस्पर ताल-मेल बढाने के उपायो पर विचार किया जा सके और उसके उपाय सुझाये जा सके ।

ऐसी किसी परिषद् की स्थापना राष्ट्रपति के आदेश से हो सकती है ।

**यूनियन सूची**

यूनियन सूची मे 97 विषय है और इन मे रक्षा, परमाणु शक्ति वैदेशिक मामले, नागरिकता और निष्कासन, रेले और राष्ट्रीय राजपथ, समुद्रपथ, नौवहन, व्यापारिक समुद्री यातायात और राष्ट्रीय जलमार्ग, विमान और वायुपथ, डाक और तार, नोट और सिक्के, महाजनी और बीमा, विदेशी मुद्रा-विनिमय, विदेशो के साथ व्यापार और वाणिज्य, व्यापार चिन्ह, पैटेण्ट, आविष्कार, नमूने और कापीराइट, सीमा-शुल्क, कृषि आय के अतिरिक्त आय पर कर, कारपोरेशन कर आदि विषय सम्मिलित है ।

**राज्य सूची**

राज्य सूची मे 66 विषय है और इन मे सार्वजनिक व्यवस्था, पुलिस, न्याय का प्रशासन, जेल और सुधारालय, स्थानीय शासन, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आरोग्य, शिक्षा, भूमि, वन और मछली व्यवसाय, चुगी-कर तथा कृषि-कर, व्यवसाय, व्यापार, आजीविका, विलास की वस्तुओ पर कर, मनोरजन-कर, शर्त और जूए पर कर आदि विषय सम्मिलित है।

**समाधिकार सूची**

समाधिकार सूची मे 47 विषय है। इनमे दड-विधि और दण्ड प्रक्रिया, विवाह और तलाक, शर्तनामे, खाद्यो मे अपमिश्रण, ट्रेडयूनियन, मजदूरो का कल्याण, सामाजिक सुरक्षा, सामाजिक बीमा, आर्थिक और सामाजिक आयोजना, मूल्य नियन्त्रण, कारखाने, बिजली, समाचारपत्र, पुस्तके और मुद्रणालय आदि सम्मिलित है ।

यदि एक राज्य के विधान मडल द्वारा बनाया गया कोई कानून ससद् द्वारा बनाये गये किसी कानून के विरुद्ध है, अथवा समाधिकार सूची मे उल्लिखित विषयो के सम्बन्ध मे दोनो पक्षो द्वारा बनाये गये कानूनो मे कोई विरोध है, तो ससद् निर्मित कानून ही मान्य होगा । फिर, यदि राज्य सभा (काउन्सिल आफ स्टेट) दो-तिहाई सख्या के बहुमत से यह निश्चय कर ले कि राज्य सूची मे उल्लिखित किसी विषय के बारे मे भी ससद कानून बनाये, तो उस विषय पर भी ससद् कानून बना सकती है ।

**संकटकालीन निवेश**

युद्ध अथवा भीतरी उपद्रवो के कारण उत्पन्न गभीर सकट के समय राष्ट्रपति उद्घोषणा द्वारा (क) उस प्रदेश के राज्यो को निदेश दे सकते है कि वे अपने अधिकारो का प्रयोग किस रूप मे करे ; साथ ही वह (ख) सविधान की उन धाराओ को भी स्थगित कर सकते है जिन के अनुसार यूनियन राज्यो को कुछ आर्थिक सहायता देता है । इस विपत्तिकालीन अवधि में यूनियन की संसद् राज्य सूची मे उल्लिखित किसी भी विषय के बारे में कानून बना सकती है ।

## चुनाव कमीशन

ससद् और राज्यो के विधान मडलो के सभी चुनावो तथा सघ के राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनावो की देखरेख, निर्देशन और नियन्त्रण राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त एक चुनाव कमीशन करेगा । मुख्य चुनाव कमीशनर को वही अधिकार और सुविधाए प्राप्त होंगी, जो भारत के मुख्य न्यायाधीश को प्राप्त है ।

**लेखा-परीक्षा**

सविधान मे इस बात की व्यवस्था है कि राष्ट्रपति भारत का एक नियत्रक (कण्ट्रोलर) और एक महालेखा परीक्षक नियुक्त करे, जो यूनियन और राज्यो के वित्तीय साधनो और हिसाब-किताब पर निगाह रखे । यह देखना उस का उत्तरदायित्व है कि संसद् अथवा किसी राज्य के विधान मडल द्वारा पास किये गये और विनियोग अधिनियम मे दिये गये व्यय से अधिक या अन्य मद मे तो व्यय नही होता ।

**व्यापार और वाणिज्य**

समस्त भारतीय प्रदेश मे व्यापार, वाणिज्य, आने जाने की स्वतन्त्रता के सामान्य सिद्धान्त सविधान मे विद्यमान है । तथापि संसद और राज्य विधान मडलो को यह अधिकार प्राप्त है कि जहां कही किसी विशेष वस्तु का अभाव हो तो राष्ट्रीय अथवा सार्वजनिक हित के विचार से उन पर बाधायें लगा सकें । परन्तु किसी भी विधान मंडल को, चाहे वह संसद् हो अथवा किसी राज्य का विधान मंडल, ऐसा कानून बनाने का अधिकार नही है जिस से सातवी अनुसूची मे उल्लिखित वस्तुओ के व्यापार और वाणिज्य के सम्बन्ध मे एक राज्य को दूसरे राज्य की अपेक्षा अधिक सुविधाये दी जा सकें अथवा जिस मे विभिन्न राज्यो के प्रति भेदभाव प्रदर्शित हो । केवल भाग 'ख' के कुछ राज्य दस वर्ष की अवधि तक के लिये इस निवेश से मुक्त कर दिये गये है । यह विशेषाधिकार उन्हे इसलिये दिया गया है कि सविधान के लागू होने से पूर्व वे इस का उपभोग करते थे और भारत सरकार के साथ इस सम्बन्ध मे एक करार कर चुके थे ।

## सरकारी भाषा

धारा 343 मे व्यवस्था है कि संघ की सरकारी भाषा देवनागरी लिपि में हिन्दी होगी और सरकारी उद्देश्यो के लिये भारतीय अंको के अन्तर्राष्ट्रीय रूपो का प्रयोग होगा । तथापि संविधान जारी होने से 15 वर्षों तक अग्रेजी भाषा सरकारी भाषा के रूप मे जारी रहेगी । इस अवधि मे राष्ट्रपति को एक विशेष कमीशन बनाने का अधिकार होगा जो हिन्दी के विकास और उन्नति का निरीक्षण करे और सभी सभावित उद्देश्यो के लिये इस के प्रयोग का

उन्नतिशील विस्तार करे । उद्देश्य यह है कि निश्चित अवधि की समाप्ति पर हिन्दी पूर्ण रूप मे अंग्रेजी का स्थान ले ले ।

सविधान के अनुसार किसी राज्य का विधान मडल कानून बना कर राज्य मे प्रचलित एक या कई प्रादेशिक भाषाओ[1] को अथवा हिन्दी को सभी सरकारी उद्देश्यो अथवा विशेष कार्यों के लिये राज्य भाषा स्वीकार कर सकता है । राज्यो के बीच और राज्य तथा यूनियन के बीच उसी भाषा का प्रयोग होगा, जो यूनियन की भाषा है अर्थात् 15 वर्षो तक अंग्रेजी और बाद में हिन्दी । सुप्रीम कोर्ट की और हाई कोर्टों की कार्रवाई तथा कानूनो के लिये अंग्रेजी भाषा के प्रयोग की आवश्यकता स्वीकार कर ली गई है और धारा 348 मे इस बात की व्यवस्था भी की गई है ।

## सविधान मे सशोधन

धारा 368 मे व्यवस्था है कि सविधान मे सशोधन, ससद् के किसी भी सदन मे पेश किया जा सकता है और जब वह दोनो सदनो मे उपस्थित सदस्यो की दो-तिहाई सख्या के बहुमत से पास हो जाए, तो उसे राष्ट्रपति के सम्मुख उन की अनुमति के लिये प्रस्तुत किया जाएगा और उस अनुमति के प्राप्त हो जाने पर वह सविधान का भाग बन जाएगा । केवल निम्नलिखित सशोधनो के लिये राज्यो की कम से कम आधी सख्या का समर्थन प्राप्त होना आवश्यक है--सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट, केन्द्र और राज्यो के बीच शक्तियो का वितरण, तीनो व्यवस्थापिका सूचिया पार्लियामैण्ट मे राज्यो का प्रतिनिधित्व तथा सविधान मे सशोधन की विधि ।

---

[1]. संविधान की आठवी अनुसूची मे भारत की निम्नलिखित 14 भाषाओ को प्रादेशिक भाषा स्वीकार किया गया है : असमिया, बगला, गुजराती, हिन्दी, कन्नड, काश्मीरी, मलयालम, मराठी, उडिया, पजाबी, सस्कृत, तमिल, तेलगु और उर्दू ।

# तीसरा अध्याय

# राष्ट्र के प्रतीक

## राष्ट्रीय चिन्ह

भारत का राष्ट्रीय चिन्ह सारनाथ के अशोक स्तम्भ के शीर्ष का प्रतिरूप है। इस में एक चौरस गोल पत्थर पर 3 सिंह खड़े हैं और चौकोर आधा पर बीच में उभरा हुआ "धर्मचक्र" है, दाईं ओर एक बैल है, बाईं ओर एक घोडा तथा दायें-बाये छोर पर धर्मचक्र की रूपरेखा अंकित हैं। चिन्ह के नीचे मुण्डक उपनिषद् से लिये गये "सत्यमेव जयते" (सत्य ही की विजय होती है) शब्द देवनागरी लिपि में अंकित हैं।

26 जनवरी, 1950 को भारत सरकार ने सिंह मस्तक को राष्ट्रीय चिन्ह के रूप में स्वीकार किया था। इस तथ्य से कि मूल सिंह मस्तक का यह चिन्ह 242–232 ई० पू० तैयार किया गया था, और यह सम्राट् अशोक द्वारा उस स्थान के प्रतिष्ठान के लिये बनाया गया था, जहा बुद्ध ने अपने शिष्यो को सर्वप्रथम अष्टांग मार्ग मे दीक्षित किया था, चिन्ह को ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व प्राप्त हो गया है। एक बालुए पत्थर में से तराशी लाट के मस्तक पर यह चक्र था।

## राष्ट्रीय झंडा

राष्ट्रीय झंडे मे 3 समानान्तर रंग हैं—सब से ऊपर केसरी, बीच मे श्वेत और नीचे गहरा हरा। सब पट्टिया बराबर चौडाई की हैं। झंडे की लम्बाई-चौडाई का अनुपात 3 और 2 है। झंडे का चिन्ह सारनाथ मे अशोक स्तम्भ के मस्तक के चक्र की हूबहू प्रतिलिपि है, और यह बीच की पट्टी पर बनाया जाता है। यह चक्र सफेद पट्टी जितना चौडा है। इस का रंग गहरा नीला है और चक्र मे 24 अरे हैं।

22 जुलाई, 1947 को भारत की संविधान सभा ने इस राष्ट्रीय झंडे को स्वीकार किया था और 14 अगस्त, 1947 को संविधान सभा के अर्धरात्रि सत्र मे भारत की नारियों द्वारा यह राष्ट्र को भेंट किया गया था।

**झंडे का प्रयोग**

झंडे के समुचित प्रयोग की गारंटी के लिये गृह मंत्रालय और सेना के सदर मुकामो ने नियम बना दिये हैं। यह किसी भी व्यक्ति या वस्तु के सम्मान मे न झुकाया जाये जहा इस सम्मान की आवश्यकता हो, वहा रेजिमेंट का झंडा, राज्य का झंडा, संगठन या संस्था का झंडा यह काम देगा।

राष्ट्रीय झंडे के ऊपर या इस के दाहिनी ओर कोई भी अन्य झंडा अथवा चिन्ह न रखा जाये। यदि झंडे एक पंक्ति मे फहराने हो, तो सभी झंडे राष्ट्रीय झंडे के बाईं ओर रहेंगे, और यदि उन को ऊंचे फहराना हो तो राष्ट्रीय झंडा सब से ऊपर फहराया जाये।

यदि राष्ट्रीय झंडे के साथ अन्य झंडे भी एक ही ध्वजदंड पर फहराये जाने हों, तो राष्ट्रीय झंडा सब से ऊपर रहना चाहिये। झंडे को लिटाकर या गिरी हुई अवस्था मे कभी न ले जाया जाये, सदा ऊंचा और खुला हुआ ले जाया जाये। जब कभी किसी जुलूस में राष्ट्रीय झंडा ले जाया जाये, तो यह ध्वजावाहक के दाहिने कन्धे पर ऊंचा उठा रहे और जुलूस के आगे-आगे रहे।

जब झंडे को किसी खिड़की या छज्जे या भवन के आगे एक दंड पर क्षितिज समानान्तर अथवा किसी कोण पर झूलता हुआ दिखाया जाये, तो केसरिया भाग सब से ऊपर रहे।

**भवनों पर प्रदर्शन**

साधारणतया राष्ट्रीय झंडा केन्द्र और राज्यो मे उच्च न्यायालयो, सचिवालयो, कमिश्नरो और कलक्टरो के दफ्तरो, जेलो, डिस्ट्रिक्ट बोर्डों तथा म्युनिसिपैलिटियो के दफ्तरो जैसे सभी महत्वपूर्ण सरकारी भवनो पर फहराया जाना चाहिये। तथापि सीमावर्ती क्षेत्र के कुछ विशेष स्थानो पर राष्ट्रीय झंडा लहरा सकता है। भारतीय गणराज्य के राष्ट्रपति, राज्यपालो और राजप्रमुखो के अपने निजी झंडे है।

स्वतंत्रता दिवस, महात्मा गाधी के जन्म-दिवस और राष्ट्रीय सप्ताह आदि विशेष अवसरों पर झडे के प्रयोग पर कोई रोक-टोक न होगी।

## राष्ट्रीय गान

24 जनवरी, 1950 को "जनगणमन" भारत के राष्ट्रीय गान के रूप मे अंगीकृत हुआ। उस के साथ ही यह निर्णय भी किया गया कि "वन्दे मातरम्" को भी, जिस ने कि भारत के स्वाधीनता सग्राम मे ऐतिहासिक भाग अदा किया है, समान दर्जा प्राप्त रहेगा।

**"जनगणमन"**

27 दिसम्बर, 1911 को कलकत्ता काग्रेस अधिवेशन मे श्रीरवीन्द्रनाथ ठाकुर का "जनगणमन" प्रथम बार गाया गया था। जनवरी 1912 मे यह गान "भारत विधाता" शीर्षक से "तत्वबोधिनी पत्रिका" मे, जिस के सम्पादक स्वय श्री रवीन्द्रनाथ ठाकुर थे, सर्वप्रथम प्रकाशित हुआ। सन् 1911 मे "दि मार्निंग साग आव इण्डिया" शीर्षक से कवि ने स्वय इस का अग्रेजी मे अनुवाद किया था। पूरे गीत मे 5 पद है। प्रथम पद, जिसे सेनाओ ने अगीकार किया है, और जो साधारणतया समारोहो के अवसरो पर गाया जाता है, इस प्रकार है :

जनगणमन अधिनायक, जय हे भारत-भाग्य-विधाता।
पजाब सिन्धु गुजरात मराठा द्राविड उत्कल बग
विन्ध्य हिमाचल यमुना गगा उच्छल जलधि तरग
तव शुभ नामे जागे, तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा।
जनगण मगलदायक, जय हे भारत-भाग्य-विधाता।
जय हे, जय हे, जय हे, जय जय जय जय हे!

इस का हिन्दी रूपान्तर इस प्रकार है :

जनता के हृदय सम्राट्, भारत के भाग्य-विधाता, तेरी जय हो। पजाब, सिन्ध, गुजरात, महाराष्ट्र, द्रविड, उत्कल, वग, विन्ध्याचल, हिमाचल, गगा, यमुना और सागर की उच्छल तरंगे तेरी शुभ महिमा गाती है, तेरे शुभ आशीष की कामना करती है, तेरी जय गाथा गाती है।

जनता का कल्याण करने वाले, भारत-भाग्य-विधाता, तेरी जय हो, जय हो, जय हो! जय जय जय, जय हो।

## वन्दे मातरम्

इस का हिन्दी रूपान्तर इस प्रकार है —

| | |
|---|---|
| वन्दे मातरम् । | हे मा, मैं तेरी वन्दना करता हूं । |
| सुजला सुफला मलयज शीतलाम् | शुभ जल मे आप्लावित, फलो से लदी, मलय पवन से शीतल, |
| शस्यश्यामला मातरम् । | लहलहाती फसलो से हरी-भरी, मा ! |
| शुभ्र ज्योत्स्ना पुलकित यामिनीम्, | तेरी राते शुभ्र चादनी से आनन्दमय है, |
| फुल्लकुसुमित द्रुमदल शोभिनीम्, | तू फूलो से लदे वृक्षो से शोभायमान है, |
| सुहासिनी सुमधुर भाषिणीम् | सुहासिनी, सुमधुर भाषिणी, |
| सुखदा वरदां मातरम् । | सुखदायिनी, वरदायिनी, मा ! |
| वन्दे मातरम । | मैं तेरी वन्दना करता हूं । |

# चौथा अध्याय

## यूनियन सरकार और संसद्

1 जनवरी 1954

| | |
|---|---|
| राष्ट्रपति | राजेन्द्रप्रसाद |
| उप-राष्ट्रपति | एस० राधाकृष्णन् |

मंत्रिपरिषद्

| मंत्री | नाम | पद लेने की तिथि |
|---|---|---|
| 1. प्रधान मंत्री और वैदेशिक मामलों के तथा प्रतिरक्षा मंत्री | जवाहरलाल नेहरू | 13 मई 1952 |
| 2. शिक्षा और प्राकृतिक साधन तथा वैज्ञानिक अन्वेषण | अबुल कलाम आज़ाद | " |
| 3. संचार | जगजीवनराम | " |
| 4. स्वास्थ्य | राजकुमारी अमृतकौर | " |
| 5. वित्त | सी० डी० देशमुख | " |
| 6. योजना, सिंचाई और बिजली | गुलज़ारीलाल नन्दा | " |
| 7. गृह विभाग और राज्य | कैलासनाथ काटजू | " |
| 8. खाद्य और कृषि | रफ़ी अहमद किदवई | " |
| 9. वाणिज्य और उद्योग | टी० टी० कृष्णमाचारी | " |
| 10. कानून और अल्पमतों के मामले | सी० सी० विश्वास | " |
| 11. रेल और परिवहन | लालबहादुर शास्त्री | " |
| 12. निर्माण, आवास और पूर्ति | स्वर्णसिंह | " |
| 13. श्रम | वी० वी० गिरि** | " |
| 14. उत्पादन | के० सी० रेड्डी | " |
| **मंत्रिमंडल के स्तर के मंत्री (परन्तु मंत्रिमंडल के सदस्य नहीं)** | | |
| 15. संसदीय मामले | सत्यनारायण सिन्हा | " |
| 16. पुनर्वास | अजित प्रसाद जैन† | " |
| 17. रक्षा संगठन | महावीर त्यागी* | 13 मार्च, 1953 |
| 18. सूचना एवं प्रसार | बी० वी० केसकर | 13 मई, 1952 |
| 19. वाणिज्य | डी० पी० करमारकर | 12 अगस्त, 1952 |
| 20. कृषि | पंजाबराव एस० देशमुख | " |
| **उपमंत्री** | | |
| 21. संचार | राजबहादुर | 4 जून, 1952 |

†अगस्त 1954 से मंत्रिमंडल के सदस्य बन गए है।

*महावीर त्यागी 13 मई 1952 से लेकर 15 मार्च, 1953 तक आय और व्यय के राज्य मंत्री थे।

** वी० वी० गिरि द्वारा त्यागपत्र दिए जाने पर मध्यसितम्बर में श्रममन्त्री के पद पर खंडूभाई देसाई नियुक्त हुए।

| उपमंत्री | नाम | पद लेने की तिथि |
|---|---|---|
| 22. प्राकृतिक साधन और वैज्ञानिक अन्वेषण | केशवदेव मालवीय | 12 अगस्त, 1952 |
| 23. रक्षा | सुरजीतसिंह मजीठिया | " |
| 24. घरेलू मामले | बी० एन० दातार | " |
| 25. श्रम | आबिद अली | " |
| 26. वित्त | एम० सी० शाह | " |
| 27. पुनर्वास | जे० के० भोंसले | " |
| 28. रेल और परिवहन | ओ० वी० अलगेशन | " |
| 29. स्वास्थ्य | श्रीमती एम० चन्द्रशेखर | " |
| 30. वैदेशिक मामले | ए० के० चन्दा | " |
| 31. खाद्य और कृषि | एम० वी० कृष्णप्पा | " |
| 32. सिंचाई और बिजली | जयसुखलाल हाथी | 12 सितम्बर, 1952 |
| 33. प्रतिरक्षा | सतीशचन्द्र | 27 नवबर, 1952 |
| 34. वित्त | ए० सी० गुह | 18 मार्च, 1953 |
| 35. प्लैनिंग | श्यामनन्दन मिश्र | 5 सितम्बर 1954 |

संसदीय सचिव

| | |
|---|---|
| 1. वैदेशिक मामले | श्रीमती लक्ष्मी एन० मेनन |
| 2. रेल और परिवहन | शाहनवाज खान |
| 3. वैदेशिक मामले | जे० एन० हज़ारिका |
| 4. वित्त | बी० आर० भगत |
| 5 उत्पादन | आर० जी० दुबे |
| 6. शिक्षा | के० एल० श्रीमाली |
| 7. शिक्षा | मनमोहन दास |
| 8. सूचना एवं प्रसार | जी० राजागोपालन |
| 9. वैदेशिक मामले | सआदत अली खान |

2 सितम्बर, 1946 को जो अन्तरिम सरकार बनो थी, उसके सदस्य निम्नलिखित थे :

जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल, बलदेवसिंह, जान मथाई, एम० आसफ अली, राजेन्द्र प्रसाद, जगजीवनराम, शफात अहमद खां, अली ज़हीर, सी० राजगोपालाचारी, शरतचन्द्र बोस और सी० एच० भाभा।

15 अगस्त, 1947 को स्वाधीन भारत की जो प्रथम सरकार बनी थी, उसके सदस्य निम्नलिखित थे :

जवाहरलाल नेहरू, वल्लभभाई पटेल, राजेन्द्र प्रसाद, अबुल कलाम आज़ाद, जान मथाई, बलदेवसिंह, जगजीवनराम, सी० एच० भाभा, रफी अहमद किदवई, राजकुमारी अमृतकौर, बी० आर० अम्बेदकर, आर० के० षणमुखम् चेट्टी, श्यामाप्रसाद मुखर्जी और एन० वी० गाडगिल ।

## लोक-सभा

अध्यक्ष — जी० वी० मावलंकर

उपाध्यक्ष — एम० अनन्तशयनम् आय्यंगार

### राजनीतिक दलों की शक्ति

| | |
|---|---|
| भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस | 361 |
| प्रजा समाजवादी दल | 25 |
| भारतीय साम्यवादी दल | 17 |
| जनता का लोकतंत्री मोर्चा | 7 |
| गणतंत्र परिषद् (उड़ीसा) | 5 |
| तमिलनाड टायलर्स दल | 4 |
| हिन्दू महासभा | 4 |
| अकाली दल (पंजाब और पेप्सू) | 4 |
| अन्य दल | 25 |
| स्वतन्त्र तथा अन्य | 43 |
| रिक्त (उप-चुनाव होने बाकी) | 4 |
| | 499 |

### लोक सभा के सदस्य

| क्रम संख्या | चुनाव क्षेत्र | सदस्य का नाम | दल (क) |
|---|---|---|---|
| | | **आंध्र—28** | |
| 1 | अनन्तपुर | पैंडी लक्ष्मय्या | कांग्रेस |
| 2 | चित्तूर | टी० एन० विश्वनाथ रेड्डी | " |

(क) चुनाव के समय के दलीय सम्बन्ध दिखाये गये हैं। समाजवादी और किसान मजदूर प्रजा पार्टी को, जो बाद में प्रजा समाजवादी दल के रूप में एक पार्टी बन गई, एक दल के रूप में दिखाया गया है।

संस्थाओ के संक्षिप्त नामो की सूची इस प्रकार है: कां० (कांग्रस) ; प्र० सो० पा० (प्रजा सोशलिस्ट पार्टी) ; छो० ना० स० प० ज० पा० (छोटा नागपुर और सथालपरगना जनता पार्टी) ; लो० से० सं० (लोक सेवक संघ) ; पी० व० पा० (पीज़ेन्ट्स एण्ड वर्कर्स पार्टी); अनु० जा० सं० (अनुसूचित जाति संघ) ; फा० ब्ला० (मा०) (फार्वर्ड ब्लाक-मार्क्सवादी) ; त० टा० पा० (तमिलनाड टायलर्स पार्टी) ; का० वी० पा० (कामन वील पार्टी) ; मु० ली० (मुस्लिम लीग); ग० प० (गणतंत्र परिषद्) ; हि० म० (हिन्दू महासभा) ; रि० सो० पा० (रिवोल्युशनरी सोशलिस्ट पार्टी) ; ज० सं० (जनसंघ) पी० डि० एफ० (पीपुल्स डैमोक्रेटिक फ्रंट); कृ० लो० पा० (कृषिकार लोक पार्टी); रा० रा० प० (रामराज्य परिषद्) ; ति० त० कां० (तिरुवांकुर तमिलनाड कांग्रेस) ; अनु० आ० जा० सु० (अनसूचित आदिम जाति के लिये सुरक्षित) ; अनु० जा० सु० (अनसूचित जाति के लिये सुरक्षित)।

| क्रम संख्या | चुनाव क्षेत्र | सदस्य का नाम | दल |
|---|---|---|---|
| 3 | चित्तूर (अनुसूचित जातियों के लिये सुरक्षित) | एम० वी० गंगाधर शिवा | कांग्रेस |
| 4 | कड़प्पा | वाई० ईश्वर रेड्डी | साम्यवादी |
| 5 | एलुरू | बी० एस० मूर्ति | प्र० सो० पा० |
| 6 | एलुरू (अनुसूचित जातियों के लिये सुरक्षित) | कोंडू सुब्बा राव | साम्यवादी |
| 7 | गुडिवाडा | कादियाला गोपाल राव | साम्यवादी |
| 8 | गुण्टूर् | एस० वी० एल० नरसिंहम् | स्वतंत्र |
| 9 | काकिनाडा | चौ० बी० रामा राव | साम्यवादी |
| 10 | कुरनूल | वाई० गाडीलिगना गौड | प्र० सो० पा० |
| 11 | मसुलीपटनम | सनक बुचि कोटैय्या | साम्यवादी |
| 12 | नन्दलाल | राय सम शेषागिरि राव | स्वतंत्र |
| 13 | नरसरावपेट | सी० आर० चौधरी | " |
| 14 | नेल्लोर | बी० रामचन्द्र रेड्डी | " |
| 15 | ओंगोल (अनु० जा० सु०) | पशुपति वेकटा राघवैया | " |
| 16 | ओंगोल (अनु० जा० सु०) | मंगलगिरि नानादास | " |
| 17 | पार्वतीपुरम् | एन० रामशेषय्या | " |
| 18 | पथापटनम् | वी० वी० गिरि | कांग्रेस |
| 19 | पेनुकोंडा | के० एस० राघवाचारी | प्र० सो० पा० |
| 20 | राजामुन्द्री | नलारेड्डी नायडू | " |
| 21 | राजामन्द्री (अनु० जा० सु०) | कनेटी मोहन राव | साम्यवादी |
| 22 | श्रीकाकुलम् | वी० राजगोपाल राव | स्वतंत्र |
| 23 | तेनालि | कोथा रघुरामैया | कांग्रेस |
| 24 | तिरुपति | एम० अनन्तशयनम् अय्यंगार | कांग्रेस |
| 25 | विजयवाड़ा | हरीन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय | स्वतंत्र |
| 26 | विशाखापटनम् | लंका सुन्दरम् | " |
| 27 | विशाखापटनम् (अनु० आ० जा० सु०) | गाम मल्लूडोरा | स्वतंत्र |
| 28 | विजियानगरम् | कांडल सुब्रामण्यम् | प्र० सो० पा० |
| | **आसाम—13*** | | |
| 29 | स्वायत्त ज़िले (अनु० आ० जा० सु०) | श्रीमती बी० खोगमेन | कांग्रेस |

| 4. वी० आर० नेवासकर | 14 जुलाई | 1952 |
| 5. एम० एम० सम्वतसर | 29 जुलाई | 1953 |

## मद्रास

**मुख्य न्यायाधीश**

| | | |
|---|---|---|
| पी० वी० राजमन्नार | 17 जनवरी | 1948 |

**अन्य न्यायाधीश**

| | | |
|---|---|---|
| 1. पी० एस० राव | 28 जुलाई | 1947 |
| 2. पी० जी० मेनन | 28 जुलाई | 1947 |

| अन्य न्यायाधीश | नियुक्ति की तिथि |
|---|---|
| 3. के० एस० राव | 22 मार्च 1948 |
| 4. ई० ई० मैक | 3 अप्रैल 1948 |
| 5. पी० राजगोपालन | 5 अप्रैल 1948 |
| 6. ए० एस० पी० अय्यर | 7 सितम्बर 1948 |
| 7. एन० सोमसुन्दरम् | 27 सितम्बर 1948 |
| 8. पी० वी० बी० अय्यर | 19 जनवरी 1949 |
| 9. पी० सी० रेड्डी | 16 जुलाई 1949 |
| 10. बी० अहमद | 16 जुलाई 1949 |
| 11. डब्ल्यू० एस० के० नायडू | 16 जुलाई 1949 |
| 12. पी० एन० रामास्वामी | 7 जुलाई 1951 |
| 13. के० आर० गुन्दर | 7 जुलाई 1951 |
| 14. एन० आर० आयंगार | 23 नवम्बर 1953 |
| 15. के० उमामहेश्वरम् | 26 नवम्बर 1953 |

## मैसुर

| | |
|---|---|
| **मुख्य न्यायाधीश** | |
| पी० मेदप्पा | 20 नवम्बर 1948 |
| **अन्य न्यायाधीश** | |
| 1. पी० वेंकटरामैय्य | 25 फरवरी 1946 |
| 2. एन० बालकृष्णैय्य | 14 जून 1948 |
| 3. टी० एन० मल्लप्प | 24 नवम्बर 1948 |
| 4. बी० वी० मूर्ति | 10 अगस्त 1950 |

## नागपुर

| | |
|---|---|
| **मुख्य न्यायाधीश** | |
| बी० पी० सिनहा | 24 फरवरी 1951 |
| **अन्य न्यायाधीश** | |
| 1. एम० हिदायतउल्ला | 24 जून 1944 |
| 2. के० टी० मंगलमूर्ति | 21 जून 1948 |
| 3. के० राव | 2 मार्च 1949 |
| 4. जे० आर० मुधोलकर | 11 नवम्बर 1948 |
| 5. वी० आर० सैन | 26 जनवरी 1949 |
| 6. पी० पी० देव | 29 अक्तूबर 1949 |
| 7 बी० के० चौधरी | 9 नवम्बर 1951 |
| 8 जी० पी० भट्ट | 14 फरवरी 1953 |
| 9 वाई० एस० ताम्बे | 8 फरवरी 1954 |

## उड़ीसा

**मुख्य न्यायाधीश**

| | | |
|---|---|---|
| एल० पाणिग्रही | 4 मार्च | 1953 |

**अन्य न्यायाधीश**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | आर० एल० नरसिंहम् | 26 जुलाई | 1948 |
| 2 | एस० पी० महापात्र | 2 मई | 1952 |
| 3. | जे० महन्ती | 23 अप्रैल | 1953 |

## पटना

**मुख्य न्यायाधीश**

| | | |
|---|---|---|
| एस० जे० इमाम | 3 सितम्बर | 1953 |

**अन्य न्यायाधीश**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | एस० के० दास | 4 नवम्बर | 1944 |
| 2. | वी० रामास्वामी | 1 नवम्बर | 1947 |
| 3. | जे० के० नारायण | 22 जनवरी | 1948 |
| 4. | वी० पी० जमौर | 18 जुलाई | 1949 |
| 5. | वी० एन० राय | 25 जनवरी | 1950 |
| 6. | सी० पी० सिन्हा | 16 जून | 1950 |
| 7. | के० अहमद | 23 अप्रैल | 1951 |
| 8. | एस० सी० मिश्र | 11 दिसम्बर | 1952 |
| 9. | के० के० बैनर्जी | 12 दिसम्बर | 1952 |
| 10. | आर० के० चौधरी | 4 अप्रैल | 1953 |
| 11. | के० सहाय | 13 जुलाई | 1953 |

## पेप्सु

**मुख्य न्यायाधीश**

| | | |
|---|---|---|
| के० आर० पास्सी | 19 नवम्बर | 1953 |

**अन्य न्यायाधीश**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जी० एल० चौपड़ा | 28 अक्तूबर | 1948 |
| 2. | जी० सिंह | 21 जुलाई | 1950 |
| 3. | मेहरसिंह | 24 दिसम्बर | 1953 |

## पंजाब

**मुख्य न्यायाधीश**

| | | |
|---|---|---|
| ए० एन० भंडारी | 8 दिसम्बर | 1952 |

**अन्य न्यायाधीश**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जी० डी० खोसला | 1 नवम्बर | 1944 |
| 2. | डी० फालशा | 2 दिसम्बर | 1946 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3. एच० सिंह | 8 | नवम्बर | 1948 |
| 4. जे० एल० कपूर | 6 | जून | 1949 |
| 5. एस० एस० दूलत | 13 | मार्च | 1953 |

## राजस्थान

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मुख्य न्यायाधीश** | | | |
| के० एन० वाचू | 2 | जनवरी | 1951 |
| **अन्य न्यायाधीश** | | | |
| 1. के० एल० बापना | 29 | अगस्त | 1949 |
| 2. जे० एस० राणावट | 29 | अगस्त | 1949 |
| 3. के० के० शर्मा | 15 | जून | 1951 |
| 4. डी० एस० दवे | 12 | जुलाई | 1952 |
| 5. आई० एन० मोदी | 29 | जनवरी | 1953 |

## सौराष्ट्र

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मुख्य न्यायाधीश** | | | |
| एम० सी० शाह | 1 | अप्रैल | 1951 |
| **अन्य न्यायाधीश** | | | |
| 1. एस० जे० चटपर | 5 | अप्रैल | 1950 |
| 2. जे० ए० बक्सी | 22 | सितम्बर | 1951 |

## तिरुवाकुर-कोचीन

| | | | |
|---|---|---|---|
| **मुख्य न्यायाधीश** | | | |
| के० टी० कोशी | 26 | जनवरी | 1952 |
| **अन्य न्यायाधीश** | | | |
| 1. के० शंकरन | 7 | जुलाई | 1949 |
| 2. के० एस० गोविन्द पिल्लई | 7 | जुलाई | 1949 |
| 3 पी० के० सुब्रमण्य अय्यर | 9 | अगस्त | 1950 |
| 4 वी० आई० जोसेफ | 25 | मई | 1951 |
| 5 जी० के० पिल्लई | 24 | नवम्बर | 1952 |
| 6. एम० एस० मेनन | 29 | जनवरी | 1953 |
| 7. टी० के० जोसेफ | 31 | जुलाई | 1953 |

### उच्च न्यायालयों की स्वाधीनता

साधारणत. उच्च न्यायालय का अधिकारक्षेत्र अपने राज्यो तक ही सीमित है । राज्य के विधान मण्डलों को यह अधिकार प्राप्त नही है कि वे उच्च न्यायालय के विधान या सगठन मे कोई परिवर्तन कर सकें । यह अधिकार संसद् को है । इसी तरह उच्च न्यायालय के किसी जज को हटाने का अधिकार भी संसद् को ही है । उच्चतम न्यायालय के जजों को हटाने के सम्बन्ध में जो कानून हैं, उसी ढंग से उच्च न्यायालय के जजो को हटाया जा सकता है ।

**शक्ति तथा कार्य**

नए सविधान में उच्च न्यायालयों के कार्य तथा शक्ति मे विशेष परिवर्तन नही किया गया। भारत मे ये उच्च न्यायालय रायल लैटर्स पेटेण्ट के अनुसार जारी किये गये थे। 1861 मे तीन प्रेसीडेसी हाई-कोर्ट बने थे, जिन्हे सीधे मुकदमे सुनने तथा अपीले सुनने का विशेष अधिकार दिया गया था। उसके बाद जो हाई-कोर्ट बने, उन्हे केवल अपीले सुनने का अधिकार था। हां, कुछ विशेष मामले सीधे तौर पर भी उनके पास जा सकते थे।

उच्च न्यायालय को अपने अधीनस्थ सभी अदालतो और न्याय मडलो के निरीक्षण का अधिकार प्राप्त है। वह इन न्यायालयों के सभी कार्यों, गतिविधि, हिसाब किताब तथा कार्य पद्धति के सम्बन्ध में नियम बना सकता है तथा देखरेख रख सकता है। (धारा 225)

धारा 226 के अनुसार प्रत्येक उच्च न्यायालय को यह अधिकार प्राप्त है कि वह अपनी सीमा के भीतर किसी व्यक्ति, अधिकारी या सरकार को पेशी के लिए बुला सके या किसी काम को करने से रोक सके और या सविधान के भाग ३ के अधिकारो का प्रयोग कर सके।

## अधीनस्थ अदालते

जिले के न्यायाधीशो की नियुक्ति राज्य का राज्यपाल उच्च न्यायालय की राय से करता है। ये न्यायाधीश दीवानी मामलो के सम्बन्ध मे पेश होने वाले मुकदमे सुनते है। जिले के शेष न्यायाधिकारी उनके अधीन होते है। इन शेष न्यायाधिकारियो की नियुक्ति राज्य के पब्लिक सर्विस कमीशन की राय से राज्यपाल करता है, और उस की मजूरी उच्च न्यायालय से ली जाती है। इन न्यायाधिकारियो के सम्बन्ध मे सभी कानून, उन के स्थान का निश्चय पदोन्नति, छुट्टी आदि के कार्य उच्च न्यायालय के अधीन होते है।

**बनावट और कार्य**

देश भर मे छोटे न्यायालयो का ढाचा लगभग एक समान है। प्रत्येक राज्य कुछ जिलो मे बंटा हुआ है और प्रत्येक जिले मे एक जिला न्यायाधीश होता है। उस के नीचे विभिन्न ओहदों के न्यायाधिकारी होते है। इन मे से कुछ को नए मामले सुनने का अधिकार होता है, और कुछ को अपीले सुनने का भी। छोटे दीवानी मामलो के लिए सबजजी अदालते होती है। जमीदार और किसानो के झगडो के लिए लगान सम्बन्धी अदालते है, जिन के निर्णय की अपील ऊपर की अदालतो मे की जा सकती है।

दीवानी अदालते जायदाद या रुपये पैसे सम्बन्धी मुकदमो के अतिरिक्त सरक्षकता, विवाह, तलाक, जायदाद का प्रबन्ध और अधिकार क्षेत्र के निश्चय आदि के सम्बध मे पेश होने वाले मामले भी सुनती है। भूमि अधिगति कानून (लैंड एक्वीजीशन ऐक्ट) तथा जगलात कानून के दीवानी मामले विशेष अफसर सुनते है, परन्तु उन की अपील दीवानी अदालतो में हो सकती है। नागरिकता के अधिकार सम्बन्धी मामलो को सुनने के लिए तीसरी तरह की अदालते भी होती है, जो प्राय. इसी काम के लिए अस्थायी रूप से बनाई जाती है। इन मामलों में अपील सम्बन्धी अधिकारों के बारे मे कोई स्पष्ट व्यवस्था नही है, इसलिए ऐसे मामलों मे वादी और प्रतिवादी प्राय: उच्च न्यायालयो के हस्तक्षेप का अनुरोध किया करते हैं।

**फौजदारी न्याय**

भारत का फौजदारी कानून समय समय पर सशोधित किया जाता रहा है और उस के अनुसार फौजदारी अदालते काम करती है। प्रत्येक जिले मे इन अदालतो का मुखिया एक सैशन जज होता है। आवश्यकता के अनुसार उस की सहायता के लिए सहकारी सैशन जज भी नियुक्त किया जाता है। ये न्यायाधिकारी सीधे उच्च न्यायालय के नीचे होते है, और प्राय जिले का शासक उन के कार्य मे हस्तक्षेप नही कर सकता। उन के सन्मुख गभीर मामले भी पेश किये जाते है, जिन के बारे मे कोई मजिस्ट्रेट पहले छानबीन कर चुका होता है। इन अदालतो मे जूरी या असेसर भी नियुक्त किये जाते है। जिला मजिस्ट्रेट इस बात पर निगरानी रखता है कि उस के जिले मे विभिन्न न्यायाधीश क्या काम कर रहे है। जिला कलक्टर के रूप मे वह जिले की कार्यव्यवस्था का भी मुखिया होता है। इसी सम्बन्ध मे यह प्रश्न पैदा होता है कि न्याय को शासन व्यवस्था से कहा तक पृथक रखा जा सकता है। इस सम्बन्ध मे एक अभीष्ट बात यह है कि न्याय सम्बन्धी सभी मामले उच्चन्यायालय के अधीन होते है, और उसी की देखरेख मे चलाये जाते है। बहुत छोटे मामले आनरेरी मजिस्ट्रेटो के सामने भी पेश किये जाते है।

**पंचायती अदालतें**

सविधान की धारा 40 के अनुसार राज्यो को यह हिदायत दी गई है कि वे गावो की पंचायतों को क्रमश ऐसे अधिकार दे कि वे धीरे धीरे स्वायत्त शासन करने योग्य सस्थाओं का रूप धारण कर ले। इस निर्देश के अनुसार कई राज्यो ने पचायत सम्बन्धी कानून पास कर दिये है, और वहा पचायतो ने कार्य प्रारम्भ भी कर दिया है।

इन पचायतो के कानूनी विभाग को पचायती अदालत कहा जाता है। उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश मे प्रत्येक गाव मे एक गाव सभा होती है, जिसका सदस्य प्रत्येक ग्रामवासी होता है। यह गाव सभा 5 प्रतिनिधियो को चुनती है। इसी तरह से कई गाव मिल कर 25–30 आदमियो की एक अदालत सी बना लेते है। ये पचायती अदालते अपने मे से फिर 5 पचो को चुन लेती है। गाव के छोटे छोटे मामले इन पचायतो के सामने पेश होते है। ये पच मौके पर जाकर अपने विचाराधीन मामलो के सम्बन्ध मे निर्णय देते है। उनके निर्णय के खिलाफ अपील नही की जा सकती। अगर किसी मामले मे दीवानी जज यह समझे कि कोई भारी अन्याय हुआ है, तो वह किसी नए ट्रिब्यूनल के सामने उस मामले को पेश कर सकता है। परन्तु पचायती अदालत के निर्णय को वह स्वय नही बदल सकता।

## न्याय और शासन का पृथकत्व

संविधान की धारा 50 के अनुसार सभी राज्य अब यह प्रयत्न कर रहे है कि न्याय को शासन से पृथक कर दिया जाये। इस सम्बन्ध मे सब से अधिक उन्नति मद्रास मे हुई है। वहा फौजदारी कानून के अधीन निम्नलिखित परिवर्तन किये गये है। मजिस्ट्रेट के कार्यों को इन दो भागों में बाटा गया है—(1) न्याय सम्बन्धी तथा (2) अन्य। जो अधिकारी न्याय सम्बन्धी कार्य कर रहे है, उन्हे हाईकोर्ट के अधीन कर दिया गया है। जो शासन अधिकारी कानून और व्यवस्था की रक्षा का कार्य कर रहे हैं, उनके अधिकारों

में कोई कमी नहीं की गई। यह भी नियम बना दिया गया है कि न्याय सम्बन्धी अधिकारी केवल वही लोग बनाये जाये, जिन्हे कानून का ज्ञान हो। अन्य राज्यों में भी इसी तरह के प्रयत्न किए जा रहे है।

## न्यायपद्धति मे सुधार

22 दिसम्बर 1953 को भारत सरकार ने एक नया बिल प्रकाशित किया था, जिस का उद्देश्य देश की न्याय व्यवस्था मे बड़े बड़े सुधार करना है। इस बिल पर आजकल ससद विचार कर रही है। जब यह बिल कानून बन जायगा, तब देश की न्याय-व्यवस्था अब की अपेक्षा अधिक सरल, कम समय लेने वाली और प्रभावशाली बन जायेगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन

गत वर्ष की एक बड़ी घटना दिल्ली मे एक अन्तर्राष्ट्रीय कानूनी सम्मेलन का होना है, जो 28 दिसम्बर 1953 से 2 जनवरी 1954 तक हुआ था। यह सम्मेलन एशिया भर मे अपने ढग का प्रथम सम्मेलन था, जिसे अन्तर्राष्ट्रीय कानून सघ की भारतीय शाखा ने आयोजित किया था। इस सम्मेलन मे 25 देशो के प्रतिनिधि और प्रेक्षको ने भाग लिया था। सम्मेलन ने कोई प्रस्ताव तो पास नही किया, परन्तु कानून सम्बन्धी कितनी ही बातो पर 6 दिन तक विचार-विनिमय होता रहा। प्रतिनिधियो ने एक दूसरे से बहुत कुछ सीखा। जिन प्रश्नो पर विचार हुआ था, उन मे से कुछ निम्नलिखित है :—

सयुक्त राष्ट्र सघ का अधिकारपत्र; मानवीय अधिकार, राज्य के व्यक्तित्व भग का कानूनी परिणाम, विदेशियो के व्यक्तिगत अधिकार, न्याय सम्बन्धी कानून और कानूनी पेशा। ससार की वर्तमान राजनीतिक अवस्था को देखते हुए सम्मेलन ने यह अनुभव किया कि केवल बहुमत के बल पर सयुक्त राष्ट्र सघ के अधिकारपत्र मे कोई परिवर्तन नही करना चाहिए।

**मानवीय अधिकार**

सम्मेलन को यह जान कर सन्तोष हुआ कि मानवीय अधिकारो की आधारभूत बाते बहुत से देशो के सविधानो मे सम्मिलित कर ली गई है। परन्तु यह उचित समझा गया कि इस सम्बन्ध के कानून सब देशो मे लगभग एक समान बनाये जाये। प्रतिनिधियो की यह भी राय थी कि सयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशो के लिए यह आवश्यक है कि वे मानवीय अधिकारो के अधिकारपत्र का आदेश स्वीकार करे।

**न्यायविभाग तथा कानूनी पेशा**

सम्मेलन की यह भी राय थी कि जज कैसे व्यक्ति बनाये जाते है, इस बात का किसी भी देश की न्याय व्यवस्था पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए उचित ढग के लोगों को न्याय विभाग मे लगाना चाहिए। सब की यह भी राय थी कि न्यायाधिकारियो का चुनाव करते हुए राजनीतिक दृष्टिकोण कभी नही होना चाहिए, केवल कानूनी गुण और योग्यता को ही इस सम्बन्ध मे परख मानना चाहिए। यह भी सुझाव दिया गया कि न्यायाधिकारियों का वेतन इतना अवश्य रखना चाहिए कि यह कार्य ऊचे दर्जे के लोगो को अपनी ओर आकृष्ट कर सके।

**सलाहकारी समिति**

सम्मेलन के अन्तिम दिन बर्मा के प्रतिनिधि ने यह सुझाव पेश किया कि एशियाई देशों की सरकारें कानून विशेषज्ञो की एक सलाहकार समिति का निर्माण करें, जो अन्तर्राष्ट्रीय

कानून तथा अन्य कानूनी बातों के सम्बन्ध में राय दिया करे । ईराक, सीरिया, इण्डोनेशिया, जापान, नेपाल, लंका और भारत के प्रतिनिधियों ने इस सुझाव का समर्थन किया ।

## भारत का एटर्नी-जनरल

संविधान की धारा 76 के अनुसार राष्ट्रपति को यह अधिकार प्राप्त है कि वे एक ऐसे व्यक्ति को भारत का एटर्नी-जनरल नियुक्त करें, जिसमें भारत के उच्चतम न्यायालय का जज बनने की योग्यता विद्यमान हो । यह एटर्नी-जनरल भारत सरकार को कानूनी मामलों में सलाह देगा । एटर्नी-जनरल भारत की सब अदालतों में उपस्थित हो सकता है । इस के साथ एक सोलीसिटर-जनरल होता है । आजकल ये पद इन लोगों के पास हैं —

(1) भारत के एटर्नी-जनरल : एम० सी० सीतलवाड

(2) भारत के सोलीसिटर-जनरल . सी० के० दफ्तरी

प्रत्येक राज्य में एक एडवोकेट जनरल होता है । उस की नियुक्ति राज्यपाल करता है । इस एडवोकेट जनरल में उच्च न्यायालय के जज बनने की योग्यता होनी चाहिए । भारत में जो कार्य और अधिकार एटर्नी-जनरल को हैं, वही कार्य और अधिकार राज्यों में एडवोकेट जनरल को हैं ।

## वकील

1926 के बार कौंसिल कानून के अनुसार प्रत्येक उच्च न्यायालय को राज्य भर के एडवोकेटों की एक सूची रखनी पड़ती है । इस कानून का उद्देश्य यह था कि देश में वकालत का काम करने वाले विभिन्न पदवी प्राप्त लोगों, यथा वकील, एटर्नी, बार-एट-ला, मुख्तार प्लीडर, एडवोकेट आदि को एक ही सूची में लाया जा सके ।

वर्तमान प्रथा के अनुसार उच्चतम न्यायालय में सब वकील अपना नाम दर्ज कराते हैं, और किसी मामले में बिना छोटे वकील को साथ लिए कोई बड़ा वकील पेश नहीं हो सकता । उच्च न्यायालयों में वकालत करने वाले वकीलों की पृथक सूची है, और उस के सम्बन्ध में विशेष नियम हैं । छोटी अदालतों में वकालत करने वाले वकीलों के सम्बन्ध में राज्य का उच्च न्यायालय कानून बनाता है ।

**अखिल भारतीय विधान-जीवी-वर्ग (बार)**

उच्चतम न्यायालय की स्थापना के बाद देश में इस बात का विशेष अनुभव किया गया कि एक अखिल भारतीय विधान-जीवी-वर्ग (बार) को स्थापित करना आवश्यक है । दिसम्बर 1951 में जस्टिस एम० आर० दास की अध्यक्षता में भारत सरकार ने एक बार-कमेटी का निर्माण किया था । इस कमेटी को यह कार्य दिया गया था कि वह अखिल भारतीय बार की आवश्यकताओं और संभावनाओं के सम्बन्ध में विचार करे ।

मई 1953 में इस कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश कर दी । इस कमेटी ने सिफारिश की कि (1) एक अखिल भारतीय बार कौंसिल की स्थापना की जाये, (2) कलकत्ता और बम्बई के उच्च न्यायालयों में कौंसिल और सोलीसिटर की दोहरी प्रथा जारी रहे, (3) उच्चतम न्यायालय में यह दोहरी प्रथा न डाली जाय और (4) देश भर में वकालत के पेशे के लिए अपना नाम दर्ज कराने के सम्बन्ध में कम से कम योग्यता का एक समान माप नियत कर दिया जाये ।

इस कमेटी की सिफारिशों के अनुसार इस प्रस्तावित अ० भा० बार कौंसिल में ये लोग रहेंगे :—

(1) उच्चतम न्यायालय के दो ऐसे जज, जो कभी वकील रह चुके हों। उन का चुनाव भारत का मुख्य न्यायाधिपति करेगा। (2) भारत का एटर्नी-जनरल तथा सोलीसिटर-जनरल। (3) राज्यों की बार कौंसिलों का एक-एक प्रतिनिधि। (4) उच्चतम न्यायालय की बार कौंसिल के ३ प्रतिनिधि।

यह अखिल भारतीय विधानजीवी कौन्सिल देश भर के वकीलों के लिए न्यूनतम योग्यता तथा सूची में अपना नाम लिखाने के लिए फीस की दर निश्चित करेगी। यह उन बातों का भी निश्चय करेगी, जिन के आधार पर आवेदनपत्र को अस्वीकार किया जा सकता है और यही कौन्सिल वकालत के नियमों तथा शिष्टाचारों का निश्चय करेगी, तथा उन प्रणालों का निर्णय करेगी, जिनसे राज्यों की विधानजीवी कौन्सिल अपने सदस्यों के व्यवहार के सम्बन्ध में जांच करेगी। देश में कानूनी शिक्षा का माप भी यही कौंसिल निश्चित करेगी।

# छटा अध्याय

# सार्वजनिक सेवा

सविधान के अनुसार भारतीय यूनियन मे तथा भारत के प्रत्येक राज्य मे एक पब्लिक सर्विस कमीशन बनाने का विधान है। दो या अधिक राज्य चाहे तो वे मिलकर अपना एक पब्लिक सर्विस कमीशन बना सकते है। राष्ट्रपति की अनुज्ञा से कोई राज्य यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन से भी यह अनुरोध कर सकता है कि उस राज्य की सार्वजनिक सेवाओं की नियुक्ति यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन करे।

सविधान की धारा 316 मे इन कमीशनो का उल्लेख है। यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के अध्यक्ष तथा सदस्यो की नियुक्ति राष्ट्रपति करता है। राज्यो मे ये नियुक्तिया राज्यपाल करता है। इस कमीशन के आधे सदस्य ऐसे होने चाहिए, जो कम से कम 10 वर्षों तक यूनियन की अथवा किसी एक राज्य की सेवा कर चुके हो।

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन के सदस्यो की नियुक्ति 6 वर्षों के लिए होती है और वे 65 वर्ष की अवस्था मे अवसर प्राप्त कर लेते हैं। राज्यो के कमीशनो के लिए अधिकतम आयु की सीमा 60 वर्ष है। पब्लिक सर्विस कमीशन के अध्यक्ष या सदस्य को उस के किसी गभीर विपरीत आचरण के लिए उच्चतम न्यायालय की राय से केवल राष्ट्रपति ही पदच्युत कर सकता है।

धारा 319 के अनुसार यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन का अध्यक्ष अवसर प्राप्त कर लेने के बाद भारत सरकार मे अथवा राज्यो की किसी सरकार मे पद ग्रहण नही कर सकता। राज्यो के पब्लिक सर्विस कमीशन के अध्यक्ष किसी अन्य पब्लिक सर्विस कमीशन के अध्यक्ष नियुक्त किए जा सकते है अथवा यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन मे लिए जा सकते हैं। इस तरह के नियम यूनियन पब्लिक सर्विस कमिशन के सदस्यो तथा राज्यो के पब्लिक सर्विस कमीशनो के सदस्यो के लिए भी है।

ये कमीशन अपने क्षेत्र मे राज्य की सेवाओ के लिए परीक्षा द्वारा अथवा भेट द्वारा राज्याधिकारियो को चुनते है। पदोन्नति के लिए भी ये कमीशन उम्मीदवारो को मुलाकात के लिए बुला सकते है। ये कमीशन अपनी अपनी सरकारो को सरकारी सेवाओ के सम्बन्ध के सभी मामलों पर सलाह देते है। इनमे सरकारी कार्यकर्ताओ के अनुशासन भग का मसला भी है। सरकारी नौकरी सम्बन्धी प्रत्येक बात के लिए यह आवश्यक है कि यूनियन सरकार और राज्यो की सरकारे अपने पब्लिक सर्विस कमीशनों से राय ले। इस सम्बन्ध मे राष्ट्रपति या राज्यपाल भी यदि हस्तक्षेप करना चाहे तो उन्हे संसद या राज्य के सविधान मडलो से स्वीकृति लेनी होगी।

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन अपने कार्य की वार्षिक रिपोर्ट राष्ट्रपति के पास भेजता है। अगर किसी मामले मे राष्ट्रपति कमीशन से असहमत हो, तो वह मामला तथा उक्त रिपोर्ट ससद के सामने पेश की जाती है। राज्यो मे भी इसी तरह की कार्य पद्धति का विधान है।

**सेवाओं का पुनर्गठन**

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद से एक ओर तो सरकारो का काम बढ़ गया, और दूसरी ओर उन का कार्य-क्षेत्र पहले की अपेक्षा अधिक विस्तृत हो गया। जनता की हित की दृष्टि से जो नये

काम प्रारम्भ किये गये तथा नये राजनीतिक सम्बन्धो के कारण नये दूतावास स्थापित होने से राज्य कर्मचारियो की सख्या पहले की अपेक्षा बहुत बढ़ानी आवश्यक हो गई। दूसरी ओर स्वाधीनता प्राप्ति के बाद बहुत से अग्रेज उच्च राज्याधिकारी वापस चले गए, तथा अधिकाश मुसलमान राज्याधिकारी पाकिस्तान चले गए। इस तरह भारतीय सिविल सर्विस के लगभग 1,000 उच्च पदाधिकारियो में से लगभग 600 देश छोड कर चले गए, और 400 ही बाकी बच रहे। भारतीय पुलिस सेवाओ का भी यही हाल हुआ।

देश विभाजन से भारतीय सेवाओ के सम्बन्ध मे 3 नई समस्याए उत्पन्न हुई : (1) रिक्त स्थानो की तत्काल पूर्ति, (2) भारतीय सिविल सर्विस तथा भारतीय पुलिस सर्विस के लिए चुनाव करने की नई विधि बनाना, (3) देश की आवश्यकताओ के अनुसार केन्द्रीय सरकार की शासन सम्बन्धी मशीन का पुनर्गठन करना, ताकि देश की शासन सम्बन्धी सेवाए भारत की उन्नति के लिए बरती जाने वाली नई नीति को भली प्रकार व्यवहार मे ला सके।

### आपत्कालीन भरती

भारतीय गृह-मत्रालय ने इस कार्य के लिए सेवाओ की तत्कालीन भरती आरम्भ की। 1948 के मध्य मे एक विशेष भरती बोर्ड बनाया गया। इस बोर्ड ने स्थायी सेवाओ के अतिरिक्त अन्य लोगो मे से भी योग्य व्यक्तियो का चुनाव किया। ऊचे पदो पर वे लोग चुने गये, जिन मे इन पदो के लिए आवश्यक सभी गुण विद्यमान थे।

### अखिल भारतीय सेवाएं

भारतीय सिविल सर्विस तथा भारतीय पुलिस सर्विस के पुनर्गठन तथा पूरी तरह भारतीय-करण की ओर सरदार वल्लभभाई पटेल का ध्यान उसी समय आकर्षित हुआ, जब वे पहले पहल अन्तरिम सरकार के गृहमत्री बने। अक्तूबर 1946 मे ही उन्होने भारतीय सिविल सर्विस की जगह भारतीय एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस का प्रारम्भ किया, और पुलिस सम्बन्धी सेवाओ की भरती तथा शिक्षा के लिए भी आवश्यक परिवर्तन किये।

3 वर्षों के बाद जब भारत की प्राय सब रियासते भाग 'ख' के रूप मे भारत मे शामिल हो गई, तब उन्हे भी (जम्मू और काश्मीर को छोडकर), इन सेवाओ के अन्तर्गत ले आया गया। वर्तमान भारतीय एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस, भारत की केन्द्रीय सरकार तथा राज्यो की सरकारो को उच्च शासनाधिकारी देती है और उस का वर्गीकरण विभिन्न राज्यो के आधार पर किया जाता है।

### एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस का ट्रेनिंग स्कूल

दूसरे महायुद्ध तक आई० सी० एस० के सभी चुने हुए उम्मीदवारो को इग्लैड मे जा कर 1 या 2 वर्षों के लिए शिक्षा लेनी पडती थी। महायुद्ध के दिनो मे यह प्रथा बन्द कर दी गई और देहरादून मे एक प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया। स्वाधीनता प्राप्ति के बाद इस प्रश्न पर पूरी तरह विचार किया गया और 1947 मे दिल्ली मे एक भारतीय एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस स्कूल खोल दिया गया। इस स्कूल के पाठ्यक्रम मे, फौजदारी कानून, प्रारम्भिक दीवानी कानून, भारतीय भाषाए, सेवा सम्बन्धी व्यावहारिक तथा सैद्धान्तिक शिक्षा, भारत की सामाजिक, सास्कृतिक और व्यवस्था सम्बन्धी विकास का इतिहास और देश की आर्थिक समस्याओ से सम्बद्ध अर्थ-अस्त्र के आधारभूत सिद्धान्तो की शिक्षा दी जाती है।

### भारतीय पुलिस सेवाए

स्वाधीनता से पहले भारतीय पुलिस सर्विस का सगठन भी भारतीय सिविल सर्विस के ढग पर था, और इस सेवा मे भी कुछ लोग इग्लैंड में और कुछ लोग भारत मे प्रादेशिक आधार पर लिए जाते थे। प्रान्तों की पुलिस सेवाओ के व्यक्ति भी अच्छा काम करने की दशा मे भारतीय पुलिस सर्विस मे ले लिए जाते थे। द्वितीय विश्व महायुद्ध तथा भारतीय स्वाधीनता के कारण इन सेवाओ मे जब स्थान रिक्त हुए, तो उन की पूर्ति मुख्यत: प्रान्तो की पुलिस सर्विस के योग्य व्यक्तियो को लेकर की गई।

राज्यो के मुख्य मत्रियो के जिस सम्मेलन मे भारतीय एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस के सम्बन्ध मे नया ढग स्वीकार किया गया, उसी सम्मेलन मे भारतीय पुलिस सर्विस के लिए भी यह ढग स्वीकार किया गया। यह निश्चय हुआ कि पुलिस सर्विस के व्यक्ति भी राज्यों के आधार पर केन्द्रीय सरकार द्वारा चुने जायेंगे। इन सेवाओ के वेतन वर्तमान स्थितियो के दृष्टिकोण मे विभिन्न राज्यो की सलाह से नियत किये जायेंगे। शुरू शुरू मे एक विशेष भरती बोर्ड रिक्त स्थानों की पूर्ति बाहर से योग्य व्यक्तियो के चुनाव द्वारा करेगा।

### सेवाओं के सम्बन्ध के नियम

सविधान की धारा 312 के अनुसार भारतीय एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस तथा भारतीय पुलिस सर्विस ये दोनो अखिल भारतीय सेवाए हैं। इन के सम्बन्ध मे सभी तरह के नियमन करना संसद का काम है। उसी के अनुसार अक्तूबर 1951 मे ससद ने अखिल भारतीय सेवा कानून (आल इडिया सर्विस ऐक्ट) पास किया था। सविधान के अनुसार सेवाओ के सदस्यो को उनके सदस्यत्व काल के लिए उचित सुरक्षा भी दी गई है। धारा 311 के अनुसार किसी अखिल भारतीय सेवा का कोई व्यक्ति केवल अपने नियुक्त करने वाली सस्था द्वारा ही पदच्युत किया जा सकता है और साथ ही यदि कभी उसे पदच्युत करने की स्थिति उत्पन्न भी हो जाये, तो पदाधिकारी को अपनी सफाई देने का पूरा अवसर दिया जायेगा। परन्तु वह अधिकार तीन अवस्थाओ मे नही मिलेगा—(1) जिन अधिकारियो पर फौजदारी अधिरोप हो, या (2) जिन्हे पदच्युत करने वाला अधिकृत अधिकारी यह समझे कि अपराधकर्ता को अपनी सफाई दे सकने की सुविधा देने का कोई व्यवहारिक उपाय नही है और (3) जहा राष्ट्रपति या राज्यपाल को इस बात का विश्वास हो कि इस तरह की सफाई से राज्य की सुरक्षा को खतरा हो सकता है।

### भरती

यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन की ओर से राज्य की सेवाओ की भरती के लिए निम्नलिखित अखिल भारतीय प्रतियोगिता परीक्षाएं होती हैं :

भारतीय एडमिनिस्ट्रेटिव सेवा, भारतीय विदेशी सेवा, भारतीय पुलिस सेवा, भारतीय लेखा तथा लेखा-परीक्षा सेवा, भारतीय सेना-लेखा सेवा, भारतीय रेलवे-लेखा सेवा, भारतीय तटकर तथा आन्तरिक कर सेवा, आयकर अफसर श्रेणी 1 और 2, रेलवे-व्यापारिक सेवा, भारतीय रेलवे का प्रवन्ध विभाग, भारतीय डाक सेवा, भारतीय प्रमापन सेवा, भारतीय जंगल सेवा, केन्द्रीय इंजीनियरिंग सेवा, भारतीय

रेल की इजीनियरिग सेवा, तार इजीनियरिग मेवा, डाक और तार विभाग की बेतार शाखा की सेवा ।

**आयु सीमा**

प्रतियोगिता से जिन परीक्षाओ मे चुनाव किया जाता है, उनमे उम्मीदवारो की आयु 21 वर्ष से कम और 24 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए। कुछ सेवाओ के लिए परिगणित जातियो के उम्मीदवारो की आयु 27 वर्ष तक हो सकती है ।

## केंद्रीय सचिवालय की सेवाए

केन्द्रीय सचिवालय की सेवाओ मे सहकारी (असिस्टेट) से लेकर अडर-सेक्रटरी तक की सेवाए सम्मिलित है । गृह-मत्रालय चाहे तो इस मे कुछ अपवाद कर सकता है । उन के अतिरिक्त वे सेवाए भी इन्ही मे सम्मिलित है, जिन के बारे मे विभिन्न मत्रालय, अर्थ सचिवालय तथा गृह सचिवालय की सहमति से यह निश्चय करे कि उनकी गणना उक्त सेवाओ मे की जाए ।

केन्द्रीय सचिवालय सेवा सम्बन्धी नई योजना 22 अक्टूबर 1948 को मन्त्रि-मडल ने स्वीकार की थी । इस योजना के अनुसार इन सेवाओ को चार भागो मे बाटा गया है —

(1) अडर सेक्रटरी, (2) सुपरिन्टेण्डेंट, (3) असिस्टेट सुपरिन्टेण्डेट, (4) असिस्टेट । पिछले दो दर्जों के लिए सीधा चुनाव किया जायेगा । 25 प्रतिशत असिस्टेट साधारण क्लार्कों मे से चुने जायेंगे। बाकी स्थानो की पूर्त्ति यूनियन पब्लिक सर्विस कमीशन प्रतियोगिता परीक्षा द्वारा करेगा । असिस्टेट सुपरिन्टेण्डेट के लिए 50 प्रतिशत स्थान पदोन्नति द्वारा पूरे किये जायेंगे और शेष की पूर्ति प्रतियोगिता-परीक्षाओ द्वारा की जायेगी, जिन परीक्षाओ का नियत्रण एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस तथा सेन्ट्रल श्रेणी I की परीक्षाओ के ढग पर किया जायेगा । सुपरिन्टेण्डेट तथा अडर सेक्रेटरी की सेवाए पदोन्नति के द्वारा की जायेगी ।

# सातवां अध्याय

# प्रतिरक्षा

अगस्त 1947 म भारतीय सेनाओ को बहुत सी गुथीली समस्याओ का सामना एक साथ करना पड़ा। उन्ही दिनों सेना के बहुत से अंग्रेज अफसर इग्लेंड वापस चले गये थे, और अनेक मुसलमान अफसर पाकिस्तान चले गये थे। इस से भारतीय सेनाओ को अनुभूतपूर्व कठिनाइयो का सामना करना पडा। साथ ही उन्ही दिनो पाकिस्तान से लाखो व्यक्तियो को भारत में लाना था और भारत से लाखो व्यक्तियो को पाकिस्तान ले जाना था। यह सब काम भी भारतीय सेना ने किया। यह कठिन काम समाप्त हुआ ही था कि भारतीय सेनाओ को जम्मू और काश्मीर मे आततायियो को खदेडने के काम पर जाना पडा। उस के कुछ दिन बाद हैदराबाद मे भारतीय सेना को पुलिस कार्यवाही करनी पडी। जिस शीघ्रता और श्रेष्ठता से भारतीय सेनाओ ने यह कार्य किया, उस से उस की ख्याति और प्रतिष्ठा बहुत अधिक बढ गई है।

## संगठन

भारतीय सेना जिन दिनो इन उपर्युक्त महत्वपूर्ण कामो मे लगी हुई थी, उन्ही दिनो उन के सगठन मे नए और महत्वपूर्ण परिवर्तन किये जा रहे थे। सब से पहले सेना का नियन्त्रण एक मत्री के सुपुर्द किया गया। स्थल-सेना, जल सेना तथा वायु सेना के लिए पृथक-पृथक तीन कमाडर-इन-चीफ नियुक्त किये गये।

नये सविधान के अनुसार सेनाओ की सर्वोच्च कमान राष्ट्रपति के अधीन है तथा उक्त तीनो सेनाओ का नियन्त्रण प्रतिरक्षा सचिवालय करता है। नीति सम्बन्धी सभी बातो का निश्चय मत्रिमडल की प्रतिरक्षा समिति करती है। इस प्रतिरक्षा समिति का अध्यक्ष प्रधान मत्री है, और प्रतिरक्षा, गृह विभाग, अर्थ तथा यातायात के मत्री इस समिति के सदस्य हैं। तीनो कमानो के अध्यक्ष, प्रतिरक्षा सचिव तथा प्रतिरक्षा के आर्थिक सलाहकार भी इस समिति की बैठको मे सम्मिलित होते हैं।

स्थल-सेना का मुख्य केन्द्र सीधे तौर पर आर्मी स्टाफ के मुखिया तथा कमाडर-इन-चीफ के अधीन काम करता है। इस की मुख्य शाखाये निम्नलिखित है (1) जनरल स्टाफ शाखा, (2) एडज्युटेंट जनरल की शाखा, (3) क्वार्टर मास्टर जनरल की शाखा, (4) आर्डिनेंस के मास्टर-जनरल की शाखा, (5) मुख्य इजीनियर की शाखा और, (6) सेना सचिव की शाखा। ये छहो शाखाए कितनी ही उपशाखाओ मे विभक्त की गई है, जिन को डायरेक्टरेट कहा जाता है।

सेना की विभिन्न कमाने पृथक-पृथक जनरल आफिसर कमाडिग-इन-चीफो के अधीन है, जिन्हे लेफ्टीनेंट-जनरल का ओहदा प्राप्त है। ये कमाने क्षेत्रो के अनुसार विभाजित है और प्रत्येक क्षेत्र का मुखिया जनरल आफिसर कमाडिग (जी० ओ० सी०) कहलाता है और उसे मेजर जनरल का ओहदा प्राप्त है। ये क्षेत्र उप-क्षेत्रो म विभक्त है, जिन का मुखिया एक एक ब्रिगेडियर होता है।

जल सेना की कमान नवल स्टाफ के मुखिया तथा कमाडर-इन-चीफ के अधीन है। इस का कार्य चार हिस्सो मे बटा हुआ है। एक सामुद्रिक जहाजो से सम्बन्ध रखने वाला और शेष 3 के कार्यालय स्थल भाग पर है। इसी तरह वायु सेना की कमान 'चीफ आफ एयर स्टाफ' तथा

कमाडर-इन-चीफ के अधीन है। 1949 से सेना के सब फ्रण्टलाइन यूनिट ओपरेशनल कमान के अधीन कर दिये गये है, और सैनिक शिक्षा देने वाली सस्थाए ट्रेनिग कमान के नीचे ले आई गई हैं।

**विभिन्न सेनाओं में पारस्परिक समन्वय**

तीनो सेनाओ में पारस्परिक रूप से तालमेल रखने के लिए विभिन्न स्तरो पर अनेक कमेटिया बनाई गई है। इन मे सब से ऊची प्रतिरक्षा मत्री की कमेटी है, जो विभिन्न सेनाओ की मुख्य समस्याओ पर विचार करती है। भारत के प्रतिरक्षा मंत्री, तीनो सेनाओ के मुखिया, प्रतिरक्षा सचिव तथा सेना के आर्थिक सलाहकार इस कमेटी के सदस्य है। इस कमेटी का निश्चय देश भर मे लागू होता है। अत्यन्त महत्वपूर्ण नीति सम्बन्धी बाते यह कमेटी मत्रिमडल की प्रतिरक्षा कमेटी को विचारार्थ भेजती है।

उक्त तीनो सेनाओ मे परस्पर में अच्छे सम्बन्ध और तालमेल रखने की दृष्टि से सेना, जल सेना तथा वायु सेना के केडेट अफसरो को खडकवासला की नेशनल डिफेन्स एकेडेमी मे एक साल प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसी तरह देहरादून की नेशनल डिफेन्स एकेडेमी मे भी तीनो सेनाओ का एक सम्मिलित भाग जारी कर दिया गया है। इसी तरह विलिंग्टन मे शिक्षण प्राप्त सैनिक अफसरो को सैनिक विज्ञान तथा रणनीति आदि का स्नातकोत्तर शिक्षण देने के लिए एक स्टाफ कालेज खोला गया है।

**राष्ट्रीयकरण**

स्वाधीनता प्राप्ति के बाद भारतीय सेनाओ का राष्ट्रीयकरण बहुत शीघ्रता मे हुआ। आज भारतीय सेना मे केवल 49 अग्रेज अफसर है और उन में से भी अधिकाश विशेज्ञ सलाहकार का काम ही कर रहे है।

भारतीय जल सेना तथा वायु सेना मे राष्ट्रीयकरण की यह प्रक्रिया बडी तेजी मे जारी है। जल सेना के बहुत से बडे-बडे अफसर भारतीय है और कैप्टेन आर० डी० कटारी भारतीय जल सेना के डिप्टी कमाडर-इन-चीफ है। कैप्टेन ए० चक्रवर्ती बम्बई के कोमोडोर-इचार्ज है। दोनो को कमाडर का पद प्राप्त है। इन दोनो से ऊपर केवल दो जल सेना अफसर है, एक तो जल सेना के कमाडर-इन-चीफ और दूसरे भारतीय जल सेना के फ्लैग अफसर।

इसी तरह वायु सेना मे भी बडी शीघ्रता से राष्ट्रीयकरण हो रहा है। अप्रैल 1954 से एयर मार्शल मुखर्जी भारतीय वायु सेना के चीफ आफ स्टाफ और कमाडर-इन-चीफ नियुक्त हुए है। एक अन्य भारतीय एयर मार्शल है।

## प्रतिरक्षा विज्ञान सम्बन्धी सगठन

1948 मे एक वैज्ञानिक सलाहकार के अधीन प्रतिरक्षा विज्ञान सगठन बनाया गया था जिस का उद्देश्य प्रतिरक्षा विज्ञान सम्बन्धी आवश्यक बातो के सम्बन्ध मे अन्वेषण करना है। यथा–शक्तिक्षेपण, युद्ध कार्य सम्बन्धी अनुसन्धान, युद्ध सम्बन्धी यातायात, बारूद सम्बन्धी अन्वेषण, सैनिक भोजन तथा सैनिक शिक्षा आदि।

प्रतिरक्षा मंत्रालय को राय देने के लिए वैज्ञानिको की एक समिति बनाई गई है। प्रतिरक्षा विज्ञान सेवा नाम से प्रतिरक्षा मंत्रालय के अधीन वैज्ञानिको की एक नई सेवा जारी की गई है, जिस मे नागरिक वैज्ञानिक भी लिए जाते है।

1922 मे किरकी मे शस्त्रास्त्रो के अध्ययन के लिए एक सस्था जारी की गई थी। अक्तूबर 1953 से इस सस्था ने सेना के टैकनिकल स्टाफ को नियमित रूप से शिक्षा देना आरम्भ किया। इस सस्था का कोर्स 18 महीनो का है। भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयो से भी यह सस्था सम्बद्ध वैज्ञानिक अनुसन्धान के कार्य मे सहायता लेती है।

## वीरता के पुरस्कार

26 जनवरी, 1950 को, जिस दिन भारत एक प्रजातन्त्र राज्य बना, राष्ट्रपति ने वीरता के लिए 3 सैनिक पुरस्कार जारी किये . परमवीर चक्र, महावीर चक्र, और वीर चक्र । सेना सम्बन्धी किसी भी व्यक्ति को, चाहे वह किसी भी पद पर क्यो न हो, वीरता के ये पुरस्कार मिल सकते है।

अभी तक परमवीर चक्र, जो वीरता का सब से बडा पुरस्कार है, केवल 5 व्यक्तियो को मिला है। कुछ व्यक्तियो को महावीर चक्र और वीर चक्र भी दिये गये है, जो मख्यत काश्मीर के युद्ध मे दिखाई गई वीरता के सम्बन्ध मे है। इस के अतिरिक्त सैनिको की वीरता के कार्य का वर्णन सेना के खरीतो मे भी किया जाता है।

युद्ध के अतिरिक्त अन्य सेना सम्बन्धी प्रशसनीय या वीरतापूर्ण कार्य के लिए अशोक चक्र नाम का एक पदक दिया जाता है, जो तीन श्रेणियो मे बाटा गया है। भारत का कोई भी नागरिक यह पदक प्राप्त कर सकता है। कुछ व्यक्तियो को यह पदक दिया भी गया है।

## सेना

देश की स्थिति को ध्यान मे रखते हुए भारतीय सेना को आधुनिक ढग का श्रेष्ठतम शिक्षण देने का प्रयत्न किया जा रहा है। सैनिक शिक्षण के डायरेक्टर की अध्यक्षता मे एक शिक्षण पखवाडा भी मनाया गया था। इस के अतिरिक्त बहुत बडे पैमाने पर सैनिक व्यायामो का प्रदर्शन किया गया। गत वर्ष सैनिक शिक्षण का कार्य बहुत सन्तोषप्रद रहा। सेनाओ को युद्ध के नये से नये साधनों और उपायों की शिक्षा देने का प्रयत्न किया गया। बर्मा, इण्डोनेशिया, नेपाल, अफगानिस्तान और लंका के सैनिक भी ऊची शिक्षा के लिए भारतीय सेना शिक्षण केन्द्र मे आये। भारतीय सेना के एक मिशन ने नेपाल की सेना का पुनर्गठन किया।

### उपकरण

सेना सम्बन्धी उपयोगी और महत्वपूर्ण औजार बनाने के लिए अम्बरनाथ मे एक मशीन टूल प्रोटोटाइप फैक्टरी खोली गई है। नये ढग की इस फैक्टरी से देश की सेना सम्बन्धी औजारो की आवश्यकताओ की बहुत अश तक पूर्त्ति होगी। यह प्रयत्न किया जा रहा है कि हमे बाहर से कम से कम सामान मगवाना पडे। भारत सरकार ने एक फ्रासीसी सस्था से यह समझौता भी किया है कि वह देश मे एक बेतार के तार का कारखाना खोलेगी। इस कारखाने मे तीनो सेनाओं के लिए बहुत सा उपयोगी सामान बनाया जायेगा। आशा है कि सन् 1956 तक यह कारखाना सामान बनाने लगेगा।

### एम्बूलेंस यूनिट

1953 मे भारतीय फील्ड एम्बूलेंस यूनिट ने कोरिया म बहुत प्रशसनीय कार्य किया

**एक महान कार्य**

18 अगस्त 1953 को भारतीय सेना के जिम्मे एक बहुत ही कठिन परन्तु निराला कार्य सौंपा गया। यह कार्य था कोरियाई सन्धि के अनुसार सयुक्त राष्ट्र सघ, उत्तरी कोरियाई, तथा चीनी कमानो को सहायता देने के लिए एक भारतीय कस्टोडियन सेना को कोरिया मे भेजना। सम्भवतः मानवीय इतिहास मे यह पहला उदाहरण था, जब किसी देश की सेना किसी दूसरे देश मे शान्ति तथा जन-कल्याण के उद्देश्य से भेजी गई हो।

हमारी सेना ने कोरिया मे जिस समझदारी, धैर्य और निष्पक्षता से काम किया, उस से सब जगह उन के प्रति सम्मान का भाव बहुत बढ गया और ससार भर मे उस की प्रशसा हुई। भारत मे अपनी इस सेना के लिए जो स्नेह तथा आत्मीयता का भाव विद्यमान था, उस का उदाहरण इस तथ्य मे मिला कि भारतीय नागरिकों ने लाखो रुपये की वस्तुये अपने इन साहसी जवानो के लिए भेजी। अपना काम पूरा कर जब ये सेनाये भारत मे वापस आई, तो सब जगह उन का शानदार स्वागत किया गया।

## जल सेना

1953 मे भारतीय जल सेना ने असाधारण उन्नति की। जल सेना को नवीनतम साधनो की शिक्षा देने तथा सैनिक सेवाओ मे तालमेल बढ़ाने के अतिरिक्त गत वर्ष भारतीय जल सेना का पहला हवाई स्टेशन गरुड के रूप मे स्थापित किया गया। इस के अतिरिक्त एक फ्लीट रिक्वायरमेंट यूनिट भी जारी किया गया। गत वर्ष अंग्रेजी जल सेना से हण्ट श्रेणी के 3 डिस्ट्रॉयर उधार रूप मे लिए गये। इन के नाम है गोदावरी, गोमती और गगा। साथ ही 'आई० एन० एस० तीर' पर सैनिक शिक्षण देने का एक केन्द्र खोला गया है।

**शुभेच्छा का दूत**

भारतीय जल सेना हमारे देश के लिए शुभेच्छा के दूत के रूप मे भी कार्य कर रही है। उसके जहाज इसी भावना से मध्य तथा पूर्वीय भूमध्यसागर के देशो और बर्मा मे भेजे गये। ये जहाज जहा भी गये, वहा इन का हार्दिक स्वागत किया गया। मिश्र के राष्ट्रपति जनरल नजीब ने 8 अगस्त 1953 को अलक्जेंड्रिया मे भारतीय जल सेना के इन जहाजो का निरीक्षण किया।

जून 1953 मे भारतीय जल सेना के 3 पताका जहाज, जिन में दिल्ली भी था, महारानी एलिजाबेथ के राज्याभिषेक के अवसर पर इग्लेंड मे होने वाली जल सेना परेड मे सम्मिलित हुए। इस अवसर पर हमारी जल सेना के इन जहाजो का निरीक्षण अमेरिका, ब्राजील कैनाडा, आस्ट्रेलिया आदि देशो के जल सेना अधिकारियो ने भी किया।

**जल सेना दिवस**

सन् 1953 का जल सेना दिवस बहुत महत्वपूर्ण बन गया, क्योंकि उस दिन पहली बार राष्ट्रपति ने उस का निरीक्षण किया। भारतीय जल सेना के कमाडर-इन-चीफ सर पिज़े के शब्दो मे यह दिन भारतीय जल सेना के इतिहास मे एक स्मरणीय दिन था।

जल सेना का वीरता सम्बन्धी पुरस्कार पहली बार 15 अगस्त को लक्ष्मणन टोपास को दिया गया। 26 जनवरी 1953 को लक्ष्मणन ने अपनी जान पर खेल कर हुगली मे से 9 आदमियों की जान बचाई थी, जिन मे स्त्रिया और बच्चे भी सम्मिलित थे।

## वायु सेना

1953 में भारतीय वायु सेना के विस्तार, आधुनिकीकरण तथा संगठन मे लगातार उन्नति हुई है। भारतीय वायु सेना की उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि हमारे देश मे कितने हवाई जहाज बनाये जाते है। इस वर्ष हिन्दुस्तान एयर क्राफ्ट लिमिटेड ने एच० टी० 2 नाम के कुछ जहाज बनाए। आशा की जाती है निर्माण की इस रफ्तार मे शीघ्र ही बहुत वृद्धि होगी और भारतीय वायु सेना को अपनी शिक्षा दीक्षा के लिए आवश्यक जहाज इसी कम्पनी से मिल सकेंगे। भारतीय वायु सेना के कुछ जहाजों ने आसाम के जंगलो मे चिकित्सा सम्बन्धी सहायता भी पहुंचाई। इस कार्य के लिए एक चिकित्सा सम्बन्धी उडान यूनिट भी बनाई गई है।

**प्रशिक्षण**

पिछले दो वर्षों मे भारतीय वायु सेना ने उडान की तथा उड़ान सम्बन्धी टेक्निकल बातो की शिक्षा देने का विशेष प्रबन्ध कर लिया है। अब एशिया के कुछ देशो से भी शिक्षार्थी इस बात क शिक्षण के लिए यहां आ रहे है। भारतीय वायु सेना के विमान देश भर मे एक जगह से दूसरी जगह आते जाते रहे है और राष्ट्रपति तथा प्रधान मत्री को हवाई मार्ग से ले जाने और ले आने का कार्य भारतीय वायु सेना के जिम्मे है। इस के अतिरिक्त भारतीय वायु सेना सर्वे सम्बन्धी उड़ाने भी करती रहती है। गत वर्ष कुछ संकटापन्न व्यक्तियो को भारतीय वायु सेना के विमानो ने उक्त परिस्थितियों से बचाया था।

**जेट फाइटर्स**

भारतीय वायु सेना ने फ्रांस से बहुत से ओरागन या तूफानी जेट फाइटर्स भी खरीदे है, जो बहुत शक्तिशाली है। मार्च 1954 मे वायु सेना की छठी वर्षगांठ के अवसर पर दिल्ली के निकट वायु सेना का एक बहुत बडा प्रदर्शन किया गया, जिस मे राजधानी के लगभग 3 लाख नागरिक दर्शक रूप से सम्मिलित हुए। इस अवसर पर प्रधान मंत्री एक हेलीकोप्टर मे सवार हो कर गये थे।

**पुरस्कार**

1953 में फ्लाइट लेफ्टिनेंट विश्वास को भारत के सब से बडे पुरस्कारो मे से अशोक चक्र प्रथम श्रेणी भेंट किया गया।

## प्रादेशिक सेना

अक्तूबर 1949 से प्रादेशिक सेना में भरती शुरू की गई। इस नागरिक सेना में ऐसा प्रत्येक भारतीय शामिल हो सकता है, जिस की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो। परन्तु फौजियो तथा टेक्निकल योग्यता के व्यक्तियों के लिए उच्चतम आयु की सीमा 35 तक ही सीमित नही है।

वायुयान से होने वाले आक्रमणों से रक्षा तथा तटीय रक्षा के लिए यह प्रादेशिक सेना उत्तरदायी है। अन्य सैनिक कार्यों मे भी इस से सहायता ली जा सकती है। इस का मुख्य उद्देश्य यह ह कि नागरिक अपना कुछ समय निकाल कर सैनिक शिक्षण ले और अपने को देश की रक्षा के योग्य बनाये। इस प्रादेशिक सेना म भरती करने के लिए भारत को 8 भागों मे बांटा गया है। सब तरह के सैनिक कार्यों का शिक्षण इस सेना को दिया जाता है तथा शहरों और नगरो मे इस की भरती की जाती है।

प्रान्तीय यूनिटों को 30 दिन का शिक्षण दिया जाता है और नागरिक यूनिटों को कुल मिला कर 120 घंटे का। उस के बाद प्रान्तीय यूनिटो को प्रति वर्ष 2 महीनों की शिक्षा लेनी होती है और शहरी यूनिटो को प्रति वर्ष 120 घंटे की। इन सब के लिए वर्ष में कम से कम 4 दिन फौजी कैम्प में रहना आवश्यक है। प्रादेशिक सेना के सब सदस्यो को 7 वर्षों के लिए कलर्स मे अपना नाम लिखाना होता है और 8 वर्ष तक वे रिजर्व में रखे जाते है। पहले ढंग के सेवा काल को 2 वर्ष के लिए बढाया भी जा सकता है।

प्रादेशिक सेना का कार्य आशिक समय का कार्य गिना जाता है और उस के लिए भत्ता और वेतन केवल इन तीन स्थितियों में मिलता है: (1) शिक्षण काल, (2) व्यवहारिक शिक्षण काल और (3) सेना मे काम करने के दिन।

**सहकारी प्रादेशिक सेना**

इस सहकारी सेना का उद्देश्य भारत के सभी नागरिको को सैनिक ढग का शिक्षण देना है, ताकि उन में अच्छा नागरिक बनने के लिए उचित नियत्रण आ सके। 18 से ले कर 40 वर्ष तक के सभी भारतीय नागरिक इस सेना मे सम्मिलित हो सकते है। इस के कैम्प भी शहरी तथा देहाती इन दो भागो मे बाटे जाते है। देहाती कैम्पो मे 7 दिन का शिक्षण दिया जाता है और शहरी कैम्पो मे 14 दिन तक 3 घटे प्रतिदिन। इस सेना के सदस्यों के लिए यह आवश्यक नही होता कि वे आवश्यकता पडने पर सेना मे सम्मिलित हो। सन् 1953 में इस सेना के 3 कैम्प लगाये गये वे और 1954 के पहले 3 महीनो मे लगभग 36।

## राष्ट्रीय केडेट कोर

राष्ट्रीय केडेट कोर का उद्देश्य स्कूलो और कालेजो के लडके लडकियो को सैनिक शिक्षण देना है ताकि उनमे नियत्रण, नेतृत्व की शक्ति और कष्ट सहन आदि गुणो का सचार हो सके।

राष्ट्रीय केडेट कोर के 3 भाग है: उच्च विभाग, निम्न विभाग तथा लडकियो का विभाग। इन मे से पहले दोनों विभागो मे सब तरह का सैनिक शिक्षण दिया जाता है। तथा उन्हे सेना, जल सेना और वायु सेना के योग्य बनाने का प्रयत्न किया जाता है। जल सेना की शिक्षा का प्रबन्ध केवल उन नगरो मे है, जो समुद्र के किनारे है। जो विद्यार्थी वायु-सेना की शिक्षा लेना चाहते ह, उन्हे हवाई जहाज चलाना भी सिखाया जाता है। लडकियों के विभाग का उद्देश्य उन मे आत्मनिर्भरता की भावना भरना है। इस से उनकी शारीरिक दशा भी सुधारती है। वे इस लायक बन पाती है कि आवश्यकता पडने पर देश के लिए कठिन से कठिन काम भी कर सके।

राष्ट्रीय केडेट कोर का प्रारम्भ सन् 1948 मे किया गया था और प्रारम्भ से ही वह बहुत लोकप्रिय हो गया था। परन्तु आर्थिक सीमाओ के कारण उस का विकास यथेष्ट रूप से नही हो पाया। आजकल पचवर्षीय योजना की प्रगति के लिए भी राष्ट्रीय केडेट कोर बहुत उपयोगी कार्य कर रहे है। जहा-जहा इस कोर के विद्यार्थी गये है, वहा वहां उन्होने अपने सगठन के लिए आदर का भाव पैदा किया है। समय समय पर विभिन्न विषयो का शिक्षण देने के लिए इस कोर के कैम्प संगठित किए जाते है। इन कैम्पो मे शिक्षण के साथ साथ सदस्यों से व्यावहारिक काम भी करवाया जाता है और वे सडकें, मकान, नहरें आदि बनाने मे नागरिको की सहायता करते है।

**सहायक केडेट कोर**

26 अगस्त 1953 को दिल्ली राज्य के लगभग 30,500 विद्यार्थियो ने सहायक केडेट कोर नाम के एक नये आन्दोलन मे भाग लिया । इस मे 121 लडको के और 79 लड़कियो के स्कूलो के विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे । इस कोर का उद्देश्य विद्यार्थियो को नियन्त्रण तथा देश-सेवा की शिक्षा देना है । इस का सचालन प्रतिरक्षा मत्रालय के नेशनल केडेट कोर के डायरैक्टर द्वारा होता है । इस के व्यय मे विद्यार्थी भी हिस्सा बटाते हैं ।

**नया पैन्शन कानून**

गत वर्ष पैन्शन कानून मे कुछ सुधार किये गये, और अवसर-प्राप्त सैनिको की पैन्शने बढा दी गई । नई दरो के अनुसार एक सैनिक कैप्टेन को 350 रु० पैन्शन मिलेगी, और एक जनरल को 1,000 रु० । एक सूबेदार मेजर को 153 रु०, चीफ आर्टिफिसर को 116 रु० और मास्टर वारन्ट आफिसर को 165 । एक साधारण सिपाही को, जो 15 वर्ष सेना मे काम कर चुका हो, 15 रु० प्रति मास पैन्शन मिलेगी । यह भी निश्चय किया गया कि कल्याणवाला कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर सैनिको के प्रोविडेट फण्ड मे सरकारी देन $6\frac{1}{4}$ प्रतिशत से बढ़ाकर $8\frac{1}{8}$ प्रतिशत कर दी जाये ।

**भूतपूर्व सैनिक**

गत वर्ष भूतपूर्व सैनिको के पुनर्वास के लिए भी सन्तोषजनक प्रयत्न किये गये । इस उद्देश्य पे भारत के विभिन्न भागो मे 9 कृषि उपनिवेश बसाने का निश्चय किया गया, जिस मे से भोपाल का कृषि उपनिवेश पूर्ण रूप से बन चुका है तथा मनुनगर (उत्तर प्रदेश) मे काम जारी है ।

# आठवां अध्याय

## सार्वजनिक वित्त

सविधान के अनुसार सरकार की आमदनी जमा करने का अधिकार केवल किसी एक ही सस्था या अधिकारी को नही है। यह अधिकार केन्द्रीय सरकार तथा राज्यो की सरकारो में बटा हुआ है, और उन की आय के स्रोत अलग-अलग है। इस तरह देश भर के लिए राष्ट्रीय आय का केवल एक बजट नही होता। विभिन्न कार्यों के लिए विभिन्न स्रोतो से आय होती है और उस का व्यय एक ही व्यक्ति या अधिकारी के हाथ मे नही होता। इस तरह सरकारी परिव्यय एक बहुत गुथीली मशीन के समान है।

सविधान के अनुसार लेखा-परीक्षक सभी सरकारी व्ययो का निरीक्षण करता है, और उस पर कार्यकारी अधिकारी मडल का अधिकार नही होता। सभी राज्यो के व्यय का लेखा तथा उस की जाच पडताल की रिपोर्ट व्यवस्थापक मडल के सामने पेश की जाती है।

ससद मे तथा राज्यो की व्यवस्थापिका सभाओ मे क्रमश. भारत सरकार और राज्यो की सरकारो का बजट प्रति वर्ष अप्रैल के महीने मे पेश किया जाता है। इन सस्थाओं की अनुमति के बिना कोई व्यय नही किया जा सकता। व्यय के कुछ बधे हुए मद ऐसे हैं, जिन की स्वीकृति लिए बिना ही सरकार उन्हे व्यय कर सकती है। परन्तु पूर्व स्वीकृति के बिना इन मदो पर पिछले वर्षों की अपेक्षा अधिक खर्च किसी भी सूरत मे नही किया जा सकता।

### राष्ट्रीय आय

राष्ट्रीय आय कमेटी ने जो जाच पडताल की थी, उस के अनुसार सन् 1950–51 में भारत की राष्ट्रीय आय 9,530 करोड रुपये थी। इस से पूर्व 1949-50 मे यह आय 9,010 करोड थी और इस से भी एक वर्ष पूर्व अर्थात् 1948–49 मे 8,650 करोड़ रही। इस तरह इन 3 वर्षों की प्रति व्यक्ति आय इस प्रकार है. 1950–51 मे 265.2 रु०, 1949–50 मे 253.9 रुपये और 1948-49 मे 246.9 रुपये।

**केन्द्रीय सरकार की आय और व्यय**

पहले 4 वर्षों में केन्द्रीय सरकार की आय और व्यय इस प्रकार थे ·

तालिका 28

**आय लेखा (क)**

(करोड रुपयो मे)

| | आय | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1951–52 (लेखे) . . | 515.36 | 387.27 | +128.09 |
| 1952–53 (संशोधित) . | 418.64 | 422 43 | —3.79 |
| 1953–54 (बजट) . . | 437.76 | 438 81 | +0.45 |

(क) ताजे से ताजे आकडो के लिए देखिए तालिका 35.

**पूंजी लेखा (क)**

(करोड़ रुपयों में)

| | प्राप्ति | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1951-52 (लेखे) . . | 169.04 | 293.43 | —124.39 |
| 1952-53 (संशोधित) . | 130.01 | 208.50 | —78.49 |
| 1953-54 (बजट) . . | 317.51 | 348.08 | —30.57 |

देश विभाजन के बाद से केन्द्रीय सरकार के आय और व्यय की विस्तृत रूपरेखा तालिका संख्या 34 और 36 मे दी गई है।

**राज्य सरकारों की आय और व्यय**

पिछले तीन वर्षों में राज्यों की सरकारों की आय और व्यय इस प्रकार रहा :

तालिका 29

**भाग 'क' के राज्य—राजस्व लेखा**

(करोड रुपयो मे)

| | आय | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1951-52 (लेख) . . | 315.60 | 309.11 | +6.49 |
| 1952-53 (संशोधित) . | 336.96 | 340.06 | —3.10 |
| 1953-54 (बजट) . . | 350.51 | 362.93 | —12.42 |

**भाग 'क' के राज्य—पूंजी लेखा**

(करोड रुपयों मे)

| | प्राप्ति | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1951-52 (लेखे) . . | 133 | 147 | —14 |
| 1952-53 (संशोधित) . | 154 | 157 | —3 |
| 1953-54 (बजट) . . | 151 | 161 | —10 |

**भाग 'ख' के राज्य—राजस्व लेखा**

(करोड रुपयों मे)

| | प्राप्ति | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1951-52 (लेखे) . . | 106·70 | 100·53 | +6·17 |
| 1952-53 (संशोधित) . | 110·91 | 111·18 | —0·27 |
| 1953-54 (बजट) . | 115·29 | 118·62 | —3·33 |

(क) ताज से ताजे आंकडों के लिए देखिए तालिका 35.

**भाग 'ख' के राज्य—पूंजी लेखा**

(करोड़ रुपयों में)

| | प्राप्ति | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1951–52 (लेखे) . | 32.00 | 43.00 | —11.00 |
| 1952–53 (संशोधित) . | 36.80 | 39.25 | —3.15 |
| 1953–54 (बजट) . . | 42.60 | 46.00 | —3.40 |

**सन 1952-53 से भाग 'ग' के राज्यों (अजमेर, भूपाल, कुर्ग, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश और विन्ध्य प्रदेश) का पृथक बजट बनने लगा, जो इस प्रकार हैं—**

(हजार रुपयों में)

| | आय | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1952–53 (संशोधित) . | 1,35,353 | 1,33,241 | + 2,112 |
| 1953–54 (बजट) . . | 1,55,386 | 1,55,243 | + 143 |

राज्यों की सरकारों के आय और व्यय का विस्तृत ब्यौरा तालिका संख्या 41 से तालिका संख्या 43 तक दिया गया है।

**आय के स्रोतों का विभाजन**

केन्द्र की आय के मुख्य साधन निम्नलिखित हैं :

तट कर, आन्तरिक कर, कारपोरेशन कर तथा आय कर (जिस में कृषि से होने वाली आय सम्मिलित नहीं है), जायदादों तथा उत्तराधिकार सम्बन्धी शुल्क, टकसाल की आय। इन के अतिरिक्त रेल तथा डाक और तार विभागों से भी कुछ आय केन्द्र के सामान्य बजट में होती है। केन्द्रीय सरकार की आय का लगभग 90 प्रतिशत तट कर, आन्तरिक कर, कारपोरेशन कर तथा आय कर से आता है। जायदाद तथा उत्तराधिकार सम्बन्धी शुल्क 15 अक्तूबर 1953 से जारी किया गया है।

राज्यों की आय का एक स्रोत जंगल, मछली व्यवसाय, राज्यों द्वारा प्रारम्भ किये गये अपने व्यवसाय तथा केन्द्र द्वारा प्राप्त होने वाली सहायता है। आय कर से केन्द्रीय सरकार को जो धन प्राप्त होता है, उसका आधे से अधिक भाग राज्यों को दे दिया जाता है। कृषि पर लगाये गये सब करों की आय पूर्णरूप से राज्यों को प्राप्त होती है। राज्यों की आय के अन्य स्रोत ये हैं : कृषि भूमि के उत्तराधिकार पर शुल्क, मकानों और जमीनों पर कर, खनिज कर, शराब, भंग, धतूरा आदि पर कर, बिक्री कर, बिजली से प्राप्त होने वाली आय, विज्ञापनों पर (अखबारों में छपने वाले विज्ञापनों के अतिरिक्त) कर, यात्री कर, कुछ सवारियों पर कर, चुंगी, विभिन्न पेशों पर कर, व्यापार, टिकटों का शुल्क, भोग की वस्तुओं तथा मनोविनोद पर कर।

संविधान की धारा 280 के अनुसार नवम्बर 1953 मे जो वित्त आयोग (फाइनान्स कमीशन) नियुक्त हुआ था, उस की सिफारिश इस प्रकार थी : (1) आयकर मे राज्यों का हिस्सा 50 प्रतिशत से बढ़ा कर 55 प्रतिशत कर दिया जाये। इस का 4/5वां भाग आबादी के आधार पर तथा शेष भाग आय कर सग्रह करने के आधार पर दिया जाये, (2) आबादी के आधार पर निम्न करों का 40 प्रतिशत राज्यो को मिले : तम्बाकू, दियासलाई, वनस्पति पदार्थ आदि पर आन्तरिक कर, (3) आसाम, बिहार, उड़ीसा और पश्चिमी बगाल के पटसन के निर्यात पर लगाये गये कर से प्राप्त होने वाली आय मे से राज्यो को अब की अपेक्षा अधिक हिस्सा दिया जाये तथा (4) जिन राज्यो को सहायता की अधिक आवश्यकता है, विशेषतः शिक्षा तथा विकास की दृष्टि से पिछड़े हुए राज्यों को, उन्हे अब की अपेक्षा अधिक सहायता दी जाये ।

इस के अतिरिक्त भाग 'क' तथा 'ख' के राज्यो के विकास के लिए यथेष्ट पूजी केन्द्रीय सरकार कर के रूप मे देती है। भाग 'ग' के राज्यो मे पूजी का प्रबन्ध केन्द्रीय सरकार के बजट से किया जाता है ।

**करों की जांच**

अप्रैल 1953 मे भारतीय करो की जाच करने के लिए एक कमीशन नियुक्त किया गया, जिस के अध्यक्ष डा० जान मथाई हे, तथा श्री बी० एल० मेहता, प्रोफेसर वी० के० आर० वी० राव, श्री के० आर० के० मेनन, श्री बी० वेंकटपैया तथा डाक्टर बी० के० मदान सदस्य हे। यह कमीशन इन बातो के सम्बन्ध मे जाच पड़ताल कर रहा है :

(1) विभिन्न राज्यो के विभिन्न व्यक्तियो पर केन्द्रीय तथा राज्यो के करो का बोझ किस तरह पडता है ?

(2) देश के विकास कार्यक्रम को ध्यान मे रख कर तथा आय और सम्पत्ति की विषमता को कम करने की दृष्टि से वर्तमान कर प्रथा कहा तक उपयुक्त है ?

(3) वर्तमान आय कर के विभिन्न दर्जों से देश की पूंजी-सग्राहकता तथा उत्पादक व्यवसायो के विकास पर कहा तक प्रभाव पडता है ?

(4) मुद्रा सकोच (डिफ्लेशन) तथा मुद्रा विस्तार (इन्फ्लेशन) की दशा मे सुधार करने के लिए करो का प्रयोग किस तरह किया जा सकता है ?

(5) वर्तमान कर प्रथा की पूरी छानबीन करना और नये करो के स्रोत तलाश करना ।

**केन्द्रीय व्यय**

केन्द्रीय बजट मे पिछले कुछ वर्षों से घाटा इस कारण हो रहा है कि देश को अपने विकास के कार्यक्रम के लिए बहुत अधिक नई पूजी लगाने की आवश्यकता है। इन कार्यक्रमो का उद्देश्य न सिर्फ युद्ध और विभाजन के आर्थिक दुष्परिणामो को दूर करना है, अपितु इन का सब से बडा उद्देश्य यह है कि देश के सम्पूर्ण प्राप्त और सम्भव साधनो मे इस हद तक देश की आर्थिक उन्नति कर ली जाये कि भारत भर मे कही बेकारी न रहे। 1953-54 के पूजी बजट मे 317·51 करोड रुपये की आय थी तथा 348·08 करोड़ रुपये का व्यय। इस से पहले वर्षों मे यह मद बहुत कम हुआ करती थी। विकास सम्बन्धी इन व्ययो की विस्तृत तालिकाएं अन्यत्र दी गई हं। विकास सम्बन्धी कुछ कार्यों के लिए नये ऋण जारी कर के धन सग्रह किया जा रहा हे। अप्रैल 1954 के अन्त मे राष्ट्रीय विकास ऋण नाम से एक नया ऋण जारी किया गया,

जिसमे जून 54' के अन्त तक 120 करोड रुपये से ऊपर रुपये एकत्र हो चुके है । इस उद्देश्य से कुछ विदेशी सरकारो से भी भारत को रुपया प्राप्त हो रहा है । भारत अपने पौण्ड पावने का रुपया भी इमी काम मे लगा रहा है ।

**राज्यों का व्यय**

राज्यो की आय का लगभग 50 प्रतिशत भाग विकास के कार्यों पर व्यय किया जा रहा है ।

**आय कर तथा जायदाद शुल्क**

तालिका सख्या 39 और 40 मे आय कर तथा जायदाद शुल्क की दरे दी गई है । इन मे बहुत सी छूटे भी दी जाती है । उदाहरण के लिए कृषि से प्राप्त होने वाली आय, ट्रस्टो तथा धार्मिक और दान सम्बन्धी संस्थाओ की आय, वह आय जो धार्मिक संस्थाओ को चन्दे द्वारा प्राप्त होती है, पूजी की आय, इनाम तथा वर्ग पहेली प्रतियोगिताओ मे प्राप्त होने वाली आय नौकरी छूट जाने की दशा मे प्राप्त होने वाली इकट्ठी राशि, कतिपय आय-कर मुक्त सरकारी ऋणो के सूद से प्राप्त होने वाली आय इत्यादि ।

जायदाद शुल्क के सम्बन्ध मे और भी अधिक छूटे दी गई है । यह कर केवल उसी दशा मे लगेगा, जब कि किसी व्यक्ति की मृत्यु हो जाने पर उस की जायदाद उस के उत्तराधिकारियो को मिलेगी । इस के अतिरिक्त ६ श्रेणियो की सम्पत्ति पर यह शुल्क नही लगेगा । इन के सम्बन्ध मे यह माना गया है कि यह मृत्यु के बाद हस्तान्तरित नही होती ।

## राष्ट्रीय ऋण

अविभक्त भारत मे 1938-39 मे केन्द्रीय सरकार का कुल ऐसा राष्ट्रीय ऋण जिस पर सरकार सूद देती थी, 1,205·76 करोड रुपये था, जो 1945-46 मे बढ कर 2,308·48 करोड रुपये हो गया । यह वृद्धि महायुद्ध के कारण हुई, तथापि यह वृद्धि तत्कालीन सरकार की उम्मीदो तथा समय की आवश्यकताओ के अनुसार नही थी । यही कारण है कि जहा इग्लैड और अमेरिका मे युद्ध का व्यय मुख्यत आन्तरिक ऋणों से पूरा किया गया, वहा भारत मे उसका व्यय बहुत अधिक नोट छाप कर पूरा किया गया । इसी तथ्य से यह ज्ञात हो जाता है कि भारत मे जो मुद्रा विस्तार हुआ, वह इग्लैड या अमेरिका के मुद्रा विस्तार की अपेक्षा अधिक आशकाए पैदा करने वाला क्यो था ? स्वाधीन भारत मे भारतीय जनता ऋणो के सम्बन्ध मे सरकार का साथ दे रही है, और मार्च 1953 तक ऋणो से प्राप्त राशि 2,646 करोड तक पहुच गई, जब कि 1947-48 मे यह केवल 2,181 89 करोड रुपये थी । 1952-53 में छोटी बचतों से प्राप्त आय मे 45 करोड की वृद्धि हुई तथा आन्तरिक सूदवाले दातव्यों में 28 करोड रुपये की वृद्धि हुई, उधर प्लवमान (फ्लोटिंग) कर्जों में 16 करोड़ की कमी हुई । हाल ही मे राष्ट्रीय विकास ऋण नाम से जो बडा ऋण जारी किया गया है, उस का देश मे हार्दिक स्वागत किया जा रहा है । इस ऋण का जिक्र पहले भी किया जा चुका है । तालिका सख्या 44 और 45 मे इन ऋणों की सख्या दी गई है ।

अगस्त 1952 मे बम्बई, मद्रास, उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बगाल की सरकारो ने क्रमश: रु० 3½ करोड़, 50 करोड, 2 करोड़ और 2 करोड रुपयो के ऋण जारी किए । ये सब ऋण 1964 मे अदा किये जायेंगे और इन पर 4 प्रतिशत सूद मिलेगा । बम्बई और पश्चिमी बगाल

के ऋण पूरी कीमत पर जारी किये गये, जब कि उत्तर प्रदेश में उनका प्रारम्भिक मूल्य 99-8-0 रु० और मद्रास मे 99-12-0 रु० था। उत्तर प्रदेश की सरकार ने 2 करोड़ का एक और ऋण भी जारी किया। ये सब ऋण बहुत शीघ्र खरीद लिये गये।

दिसम्बर 1947 के समझौते के अनुसार अविभाजित भारत के ऋणों मे भारत और पाकिस्तान के हिस्सों का भी निश्चय किया गया था। उस के अनुसार यह निश्चित हुआ था कि अविभक्त भारत के राष्ट्रीय ऋणो का पूरा जिम्मा भारत सरकार अपने पर ले ले, और पाकिस्तान सरकार अपने हिस्से का 300 करोड रुपया, 3 प्रतिशत सूद सहित, 50 वार्षिक किश्तो मे भारत को अदा करे। परन्तु अब तक पाकिस्तान सरकार ने एक भी किश्त भारत को नही दी है। इस सम्बन्ध मे बातचीत जारी है।

## मुद्रा तथा बैंकिंग

अपने आश्रितो का मिला कर भूमिरहित किसानो की सख्या भारत मे $4\frac{1}{2}$ करोड़ है । जमीदारी प्रथा समाप्त हो जाने से, खेती बाडी के इन मजदूरो को कोई लाभ नही हुआ, क्योकि उन्हे भूमि का कोई भाग प्राप्त नही हुआ । इन लोगो के कल्याण के लिए, 3, 4 वर्ष हुए, आचार्य विनोबा भावे ने भारत मे भूदान यज्ञ का प्रारम्भ किया था । इस आन्दोलन को देश के अधिकाश राजनीतिक, आर्थिक तथा सामाजिक दलो का समर्थन प्राप्त है और यह कहा जा सकता है कि गैरसरकारी कार्यो मे आचार्य विनोबा भावे का यह आन्दोलन सबसे बडा आन्दोलन है । इस आन्दोलन द्वारा भारत की सामाजिक कार्यशक्ति तथा त्याग की भावना को एक नया क्षेत्र और स्रोत प्राप्त हो गया है । इस आन्दोलन को पूर्णत सफल और क्रियात्मक बनाने के लिए राज्यो की सरकारो ने आवश्यक कानून पास कर दिए है, ताकि कोई कानूनी अडचन इस आन्दोलन के मार्ग मे खड़ी न हो सके । आचार्य विनोबा भावे ने यह अपील की थी कि अप्रैल 1954 तक उन्हे 25 लाख एकड भूमि इस यज्ञ के लिए प्राप्त हो जाये, परन्तु भारत मे आचार्य विनोबा भावे की यह पुकार इतनी बलवती सिद्ध हुई कि उन्हे इसी अवधि तक $27\frac{1}{2}$ लाख एकड भूमि प्राप्त हो गई । अप्रैल 1954 मे सर्वोदयपुरी मे आचार्य विनोबा भावे ने एक सर्वोदय सम्मेलन बुलाया था, जिसमे उनके 550 कार्यकर्त्ताओ के अतिरिक्त भारत के प्रधान मत्री भी सम्मिलित हुए थे । सितम्बर 1953 तक विभिन्न राज्यो मे भूदान यज्ञ मे प्राप्त होने वाली भूमि की सख्याए इस प्रकार थी :— बिहार 10,75,217 एकड, उत्तर प्रदेश 5,11,417 एकड, राजस्थान 2,17,886 एकड; और हैदराबाद 63,982 एकड । अब तक न सिर्फ उक्त राज्यो मे इस भूमि की मात्रा मे वृद्धि हुई है, बल्कि अन्य राज्यो मे भी भूदान यज्ञ मे भारतीय जनता उत्साह दिखाने लगी है ।

भूदान यज्ञ मे प्राप्त इस भूमि को कृषि योग्य बनाने तथा गरीब किसानो को आवश्यक साधन जुटाने के लिए आचार्य विनोबा भावे ने अब कूपदान तथा सम्पत्ति दान यज्ञ भी प्रारम्भ किये है ।

## भूमि कर

अग्रेजी राज्य के जमाने मे पश्चिमी बगाल, बिहार, आसाम, मद्रास, उडीसा और उत्तर प्रदेश मे स्थाई बन्दोबस्त की प्रथा विद्यमान थी । जमीदारी प्रथा की समाप्ति के साथ इसे भी समाप्त कर दिया गया । शेष भारत मे अस्थाई बन्दोबस्त की प्रथा थी । विभिन्न राज्यो मे विभिन्न ढगो से

भूमि कर निश्चित किया जाता है। अर्थात् समय समय पर लगान की दरों में आवश्यक परिवर्तन किए जाते हैं। बम्बई, मैसूर, हैदराबाद और बिहार में पहले अनुभव के आधार पर लगान निश्चित किया जाता है और महलवारी, रैयतवारी अथवा जमींदारी प्रथा वाले प्रदेशों में लगान की दर निश्चित है। पंजाब में यह 25 प्रतिशत, उत्तर प्रदेश में 40 प्रतिशत तथा मद्रास में 50 प्रतिशत है।

## भूस्वामित्व के आकार

भारत में औसतन एक भूमिहर किसान के पास 5 एकड़ भूमि है। बम्बई में यह अनुपात 11.7 एकड़, पंजाब में 10 एकड़, उत्तर प्रदेश में 6 एकड़, बंगाल में 4.5 एकड़, मद्रास में 4.4 एकड़ तथा हैदराबाद में 12 एकड़ है। यह ध्यान रखने योग्य बात है कि अधिकांश किसानों के पास औसत से बहुत कम भूमि है। मद्रास, बिहार और पश्चिमी बंगाल में 1949–50 में एक कृषि श्रम सम्बन्धी जांच-पड़ताल की गई थी। उसके अनुसार इन राज्यों में अधिकांश किसानों के पास 2 एकड़ से भी कम भूमि है। इसका परिणाम यह हुआ है कि भूमि इतने छोटे छोटे भागों में बंट गई है कि इस पर अच्छी तरह खेती बाड़ी नहीं की जा सकती। यहां तक कि पशु तथा खेती बाड़ी का सामान भी बहुत अल्प मात्रा में बंट जाता है और उनसे यथेष्ट लाभ नहीं उठाया जा सकता।

1912 में भारत में इस तरह के प्रयत्न आरम्भ किए गए कि भूमि का यह विभाजन अब और अधिक न बढ़ने पावे। इस कार्य के लिए सहकारी समितियों से सहायता ली गई। इस सम्बन्ध में सबसे अधिक कार्य पंजाब में हुआ। वहां 1950-51 में 361 सहकारी समितियां थीं और उनकी सदस्य संख्या 1,86,057 थी। इन सहकारी समितियों के पास कुल मिला कर 7,07,000 एकड़ भूमि थी और एकीकरण विभाग की ओर से 3,50,000 एकड़ भूमि एकत्र की गई। सहकारिता आन्दोलन की उन्नति की रफ्तार इस कारण बहुत अधिक नहीं है कि सरकार इस सम्बन्ध में जबर-दस्ती नहीं करना चाहती। यह प्रयत्न किया जा रहा है कि लोगों को समझा बुझा कर इस कार्य के लिए प्रेरित किया जाए। कुछ राज्यों में कानून बना कर सहकारी प्रथा जारी की जा रही है। इस सम्बन्ध में सबसे पहला कानून 1928 में मध्य प्रदेश सरकार ने पास किया, उसके बाद कुछ अन्य राज्यों में भी इस सम्बन्ध में कानून पास किए गए: उत्तर प्रदेश (1939), बम्बई (1947), पंजाब (1936 और 1948), दिल्ली (1936 और 1948), जम्मू और काश्मीर (1996 विक्रमी), तथा पेप्सू (2007 विक्रमी)।

सहकारी खेती को भी संगठित करने का प्रयत्न किया जा रहा है। इस कार्य को प्रोत्साहन देने के लिए सरकार आर्थिक तथा टेक्निकल सहायता देती है। नए विकसित होने वाले प्रदेशों में वह कुछ भूमि भी देती है। लगान में भी कुछ रियायत दी जाती है। आसाम, बम्बई, उत्तर प्रदेश और हैदराबाद में इस आशय के कानून बना दिए गए हैं कि एक निश्चित परिमाण से कम भूमि वाले कुछ निर्दिष्ट किसानों को सहकारी समितियों द्वारा खेती बाड़ी करनी होगी। इस समय बम्बई में 326 सहकारी कृषि समितियां हैं तथा उत्तर प्रदेश में 52। 1951–52 में पंजाब में इस तरह की समितियों की संख्या 194 थी और मद्रास में 41।

पिछले वर्षों में सरकार की भूमि सम्बन्धी नीति का संचालन ये दो उद्देश्य ध्यान में रख कर किया गया है: (1) भूमि और अधिक हिस्सों में न बटने पाए, साथ ही (2) भूमि कुछ ही व्यक्तियों के पास जमा न हो जाये। बहुत से राज्यों में, उदाहरण के लिए आसाम, उत्तर प्रदेश,

मध्यभारत, जम्मू और काश्मीर, बम्बई, पजाब और पेप्सू मे, कम से कम भूमि और अधिक से अधिक भूमि की मात्रा निश्चित कर दी गई है या की जा रही है ।

## कृषि के साधन तथा संगठन

भारत मे किसानो तथा उन पर आश्रित व्यक्तियो की सख्या 24,90,00,000 है । इसमे से दो तिहाई किसान स्वय भूमि के मालिक है, 13 प्रतिशत काश्तकार है और 18 प्रतिशत भूमि-रहित किसान मजदूर । खेतीबाडी का काम न करने वाले मज़दूरो की सख्या लगभग 2 प्रतिशत है । ये लोग या तो अपनी भूमि काश्तकारो को दे देते है और या काश्तकारो को बंटाई पर देते है । कुछ ज़मींदार मज़दूरो द्वारा खेती कराते है । काश्तकारो और भूमिरहित किसान मजदूरो की दशा सुधारने के लिए विभिन्न राज्यों मे समय समय पर कुछ न कुछ नियम बनाए जाते रहे है, परन्तु अभी तक उन्हे बहुत लाभ नही पहुचा । इस तरह का एक कानून बम्बई का 1948 का टैनेन्सी तथा कृषि भूमि कानून था । इस ढग का कानून हैदराबाद, मैसूर और सौराष्ट्र मे भी बनाया गया है । उत्तर प्रदेश मे जमीदारी प्रथा को समाप्त करने का कानून बनाया गया है । भूमिरहित किसान मजदूरो को कम से कम क्या वेतन दिया जाये, इस सम्बन्ध मे भी जाच पडताल की गई, और पजाब, दिल्ली, कच्छ, बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश, अजमेर तथा बिहार के पटना जिले मे उनके लिए कम से कम वेतन नियत कर दिया गया ।

1949-50 मे भारत मे 26,60,00,000 एकड भूमि पर कृषि की गई थी । इस हिसाब से प्रत्येक कृषिजीवी भारतीय के पीछे एक एकड से कुछ ही अधिक भूमि आती है । इन परिस्थितियों में गहरी खेती से लाभ हो सकता है, परन्तु उसके लिए जितना पानी और खाद आदि चाहिए, वह यथेष्ट मात्रा मे उपलब्ध नही है । इसीलिए पचवर्षीय आयोजना के अनुसार सिंचाई के साधन बढाए जा रहे है । हाल ही मे सिन्द्री मे वैज्ञानिक खादो का जो कारखाना खोला गया है, उससे खाद की कमी दूर होने मे बहुत सहायता मिल रही है ।

भारत के किसान पुराने ढग के और स्थानीय कारीगरो द्वारा बनाए गए औज़ारो से खेती बाडी का काम लेते है । हाल ही मे बहुत अच्छे ढग के हल और सुहागा, चारा काटने की मशीनें, गन्ने से रस निकालने की मशीने पानी खीचने वाले नल आदि बनाने का प्रयत्न शुरू किया गया है । कुछ राज्यो मे ट्रैक्टरो से भी खेतीबाडी करने की कोशिश हो रही है ।

## उपज

भारतीय कृषि उत्पादन के दो महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यहा बहुत तरह की चीजे उत्पन्न होती है तथा उपज मे खाने की वस्तुओं का प्राधान्य रहता है । गरम, समशीतोष्ण अथवा तराई वाले क्षेत्रो की शायद ही कोई ऐसी उपज हो, जो इस देश मे पैदा न होती हो । कुल कृषित भूमि के 85 प्रतिशत भाग पर खाने-पीने की वस्तुए बोई जाती है ।

देश की मुख्य उपजों को दो मुख्य भागो मे बाटा जा सकता है: (1) खरीफ (2) रबी । खरीफ की उपजो मे मुख्यत चावल, ज्वार, बाजरा, मक्की, रूई, गन्ना तथा मूगफली आदि होती है, और रबी की फसलो मे मुख्यतः गेहू, जौ, चना, तिलहन, सरसो आदि ।

उपज की दृष्टि से भारत का औसत प्रतिवर्ग एकड काफी कम है । इसके मुख्य कारण है, सिंचाई के साधनो की कमी, वर्षा की कमी, बाढे तथा कृषि नाशक बीमारिया ।

## तालिका 61

**जोता बोया गया क्षेत्र**

(हज़ार एकड़ो मे)

| वर्ष | अन्न की मुख्य फसले | | | | | | | | अन्य मुख्य फसले | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | चावल | गेहू | अन्य अन्न | चना | मूगफली | गन्ना | चाय | कहवा | रूई | पटसन | अन्य तिलहन | तमाखू | रबर |
| 1947 | 64,692 | 25,007 | 89,159 | 16,971 | 10,267 | 3,528 | 765 | 212 | 11.671 | 652 | 12,652 | 845 | 159 |
| 1948 | 64,415 | 20,843 | 86,943 | 19,336 | 10,079 | 4,056 | 768 | 215 | 10,655 | 841 | 13,986 | 827 | 162 |
| 1949 | 72 485 | 22,342 | 91,976 | 20,497 | 9,165 | 3,752 | 712 | 218 | 11,293 | 1,163 | 14.421 | 803 | 168 |
| 1950 | 75.414 | 24,114 | 95.969 | 20.497 | 9,832 | 3,624 | 777 | 223 | 12,173 | 1,454 | 15,053 | 860 | 171 |
| 1951 | 75,975 | 24,134 | 92,930 | 18,709 | 11,130 | 4 214 | — | 224 | 14,556 | 1,951 | 15.551 | 902 | 171 |
| 1952 | 73 665 | 23,450 | 95 124 | 16,857 | 11,798 | 4,792 | — | — | 16,198 | 1,834 | 16.590 | 712 | 173 |
| 1953 | 74,674 | 24,041 | 1.01.081 | 17,267 | 11,862 | 4,376 | — | — | 15.678 | -- | 15.649 | 798 | — |

## तालिका 62

### मुख्य फसलों का उत्पादन

| वर्ष | अन्न की फसलें | | | | | | | | अन्य फसलें | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | चावल (हजार टन) | गेहू (हजार टन) | अन्य अन्न (हजार टन) | चना (हजार टन) | मूगफली (हजार टन) | गन्ना, कच्ची खाड, गुड (हजार टन) | चाय (लाख पौड) | कहवा (लाख पौड) | रूई (हजार गाठे) | पटसन (400 पौड की हजार गाठे) | तिलहन (हजार टन) | तमाबू (हजार टन) | रबर (लाख पौड) |
| 1947 | 21,669 | 4.971 | 15.904 | 3.599 | 3.588 | 4 913 | 5,620 | 410 | 2,168 | 1,658 | 1,560 | 270 | 370 |
| 1948 | 21,247 | 5,570 | 16,924 | 4,503 | 3.411 | 5.817 | 5,760 | 350 | 2 188 | 2,055 | 1.706 | 234 | 350 |
| 1949 | 22.597 | 5,650 | 15,067 | 4.535 | 2,901 | 4.869 | 5.850 | 350 | 1 767 | 3 089 | 1 601 | 255 | 350 |
| 1950 | 23,170 | 6,290 | 16,558 | 3,667 | 3.379 | 4 938 | 6,070 | 480 | 2 628 | 3,301 | 1,763 | 264 | 350 |
| 1951 | 20,295 | 6.374 | 15,117 | 3,593 | 3.437 | 5,616 | — | 540 | 2 971 | 4,678 | 1,666 | 263 | 380 |
| 1952 | 20,741 | 6,039 | 15,650 | 3,293 | 3,045 | 6 068 | — | — | 3,133 | 4,695 | 1,775 | 205 | 440 |
| 1953 | 23.424 | 6,762 | 17,398 | 3.771 | 2,894 | 5,260 | — | — | 3,050 | — | 1,741 | 205 | — |

1951-52 में बिहार, पूर्व उत्तर प्रदेश, सौराष्ट्र तथा आंध्र के रायलसीमा जिले मे खाद्यान्नो की न्यूनता की परिस्थिति के कारण उपज अधिक नही बढाई जा सकी। परन्तु 1952-53 में खरीफ की उपज मे 60 लाख एकड (कुल भूमि का 5 5 प्रतिशत) भूमि की वृद्धि की गई। उपज मे वृद्धि स्वभावत. इस अनुपात से तो नही हुई, परन्तु कुछ न कुछ अवश्य हुई । ज्वार, बाजरा, मक्का आदि की उपज जिस हिसाब से बढी, उसका परिचय निम्नलिखित तालिका मे मिलेगा ।

## तालिका 63

| फसल | उत्पादन (लाख टन) 1951-52 | 1952-53 | वे राज्य जिन के आकड़े इस मे सम्मिलित नही |
|---|---|---|---|
| चावल . . . | 155 | 163 | बिहार, उडीसा, जम्मू और काश्मीर और तिरुवाकुर-कोचीन |
| ज्वार . . | 34 | 36 | बम्बई, पंजाब, मद्रास और राजस्थान |
| बाजरा . . . | 17 | 18 | बम्बई, पजाब और पेप्सू |
| मक्का . . . | 15 | 17 | पजाब, पेप्सू, राजस्थान और जम्मू और काश्मीर |

1951-52 मे गन्ना पहले की अपेक्षा अधिक भूमि मे बोया गया, और उस की उपज मे 3 लाख टन की वृद्धि हुई। 1952-53 में उस मे कुछ कमी आई। इस वर्ष तिलहन की उपज, आबोहवा की कुछ प्रतिकूल परिस्थितियो के कारण गत वर्ष की अपेक्षा कुछ कम हुई ।

परन्तु रूई और पटसन की उपज में काफी वृद्धि हुई। इसका परिचय निम्नलिखित तालिका से मिलेगा। रूई की उपज मे 1952-53 मे थोडी सी कमी आई। उसका कारण आबोहवा सम्बन्धी विपरीत परिस्थितियो का होना था ।

## तालिका 64

| वर्ष | रूई (लाख गाठे– प्रति गाठ 392 पौड) | पटसन (प्रति गाठ 400 पौड) (लाख गाठे) |
|---|---|---|
| 1948-49 . . | 17·7 | 20·6 |
| 1949-50 . . | 26·3 | 30·9 |
| 1950-51 . . | 29·7 | 33·0 |
| 1951-52 . . | 31·3 | 46·8 |
| 1952-53 . . | 30·5 | 46·9 |

## "अधिक अन्न उपजाओ" आन्दोलन

भारत मुख्यतः कृषिप्रधान देश हे, फिर भी पिछले कुछ वर्षों से वह अपनी आबादी के लिये पर्याप्त अन्न पैदा नही कर पा रहा था। इस सदी की चौथी दशाब्दी के मध्य में अन्नों की उपज से आबादी की वृद्धि की रफ्तार अधिक बढ़ गई। 1937 में बर्मा भारत से पृथक हो गया। बर्मा से बहुत सा चावल भारत आया करता था। अन्न की यह कमी इतनी बढ़ती गई कि 1943 में बंगाल में अत्यन्त भयंकर अकाल पडा। उस के 4 वर्षों के बाद देश का विभाजन हुआ और पंजाब तथा सिध के उपजाऊ इलाके, जहा नहरो से खेती बाड़ी की सिचाई होती थी, तथा पूर्वी बगाल की उपजाऊ नीची भूमिया पाकिस्तान को मिली। इस का परिणाम यह हुआ कि भारत मे न सिर्फ खाद्यान्नो की कमी हो गई, अपितु पटसन और रूई की भी असाधारण कमी हो गई ।

बगाल के अकाल के दिनों में, अर्थात् 1943 में, "अधिक अन्न उपजाओ" आन्दोलन का प्रारम्भ किया गया था। पिछले 4 वर्षों मे इस कार्य के लिये केन्द्र तथा राज्यों की सरकारे किसानो को आर्थिक सहायता तथा कर्ज देती रही। आजकल केन्द्रीय सरकार केवल कुछ विशेष कार्यक्रमों के लिये ही आर्थिक सहायता दे रही है। इस आन्दोलन के अधीन दो तरह की योजनाये चल रही हैं : (1) नए कार्य तथा (2) आवश्यक पूर्ति के कार्य। पहली योजना के अन्तर्गत, कुएं, तालाब, छोटे बाध, नालिया, ट्यूबवैल और पानी के नलके इत्यादि का निर्माण और मरम्मत हो रही हैं। इसी योजना के अन्तर्गत बेकार पडी हुई भूमि को कृषि योग्य बनाया जा रहा है। दूसरी योजना के अन्तर्गत किसानो को अच्छे बीज तथा खाद आदि बाटे जाते हैं। 1951-52 मे इस सम्बन्ध मे यह निश्चय किया गया कि कार्यक्षेत्र का विस्तार करने की अपेक्षा उत्तम वैज्ञानिक ढग से काम करना अधिक अच्छा रहेगा।

उपर्युक्त कार्यक्रम के अतिरिक्त 1950-51 मे एक सयुक्त उत्पादन कार्यक्रम भी बनाया गया, जिसका उद्देश्य अन्न, रूई, पटसन और चीनी के उत्पादन मे आत्मनिर्भरता प्राप्त करना था। बाद में यह कार्यक्रम पंचवर्षीय कार्यक्रम मे सम्मिलित कर लिया गया और अब भूमि-सुधार के सम्बन्ध मे एक दस-वर्षीय योजना भी बन चुकी है। इस सम्बन्ध मे राज्यों को जो सहायता दी जा रही है, वह "अधिक अन्न उपजाओ" आन्दोलन के अन्तर्गत है। "अधिक अन्न उपजाओ" आन्दोलन का संचालन अब निम्नलिखित नीति के अनुसार हो रहा है

(1) उत्पादन की ऐसी योजनाओ पर अधिक बल दिया जाये, जो स्थायी महत्व की हो, जैसे सिचाई तथा भूमि विकास कार्य आदि ;

(2) ट्यूबवैलो के निर्माण पर विशेष बल दिया जाये ;

(3) अच्छे बीज, खाद, रासायनिक खाद, आदि विशेषत: ऐसे भागो मे दिए जाये जहा सिचाई की निश्चित व्यवस्था हो अथवा यथेष्ट वर्षा की संभावना हो ;

(4) पशु-पालन, मछली उद्योग तथा बागबानी की योजनाओ को विशेष सहायता दी जाये ; और

(5) यह सिद्धान्त बरता जाये कि केन्द्र की सहायता जहा तक सम्भव हो, कर्ज के रूप मे दी जाये ।

कृषि विकास के लिये विभिन्न राज्यो मे 1951-52 में 20,60,00,000 रुपये खर्च किये गये तथा 1952-53 मे 22,30,00,000 रुपये। इस राशि मे से केन्द्रीय सरकार ने 1951-52 मे 17,40,00,000 रुपये दिये (जिसमे से 10,40,00,000 रुपये कर्ज के रूप मे और 7 करोड अनुदान के रूप मे दिये गये) तथा 1952-53 मे 21 करोड रुपये (जिस मे से 14,50,00,000 कर्ज के रूप मे थे और 6,50,00,000 रुपये अनुदान के रूप में) दिए। केन्द्रीय सहायता जिस रूप मे प्राप्त हुई, उसे इस तालिका में देखिये —

## तालिका 65

(करोड रुपयो मे)

| योजना | 1951-52 | | 1952-53 | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि रु० | प्रतिशत | राशि रु० | प्रतिशत |
| सिचाई . . . | 10·9 | 62 | 13·7 | 65 |
| भूमि सुधार . . . | 1·5 | 9 | 1·6 | 8 |
| बीज, खाद और उर्वरक . | 2·7 | 16 | 3·3 | 16 |
| अन्य योजनाए (पौधा-सरक्षण आदि) . . | 2·3 | 13 | 2·4 | 11 |
| योग . . | 17·4 | 100 | 21·0 | 100 |

**सिंचाई के छोटे कार्यक्रम**

1951-52 तथा 1952-53 मे केन्द्र ने राज्यो को जो सहायता दी, उसका 60 प्रतिशत सिचाई के छोटे कार्यक्रमो के लिये था, यथा कुआं और तालाबो की मरम्मत और निर्माण, नलके, बाध तथा नालियो का निर्माण और सुधार आदि। परिणाम यह हुआ कि 1951-52 मे 20,50,000 एकड नई भूमि की सिचाई होने लगी।

## तालिका 66

(लाख एकड)

| योजना | पाच वर्षो के लिये लक्ष्य | 1951-52 मे सीची गई अतिरिक्त भूमि |
|---|---|---|
| 1. कुआ बनाना और उनकी मरम्मत . | 16 .5 | 3 .6 |
| 2 ट्यूब वेल्स . . | 6 .6 | 1 .4 |
| 3. पम्प लगाना, जिन मे रहट भी सम्मिलित है . | 7 .5 | 3·4 |
| 4 बाध, नालियां आदि . | 52·2 | 12·1 |
| योग . . | 82·8 | 20·5 |

1951-52 मे उत्तर प्रदेश में 8,687, मद्रास मे 7,288, मध्य भारत में 3,297 और पंजाब में 2,001 नए कुए खोदे गये या उनकी मरम्मत की गई।

शक्ति और तेल से चलने वाले नलके बहुत लोकप्रिय होते जा रहे है। 1951-52 में उनकी संख्या में जो वृद्धि हुई है, वह निम्न तालिका से पता चलेगी :

तालिका 67

| राज्य | किसानों को दिये गये एंजिन और पम्प |
|---|---|
| मद्रास | |
| (क) तेल से चलने वाले एंजिन . . . | 833 |
| (ख) बिजली से चलने वाले एंजिन . | 156 |
| मध्य प्रदेश . . . . | 138 |
| पश्चिमी बगाल . . . . | 310 |
| पंजाब . . . . . | 76 |
| हैदराबाद . . . . | 842 |
| मध्य भारत . . . . | 286 |
| योग . . . | 2,641 |

इसके अतिरिक्त मद्रास तथा उत्तर प्रदेश के कृषि विभाग ने क्रमशः 200 और 739 पम्पिग सेट लगाए, जिन से निजी खेतो को पानी दिया जाता है। बम्बई मे यह काम सहकारी समितियों द्वारा हो रहा है और वहा इस उद्देश्य के लिये 250 के लगभग समितियां बनी हुई है।

भारत अमेरिका टैक्निकल सहायता कार्यक्रम के अनुसार जो 2,650 नए ट्यूबवैल लगाने की योजना बनाई गई है, उस के लिये पचवर्षीय कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय किये जाने वाले 30 करोड़ रुपये की राशि मे से काफी बड़ी मात्रा लगाई जा रही है। ये ट्यूबवैल बिहार, उत्तरप्रदेश, पजाब और पेप्सू में लगाए जा रहे है।

नए ट्यूबवैल लगाने के सम्बन्ध मे कुछ राज्यो की योजना निम्नलिखित तालिका मे दिखाई गई है—

तालिका 68

| राज्य | लगाये जाने वाले ट्यूबवैलो की सख्या | लगाये गये ट्यूबवैलो की संख्या |
|---|---|---|
| उत्तर प्रदेश . . . . | 440 | 221 |
| पजाब . . . . . | 225 | 138 |
| बिहार . . . . . | 300 | 96 |
| बम्बई . . . . . | 400 | 26 |
| योग . . . | 1,365 | 481 |

पूर्वी तथा दक्षिणी भारत में तालाबों की मरम्मत तथा नालियों का निर्माण आदि कार्य ज़ोरशोर से जारी है। 1951-52 में पश्चिमी बंगाल में इस तरह के 975 कार्य किए गए और उन पर 27,42,000 रुपये खर्च किये गये। इसके अतिरिक्त 22,50,000 रुपये तालाबों की

मरम्मत पर व्यय हुए । आसाम मे 36,51,000 रुपये व्यय कर के इस तरह के 650 कार्य किये गये । उत्तर प्रदेश मे नालियो पर 12 लाख रुपये खर्च हुए और उससे 9,700 एकड भूमि को लाभ पहुचा । मद्रास मे 1,62,00,000 रुपये तालाबो पर खर्च किए गए और 1,34,00,000 रुपये सिचाई के अन्य छोटे कार्यक्रमो पर ।

### भूमि का उद्धार तथा विकास

1947 मे अमेरिकन सेना द्वारा छोडे गये 200 ट्रैक्टरो के साथ भारत मे केन्द्रीय ट्रैक्टर सगठन का प्रारम्भ किया गया था । तब से अब तक इस सगठन ने इस देश मे एशिया के कुछ सब से बडे भूमिसुधार कार्य किये है । इस सगठन ने कास तथा गहरी व घनी झाडियो से भरे हुए जगलो को साफ किया है, तथा वृक्षो को गिरा कर कृषि के लिये भूमि प्राप्त की है । 1951 मे इस सगठन के लिये 250 नए ट्रैक्टर खरीदे गये थे और इस कार्य के लिये भारत सरकार को अन्तर्राष्ट्रीय बैंक से कर्ज मिला था । 1952 तक निम्नलिखित भूमि का कृषि के लिये उद्धार किया गया--

| वर्ष | एकड प्राप्त भूमि |
|---|---|
| 1948-49 | 71,497 |
| 1949-50 | 79,346 |
| 1950-51 | 2,81,962 |
| 1951-52 | 1,55,367 |

उक्त सगठन के अतिरिक्त कतिपय राज्यो की सरकारो ने भी इसी तरह के सगठन बना रखे है । ये सगठन निजी कृषिको को भूमि की सिचाई तथा जुताई आदि मे सहायता देते है । इस सम्बन्ध की विस्तृत सख्याये निम्नलिखित तालिका मे देखिये--

## तालिका 69

| राज्य | ट्रैक्टर सख्या |
|---|---|
| मद्रास | 299 |
| बम्बई | 256 |
| उत्तर प्रदेश | 492 |
| पजाब | 89 |
| मध्य प्रदेश | 100 |
| आसाम | 40 |
| हैदराबाद | 51 |
| मध्य भारत | 27 |

### भूमि की सुरक्षा

पचवर्षीय योजना मे 2 करोड रुपये भूमि की सुरक्षा के लिये रखे गये है । जोधपुर मे राजस्थान के रेगिस्तान की वृद्धि को रोकने के लिये एक अनुसन्धान संस्था भी खोली गई है । देहरा-

दून मे जगल अनुसन्धान सस्था (फौरेस्ट रिसर्च इन्स्टीच्यूट) के अधीन भूमि सुरक्षा अनुसन्धान सम्बन्धी शाखा भी खोली गई है ।

इसी उद्देश्य से भूमि के किनारे बनाने का कार्य भी जोरशोर से जारी है । बम्बई मे 1951-52 मे 30 लाख रुपये के व्यय से 50 हजार एकड के किनारे बनाये गये थे, ताकि वह भूमि बिखरने न पाये । उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश मे क्रमश 6,67,000 तथा 10,00,000 रुपये के व्यय से 6,300 तथा 10,000 एकड भूमि सीमा-निर्माण तथा बाधो द्वारा सुरक्षित की गई ।

## पशु पालन

1951 की गणना के अनुसार भारत मे 15,50,00,000 गाय, बैल आदि, 4,30,00,000 भैसे और 3,90,00,000 भेडे थी । भारत मे कृषि का सब से बडा और महत्वपूर्ण साधन बैल है, तथा देश की अधिकाश जनता के भोजन मे दूध और उस से उत्पन्न होने वाले पदार्थो का बहुत अधिक महत्वपूर्ण स्थान है । 3,90,00,000 भेडो मे भारत को यथेष्ट ऊन प्राप्त होती है । (भारत मे बकरियो की सख्या भी 4,70,00,000 है) । भारत की पशु सख्या के लिये निम्नलिखित तालिका देखिये —

### तालिका 70 (क)

(हजारो मे)

| पशु | 1940 | 1945 | 1951 |
|---|---|---|---|
| गाय बैल | 1,37,929 | 1,36,739 | 1,55,099 (ख) |
| भैस | 40,125 | 40,732 | 43.351 |
| भेड | 41,506 | 37,728 | 38,829 |
| बकरिया . | 50,253 | 46,302 | 47,077 |
| घोडे और टट्टू | 1,780 | 1,398 | 1,514 |
| खच्चर . | 50 | 45 | 60 |
| गधे | 1,186 | 1,131 | 1,239 |
| ऊट . | 617 | 656 | 629 |
| सुअर . | 2,702 | 3,709 | 4,420 |
| योग . . | 2,76,148 | 2,68,440 | 2,92,218 |
| मुर्गीपालन | | | |
| चिडिया . . . | 55,062 | 54,666 | 67,135 |
| बत्तखे . . . | 2,346 | 3,581 | 6,264 |

(क) 1940 और 1945 के आकडे भिन्न है, क्योकि दोनो जनगणनाओ मे भाग लेने वाले राज्यो की सख्या एक समान नही थी ।

(ख) इनमे 1,000 ऐसे पशु भी सम्मिलित है, जिन का विवरण अप्राप्य है ।

भारत मे सब से अच्छी गाय पजाब के साहीवाल और सौराष्ट्र के गीर मे होती है। सब से अच्छे बैल पजाब के हिसार (हरियाना) और हासी मे, मद्रास के नैलोर और कगायम मे मैसूर के अमृतमहल मे, गुजरात के कगरेज मे, उत्तर प्रदेश के खेरीगढ मे तथा बम्बई के डागी और नीमार मे होते है। दूध के लिये कगरेज और गीर प्रसिद्ध है। सब मे अच्छी भैसो के लिये पजाब का मुर्रा, सौराष्ट्र के जफराबाद और बम्बई के मेहसाना, सूरत और पढरपुर प्रसिद्ध है।

भारत के पशु बहुत अच्छे किस्म के नही होते, क्योकि उनकी नस्ल तथा भोजन पर विशेष ध्यान नही दिया जाता। इस देश मे एक गाय एक वर्ष मे औसतन 413 पौड दूध देती है, जोकि ससार मे सब से न्यून मात्रा है। अधिकाश देशो मे यह मात्रा 2,000 मे 7,000 पौड तक है।

## सुधार की योजनाएं

पचवर्षीय आयोजना के अन्तर्गत पशुओ के सुधार के सम्बन्ध मे कुछ योजनाए बनाई गई है जो निम्नलिखित है—

### 1. केन्द्र ग्राम योजना

इस योजना के अन्तर्गत भारत भर मे ऐसे गाव चुन लिये जायेगे, जिनमे पशुओ की नस्ल सुधारने के लिये कुछ साड रखे जा सके। यथेष्ट मात्रा मे साड नही मिल पाते, इसलिये गायो के वैज्ञानिक गर्भाधान का प्रबन्ध भी किया जा रहा है। 1951-52 मे यह योजना प्रारम्भ की गई थी और एक ही वर्ष मे इस तरह के 96 केन्द्र खोले गये। पचवर्षीय आयोजना के अन्तर्गत इस तरह के 600 केन्द्र ग्राम तथा 150 वैज्ञानिक गर्भाधान केन्द्र खोलने का इरादा है।

### 2. गो-सदन

जहा मुख्य ग्राम योजनाओ का उद्देश्य पशुओ की नस्ल मे सुधार करना है, वहा गो-सदन का उद्देश्य वर्तमान पशुओ, विशेषत गायो की देखभाल करना तथा बेकार के पशुओ का पथकीकरण करना है। योजना के अन्तर्गत 160 गो-सदन बनाए जायेगे।

गउओ की नस्ल सुधारने के लिये 1952 मे केन्द्रीय सरकार ने एक केन्द्रीय गौसवर्धन समिति भी बनाई थी।

दिल्ली की भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् ने अच्छा दूध देने की एक प्रारम्भिक योजना जारी की हुई है, जिसके अनुसार वैज्ञानिक रीति से दूध को शुद्ध कर के 40 केन्द्रो द्वारा नई और पुरानी दिल्ली मे बाटा जाता है।

### 3. पशुओं का बीमारी से बचाव

भारत मे पशुओ की मृत्यु जिन रोगो से होती है, उनमे रिडरपैस्ट सब से बुरी और भयानक बीमारी है। इस बीमारी को दूर करने के लिये आइजटनगर मे टीके का एक बडा कारखाना खोला गया है। इस के लिये यथेष्ट साधन वहा एकत्र कर लिये गये है।

## जंगलात

देश के आर्थिक जीवन मे जगल का बहुत महत्वपूर्ण स्थान है । उनसे जलाने की लकड़ी तथा इमारती लकड़ी के अतिरिक्त बास, घास, लाख, गोद, बरोजा, रग आदि उपयोगी और लाभदायक चीजे प्राप्त होती है । पृथ्वी की उपजाऊ शक्ति को सुरक्षित रखने और उसे फटाव से रोकने मे जंगल बडा महत्वपूर्ण भाग लेते है । जगल पशुओ के लिये चरागाह का काम भी देते है । 1894 मे भारतीय जगलो के सम्बन्ध मे तत्कालीन सरकार ने एक अस्पष्ट सी नीति का सूत्रपात किया था । 1951 मे स्वतंत्र भारत मे जगलो के सम्बन्ध मे एक व्यापक राष्ट्रीय नीति का निर्माण किया गया ।

### जंगलों का क्षेत्रफल

भारतीय जगलो का कुल क्षेत्रफल 2,65,932 वर्गमील है, जो देश की कुल भूमि का 21 प्रतिशत भाग है । ससार के अन्य अधिकाश देशो की तुलना मे यह अनुपात कम है । इस कारण 12 मई 1952 के जगल नीति सम्बन्धी प्रस्ताव के अनुसार यह निश्चय किया गया कि देश के एक तिहाई भाग पर जगल लगाये जाये । हिमालय, दक्कन तथा अन्य पहाडी क्षेत्रो मे यह अनुपात 60 प्रतिशत रहेगा, तथा मैदानो में 20 प्रतिशत । पचवर्षीय योजना मे 4 करोड एकड़ जमीदारी जगलो को विकसित करने का कार्यक्रम सम्मिलित है । यह कार्य राज्यो की सरकारो के अधीन है । जगल के विकास के लिये निम्नलिखित साधन बरते जायेगे :—

(1) युद्ध के दिनो मे जो जगल काटे गये थे, उनका पुनरुद्धार ;
(2) जिन भूमियो मे बडे-बड़े दरार पड गये है, उन मे जगल बोना ,
(3) जगल की सडको का विकास ;
(4) इंधन की कमी दूर करने के लिये गावो के नजदीक छोटे जगलो का विकास; तथा
(5) देश मे नए-नए और उपयोगी किस्म के वृक्ष लगाने का प्रयत्न करना ।

1949-50 मे देश मे जगल के क्षेत्र इस प्रकार थे :—

| | (वर्ग मीलो मे) |
|---|---|
| (1) भारत का भौगोलिक क्षेत्रफल | 12,66,890 |
| (2) देश मे जगलो का क्षेत्रफल | 2,65,932 |
| **(क) स्वामित्व** | |
| (1) सरकारी जगल विभाग के अधीन | 2,05,272 |
| (2) सहकारी संस्थाओ के अधीन | 850 |
| (3) व्यक्तिगत सम्पत्ति | 59,810 |
| **(ख) जंगलों की किस्में** | |
| (1) व्यापारोपयोगी | 1,55,136 |
| (2) अशक्य प्रवेश | 54,353 |
| (3) जिसके बारे मे सूचना प्राप्त नहीं | 2,56,443 |

**(ग) कानूनी स्थिति**

| | |
|---|---|
| (1) सुरक्षित (रिजर्व) | 1,23,665 |
| (2) रक्षित (प्रोटेक्टेड) | 37,944 |
| (3) जिसका वर्गीकरण नहीं हुआ | 87,371 |
| (4) जिसके बारे में सूचना प्राप्त नही | 16,952 |

**(घ) रचना**

| | |
|---|---|
| (1) देवदार वर्ग के | 13,983 |
| (2) साल | 40,932 |
| (3) सागौन (टीक) | 16,874 |
| (4) विविध | 1,47,898 |
| (5) जिसके बारे में सूचना प्राप्त नही है | 46,245 |

**जंगलों की उपज**

युद्ध के दिनो में जंगलों का उपयोग काफी निर्दयता के साथ किया गया था। परिणाम यह हुआ कि बहुत से जंगल नष्ट हो गये। अब जंगलों के पुनर्निर्माण की दृष्टि से प्रति वर्ष 18 लाख टन लकड़ी कम काटी जा रही है।

उत्तरी अदमान के जंगलों से 7,500 टन लकड़ी भारत में लाई गई। यह भी ज्ञात हुआ है कि नीकोबार द्वीपसमूह से भारत को 30 हजार टन लकडी प्रति वर्ष प्राप्त हो सकती है। निचली तालिका में 1949-50 की जंगल की उपज दिखाई गई है—

तालिका 71

| जंगलों में पैदा होने वाली वस्तुएं | मात्रा (हजार घनफुट) | मूल्य (रुपयों में) |
|---|---|---|
| 1. इमारती लकडी | 85,208 | 11,10,45,000 |
| 2. लट्ठे | 22,822 | 1,00,38,000 |
| 3. लुगदी वाली लकडी | 95 | 'क' |
| 4 जलाने की लकडी | 3,72,048 | 3,21,45,000 |
| 5. कोयला | 28,571 | 13,98,000 |
| | 5,34,52 'ख' | 17,16,48,000 'ग' |

'क' इमारती लकडी के अन्तर्गत सम्मिलित

'ख' इस में 25,784 हजार घनफुट सम्मिलित है, जिस के बारे में विवरण अप्राप्य है।

'ग' इस में 1,70,22,000 रुपये सम्मिलित है, जिन के बारे में विवरण अप्राप्य है।

इस वर्ष जगल से होने वाली उपजो की सूची निम्न तालिका में देखिये :—

### तालिका 72

| जगल मे पैदा होने वाली छोटी वस्तुए | मूल्य (रुपयों में) |
|---|---|
| पशुजन्य वस्तुए | 1,29,000 |
| बास और बेत | 1,00,37,000 |
| औषधियां | 5,02,000 |
| मसाले | 37,000 |
| रेशे और तन्तु | 45,000 |
| चारा और चरागाह | 1,50,94,000 |
| चारे के अलावा अन्य घास | 28,82,000 |
| गोंद और राल | 32,72,000 |
| लाख | 56,00,000 |
| रबर और पौधो का दूध | 5,67,000 |
| सुगन्धित लकडी | 6,50,000 |
| चमडा रगने के द्रव्य | 19,16,000 |
| वनस्पतिजन्य तेल और तिलहन | 1,20,000 |
| अन्य छोटी वस्तुए | 1,59,41,000 |

## मछली उद्योग

द्वितीय महायुद्ध के दिनों में जब देश में खाद्यान्नो की कमी हो गई थी, तब मछली उद्योग के महत्व का अनुभव किया गया था। तब से मछली व्यवसाय के विकास का कार्यक्रम भी 'अधिक अन्न उपजाओ' आन्दोलन का भाग बना दिया गया। इस व्यवसाय की उन्नति के लिय अब ये दो काम करने की योजना है—जिन जलाशयों मे मछलियों का विकास किया जा सकता है, उन का परिमापन ; समुद्र के उथले किनारो तथा गहरे समुद्र में से मछली पकडने के लिये नए ढग के छोटे जहाज़ तैयार करना।

मछलियो को बर्फ में सुरक्षित रखने के लिये कालीकट और बगलौर में दो शीत भडार बनाय गये हे। इस कार्य के लिये जापान से कुछ वैज्ञानिक सामान मगाया गया है, तथा 4 विशेषज्ञ भी बुलाये गये है। कुछ विशेषज्ञ इंग्लैंड से भी बुलाये गये है। तिरुवाकुर-कोचीन मे मछली व्यवसाय का विकास करने के लिये नार्वेजियन सहायता कार्यक्रम के अनुसार 38 लाख रुपये व्यय किये जायेंगे।

खाद्य के रूप में मछलियों को सुरक्षित रखने का कार्य एक महत्वपूर्ण व्यवसाय है। इस के लिये दो साधन बरते जाते है : मछलियो को धूप में सुखाना और उन्हें नमक में रखना। भारत

में अब सारडीन और शार्क मछलियो के लिवर का तेल भी बडे पैमाने पर निकाला जाने लगा है। 1949 मे मछलियो की प्राप्ति इस तरह हुई —

(1) **उत्पत्ति :**

| | |
|---|---|
| समुद्र की मछली . . . . . | 1,00,80,000 मन |
| मीठे पानी की मछली . . . . | 41,30,000 मन |
| योग . . . | 1,42,10,000 मन |

(2) **उपयोग :**

| | |
|---|---|
| जो ताज़ा रूप मे खाई गई . . . . | 60,76,000 मन |
| धूप मे सुखाई गई . . . . . | 36,78,000 मन |
| नमक मे सुरक्षित . . . . . | 35,22,000 मन |
| मछली के खाद के रूप मे व्यवहृत . . . | 9,36,000 मन |

## बाजार

उत्पन्न वस्तुओ की बिक्री की देखभाल के लिये भारत सरकार का बाजार तथा निरीक्षण डायरेक्टर नियुक्त है। इस तरह के सगठन कुछ राज्यो की सरकारो ने भी बनाये है। 1937 मे कृषि उपज का वर्गीकरण और बाजार का कानून बनाया गया था। यह कानून फल, फलो से बनने वाला सामान, वनस्पति, अडा, दूध, दूध मे बनने वाला सामान, तमाखू, कहवा, चावल, बूरा, आटा, गेहू, गुड, तिलहन, तिल, रूई, लाख, सन, चमडा, खाल, ऊन और बकरियो के बालो, पर लागू होता है। हाल ही मे इस सूची मे लकडी, सख्त बाल, बरोज़ा, तार्पिन, सुपारी आदि बढा दिये गये है। 1948 से ले कर 1952 तक वर्गीकृत पदार्थों की उत्पत्ति इस तरह हुई—

| वर्ष | (करोड रुपयो मे) |
|---|---|
| 1948 . . . . | 11.9 |
| 1949 . . . . | 12.3 |
| 1950 . . . . | 14.0 |
| 1951 . . . | 13.0 |
| 1952 . . . . . | 18.0 |

भारतीय प्लैनिंग कमीशन ने यह निश्चय किया है कि कृषि से उत्पन्न होने वाले सभी पदार्थो का वर्गीकरण अवश्य किया जाए। यह वर्गीकरण का कार्य वर्तमान पचवर्षीय आयोजना मे सम्मिलित है। निम्नलिखित राज्यों में से उपज की बाजार बिक्री के सम्बन्ध मे कानून बनाए गए है : बम्बई, हैदराबाद, मध्य प्रदेश, मद्रास मैसूर, पंजाब तथा पेप्सू तथा मध्य भारत के कुछ भाग।

## कृषि अनुसन्धान

भारत के केन्द्रीय कृषि विभाग की स्थापना 1894 मे हुई थी। क्रमशः विकास होते होते 1905 मे पूसा की कृषि अनुसन्धान सस्था खोली गई, तथा 1929 मे भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद्। इस परिषद् की सलाहकार समिति मे विभिन्न राज्यो, विश्वविद्यालयो और वैज्ञानिक सस्थाओं के प्रतिनिधि है तथा इस की शासन समिति मे सभी भारतीय राज्यो के कृषि मत्री और संसद् मे व्यापारी हितो के प्रतिनिधि सदस्य रूप से सम्मिलित है। शासन समिति को सहायता देने के लिये एक अनसन्धान बोर्ड बनाया गया है, तथा एक विस्तार बोर्ड। देश के विभिन्न क्षेत्रो मे कृषि सम्बन्धी जो अनुसन्धान कार्य हो रहा है, उन सब मे परस्पर समन्वय रखना, उन के कार्यों का बटवारा करना, उन्हे आर्थिक सहायता देना—इस भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् के कार्य है।

1951 मे इस परिषद् का पूरी तरह पुनर्गठन किया गया। अनुसन्धान विभाग के कार्य-कर्ताओ तथा किसानों मे परस्पर किसी तरह की खाई न रहे, इस उद्देश्य से राष्ट्रीय पैमाने पर एक राष्ट्रीय योजना तैयार की गई है। इसी तरह कुछ महत्वपूर्ण वस्तुओ तथा रूई, गन्ना, तिलहन, तमाखू, नारियल, आदि के उत्पादन मे सुधार करने तथा उनके बाजार को सुगम बनाने के लिय कुछ केन्द्रीय समितियों का निर्माण किया गया है।

अन्न तथा कृषि मंत्रालय विभिन्न अनुसन्धान सस्थाओ मे तालमेल रखने के अतिरिक्त कुछ अनुसन्धान सस्थाओं का संचालन भी करता है। यह कार्य भारतीय कृषि अनसन्धान परिषद्, केन्द्रीय अनुसन्धान सस्था तथा केन्द्रीय पदार्थ कमेटियो द्वारा किया जाता है। 1952-53 मे भारतीय कृषि अनुसन्धान परिषद् ने विभिन्न सस्थाओ तथा विश्वविद्यालयो की सहायता से 300 नई स्कीमो का प्रारम्भ किया। इन नई स्कीमो तथा विस्तार सेवाओ पर लगभग 40 लाख रुपये व्यय किये गये। इस वर्ष उक्त योजना के अधीन बम्बई राज्य मे चावल बोने का जापानी तरीका बरता गया, जिस से चावल की उपज मे बहुत वृद्धि हुई। अब यह प्रयत्न किया जा रहा है कि चावल बोने का जापानी तरीका देश के अन्य राज्यों मे भी बरता जाए।

## केन्द्रीय अनुसन्धान संस्थाएं

दिल्ली की भारतीय कृषि अनुसन्धान शाला कृषि सम्बन्धी ऐसी महत्वपूर्ण समस्याओ पर अनुसन्धान किया करती है, जिनका सम्बन्ध सारे भारत से है; यथा भूमि की उपजाऊ शक्ति की वृद्धि, अच्छे किस्म के बीज जो पानी की कमी, बीमारी, कीटाणुओं आदि को सह सके तथा विभिन्न भूमियो और जलवायुओ मे पनप सके। 1952-53 मे इस सस्था के कार्यों मे वृद्धि की गई तथा भारत-अमेरिकन टेक्निकल सहयोग समझौते के अनुसार कुछ नए कार्य हाथ मे लिये गये। इसी समझौते के अन्तर्गत एक केन्द्रीय अनुसन्धान शाला खोलने का विचार है, जहां पर किसान अपनी भूमियों की मिट्टी की परीक्षा करवा सके। विभिन्न भूमियों मे उपजाऊ शक्ति तथा विभिन्न खाद के उपयोगों के सम्बन्ध मे भी देश मे 6 प्रादेशिक केन्द्र खोलने का निश्चय किया गया है। यह सस्था स्नातकोत्तर शिक्षा देने का काम भी करेगी।

कटक मे जो केन्द्रीय चावल अनुसन्धान सस्था खोली गई है, वह चावल की बनावट, गुण, उपज, विकास, कृषि आदि के सम्बन्ध मे सब तरह की वैज्ञानिक परीक्षा करती है । चावल की उपज किस तरह बढाई जा सकती है तथा उसकी किस्में किस तरह अच्छी की जा सकती है, हरे खाद से क्या लाभ है, इत्यादि के सम्बन्ध मे भी वहा परीक्षण होते है । दक्षिण पूर्व एशिया मे अन्तर्राष्ट्रीय चावल कमीशन द्वारा दिये गये धन से भारतीय किस्म के चावल की परीक्षा के लिए एक पचवर्षीय योजना बनाई गई है । इस मे यह देखा जायेगा कि विभिन्न किस्म के चावलो को एक दूसरे के साथ मिला कर उनकी उपज किस तरह बढाई जा सकती है ।

केन्द्रीय आलू अनुसन्धान सस्था आलू की किस्म अच्छी बनाने तथा उनकी उपज बढाने के सम्बन्ध मे अनुसन्धान कर रही है । पचवर्षीय योजना के अनुसार आलू का ऐसा बीज तलाश करने का प्रयत्न किया जा रहा है, जिस पर बीमारियो का प्रभाव न पड़े तथा उन्हे चाहे तो पहाड पर और चाहे मैदान मे बोया जा सके । इस तरह के 30 लाख मन आलुओ के बीज पैदा करने का लक्ष्य है । इस योजना पर 14,50,000 रुपया खर्च आयेगा, परन्तु बाद मे यह योजना आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर बन जायेगी ।

कुल्लू का केन्द्रीय सब्जी उपज केन्द्र ऐसे बीजो की उत्पत्ति का प्रयत्न कर रहा है, जिन में उत्पादन की शक्ति तथा उपज साधारण बीजो की अपेक्षा बहुत अधिक हो ।

1914 मे देहरादून मे जगल अनुसन्धान सस्था की स्थापना की गई थी । यह सस्था कृषि, लकड़ी की रचना, लकड़ी की सुरक्षा, सैल्युलोस और कागज व्यवसाय तथा जगल के अन्य उत्पादनो के सम्बन्ध म अनुसन्धान कार्य करती है । जगलात के अफसरो को भी इस संस्था मे शिक्षा दी जाती है । इन वर्षों मे यह प्रयत्न किया जा रहा है कि यह सस्था जगल की उपज के अधिकतम और श्रेष्ठ उपयोगों की ओर अपना ध्यान दे ।

आइजटनगर की भारतीय पशु चिकित्सा अनुसन्धान सस्था की स्थापना 1890 में की गई थी । अब इस संस्था के 6 अनुसन्धान भाग तथा 4 सेना सम्बन्धी भाग है । पशुओ के लिये टीके की दवाइया बनाने के अतिरिक्त यह सस्था विद्यार्थियो को शिक्षा भी देती है । अमेरिका के विशेषज्ञो की सहायता से इस सस्था द्वारा तैयार हुई दवाओ मे उन्नति की गई है । सयुक्त राष्ट्र संघ के खाद्य एव कृषि सगठन ने इस सस्था को अन्तर्राष्ट्रीय शिक्षा का केन्द्र स्वीकार किया है।

बगलोर की भारतीय दुग्ध अनुसन्धान सस्था दुग्धालयो की समस्याओ के सम्बन्ध मे अनुसन्धान करने के अतिरिक्त विद्यार्थियो को शिक्षा भी देती है । इस सस्था मे अच्छे दर्जे की गाय और बैल उत्पन्न करने का प्रयत्न भी किया जाता है । करनाल और कोयम्बटूर मे भी दो पशु केन्द्र खोले गए है, तथा आनन्द मे एक विशेष दुग्धालय का प्रबन्ध किया गया है ।

नामकुम मे भारतीय लाख अनुसन्धान सस्था लाख सम्बन्धी अनुसन्धान कार्य कर रही है ।

## पदार्थ समितिया

भारत मे विभिन्न स्थानो पर रूई, पटसन, तिलहन, गन्ना, नारियल, सुपारी और तमाखू के सम्बन्ध मे अनुसन्धान करने के लिये भारतीय केन्द्रीय समितिया बनाई गई है ।

**रूई समिति**

भारत में लम्बे रेशे की रूई की कमी को पूरा करने के लिये भारतीय केन्द्रीय रूई समिति की स्थापना की गई है। इसका मुख्य केन्द्र इन्दौर में है। मध्य प्रदेश की सरकार से भी इस संस्था को सहायता मिलती है। यह संस्था रूई सम्बन्धी प्रत्येक समस्या के सम्बन्ध में अनुसन्धान कर रही है।

**पटसन समिति**

भारतीय केन्द्रीय पटसन समिति अनुसन्धान तथा विस्तार के सम्बन्ध में यह कार्य कर रही है :

(1) पटसन कृषि अनुसन्धान संस्था का संचालन,

(2) टैक्नोलौजिकल अनुसन्धान परीक्षण संस्था का संचालन,

(3) आर्थिक अनुसन्धान विभाग, तथा

(4) प्रकाशन विभाग का संचालन।

यह समिति कलकत्ता विश्वविद्यालय, बोस अनुसन्धान संस्था तथा कलकत्ता के प्रेजिडैन्सी कालेज के सहयोग से काम कर रही है।

**तिलहन समिति**

आइजटनगर में तेल सम्बन्धी अनुसन्धान जारी है, जहां घानी का तेल, खली आदि के सम्बन्ध में अनुसन्धान होता है।

**गन्ना समिति**

1936 में कानपुर में गन्ना अनुसन्धान के बारे में एक संस्था की स्थापना हुई थी। आजकल भारतीय केन्द्रीय गन्ना समिति इस संस्था का संचालन कर रही है। गन्ना सम्बन्धी विभिन्न समस्याओं और प्रश्नों पर अनुसन्धान करने के अतिरिक्त यह संस्था चीनी के कारखानों के लिये दक्ष कार्यकर्ता भी तैयार करती है। पिछले वर्षों में इस संस्था ने इस बात का अध्ययन किया है कि चीनी बनाने के काम में गन्धक का प्रयोग आवश्यक है या नहीं।

**नारियल समिति**

कासरागोड और कायागुलम में भारतीय केन्द्रीय नारियल समिति के दो अनुसन्धान केन्द्र हैं। इस के अतिरिक्त तिरुवांकुर कोचीन में 3 तथा उडीसा में 1 क्षेत्रीय केन्द्र भी हैं। इन में से कासरागोड की संस्था ही प्रति वर्ष 10,000 पौधे तैयार करती है।

सुपारी समिति

सुपारी समिति के अधीन सुपारी की उपज की वृद्धि के लिए मैसूर, तिरुवानकुर-कोचीन और दक्षिण कनारा आदि में भी केन्द्र खोले गये हैं। सुपारी सम्बन्धी अनुसन्धानों में यह समिति सहायता देती है।

इसी तरह की महत्वपूर्ण अनुसन्धान सस्थाओ मे दिल्ली की फल अनुसन्धान सस्था तथा बैरकपुर, मडप्पम, और बम्बई की मछली अनुसन्धान सस्थाये भी है ।

उपर्युक्त सब संस्थाओ के अतिरिक्त भारत के विभिन्न विश्वविद्यालयो के साथ 22 कृषि महाविद्यालय भी जारी है । इन मे से कितने ही महाविद्यालयो मे अनुसन्धान का बहुत अच्छा प्रबन्ध है ।

## विस्तार

1952 मे अनुसन्धान के कार्यकर्ताओ तथा किसानो मे पारस्परिक दूरी को मिटाने के लिये विस्तार सगठन का प्रारम्भ किया गया था । इस विषय का अध्ययन करने के लिये कुछ व्यक्ति अमेरिका और जापान भेजे गये थे । जनवरी 1952 मे फोर्ड फाउडेशन के साथ भारत सरकार का यह समझौता हुआ कि भारत के विभिन्न राज्यो मे 5 विस्तार योजना के शिक्षा केन्द्र तथा 15 गहरे विकास केन्द्र खोले जायें। प्रत्येक केन्द्र मे 50 कार्यकर्ताओ को शिक्षा देने का निश्चय हुआ और यह भी निश्चय हुआ कि वे आसपास के 100 गावो मे उपयोगी कार्य करेगे । पचवर्षीय आयोजना के अन्तर्गत सामूहिक योजना के अनसार इसी तरह के 25 और नए केन्द्र भी खोलने का निश्चय हुआ, जहा गावो के दर्जे के कार्यकर्ताओ को तैयार किया जाएगा ।

## तालिका 73

**फसलो का प्रारम्भ**

| फसल | समय |
|---|---|
| खरीफ फसल . . | I नवम्बर |
| रबी " | I मई |
| चावल | I नवम्बर |
| गेहू . . | I मई |
| गन्ना | I नवम्बर |
| रूई . | I सितम्बर |
| पटसन . . | I जुलाई |
| खरीफ तिलहन . . . | I नवम्बर |
| रबी तिलहन . . . | I अप्रैल |
| चाय . . . . . | I जनवरी |
| कहवा . . . . . | I जुलाई |

नोट—समय के प्रारम्भ से अभिप्राय है, जब फसल बाजार मे आने लगती है ।

## तालिका 74

### फसल समय-कलैण्डर

**मुख्य फसलें, ऋतु और समय**

| फसल | ऋतु | समय (क) | |
|---|---|---|---|
| चावल (ख) . . | जाडा . . . | 5 ½–6 | महीने |
| | पतझड़ . | 4–4½ | " |
| | गर्मी . . . | 2– 3 | " |
| गेहू . . . | रबी . . | 5–5½ | " |
| ज्वार . . . | खरीफ . . | 4 ½–5½ | " |
| | रबी . . . | 4 ½ - 5 | " |
| | जाइद खरीफ . . | 2 ½ | " |
| बाजर . . . | खरीफ . | 4 ½ | " |
| मक्का . . . | खरीफ . . | 4–4½ | " |
| रागी . . . | खरीफ . . | 3½ | " |
| जौ . . . | रबी . . . | 5–5 ½ | " |
| चना . . . | रबी . . . | 6 | " |
| गन्ना . . . | सालभर . . | 12–15 | " |
| तिल . . . | खरीफ . . | 3 ½–4 | " |
| | रबी . . . | 5 | " |
| मूगफली . . | खरीफ . . | पहले की 4–4½ | " |
| | | बाद की 4 ½–5 | " |
| सरसो और राई . . | रबी . . . | 4–5 | " |
| | जाइद रबी . . | 4 | " |
| अलसी . . . | रबी . . . | 5–5½ | " |
| अरण्डी . . . | खरीफ . . | पहले की 6 | " |
| | | बाद की 8 | " |
| रूई . . . | खरीफ | पहले की 6–7 | " |
| | | बाद की 7–8 | " |
| पटसन . . . | खरीफ . . | 6–7 | " |

(क) इस से उन महीनो से तात्पर्य है जिन दिनो फसल ज़मीन पर रहती है।

(ख) चावल की ऋतुए विभिन्न राज्यो मे विभिन्न नामो से प्रचलित है

| | | | |
|---|---|---|---|
| आसाम . . | पतझड़ अथवा 'आहू' अथवा 'औस' | बम्बई | पहले की |
| | जाडा अथवा 'साली' अथवा 'बाओ' | | बीच की |
| | बसन्त अथवा 'बोरो' | | बाद की |
| प० बगाल . | पतझड़ अथवा 'भदोई' अथवा 'औस' | मध्यप्रदेश . | पहले की |
| | जाडा अथवा 'अमन' | | बाद की |
| | गर्मी अथवा 'बारो' | | |
| बिहार . . | पतझड अथवा 'भदोई' . . | मद्रास . | पहली फसल |
| | जाडा अथवा 'अगहनी' | | दूसरी " |
| उडीसा . | पतझड अथवा 'भदोई' . . | उत्तरप्रदेश | पहले की |
| | जाडा | | बाद की |


सामूहिक कार्य क्षेत्र
काश्मीर और जम्मू
राजस्थान
उत्तर प्रदेश
मध्य भारत
मध्य प्रदेश
बिहार
उड़ीसा
हैदराबाद
आन्ध्र
मैसूर
मद्रास
कच्छ
सौराष्ट्र
सामूहिक कार्य
विकास खंड
अतिरिक्त खंड
1952 53
2 अक्टूबर 1953 को शुरु हो गया

# ग्यारहवां अध्याय

# सामूहिक विकास

1946 से भारत के कुछ राज्यों में ग्राम विकास सम्बन्धी परीक्षण किये जा रहे थे। उदाहरण के लिये मध्यप्रदेश के सेवाग्राम में, बम्बई के सर्वोदय केन्द्रों मे, मद्रास की फिरका विकास योजना के अन्तर्गत तथा उत्तर प्रदेश के इटावा और गोरखपुर जिलो में। इन कार्यो की सफलता से उत्साहित होकर ही आयोजना कमीशन ने ग्राम विकास योजनाओ के कार्यक्रम को अपन पंचवर्षीय कार्यक्रम का आन्तरिक अग बना लिया। तदनुसार, आयोजना कमीशन ने सामुदायिक योजनाओं के लिये तथा आगामी 10 वर्षों मे देश भर मे विस्तार योजनाओ का जाल बिछा देने के लिये 90 करोड रुपया रखा है। गहरे विकास के लिये केवल वही स्थान चुने गये है, जहा यथेष्ट वर्षा होती है तथा जहा की भूमि बहुत उपजाऊ है।

२ अक्तूबर 1952 को भारत के विभिन्न राज्यो में इस तरह के 55 कार्य प्रारम्भ किये गये। इन मे से प्रत्येक कार्य का क्षेत्र 300 गावो तक विस्तृत है तथा प्रत्येक का क्षेत्रफल औसतन 450 से 500 वर्ग मील है; आबादी लगभग 2 लाख है तथा कृषित भूमि का क्षेत्रफल लगभग 1,50,000 एकड। प्रत्येक कार्य का क्षेत्र 3 विकास खंडो मे विभाजित किया गया है। प्रति 5 गावो के पीछे एक ग्राम सेवक रखा गया है। सामूहिक विकास योजना के कार्यक्रम में दो तरह के कार्य सम्मिलित किये गये हैं। कुछ कार्य केवल ग्राम विस्तार सम्बन्धी है, और कुछ कार्य मिले-जुले। इन दूसरे किस्म के कामो मे छोटे और बीच के व्यवसायो का विकास तथा कस्बो का निर्माण भी सम्मिलित है।

**उद्देश्य**

सामूहिक विकास कार्यों के आधारभूत उद्देश्य निम्नलिखित है—(1) प्रत्येक सभव उपाय से कृषि की उपज बढाना, (2) ग्रामीण इलाको मे बेकारी की समस्या को हल करना, (3) गाव के संचार साधनो को सुधारना, (4) गाव मे शिक्षा, स्वास्थ्य तथा मनोरजन के केन्द्रो का प्रबन्ध करना, तथा (5) मकानो मे सुधार तथा देशी कारीगरी और छोटे व्यवसायो को उन्नति देना। सामूहिक विकास कार्यक्रमो की सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि ग्रामवासी उन में कितनी और कैसी दिलचस्पी लेते है। सरकार तो उन्हे इस सम्बन्ध मे मार्ग ही दिखा सकती है और उन के कार्यों में यत्किंचित सहायता दे सकती है।

**आर्थिक प्रबन्ध**

प्रत्येक कार्य के क्षेत्र मे यह बात आधारभूत बातो मे से मानी गई है कि ग्रामवासी यथेष्ट आर्थिक सहायता देंगे तथा स्वय कार्य भी करेगे। इन कार्यों के लिये सरकार जो सहायता देगी, उस में केन्द्रीय तथा राज्यों की सरकारों द्वारा दी गई अनावर्तक (नौन रिकरिंग) सहायता का अनुपात 3 और 1 रहेगा। व्यय सम्बन्धी आवर्तक (रिकरिंग) सहायता केन्द्रीय सरकार और राज्यों की सरकारें बराबर बराबर देंगी। यह आशा की जाती है कि 3 वर्षों के बाद इन कार्यों के लिये केन्द्रीय सरकार को सहायता देनें की जरूरत नहीं रहेगी। गाव में किये जाने वाले सामूहिक

कार्यों पर 3 वर्षों मे लगभग 65 लाख रुपये व्यय किये जायेंगे, जिन मे से 6,53,000 रुपये डालर व्यय के रूप मे होगे। सामूहिक विकास के प्रत्येक शहरी कार्यक्रम पर 3 वर्षो मे 1,11,00,000 रुपये व्यय किये जायेगे, जिसमे से 45,00,000 रुपये डालर व्यय के रूप मे होगे।

## राष्ट्रीय विस्तार सेवा

2 अक्तूबर 1953 को, अर्थात् महात्मा गाधी के चौरासीवे जन्म दिन, भारत मे मुख्यतः ग्रामो की उन्नति के लिये राष्ट्रीय विस्तार सेवा योजना का प्रारम्भ किया गया। पचवर्षीय योजना के कार्यकाल मे, आशा है कि, भारत का एक चौथाई काम इस योजना के अन्तर्गत आ जायेगा तथा 10 वर्षों में भारत भर के गावो मे इस योजना के अनुसार कार्य होने लगेगा। सामूहिक विकास योजना तथा राष्ट्रीय विस्तार सेवाओ का आधारभूत उद्देश्य एक ही है, इसलिये अब केन्द्र में तथा राज्यो मे इन मे परस्पर समन्वय कर दिया गया है। इन विस्तार सेवाओ का उद्देश्य यह है कि गावो के किसान वर्तमान वैज्ञानिक ढग से खेती करने लगे तथा सब क्षेत्रो (मानसिक, सामाजिक, आर्थिक आदि) मे उनका दृष्टि- कोण विशाल बन जाये।

विस्तार कार्यक्रम तथा सामूहिक विकास कार्यक्रम अब एक साथ चलाये जायेगे, केवल इस अन्तर के साथ कि सामूहिक कार्यक्रमो का क्षेत्र अपेक्षाकृत विस्तृत होगा तथा उन पर अधिक रुपये व्यय किये जायेगे। 1956 तक देश मे 1,200 विकास खड बन जायेगे, जिनमे से प्रत्येक मे 100 गाव होंगे, जिन की औसतन आबादी लगभग 66,000 होगी। इस तरह देश के ग्रामीण भाग का एक चौथाई भाग इस योजना के अन्तर्गत आ जायेगा। इन 1,200 खडो मे से 300 खडों मे सामूहिक विकास कार्यक्रम जारी किया जा चुका है। शेष 900 मे राष्ट्रीय विस्तार सेवाए इस प्रकार प्रारम्भ की जायेगी . 1953-54 मे लगभग 180, 1954-55 मे 270 तथा 1955-56 मे 450। इनमे से 500 खडो मे सामूहिक योजनाओ के ढग पर गहरे विकास का कार्य किया जायेगा। इस तरह देश की लगभग 4,62,00,000 आबादी सामूहिक विकास योजना के अन्तर्गत आ जायेगी। राष्ट्रीय विस्तार सेवाओ के लिये क्षेत्रो का चुनाव इस बात पर निर्भर करेगा कि किस स्थान पर कितने आन्तरिक तथा बाह्य स्रोत उपलब्ध हो सकते है तथा वहा के लोगो मे योजना के लिये कितना उत्साह है। व्यवस्था सम्बन्धी कार्य के लिये प्रत्येक खड मे एक सब-डिवीजनल अफसर या सब-कलक्टर रखा जायेगा।

**वित्तीय प्रबन्ध**

पंचवर्षीय आयोजना के अनुसार इस कार्य पर कुल मिला कर 101 करोड रुपया व्यय किया जायेगा। इसमे से अनावर्तक व्यय का 75 प्रतिशत भाग केन्द्रीय सरकार देगी तथा आवर्तक व्यय का 50 प्रतिशत। शेष व्यय राज्यो की सरकारे करेगी। इस योजना के कार्यकर्ताओ पर जो व्यय आयगा, उसका 50 प्रतिशत भाग केन्द्रीय सरकार देगी। योजना पूरी हो जाने के बाद भी यह कार्यकर्ता काम करते रहेगे। इस तरह इस कार्य द्वारा 85,000 व्यक्तियो को रोजगार मिल सकेगा, जिनमे अधिकाश टेक्निशियन तथा शिक्षित कार्यकर्त्ता होगे।

**कार्यकर्ताओं को शिक्षा**

विस्तार योजना के कार्यक्रम की सफलता काफी अशों तक योजना के कार्यकर्ताओ की योग्यता पर निर्भर करती है। इस कारण ग्रामसेवकों को शिक्षा देने के लिये देश के विभिन्न भागो में 35 शिक्षा केन्द्र खोले गये हैं। इनके अतिरिक्त अगस्त 1953 मे अलाहाबाद, गांधीधाम, हैदराबाद, नीलोखेडी तथा शान्तिनिकेतन में सामाजिक सेवा के कार्यकर्ताओ के लिये 5 शिक्षा-केन्द्र खोले गये है। राज्यो की सरकारो द्वारा चुने हुए व्यक्ति इन शिक्षा केन्द्रो मे शिक्षा के लिये भेजे जाते है। शिक्षा की समाप्ति के बाद ये कार्यकर्ता अपने राज्यों मे कार्य करते है। केन्द्रीय सरकार का शिक्षा मत्रालय भी इस सम्बन्ध मे कार्यकर्ताओ को शिक्षा देने का यथासम्भव प्रबन्ध करता रहता है। इस योजना का आधारभूत सिद्धान्त यह है कि लोग इन कार्यों मे स्वय मेहनत करे और व्यावसायिक कार्यों के लिये आवश्यक रुपये भी स्वय दे। यह काम तभी सभव है, जबकि लोग मिलजुल कर मेहनत करे और मिलजुल कर सामूहिक हितकर कार्यो के लिये रुपये लगाये। इसके लिये जनता का दृष्टिकोण बदलने की भी आवश्यकता होगी। सामुदायिक विकास योजना तथा राष्ट्रीय विस्तार योजना द्वारा जो कार्य किया जा रहा है, उसका मुख्य उद्देश्य भारतीय जनता का दृष्टिकोण बदलना तथा उन्हे ग्रामो के सर्वतोमुखी विकास मे अधिकतम सहायता देना है।

**संगठन**

इन विकास कार्यक्रमों के सचालन का उत्तरदायित्व मुख्यत राज्यों की सरकारो पर है। प्राय प्रत्येक राज्य मे इन कार्यो के लिये एक प्रमुख अधिकारी सस्था नियुक्त की गई है। इस सस्था को राज्य विकास समिति कहते है। इसमे राज्य के मुख्य मत्री, विकास मत्री तथा कुछ गैर-सरकारी सदस्य होते है। यह समिति नीति सम्बन्धी बातो का निर्णय करती है। राज्य का विकास कमिश्नर इस समिति का मत्री होता है, वही राज्य के विकास विभाग तथा इस योजना के कार्यो मे तालमेल पैदा करता है। यह कार्य इतना महत्वपूर्ण है कि विकास कमिश्नर को राज्य के सचिव का ओहदा दिया गया है, तथा उसे यथेष्ट अधिकार प्राप्त है।

जिले की विकास समिति का अध्यक्ष कलक्टर होता है, और जिला विकास अफसर इस समिति का मत्री होता है। जिले मे विकास सम्बन्धी कार्य करने वाले सभी विभागो के मुखिया और जिला बोर्ड का चैयरमैन तथा वाइस चैयरमेन इस समिति के सदस्य होते है।

सब-डिवीजन मे यह कार्य करने के लिये एक विस्तार अधिकारी नियुक्त किया गया है। आवश्यकतानुसार इस ढाचे मे यथेष्ट परिवर्तन करने का अधिकार भी राज्य के अधिकारियो को प्राप्त है।

योजना मे ग्रामीण जनता का सहयोग प्राप्त करने के लिये भारत सेवक समाज नामक एक राजनीति रहित स्वयसेवक सगठन कार्य कर रहा है।

# तालिका 75

## सामूहिक योजनाएं

### गांव, जनसंख्या और क्षेत्र

| राज्य | कार्य का नाम | गावों की सख्या | जनसख्या (हजारों मे) | क्षेत्र (वर्ग-मील) |
|---|---|---|---|---|
| **भाग 'क' के राज्य** | | | | |
| 1 आसाम . | 1. कछाड (सोनई-गिलचर) आदि | 508 | 313 | 513 |
| | 2 दराग (मौजा डकुवा) . . | 413 | 101 | 424 |
| | 3. गारो पहाडिया (ग्वालपाडा क्षेत्र) | 72 | 20 | 50 |
| | 4 गोलाघाट-मिकिर पहाडी क्षेत्र | 95 | 36 | . |
| 2 बिहार . | 1. पूसा-समस्तीपुर-बेगुसराय क्षेत्र | 612 | 516 5 | 450 |
| | 2 देहरी-भबुआ-मोहनिया क्षेत्र | 538 | 196 | 450 |
| | 3 ओरमाझी-राची मडी क्षेत्र | 343 | 207 | 450 |
| | 4. जहानाबाद-एकगरसराय बिहार-बडबीघा क्षेत्र . . | 600 | 460 | 500 |
| | 5. सथाल परगना रानेश्वर खड | 160 | 37 | 100 |
| 3. बम्बई . | 1. महसाना जिला (बीजापुर-कलोल-तहसीले) . | 204 | 442 | 627 |
| | 2 कोल्हापुर जिला (करवीर पनहाला तहसीले) . . . | 209 | 363 | 477 |
| | 3 थाना कोलाबा जिला (कल्याण करजट खालापुर तहसीले) | 520 | 468 | 550 |
| | 4 बेलगाव जिला (हुक्करी-गोकक तहसीले) . . . | 209 | 377 | 965 |
| | 5. साबरकन्ठा जिला . . | 120 | 69.4 | . |
| 4. मध्य प्रदेश . | 1. चावल क्षेत्र (रायपुर धामतरी) | 302 | 106.9 | 500 |
| | 2. गेहू क्षेत्र (होशगाबाद सोहागपुर) | 293 | 175 | 600 |
| | 3 ज्वार क्षेत्र (अमरावती-मोरसी-दरियापुर) . . . | 270 | 221 | 525 |
| | 4. बस्तर जिला . . . . | .. | .. | .. |
| 5. मद्रास . | 1. करनूल-कुड्डपाह नहर क्षेत्र . | 179 | 595.8 | 851 |
| | 2. कोयम्बटूर (गोबी ऐरोद-भवानी धारपुरम तहसील) . . | 188 | 551 | 323 |
| | 3. मालाबार (पालघाट) . | 123 | 586 | 496 |
| | 4. पूर्वी गोदावरी (काकिनाडा-पेड्डु-पुरम) . . . . . | 242 | 758 | 561 |
| | 5 दक्षिण कनारा (कराईकाल-मंगलोर) | 442 | 622 | 745 |
| | 6. मदुराई (नीलकोट्टाई-मैलूर- मदुराई) . . . | 279 | 327.8 | 943 |

| राज्य | कार्य का नाम | गावों की सख्या | जनसख्या (हजारो मे) | क्षेत्र (वर्ग-मील) |
|---|---|---|---|---|
| 6. उडीसा . | 1. भद्रक . . | 553 | 173.6 | 460 |
| | 2. कलहन्दी जिला (धर्मगढ सबडिवीजन) | 338 | 171.6 | 637 |
| | 3. गजाम जिला (धुमसर तहसील) | 307 | 140 | 493 |
| 7. पंजाब . | 1. गुरदासपुर ज़िला (बटाला तहसील) | 495 | 339 | 472 |
| | 2. अम्बाला जिला (जगाधरी तहसील) | 384 | 208 | 488 |
| | 3 जालधर जिला(नवानशहर तहसील) | 292 | 222.3 | 299 |
| | 4. सोनीपत तहसील . . | 241 | 253.5 | .. |
| | 5. फरीदाबाद . . | .. | 23 15 | .. |
| | 6. नीलोखेड़ी . . | 123 | .. | .. |
| 8. उत्तर प्रदेश | 1. गोरखपुर ज़िला (महाराजगज सदर तहसील) | 257 | 166 | 155 |
| | 2. आजमगढ़ जिला (घोसी-मुहम्मदाबाद गोहाना तहसील) | 386 | 206.9 | 178 |
| | 3. फैजाबाद ज़िला (बीकापुर तहसील) | 177 | 126 | 177 |
| | 4. मैनपुरी तहसील . . | 177 | 159 | 180 |
| | 5 झासी जिला (गरौठा-मौरानीपुर तहसील) | 339 | 200 | 1,000 |
| | 6. अल्मोड़ा तहसील . . | 756 | 107 | 700 |
| 9. पश्चिम बंगाल | 1. झाडग्राम जिला . . | 295 | 30.7 | 50 |
| | 2. शक्तिगर . . | 127 | 66 | 101 |
| | 3. गुस्कारा . . | 110 | 74 | 50 |
| | 4. नलहटी . . | 82 | 61.6 | 50 |
| | 5. मुहम्मद बाज़ार . . | 125 | 33.8 | 50 |
| | 6. अहमदपुर . . | 104 | 32 | 50 |
| | 7. फूलिया . . | 96 | 49.3 | 82 |
| | 8. बरुईपुर . . | 100 | 78.6 | 50 |
| **भाग 'ख' के राज्य** | | | | |
| 10. हैदराबाद | 1. निजामसागर . . | .. | | |
| | 2. रायचूर ज़िला (कोप्पाल-गंगावती सिधनूर) . . | 63 | 80 | 460 |
| | 3. वारंगल जिला . . | .. | .. | .. |
| 11. मध्य भारत | 1. गिर्द ज़िला (घाटीगांव-पिछौर तहसील) | 247 | 97.2 | 453 |
| | 2. निमाड़ ज़िला (राजपुर कसरावर्द तहसील) . . | 307 | 153 | 690 |
| 12 मैसूर . | 1. शिमोगा ज़िला (शिकारीपुर-सोराब क्षेत्र) . . . | 480 | 130 | 795 |

| राज्य | योजना का नाम | गांवों की संख्या | जनसंख्या (हजा ों में) | क्षेत्र (वर्ग-मील) |
|---|---|---|---|---|
| 13. पेप्सू . | 1. धुरी तहसील . . | 107 | 111 | 276 |
| 14. राजस्थान | 1. बीकानेर (गगानगर जिला राय-सिंह नगर और अनूपगढ तह-सील) . . . | 58 | 83 | 340 |
| | 2. सवाई माधोपुर जिला (हिंन्दुआ तह-सील) . . . | 103 | 79.8 | 176 |
| | 3. अलवर (अलवर जिला) . | 100 | .. | |
| | 4. कोटा (कोटा जिला बारन तहसील) | 103 | 62.5 | 239 |
| | 5. जोधपुर-पाली जिला (जोधपुर) | .. | .. | |
| | 6. उदयपुर । उदयपुर जिला (राज-समन्द और रेलमगडा तहसील) . | 100 | 68.6 | 190 |
| | 7. भील क्षेत्र डूंगरपुर जिला (अनु-सूचित आदिमजातिया) | .. | .. | .. |
| 15. सौराष्ट्र . | 1. सोरठ जिला (मानवदार-वनथली तहसील) . . | 106 | 144 | 378 |
| 16. तिरूवाकुर-कोचीन | 1. कुन्नतनाड चलाकुदी-क्षेत्र (त्रिचूर जिला) | 229 | .. | 458 |
| | 2. कैयाटिनकरा-विलावनकोड-क्षेत्र (त्रिवेन्द्रम जिला) . . | 334 | 656 | 399 |
| **भाग 'ग' के राज्य** | | | | |
| 17. अजमेर . | 1. अजमेर सबडिवीजन . | 106 | 116 8 | 441 |
| 18 बिलासपुर | 1. सदर तहसील . . | 342 | 40 | 154 |
| 19. भापाल . | 1. सिहोरे और रायसेन जिले (गोहर-गज हुसूर-सिहोरे-इच्छवार तह-सील) . . | 354 | 247 | 671 |
| 20. कुर्ग | 1. शनिवारसन्थे हुबली-सोमवारपेट नाड फ्रेजर पेट, हुबली नोटिफाइड क्षेत्र . . . | 105 | 229 | .. |
| 21. दिल्ली . | 1. अलिपुर क्षेत्र . | 100 | 360 | 574 |
| 22 हिमाचल प्रदेश | 1 सिरमूर-पौण्टा तहसीलें . | 121 | 30 | 68 |
| | 2. मडी-सदर-सर्वाघाट-चचिओट-सुन्दरनगर . . | 626 | 69 | 168 |
भूतकाल की किसी न किसी राजनीतिक तथा सास्कृतिक घटना या परम्परा के कारण वह चालू हुई है तथा जारी रही। कहना न होगा कि निजी तौर पर कोई कुछ भी माने सरकार अपने सारे कामो के लिये केवल एक सम्वत्सर पद्धति को ही स्वीकार कर सकती थी। इस काम के लिये भारत सरकार ने सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक डा० मेघनाद साहा के सचालकत्व मे सम्वत्सर सुधार समिति नाम से एक सस्था स्थापित की। यह सस्था भी कौसिल आफ साइटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च की देखरेख मे काम कर रही है। अभी इस समिति का कार्य चालू है, पर ज्ञात हुआ है कि वैज्ञानिक आधार पर एक अखिल भारतीय राष्ट्रीय सौर सम्वत्सर पद्धति तैयार करने की योजना है। यह न समझा जाये कि चाद्र सम्वत्सर पद्धतिया इससे समाप्त हो जायेगी, धार्मिक कार्यों के लिये कई क्षेत्रो मे चाद्र वर्ष का होना जरूरी है। पर यह आशा की जाती है कि चांद्र सम्वत्सर पद्धतियो को सौर पद्धति से निकट कर दिया जायेगा। प्राचीन काल मे हमारी गणनाओं मे उज्जैन को विशेष महत्व प्राप्त था, तद्नुसार यह तय हुआ है कि उज्जैन जिस अक्षाश पर स्थित है, यानी ग्रीनविच 82.5° से पूर्व मे किसी स्थान पर एक केन्द्रीय स्थान चुना जाये जहा से भारत की सारी गणना की जाये। यो तो हमारे यहा कई वेधशालाये है, पर आधुनिक सूक्ष्म यत्रों से समन्वित एक केन्द्रीय वेधशाला की जरूरत थी। इसी बात को देखते हुए इस समिति ने इसकी भी सिफारिश की है। इस बीच मे और भी जो काम हुआ है, उसका व्यौरा यो है कि आगामी 5 साल के लिये एक प्रयोगात्मक चाद्र-सौर सम्वत्सर पद्धति कायम की जाये। श्री जे० आर० डी० टाटा के सभापतित्व मे एक गैस टरबाइन और जैट प्रौपल्शन इजन कमेटी भी कायम हुई है। इस कमेटी का काम यह होगा कि वह गैस टरबाइन और जैट प्रौपलशन इजनो के सम्बन्ध मे शोध करे और भारत मे उनका निर्माण करे।

## रेडियो शोध कार्य

हमारे देश मे अब रेडियो को कितना महत्व प्राप्त हुआ है यह सभी को मालूम है, तद्नुसार एक रेडियो शोध समिति कायम की गई है जो रेडियो के वल्बो, रेडियो तरगो के वितरण तथा ध्रुवीकरण और लघु तरगो के अन्तर्निधान के सम्बन्ध मे शोध करेगी। इसके अलावा यह समिति वातावरण तथा आयनोस्फीयर के सम्बन्ध मे खोज कर रही है। अपने शोध के परिणामो को यह समिति बुलेटिनो के रूप मे प्रकाशित करती है। दुनिया के और हिस्सो मे इस सम्वन्ध मे जो शोध कार्य हो रहे है उनके परिणाम भी बुलेटिनो मे प्रकाशित होते है। इन बुलेटिनो के पारस्परिक विनिमय से दोनो पक्षो को लाभ होता है।

## फर्मासी में उत्पन्न द्रव्य तथा दवाएं

पहले ही लखनऊ के ड्रग रिसर्च इस्टीच्यूट का उल्लेख किया जा चुका है। इस सस्था की ओर से जम्मू और काश्मीर मे जडी बूटियो के शोध के सम्बन्ध मे एक दीर्घकालीन कार्यक्रम चालू है। इसके साथ ही देश मे जिन विभिन्न जडी बूटियो का इस्तेमाल होता है, उन पर भी शोध किये जा रहे है, जिससे मालूम हो सके कि कहा तक लोगों का विश्वास सही है। दूसरे देशो की जडी बूटिया यहा आ कर किस हद तक उत्पन्न हो सकती है या नही, इस सम्बन्ध मे भी खोज की जा रही है।

**गुलाब के पौधों पर खोज**

गुलाब की कदर सारी दुनिया मे है इसलिये इसमें आश्चर्य नही कि विशेष रूप से गुलाब के पौधो पर खोज की गई। भूमि और जलवायु के साथ गुलाब की खेती का क्या सम्बन्ध है, गुलाब की कौन सी किस्मे खेती के लिये सब से उपयोगी है तथा विभिन्न गुलाब मे से कौन से गुलाब तथा उन की उपजो मे अधिक सुगन्ध होती है उन पर शोध कार्य किया जा चुका है और परिणाम जल्दी ही प्रकाशित होगा ।

**प्लास्टिक**

देखते देखते प्लास्टिक का धन्धा कितना महत्वपूर्ण होता जा रहा है, यह सभी को मालूम है । इसलिये यह उचित ही है कि प्लास्टिक रिसर्च कमेटी की देखरेख मे शोधयोग्य समस्याओं की सूची तैयार हो चकी है और वह जल्दी ही प्रकाशित होगी ।

**आंकड़ेगत गुण नियंत्रण का प्रशिक्षण और शोध**

कौसिल आफ साइटिफिक एण्ड इडस्ट्रियल रिसर्च की ओर से बम्बई के इडियन स्टैटिस्टिकल इस्टीच्यूट से आकडेगत गुण नियत्रण के सम्बन्ध मे प्रशिक्षण देने की एक योजना को वित्तीय सहायता दी जा रही है। इस सम्बन्ध मे सयुक्त राष्ट्र संघ के भारत मे मौजूद विशेषज्ञो से सलाह ली गई । 1952 के अक्तूबर मे आकडेगत गुण नियत्रण समिति की सभा मे विशेषज्ञ समिति के द्वारा प्रस्तुत प्रशिक्षण कार्यक्रम पर विचार किया गया। इसके बाद अध्यापक महलानबिस ने एक उन्नततर शिक्षण तथा शोध सम्बन्धी कार्यक्रम दिया जिस पर विचार हो रहा है।

**भारतीय चट्टानों का वय-निर्णय**

भूगर्भ विज्ञान मे चट्टानो का वय-निर्णय एक प्रमुख विषय है। इस सम्बन्ध मे भूगर्भ वैज्ञानिक समय प्रमापन समिति कार्य कर रही है। इस कार्य के लिये भौतिक, रासायनिक तथा प्राचीन उद्भिद विज्ञान सम्बन्धी कार्यक्रम काम मे लाया जा रहा है । आंध्र विश्वविद्यालय मे समुद्र परिमापन शोध के सम्बन्ध मे भी एक नया तरीका काम मे लाया जा रहा है। यह कार्य अमेरिका के अध्यापक ई० एस० ला फौन्ड की देखरेख मे चल रहा है, जो समुद्र परिमापन सम्बन्धी स्क्रिप्स सस्था के सदस्य है । अभी परिमापन का काम बहुत प्रारम्भिक अवस्था मे है, फिर भी भारत के पूर्वी तट के सरसरी परिमापन से समुद्रगर्भ की गहराई, भूगर्भवैज्ञानिक विशेषताओ, चट्टानों की तेजोद्गर अन्तर्गत वस्तु तथा समुद्र के गर्भ के प्राणियो और उद्भिदो के सम्बन्ध मे बहुत उपयोगी सूचनाये प्राप्त हुई है । कहना न होगा कि यह काम अभी उस हद तक नही हुआ है जितना कि होना चाहिये । आशा की जाती है कि जल्दी ही इस कार्य का विस्तार होगा ।

भारत के वैज्ञानिक कार्यकर्ताओं के लिये एक अभाव यह भी रहा कि उन्हे आवश्यकतानुसार दुष्प्राप्य रासायनिक पदार्थ प्राप्त नही होते थे । इसलिये पूना की राष्ट्रीय रासायनि प्रयोगशाला इस सम्बन्ध मे कार्य कर रही है, और यह आशा की जा रही है कि उनके द्वारा बनाई हुई योजना के अनुसार कुछ दुष्प्राप्य रासायनिक पदार्थ शोध कार्य करने वालों को उचित मूल्य पर प्राप्त होगे ।

**भौतिक विज्ञान पर शोध**

दिल्ली की राष्ट्रीय भौतिक प्रयोगशाला मे आर० एफ० अम्मीटरस शोध योजना के फलस्वरूप तैयार हुए और उनके डिजाइन बने। ये परीक्षण मे सन्तोषजनक पाये गये। अब नागरिक उड्डयन तथा प्रतिरक्षा सेवाओ मे उनका परीक्षण हो रहा है।

**विज्ञान मंदिर**

विज्ञान को गाव वालो तक ले जाना एक महान् उद्देश्य है। तदनुसार दिल्ली राज्य के गाव मे एक विज्ञान मन्दिर की स्थापना की गई है। इस मन्दिर का उद्देश्य गाव वालो को खेती तथा स्वास्थ्य के सम्बन्ध मे उठने वाली दैनिक समस्याओ पर सलाह देना है। विज्ञान मन्दिर नई समस्याओ पर भी विचार करेगा। इसमे भूमि और जल का विश्लेषण किया जायेगा और बीमारियो के सम्बन्ध मे भी अध्ययन होगे। इस मन्दिर से गाव वालो मे वैज्ञानिक ज्ञान का प्रचार किया जायेगा और आसान साहित्य का वितरण होगा। केवल सलाह देने से ही काम नही चल सकता, इसलिये पौधो की बीमारियो को दूर करने के लिये आवश्यक चीजे भी मन्दिर मे मिल सकेगी। दिल्ली का यह प्रयोग सफल रहा तो भारत भर मे विज्ञान मन्दिर खोले जायेगे।

**इंजीनियरिंग शोध**

1950 में इजीनियरिग सम्बन्धी शोध कार्य को आगे बढाने के लिये बोर्ड आफ इजीनियरिग रिसर्च की स्थापना हुई। इसकी सहायक समितियो के रूप मे 5 विशेषज्ञ समितिया काम करती हैं, जैसे (1) असैनिक इजीनियरिग समिति, (2) यत्रसम्बन्धी इजीनियरिग समिति, (3) बिजली और रेडियो इंजीनियरिग समिति, (4) हाइड्रोलिक समिति और (5) वायुयान विज्ञान सम्बन्धी इजीनियरिग समिति। इस बोर्ड के सामने विशेषरूप से दो कार्य है, एक तो देश मे इजी-नियरिग शोध से प्राप्त सुविधाओ का परिमापन तथा दूसरे उन समस्याओ का पता लगाना जो अभी तक हल नही की जा सकी।

## प्रकाशन

कौसिल जो काम कर रही है, उसके सम्बन्ध मे लोगो को जानकारी देने के लिये कई पत्र–पत्रिकाये निकलती रहती है। अग्रेजी मे **'जरनल आफ साइंटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च'** और हिन्दी मे **विज्ञान प्रगति** मासिक साहित्य के रूप में प्रकाशित हुई है। इनका उद्देश्य जनता में विज्ञान का प्रचार करना है। इसके अलावा विभिन्न राष्ट्रीय प्रयोगशालाये अपनी बुलेटिन प्रकाशित करती है।

भारत मे कौन कौन से कच्चे माल प्राप्त है उस के सम्बन्ध मे 11 जिल्दो मे एक ग्रन्थ प्रका-शित हो रहा है, जिन मे से चार जिल्दे प्रकाशित हो चुकी है। समय-समय पर और भी छोटी मोटी पुस्तिकाये तथा परिमापन रिपोर्टे प्रकाशित हुई है। इस सस्था की ओर से जो सबसे ताजी रचनाये प्रकाशित हुई है उनके नाम इस प्रकार है (1) वनस्पति की बनावट तथा पौष्टिक मूल्य पर शोध, (2) भारतीय फर्मासी ग्रन्थ।

यहा के विभिन्न द्रव्यो के परिमापन के साथ साथ कौसिल यहा की वैज्ञानिक तथा प्रौद्योगिक जनशक्ति के सम्बन्ध मे भी एक विस्तृत पूजी तैयार कर रही है। इस पुस्तक के लिखे जाने के समय तक 40,000 से ऊपर वैज्ञानिक तथा औद्योगिक विशेषज्ञो के सम्बन्ध मे सूचना एकत्र की जा चुकी है।

## वैज्ञानिक सम्पर्क

भारत मे विज्ञान की उन्नति के लिये इतना ही यथेष्ट नही है कि भारत के वैज्ञानिक परस्पर विचार विनिमय ही करते रहे, बल्कि इस के साथ यह भी जरूरी है कि हमारे वैज्ञानिको का सम्पर्क संसार के अन्य वैज्ञानिको के साथ बना रहे। इसी उद्देश्य से केन्द्रीय सरकार की ओर से एक वैज्ञानिक कर्मचारी इंग्लैड मे नियुक्त है, जो कामनवैल्थ के देशो के अन्दर वैज्ञानिको के आने जाने मे सहायता देता है। ससार के वैज्ञानिक निरन्तर जो नये आविष्कार कर रहे है, यह कर्मचारी सरकार को उन से परिचित कराता रहता है, और साथ ही भारतीय छात्रो के लिये विदेशो मे विज्ञान की शिक्षा का प्रबन्ध करता रहता है।

## राष्ट्रीय शोध विकास कारपोरेशन

हमारी राष्ट्रीय प्रयोगशाला मे निरन्तर नई-नई प्रक्रियाये तथा पद्धतियो का आविष्कार होता है। यदि केवल इन बातो को विज्ञान की पुस्तको तक ही सीमित रखा जाये, तो कोई विशेष लाभ नही है। निजी व्यापारियो से यह आशा नही की जा सकती कि वे उन आविष्कारो को फौरन ही काम में लायेगे, तथा उस के लिये आवश्यक विपत्ति उठायेगे। इस खतरे से बचने के लिये भारत सरकार ने राष्ट्रीय शोध विकास कारपोरेशन नाम से एक सस्था की स्थापना की है। यह सस्था आविष्कृत तरीकों का प्रयोग कर नये यत्रो तथा आविष्कारो का परीक्षण करेगी। जब परीक्षण मे आविष्कार खरे उतर जायेगे, तब तो निजी व्यापारी स्वय ही उस ओर बढेगे।

**आणविक शक्ति आयोग**

सारे ससार मे आणविक शक्ति के सम्बन्ध मे जो क्रियाशीलता चालू थी, उसे देखते हुए भारत सरकार इस ओर से उदासीन नही रह सकती थी। इसलिये 1948 के आणविक शक्ति ऐक्ट के अनुसार अगस्त 1948 मे आणविक शक्ति आयोग की स्थापना की गई। इस आयोग का काम यह है कि आणविक शक्ति के विकास और उपयोग सम्बन्धी सारे विषयो पर काम करे।

आणविक शक्ति शोध बोर्ड तथा कास्मिक रश्मि समिति आयोग के काम मे हाथ बटाती है। हमारे यहा गणित, रसायनशास्त्र, भौतिक विज्ञान पर अध्ययन का मान-दण्ड उतना ऊचा नही था जितना कि उच्च वैज्ञानिक अध्ययन के लिये आवश्यक है। इस उद्देश्य से आयोग ने देश की कई शिक्षा सस्थाओ को काफी अनुदान दिया है। आयोग ने शोध सम्बन्धी जो कार्यक्रम बनाया है, उसके अनुसार विश्वविद्यालय, टाटा इस्टीट्यूट तथा दूसरी सस्थाओ मे शोध कार्य हो रहा है।

कास्मिक रश्मि सम्बन्धी शोध करने के लिये आयोग की ओर से कलकत्ता के इस्टीट्यूट आफ न्यूक्लेयर फिजिक्स तथा बोस रिसर्च इस्टीट्यूट को तथा अहमदाबाद की फिजिकल रिसर्च लैबोरेटरी को सहायता दी जाती है। इस मद मे प्रतिवर्ष कई लाख रुपये खर्च होते है।

आयोग ने तिरुवाकुर-कोचीन के अल्वाए नामक स्थान मे भारतीय दुष्प्राप्य मिट्टिया लि० स्थापित की है। इस कारखाने पर भारत सरकार और तिरुवाकुर-कोचीन की सम्मिलित मिल्कियत है। 1952 के अप्रैल मे यह कारखाना स्थापित हुआ था,

और इस में मोनाजाइट का प्रोसेसिंग होता है । इसी कारखाने मे बहुत लाभ हो रहा है, और साथ ही भारत को युद्धोपयोगी माल भी मिल रहा है। अब तक इस कारखाने मे यूरेनियम और थोरेनियम निकालने का कोई उपाय नही था, और इस के लिये वही एक दूसरा कारखाना खुल रहा है । इस कारखाने मे जो दुष्प्राप्य मिट्टियो वाला नमक प्राप्त होता है, उसमें से कुछ गैस मैन्टल धन्धे मे लगा दिया जायेगा और बाकी भविष्य के लिये रख दिया जायेगा ।

## न्यूक्लेयर शोध

भारत मे अभी कई मामलो मे जैसे न्यूक्लेयर शोध मे तो अभी हाल ही मे शुरुआत हुई है। इस सम्बन्ध मे 1945 मे स्थापित टाटा इस्टीट्यूट अग्रगामी रहा है । यह सस्था वित्तीय सहायता के लिये भारत सरकार पर निर्भर करती है और शोध करने के अतिरिक्त छात्रो को प्रशिक्षण भी देती है। 1950 में कलकत्ता मे मदाम जोलियो कूरी ने इस्टीट्यूट आफ न्यूक्लेयर फिजिक्स की स्थापना की ।

# चौदहवां अध्याय
## उद्योग धन्धे

हमारे देश के लिये सब से बडी समस्या यह रही है कि जमीन पर बोझ घटाया जाये। यह सौभाग्य की बात है कि इधर हमारे देश मे औद्योगिक प्रगति तेजी से हुई है। 1952 में प्रगति काफी रही। नीचे की तालिका से ज्ञात होगा कि 1952 मे औद्योगिक उत्पादन का देशनाक 128 9 तक पहुंचा हुआ था जो युद्ध के बाद के वर्षो के लिये सर्वोच्च है :

तालिका 94
( आधार : 1946=100 )

| वर्ष | औद्योगिक जनसख्या का देशनाक | औद्योगिक जनसख्या का त्रैमासिक देशनाक | | |
|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही | 1951-52 | 1952-53 |
| 1947 . . | 97·2 | I | 117·3 | 126·7 |
| 1948 . | 108·4 | II | 117·7 | 128·2 |
| 1949 . | 106·1 | III | 121·3 | 133·5 |
| 1950 . | 105·0 | IV | 126·0 | 132·4 |
| 1951 . | 117·2 | | | |
| 1952 . | 128·9 | | | |

कुछ उद्योगो मे विशेष तरक्की रही, जैसे सूती कपड़े, पटसन का माल, चीनी, नमक, दियासलाई, कागज, कागज का गत्ता, बिजली की बत्तिया, कृत्रिम रेशमी सूत तथा सिलाई की मशीने। यदि यह विचार किया जाये कि यह बढती क्यो हुई तो यह ज्ञात होगा कि दो बाते मुख्यत. इस के लिये जिम्मेदार है। एक तो मालिक और मजदूरो का झगडा कम हो गया, और दूसरे कच्चे माल की पूर्ति अधिक हुई। पर इन बातो के होते हुए भी कुछ धन्धे ऐसे है जिन मे उत्पादन कम हुआ। इन धन्धो मे मुख्य ये है .—

अल्यूमीनियम, पम्प, डीजल इजन, यान्त्रिक औजार, करघे, हरिकेन लालटैन, सूखी और स्टोरेज बैटरी, सूपर फास्फेट, सलफ्यूरिक ऐसिड, सोडा ऐश, रग वाले पेन्ट, एनामेल, चमडा, शीशा तथा ऊन की चीजे। इन धन्धो मे अवनति इस कारण हुई कि सारी दुनिया मे बेचनेवालो के बाजार से खरीदने वालो के बाजार के रूप मे परिवर्तन हुआ।

1948 मे 13,120 स्थायी और 2,786 मौसमी कारखाने थे। कुल मिलाकर इन से राष्ट्रीय आय 6.6 प्रतिशत प्राप्त हुई थी। उत्पादन की मर्दुमशमारी के अनुसार उद्योगधन्धो के 29 वर्गो मे कुल उत्पादक पूजी का परिमाण 483 करोड रुपये, निर्दिष्ट पूजी का परिमाण 196 करोड रुपये और चालू पूजी 287 करोड रुपये की थी। इस के साथ यदि यह बात रक्खी जाये कि कई धन्धे इस गणना मे नही आये, तो भारतीय उद्योग धन्धो मे लगी हुई उत्पादक पूजी का परिमाण 650 करोड रुपये था। सब कारखानो मे कुल मिला कर पच्चीस लाख व्यक्ति काम कर रहे थे। इन सब बातो को देखते हुए 1948 मे ही ससार की औद्योगिक जातियो मे भारत को आठवा स्थान प्राप्त हुआ।

भारत मे पहली सूती मिल 1818 मे स्थापित हुई, पर यह केवल इतिहास के लिये है। असल मे 1854 मे बम्बई मे इस धन्धे का श्रीगणेश हुआ। सूती कपडे का धन्धा और पटसन का धन्धा यही दोनो भारत के मुख्य धन्धे है। जहा सूती कपडे का सूत्रपात बम्बई मे हुआ वहा पटसन के धन्धे का सूत्रपात कलकत्ते मे 1855 मे हुआ। स्थापना के स्थान के अतिरिक्त इन दोनो धन्धो मे एक फर्क और भी रहा। सूती कपडे के धन्धे के पीछे मुख्यत भारतीय पू जी और उद्योग था, पर पटसन के धन्धे के पीछे विदेशी पूजी और विदेशी उद्योग था। नीचे की तालिकाओ मे गत पचास वर्षो मे इन धन्धो मे जो प्रगति हुई है, दिखाई जा रही है :

तालिका 95

**सूती कपड़ा उद्योग का विकास**

| वर्ष | मिलो की सख्या | तकुवो की सख्या (हजारो मे) | करघों की सख्या (हजारो मे) | उत्पादन | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | सूत (दस लाख पौडो मे) | पीस गुड्स |
| 1901 . | 178 | 4,841 | 40.5 | 573 | 120 |
| 1911 . | 233 | 6,095 | 85.8 | 625 | 267 |
| 1921 . | 249 | 7,278 | 133.5 | 694 | 403 |
| 1931 . | 314 | 9,078 | 175.2 | 966 | 672 |
| 1941 . | 396 | 10,026 | 200.2 | 1,577 | 1,093 |
| 1951 . | 445 | 11,241 | 201.5 | 1,304 | 4,076 (दस लाख गज) |

तालिका 96

**पटसन उद्योग का विकास**

| वर्ष | मिलो की सख्या | अधिकृत पू जी (करोड रुपयो मे) | करघो की सख्या (हजारो मे) | तकुवो की सख्या (हजारो मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1879-80 से ले कर 1883-84 तक (औसत) . | 21 | 2·71 | 5·5 | 88 |
| 1899-1900 से ले कर 1903-04 तक (औसत) | 36 | 6·80 | 16·2 | 335 |
| 1909-10 से ले कर 1913-14 तक (औसत). | 60 | 12·09 | 33·5 | 692 |
| 1925-26 . . | 90 | 21·35 | 50·5 | 1,064 |
| 1930-31 . . | 100 | 23·61 | 61·8 | 1,225 |
| 1937-38 . . | 105 | 24·89 | 52·4 | 1,108 |
| 1951. . . | 106 | | | |

1855 के लगभग इन दोनो धन्धो का आरम्भ हुआ, और प्रथम महायुद्ध छिडने तक ये ही दोनो धन्धे भारत के मुख्य धन्धे बने रहे। युद्ध के कारण भारतीय धन्धो को प्रोत्साहन मिला। उस युग की भारत सरकार समझ गई कि भारतीय धन्धो को प्रोत्साहन देना चाहिये, पर इस बीच में बहुत कुछ होते हुए भी 1922 मे ही भारतीय फिस्कल कमीशन की सिफारिश पर भारतीय धन्धो को सरक्षण दिया गया। इस से भारतीय धन्धो को बहुत फायदा रहा। 1922 और 1939 के बीच सूती पीसगुड का उत्पादन दुगुने से अधिक हो गया। इस्पात के इनगाट का उत्पादन आठ गुना हुआ, और कागज का उत्पादन ढाई गुना पहुचा। सब से मार्के की प्रगति चीनी के धन्धे मे हुई। सरक्षण मिलने के कारण 1932 से 36 के अन्दर देश चीनी के सम्बन्ध मे आत्मनिर्भर हो गया। यह एक बहुत बडी बात थी। सीमेन्ट का धन्धा भी जोरो पर हो गया, और 1935–36 तक यह धन्धा इतना बढ गया कि देश की सीमेन्ट सम्बन्धी जरूरत का 95 प्रतिशत भारत मे ही पूरा होने लगा। इसी प्रकार से दियासलाई, शीशा, वनस्पति, साबुन और इजीनियरिंग के कई धन्धो मे इस युग मे बहुत काफी प्रगति हुई। देश मे अब बिजली का सामान भी उत्पन्न होने लगा।

इस प्रकार प्रथम महायुद्ध से भारत के उद्योगधन्धो को बहुत फायदा रहा, पर दूसरे महायुद्ध में और भी अधिक फायदा रहा क्योंकि अब यह नारा लगाया गया कि जहा तक हो सके देश की जरूरत देश मे ही पूरी की जाये। इस कारण कई नये धन्धे चालू हो गये।

(देखिये पृष्ठ 231 पर तालिका 97)

नये धन्धो से लौह धातु मिश्रण, लौह धातु, डीजल इजन, पम्प, बाईसिकल, सिलाई की मशीने, सोडा ऐश, कास्टिक सोडा, क्लोरिन और सुपर फास्फेट का उत्पादन उल्लेखनीय है। इसी युग मे यंत्रसम्बन्धी औजार, सरल यन्त्र, चाकू, छुरी आदि तथा फर्मासी वाले द्रव्य उत्पन्न होने लगे। यह तो लडाई के जमाने की बात हुई। जब लडाई बन्द हो गई तो कई और नये धन्धे चल निकले। अब तो बाल और रोलर बेयरिंग, धुनाई इजन, रिंगफ्रेम और रेल इजन उत्पन्न होने लगे। यद्यपि इसके पहले से ही रासायनिक खाद, सीमेन्ट, शीशे की चादरे, कास्टिक सोडा, सल्फ्युरिक एसिड के धन्धे चालू हो चुके थे, फिर भी अब उन मे बहुत जोरो की वृद्धि हुई।

कोई भी देश केवल उपभोग द्रव्यों के उत्पादन से बडा नही हो सकता। यह सही है कि जनता के प्रत्येक व्यक्ति को अधिक से अधिक उपभोग द्रव्य पहुचाना ही जनकल्याणकारी राष्ट्र का उद्देश्य है, पर जो देश केवल उपभोग के द्रव्य उत्पन्न करता है, वह आधारभूत पूजीवाले द्रव्यो के मामले मे दूसरे देशो पर निर्भर रहता है, इसलिये दूसरे देश जब चाहे तब उस की समृद्धि समाप्त कर सकते है। दुर्भाग्य से अब तक हमारे यहा उपभोग द्रव्यों के उत्पादन पर ही जोर रहा। विदेशी शासन से और क्या आशा की जा सकती थी। उपभोग द्रव्यो के मामले मे तो हम इतने आगे बढ गये थे कि सूती कपडा, चीनी, साबुन, दियासलाई और नमक मे हम बहुत कुछ आत्मनिर्भर हो चुके थे। बाकी द्रव्यो के मामले मे विशेषकर पूजी वाले द्रव्य तथा बीचकी उपजो को उत्पन्न करने वाले धन्धो मे हम अपनी वर्तमान आवश्यकता को भी पूर्ण करने मे असमर्थ रहे। लोहा और इस्पात के धन्धे मे तो हम देश की ५० प्रतिशत मौजूदा माग को भी पूरा नही कर सके। अल्यूमिनियम, लौह धातुमिश्रण, कास्टिक सोडा, सोडा ऐश, रासायनिक खाद तथा पट्रोल द्रव्यो मे हम बहुत ही पीछे है। बड यन्त्र, सिन्थिटिक दवाइया, एन्टीबायोटिक द्रव्य

तालिका 97

**कुछ चुने हुए उद्योगों के उत्पादन आंकड़े**

| उद्योग | इकाई | 1938 | 1945 | 1946 | 1947 | 1948 | 1949 | 1950 | 1951 | 1952 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| तैयार इस्पात (क) | (000 टन) | 702 | 954 | 890 | 893 | 857 | 930 | 1,004 | 1,076 | 1,103 |
| सूत | (10 लाख पौंड) | 1,289 | 1,644 | 1,367 | 1,296 | 1,447 | 1,360 | 1,175 | 1,304 | 1,450 |
| सूती पीसगुड (ख) | (10 लाख गज) | 4,306 | 4,711 | 3,908 | 3,762 | 4,319 | 3,905 | 3,665 | 4,076 | 4,598 |
| पटसन से बना माल | (000 टन) | 1,266 | 1,086 | 1,088 | 1,051 | 1,088 | 946(ख) | 835(ख) | 875(ख) | 952(ख) |
| कागज और गत्ता | (000 हंडरवेट) | 1,164 | 1,964 | 2,120 | 1,862 | 1,958 | 2,064 | 2,178 | 2,638 | 2,750 |
| गन्धक का तेजाब | (000 हंडरवेट) | 485 | 734 | 1,200 | 1,200 | 1,600 | 1,989 | 2,050 | 2,139 | 1,921 |
| अमोनियम सल्फेट | (000 टन) | 14·5 | 22·0 | 22·5 | 21·3 | 35·2 | 45·9 | 47·3 | 52·7 | 220·3 |
| रंगवाला पेंट | (000 हंडरवेट) | 572 | 1,030 | 768 | 772 | 714 | 618 | 559 | 670 | 643 |
| दियासलाई | (10 लाख ग्रुस) | 21·6 | 22·8 | 20·6 | 23·3 | 26·6 | 26·3 | 26·2 | 28·9 | 30·4 |
| चीनी (ग) | (000 टन) | 994 | 967 | 923 | 901 | 1,075 | 1,001 | 9,777 | 1,115 | 1,494 |
| सीमेंट | (000 टन) | 1,404 | 2,209 | 1,542 | 1,447 | 1,553 | 2,102 | 2,612 | 3,196 | 3,538 |
| नमक (घ) | (000 मन) | 43,968 | 54,602 | 47,868 | 51,600 | 63,528 | 55,620 | 71,316 | 74,376 | 76,860 |
| कोयला | (000 टन) | 28,344 | 28,716 | 28,884 | 30,000 | 29,820 | 31,452 | 31,992 | 34,308 | 36,228 |

द्रष्टव्य.—अगस्त, 1947 के बाद के आंकडे भारतीय यूनियन के लिये है।

(क) आकड़े भारतीय यूनियन के लिये हैं।

(ख) अगस्त, 1949 के बाद के आकडे उन मिलों के उत्पादन के लिये है, जो भारतीय जूट मिल एसोसियेशन की सदस्य हैं और एक ऐसी मिल के लिये भी है जो सदस्य नही है।

(ग) 1946 के बाद के आंकड़ों का सम्बन्ध नवम्बर से लेकर अक्तूबर तक के फसल-वर्ष के लिये है, और ये केवल गन्ने की शक्कर के लिये है।

(घ) 1946 तक के आंकड़े अप्रैल से आरम्भ होने वाले वित्तीय वर्ष के लिये है।

रंग का सामान, भारी रासायनिक पदार्थ का उत्पादन अभी अभी हम ने आर किया है। तालिका 97 में 1945 के बाद कुछ बहुत महत्वपूर्ण धन्धों में व प्रगति हुई है, यह दिखाया गया है। इसी के साथ—साथ 1938 आंकड़े भी दिये गये हैं जिससे तुलना सम्भव है। छ मुख्य धन्धों के ब्यौरे इस प्रकार है:

## तालिका 98

**सूती कपड़ा**

| वर्ष | मिलों की संख्या | करघे (हजार) | तकुए (हजार) | उत्पादित सूत (दस लाख पौंड) | उत्पादित कपड़ा (दस लाख गज) | निय ( ला गज |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1947-48 | 408 | 197 | 10,266 | 1,330 | 3,770 | 19 |
| 1948-49 | 416 | 198 | 10,534 | 1,475 | 4,381 | 34 |
| 1949-50 | 425 | 200 | 10,849 | 1,290 | 3,779 | 69 |
| 1950-51 | 445 | 201 | 11,241 | 1,162 | 3,676 | 1,21 |
| 1951-52 | 453 | 204 | 11,427 | 1,325 | 4,297 | 42 |
| 1952-53 | 453 | 204 | 11,427 | 1,500 (लगभग) | 4,800 (लगभग) | 65 (लगभ |

**पटसन का माल**

| वर्ष (जून-जुलाई) | मिलों की संख्या | उत्पादन (हजार टनों में) | निर्यात (हजार टनों में) | प्रति दिन नियोजित व्यक्तियों क संख्या (औसत |
|---|---|---|---|---|
| 1947-48 | 104 | 1,035 | 896 | 3,15,00 |
| 1948-49 | 104 | 1,040 | 872 | 3,03,00 |
| 1949-50 | 104 | 825 | 754 | 2,78,30 |
| 1950-51 | 104 | 858 | 547 | 2,84,00 |
| 1951-52 | 104 | 945 | 797 | 2,76,00 |
| 1952-53 | 104 | 920 | 739 | 2,70,00 |

**चीनी**

| वर्ष | मिलों की संख्या | उत्पादन (हजार टनों में) | चीनी की औसत प्राप्ति (प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1948-49 | 136 | 1,007 | 9.97 |
| 1949-50 | 139 | 978 | 9.89 |
| 1950-51 | 138 | 1,100 | 9.99 |
| 1951-52 | 139 | 1,483 (क) | 9.57 |
| 1952-53 | 136 | 1,250 (लगभग) | 9.95 |

(क) अब तक का अधिकतम उत्पादन

### लोहा व इस्पात

| वर्ष | कुल उत्पादन (हजार टनो मे) |
|---|---|
| 1948-49 | 3,620 1 |
| 1949-50 | 3,973 4 |
| 1950-51 | 4,007 6 |
| 1951-52 | 4,309 3 |
| 1952-53 | 4,100 0 |

### सीमेंट

| वर्ष | उत्पादन (लाख टनो मे) | आयात (हजार टनो मे) |
|---|---|---|
| 1948-49 | 16 2 | 147 |
| 1949-50 | 22 9 | 340 |
| 1950-51 | 26 9 | 19 |
| 1951-52 | 33 0 | 13 |
| 1952-53 | 36 0 | 13 |

### कोयला व पत्थर का कोयला

| वर्ष | उत्पादन (लाख टनो मे) | निर्यात (लाख टनो मे) |
|---|---|---|
| 1948-49 | 280 1 | 11.2 |
| 1949-50 | 323 4 | 9 7 |
| 1950-51 | 361 8 | 36.9 |
| 1951-52 | 350 0 | 24 0 (लगभग) |
| 1952-53 | | |

### साइकिल

| वर्ष | बनायी गयी साइकिलो की संख्या | आयात की गई (सम्पूर्ण) साइकिलों की संख्या |
|---|---|---|
| 1948-49 | 46,000 | 2,64,392 |
| 1949-50 | 67,000 | 2,68,148 |
| 1950-51 | 1,01,136 | 1,65,461 |
| 1951-52 | 1,20,288 | 2,83,100 |
| 1952-53 | 1,92,000 | 2,56,491 |

**अल्युमिनियम**

| वर्ष | वार्षिक क्षमता | इन्गाट का उत्पादन (टनो मे) | धातु का आयात सभी रूप मे (टनो में) |
|---|---|---|---|
| 1948 | | 3,362 | |
| 1949 | | 3 490 | |
| 1950 | | 3,596 | |
| 1951 | अलुमिना 16,000<br>इन्गाट 4,000 (क)<br>चादरे और छल्ले 3,500 | 3 489 | 8,000 (औसत) |
| 1952 | | 3,941 | |

**मशीनी औजार**

| वर्ष | फैक्ट्रियो की सख्या | कूती गयी वार्षिक क्षमता | उत्पादन |
|---|---|---|---|
| 1950-51 | 14 | 3,000 | 1,101 |
| 1955-56 (लक्ष्य) | 15 | 4,600 | 4,600 |

**बागान वाले धन्धे**

हमारे देश मे चाय, कहवा और रबड़ के धन्धे खेती वाले भाग के कुल 0 4 प्रतिशत भाग मे फैले हुए है। भारत के उत्तर-पूर्वी तथा दक्षिण-पश्चिमी हिस्सो मे इनका बोलबाला है। पर विदेश से धन लाने की दृष्टि से ये धन्धे बहुत महत्वपूर्ण है, और इन से भारत को 80 करोड़ रुपये के मूल्य का विदेशी विनिमय प्राप्त होता है। केवल चाय से ही 78 करोड़ रुपये का विदेशी विनिमय प्राप्त होता है। इस तथ्य के अतिरिक्त यह भी तथ्य कम महत्वपूर्ण नही है कि इन धन्धो से हमारे देश के 10 लाख से अधिक परिवार पलते ह। पहले कहवा और रबड़ बाहर भेजा जाता था, पर अब मुख्यत. देश मे ही उनकी खपत है। 1950-51 मे लगभग 1 करोड़ 20 लाख पौण्ड रबड बाहर भेजी गयी। यह अनुभव किया गया कि हमारे यहा रबड़ की खेती बढाई जा सकती है। तदनुसार रबड बनाने की विकास समिति ने एक पन्द्रह साल की योजना बनाई है। बागान वाले 3 धन्धो मे हाल मे कैसी प्रगति हुई है, यह तालिका 99 मे दिखलाया गया है।

(क) इडियन अल्युमिनियम कम्पनी लिमिटेड 2,500; अल्युमिनियम कॉरपोरेशन ऑव् इडिया लिमिटेड, 1,500।

# तालिका 99

## बागान उद्योग

**चाय**

| वर्ष | जोत के अन्तर्गत क्षेत्र (हजार एकडो मे) | उत्पादन (दस लाख पौण्डों मे) |
|---|---|---|
| 1947 . | 842 | 600 |
| 1948 (क) | 773 | 567 |
| 1949 . | 773 | 586 |
| 1950 . | 777 | 606 |

**कहवा**

| वर्ष | जोत के अन्तर्गत क्षेत्र (हजार एकडो मे) | उत्पादन (हजार टनो में) |
|---|---|---|
| 1946-47 . | 216.9 | 45·4 |
| 1947-48 . | 218.8 | 15.8 |
| 1948-49 . | 221.0 | 21.6 |
| 1949-50 . | 224 6 | 20.1 |
| 1950-51 . | 224.6 | 18.3 |

**रबर**

| वर्ष | जोत के अन्तर्गत क्षेत्र (हजार एकडो में) | उत्पादन (हजार टनो में) |
|---|---|---|
| 1947 . | 129 | 16.4 |
| 1948 . | 119 | 15·4 |
| 1949 . | 124 | 15.6 |
| 1950 . | 138 | 15.6 |
| 1951 . | 149 | 17.1 |

(क) केवल भारतीय यनियन के लिए ।

## औद्योगिक नोति

हमारे देश की औद्योगिक नीति क्या होनी चाहिये यह एक एसा विषय है जिस पर कई तरह के विचार प्रचलित थे। इसलिये 1948 की 7 अप्रैल को भारतीय ससद मे उद्योग नीति के सम्बन्ध मे एक प्रस्ताव पास किया गया जिस मे यह कहा गया कि (1) कुछ धन्धे जैसे अस्त्रशस्त्र, आणविक शक्ति का धन्धा और नियत्रण, रेल मार्ग की मिल्कियत तथा व्यवस्था सम्पूर्णरूप से केन्द्रीय सरकार के अधीन होगे, (2) दूसरे कुछ धन्धो मे जैसे कोयला, लोहा और इस्पात का उत्पादन, हवाई जहाज और जहाज निर्माण, टेलीफोन, टेलीग्राफ और बेतार के सामान का उत्पादन, खनिज तेल उत्पादन, इन धन्धो मे और उन्नति करना राज्यो की जिम्मेदारी होगी। हा, जितनी हद तक निजी धन्धो के सहयोग की आवश्यकता है उतनी ली जाएगी और (3) औद्योगिक क्षेत्रो का बाकी हिस्सा निजी धन्धे, वैयक्तिक उद्योग तथा सहकारी सस्था पर निर्भर होगा। हा, इन पर केन्द्रीय नियत्रण रहेगा, तथा कुछ ऐसे धन्धो पर जो लागत तथा प्रौद्योगिक कला की दृष्टि से महत्वपूर्ण है नियत्रण भी रहेगा। योजना आयोग ने ससद की नीति का समर्थन किया। बात यह है कि हमारे यहा यह मान लिया जा चुका है कि हमारी आर्थिक व्यवस्था मिश्र पद्धति की होगी। योजना आयोग ने यह भी माना है कि इसी आधार पर हमारे औद्योगिक धन्धो की अट्टालिका खडी हो सकेगी। दूसरे शब्दो मे यह कहा जा सकता है कि हमारे यहा सरकारी धन्धे और निजी धन्धे साथ साथ चलेगे। निजी धन्धो को हर हालत मे हमारी प्रगति सम्बन्धी योजना के अनुसार चलना पडेगा, और उन्हे राष्ट्र के नियत्रण मे काम करना पडेगा। योजनात्मक उन्नति के लिये यह व्यवस्था जरूरी है।

1951 मे एक औद्योगिक विकास और नियत्रण विधि पारित हुई, जो 1952 की 8 मई से लागू हो गई। इस विधि का उद्देश्य यह है कि हमारी औद्योगिक उन्नति द्रुत हो। इसलिये इस विधि से उद्योग धन्धो के लिये केन्द्रीय परामर्श परिषद् की स्थापना हुई है। जो कारखाने इस समय चालू है, उन्हे अपने को पजीकृत कराना पडेगा और नये कारखानो को लाइसेन्स लेना पडेगा। यदि केन्द्रीय सरकार को किसी कारखाने के सम्बन्ध मे ज्ञात हो कि इसमे कुछ ऐसी त्रुटिया है जिसके कारण उत्पादन नही बढ रहा है, तो केन्द्रीय सरकार उस हालत मे जाच कर सकेगी और कुछ निर्देश देगी। इस प्रकार ये त्रुटिया दूर कर दी जायेगी। यदि सरकार द्वारा दिये हुए निर्देश काम मे न लाये जाये, तो सरकार को इस विधि के अनुसार अधिकार होगा कि उन धन्धो को अपनी देखरेख मे चलाये। इस विधि के अनुसार केवल 37 धन्धे या धन्धो के वर्ग के नियंत्रण के लिये व्यवस्था थी, और इस मे से प्रत्येक धन्धा या धन्धो के वर्ग के लिये एक विकास परिषद् की स्थापना की व्यवस्था थी। पर 1953 मे एक सशोधन के द्वारा इस सूची मे रेशम, कृत्रिम रेशम, रंग का सामान, साबुन, प्लाइवुड, फेरोमैंगनीज जोड दिये गये। पहले इस विधि के अनुसार कारखाने ऐसा देखरेख से बरी थे जिन मे 1 लाख रुपये से कम पूजी लगी हुई थी, पर अब यह रोक भी हटा दी गयी। पहले के मुकाबले मे अब सरकार को व्यवस्था और नियंत्रण के सम्बन्ध मे विस्तृत अधिकार मिले है। उक्त सशोधन के अनुसार अब आवश्यकता पड़ने पर किसी कारखाने पर संसद की स्वीकृति से 5 साल से अधिक समय तक भी नियंत्रण रक्खा जा सकता है।

1952 में विधि के अनुसार उद्योग धन्धो की जो केन्द्रीय परामर्श परिषद् बनी, उस में उद्योगधन्धे, श्रमिकवर्ग, उपभोक्ताओं तथा प्राथमिक उत्पादको के 27 प्रतिनिधि थे। 1952 के नवम्बर तक 3,562 कारखानो ने पंजीकरण के लिये आवेदन पत्र दिये, और 2,209 इस विधि के अनुसार पंजीकृत हुए। इस बीच मे जो नये कारखाने खुले है, तथा मौजूदा कारखानो का

बिस्तार हुआ है, उस का ब्यौरा यह है कि सूती, तथा ऊनी कपड़े के धन्धे मे नौ इकाइयो, बिजली का सामान, इंजीनियरिंग, सीमेट और चीनी के धन्धो मे से प्रत्येक मे पाच इकाइयो, भारी रासायनिक पदार्थों मे तीन इकाइयो और तिलहन से उत्पन्न तेल के धन्धे मे चौदह इकाइयो को लाइसेस मिला। लाइसेस वाली समिति व्यापार और उद्योग मत्रालय, वित्त मत्रालय, रेल मत्रालय, उत्पादन मत्रालय तथा योजना आयोग के प्रतिनिधियो के द्वारा बनी है। सरकार इस सस्था के द्वारा इस सम्बन्ध मे अपना मत लोगो पर लागू कर सकती है कि कौन से धन्धे विशेष रूप से बढाये जाये। (1) भारी रासायनिक पदार्थ (ऐसिड) तथा रासायनिक खाद, और (2) आन्तरिक कम्बश्चन इजन के लिये दो विकास परिषदे स्थापित हुई है।

इन बातो के अतिरिक्त इस बात पर भी समय समय पर विचार करने की आवश्यकता है कि किन धन्धो को सरक्षण दिया जाये। यदि दिया जाये तो किस हद तक दिया जाये। इसके लिये अवनुविहित टैरिफ बोर्ड की जगह पर 1952 की जनवरी मे स्थापित अनुविहित टैरिफ कमीशन सामने आया। 1952–53 मे सब से पहली बार जिन धन्धो को सरक्षण मिला उन मे हाइड्रोक्वीनाइन, लोहा और इस्पात, मशीन स्क्रू, बिजली बत्तियो के पीतल के होल्डर, जीप फासनर और बाल बेयरिंग उल्लेखनीय है।

## लागत और वित्त

यह देखा गया कि बहुत से नये धन्धो को स्थापित करने की आवश्यकता है पर इस प्रकार के धन्धो को चालू करने के लिये वित्तीय सहायता की आवश्यकता है, तदनुसार 1948 की जुलाई मे एक औद्योगिक वित्तीय कारपोरेशन की स्थापना की गयी, जिस का उद्देश्य भारतीय उद्योग धन्धो को माध्यमकालीन तथा दीर्घकालीन ऋण देना है। 1950–51 मे कारपोरेशन ने 5·21 करोड़ रुपये और 1951–52 मे 6·55 करोड रुपये का ऋण दिया। 1951 मे राज्य वित्तीय कारपोरेशन ऐक्ट पारित हुआ, उसके अनुसार राज्य मे औद्योगिक वित्तीय कारपोरेशन की स्थापना की व्यवस्था है। यह कारपोरेशन मझले और छोटे पैमाने के ऐसे धन्धो को आर्थिक सहायता देगा जो अखिल भारतीय औद्योगिक वित्तीय कारपोरेशन के दायरे मे नही आते। तदनुसार 1953 की फरवरी मे पजाब वित्तीय कारपोरेशन की स्थापना हुई। बम्बई, उत्तर प्रदेश, हैदराबाद, मैसूर और तिरुवाकुर-कोचीन मे इस प्रकार की सस्थाओ की स्थापना की बात चल रही है।

केवल देश के अन्दर वित्त द्वारा सहायता यथेष्ट नही समझी गयी, बल्कि यह समझा गया कि विदेशो मे भी जहा तक हो सके खुलकर पूजी आनी चाहिये। इस से लाभ यह है कि पूजी वाले द्रव्यो तथा प्रौद्योगिक ज्ञान के रूप मे पूजी आती है। कही इस सम्बन्ध मे कोई गलतफहमी न हो, इसलिये 1948 की अप्रैल मे औद्योगिक नीति सम्बन्धी प्रस्ताव मे विदेशी पूजी पर नीति स्पष्ट कर दी गयी। फिर 1949 की अप्रैल मे प्रधान मत्री ने भारत की सविधान सभा मे एक वक्तव्य दिया, उसमे भी इस का अधिकतर स्पष्टीकरण किया गया। इस सम्बन्ध मे भारत की नीति इस प्रकार है :—

(1) विदेशी पूजी और उद्योग को राष्ट्रीय हित मे नियमित करना आवश्यक है। उदाहरणस्वरूप इस के साथ-साथ यह बात तो होनी ही चाहिए कि जहा तक हो सके मिल्कियत तथा नियत्रण, अपवादात्मक क्षेत्रो की

बात और है, हमेशा भारतीयो के ही हाथ मे हो, साथ ही भारतीयों को इस उद्देश्य से उपयुक्त रूप से प्रशिक्षण दिया जाये कि अन्ततोगत्वा वे विदेशी विशेषज्ञों का स्थान ले ले ।

(2) सामान्य औद्योगिक नीति के बरतने मे विदेशी तथा भारतीय कम्पनी मे कोई भेदबुद्धिमूलक व्यवहार नही किया जायेगा ।

(3) देश की वैदेशिक विनिमय सम्बन्धी परिस्थिति से तालमेल रख कर मुनाफा बाहर भेजने तथा पूजी जहा से आयी है वहा भेजने के लिये उचित सुविधाएं दी जायेगी ।

(4) राष्ट्रीयकरण होने पर उचित और न्यायपूर्ण क्षतिपूर्ति दी जायेगी ।

## सरकारी हिस्सा

यह पहले ही बताया जा चुका है कि हमारे यहा यह मान लिया गया है कि निजी धन्धों के साथ-साथ सरकारी धन्धे भी रहेगे । पचवर्षीय योजना मे एक तो केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों के अधीन औद्योगिक कार्यों के लिये 94 करोड रुपये की रकम नियत की गयी है, दूसरे आधारभूत धन्धो के लिये जिन मे परिवहन सम्बन्धी सहायक सुविधाए आ जाती है 50 करोड रुपया लगाने की व्यवस्था है । यह तो सरकारी धन्धो की बात हुई, निजी धन्धो के क्षेत्र मे औद्योगिक विस्तार के लिये यह अन्दाजा किया जाता है कि 233 करोड पये लगाये जायेगे । इसमे पुराने यन्त्रों आदि को बदलने तथा आधुनिकीकरण मे जो 150 करोड रुपये खर्च होगे, उस रकम को नही दिखाया गया है ।

पहले ही यह इगित किया जा चुका है कि लोहा और इस्पात के उत्पादन के मामले मे हमारा देश यथेष्ट पिछडा हुआ है । इसलिये पचवर्षीय योजना मे यह व्यवस्था की गयी है कि 80 करोड रुपये की लागत पर एक बहुत बडा औद्योगिक कारखाना खोला जाये जिस मे लोहा और इस्पात का उत्पादन किया जाये । यह न समझा जाये कि यह सारी रकम तुरन्त ही लगा दी जायेगी । सच तो यह है कि 1955–56 तक कुल 30 करोड पये ही लगाये जायेंगे । इस रकम में से सरकार केवल 15 करोड रुपये देगी, और बाकी रकम देशी और विदेशी सूत्रो से आयेगी । यह आशा की जाती है कि इस कारखाने की उत्पादन सामर्थ्य आठ लाख टन लोहा और कम से कम साढे तीन लाख टन इस्पात की होगी। इस कार्य को अच्छे से अच्छे ढग से चलाने के लिये अभी हाल ही मे भारत सरकार ने प्रसिद्ध जर्मन कम्बाइन क्रुप्स डेमाग के साथ एक समझौता किया है, जिस के अनुसार यह कम्पनी प्रौद्योगिक सहायता देने के अतिरिक्त भारतीय प्रौद्योगिक कार्यकर्ताओ को प्रशिक्षण भी ेगी ।

यह एक बहुत ही मार्के की बात है कि उपभोग द्रव्यो का उत्पादन निजी धन्धों पर ही छोड दिया गया है । सरकारी धन्धो मे केवल वे ही धन्धे रक्खे गये है, जैसे पूजी वाले द्रव्य और अत्यन्त आवश्यक बीच की उपजे । वर्तमान तथा भविष्य मे हमारे आर्थिक विकास के लिये जो बाते जरूरी है और होगी, उन्ही पर सरकार अपना ध्यान केन्द्रित करेगी । तालिका 100 में खर्च तथा सार्वजनिक क्षेत्रो के कारखानो आदि के सम्बन्ध मे ब्यौरे दिये गये है ।

## निजी धन्धे

पहले हम यह बता चुके है कि निजी धन्धो के लिये उपभोग वाले द्रव्यो का उत्पादन छोड दिया गया है, पर इस का मतलब यह हरगिज नहीं कि निजी धन्धो के क्षेत्र मे केवल उपभोग द्रव्यो का ही उत्पादन होगा। तथ्य तो यह है कि निजी क्षेत्र मे 80 प्रतिशत पूजी वाले द्रव्य तो उत्पादक द्रव्यो के साथ-साथ विशेषकर लोहा और इस्पात (43 करोड रुपये), पेट्रोल शोधन (64 करोड रुपये ), सीमेन्ट (13 करोड रुपये), अल्यूमिनियम (9 करोड रुपये) रासायनिक खाद, भारी रासायनिक पदार्थ और शक्ति सुरासार का उत्पादन होगा।

तालिका 100

**सार्वजनिक क्षेत्र मे औद्योगिक कार्य**

| कार्य | पूजी विनियोग (लाख रुपयो मे) | | | | कार्य पूर्ण होने का वर्ष | 1955-56 तक हो जाने वाली नयी अथवा अतिरिक्त वार्षिक क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1951-52 | 1952-53 | 1953-54 बजट | 1951-56 पाच सालो का योग | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| **केन्द्रीय सरकार** | | | | | | |
| 1 लोहे व इस्पात का कार्य | — | 10 00 | 10 00 | 3,000 0 | 1957-58 | 3,50,000 टन कच्चा लोहा |
| 2 जहाज निर्माण (हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड) | 232 05 | 328 56 | 232 00 | 1 408 0 | 1956-57 | 50,000 डी० डब्ल्यू० टी० |
| 3 मशीनी औजार कारखाना जलहाली . | 2 28 | 119 00 | 143.50 | 963.8 | 1953-54 | 1,600 इकाइया |
| 4. सिंद्री खाद कारखाना . | 274 62 | — | — | 903 0 | अक्तूबर 1951 | 3,50,000 टन अमोनियम सल्फेट |
| 5. चित्तरजन रेल इजन कारखाना | 236.00 | 110 00 | 9 00 | 355.0 | उत्पादन प्रारम्भ हो गया | 100 रेल के इंजन |

## तालिका 100 (क्रमशः)

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 रेल के डिब्बे बनाने वाला कारखाना (पेराम्बुर) | 4 00 | 74.00 | 130 00 | 468 0 | 1955 | 50 इकाइया |
| 7 पेनिसिलीन कारखाना, पिम्परी | 2 08 | 22 50 | 64 00 | 206 6(क) | 1954 | 48 लाख मेगा इकाइया |
| 8 राष्ट्रीय औजार कारखाना, कलकत्ता | 6 66 | 10 00 | 39 00 | 182 0 | उत्पादन प्रारम्भ हो गया | 64.4 लाख रुपये के औजार |
| 9 भारतीय टेलीफोन उद्योग | 65.00 | 33 00 | 82 00 | 130.0 | विभिन्न भागो को जोडने का कार्य प्रारम्भ हो गया | 200 लाख रुपये के टेलीफोन आदि |
| 10 हिन्दुस्तान केबल्स लिमिटेड (रूपनारायणपुर) | 1.30 | 33 00 | 70 00 | 129 7 | 1953-54 | 100 लाख रुपये के केबुल्स |
| 11 मंडी नमक कारखाना | — | 2 25 | 1.00 | 100 0 | 1954 | 61,000 टन |
| 12. वर्तमान नमक बनाने वाले कारखानो का विकास | 4 42 | 5.00 | 8 00 | 50 0 | 1955-56 | लगभग 3,68,000 टन |
| 13 दुष्प्राप्य मिट्टी कारखाना, अलवाए | 30.00 | 10 00 | — | 40 0 | जून 1952 | 800 टन दुष्प्राप्य मिट्टी और 202 टन थोरियम कम्पाउण्ड |
| 14 डी डी टी कारखाना, दिल्ली | — | 10 00 | 7.45 | 39 1(ग) | 1954 | |
| 15 हाउसिंग कारखाना, दिल्ली | 12 91 | 4 55 | 2 00 | 19 5 | 1952-53 | |
| 16 अन्य कार्य (ख) | — | — | — | 202.1 | 1955-56 | 700 टन |
| | | | | | | — |
| योग | 899 01 | 801.37 | 838 65 | 8,889 5 | | — |

(क) विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्तराष्ट्र संघ के अन्तर्राष्ट्रीय बाल-संकट कोष से प्राप्त 57 लाख रुपये के सहित —

(ख) नासिक छापाखाना, नयी टकसाल (अलीपुर), चादी शोधन कारखाना (अलीपुर), फोटोग्रैव्यूर प्रोजैक्ट, और स्टाम्प को रद्द करने वाली छापे की स्याही के सहित ।

(ग) विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा संयुक्तराष्ट्र संघ के अन्तर्राष्ट्रीय बाल-संकट कोष से 3,50,000 अमेरिकी डालर सहित ।

| I | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **राज्य सरकारें** | | | | | | |
| 1 मैसूर लोहा व इस्पात कारखाना | 40 08 | 80 00 | 100.00 | 283.0 | 1954–55 | 60,000 टन तैयार इस्पात |
| 2 उत्तर प्रदेश सरकार का सीमेंट कारखाना . . | 43 14 | 73 68 | 125.00 | 230 5 | 1953–54 | 2,00,000 टन |
| 3 अखबारी कागज (नैपा मिल्ज) | 50 33 | 47 00 | 130 00 | 200 0 | 1954 | 30,000 टन अखबारी कागज़ (300 कार्य के दिन) |
| 4 सिरसिल्क लिमिटेड. . | 65 57 | 51 43 | — | 200 0 | 1953–54 | 165 लाख गज नकली सिल्क (330 कार्य के दिन) |
| 5 सिरपुर पेपर मिल्ज़. . | --- | — | — | 60 0 | 1953–54 | 8,000 टन |
| 6 **उत्तर प्रदेश सूक्ष्म औजारों का कारखाना** | 10 13 | 6 29 | 7.49 | 50 2 | विस्तार कार्य | 12,000 पानी के मीटर व 300 खुर्दबीन |
| 7. बिहार सरकार का सुपरफोस्फेट कारखाना . . | 40 00 | 23 09 | 26 15 | 41 1 | 1953–54 | 16,500 टन सुपरफोस्फेट (330 कार्य के दिन) |
| 8. अन्य कार्य (क) . . | 138 4 | 25 00 | 32 00 | 30 0 | 1955–56 | |
| योग . | 263.09 | 306 49 | 420 64 | 1,094 8 | | |
| **सर्व योग** . | 1,162 10 | 1,107 86 | 1,259 29 | 9984 3 | | |

(क) जिनमे मैसूर राज्य के कार्य व निरुवाकुर कोचीन की मिट्टी व चीनी मिट्टी की चीजें बनाने वाली फैक्ट्री भी शामिल है।

उपभोग द्रव्यो के धन्धो के क्षेत्र मे नये कारखाने खोलने पर उतना जोर नही है जितना कि इस बात पर कि जो कारखाने मौजूद है, वे अपनी सामर्थ्य का अधिक से अधिक उपयोग कर सके। कुछ नये क्षेत्रो मे जैसे रेयन ,कागज, दवा तथा फर्मासी वाले द्रव्यो पर यथेष्ट खर्च होगा। सूत और ऊनी सूत के धन्धे मे भी थोडा बहुत विस्तार होगा।

कही किसी सम्बन्ध मे कोई अस्पष्टता न रह जाये इसलिये योजना आयोग ने प्रत्येक धन्धे के प्रतिनिधियो के साथ घनिष्ट रूप से मिलकर 42 सगठित धन्धो के सम्बन्ध मे ब्यौरेवार कार्य-क्रम बनाया है। कुछ खास बडे धन्धो के सम्बन्ध मे भी विस्तार का कार्यक्रम बनाया गया है, जो नीचे की तालिका से स्पष्ट हो जायेगा :

## तालिका 101

**निजी क्षेत्र में कुछ मुख्य दिशाओं में विस्तार का कार्यक्रम**

| | इकाई | 1950-51 | | 1955-56 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | कूती गई क्षमता | उत्पादन | कूती गई क्षमता | उत्पादन |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| (1) कृषि यत्र | | | | | |
| (क) शक्ति चालित पम्प | अक | 33,460 | 34,310 | 64,400 | 80,000 से 85,000 तक |
| (ख) डीजेल इजन | अक | 6,320 | 5,540 | 39,725 | 50,000 |
| (2) अल्युमिनियम | टन | 4,000 | 3,677 | 20,000 | 12,000 |
| (3) मोटर गाडिया (केवल तैयार करना) | अक | 30,000 | 4,077 | 30,000 | 30,000 |
| (4) साइकिले | हजार | 120 | 99 | 530 | 530 |
| (5) सीमेंट | हजार टन | 3,194 | 2,692 | 5,016 | 4,550 |
| (6) विद्युत ट्रासफौरमर | हजार के वी ए | 370 | 179 | 485 | 450 |
| (7) खाद | | | | | |
| (क) अमोनियम सल्फेट | टन | 78,670 | 46,528 | 1,31,270 | 1,20,000 |
| (ख) सुपरफास्फेट | टन | 1 23,460 | 55,089 | 1,92,855 | 1,64,000 |
| (8) काच उद्योग शीशे की चादरे | टन | 11,700 | 5,850 | 52,200 | 26,000 |
| (9) भारी रासायनिक | | | | | |
| (क) कास्टिक सोडा | हजार टन | 19 | 11 | 37 | 33 |
| (ख) सोडा ऐश | ,, ,, | 54 | 45 | 86 | 78 |
| (ग) गधक का तेजाब | ,, ,, | 150 | 99 | 213 | 192 |
| (10) लोहा और इस्पात | | | | | |
| (क) कच्चा लोहा | ,, ,, | 1,850 | 1,572 | 2,700 | 1,950 |
| (ख) इस्पात (प्रमुख उत्पादक) | ,, ,, | 975 | 976 | 1,550 | 1,280 |
| (11) कागज व गत्ता | ,, ,, | 137 | 114 | 198 | 188 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
|---|---|---|---|---|---|
| (12) पेट्रोलियम शोध | | | | | |
| (क) तरल पेट्रोलियम पदार्थ | दस लाख गैलन | अप्राप्य | अप्राप्य | अप्राप्य | 403 |
| (ख) बिटुमेन | टन | अप्राप्य | अप्राप्य | अप्राप्य | 37,500 |
| (13) शक्ति सुरासार | दस लाख गैलन | 13 | 5 | 21 | 18 |
| (14) रेल के इजन | अंक | --- | --- | 50 | 50 |
| (15) रेयन : | | | | | |
| (क) रेयन के तार | दस लाख पौंड | 4 | -- | 18 | 18 |
| (ख) मुख्य रेशा | हजार गाठ | --- | -- | 28 | 28 |

कुल मिलाकर निजी तथा सरकारी धन्धो के विकास के लिए 707 करोड रुपये की आवश्यकता है। इसमे चालू पूजी तथा मूल्यह्रास भी आ जाता है। विस्तार योजना का वित्त किस प्रकार जुटाया जायेगा उस का विवरण नीचे की तालिका में दिखलाया गया है:

## तालिका 102

**1951–56 में उद्योगों की अनुमानित आवश्यकताएं और उन के लिए वित्त-प्राप्ति के स्रोत**

(करोड रुपयो मे)

| | | |
|---|---|---|
| **अनुमानित आवश्यकताएं** | | |
| (1) सार्वजनिक क्षेत्र मे लगी हुई पूजी | | 94 |
| (2) निजी क्षेत्र मे विस्तार, आधुनिकीकरण, तथा बदल के लिए लगाई गई पूजी | | 383 |
| (3) चालू पूजी मे विनियोग | | 150 |
| (4) चालू मूल्यह्रास व्यय जो सामान्य आय-कर की छूटों मे शामिल नही है | | 80 |
| योग | | 707 |
| **वित्त प्राप्ति के स्रोत** | | |
| (1) सार्वजनिक-क्षेत्र के साधन जो सीधे लगाये गये है | | 74 |
| (2) विदेशी पूजी | | 100 |
| (3) घरेलू निजी उद्योग के साधन | | 533 |
| (क) औद्योगिक क्षेत्र मे सम्मिलित प्रयत्नो की बचतें | 200(क) | |
| (ख) नये निर्गमन | 90 | |
| (ग) सार्वजनिक क्षेत्र से सहायता | 5 | |
| (घ) औद्योगिक वित्त कारपोरेशन | 20 | |
| (ङ) अतिरिक्त मुनाफा-कर की जमा से वापसी | 60 | |
| (च) अल्पकालीन वित्त के साधन, बैक आदि | 158 | |
| योग | | 707 |

(क) इस में सामान्य आय-कर छूटों के अंतर्गत आने वाले चालू मूल्यह्रास -व्यय के लिए की गयी व्यवस्था शामिल नही है।

## प्रगति का लेखा

पचवर्षीय योजना को चालू हुए दो वर्ष हो गये । इस बीच में क्या प्रगति हुई यह एक महत्व-पूर्ण बात है । कुछ धन्धो मे जैसे सूती कपडे के क्षेत्र में 1955-56 के उत्पादन के लिये जो लक्ष्य रखा गया था, वह पूरा हो चुका है । यदि उपभोग द्रव्य वाले सब धन्धो को एकत्र करके देखा जाये तो संक्षेप मे यह कह सकते है कि इन दो वर्षों मे सभी धन्धे 1955-56 वाले अपने लक्ष्य को 56 प्रतिशत तक पूरा कर चुके है । इसी प्रकार उत्पादक तथा पूजी वाले द्रव्यो मे लक्ष्य क्रमश 50 और 31 प्रतिशत पूरा हो चुका है ।

पचवर्षीय योजना मे औद्योगिक सामर्थ्य को बढाने के सम्बन्ध मे भी कुछ लक्ष्य रखा गया है । इस क्षेत्र मे भी बहुत सतोषजनक प्रगति हुई है । उपभोग वाले द्रव्यो के क्षेत्र में औसत रूप मे लक्ष्य का 81 प्रतिशत तक उत्पादक द्रव्यो और पूजी वाले द्रव्यो मे क्रमशः लक्ष्य का 75 और 51 प्रतिशत प्राप्त किया जा चुका है । कई क्षेत्रो मे तो इतनी प्रगति हुई कि वह बहुत ही आशा-वर्धक है । 1952 के दिसम्बर तक 12 उत्पादक द्रव्यो के धन्धे तथा 6 उपभोग द्रव्यो के धन्धे 1955-56 वाले अपने लक्ष्य को 90 प्रतिशत तक पूरा कर चुके थे । कहना न होगा कि यह बहुत बड़ी बात है ।

जिन धन्धो मे विशेष मार्के की उन्नति हुई है, उन मे सूती कपडे और पटसन के कपडे, चीनी, लोहा और इस्पात, सीमेंट और कागज मुख्य है । इस्को, स्काब और टिस्को कम्पनियो की लोहा और इस्पात उत्पादन क्षमता को बढाने के साथ साथ पेट्रोल शोधनागार के सम्बन्ध में भी कार्य तेजी से चल रहा है । योजना मे जिन थोडे से नये उपभोग वाले द्रव्यो का प्रस्ताव रक्खा गया है, विशेषकर फर्मासी वाले धन्धे या तो उत्पादन करने लग गये है या करने ही वाले है । दूसरे नये धन्धो के यन्त्र और कारखाने लगभग तैयार है ।

1951-53 के युग मे केन्द्रीय सरकार के जिन 6 कारखानो मे काम शुरू हुआ वे इस प्रकार है (1) चित्तरजन इजन कारखाना, (2) भारतीय टेलीफोन उद्योग (3) अम्बरनाथ का यान्त्रिक औजार प्रोटोटाइप कारखाना, (4) सिद्री का रासायनिक खाद कारखाना, (5) दुष्प्राप्य मिट्टियों का कारखाना और (6) अलीपुर (कलकत्ता) की नई टकसाल ।

इस सम्बन्ध में राज्य सरकारो के कार्य भी उल्लेखनीय है । राज्य सरकारो के कई कारखाने इस बीच मे चालू हो चुके है, और उन मे काफी प्रगति हुई है । उदाहरणस्वरूप उत्तर प्रदेश की सरकार का शुद्ध औजार कारखाना बहुत आगे बढ चुका है और अब उस मे अणुवीक्षण यन्त्र तथा जलमीटरो का उत्पादन हो रहा है । मैसूर मे लोहा और इस्पात का एक कारखाना था, उस का विस्तार हुआ है । और अब वह काम शुरू कर चुका है । 1952 से ही वहा एक बिजली की लोहे वाली भट्टी चालू थी और एक दूसरी भट्टी लगाई जा चुकी है । मध्यप्रदेश

सरकार का न्यूजप्रिंट कारखाना जल्दी ही काम शुरू करेगा, और ड्राइ कोर केबल कारखाना 1953-54 तक पूरा बन जाने की आशा है।

जहाज तैयार करने का कार्यक्रम भी बहुत आगे बढ़ चुका है और 1952 में हिन्दुस्तान शिपयार्ड लि० ने तीन जहाज तैयार किये। और भी दो जहाज तैयार हो रहे हैं। इस प्रकार से कुल मिला कर 10 जहाज तैयार हो चुके हैं। पर इतने से ही हमारी आवश्यकता की पूर्ति नहीं होती, इसलिये इस कारखाने की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही है और यह भी आशा की जाती है कि बहुत अधिक संख्या में जहाज जल्दी ही तैयार हो सकेंगे।

सरकार मेसर्स बैसाखासिंह वालनबर्ग लि० के साथ साझेदारी मे वर्तमान मकान निर्माण सम्बन्धी कारखाने में फोम-कंकरीट रूफिंग पैनल तथा प्रीस्ट्रेस्ड ककरीट कम्पोनेन्ट इत्यादि का उत्पादन करेगी।

सरकार को प्रतिरक्षा विभाग की आवश्यकता का भी ख्याल है। रैडर और बेतार सम्बन्धी सामान के बिना कोई सरकार चल नही सकती। इसलिये एक फ्रैंच कम्पनी के साथ मिल कर सात करोड रुपये की लागत पर इन चीजो के निर्माण के लिए एक कारखाना खोलना निश्चित हुआ है।

## शोध और प्रमापण

जैसा कि पहले अध्याय मे बताया जा चुका है, देश भर मे औद्योगिक और प्रौद्योगिक समस्याओ के समाधान के लिये राष्ट्रीय प्रयोगशालाए स्थापित हुई है। यह बहुत ही जरूरी था, क्योंकि इसके बिना इस युग मे औद्योगिक धन्धे आगे नही बढ सकते। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि प्रमापण का कार्य भी प्रामाणिक ढग से हो।

1947 मे इडियन स्टैंडर्ड इन्स्टीट्यूट नाम से एक सस्था स्थापित हुई थी जिसका उद्देश्य औद्योगिक तथा व्यापारिक उपजो का प्रमापण करना था। यह एक अर्ध सरकारी सस्था के रूप मे थी। 1952 तक इस सस्था की ओर से केवल 346 स्टैंडर्ड प्रमाणीकृत किये गये और 200 अतिरिक्त स्टैंडर्ड परीक्षार्थ घुमाये जा रहे थे, यानी विकास के अन्तिम सोपानो मे थे। 1952 मे इस सस्था के 777 ग्राहक तथा 3,602 समिति सदस्य थे। पेटेन्ट परामर्श समिति केन्द्रीय सरकार की शोध तथा प्रौद्योगिक सस्थाओ के आविष्कारो के लिये पेटेन्ट देती है। 1951 मे इसके पास अठारह पेटेन्ट विचारार्थ आये और 1952 मे 24 आविष्कार पेटेन्ट के लिये पेश हुए।

डायरेक्टरेट आफ इडस्ट्रियल स्टेटिस्टिकल प्रति मास एक बुलेटिन निकालता है, जिसमे उन्नीस वर्गों मे विभक्त 92 चुने हुए धन्धो के उत्पादन सम्बन्धी आकडे दिये जाते है। डायरेक्टरेट का शोध डिवीजन औद्योगिक आकडो पर अध्ययन परिचालित करता है।

## कुटीर शिल्प

इस मे सन्देह नही कि हमारे देश मे औद्योगिक धन्धो की बहुत काफी उन्नति हो चुकी है, फिर भी अभी हमारे देश मे उत्पादन मुख्यतः छोटे पैमाने पर ही होता है

## तालिका 103

**औद्योगिक विकास-कार्यक्रमों को कार्यान्वित करने की प्रगति**

| अनुक्रम | उद्योग | इकाई | 1951–56 अतिरिक्त क्षमता | 1951–56 अतिरिक्त उत्पादन | 1951–52 में हुई प्रगति अतिरिक्त क्षमता | 1951–52 में हुई प्रगति अतिरिक्त उत्पादन | अप्रैल से दिसम्बर तक का वास्तविक उत्पादन 1951 | अप्रैल से दिसम्बर तक का वास्तविक उत्पादन 1952 | 1952 की पूर्ण क्षमता | लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक अतिरिक्त क्षमता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| | **धातु सम्बन्धी—** | | | | | | | | | |
| 1 | लोहा व इस्पात | | | | | | | | | |
| | (1) कच्चा लोहा | 000टन | 1,757 | 1,261 | — | 166 | 1,350(क) | 1,377(क) | 1,950 | 1,685 (1957–58 तक होनी चाहिये) |
| | (2) तैयार इस्पात (केवल प्रमुख उत्पादक) | 000टन | 635 | 394 | — | 55 | 807 | 835(क) | 1,050 | 500 (1957–58 तक होनी चाहिए) |
| 2 | अल्युमिनियम | टन | 16,000 | 8,323 | — | 228 | 2,886 | 2,523 | 4,000 | 16,000 |
| | **यांत्रिक- इंजीनियरिंग** | | | | | | | | | |
| 3 | कृषि यंत्र : | | | | | | | | | |
| | (1) शक्ति चालित सेन्ट्रीफ्युगल पम्प | हजार | 36 | 46 से 51 | 9 | 14 | 29 | 18 | 43 | 27 |
| | (2) डीज़ल इंजन | हज़ार | 33 | 44 | 4 | 2 | 5 | 2 | 10 | 29 |
| 4 | मोटर गाड़ियां (केवल तैयार करना) | अंक | — | 25,923 | — | 2,561 | — | 1,396 | 3,000 | — |
| 5 | रेलवे रोलिंग स्टाक | | | | | | | | | |
| | (1) रेल इंजन | अंक | 150 | 438(ख) | — | 14(क) | — | 42 (क) | 150 | — |
| | (2) सवारी के डिब्बे | अंक | 430 | 4,380(ख) | — | 194(क) | — | 550 (क) | 850 | 430 |
| | (3) माल के डिब्बे | अंक | — | 30,000(ख) | — | 1,001(क) | — | 4 120 | 6,000 | — |
| 6 | मशीनी औज़ार (ग्रेडेड) | अंक | 1,600 | 3,499 | — | 2,164 | 3,600(क) | 3,447 | 3,000 | 1,600 |
| 7 | कपड़ा मिल मशीनें | | | | | | | | | |
| | (1) धुनाई करने वाले इंजन | अंक | — | 600 | — | 158 | — | 57 | 600 | — |
| | (2) कताई करने वाले यंत्र | अंक | 404 | 440 | — | 31 | 207 | 206 | 396 | 404 |
| | (3) करघे, सादे और अर्द्ध व पूर्ण स्वचालित | अंक | 4,400 | 4,106 | 3,000 | 683 | 1,710 | 1,220 | 6,500 | 1,400 |
| 8 | बाल व रोलर बेयरिंग | हज़ार | 600 | 1,113 | — | 163 | 176 | 356 | 600 | 600 |
| 9 | साइकिल | हज़ार | 410 | 429 | 50 | 19 | 98 | 167 | 417 | 113 |
| 10 | सिलाई मशीनें | हज़ार | 54 | 59 | — | 15 | 33 | 37 | 41 | 50 |
| 11 | हरीकेन लालटेन | हज़ार | 250 | 2,800 | — | 768 | 2,982 | 2,595 | 4,410 | 90 |
| 12 | चक्की | टन | 480 | 519 से 569 | 40 | 121 | 236 | 286 | 500 | 340 |
| | **विद्युत इंजीनियरिंग** | | | | | | | | | |
| 13 | सूखी बैट्रियां | दस लाख | 25 | 183 | — | 9 | 108 | 93 | 297 | 13 |
| 14 | स्टोरेज बैट्रियां | हज़ार | 93 | 200 | 93 | 13 | 157 | 105 | 538 | — |
| 15 | बिजली के तार और केबल ए सी एस आर केबल | टन | 2,500 | 3,326 | — | 40 | 1,290 (क) | 2,009 | 2,500 | 2,500 |
| 16 | बिजली के पंखे | हज़ार | 72 | 126 से 156 | — | 20 | 160 | 145 | 294 | 66 |

(क) अनुमानित ।
(ख) ये आंकड़े 1951 से 1956 तक के पांच सालों के सम्पूर्ण अनुमानित उत्पादन के हैं ।

| | 1 | 2 | 3 | + | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | बिजली के लैम्प—जी एस एल | दस लाख | 9 | 15 | — | 1 | 12 | 15 | 26 | 6 |
| 18 | बिजली की मोटर | हजार एच पी. | 150 | 221 | 3 | 54 | 107 | 120 | 200 | 100 |
| 19 | बिजली के ट्रांसफार्मर | हजार के वी ए | 115 | 271 | 15 | 26 | 146 | 165 | 304 | 181 |
| 20 | रेडियो सेट | हजार | 303 | 301 | 10 | 44 | 51 | 58 | 153 | 227 |
| | **रासायनिक और उनसे सम्बद्ध** | | | | | | | | | |
| 21 | उर्वरक— | | | | | | | | | |
| | (1) अमोनियम सल्फेट | हजार टन | 403 | 404 | 350 | 28 | 40 | 185 | 432 | 49 |
| | (2) सुपर फोस्फेट . | हजार टन | 86 | 125 | 50 | 4 | 46 | 31 | 198 | 11 |
| 22 | भारी रासायनिक | | | | | | | | | |
| | (1) गधक का तेजाब | हजार टन | 70 | 101 | 3 | 3 | 80 | 74 | 192 | 29 |
| | (2) सोडा ऐश . | हजार टन | 32 | 33 | — | 2 | 36 | 33 | 54 | 32 |
| | (3) कास्टिक सोडा | हजार टन | 18 | 22 | 4 | 4 | 11 | 13 | 35 | 2 |
| 23 | औषध व फार्मेसी जात द्रव्य | | | | | | | | | |
| | (1) बैनजीन हैक्सा-क्लोराइड | टन | 500 | 500 | 500 | 70 | — | 70 | 500 | — |
| | (2) सलफा ड्रगस | हजार पौंड | 400 | 400 | — | — | — | 80 | 350 | 50 |
| | (3) पैरा–एमीनो सेलीसिलिक एसिड . | टन | 48 | 48 | — | 7 | 7 | — | — | — |
| 24 | पेंट और वार्निश | | | | | | | | | |
| | (1) रेडीमेड पेंट, वार्निश आदि, | हजार टन | 5 | 31 | — | 4 | 25 | 24 | 65 | 5 |
| | (2) रंग (टिटेनियम डाई ओक्साईड) | हजार टन | 1,800 | 1,800 | 1,800 | 198(क) | 153(क) | 178(क) | 1,800 | |
| | (3) नाइट्रो-सेल्यूलोज प्रलाक्ष | हजार गैलन | 500(ख) | 450(ख) | 194 | — | 69 | 82 | 403(ग) | — |
| | (4) अल्युमिनियम पेस्ट व चर्ण | टन | 750 | 750 | 500 | 87(क) | 13 | 228(क) | 500(क) | 250 |
| 25. | साबुन . . | हजार टन | 15 | 94 | 7 | 11 | 63 | 63 | 272 | — |
| 26. | जूते . | 10 लाख जोडे | — | 6 0 | — | 0 56 | 4 3 | 3 7 | — | 8 |
| 27 | कागज व गत्ता | | | | | | | | | |
| | (1) कागज व कागज का गत्ता . | हजार टन | 74 | 86 | 6 | 21 | 101 | 104 | 148 | 63 |
| | (2) स्ट्रा व अन्य चीजो के गत्ते | हजार टन | 10 | 31 | — | 3 | — | — | — | - |
| 28 | सीमेंट | हजार टन | 2,026 | 2,108 | 442 | 596 | 2,386 | 2,714 | 3,845 | 1,461 |
| 29. | काच और उसकी चीजें | | | | | | | | | |
| | (1) काच की चादर | टन | 40,500 | 20,150 | -1,500 | 380 | 4,158 | 2,450 | 10,200 | 15,800 |
| | (2) फुलाया और दबाया हुआ काच | टन | 36,250 | 51,400 से 56,400 | 9,500 | 23,600 | — | — | — | — |
| | **तरल ईंधन पदार्थ** | | | | | | | | | |
| 30. | पावर एलकोहल | 10 लाख गैलन | 8 | 13 | — | 2 | 4 | 5 | 13 | 8 |
| | **वस्त्र** | | | | | | | | | |
| 31 | सूती | | | | | | | | | |
| | (1) सूत . . | दस लाख पौंड | 53 | 461 | 17 | 154 | 978 | 1,111 | 1,697 | 25 |

(क) अनुमानित
(ख) हाल में जो कुछ प्रगति हुई उसके प्रकाश में लक्ष्यो पर पुनर्विचार कर लिया गया है।
(ग) दो नई इकाइयो की अतिरिक्त क्षमता लगभग 97,000 गैलन प्रतिवर्ष है।

| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | (2) मिल का कपड़ा | 10 लाख गज | 35 | 982 | 19 | 416 | 3,057 | 3,576 | 4,778 | 1 |
| | (3) हाथकरघे का कपड़ा | 10 लाख गज | — | 890 | — | 32 | 600 (क) | 750 (क) | — | — |
| 32 | जूट का सामान | हजार टन | — | 308 | — | 88 | 681 | 733 | 1,200 | — |
| 33. | रेयन का तार | 10 लाख पौंड | 14 | 17 | 6 | 4 | 4 | 6 | 10 | 8 |
| 34 | ऊनी माल . | हजार पौंड | — | 7,000 | — | —1,138 | 13,275 | 12,616 | 20 | — |
| | **ईमारती लकड़ी** | | | | | | | | | |
| 35 | माचिस . . | हजार ग्रुस बक्से | 3,000 | 6,200 | — | — | — | — | — | — |
| 36 | प्लाईवुड के चाय के डब्बे | 10 लाख वर्ग फुट | 41 से 51 | 55 | 21 | 32 | 45 | 56 | 171 | 9 से 19 |
| | **खाद्य पदार्थ** | | | | | | | | | |
| 37. | नमक . . | हजार टन | — | 426 | — | 150 | 2,066 | 2,327 | — | — |
| 38. | चीनी . . | हजार टन | 10 | 384 | — | 602 | 836 | 531 | 1,540 | 10 |
| 39. | वनस्पति तेल . | हजार टन | — | 181 | — | — | — | — | — | — |
| 40 | वनस्पति . | हजार टन | 56 | 147 | 6 | 23 | 129 | 142 (क) | 339 | 50 |

(क) अनुमानित

हमारे किसानो के लिए यह समस्या है कि जिस समय खेती न की जा सकती हो, उस समय का वे क्या उपयोग करे । कुटीरशिल्प से इस समस्या का बहुत कुछ समाधान हो जाता है । हिसाब लगा कर देखा गया है कि भारत मे लगभग दो करोड़ व्यक्ति कुटीरशिल्प मे लगे हुए है । कुटीर शिल्पों मे सबसे प्रधान हाथ करघा उद्योग है। इसमे 50 लाख लोग लगे हुए है । यह एक बहुत ही मार्के की बात है और जिसे अक्सर कई लोग भुला कर हवाई बाते करते है कि अकेले हाथ करघा उद्योग मे ही उतने लोग काम करते है, जितने कि सारे सगठित धधो मे, जिनमे खानो तथा बागानो के बडे पैमाने के धधे आ जाते है। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि हाथ करघा उद्योग की रक्षा के लिये इतना प्रयत्न क्यो किया जाता है ।

कुटीर शिल्प तथा छोटे पैमाने के धधो को ढग से सगठित करने तथा उनकी अधिक से अधिक उन्नति करने के लिये 1952 के नवम्बर और 1953 की फरवरी मे क्रमश. अखिल भारतीय दस्तकारी बोर्ड और अखिल भारतीय खादी व ग्रामोद्योग बोर्ड की स्थापना हुई । इन बोर्डों का कार्य यह है कि वे अपने क्षेत्रो के विषय मे सरकार को परामर्श देते रहे । हाथ करघा उद्योग तथा खद्दर के धधे को आगे बढाने और कायम रखने के लिये मिल के प्रत्येक गज कपडे पर तीन पाई अतिरिक्त कर लगाया गया है । इस प्रकार जो धन आयेगा, उससे इस उद्योग के विकास के लिये वित्त जुटाया जायेगा । हाथ करघा उद्योग को प्रोत्साहन देने के लिये सूती कपडे की मिलो मे धोतियो का उत्पादन भी सीमित कर दिया गया है ।

विदेशो के बाजार मे पहले नारियल की जटा की खपत बहुत अधिक थी, पर अब नारियल की जटा की खपत बहुत घट गयी है। इसका नतीजा यह हुआ कि इस उद्योग मे बहुत अधिक बेकारी और परेशानी हो गयी है । इसको दूर करना जरूरी है । यह समझ कर नारियल की जटा के धधे के सम्बन्ध मे एक अनुविहित बोर्ड की स्थापना की जा चुकी है । इस बोर्ड का काम यह होगा कि वह स्थानीय माग उत्पन्न करने के साथ-साथ विदेशो मे नारियल की जटा की खपत बढाये । विदेशो मे इस चीज की खपत कदाचित इसलिये घट गयी कि अब इस क्षेत्र मे उत्पादन आधुनिक ढग से नही होता । इसलिए बोर्ड का काम यह भी होगा कि लोगो मे आधुनिक शिल्प प्रणाली और प्रक्रिया का प्रचार करे और साथ ही साथ शोध कार्य भी करे ।

राज्य सरकारे भी इस बात की बराबर चेष्टा कर रही है कि उनके इलाको मे कुटीर शिल्प से उत्पन्न द्रव्यों का अधिक प्रचार हो । उत्तर प्रदेश मे फलो को सुरक्षित रखने के उपायो के सम्बन्ध मे जानकारी न होने के कारण बहुत से फल नष्ट हो जाते थे । अब सहकारी आधार पर फल सुरक्षित रखने के लिये लखनऊ तथा रामगढ मे कारखाने खोल दिये गये है ।

गार्बो और टोकूबो श्रेणी की छोटे पैमाने की कताई इकाइयो और श्री काले द्वारा विकसित छोटे पैमाने की कताई इकाइया बम्बई तथा सौराष्ट्र के उन इलाको मे स्थापित हुई है जहा कपास उत्पन्न होती है । राज्य सरकार को इस सम्बन्ध मे सहायता देने के लिये केन्द्रीय सरकार इस प्रकार की योजनाओ के लिये अनुदान दे रही है, जैसे लकडी का कारखाना, ऊन धुनने और तैयार करने का कारखाना, साइकिल के हिस्सो के परीक्षण तथा सही करने के कारखाने । केन्द्रीय सरकार ने केवल राज्य सरकारो को ही अनुदान नही दिये बल्कि मशीन खरीदने के लिये गैर सरकारी सस्थाओ को भी राज्य सरकारो के जरिये या सीधे सहायता देती रही। अखिल भारतीय चरखा सघ को 1951–53 मे ग्यारह लाख रुपये दिये गये ।

हमारे गाव वाले भाइयों की बेकारी अथवा अर्धबेकारी दूर करने के लिए पचवर्षीय योजना में एक विस्तृत कार्यक्रम बनाया गया है। कुटीर शिल्प तथा छोटे पैमाने के धधो के लिये योजना में 27 करोड़ रुपये के खर्च की व्यवस्था है। नीचे देहाती धधों के विकास का लेखा दिया जा रहा है :—

## तालिका 104

**चुनी हुई ग्रामोद्योग योजनाओं के उत्पादन, व्यय और नियोजन के विवरण**

| अनुक्रम | उद्योग | कुल उत्पादन | अतिरिक्त उत्पादन | व्यय (लाख रुपयों मे) | मोटे तौर से अनुमानित नियोजन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्रामीण तेल उद्योग | — | 3 16 लाख टन तेल (2.6 लाख टन 5 टन प्रति सुधरी घानी और 0.56 लाख टन 0.85 टन प्रति घानी) | 233.1 | 1,00,000 सगठनकर्ता, मिस्त्री तेल पेरने वाले। |
| 2 | नीम के तेल से साबुन बनाना | 3,448 टन साबुन | 3,448 टन साबुन | 18.1 | 300 व्यक्ति और इसके अतिरिक्त बीज जमा करने मे अन्य लोगो को अशकालीन धधा। |
| 3. | धान साफ करना | 2 लाख टन | — | 10.0 | 40,000 धान कूटने वाले। |
| 4. | ताड-गुड | 2,53,252 टन ताड गुड | 81,852 टन ताड गुड (4 साल के बाद आवर्तक अतिरिक्त वार्षिक उत्पादन 40,943 टन हो जायेगा)। | 100.0 | 60,000 कृषक रस जमा करने वाले आदि। |
| 5. | गुड और खाडसारी | (क) 450 लाख मन अच्छी किस्म का साधारण गुड (ख) 5 1 लाख मन | शुद्ध लाभ (रुपयो मे) (1) बढिया ढग से रस निकालने द्वारा 4 करोड (2) अच्छा माल तैयार करने से | 100.4 | 1,200 पूर्णकालीन मजदूर 3,800 अशकालीन मजदूर 4,600 स्थानीय अवैतनिक मज़दूर, |

| अनुक्रम | उद्योग | कुल उत्पादन | अतिरिक्त उत्पादन | व्यय (लाख रुपयों म | नियोजना मोटे तौर से अनु-मानित |
|---|---|---|---|---|---|
| | | शुद्ध साफ गुड़ (ग) 1 लाख मन मलाई के रंग का सीरा (घ) 13.6 लाख मन खांडसारी | 2.60 करोड़ (3) विक्रय के सुधरे ढंग द्वारा 1.60 करोड़। योग 8.20 करोड़ | | 6,00,000 गन्ना उत्पादक, जो 30,000 गांवों में हैं और जिन्हें वर्ष के एक अंश में धंधा मिलता है। |
| 6. | चमड़ा उद्योग | खालें, हड्डियां चर्बी, तथा देशी जूते | मृत पशुओं से अधिक माल प्राप्त करने के कारण खाल, हड्डी व चर्बी का उत्पादन बढ़ा। अच्छी किस्म के जूते बनाये गये। | 160.4 | 1,200 व्यक्ति जिनमे लगभग 900 खाल उधेड़ने वाले आदि भी हैं, इसके अतिरिक्त लगभग 8 लाख चमार जो 72,000 गांवों में फैले हैं। |
| 7. | ऊन उद्योग | 10 लाख कम्बल | 10 लाख कम्बल | 47.5 | 200 व्यक्ति, 4,000 कातने वाले 200, बुनकर। |
| 8. | हाथ कागज़ उद्योग | 1,400 टन बढ़िया किस्म का हाथ-कागज़ जिसका मूल्य 54 लाख रुपया कूता गया है | 1,400 टन बढ़िया किस्म का हाथ-कागज़। | 18.9 | 1,000 कागज़ बनाने वाले |
| 9. | मधु मक्खी पालन | — | — | 16.3 | 150 बड़े पैमाने पर मधु मक्खी पालने वाले; मधु मक्खी पालों ने सह-कारी संस्थाएं बनायी हैं। |
| 10. | दियासलाई बनाने का कुटीर उद्योग | — | 18 लाख ग्रुस | 20.6 | 3,000 छात्र-कार्यकर्त्ता, 6,000 मज़दूर |
| | | | योग . | 725.3 | |

# पन्द्रहवां अध्याय
# वाणिज्य

जब से कोरिया का युद्ध समाप्त हुआ और महायुद्ध छिडने की परिस्थितिया दूर हुई, तब से भारत की व्यापार सम्बन्धी नीति मे निर्यात पर अधिक जोर दिया जा रहा है। गैर-डालर के क्षेत्रो से आयात बहुत उदारता के साथ करने दिया जा रहा है, पर डालर क्षेत्रो से केवल अत्यावश्यक चीजो का ही आयात करने दिया जा रहा है।

## निर्यात

यह तो स्पष्ट ही है कि निर्यात के बिना हमारा देश आगे नही बढ सकता। इसीलिये इस सम्बन्ध मे तीन तरह के उपाय किये गये। इसमे सबसे मुख्य उपाय तो यह था कि पटसन के माल, कपास तथा सूती कपडे पर निर्यात-कर कम कर दिया गया। दूसरे निर्यात का कोटा या निर्धारित भाग बढा दिया गया। सूती कपडे और पटसन के माल को मुक्त लाइसेस की सूची मे रखा गया है। हमारे यहा जो चीजे तैयार होती है, जैसे छत मे लगने वाले बिजली के पखे आदि बिल्कुल मुक्त रूप से बाहर भेजे जा सकते है। कपास, रेडी, मूगफली के तेलो के निर्यात सम्बन्धी निर्धारित भाग बढा दिये गये। चीनी तथा अन्य कई चीजो के निर्यात के सम्बन्ध मे भी निर्धारित भाग निर्दिष्ट कर दिये गये। इस सम्बन्ध मे यह बता देना उचित है कि अब तक इन चीजो का बाहर भेजा जाना निषिद्ध था। तीसरी बात यह है कि अब तक बहुत से कारखाने निर्यात की कमी के कारण काम नही कर पा रहे थे। इस सम्बन्ध मे सरकार ने यह नीति अपनाई कि जो लोग चीजो को समुद्र पार भेजने का प्रबन्ध कर सकते है, उन्हे इस्पात का अतिरिक्त निर्धारित भाग दिया जाये। सरकार ने भारतीय जूट मिल एसोसियेशन को भी इसीलिये सहायता दी कि वह अमेरिका मे पटसन के माल की खपत के लिये प्रचार कार्य करे। सबसे बडी बात इस सम्बन्ध मे यह हुई कि लाइसेस देने का तरीका सरल कर दिया गया।

## आयात

1952 की जुलाई–दिसम्बर वाली छमाही मे आयात कुछ हद तक रुका रहा। इसका कारण यह था कि माल इकट्ठा हो गया था, और देश मे ही उन चीजो के उत्पादन के कारण बाहर से माल मगाने की आवश्यकता नही रह गयी थी। आयात के सम्बन्ध मे एक नयी बात यह भी की गयी कि पहले जहा कुछ चीजो के लिये लाइसेस एक साल के लिये होता था, अब छः माह के लिये लाइसेस दिये जाने लगे।

1953 की जनवरी–जून वाली छमाही मे आयात सम्बन्धी नीति यह रही कि पहली छमाही मे जिस आधार पर आयात हुआ, उसी आधार पर वह कायम रहा। हा, एक परिवर्तन यह करना पडा कि मशीन के आयात के सम्बन्ध मे उदारता की नीति रक्खी गयी, और उपभोग वाले ऐसे द्रव्यो के सम्बन्ध मे भी उदारता बरती गयी जिन्हे 1952 की जुलाई-दिसम्बर वाली छमाही मे या तो कतई रोक दिया गया था या आशिक रूप से रोक दिया गया था। उपभोगवाले द्रव्यो का आयात एक दम निषिद्ध करना उचित नही समझा गया क्योकि इससे यहा के कारखानो मे भारी गफलत पैदा हो सकती थी। स्वस्थ प्रतियोगिता जीवित रखना आवश्यक था। तालिका 105, 106 और 107 मे 1948 से 1953 तक के भारत के विदेशी व्यापार की परिस्थिति दिखलाई गई है।

## तालिका 105

### कुल व्यापार–सतुलन

### (स्थल, जल व वायु मार्गों द्वारा)

(लाख रुपयो मे)

| पण्य द्रव्य का व्यापार | 1948-49 | 1949-50 | 1950-51 | 1951-52 | 1952-53 |
|---|---|---|---|---|---|
| **क. भारतीय पण्य-द्रव्य का निर्यात** | | | | | |
| जल और वायु मार्गो द्वारा | 42,104 | 47,207 | 57,898 | 70,175 (ख) | 55,383 (ख) |
| स्थल मार्गों द्वारा . | 3,039 (क) | 2,788 | 1,781 | 2,714 (ख) | 1,884 (ख) |
| योग . | 45,143 | 49,995 | 59,679 | 72,889 (ख) | 57,267 (ख) |
| **ख. भारतीय पण्य-द्रव्य का निर्यात :** (केवल जल और वायु मार्गों द्वारा) | | | | | |
| भोजन, पेय और तम्बाकू | 9,230 | 11,588 | 13,581 | 15,816 | 14,216 |
| कच्चा माल और उत्पादित वस्तुए और मुख्यत तैयार नही ऐसी वस्तुए | 9,787 | 10,426 | 12,577 | 13,968 | 14,503 |
| पूर्ण या मुख्य रूप से बनी हुई वस्तुए | 22,906 | 24,974 | 31,478 | 40,031 | 25,977 |
| योग (जीवित पशुओ और डाक की वस्तुओ को मिला कर) . . | 42,104 | 47,207 | 57,898 | 70,180 | 55,104 |
| **ग. पुनः निर्यात** (मार्गस्थ व्यापार को छोड कर) . . | 729 | 607 | 456 | 392 | 504 |
| **घ. कुल निर्यात** . | 45,872 | 50,602 | 60,135 | 73,281 | 57,771 |

द्रष्टव्य : "अनाज, दाल और आटा के अन्य आयातों" का मूल्य सम्मिलित नहीं ।

(क) केवल पाकिस्तान के लिए ।

(ख) आधुनिकतम संशोधित आंकड़े ।

(लाख रुपयों में)

| पण्य द्रव्य का व्यापार | 1948-49 | 1949-50 | 1950-51 | 1951-52 | 1952-53 |
|---|---|---|---|---|---|
| ङ. आयात : | | | | | |
| जल और वायु मार्गों द्वारा . . | 55,717 | 59,434 | 58,117 | 87,308 (ख) | 63,528 (ख) |
| स्थल मार्ग द्वारा . | 8,500 (क) | 3,371 | 4,279 | 8,045 | 2,516 (ख) |
| योग . | 64,217 | 62,805 | 62,396 | 95,353 (ख) | 66,044 (ख) |
| वहन व्यापार को घटा कर . | — | 314 | 60 | 80 | 19 |
| च. विशुद्ध आयात . | 64,217 | 62,491 | 62,336 | 95,273 | 66,025 |
| छ. आयात (केवल जल और वायु मार्गों द्वारा) भोजन, पेय पदार्थ और तम्बाकू . | 12,712 | 15,664 | 11,061 | 26,205 | 17,564 |
| कच्चा माल और उससे उत्पादित वस्तुएं और मुख्यत: तैयार नहीं ऐसी वस्तुए. | 12,757 | 14,427 | 19,881 | 25,406 | 17,901 |
| पूर्ण अथवा मुख्य रूप से तैयार वस्तुएं . . | 29,790 | 28,863 | 26,954 | 34,138 | 27,400 |
| योग (जीवित जन्तुओं और डाक की वस्तुओं को मिला कर) . . | 55,717 | 59,434 | 58,117 | 86,284 | 63,295 |
| ज. पण्य द्रव्य के व्यापार का संतुलन . | -18,345 | -11,889 | -2,201 | -21,992 | -8,254 |

अनाज, दाल और आटा के अन्य आयातों के मूल्य के सिवा :—

(क) केवल पाकिस्तान के लिये ।

(ख) सबसे ताजे सुधारे हुए अंक ।

# तालिका 106

## निर्यात की मुख्य वस्तुएं

**(जल, वायु और स्थल मार्गों द्वारा)**

(प—परिमाण और मू—लाख रुपयों में मूल्य के लिये प्रयुक्त हुए हैं)

**भोजन, पेय पदार्थ और तम्बाकू**

| वर्ष | | मछली (हजार हंड्रवेटों में) | प्याज (क) (हजार हंड्रवेटों में) | काजू की गिरी (हजार टनों में) | इलायची (हजार हंड्रवेटों में) | कालीमिर्च (हजार हंड्रवेटों में) | चाय (दस लाख पौंडों में) | बिना तैयार तम्बाकू (दस लाख पौंडों में) | तैयार तम्बाकू (हजार पौंडों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1948-49 | प | 235 | 309 | 18 | 18 | 141 | 443 (ग) | 69 | 4 976 (क) |
| | मू | 147 | 50 | 493 | 73 | 267 | 6 924 (ग) | 649 | 567 |
| 1949-50 | प | 321 | 735 | 19 | 16 | 313 | 445 | 92 | 4 267 (क) |
| | मू | 191 | 126 | 561 | 125 | 1 450 | 7,291 | 1,164 | 410 |
| 1950-51 | प | 387 | 1 156 | 25 | 12 | 308 | 442 | 103 | 11.828 |
| | मू | 246 | 115 | 855 | 148 | 2.040 | 8,042 | 1 411 | 435 |
| 1951-52 | प | 435 | 925 | 21 | 14 | 298 | 429 | 112 | 12.359 |
| | मू | 328 | 107 | 903 | 164 | 2 322 | 9,386 | 1,614 | 639 |
| 1952-53 | प | 475 | 659 | 27 | 19 | 246 | 428 | 79 | 15.084 (ख) |
| | मू | 378 | 112 | 1 276 | 164 | 1.596 | 8,098 | 1 266 | 252 |

(क) केवल जल और वायुमार्गों द्वारा (ख) अपूर्ण (ग) स्थल मार्गों द्वारा अफगानिस्तान और ईरान के लिये निर्यात के आंकड़ों को छोड़ कर,

निर्यात की मुख्य वस्तुए (क्रमशः)

कच्चा माल और उत्पादित वस्तुएं तथा मुख्यतः तैयार नही ऐसी वस्तुएं

| वर्ष | मूंगफली का तेल (हजार गैलन मे) | रेंडी का तेल (हजार गैलन मे) | अलसी का तेल (हजार गैलन मे) | मूंगफली (हजार टनो मे) | रेंडी (हजार टनो मे) | अलसी (हजार टनो मे) | कच्ची रूई (हजार टनों मे) | रद्दी रूई (हजार हण्डरवेटो मे) | कच्चा पटुआ (हजार हण्डरवेटों मे) | कच्चा ऊन (हजार पौंडो मे) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1948-49 प | 8,951 (क) | 3 009 | 2 281 | 38 | -- | 25 | 76 | 1,017 | 665 | 8,658 |
| मू | 670 | 218 | 148 | 313 | -- | 139 | 1,401 | 515 | 339 | 109 |
| 1949-50 प | 7,049 (क) | 1,138 | 1 773 | 126 | 5 | 72 | 58 | 1,513 | 342 | 27,363 |
| मू | 544 | 69 | 128 | 904 | 28 | 456 | 1,061 | 822 | 175 | 371 |
| 1950-51 प | 19,991 | 5,898 | 1 359 | 38 | 79 | 68 | 15 | 1,307 | 271 | 25,371 |
| मू | 1,674 | 435 | 110 | 357 | 592 | 567 | 494 | 1 241 | 128 | 787 |
| 1951-52 प | 5,119 | 5,522 | 6,077 | 20 | 1 | 7 | 23 | 623 | 417 | 18 295 |
| मू | 432 | 657 | 566 | 235 | 16 | 70 | 1,368 | 735 | 248 | 490 |
| 1952-53 प | 16,181 | 8,925 (ख) | 6,800 (क) | 13 | 4 | — | 71 | 1,257 | 336 | 37,979 |
| मू | 1 046 | 772 | 481 | 140 | 38 | 52 | 1 932 | 962 | 144 | 842 |

(क) केवल जल मार्गों द्वारा। (ख) अपूर्ण।

निर्यात की मुख्य वस्तुएं (क्रमशः)

कच्चा माल और उत्पादित वस्तुएं तथा मुख्य रूप से तैयार नही ऐसी वस्तुएं

| वर्ष | | कोयला (हजार टनों मे) | अबरक (हजार हडरवेटो में) | लाख (हजार हडरवेटो मे) | कच्चा चमडा (हजार हडरवेटो मे) | कच्ची खाल (हजार हडरवेटो मे) | पुराना लोहा और इस्पात फिर तैयार होने के लिए (हजार टनो मे) | खनिज लोहा (हजार टनो मे) | मेंगनीज (हजार टनो मे) | हरें (हजार हडरवेटो मे) | वस्तुए तैयार करने की हड्डियां (हजार टनों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1948 49 | प | 1 332 | 340 | 491 | 42 | 204 | — | — | 309 | 612 | 31 |
| | मू | 458 | 594 | 869 | 49 | 498 | — | — | 181 | 55 | 57 |
| 1949-50 | प | 2,323 | 298 | 456 | 16 | 258 | 0 2 | 4 | 739 | 845 | 37 |
| | मू | 763 | 685 | 809 | 21 | 659 | 0 31 | 1 | 585 | 90 | 66 |
| 1950-51 | प | 994 | 407 | 662 | 38 | 248 | 2 | 85 | 821 | 821 | 45 |
| | मू | 344 | 1,000 | 1,189 | 69 | 874 | 4 | 22 | 801 | 103 | 116 |
| 1951-52 | प | 2,801 | 408 | 714 | 24 | 220 | 43 | 280 | 1,125 | 897 | 46 |
| | मू | 955 | 1,321 | 1 487 | 62 | 762 | 70 | 100 | 1 569 | 113 | 228 |
| 1952-53 | प | 2,187 | 284 | 688 | 1 | 228 | 481 | 812 | 1,365 | 515 | 71 |
| | मू | 1,011 | 899 | 761 | 2 | 554 | 1,026 | 371 | 2,077 | 41 | 221 |

## निर्यात की मुख्य वस्तुएं (क्रमशः)

पूर्ण रूप से अथवा मुख्यतः तैयार वस्तुएं

| वर्ष | | तैयार चमड़ा (हजार हंडरवेटों में) | तैयार खाल (हजार हंडरवेटों में) | सूती ट्विस्ट व सूत (हजार पौंडों में) | सूती मोजे व बनियान आदि | हाथ से बने सूती पीस गुड्स (१० लाख गजों में) | मिल में बने सूती पीस गुड्स (१० लाख गजों में) | बिसातखाने का सामान (मुख्यतः तैयार सूती सामान) | टाट के बोरे (हजार टनों में) | टाट (हजार टनों में) | नकली सिल्क के पीस गुड्स (हजार गजों में) | ऊनी कालीन और कम्बल (हजार पौंडों में) | नारियल की जटा से बनी चीजें (हजार हंडरवेटों में) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1948-49 | प | 186 | 104 | 7,408 | -- | -- | 361(ग) | -- | 457 | 435 | 24 480 | 8,334 | 869 |
| | मू | 496 | 720 | 129 | 95 | -- | 39,540(ग) | 51 | 6 147 | 8,072 | 519 | 261 | 447 |
| 1949-50 | प | 315 | 162 (ख) | 67,835(क) | -- | -- | 709 | -- | 434 | 309 | 12 230 | 10 465 | 1,424 |
| | मू | 853 | 1,183 | 1 240 | 79 | -- | 5 965 | 81 | 6,382 | 5,725 | 149 | 331 | 721 |
| 1950-51 | प | 351 | 148 (ख) | 75 091 | -- | 60 | 1 224 | -- | 345 | 266 | 6,990 | 14 091 | 1,560 |
| | मू | 1 202 | 1 333 | 1 728 | 86 | 1 088 | 11 217 | 171 | 5,539 | 5 291 | 97 | 556 | 1,081 |
| 1951-52 | प | 335 | 124 (क) | 6 182(क) | -- | 40(क) | 388 | -- | 473 | 287 | 8,414 | 11,591 | 1,219 |
| | मू | 1 361 | 1 141 | 1,97 180 | -- | 920 | 4 295 | 246 | 13 529 | 12,458 | 117 | 588 | 1,019 |
| 1952-53 | प | 313 | 162 | 17,453 | -- | 54(क) | 565 | -- | 371(क) | 1 304 | 3 621(क) | 7,121 | 1,279 |
| | मू | 922 | 1 089 (क) | 428 | 100 | 874 | 5 319 | 253 | 6 139 | 6,321 | 51 | 279 | 715 |

(क) अपूर्ण (ख) केवल जल और वायु मार्गों द्वारा। (ग) स्थल मार्गों द्वारा अफगानिस्तान और ईरान के निर्यात के आंकड़ों को छोड़ कर

निर्यात की मुख्य वस्तुएं (क्रमशः)

पूर्णतः अथवा मुख्यतः तैयार वस्तुएं :

| वर्ष | | पैराफिन मोम (हजार टनों में) | वस्त्र, कपड़े आदि (मोजे व बनियान व जूतों को छोड़ कर) | प्लीत-रीन (हजार हंडरवेटों में) | सन ईसबगोल (ख) (हजार हंडरवेटों में) (क) | लोहे का माल (हजार टनों में) | धातु का सामान | यंत्र (पूर्ण या उनके भाग) | कांच और मिट्टी के सामान | मशीनें (जिनमें सिलाई की मशीनें भी शामिल हैं) | कागज, लुगदी, गत्ता और स्टेशनरी | रबर का सामान | लोहे और इस्पात को छोड़ कर अन्य धातुएं तथा उनसे बना सामान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1948-49 | प | 10 | — | — | — | 45 | — | — | — | — | — | — | — |
| | मू | 113 | 74 | — | — | 63 | 54 | 94 | 232 | 29 | 49 | 167 | 98 |
| 1949-50 | प | 16 | — | — | — | 71 | — | — | — | — | — | — | — |
| | मू | 158 | 51 | — | — | 99 | 61 | 74 | 32 | 69 | 31 | 99 | 59 |
| 1950-51 | प | 20 | — | — | — | 54 | — | — | — | — | — | — | — |
| | मू | 226 | 115 | — | — | 86 | 78 | 96 | 29 | 47 | 33 | 165 | 124 |
| 1951-52 | प | 32 | — | — | — | 20 | — | — | — | — | — | — | — |
| | मू | 282 | 82 | — | — | 41 | 121 | 147 | 43 | 95 | 119 | 108 | 141 |
| 1952-53 | प | 19 | — | 61 | — | 11 | — | — | — | — | — | — | — |
| | मू | 133 | 165 | 90 | — | 41 | 110 | 151 | 34 | 127 | 87 | 143 | 268 |

(क) अप्रैल १९५२ से व्यापार के खाते में अलग से दिया गया।

(ख) अप्रैल १९५३ से व्यापार के खाते में अलग से दिया हुआ।

## तालिका 107

### आयात की जाने वाली मुख्य वस्तुएं

(जल, वायु और स्थल मार्गों द्वारा)

(मूल्य लाख रुपयों में)

| वर्ष | मशीनों के लिए पट्ट | रासायनिक | कोलतार से तैयार होने वाले रंग | फल और सब्जियां | अनाज, दाल व आटा | लोहे का माल | यंत्र आदि | हर प्रकार का मशीनी सामान जिसमें मशीनों के पट्ट भी शामिल है | लोहा और इस्पात तथा उनसे बनने वाला सामान | लोहे और इस्पात के अतिरिक्त अन्य धातुए तथा उनसे बना सामान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1948–49. | 212 | 2,057 | 1,234 | 825(क) | 10,170 | 596 | 1,881 | 8,156 | 1,231 | 2,233 |
| 1949–50. | 101 | 776 | 796 | 1,058 | 13,388 | 614 | 2,075 | 10,551 | 1,370 | 1,818 |
| 1950–51. | 119 | 922 | 1,198 | 1,366 | 8,075 | 457 | 1,779 | 9,300 | 1,900 | 2,784 |
| 1951–52. | 207 | 1,920 | 1,427 | 1,390 | 23,030 | 614 | 2,043 | 10,431 | 2,197 | 2,066 |
| 1952–53. | 161 | 1,268 | 751 | 1,374 | 15,673 | 404 | 2,221 | 8,787 | 2,371 | 1,930 |

(क) अफगानिस्तान व ईरान से स्थल मार्गों द्वारा हुए आयात के आंकड़ों को छोड़ कर।

## आयात को जाने वाली मुख्य वस्तुएं (क्रमशः)

(जल, वायु और स्थल मार्गों द्वारा)

(मूल्य लाख रुपयों में)

| वर्ष | कागज | रूई | कच्चा ऊन | नकली रेशम का धागा | मोटरों का ढांचा | मोटर कार | औषधियां | सूती पीस गुड | बटा हुआ और साधारण सूत | ऊनी और वरस्टेड पीस गुड | परचून का सामान और तेल आदि | पटसन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1948–49 . | 1,337 | 6,448 | 318 | 1,283 | 892 | 764 | 812(क) | 930 | 450 | 310 | 708 | 7,124 |
| 1949–50 . | 774 | 6,379 | 303 | 1,046 | 538 | 318 | 804 | 1,070 | 577 | 164 | 730 | 2,117 |
| 1950–51 . | 950 | 10,077 | 562 | 1,471 | 266 | 324 | 1,052 | 131 | 30 | 13 | 602 | 2,757 |
| 1951–52 . | 1,316 | 13,718 | 260 | 1,729 | 287 | 479 | 1,560 | 237 | 182 | 45 | 1,084 | 6,707 |
| 1952–53 . | 1,121 | 7,667 | 71 | 785 | 288 | 296 | 1,145 | 125 | 209 | 92 | 571 | 1,648 |

(क) ईरान व अफगानिस्तान से स्थल मार्गों द्वारा किये गये आयात के आंकड़ों को छोड कर ।

# सोलहवां अध्याय

# परिवहन

## रेल मार्ग

भारत मे रेल मार्ग ही परिवहन का मुख्य साधन है। माल का 80 प्रतिशत तथा सवारियो का 70 प्रतिशत रेल पर ही आता जाता है। हमारे यहा रेल पद्धति का प्रारम्भ सन 1853 मे हुआ था और अभी हाल ही मे रेल मार्ग की शताब्दी जयन्ती मनाई गई। रेल मार्ग की हमारे यहां किस प्रकार उन्नति हुई यह नीचे दिया जा रहा है :

### तालिका 108

**रेल मार्ग की प्रगति 1853-1952**

(लाख रुपयो मे)

| व | पटरियोकी कुल लम्बाई (मीलो मे) | लगी हुई पूजी | कुल आय | व्यय | विशुद्ध आय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1853 | 20 | 38 | 0.90 | 0.41 | 0.49 |
| 1863 | 2,507 | 5,300 | 220 | 133 | 87 |
| 1873 | 5,697 | 9,173 | 723 | 378 | 345 |
| 1883 | 10,447 | 14,831 | 1,639 | 797 | 842 |
| 1893 | 18,459 | 23,318 | 2,408 | 1,135 | 1,273 |
| 1903 | 26,956 | 34,111 | 3,601 | 1,711 | 1,890 |
| 1913-14 | 34,656 | 49,509 | 6,359 | 3,293 | 3,066 |
| 1923-24 | 38,039 | 71,793 | 10,780 | 6,845 | 3,935 |
| 1933-34 | 42,953 | 88,441 | 9,958 | 6,954 | 3,004 |
| 1943-44 (क) | 40,512 | 85,854 | 19,932 | 11,411 | 8,521 |
| 1947-48 (ख) | 33,985 | 74,220 | 18,369 | 16,394 | 1,975 |
| 1948-49 | 33,861 | 77,588 | 23,412 | 18,406 | 5,006 |
| 1949-50 | 34,022 | 81,307 | 25,832 | 20,723 | 5,109 |
| 1950-51 | 34,079 | 83,818 | 26,462 | 21,439 | 5,023 |
| 1951-52 | 34,119 | 86,155 | 29,414 | 22,759 | 6,655 |

(क) 1937 मे बर्मा रेल अलग हो गयी।

(ख) 15 अगस्त 1947 विभाजन के बाद।


भारत
रेलवे
मील
0 50 100 150 200 250 300
पठानकोट
अमृतसर
शिमला
फिरोज़पुर
अम्बाला
भटिंडा
हिसार
मेरठ
मुरादाबाद
दिल्ली
बरेली
बीकानेर
जयपुर
जोधपुर
अजमेर
आगरा
कानपुर
लखनऊ
ग्वालियर
कोटा
झाँसी
इलाहाबाद
बनारस
पटना
गया
उदयपुर
रतलाम
भोपाल
जबलपुर
कटनी
अहमदाबाद
राजकोट
बड़ोदा
इटारसी
बिलासपुर
भुसावल
खंडवा
नागपुर
सम्बलपुर
कटक
राँची
कलकत्ता
खड़गपुर
पूना
शोलापुर
सिकन्दराबाद
विजयवाडा
विशाखापत्तनम
काकीनाड़ा
गुन्तकल
बंगलोर
मैसूर
उटाकमंड
मद्रास
मदुरा
तूतीकोरिन
तिब्बत
नेपाल
दार्जिलिंग
गोहाटी
पूर्वी पाकिस्तान
बरमा
पश्चिमी पाकिस्तान
अरब समुद्र
बंगाल की खाड़ी
पोरबन्दर
बम्बई
अण्डमान तथा
निकोबार द्वीपसमूह
गोंडा
लमडिंग
तिनसुकिया
डिब्रूगढ़

## तालिका 109

### यातायात (1871–1951)

| वर्ष | यात्रियो की सख्या (हजार मे) | यात्रियो से प्राप्त भाडा (लाख रुपयो मे) | ढोया गया माल (हजार टनो मे) | माल की ढुलाई से प्राप्त भाडा (लाख रुपयो मे) |
|---|---|---|---|---|
| 1871 . . | 19,283 | 202 | 3,542 | 420 |
| 1881 . . | 54,764 | 379 | 13,214 | 956 |
| 1891 . . | 1,22,855 | 686 | 26,159 | 1,561 |
| 1901 . . | 1,94,749 | 1,007 | 43,392 | 2,124 |
| 1911 . . | 3,89,863 | 1,849 | 71,268 | 3,293 |
| 1921–22 . . | 5,69,684 | 3,429 | 90,142 | 4,952 |
| 1931–32 . . | 5,05,836 | 3,135 | 74,575 | 5,873 |
| 1941–42 (क) . | 6,23,072 | 3,969 | 96,997 | 8,963 |
| 1951–52 (ख) . | 12,32,073 | 11,142 | 98,025 | 15,395 |

विभाजन के अवसर पर अविभक्त भारत में 40,524 मील रेल थी, जिसमे से 6,958 मील पाकिस्तान मे चली गई, और भारतीय यूनियन के लिये 33,566 मील रेल बच रही। इस प्रकार जो कमी हुई सो तो हुई, सबमे बडी हानि यह हुई कि आसाम की रेल भारत की रेल से अलग हो गई। इसलिये सबसे पहले यह प्रश्न सामने आया कि किस प्रकार इसे दूर किया जाये। तदनुसार भारत और आसाम को जोडता हुआ जो पतला सा भूभाग था उसमे 142 मील लम्बी मीटरगेज लाईन बनाई गई। इस लाइन का उद्घाटन 1949 के दिसम्बर मे हुआ। इस प्रकार आसाम फिर एक बार भारत से रेल मार्ग द्वारा जोड़ा गया :

काण्डला (गाधी धाम)—170 मील लम्बे दीसा रेल मार्ग का उद्घाटन दो अक्तूबर 1952 को हुआ। यह बता दिया जाये कि इस लाइन को इतना महत्व क्यों दिया गया। कराची के हम से पृथक् हो जाने से हमारे उस इलाके के लिये एक बन्दरगाह की आवश्यकता थी। काण्डला इसी के लिये विकसित किया गया, पर इसे रेल मार्ग से देश के बाकी हिस्सो के साथ जोडना था। इसलिये यह रेल मार्ग बना। इस कारण से एक नवम्बर 1949 से अप्रैल 1952 के बीच 3.77 करोड रु० की लागत पर सत्ताइस मील लम्बी मुकेरियां—पठानकोट रेल लाइन बनी। पहले पठानकोट को घूम कर जाना पडता था, अब इस रेल के बनने से दिल्ली से पठानकोट की दूरी 44 मील कम हो गई।

1944 मे ही भारत सरकार ने सब रेलो को अपने अधीन कर लिया था। इसमे पूर्व रेल की मिल्कियत और नियत्रण की पद्धति बडी जटिल थी। कई तरह की पद्धतिया एक साथ चालू थी।

(क) 1937 मे बर्मा रेल अलग हो गयी।
(ख) 15 अगस्त 1947 विभाजन के बाद।

कुछ रेलवे लाइनो की मालिक भी सरकार थी और सरकार ही व्यवस्थापक भी थी। कुछ रेलवे लाइनों की मालिक सरकार थी पर उनकी व्यवस्था कम्पनियों के हाथ में थी। ऐसी कई रेल लाइनें थी जो कम्पनियों की थी और कम्पनिया ही उनकी व्यवस्था करती थी। इसके अतिरिक्त रजवाडों की अपनी लाइने थी। कहना न होगा कि इस प्रकार की बातो से न तो कार्यकुशलता बढती थी और न काम ढग से हो पाता था। खर्च भी अधिक होता था। 1948 मे भारत मे 42 प्रकार की रेले थी। इनमे से तेरह अव्वल दर्जे की रेले थी जिनकी कुल सालाना आमदनी 50 लाख रुपये या उससे अधिक थी। दूसरे दर्जे की 10 रेले थी, जिनकी कल सालाना आमदनी 10 से 50 लाख रुपये के अन्दर थी। तीसरे दर्जे की 19 रेलें थी, जिनकी कुल सालाना आमदनी 10 लाख रु० या उससे कम थी। 42 रेलों मे से 32 (इसमे सांगली राज्य की पाच मील लम्बी रेल भी थी, ये लाइने कुल मिला कर 7,559 मील लम्बी थी) रजवाड़ों की थी। 1950 की पहली अप्रैल से रजवाडों की निजी रेले भारत सरकार की मिल्कियत और नियंत्रण मे आ गयी। बात यह है कि इस बीच मे रजवाडे भारतीय यूनियन में विलीन हो चुके थे। यह समझा गया कि खर्च घटाने तथा प्रशासन मे कार्य कुशलता बढाने के लिये, सिर्फ रेलो के नये वर्गीकरण की जरूरत है। तदनुसार रेल बोर्ड ने 1950 मे एक योजना बनाई, और 1951–52 मे इसे अलग कर दिया गया। कुछ निजी लाइट रेले इस कार्यक्रम से बरी रही। नये वर्गीकरण के पहले भारत मे 35 प्रकार की रेले थी, इनमे 22 पर सरकारी मिल्कियत थी। सरकारी रेलों के नाम ये थे : आसाम, बगाल—नागपुर, बम्बई—बडौदा और मध्य भारत (बी० बी० एण्ड सी० आई०), बेजवाडा—धौनकुरनूल, दार्जिलिंग—हिमालयन, ईस्ट इण्डियन, ईस्टर्न पजाब, ग्रेट इंडियन पेनिनसुला (जी० आई० पी०), मद्रास और दक्षिणी मरहठा, अवध और तिरहुत, साऊथ इंडियन, बीकानेर राज्य, कच्छ राज्य, धौलपुर राज्य, जयपुर राज्य, जोधपुर राज्य, मैसूर राज्य, निजाम शाही, राजस्थान, सौराष्ट्र और सिंधिया राज्य रेल। नये वर्गीकरण के फलस्वरूप निम्नलिखित क्षेत्रीय विभाग हुए।

## तालिका 110

| क्षेत्र | किस तारीख को बनायी गयी | जिसके अन्तर्गत है | मुख्यकार्यालय | पटरियों की कुल लम्बाई (मीलों मे) |
|---|---|---|---|---|
| दक्षिण | 14 अप्रैल 1951 | मद्रास एवं दक्षिण-मरहठा, दक्षिण भारत और मैसूर रेल . . | मद्रास | 6,016.97<br>बी० जी० 1,754.05<br>एम० जी० 4,160.12<br>एन० जी० 702.20 |

| क्षेत्र | किस तारीख को बनायी गयी | जिस के अन्तर्गत है | मुख्य कार्यालय | पटरियो की कल लम्बाई (मीलो में) |
|---|---|---|---|---|
| मध्य | 5 नव० 1951 | ग्रेट इंडिया पनिनसुला, निजाम की स्टेट, सिंधिया और धौलपुर रेल . | बम्बई | 5,427.70<br>बी० जी० 4,091.23<br>एम० जी० 772.49<br>एन० जी० 563.98 |
| पश्चिम | 5 नव० 1951 | बम्बई बड़ौदा एव मध्य-भारत, सौराष्ट्र, कच्छ, राजस्थान और जयपुर रेलवे . . | बम्बई | 5,461.03<br>बी० जी० 1,266.34<br>एम० जी० 3,402.18<br>एन० जी० 792.51 |
| उत्तर | 14 अप्रैल, 1952 | पूर्वी पजाब, जोधपुर, और बीकानेर रेलवे और ईस्ट इण्डियन रेलवे के तीन अपर डिवीज़न . | दिल्ली | 6,007.3<br>बी० जी० 3,881.68<br>एम० जी० 1,997.68<br>एन० जी० 127.97 |
| उत्तर-पूर्व | 14 अप्रैल 1952 | अवध एवं तिरहुत और आसाम रेलवे . | गोरखपुर | 4,766.87<br>बी० जी० 2.15<br>एम० जी० 4,712.75<br>एन० जी० 51.97 |
| पूर्वी | 14 अप्रैल 1952 | ईस्ट इण्डियन रेलवे (तीन अपर डिवीज़नों को छोड़ कर) और बंगाल-नागपुर रेलवे . | कलकत्ता | 5,667.24<br>बी० जी० 4,725.27<br>एम० जी० —<br>एन० जी० 941.97 |

बी० जी० —ब्राड गेज

एम० जी० —मीटर गेज

एन० जी० —नैरो गेज

## तालिका 111

### रेल प्रशासन व्यवस्था जैसी कि वह 16 अप्रैल 1953 को थी

| रेलवे | गेज | पटरियों की लम्बाई (मीलों में) | अधिकारी | प्रबन्धक |
|---|---|---|---|---|
| **प्रथम श्रेणी की रेल** | | | | |
| (1) मध्य | | | | |
| (क) मध्य . . | 5′ 6″ | 4,091 | भारत सरकार | भारत सरकार |
| | 3′ 3⅜″ | 773 | ,, | ,, |
| | 2′ 6″ | 117 | ,, | ,, |
| | 2′ 0″ | 307 | ,, | ,, |
| (ख) इलिचपुर यवतमाल | 2′ 6″ | 118 | ब्रांच लाइन क. | ,, |
| (ग) पुलगाव-आर्वी | 2′ 6″ | 22 | ,, 'क' | ,, |
| (2) पूर्वी | | | | |
| पूर्वी . | 5′ 6″ | 7,733 | भारत सरकार | ,, |
| | 2′ 6″ | 942 | | |
| (3) उत्तर-पूर्वी . | | | ,, | ,, |
| (क) उत्तर-पूर्वी . | 5′ 6″ | 2'ख' | ,, | ,, |
| | 3′ 3⅜″ | 4,655 | ,, | ,, |
| | 2′ 0″ | 72 | ,, | ,, |
| (ख) चपरमुख सिलघाट | 3′ 3⅜″ | 51 | ब्राच लाइन क. 'ग' | ,, |
| (ग) कटाखल-लाला बाजार | 3′ 3⅜″ | 23 | ,, | ,, |
| (4) उत्तर : | | | | |
| (क) उत्तर | 5′ 6″ | 3,870 | भारत सरकार | ,, |
| | 3′ 3⅜″ | 1,997 | ,, | ,, |
| | 2′ 6″ | 128 | ,, | ,, |
| (ख) पर नंगल बाघ 'घ' . | 5′ 6″ | 34 | ,, | ,, |
| (5) दक्षिण | | | | |
| (क) दक्षिण . | 5′ 6″ | 1,729 | ,, | ,, |
| | 2′ 3⅜″ | 4,006 | ,, | ,, |
| | 2′ 6″ | 102 | ,, | ,, |
| (ख) तेनाली रेपल्ली . | 5′ 6″ | 22 | डिस्ट्रिक्ट बोर्ड गुंटूर | ,, |
| (ग) कोचीन बन्दरगाह विस्तार . | 5′ 6″ | 4 | कोचीन बन्दरगाह प्रशासन | ,, |

'क' छूट की शर्तों पर ।

'ख' यह लाइन हलदीबारी और पाकिस्तान की सीमा के बीच में पाकिस्तान से सीधा सम्बन्ध जोड़ने के लिए है ।

'ग' इस लाइन को भारत सरकार द्वारा गारण्टी प्राप्त है, और इसे आसाम सरकार द्वारा आर्थिक सहायता मिलती है ।

'घ' भारत सरकार और पंजाब सरकार का सम्मिलित स्वामित्व ।

| रेल | गेज | पटरियों की लम्बाई (मीलों में) | अधिकारी | प्रबन्धक |
|---|---|---|---|---|
| (घ) अलनावार दादेली (प्रान्तीय) | 3′ 3⅜″ | 19 | बम्बई राज्य सरकार | भारत सरकार |
| (ङ) पश्चिमी भारत पुर्तगाली | 3′ 3⅜″ | 51 | पश्चिमी भारत पुर्तगीज़ रेल कम्पनी | ,, |
| (च) पेरालाम–कराईकल | 3′ 3⅜″ | 15 | फ्रांसीसी सरकार | ,, |
| (छ) पाडिचेरी | 3′ 3⅜″ | 8 | पाडिचेरी रेल कम्पनी | ,, |
| (ज) तिन्नेवेल्ली तिरुचेन्दूर | 3′ 3⅜″ | 38 | डिस्ट्रिक्ट बोर्ड तिन्नेवेल्ली | ,, |
| (झ) नन्जनगुड टाउन चमराजनगर | 3′ 3⅜″ | 22 | मैसूर व माण्ड्या डिस्ट्रिक्ट बोर्ड | ,, |
| (6) पश्चिम पश्चिम | 5′ 6″ | 1 266 | भारत सरकार | ,, |
| | 3′ 3⅜″ | 3 573 | ,, | ,, |
| | 2′ 6″ | 792 | ,, | ,, |
| प्रथम श्रेणी की कुल रेलें | | 33 582 | | |
| **द्वितीय श्रेणी की रेल** | | | | |
| 1 बार्सी लाइट | 2′ 6″ | 203 | अप्राप्त सहायता कम्पनी | बार्सी लाइट रेल कम्पनी |
| 2 शाहदरा (दिल्ली) सहारनपुर लाइट | 2′ 6″ | 93 | प्राप्त सहायता कम्पनी 'क' | शाहदरा, दिल्ली सहारनपुर लाइट रेलवे कम्पनी |
| द्वितीय श्रेणी की कुल रेलें | | 296 | | |
| **तृतीय श्रेणी की रेलवे** | | | | |
| 1 अहमदपुर कटवा | 2′ 6″ | 32 | ब्रांच लाइन कम्पनी 'ख' | अहमदपुर कटवा रेलवे |
| 2 आरा-ससाराम लाइट | 2′ 6″ | 65 | प्राप्त सहायता कम्पनी 'ग' | आरा-ससाराम लाइट रेलवे कम्पनी |

'क' सरकार द्वारा केवल भूमि प्राप्त ।
'ख' भारत सरकार द्वारा गारण्टी प्राप्त ।
'ग' जिला बोर्ड द्वारा

| रेलवे | गेज | पटरियों की लम्बाई (मीलों में) | अधिकारी | प्रबन्धक |
|---|---|---|---|---|
| 3. बाकुरा-दामोदर . | 2′ 6″ | 60 | ब्रांच लाइन कम्पनी (ख) | बाकुरा-दामोद रिवर रेलवे कम्पनी |
| 4. बरसेत-बसीरहाट लाइट | 2′ 6″ | 52 | प्राप्त सहायता कम्पनी (ग) | बरसेत-बसीरहाट लाइट रेल कम्पनी |
| 5. बंगाल प्रोविंशियल— | | | | |
| (I) बगाल प्रोविंशियल | 2′ 6″ | 33 | अप्राप्त सहायता कम्पनी | बगाल प्रोविंशियल रेल कम्पनी |
| (II) दसघरा जमालपुरगंज . . | 2′ 6″ | 9 | ब्राच लाइन कम्पनी (ख) | ” |
| 6. बख्तियारपुर-बिहार लाइट | 2′ 6″ | 33 | डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, पटना | डिस्ट्रिक्ट बोर्ड, पटना |
| 7. बर्दवान-कटवा . | 2′ 6″ | 33 | ब्राच लाइन कम्पनी (ख) | बर्दवान-कटवा रेल कम्पनी |
| 8. देहरी-रोहतास लाइट . | 2′ 6″ | 24 | सहायता प्राप्त कम्पनी (क) | देहरी-रोहतास लाइट रेल कं० |
| 9. फतवा इसलामपुर . | 2′ 6″ | 27 | ब्राच लाइन कम्पनी (ख) | फतवा इसलामपुर लाइट रेल कम्पनी |
| 10. हावडा आम्टा लाइट . | 2′ 0″ | 44 | सहायता प्राप्त कम्पनी (क) | हावडा आम्टा रेल कम्पनी |
| 11. हावडा शियाखाला लाइट | 2′ 0″ | 20 | सहायता प्राप्त कम्पनी (क) | हावडा शियाखाला लाइट रेल कम्पनी |
| 12. जगाधारी लाइट . | 2′ 0″ | 3 | अप्राप्त सहायता कम्पनी | जगाधारी लाइट रेलवे कम्पनी |
| 13. कालीघाट फाल्टा . | 2′ 6″ | 26 | ब्राच रेलवे कम्पनी (ख) | कालीघाट-फाल्टा रेल कम्पनी |
| तृतीय श्रेणी की कुल रेलें | | 461 | | |

(क) डिस्ट्रिक्ट बोर्ड द्वारा गारंटी।
(ख) भारत सरकार द्वारा गारंटी
(ग) सरकार से केवल भूमि प्राप्त

द्रष्टव्य : प्रथम श्रेणी में वे रेल आती है जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपया या उससे अधिक हो। द्वितीय श्रेणी में वे रेल आती है जिनकी कुल वार्षिक आय 50 लाख रुपये से कम हो पर 10 लाख रुपये से अधिक हो। तृतीय श्रेणी में वे रेल आती हैं जिनकी कुल वार्षिक आय 10 लाख रुपया या उससे कम हो।

1951-52 के रेल मार्ग के सम्बन्ध में कुछ महत्वपूर्ण तथ्य यों है:—

| | |
|---|---|
| **कुल मार्ग की लम्बाई** | 34,119 |
| ब्राड गेज (साढ़े 5 फुट) . . . . . . . | 15,702 |
| मीटर गेज (3 फुट 3-3 18 इंच) . . . . . | 15,060 |
| नैरोगेज (2 फुट 6 इंच और 2 फुट) . . . . | 3,356 |
| अव्वल दर्जे की रेलें . . . . . . | 33,343 |
| दूसरे और तीसरे दज की रेल . . . . . | 776 |
| पूजी . . . . . . . . | 861.55 करोड रुपये |
| कुल आमदनी . . . . . . | 294.14 करोड रुपये |
| चालू खर्च . . . . | 227.59 करोड रुपये |
| शुद्ध आमदनी . . . . | 66 55 करोड रुपये |
| यात्रा कितनी मीले की गई . . . | 18 करोड 80 लाख |
| ले जाई गई सवारियो की सख्या . . . | 123.21 करोड़ |
| ऐयर कडीशन्ड दर्जा . . . . | 0 0017 करोड |
| प्रथम और दूसरी श्रेणी . . . | 1 91 करोड़ |
| ड्यौढ़ा दर्जा . . | 2 14 करोड़ |
| तीसरा दर्जा . . . . | 119.16 करोड |
| सवारियो से आमदनी. . . | 109.88 करोड रु० |
| ले जाया गया माल . . . . | 980.3 लाख टन |
| माल से आमदनी . . . . | 156.79 करोड रुपये |

1951–52 मे रेल विभाग ने एक करोड आठ लाख टन कोयला इस्तेमाल किया, जिसका मूल्य 34 करोड 40 लाख रुपये है। बात यह है कि अभी हमारे देश मे बिजली वाली रेल बम्बई तथा मद्रास के पास की कुछ लाइनो तक ही सीमित है। बिजली की रेल पहले पहले 1925 मे शुरू की गयी थी, पर इस सम्बन्ध मे अधिक प्रगति नही हुई है। जिस प्रकार से बम्बई और मद्रास के आस पास की कुछ लाइनों मे बिजली वाली रेलें चालू है, उसी प्रकार कलकत्ते के इर्द गिर्द की कुछ लाइनो मे बिजली इस्तेमाल करने की योजना विचाराधीन है।

1925 में रेल विभाग का वित्त सामान्य वित्त से अलग कर दिया गया। उस समय यह निश्चय किया गया कि रेल विभाग सामान्य राजस्व विभाग मे एक निर्दिष्ट सूत्र के अनुसार राजस्व दिया करे। 1949 के दिसम्बर मे यह तय हुआ कि 1950-51 से जिस पंचवर्ष का प्रारम्भ हुआ है, उससे रेल विभाग प्रत्येक चतुर्थ वर्ष के अन्त में चार प्रतिशत का प्रत्याभावित लाभांश दे।

रेल विभाग के गत छः वर्षों के वित्त का लेखा नीचे की तालिका मे प्रस्तुत किया जाता है :

## तालिका 112

(करोड रुपयो मे)

| | 1949–50 | 1950–51 | 1951–52 | 1952–53 (वास्तविक) | 1953–54 (सशोधित) | 1954–55 (बजट) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| भाड़े से कुल आय | 236.35 | 263 01 | 290.82 | 270 56 | 272.00 | 273.25 |
| साधारण कार्य व्यय . | 181.53 | 180.23 | 194.04 | 187 96 | 197 63 | 194 31 |
| मूल्यह्रास सचित निधि के लिए सविनियोग . | 11.58 | 30 00 | 30.00 | 30.00 | 30 00 | 30 00 |
| जिन लाइनो पर कार्य हो रहा है उनके लिए भुगतान . | 1.80 | 0 25 | 0.31 | 0 21 | 0 24 | 0.22 |
| कुल कार्य व्यय | 194.91 | 210 48 | 224.35 | 218 17 | 227.87 | 224.53 |
| भाडे से विशुद्ध आय . | 41.44 | 52 53 | 66 47 | 52 39 | 44 13 | 48 72 |
| विशुद्ध फुटकर व्यय | 3.67 | 4 97 | 4 72 | 5.21 | 6 49 | 8 08 |
| रेल द्वारा विशुद्ध आय . | 37 77 | 47 56 | 61 75 | 47.18 | 37 64 | 40 64 |
| साधारण आय को लाभाश . | 23 18 | 32.51 | 33.41 | 33 99 | 34 46 | 35 50 |
| विशुद्ध लाभ और बचत | 14 59 | 15 05 | 28.34 | 13.19 | 3.18 | 5.14 |

बहुत दिनो मे हमारे रेल विभाग के सामने यह प्रश्न रहा है कि किस प्रकार से पुराने इजनो, पटरियो आदि को बदल कर पहले वाली समृद्धावस्था मे पहुचा जाये। रेल विभाग पर पहली चोट तो 1930–39 की आर्थिक मन्दी से पडी। यह मन्दी बहुत दिनो तक कायम रही, और उसी सिलसिले मे द्वितीय महायुद्ध छिड़ा जिसके कारण बहुत बडे पैमाने पर युद्ध सामग्री इधर से उधर भेजी गई। साथ ही पटरिया, इजन और डिब्बो को बदलने की ओर ध्यान नही दिया जा सका। युद्ध की समाप्ति के बाद अभी परिस्थिति सम्भल नही पायी थी कि देश का विभाजन हुआ, जिससे फिर एक बार रेल विभाग पर आपत्ति आयी। फिर भी स्वतत्रता प्राप्ति के कारण जिस प्रकार से देश की समस्याओ पर ध्यान दिया गया उससे 1948 मे यह परिस्थिति हो गयी कि रेल विभाग के बुरे दिन समाप्त हो गये, और तब से हमारी रेले बराबर उन्नति कर रही हैं। 1949–50 के बजट मे पूजीगत खर्च के लिये जहा 64 करोड रुपये की व्यवस्था थी, वहा 1952-53 मे इस रकम को बढा कर 80 करोड रुपये कर दिया गया। पंचवर्षीय योजना मे स्वाभाविक रूप से रेलो पर और भी अधिक ध्यान दिया गया क्योंकि रेलों की उन्नति के बिना उत्पादन मे वृद्धि एक तो सम्भव न थी और जितनी सम्भव थी उससे कोई फायदा नही था। इसलिये रेलों के पुनरुद्धार और विस्तार के लिये पचवर्षीय योजना मे 400 करोड रुपये की व्यवस्था है। रेल मे रिजर्व फड की परिस्थिति भी काफी सतोषजनक रही। 1952–53 के अन्त मे रिजर्व 163 करोड रु० का था, ऐसा अनुमान किया जाता है।

1930 से लेकर रेल विभाग पर जिस तरह की आपत्तियां आती गई थी, उससे कितनी हानि हुई इसका अन्दाजा इस बात से लग सकता है कि 1949 की 31 मार्च को यह परिस्थिति हो गई

कि सरकारी रेलों के 30 प्रतिशत इजन अपनी निर्धारित उम्र पार कर चुके थे । इसके कई नतीजे दिखाई पडते थे, एक तो यह कि मरम्मत और कायम रखने का खर्च बहुत अधिक था । 1951 की 31 मार्च को परिस्थिति इतनी खराब थी कि 1,050 रेल इजन, 5,514 सवारी के डिब्बे तथा 21,418 माल के डिब्बे ऐसे हो गये थे जिन्हे फौरन बदलना जरूरी था । प्रति वर्ष 190 रेल इंजन, 650 सवारी वाले डिब्बे और 5,000 माल के डिब्बे बदले जाने चाहिये । इस समस्या को फौरन हल करना आवश्यक था । इसलिये एक तो देश मे जो कुछ भी उत्पन्न हो सकता था उसे अधिक से अधिक कर दिया गया और रोलिग स्टाक के लिये देश के बाहर आर्डर भेजे गये । किस प्रकार से हमें नया सामान मिलता गया, यह निम्न तालिका मे देखा जा सकता है :

तालिका 113

| | 1949-50 | 1950-51 | 1951-52 |
|---|---|---|---|
| | प्राप्त (सख्या) | प्राप्त (सख्या) | काम मे आ रहे (सख्या) |
| रेल-इजन . | 435 | 225 | 103 |
| सवारी गाडियो के डिब्बे . | 346 | 479 | 771 |
| माल गाडियो के डिब्बे . . | 1,443 | 3,157 | — |

निम्न रोलिंग स्टाक की प्राप्ति के लिये 1953-54 के बजट मे 39·30 करोड़ रुपयो की व्यवस्था की गयी है :

तालिका 114

(करोड रुपयो मे)

| | कार्यक्रमानुसार पहुच | नयी उपलब्धि |
|---|---|---|
| रेल इजन . | 6 02 | 2 07 |
| बायलर्स | 1 89 | 0 16 |
| सवारी गाडी के डिब्बे . | 11 28 | 4 71 |
| माल गाडी के डिब्बे . . | 4 71 | 7 81 |
| फेरीज (नौकाए) . . | 0 68 | 0 03 |
| योग . | 24 58 | 14.78 |

हमारे कार्यक्रम के अनुसार हमे ये चीजे मिलनी चाहिये—245 रेल इजन, 179 बायलर, 1,384 सवारी वाले डिब्बे, 10,663 माल वाले डिब्बे, 19 क्रेन और 7 फेरिया । इसमे से 150 रेल इजन, 63 बायलर 1,121 सवारी वाले डिब्बे और 6,834 माल वाले डिब्बे देश मे तैयार होंगे, ऐसी आशा है । बाकी माल बाहर से मगाया जा रहा है ।

यह बडे सौभाग्य की बात है कि अब हमारे देश मे रेल सामग्री का उत्पादन इतना आगे बढ गया है कि प्रतिवर्ष साधारण रूप से जितनी पटरियों, माल के डिब्बों तथा सवारी वाले डिब्बों की

आवश्यकता पड़ती है, उतने देश मे उत्पन्न हो रहे हैं । इस बात को देखते हुए यह स्वाभाविक है कि इन चीजो का बाहर से मगाना रोक दिया जाये । हां, जिन चीजो के आर्डर दिये जा चुके है, वे तो आते ही रहेगे । चित्तरजन रेल इजन कारखाना, टाटा रेल इजन तथा इजीनियरिंग कम्पनी लि० रेल-सामग्री के उत्पादन मे लगी हुई है । जिस समय ये कारखाने अपने पूरे जोर पर होगे, उस समय यह आशा की जाती है कि भारत रेल-सामग्री के मामले में विशेष कर रेल इंजन के मामले मे आत्मनिर्भर हो जायेगा । यह स्मरण रहे कि चित्तरजन रेल इजन कारखाने ने अभी अभी 1950 मे उत्पादन आरम्भ किया है । इसमे अब तक 100 रेल इजन बने हैं । साथ ही देश मे 70 प्रतिशत पुर्जे भी बन रहे हैं । ऐसा अनुमान है कि 1954 तक कुछ विशेष तथा सर्वाधिकार युक्त पुर्जों के अतिरिक्त देश मे सारी रेल-सामग्री उत्पन्न होने लगेगी । चित्तरजन कारखाना प्रतिवर्ष 120 रेल इजन और 50 फालतू बायलर उत्पन्न करने लगेगा । टाटा रेल इजन कम्पनी मीटरगेज के रेल इजन उत्पन्न करती है, और 1953 की जनवरी तक 35 रेल इजन उत्पन्न कर चुकी थी । ऐसी आशा की जाती है कि 1951–56 के बीच यह कम्पनी 200 रेल इजन दे सकेगी ।

यह तो रेल-इजनो की बात हुई, अब रेल के डिब्बो के उत्पादन की बात लीजिए । जनवरी 1952 मे मद्रास के पैराम्बूर नामक स्थान मे सवारी वाले डिब्बो के बनाने का एक कारखाना खोला गया । यह आशा की जाती है कि यह कारखाना दिन मे केवल एक शिफ्ट काम करे, तो भी 300 हल्के अवयवगत किस्म के सर्वइस्पात-डिब्बे सालाना बनने लगेगे । बगलोर की सरकारी हिन्दुस्तान एयर क्राफ्ट लि० कम्पनी 1950–51 मे 63 सर्वइस्पात तीसरे दर्जे के सवारी डिब्बे और फिर 1951–52 मे 100 और तैयार कर चुकी है । 1953–54 के बजट मे देश मे 7,000 माल के डिब्बे बनने की तथा बाहर मे 4,000 माल के डिब्बे मगाने की व्यवस्था है ।

देश के अन्दर रेल के डिब्बो के उत्पादन का लेखा इस प्रकार है

तालिका 115

| | 1948-49 | 1949-50 | 1950-51 | 1951-52 | योजना की अवधि (1951-56) मे अनुमानित उत्पादन |
|---|---|---|---|---|---|
| सवारी गाडी के डिब्बे | 238 | 337 | 479 | 673 | 4,380 |
| माल गाडी के डिब्बे | 2,520 | 1,095 | 2,924 | 3,707 | 30,000 |

हाल के वर्षो मे रेल विभाग पहले से अधिक कार्यकुशलता के साथ काम करने लगा है । यह निम्नलिखित आकडो से ज्ञात हो जायेगा

तालिका 116

**सचालन कुशलता के देशनांक**

| | 1950-51 | 1951-52 |
|---|---|---|
| ब्राड गेज . . . . | 100·7 | 102·8 |
| मीटर गेज . . . | 92·4 | 93·6 |

## तालिका 117

**सवारी गाड़ियों की समयनिष्ठता का अनुपात**

| | 1947-48 | 1948-49 | 1949-50 | 1950-51 | 1951-52 |
|---|---|---|---|---|---|
| ब्राड गेज . . . | 67·6 | 71·3 | 81·4 | 79·8 | 78·8 |
| मीटर गेज . . . | 69·7 | 68·4 | 76·7 | 71·4 | 77·7 |

**नयी लाइनें**

पहले ही यह बताया जा चुका है कि दीमा-गाधीधाम (काण्डला) को मिलाने के लिये एक रेल लाइन बनाई गई। इस के अलावा 1952-53 मे निम्नलिखित महत्वपूर्ण कार्य या तो पूरे हो गये या शुरू किये गये—

(1) उत्तर रेलवे मे बन्द की हुई बाइस मील लम्बी बिजनौर-चादपुर-स्याऊ वाली लाइन का फिर से उद्धार, (2) पश्चिमी रेलवे मे बसदकठाना रेल लाइन का पुनरुद्धार, (3) तिरुवाकुर-कोचीन राज्य को रेल सम्बन्धी सुविधा देने के लिये दक्षिण रेलवे के अन्तर्गत क्वीलोन-एर्नाकुलम मीटरगेज लाइनो का निर्माण। इस रेल का उद्देश्य कोचीन बन्दरगाह को दक्षिण की मीटरगेज लाइन के साथ मिलाना भी है। (4) मध्य रेलवे मे कल्याण बिजलीघर का तीन करोड रुपये की लागत पर विस्तार।

मुकामाघाट के पास गगा नदी पर एक पुल बनाना बहुत जरूरी था। यह काम आरम्भ हो चुका है। यह पुल उत्तरी और दक्षिणी बिहार को मिलाता है, तथा उन मे आवागमन आसान कर देता है। इस मे 13 करोड रुपये खर्च होंगे। 1950 मे केन्द्रीय परिवहन बोर्ड ने यह निश्चय किया था कि जो बारह लाइने बन्द कर दी गई थी, उन्हे फिर से चालू किया जाये। उन मे से दो लाइने चालू कर दी गई, और नौ लाइनो का काम पूरा होने का है। यह तय हुआ है कि देश की सर्वांगीण प्रगति के लिये प्रतिवर्ष कम से कम 200 मील लम्बी लाइने बढाई जाये।

**रेल के किराये और भाड़े**

1948 मे रेल के किराये और भाडो की दरे ठीक की गई थी। वे क्रमश: 46 और 13 प्रतिशत बढ गई। यह देखा गया कि एक तो चीजो का मूल्य सामान्यत बहुत बढ चुका था, दूसरे रेल का खर्च विशेष कर मरम्मत सम्बन्धी खर्च बहुत अधिक था, इसलिये 1951 की पहली अप्रैल को किराया बढा दिया गया। सवारियो के किराये का ब्यौरा इस प्रकार है :—

| | प्रति मील |
|---|---|
| एयर कन्डीशन्ड दर्जा . . . . | 30 पाई |
| अव्वल दर्जा . . . . . | 27 पाई |

| | प्रति मील |
|---|---|
| दूसरा दर्जा | 16 पाई |
| ड्यौढा (मेल या एक्सप्रेस) दर्जा | 10½ पाई |
| ड्यौढा (मामूली) दर्जा | 9 पाई |
| तीसरा दर्जा (मेल या एक्सप्रेस) | 6 पाई |
| तीसरा दर्जा मामूली | 5 पाई |

भाडे की सुधारी गयी प्रणाली मे 15 दरे है। इसी प्रकार माल गाड़ियो के द्वारा माल ले जाने मे भी इतनी ही दरे हैं। दूरी बढने के साथ साथ भाडा घट जाता है। छोटे से छोटे रास्ते पर सस्ती से सस्ती दर पर अब माल ले जाया जाता है। निर्यात और आयात के माल भी देशीय माल के साथ एक श्रेणी मे गिने जाते हैं। पहले यह नियम था कि आयात वाले माल को कुछ प्रधानता दी जाती थी। वह अब समाप्त कर दी गई है।

पहले रेल की दरो के सम्बन्ध मे एक अनुविहित दर परामर्श समिति थी। अब उस की जगह पर 1949 मे अनुविहित दर ट्रिब्यूनल की स्थापना कर दी गई है। दरो के सम्बन्ध में जो भी झगडा उठ खडा होता है, उस के लिये यह ट्रिब्यूनल एक कानून ट्रिब्यूनल के रूप मे काम करती है।

स्वराज्य के पहले आम जनता की सुविधाओ पर बहुत कम ध्यान दिया जाता था, पर हमारे लोक कल्याणकारी राष्ट्र मे जनता के प्रति अब यह उदासीनता सम्भव नही है। इस कारण रेल विभाग मे तीसरे दर्जे के यात्रियो की सुविधा की ओर विशेष ध्यान दिया जाने लगा। 1949 मे इस उद्देश्य से जो वित्तीय सम्मेलन बुलाया गया था, उस मे इस उद्देश्य से आगामी पाच वर्षो के लिये प्रति वर्ष तीन करोड रुपये के हिसाब से खर्च करना निश्चित हुआ। जिन सुविधाओ के सम्बन्ध मे ध्यान दिया गया, उन में से कुछ ये है : नई माडल गाडिया या आदर्श गाडिया जारी की गई, डिब्बो मे रोशनी की व्यवस्था पहले से अच्छी की गई, नये स्टेशन खोले गये, प्रतीक्षालय तथा हालो की व्यवस्था की गई, टिकट बाटने के नये दफतर और आऊट एजेन्सीज जारी की गई, स्टेशनो पर बिजली की व्यवस्था की गई, प्लेटफार्मो की व्यवस्था की गई, खाना पीना पहुचाने की उन्नत व्यवस्था की गई, स्टेशनो तथा डिब्बो मे और अधिक सफाई की व्यवस्था की गई।

रेलो के सम्बन्ध मे एक शिकायत यह भी थी कि भीड बहुत होती है। तदनुसार 1952 की पहली अप्रैल से 1953 की पहली जुलाई के बीच 109 नई गाडिया जारी की गई और 108 गाडियो के मार्ग का विस्तार किया गया। इस प्रकार प्रतिदिन 9,850 मील सवारी गाडिया बढ़ गई। जनता एक्सप्रेसो का जारी करना एक बहुत बडा काम रहा, क्योकि इन गाडियो मे केवल तीसरे दर्जे के डिब्बे होते हैं। दिल्ली और पठानकोट, दिल्ली और हावडा, लखनऊ और कटिहार, मद्रास (सैंट्रल) और मगलोर, मद्रास (एग्मोर) और तिरुचिरापल्ली, बम्बई और पूना तथा बम्बई और मद्रास के बीच जनता एक्सप्रेस गाडियां जारी की गई।

यह अनुभव किया गया कि हमारी रेले उतनी कार्यकुशल नही है, जितनी होनी चाहियें। इसलिये कार्यकुशलता अधिक कायम रखने के लिये यह प्रस्ताव किया गया कि केन्द्र मे एक छोटा सा कार्यकुशलता ब्यूरो या दफतर हो। 1952 की जनवरी मे बड़ौदा मे रेल के अफसरो के लिये एक प्रशिक्षण कालेज खोला गया। इसके अलावा 1952-53 मे लखनऊ मे प्रधान

दफतर बना कर एक रेल-शोध और परीक्षण केन्द्र तथा चित्तरजन तथा लोनावला मे उपकेन्द्र खोले गये ।

इन बातो के साथ साथ यह भी अनुभव किया गया कि रेल मजदूरो की भलाई का अधिकाधिक ध्यान रखना जरूरी है । 1947 के अगस्त से इस सम्बन्ध मे बहुत काम किया गया है । रेल व्यवस्था विभाग तथा मजदूरो मे मोटे तौर पर सम्बन्ध अच्छे ही रहे । 1952 की जनवरी मे रेल के सम्बन्ध मे मजदूरी की सारी शिकायतो और झगडो को तय करने के लिये तीन सदस्य वाली एक स्थायी सस्था की व्यवस्था कर दी गई । यह द्रष्टव्य है कि 1952-53 मे रेल मजदूरो के कल्याण पर सात करोड रुपये खर्च किये गये ।

1905 मे रेल बोर्ड नाम से एक सस्था तैयार हुई थी, जिस पर यह जिम्मेदारी डाली गई थी कि वह रेलो का नियत्रण तथा प्रशासन करे । अब इस बोर्ड को 1951 के अप्रैल मे पुनःसगठित किया गया । अब बोर्ड मे एक वित्तीय आयुक्त और तीन सदस्य है । इन तीन सदस्यो मे से एक व्यक्ति बोर्ड का सभापति होता है, और वह केन्द्रीय रेल-मत्रालय का पदेन सचिव होता है । जनता और रेल प्रशासन के बीच घनिष्ट सम्बन्ध बनाये रखने के लिये अभी हाल ही मे निम्नलिखित समितिया बनाई गई--(1) रेल उपयोग करने वालो की क्षेत्रीय परामर्श-दात्री समिति, (2) रेल उपयोग करने वालो की उपक्षेत्रीय परामर्श-दात्री समिति, जो रेल के प्रत्येक उपक्षेत्र मे प्रधान स्थान पर होती है, (3) रेल उपयोग करने वालो की राष्ट्रीय परामर्श-दात्री परिषद् । यह केन्द्र मे होती है ।

**परिवहन सम्बन्धी केन्द्रीय बोर्ड**

1947 के नवम्बर मे परिवहन का केन्द्रीय बोर्ड स्थापित हुआ । इस का काम यह था कि यह परिवहन सम्बन्धी मुख्य समस्याओ, नई नीतियो पर विचार करे । इस का काम यह भी है कि परिवहन के सभी तरीको को अधिकाधिक सयुक्त करे और यह देखे कि देश के सामने इस समय खेती तथा उद्योग धधो की योजना मे सहायता पहुचाये । जैसा कि पहले बताया जा चुका है कि हमारी योजना तभी सफल हो सकती है जब परिवहन विभाग पूर्ण सहयोग करे ।

उक्त बोर्ड का सभापति परिवहन मत्री होता है । सचार--मत्री तथा व्यापार और उद्योग मंत्री इस के उपसभापति होते है और वित्त, प्रतिरक्षा, व्यापार, उद्योगधंधे, राज्य, रेल तथा परिवहन विभाग के उच्च कर्मचारी इस के सदस्य होते है ।

## सड़के

1919 के शासन सुधार के अनुसार सडके प्रान्तीय विषय के अन्तर्गत मानी गई । बाद को चल कर 1929 मे पेट्रोल टैक्स की आय से एक केन्द्रीय सडक कोष स्थापित किया गया । इस कोष से प्रान्तो को सडक निर्माण के लिये एकबारगी अनुदान दिया गया । 1947 मे केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय सडको के निर्माण और कायम रखने की जिम्मेदारी अपने ऊपर ले ली । बात यह है कि इस बीच मे हमारा जो सविधान बना, उस के अनसार राष्ट्रीय सड़के केन्द्रीय सरकार का विषय हो गई । बाकी सड़के यानी जिलो की सडके तथा गाव की सड़के राज्य सरकारो की जिम्मेदारी पर डाल दी गई ।

1948 की 31 मार्च को परिस्थिति यह थी कि देश की नगरपालिकाओं के बाहर 2,48,914 मील सडके थी, जिन मे से लगभग 90,000 मील सडके ऐसी थी जिन पर धरातल था, इस मे भी 13,400 मील सडके राजपथ के रूप मे थी ।

तालिका 118

**31 मार्च, 1948 को नगरपालिकाओं के अधिकार के बाहर की सड़कें**

(मीलो में)

| क्षेत्र | पक्की सडके | | | | कच्ची (जो तैयार नही है) सडके | कुल योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बिटुमिन्स | ककरीट | वाटर बाऊड मैकेडम | कुल सपाट सडके | | |
| भूतपूर्व देशी रियासतो के अतिरिक्त भारत . | 9,036 | 652 | 54,436 | 64,124 | 1,14,659 | 1,78,783(क) |
| भूतपूर्व देशी रियासते (31 मार्च 1944) . | 1,675 | 111 | 24,198 | 25,984 | 44,147 | 70,131 |
| योग . | 10,711 | 763 | 78,634 | 90,108 | 1,58,806 | 2,48,914 |

**विकास योजनाएं**

शहरों मे जो सडके है, वे तो है ही, उन के अलावा देश भर मे 1,18,000 मील ऐसी सडके थी जो सभी मौसमो मे जारी रहती थी । भारत की आवश्यकताओ को देखते हुए इतनी सडके काफी नही है। प्रति सौ वर्गमील मे केवल 9·7 मील सर्वऋतु सडके भारत मे है। यह तो स्पष्ट है कि इतनी कम सडकों से हमारी उन्नति नही हो सकती, इसलिये यह उचित है कि पचवर्षीय योजना मे इस के लिये सौ करोड रुपये की व्यवस्था है । इस रकम मे से सताइस करोड रुपये राष्ट्रीय सडको पर तथा बाकी राज्य की सडको पर खर्च की जायेगी । पचवर्षीय योजना में इस सबध मे जो लक्ष्य रक्खा गया है, उसके अनुसार 3,000 मील नई सडके बनेगी और सामूहिक प्रयासो से 16,000 ले कर 17,000 मील सडके बनेगी। गाव वालो को सडक निर्माण कार्य मे उत्साह दिलाने के लिये यह व्यवस्था की गई है कि केन्द्रीय तथा राज्य सरकारे सडक बनने के खर्च की दो तिहाई उठायेगी। 1951-53 मे केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय सडक के विकास पर 7·4 करोड़ रुपये व्यय किये है। 240 मील नई सडकें और 17 बडे पुल बनाये जा

(क) 53,296 मील पब्लिक वर्कस विभाग तथा सैनिक इजीनियरिग सर्विस द्वारा तथा 1,25,487 मील स्थानीय सस्थाओं द्वारा रक्षित ।

चुके। पहले से मौजूद 1,050 मील सड़क उन्नत की गई, और 150 मील नई सडक, 20 बड़े पुल और 1,500 मील मौजूदा सडको पर काम चल रहा है। केन्द्रीय सरकार ने राष्ट्रीय सडको के अलावा जिन चुनी हुई सडको के विकास का भार अपने ऊपर लिया है, उनमें त्रिपुरा और आसाम को मिलाने वाली सडक, पठानकोट--जम्मू सडक और सिक्किम की सडक पर 1951-52 तक 117 लाख रुपये खर्च किये जा चुके हैं। इस विभाग में 140 मील नई सड़के बनाई जा चुकी थी और 120 मील सडको तथा दो बड़े पुलो का काम जारी था। इसी ज़माने में 7,200 मील राज्य सडके, जिला सडके तथा गाव की सडके बनाई या सुधारी गई।

1951-53 मे "क" भाग के राज्यो ने 22·87 करोड रुपया खर्च किया जब कि योजना के सारेयोग मे कुल मिला कर 50·59 करोड रुपये खर्च करने है। "ख" भाग के राज्यो के लिये (जम्मू और काश्मीर के अतिरिक्त) ये ही आकडे क्रमश. 3.95 करोड रुपये और 15.83 करोड रुपये और "ग" भाग के राज्यो के लिये क्रमश. 1.19 करोड और 627 करोड रुपये थे।

## सड़क परिवहन

भारत के गावो को मिलाने के लिये अब भी बैलगाडिया कितनी महत्वपूर्ण है, यह इस बात से जाना जा सकता है कि महायद्ध के पहले 87 लाख बैलगाडिया थी और इन मे 261 करोड रुपये लगे हुए थे। लगभग एक करोड व्यक्ति और दो करोड जानवर बैलगाडी के धन्ध मे लगे हुए थे।

भारत मे 1950-51 की अन्तिम तिमाही मे जिन मोटर गाडियो से टैक्स लिया गया, उन की सख्या 3,10,145 थी। उन मे से 2,906 डीजल इजन से चलाई जाती थी।

| | |
|---|---|
| मोटर साइकिल . . . . | 27,105 |
| निजी मोटर गाडिया . . . | 1,47,953 |
| सार्वजनिक सेवा की गाडिया . . . | 45,753 |
| माल ढोने वाली मोटर गाडिया . . . | 85,509 |
| विविध . . . . . | 3,825 |
| योग . . | 3,10,145 |

हमारे सविधान मे मोटर गाडियो के टैक्स के सम्बन्ध मे केन्द्रीय सरकार को टैक्सो के सिद्धातो पर कानून बनाने का अधिकार है, जब कि टैक्स वसूल करने की शक्ति राज्य सरकार मे ही निहित है। 1950-51 मे मोटर गाडियो पर टैक्स के रूप मे 7·77 करोड रुपये तथा मोटर गाडियो की लाइसेन्स फीस के रूप मे 84 लाख 90 हजार रुपये प्राप्त किये गये।

भारत मे कुल 1,59,000 मोटर कारे और टैक्सिया, तथा 1,23,000 ट्रक और परिवहन की दूसरी मोटर गाडिया है। घिसाई पिटाई को देखते हुए मोटर गाडियों की वर्तमान सख्या कायम रखने तथा आर्थिक विकास की आवश्यकताओ की पूर्ति के लिये भी प्रति वर्ष लगभग बीस हजार मोटर कारे और बत्तीस हजार परिवहन की दूसरी गाडिया चाहियें।

ऐसा अनुमान किया जाता है कि मोटर यातायात संचालन करने वालों की सख्या 47,575 है जिन में 46,000 छोटे सचालक हैं और उन मे से प्रत्येक के पास पांच या उससे कम गाड़िया हैं। कार्यकुशलता बढ़ाने तथा खर्च घटाने के लिये इन सचालको को जहा भी सम्भव

हो बड़ी कम्पनियां बनाने का प्रोत्साहन दिया जा रहा है। 1950 की सड़क परिवहन कारपोरेशन विधि के अनुसार अनुविहित परिवहन कारपोरेशन, त्रिदलीय आधार पर यानी राज्य सरकार, रेल विभाग और निजी आपरेटरो को ले कर बनाया जा रहा है। भारत के 28 राज्यों में से 20 में राज्य सरकारो की परिवहन सेवाये चल रही है। सरकार और निजी कम्पनियो ने सडक परिवहन सेवाओ मे कुल 19 करोड 85 लाख रुपये की रकम लगा रक्खी है। पचवर्षीय योजना के अनुसार राज्य सरकारे और भी 8.97 करोड रुपये लगायेगी, ऐसी आशा है। परिवहन सम्बन्धी 2,000 गाडियो की खरीद के लिये यह रकम खर्च की जायेगी। इस के अलावा इस मे से राज्य सरकार की मोटर गाडियो को कायम रखने, उन की मरम्मत तथा नवकरण के लिये खर्च होगा। मोटर चलाने वालो के प्रशिक्षण के लिये भी सुविधाये दी जायेगी।

## आभ्यंतरिक जलमार्ग

नया सविधान लागू होने के पहले आभ्यन्तरिक जलमार्ग राज्यो की जिम्मेदारी समझी जाती थी, पर हमारे सविधान मे आभ्यन्तरिक जलमार्ग जहा तक यत्र—चालित यानो का सम्बन्ध है, समाधिकार सूची मे रख दिया गया है। 1947 मे आभ्यन्तरिक वाष्पजलयान विधि मे कुछ त्रटिया थी, इसलिये 1951 मे उस मे इस प्रकार से सुधार किया गया जिस से आभ्यन्तरिक वाष्पजलयानो को अनिवार्य रूप से पजीकरण करना पडा।

ऐसा समझा जाता है कि भारत मे जल मार्ग के लिये बहुत बडी गुजाइश है। इस समय कुल नाव्य जलमार्ग 5,500 मील है। देश के विभाजन के परिणामस्वरुप उत्तर—पूर्व की नदिया भारत और पाकिस्तान के विभक्त नियत्रण मे आ गई है। फिर भी उत्तर मे गगा और ब्रह्मपुत्र तथा उस की सहायक नदिया जलमार्ग के रूप मे बहुत महत्वपूर्ण है। इसलिये 1952 मे गगा और ब्रह्मपुत्र जल-यातायात बोर्ड के नाम से एक सस्था की स्थापना की गई।

## जहाजरानी

1952 के अन्त मे हमारी जहाजरानी सम्बन्धी परिस्थिति यह थी कि 150 जी० आर० टी० के ऊपर वाले भारतीय जहाजो का कुल टनेज 4,52,274 जी० आर० टी० था, पर इतना टनेज बहुत कम था और हमारे व्यापार का एक बहुत बडा हिस्सा यूरोप के जहाजो के सहारे चलता था। इसलिये 1947 की जहाजरानी नीति समिति ने बीस लाख टन का लक्ष्य रक्खा जिस से कि एक तो तमाम भारत के तट का सारा व्यापार अपने जहाजो के द्वारा हो, दूसरे बर्मा, लका और दूसरे पडोसी देशों के साथ भारत के व्यापार का 75 प्रतिशत भारत के हाथ मे आवे; तीसरे समुद्र पार भारत के वाणिज्य का 50 प्रतिशत हमारे जहाजों के ज़रिये हो तथा चौथे पूर्वी देशो मे होने वाला व्यापार जो पहले जापानी, जर्मन और इटैलियन जहाजो के द्वारा हुआ करता था उस का 30 प्रतिशत हमारे जहाजों के द्वारा हो। 1952 के अन्त तक यह परिस्थिति थी कि भारत के तटीय जहाजरानी का आंकडा 2,54,000 टन तक पहुच गया था और तट के व्यापार का 96 प्रतिशत भारतीय जहाजो के द्वारा होता था। सच तो यह है कि अब तट का सारा का सारा व्यापार भारतीय जहाजो के द्वारा होता है। 1951-52 मे भारतीय कम्पनियों को तटवर्ती व्यापार से कुल मिला कर भाड़ मे दस करोड रुपया मिला।

यह बडे सौभाग्य की बात है कि भारतीय जहाजरानी कम्पनियो के माल वाले जहाज नियमित रूप से इग्लैंड, यूरोप, अमेरिका और आस्ट्रेलिया जाते हैं। इस मद मे भारतीय जहाजो को 1951-52 मे कुल नौ करोड रुपये मिले। 1952 के अन्त मे समुद्रपार वाणिज्य में लगे हुए भारतीय जहाजो का कुल टनेज 1,73,000 जी० आर० टी० था।

1947 की जहाजरानी नियन्त्रण विधि के अनुसार अब तट के व्यापार मे नियुक्त सब जहाजों को लाइसेन्स प्राप्त करना पडता है। सरकार ने 1950 मे ईस्टर्न शिपिग कारपोरेशन लि० नाम से एक कम्पनी का सूत्रपात किया। यह कम्पनी आस्ट्रेलिया, सुदूरपूर्व तथा निकटपूर्व के साथ भारत के व्यापार मे लगी हुई है। इस कम्पनी की अधिकृत पूजी दस करोड रुपये है। अब कारपोरेशन भारत-आस्ट्रेलिया, मद्रास-मलाया के मार्गों के यातायात को चलाता है।

जहाजरानी के क्षेत्र मे हमारा देश पिछडा हुआ था, इस बात को देख कर पचवर्षीय योजना मे यह व्यवस्था की गई है कि 14 करोड 94 लाख रुपये जहाजरानी कम्पनियो को रियायती सूद पर दिये जाये जिस से कि वह अतिरिक्त टनेज प्राप्त करे। इस ऋण का ब्यौरा नीचे तालिका 119 मे दिया जा रहा है :

तालिका 119

| जहाजरानी का क्षेत्र | ऋण दिया गया धन (करोड रुपयो मे) | टन-सामर्थ्य जिस का अर्जन करना होगा (जी० आर० टी०) |
|---|---|---|
| तटीय व्यापार . | 4·0 | 65,000 |
| समुद्रपार का व्यापार . . | 6·5 | 70,000 |
| ईस्टर्न शिपिंग कारपोरेशन . . | 4·44(क) | 40,000 |

पचवर्षीय योजना के अनुसार 1955-56 तक हमारे देश के जहाजो का कुल टनेज 3,62,150 से बढ कर छ. लाख जी० आर० टी० तक पहुच जायेगा। जहाजो के मूल्य मे तथा भाडे की दरो मे बराबर अत्यधिक उतार चढाव होने के कारण जहाजरानी कम्पनिया 1951-53 मे समुद्रपार वाणिज्य के लिये अतिरिक्त जहाज प्राप्त न कर सकी।

इन बातो को देखते हुए यह जरूरी था कि हमारे देश मे जहाज भी बने। इसी के अनुसार पंचवर्षीय योजना में विशाखापत्तनम के जहाज वाले कारखाने को लेने तथा उस के विकास के लिये बारह करोड़ रुपये निर्धारित किये गये हैं। ये कारखाने सिन्धिया कम्पनी से खरीद कर हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड को सौंप दिये गये हैं, पर नियन्त्रण सरकार ने अपने हाथ मे रक्खा हैं। 1951-53 में 1,07,000 कुल टनेज के 31 जहाज भारतीय जहाज कम्पनियो को प्राप्त हुए थे, इन में से छ: विशाखापत्तनम के जहाज वाले कारखाने मे बने थे।

(क) कारपोरेशन को आवश्यक टन-सामर्थ्य अर्जन करने योग्य बनाने के लिये यह धन सरकार द्वारा लगाया जायेगा।

यद्यपि हमारे यहां जहाजरानी इतनी तरक्की पर है, तो भी यह आवश्यक है कि जहाजरानी विद्या के प्रशिक्षण के लिये कुछ व्यवस्था हो, तदनुसार प्रशिक्षण-जहाज डफरिन मे तथा डायरेक्टरेट आफ मेरीन इजीनियरिग ट्रेनिग मे व्यापारी जहाज के लिये क्रमश. प्रबन्धाधिकारी तथा सामुद्रिक इजीनियरिग का प्रशिक्षण होता है। बम्बई मे नाटिकल तथा इजीनियरिग कालेज मे इस सम्बन्ध मे और उच्च शिक्षा दी जा रही है। कलकत्ता तथा विशाखापत्तनम मे दो प्रशिक्षण जहाजो मे प्रतिवर्ष 1,000 नाविको को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस सख्या को 2,000 तक बढाने के लिये तट पर प्रशिक्षण की और भी व्यवस्था की जायेगी। मुख्य मुख्य बन्दरगाहो पर नाविको की डाक्टरी परीक्षा करने के लिये सुविधाये मौजूद है। 1944 से केन्द्रीय सरकार ने भारतीय बन्दरगाहो मे नाविको के क्लबो तथा होस्टलो के निर्माण के लिये बराबर बहुत काफी धन दिया है। मख्य भारतीय बन्दरगाहो तथा कुछ विदेशी बन्दरगाहो मे भी कल्याण सेवा करने वाले दफतर मौजूद है।

## बन्दरगाह

भारत की तट रेखा 3,500 मील लम्बी है। इस मे पांच मुख्य बन्दरगाह है यानी कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, कोचीन, विशाखापत्तनम्। बम्बई, कलकत्ता, मद्रास का प्रशासन परिवहन मंत्रालय के द्वारा होता है। यह प्रशासन 1908 की भारतीय बन्दरगाह विधि के अनुसार पोर्ट ट्रस्टों के द्वारा किया जाता है। विशाखापत्तनम पर रेल बोर्ड का प्रशासन है, और कोचीन पर परिवहन मत्रालय द्वारा नियुक्त एक अधिकारी प्रशासन करता है। मुख्य बन्दरगाहो के सम्बन्ध में लेखा इस प्रकार है :

तालिका 120

| बन्दरगाह | उन जहाजो की सख्या जिन्होने प्रवेश किया | आयात (लाख टनो में) | निर्यात (लाख टनो मे) | बचत (+) घाटा (—) (लाख रु० मे) |
|---|---|---|---|---|
| कलकत्ता . . | 1,460 | 40·93 | 54·90 | —0·28 |
| बम्बई . . . | 2,767 | 58·06 | 16·73 | +186·30 |
| मद्रास . . . | 1,091 | 18·55 | 3·00 | +48·89 |
| कोचीन . . . | 1,158 | 10·98 | 2·49 | +4·62 |

पाकिस्तान के बनने से हमारा एक मुख्य बन्दरगाह कराची भारत से निकल गया। इसलिये भारत सरकार ने 12 करोड 95 लाख रुपये की लागत पर कच्छ मे काण्डला नामक स्थान को एक मुख्य बन्दरगाह के रूप मे विकसित करने का निर्णय किया। 1956 के प्रारम्भ तक इस बन्दरगाह का निर्माण पूरा हो जायेगा। कच्छ मे पांच छोटे बन्दरगाहों के विकास के सम्बन्ध में भी काम जारी है। हमारे यहा जो मुख्य बन्दरगाह है, उन मे भी कई त्रुटियां हैं। इसलिये उन के आधुनिकीकरण तथा विस्तार के लिये 29 करोड़ 27 लाख रुपये के खर्च की व्यवस्था रखी गई है। बन्दरगाहो के सम्बन्ध मे हमारी एक समस्या यह भी रही है कि किसी बन्दरगाह में कुछ नियम हैं तो किसी में कुछ। इसलिये प्रशासन की एकरूपता कायम करने के लिये तथा अधिकतर केन्द्रीय नियंत्रण की व्यवस्था करने के लिये तथा कलकत्ता, बम्बई और मद्रास के मुख्य बन्दर-

गाहो के अधिकारो को विकेन्द्रित करने के लिये 1951 मे पोर्ट ट्रस्ट्स एण्ड पोर्ट्स सशोधन विधि पारित की गई। 1950 मे एक राष्ट्रीय बन्दरगाह बोर्ड बनाया गया, जो भारत सरकार के सामुद्रिक राज्यो तथा मुख्य बन्दरगाह अधिकारियो के प्रतिनिधियो को ले कर सगठित किया गया। यह बोर्ड बन्दरगाहो के विकास विशेषकर छोटे बन्दरगाहो के सम्बन्ध मे केन्द्रीय सरकार को सलाह देता रहता है।

## नागरिक उड्डयन

1952 मे भारत मे नौ ऐसी कम्पनिया थी जिन के हवाई जहाज नियमपूर्वक देश के अन्दर तथा बाहर उडते थे। 1947 से यह परिस्थिति किस प्रकार रही है यह नीचे देखा जा सकता है—

तालिका 121

| वर्ष | उडान के घटे (हजारो मे) | कितने मील उडान की गई (हजार मीलो मे) | यात्रियो की सख्या (हजारो मे) | ढोया हुआ माल (हजार पौडो म) | ढोयी गई डाक (हजार पौडो मे) | टन-मील क्षमता (दस लाख मीलो मे) | प्रति टन भार आय (दस लाख मीलो मे) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1947 . | 59 | 9,362 | 255 | 5,648 | 1,405 | 18·60 | 14·36 |
| 1948 . | 79 | 12,649 | 341 | 11,975 | 1,583 | 26·32 | 19·30 |
| 1949 . | 94 | 15,098 | 357 | 22,500 | 5,032 | 36·54 | 23·25 |
| 1950 . | 117 | 18,896 | 453 | 80,007 | 8,356 | 52·25 | 34·41 |
| 1951 | 119 | 19,498 | 449 | 87,665 | 7,182 | 57·40 | 39·02 |
| 1952 (क) . | 117 | 19,078 | 430 | 75,096 | 8,244 | 55·04 | 35·62 |

सोलह ऐसी कम्पनिया थी जिन के हवाई जहाज अनुसूचित ढग से नही उडते थे। इन में नौ कम्पनिया अनुसूचित हवाई लाइन चलाती थी। 1952 मे अनुसूचित सेवाओ ने लगभग 37 हजार घटे और 58,96,000 मील उडान की। इन के द्वारा लगभग 83,790 सवारिया ले जाई गई और ये 1,377 लाख पौड माल भी ले गये। तीन भारतीय कम्पनिया ऐसी थी जिन की अन्तर्राष्ट्रीय परिवहन सेवाये थी और उन के जहाज इग्लैड, पूर्वी अफ्रीका, सिगापुर और अफगानिस्तान जाते थे। भारत के मुख्य शहरो के बीच जो रात्रि एयरमेल सेवाये जारी थीं, उन के द्वारा 1952 मे लगभग 26,783 सवारिया यानी प्रतिदिन औसतन 73 सवारिया, 28·8 लाख पौंड डाक और 10.7 लाख पौड माल ले जाया जाता रहा। जून 1951 के अन्त मे भारत मे 738 पंजीकृत हवाई जहाज थे और 200 हवाई जहाजो को वायुमार्ग के यातायात के सम्बन्ध मे प्रमाणपत्र मिले हुए थे। 1952-53 के अन्त मे हमारे यहां का नागरिक उड्डयन

(क) प्रारम्भ के आठ मासों के आंकड़ों के आधार पर अनुमानित

विभाग 77 एयरोड्रमो को कायम रखता तथा चलाता रहा। 1952-53 मे इस सम्बन्ध मे कुछ प्रगति हुई। तीन नये एयरोड्रम बने जिन मे से एक मगलौर में बना और दो नये संचार केन्द्र खोले गयें । भारतीय वायुयान कम्पनिया नियमित रूप से देश के बाहर काहिरा, रोम, पेरिस, जेनिवा, लन्दन, अदन, नैरोबी, बैंकोक, सिगापुर, लका, बर्मा, नेपाल, पाकिस्तान और अफगानिस्तान मे हवाई लाइने चलाती रही। इन्हीं दिनों थाईलैंड, ईरान. और मिस्र के साथ वायुयान द्वारा परिवहन के सम्बन्ध मे द्विदलीय समझौते हुए ।

पहली अगस्त 1953 को भारत में एक बहुत क्रान्तिकारी कदम उठाया गया। उस दिन भारत मे वायुयान परिवहन का राष्ट्रीयकरण हो गया, और देश के भीतर की तथा बाहर की वायुयान परिवहन सेवाओ को चलाने के लिये दो अनुविहित कारपोरेशन यानी ंडियन एयरलाइन्स कारपोरेशन और एयर इडिया इंटरनेशनल की स्थापना हुई। इस राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया को आग वढाने तथा कार्यान्वित करने के लिये साढ़े 9 करोड़ रुपये पचवर्षीय योजना मे निर्दिष्ट है ।

भारत अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सगठन का एक सदस्य है। वायुमार्ग परिवहन मे इस देश मे अब लोगों को जो सुविधायें दी जा रही हैं, वे अन्तर्राष्ट्रीय मानदण्ड के अनुसार हैं। 1952-53 के अन्त मे नागरिक उड्डयन विभाग के द्वारा परिचालित वैमानिक सचार केन्द्रो की कुल सख्या अट्ठावन थी ।

1948 मे इलाहाबाद मे एक नागरिक उड्डयन प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया। इस मे वायुयान चालको, इजीनियरिग, एयरोड्रम नियत्रण कर्मचारियो, रेडियो आपरेटरो तथा प्रौद्योगिक लोगो को प्रशिक्षित किया जाता है। भारत मे 1952-53 की जून मे दस सहायता-प्राप्त उड्डयन क्लब तथा दो ग्लाइडिग क्लब ऐसी थी, जहा विभिन्न प्रकार के लाइसेन्स तथा प्रमाणपत्र के लिये 198 पाइलट प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं। शोध तथा विकास के क्षेत्र मे महत्व-पूर्ण कार्य प्रोटोटाइप एच० टी०-2 ट्रेनर एयरक्रैफट का टाइप सर्टिफिकेशन किया जा रहा है। इसे हिन्दुस्तान एयरक्रैफट लि० ने बनाया था। प्रौद्योगिक केन्द्र मे एक मझोला किस्म का ग्लाइडर भी बना। कर्मचारियो को प्रशिक्षण के लिये बाहर भेजा गया और विदेशी विशेषज्ञो की सेवायें अन्तर्राष्ट्रीय नागरिक उड्डयन सगठन के जरिये से प्राप्त की गईं।

पचवर्षीय योजना मे नागरिक उड्डयन के विकास पर 22.8 करोड रुपये खर्च की व्यवस्था है। इस मे से 2.56 करोड़ रुपये 1951-53 मे खर्च हुए।

## यात्री व्यवसाय

यूरोप मे तथा अन्य महादेशो मे यात्री व्यवसाय पर बड़ा ध्यान दिया जा रहा है। अब तक इस पर सरकार का ध्यान नही था पर स्वतत्र भारत इस ओर से विमुख नही रह सकता था। इसलिये 1948 से सरकार देश मे यात्री व्यवसाय को प्रोत्साहन दे रही है। बात यह है कि एक तो इस से अन्तर्राष्ट्रीय सद्भावना बढती है, और दूसरे यह विदेशी विनिमय उपार्जन का एक अच्छा साधन है। 1949 मे परिवहन मत्रालय के अधीन एक यात्री व्यवसाय शाखा खोली गई और तब से महत्वपूर्ण नगरो मे जैसे दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई और मद्रास मे क्षेत्रीय यात्री सुबिधा कार्यालय खोले गये हैं। कुछ और स्थानो मे ये दफ्तर छोटे रूप मे मौजूद हैं। यह दफतर राज्य-

सरकारों के यात्रा एजेन्टो तथा होटल के प्रशासन के साथ घनिष्ट सहयोग मे काम करती है। न्यूयार्क मे भी एक यात्री कार्यालय खोला गया है। इन कार्यालयो का काम यह है कि वे विदेशी यात्रियों के लिये युक्तिसंगत सुविधाओ की व्यवस्था करे और यात्रियो को आकृष्ट करने के लिये विदेशों मे प्रचार कार्य करे। 1952 के प्रथम 10 महीनो मे क्षेत्रीय यात्री कार्यालय ने कुल मिला कर 7,328 पूछताछ का उत्तर दिया। इस दृष्टि से गाइड पुस्तके, पुस्तिकाए, पोस्टर तथा फोल्डर निकाले जाते हैं। विदेशो मे वितरण तथा प्रदर्शन के लिये यात्री फिल्मे भी बनाई जा रही हैं। कहना न होगा कि इन कार्यों का परिणाम अच्छा हुआ है। 1951 मे लगभग 20 हजार और 1952 मे 25,448 यात्री भारत आये।

भारत सरकारी यात्रा सगठनो के अन्तर्राष्ट्रीय सघ का सदस्य हो गया है। इस सगठन की ओर से एशिया और दूरपूर्व के लिये भी क्षेत्रीय यात्री आयोग की स्थापना हुई है, और ऐसा करने से यूरोप और अफ़्रीका मे चालू प्रकार के आयोगो का अनकरण किया गया है।

# सत्रहवां अध्याय

# डाक और तार

रेल विभाग के बाद ही भारत सरकार के कार्यों मे डाक और तार विभाग सब से महत्वपूर्ण है। यह विभाग सचार मत्रालय के अधीन है और इस पर एक डायरेक्टर जनरल का नियत्रण होता है। डायरेक्टर जनरल की सहायता के लिये एक डाक और तार बोर्ड है, जिस के वे सभापति होते हैं। इस बोर्ड के सदस्य मुख्य इजीनियर, वरिष्ठ डिप्टी डायरेक्टर जनरल और सयुक्त सचिव वित्त मत्रालय (सचार डिवीजन) होते है। मुख्य इजीनियर डाक तार के सम्बन्ध मे प्रौद्योगिक परामर्श देता है, और वरिष्ट डिप्टी डायरेक्टर जनरल डाक तथा आर० एम० एस० के सबध मे परामर्श देता है।

इस विभाग का महत्व इसी से समझा जा सकता है कि यही विभाग डाक तार, टेलीफोन और बेतार के लिये जिम्मेदार है। इसके अतिरिक्त डाकखानों का बचत बैंक, राष्ट्रीय बचत सर्टिफिकेट, डाक विभागीय जीवन बीमा और रेडियो सैटो के लिये लाइसेन्स की फीस के सग्रह का काम भी यही विभाग करता है।

प्रशासन की दृष्टि से सारे देश को तेरह भागो मे बाटा गया है जिन मे से ग्यारह डाकतार की इकाइया है, एक डाक वाला वृत्त है जो दिल्ली मे स्थित है। तेरहवी इकाई हैदराबाद वाला डाक-उपवृत्त है। कलकत्ता, बम्बई, मद्रास, दिल्ली मे चार टेलीफोन के जिले कायम किये गये है।

नालिका 122

**प्रदेशीय इकाइयां**

| जिला अथवा सर्किल अधिकारी का पद-नाम | अधिकार-क्षेत्र |
|---|---|
| 1. पोस्ट मास्टर-जनरल, पश्चिमी बगाल | पश्चिमी बगाल, अडमान और निकोबार द्वीप-समूह, सिक्किम, और मध्य तिब्बत स्थित तीन डाकखाने। |
| 2 पोस्टमास्टर-जनरल, बिहार | बिहार |
| 3 पोस्टमास्टर-जनरल, उत्तर प्रदेश सर्किल | उत्तर प्रदेश |
| 4. पोस्टमास्टर-जनरल, पजाब सर्किल | पजाब, हिमाचल प्रदेश, पेप्सू, बिलासपुर, जम्मू और काश्मीर, दिल्ली (केवल तार-विभाग)। |
| 5 पोस्टमास्टर-जनरल, बम्बई सर्किल | बम्बई, सौराष्ट्र और कच्छ। |
| 6. पोस्टमास्टर-जनरल, मद्रास सर्किल | मद्रास, मैसूर, तिरुवाकुर-कोचीन, कुर्ग हैदराबाद (यह एक डायरेक्टर के आधीन उप-सर्किल है)। |
| 7. पोस्ट मास्टर जनरल, सैट्रल सर्किल | मध्य-प्रदेश, विन्ध्य प्रदेश। |
| 8 डाक व तार विभाग के डायरेक्टर, राजस्थान सर्किल | राजस्थान, मध्य-भारत, भोपाल, और अजमेर |

| जिला अथवा सर्किल अधिकारी का पद -नाम | अधिकार क्षेत्र |
|---|---|
| 9. डाक व तार विभाग के डायरेक्टर, आंध्र सर्किल | आंध्र |
| 10 डाक व तार विभाग के डायरेक्टर, उडीसा | उडीसा |
| 11. डाक व तार विभाग के डायरेक्टर, आसाम | आसाम, मणिपुर और त्रिपुरा |
| 12 डायरेक्टर आफ पोस्टल सर्विसेज, दिल्ली | दिल्ली (केवल डाक) |
| 13 डायरेक्टर आफ पोस्टल सर्विसेज, हैदराबाद | हैदराबाद राज्य (उप-सर्किल) |
| 14 जनरल मैनेजर, कलकत्ता टेलीफोन जिला | कलकत्ता नगर |
| 15 जनरल मैनेजर, बम्बई टेलीफोन जिला | बम्बई नगर |
| 16 जिला मैनेजर, दिल्ली टेलीफोन जिला | दिल्ली व नई दिल्ली के क्षेत्र |
| 17 जिला मैनेजर, मद्रास टेलीफोन जिला | मद्रास नगर |
| कार्यकारी इकाइया | |
| एडीशनल चीफ इंजीनियर, पोस्ट एव टेलिग्राफ, जबलपुर | टेली-सचार (डिजाइन और अनुसन्धान) विकास-कार्य के अधिष्ठाता |
| जनरल मैनेजर, वर्कशाप्स | जबलपुर और बम्बई स्थित पोस्ट एव टेलिग्राफ वर्कशाप्स के अधिष्ठाता |
| चीफ कंट्रोलर आफ टेलिग्राफ स्टोर्स | टेलिग्राफ व टेलीफोन स्टोर्स के अधिष्ठाता |

इस विभाग मे 1952 की 31 मार्च को कुल मिला कर 2,19,710 व्यक्ति काम करते थे, जिन मे से 1,70,184 स्थायी थे, और 49,526 अस्थायी। इस मे 991 अधिकारी है, और 52,896 एक्स्ट्रा डिपार्टमेंटल एजेन्ट है।

डाक और तार विभाग व्यवसायी ढग पर काम करता है। पर रेल विभाग का वित्त जिस प्रकार से सामान्य वित्त से अलग है, इस का वित्त उस प्रकार से अलग नही रखा गया है। चालू खर्च और लगाई हुई पूजी पर सूद स्थूल आमदनी से घटा दिया जाता है, और जो रकम बचती है, वह सामान्य राजस्व विभाग मे दी जाती है। इस प्रकार जो फालतू धन बच रहता है, उस मे से राजस्व विभाग मे एक रकम दे दी जाती है, और बाकी विभाग के नाम पर रोकड के रूप मे दिखलाया जाता है। उस प्रकार जो फालतू धन राशि जमा होती है, उस पर विभाग को कुछ छूट मिलती है।

1953-54 के बजट सम्बन्धी अनुमानो मे इस विभाग की स्थूल आमदनी 42 करोड 22 लाख रुपये तथा चालू खर्च और सूद 41 करोड 82 लाख रुपये कूता गया था। इस प्रकार से 40 लाख रुपये की बचत थी, जबकि 1952-53 के बजट सम्बन्धी अनुमानो मे यह रकम 1 करोड 16 लाख रुपये थी। इस प्रकार बचत घटने का कारण अतिरिक्त कर्मचारियो की नियुक्ति बतलाई जाती है। एकत्रित फालतू धन तथा लगाई हुई कुल पूजी क्रमश 14 करोड 37 लाख रुपये और 57 करोड रुपये है।

भारतीय डाक पद्धति 1,60,000 मील तक फैली हुई है। इस मे से यह 24 प्रतिशत डाक रेल द्वारा, 17 प्रतिशत मोटर गाडियो के द्वारा और 5 प्रतिशत परिवहन के दूसरे साधनो के

द्वारा जैसे स्टीमरो, डाक ले जाने वाली बैलगाडियो, घोडो, खच्चरों और ऊटो के द्वारा ले जाई जाती है। बाकी यानी कुल का 54 प्रतिशत हरकारो तथा छोटी नावो के द्वारा ले जाई जाती है।

**रात के चलते फिरते डाकघर**

रात के चलते फिरते डाकघरो का कार्यक्रम प्रयोगात्मक ढग से पहले पहल नागपुर में चालू किया गया। बाद को यह योजना मद्रास, दिल्ली, और कानपुर मे लागू कर दी गई। शहर के मामूली डाकघरो के बन्द हो जाने के बाद चलते फिरते डाकघर शहर के महत्वपूर्ण केन्द्रो मे निर्दिष्ट समय पर पहुचते है। यह डाकघर सभी दिनो यानी रविवारो तथा डाकघरो की अन्य छुट्टी के दिन भी चालू रहते है। चलते फिरते डाकघरो मे मनीआर्डर नही लिये जाते और न सेविंगस बैंक का ही काम किया जाता है।

**हवाई डाक और सर्व-हवाई डाक की योजनाएं**

1948 मे भारत के मुख्य नगरो यानी बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली और नागपुर को जोडती हुई एक आभ्यन्तरिक रात्रि हवाई डाक सेवा का प्रवर्तन किया गया। 1949 से हवाई डाक योजना के अनुसार सारे पत्र, पोस्टकार्ड इत्यादि मामूली तौर पर हवाई डाक से भेजे जाते हैं, और इस के लिये कोई अतिरिक्त महसूल नही देना पडता। 1951 की पहली मई से यह योजना आभ्यन्तरिक मनीआर्डर पर भी लागू कर दी गई। इसके अलावा सारी आभ्यन्तरिक इश्योरेस शुदा डाक भी जहा तक सम्भव और सुविधाजनक है हवाई जहाज से भेजी जानी है। विदेशो मे जाने वाला या विदेशो से आने वाला सामान देश के अन्दर हवाई डाक से नही भेजा जाता। 1951-52 तक यह परिस्थिति पहुच गई थी कि 55 लाख पौड डाक यानी सारी डाक का 27 प्रतिशत आभ्यन्तरिक हवाई डाक मार्ग से ले जाया गया। त्रिपुरा राज्य मे अगरतला को जाने या वहा से आने वाली सब तरह की डाक जिस मे पैकेट और पारसल भी है, बिना किसी अतिरिक्त महसूल के हवाई मार्ग मे ले जायी जाती है। 1951 मे एक पद्धति यह जारी की गई थी कि जम्मू और काश्मीर तथा भारत के बीच मे जो पारसल और पजीकृत समाचारपत्र रियायती हवाई महसूल पर हवाईडाक से भेजे जाते थे, उनका भेजा जाना अब भी जारी रक्खा जा रहा है। भारत से आस्ट्रेलिया, मिस्र, फ्रास, स्विट्जरलैंड, इग्लैड और अमेरिका के लिये एक हवाई पारसल सेवा 1953 की 2 जनवरी को जारी की गई। उसी तारीख से लंका के लिये हवाई डाक के पत्र सामान्य पजीकरण फीस के देने पर पजीकृत किये जा सकते है।

नीचे की तालिका मे डाक तार विभाग द्वारा किये हुए काम का लेखा प्रस्तुत किया जाता है

तालिका 123

(सख्याए दस लाखो मे)

| | 1938-39 | 1951-52 (वास्तविक) | 1952-53 (वास्तविक) |
|---|---|---|---|
| I डाक जो लाई तथा ले जाई गई (इस मे सरकारी और रजिस्टर्ड-डाक भी शामिल है) | 1,241 (क) | 2,365·8 | 2,703 |

(क) दो सप्ताहो के औसत पर आधारित।

| | 1938-39 | 1951-52 (वास्तविक) | 1952-53 (वास्तविक) |
|---|---|---|---|
| 2. रजिस्टर्ड सामान जो लाया ले जाया गया (इस में वी० पी० और बीमा किया सामान भी शामिल है) | 42 | 85·4 | 91·3 |
| 3. मनीआर्डर जो पहुंचाये गये (अन्तर्देशीय और विदेशी दोनों) | 43 | 56·3 | 57·1 |
| 4. पहुंचाये गये मनीआर्डरों का मूल्य (अंतर्देशीय और विदेशी दोनों) | 820 | 2,150 | 1,980·7 |
| 5. सेविंग्स बैंक का लेन-देन . . | 12.48 | 12·99 | 14·4(ख) |
| 6. नेशनल सेविंग्स सार्टिफिकेट (लेन-देन आदि) | 1.21 | 1·7 | 1·3 (ख) |
| 7. तार . . . . | 16.37 | 29·2(घ) | 29·7(ग) |
| 8. टेलीफोन सम्बन्ध (संख्या) . | 83,378 | 1,84,506 | 2,00,800(ङ) |
| 9. ट्रंककाल . . . | 2.25 | 8·9 | 10·8 |
| 10. कितने मील तार कायम रखे गये | 5,13,924 | 7,21,243(च) | 7,77,566(ङ) |

डाक और तार की वृद्धि डाकखानो तथा उन मे नियुक्त कर्मचारियो की सख्या बढ़ जाने के कारण ढग से देखरेख करने का प्रश्न भी सामने आया। इस कारण डाकघरो की देखरेख तथा नियत्रण तथा देहाती इलाको मे डाक पहुचाने पर क्या व्यवस्था हो सकती है, इस सम्बन्ध में परामर्श देने के लिये पोस्टमास्टर जनरल की मर्यादा का एक उच्च कर्मचारी नियुक्त किया गया। उन स्थानो पर बीस अतिरिक्त डाक डिवीज़न बनाये गये जहा उन की बहुत ही आवश्यकता थी ।

## तालिका 124

### अतिरिक्त डाकखाने

| सर्किल | 1-4-1952 से 31-12-1952 तक | | 1-1-1953 से 31-8-1953 तक | |
|---|---|---|---|---|
| | ग्रामीण | शहरी | ग्रामीण | शहरी |
| आसाम . . | 34 | 1 | 120 | 6 |
| बिहार . . . | 55 | 3 | 566 | 4 |
| बम्बई . . . | 11 | – | 82 | 1 |
| सेंट्रल . . . | 18 | 4 | 120 | 7 |
| दिल्ली . . . | 4 | 5 | 15 | 6 |
| हैदराबाद . . | 2 | 1 | 15 | 4 |
| मद्रास . . . | 44 | 39 | 150 | 61 |
| उड़ीसा. . . | 11 | 1 | 18 | 1 |
| पंजाब . . . | 37 | 14 | 52 | 21 |
| उत्तर-प्रदेश . . | 22 | 4 | 158 | 4 |
| पश्चिमी-बंगाल . . | 24 | – | 119 | 4 |
| योग . . | 262 | 72 | 1,405 | 127 |

(ख) लगभग। (ग) अनुमानित। (घ) जैसे कि 31 मार्च 1952 को थी।
(ङ) जैसे कि 31 मार्च, 1952 को थी। (च) जैसे कि 31 मार्च, 1951 को थी।

नीचे की तालिका में स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद इस विभाग का कितना विस्तार हुआ यह दिखलाया गया है :

तालिका 125

| कार्यालय | 31-3-1948 की स्थिति के अनुसार | 31-8-1953 की स्थिति के अनुसार |
|---|---|---|
| ग्रामीण डाकखाने . . . . | 19,181 | 38,168 |
| शहरी डाकखाने . . . | 4,160 | 5,782 |
| तार-घर . . . . . | 7,330 | 8,360 (क) |
| टेलीफोन एक्सचेंज (इन मे पी० बी० एक्सचेज भी शामिल हैं) | 2,487 | 4,277 (क) |
| सार्वजनिक टेलीफोन-स्थान . . . | 479 | 1,839 (ख) |
| टेलिफोन सम्बन्ध . . . . | 1,14,922 | 1,99,934 (क) |

## तार और टेलीफोन

### टेलीफोन

जब से भारत स्वतत्र हुआ है, तब से यहा टेलीफोनों की संख्या भी बढ़ी है। तब से 85 हजार टेलीफोन और बढे है। सारे देश मे 600 से ऊपर टेलीफोन एक्सचेज है, और दो लाख टेलीफोन है। इस के अतिरिक्त बहुत बड़ी संख्या में सार्वजनिक टेलीफोनगृह खोले गये है। बरावर लोग टेलीफोन की माग करते है और यह अनुमान किया जाता है कि 1953-54 के अन्त मे भी टेलीफोन मागने के सम्बन्ध मे 1 लाख 20 हजार आवेदनपत्र विचारार्थ बाकी बच रहेगे।

### टेलीफोन के "मालिक बनो कार्यक्रम"

यह योजना दिसम्बर 1949 मे अहमदाबाद, अमृतसर, बगलौर, भटिण्डा, वम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, धुबरी, एरोड, गुन्टूर, हैदराबाद, इन्दौर, कानपुर, मद्रास, मेरठ, नागपुर, राजकोट और सूरत में चालू की गई। इस योजना के अनुसार वम्बई और कलकत्ता मे एक टेलीफोन के लिये 2,500 रुपये और बाकी स्थानों में 2,000 रुपये बीस साल के लिये ले लिये जाते हैं। प्रतिमास इसे कायम रखने के रूप मे 2 रुपये लिये जाते है। इस योजना के अनुसार लगभग 13,109 लोगों को टेलीफोन मिल चके, और 3,19,87,500 रुपये उन से 1952 के अन्त तक लिये जा चके थे।

### अपने एक्सचेंज के मालिक बनो

यह योजना 1950 में चालू की गई। इस योजना के अनसार डाक तार विभाग 50 लाइनों वाला एक एक्सचेंज खोल सकता है बशर्ते कि संस्थायें, कोठियां तथा व्यक्ति 2¾ प्रतिशत सूद पर पचास हजार रुपये का ऋण पेशगी देने के लिये तैयार हों। यह रकम बीस साल बाद वापिस मिल सकती है। अब तक इस योजना के अनुसार 7 एक्सचेंज खुल चुके हैं।

(क) 31 दिसम्बर, 1952 की स्थिति के अनुसार।
(ख) 1 अप्रैल, 1952 की स्थिति के अनुसार।

**प्रति सन्देश पद्धति**

इस पद्धति का प्रवर्तन 1947 के अप्रैल मे हुआ । इस पद्धति के अनुसार ग्राहकों को प्रति बार टेलीफोन करने के लिये शुल्क देना पडता है, और साथ ही एक निर्दिष्ट मासिक किराया देना पडता है । यह पद्धति 13 स्थानो पर यानी अहमदाबाद, इलाहाबाद, अमृतसर, बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली, इन्दौर, कानपुर, मद्रास, नागपुर, पूना, शिमला, और त्रिवेन्द्रम मे चालू है ।

**ट्रंक काल**

1952-53 मे एक करोड दस लाख ट्रक काले हुईं । इस ओर कितनी प्रगति हुई यह इस से जाना जा सकता है कि 1948-49 मे चवालीस लाख ट्रक काल हुई थी । यह बढती शायद इस कारण हुई कि 1951 के 1 सितम्बर मे 362 5 मील से अधिक दूर की ट्रक काले रियायती दर पर करने दिये जाने लगी । अन्य दरे इस प्रकार है :—

(1) पहले जहा प्रति 12.5 मील पर 3.2 आने लिये जाते थे, अब उस की जगह पर प्रति 25 मील पर चार आने लिये जाते है ।

(2) पहले 500 मील से अधिक दूर पर प्रति 12·5 मील पर 3·2 आने लिये जाते थे, अब उस की जगह प्रति 50 मील या उस के अश के लिये 6 आने लिये जाते है ।

**स्वयंगतिक एक्सचेंज**

कलकत्ता मे स्वयगतिक टेलीफोन एक्सचेज का काम जारी है । अनुमान है कि उस मे कुल मिला कर 13 करोड 40 लाख रुपये लगेगे । जून 1953 तक एक्सचेज की दो इमारते बनी, जिनकी कुल क्षमता 14 हजार लाइनो की है । बम्बई की टेलीफोन पद्धति की क्षमता 8,100 लाइनो की है, श्रौर श्राशा है कि मार्च 1954 तक 7,200 लाइने काम करने लगेगी ।

1953 की 24 जनवरी को दिल्ली के तीसहजारी स्वयगतिक एक्सचेज मे 29 हजार लाइने जारी थी और इन के अलावा 1,100 लाइने लगाई जा रही थी ।

**रेडियो टेलीफोन सेवा**

भारत से बर्मा, मिस्र, इडोनीशिया, ईरान, जापान, नैरोबी, और इग्लैड का प्रत्यक्ष टेलीफोन सम्बन्ध है । लन्दन के जरिये से भारत और निम्नलिखित देशो मे रेडियो टेलीफोन सेवा जारी है—आस्ट्रेलिया, बरबादोस, बेलजियम, बरमूडा, कनाडा, क्यूबा, चैकोस्लोवाकिया, डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रास, जिब्राल्टर, हंगरी, आइसलैंड, इटली, केनिया, लक्जमबर्ग, मैक्सिको, हालैंड, उत्तरी रोडेशिया, नार्वे, सार, स्पेन, दक्षिणी अफ्रीका, दक्षिणी आयर्लैण्ड, दक्षिणी रोडेशिया, दक्षिण-पश्चिम अफ्रीका, स्वीडन, स्विट्जरलैंड, टैगानिका, उगान्डा, सयुक्त राज्य अमेरिका, वैटिकन शहर तथा पश्चिमी जर्मनी । कुछ जहाज ऐसे है जो समुद्र मे चलते रहने पर भी टेलीफोन द्वारा हम से सम्बद्ध रहते है, उन के नाम ये है—क्वीन मेरी, क्वीन एलिजाबेथ, एक्वीटेनिया, ओसलोफोर्ड, न्यूर, कारोनिया, मैरेटेनिया, अमेरिका ।

**टेलीफोन सम्बन्धी प्रशिक्षण पाने के लिये सात प्रशिक्षण केन्द्र है—सहारनपुर, बम्बई, कलकत्ता, मद्रास, नई दिल्ली, नागपुर, अम्बाला । इन में प्रतिवर्ष 800 टेलीफोन कार्यकर्ता प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं ।**

## तार

1951 के 31 दिसम्बर को इस देश मे 8,360 तार के दफतर थे। हमारे सामने लक्ष्य यह है कि 5,000 से ऊपर आबादी वाले हरेक कस्बे में तार–दफतर की सुविधा हो। यह कार्य अच्छी तरह चल रहा है। वी० एफ० टी० पद्धति चालू किये जाने के कारण इन महत्वपूर्ण स्टेशनों के बीच टेलीग्राफ सरकिट्स बढ गये—बम्बई और जोधपुर, नागपुर और बेलगांव, राजकोट और सिकन्दराबाद, त्रिवेन्द्रम और कोयमबत्तूर, नई दिल्ली और जोधपुर, जोधपुर और कराची। एफ० एम० पद्धति के अलावा वी० एफ० टी० पद्धति वाला सरंजाम नई दिल्ली और कलकत्ता के बीच प्रयोग मे लाया गया। इन दोनों पद्धतियों को बढ़ाने का विचार किया जा रहा है।

टेलीप्रिन्टरो का काम काफी तरक्की पर है। इसके फलस्वरूप तार जल्दी पहुंच रहे हैं, और साधारण तारों में जनता का विश्वास बढ़ गया है। जहां 1948-49 में भेजे हुए तारों में से 45 प्रतिशत एक्सप्रेस तार होते थे, वहां 1951-52 में कुल 29·4 प्रतिशत तार ही एक्सप्रेस भेजे गये ह। ऊपर जो बातें बतलाई गईं, उनके अलावा तार विभाग इस बात का भरसक प्रयत्न कर रहा है कि तार जल्दी पहुचे और जल्दी मिल जाये। इस सम्बन्ध में कई अन्य उपाय भी काम मे लाये गये है।

### तार सम्बन्धी अन्य सुविधायें

1953 की एक जनवरी से तार विभाग ने एक नई सुविधा प्रदान की। पहले जहां केवल एक साल या छ: महीने के लिये ही तार के सक्षिप्त पते स्वीकृत और पजीकृत होते थे, अब तीन माह, छ: माह, और नौ माह तथा एक साल के लिये भी तार के सक्षिप्त पते पजीकृत हो सकते है। बम्बई और लन्दन के बीच तथा लन्दन के जरिये से न्यूयार्क और यूरोप के साथ फोटो टेलीग्राम सेवा जारी है। अब बेलजियम, फिनलैंड, नार्वे तथा स्वीडन के साथ भी यह सम्बन्ध जारी कर दिया गया है।

द्वितीय महायुद्ध के आरम्भ होने के बाद विदेशो के लिये डीलक्स टेलीग्राम सेवा बन्द कर दी गई थी पर अब फिर से यह जारी हुई है। अदन, ऐशेन्शन, बरमूडा, साइप्रस, फिजी (केवल सूवा), गाम्बिया, जिब्राल्टर, गोल्डकोस्ट (केवल अकरा), हागकांग, मलय (केवल सिंगापुर और पेनाग), माल्टा, मारीशश, नाइजीरिया (केवल लागोस), उत्तर बोर्नियो, न्यासालैंड रोड्रीगुइज, सेंट हेलेना, शिशेलिस, सियर्रा लियोने (केवल फ्री टाऊन), इंग्लैंड और जजीबार के लिये यह सेवा फिर से प्राप्त है। पाकिस्तान के लिये भी यह पद्धति चालू है बशर्तेकि आन्तरिक दर के अतिरिक्त प्रति तार पर चार आने और दिये जायें।

### बेतार के तार

एक तरफ बम्बई और दूसरी तरफ लन्दन, मेलबोर्न, शंघाई, टोकियो, न्यूयार्क, काबल और जकार्ता तथा नई दिल्ली और लन्दन और नई दिल्ली तथा मास्को के बीच सीधे सर्किट मौजूद हैं।

### जलवर्ती केबल तार सेवा

इस उपाय द्वारा (1) लन्दन से बजरिये अदन, पोर्ट सूडान, अलग्जैंड्रिया इत्यादि बम्बई संयुक्त है। इस प्रकार सारे यूरोप से सम्बन्ध मौजूद है। (2) मद्रास से पेनांग, सिंगापुर, हांगकांग

इत्यादि का, इस प्रकार दूरपूर्व का सम्बन्ध है। (3) बम्बई का जंजीबार और अदन का और इस प्रकार पूर्वी और दक्षिणी अफ़्रीका से सम्बन्ध है।

**अभ्यान्तरिक बेतार**

कलकत्ता और अगरतल्ला के बीच एक रेडियो टेलीफोन सेवा है। मद्रास और रंगून के बीच अत्यन्त द्रुत बेतार सेवा कायम की गई है।

बेतार मानिटरिंग

बंगलोर, बम्बई, कलकत्ता, दिल्ली और जबलपुर में पांच मानिटरिंग स्टेशन इस समय चालू हैं।

**भारतीय भाषाओं में तार**

1949 की एक जनवरी को देवनागरी लिपि में तार सम्बन्धी सेवा का आरम्भ किया गया। फोनोकोम पद्धति के चालू हो जाने के कारण अब देवनागरी लिपि में भारतीय भाषाओं के तारों को 455 दफतरों में लिया और दिया जा सकता है। इस सुविधा को बढ़ाने के लिये आगरा, कलकत्ता, जबलपुर, पटना और पूना में पांच हिन्दी तार प्रशिक्षण केन्द्र खोले गये हैं। हैदराबाद और सिकन्दराबाद में हिन्दी मोर्स पद्धति चालू की गई है। यह अंग्रेजी की मोर्स कोड पर आधारित है। उदाहरणस्वरूप अंग्रेजी अक्षर "के" के लिये जो सिगनल है, उस को हिन्दी अक्षर "क" के लिये प्रस्तुत किया गया है इत्यादि। अंकों के लिये अंग्रेजी सिगनल ही रक्खे गये हैं। 1950 की जुलाई से अभिनन्दन सम्बन्धी तार हिन्दी में लिये जाते हैं। जिन स्थानों पर हिन्दी की तार सेवा मौजूद है, उन स्थानों में देवनागरी लिपि के लिखे हुए अन्य भारतीय भाषाओं के तार लिये जाते हैं। हिन्दी में तार और मनीआर्डर भेजने तथा नागरी लिपि में तार के पतों का पंजीकरण भी स्वीकृत कर लिया गया है।

**हिन्दी टेलीप्रिन्टर**

जबलपुर के प्रशिक्षण केन्द्र में अंग्रेजी टेलीप्रिन्टर को हिन्दी की आवश्यकताओं के अनुसार बदल दिया गया है। 1953 की जनवरी में हैदराबाद के नानलनगर नामक स्थान में कांग्रेस का जो अधिवेशन हुआ था, उस में इन बदले हुए टेलीप्रिन्टरों के जरिये से लगभग 400 सन्देश नई दिल्ली भेजे गये।

**तार विभाग की शताब्दी जयन्ती**

राष्ट्रपति डा० राजेन्द्र प्रसाद ने दिल्ली में भारतीय तार विभाग की शताब्दी जयन्ती का उद्घाटन किया। इस अवसर के उपलक्ष्य में तार विभाग के द्वारा तार सचार प्रदर्शनी प्रस्तुत की गई थी। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रपति ने अक्तूबर 1851 से ले कर इस विभाग ने जो उन्नति की उस पर संतोष प्रकट किया। अक्तूबर 1851 में कलकत्ता और डायमंड हार्बर के बीच यानी इक्कीस मील दूरी पर तार की पहली लाइन काम करने लगी थी।

**पंचवर्षीय योजना**

पंचवर्षीय योजना में डाक तार और टेलीफोन के विकास के लिये पचास करोड़ रुपये आवंटित हैं, जिस में से अब तक अठारह करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं। इस विकास योजना में विशेष रूप से देहाती इलाकों की सुविधा तथा बड़े शहरों में टेलीफोन की सुविधा पर जोर दिया गया है।

वह दिन दूर नही है, जब डाक की सेवा यंत्रीकृत हो जायेगी, और पोस्टकार्ड तथा लिफाफे बेचने के लिये स्टाल मशीनें काम करेगी। तार संचार विभाग ने बड़े शहरों में टेलीफोन एक्सचेंजों को बढाने, ट्रंक—टेलीफोन सेवा के आधुनिकीकरण तथा विस्तार तथा अतिरिक्त तार—सर्किट की स्थापना के लिये योजनाएं बनाई हैं।

## डाक की चालू दरें

**देश के अन्दर के पत्र**

| | |
|---|---|
| एक तोले से अधिक नही . . . | 2 आने |
| प्रत्येक अतिरिक्त तोला या उस के भग्नाश के लिये . | 1 आना |

**पोस्टकार्ड**

| | |
|---|---|
| (1) स्थानीय | |
| (क) एक . . . . | 6 पाई |
| (ख) जवाबी . . . . | 1 आना |
| (2) साधारण | |
| (क) एक . . . . | 9 पाई |
| (ख) जवाबी . . . . | 1 आना 6 पाई |
| (3) लैटर कार्ड . . . . | 1 आना 6 पाई |

**पुस्तक, पैटर्न या नमूने के पैकेट**

| | |
|---|---|
| 5 तोला तक . . . . . | 1 आना |
| प्रति अतिरिक्त $2\frac{1}{2}$ तोला या उस के भग्नाश के लिये . | 6 पाई |
| अधिक से अधिक वजन जो भेजा जा सकता है . | 200 तोला |

**समाचार-पत्र : देश के अन्दर की दर**

| | |
|---|---|
| 10 तोला से अधिक नही. . . . | 3 पाई |
| 10 तोले से ऊपर या 20 तोले तक . . | 6 पाई |
| दो औंस की प्रति इकाई या उस के भग्नाश के लिये . | 3 पाई |
| प्रति दस तोला या उस के भग्नाश के लिये . . | 6 पाई |

**पार्सल**

| | |
|---|---|
| 40 तोले से अधिक नही . . . . | 8 आने |
| प्रत्येक अतिरिक्त 40 तोले या उस के अंश के लिये . | 8 आने |
| अधिक से अधिक वजन . . . . | 1,000 तोला या $12\frac{1}{2}$ सेर |

440 तोले से अधिक के पारसलो की रजिस्ट्री अनिवार्य है।

**रजिस्ट्री**

| | |
|---|---|
| रजिस्ट्री की फीस . . . . | 6 आने प्रति अदद |

**बीमा**

| | |
|---|---|
| 100 रुपये के मूल्य तक की वस्तु के लिये बीमा की फीस . | 6 आने |

प्रति अतिरिक्त 100 रुपये के बीमा मूल्य के लिये 3 आने
अधिकसे अधिक बीमा कितने का हो सकता है . 5,000 रुपये

**हवाई डाक**

पत्रों, पोस्टकार्डों और लैटर कार्डों के लिये कोई अतिरिक्त शुल्क नही है ।

पैकेटो के लिये प्रति तोला 6 पाई के हिसाब से अतिरिक्त शुल्क लगता है ।

आन्तरिक हवाई पारसलो के लिये प्रति 20 तोला या उस के भग्नाशो के लिये 10 आने लगते है ।

## विदेशी डाक

**1. पत्र**

एक औस से अधिक नही . . . . . 4 आने
प्रति अतिरिक्त औस या भग्नाश के लिये . . 2 आने 6 पाई

**2. पोस्टकार्ड**

एक . . . . . . 2 आने 6 पाई
जवाबी . . . . . . 5 आने
छपे हुए कागज प्रति 2 औस या उस के भग्नाश के लिये . 1 आना

**3. व्यापार सम्बन्धी कागजात**

8 औस से अधिक नही . . . . 4 आने
प्रति अतिरिक्त 2 औस या उस के भग्नाश के लिये . 1 आना

**4. नमूने के पैकेट**

औस से अधिक नही . . . . 2 आने
प्रति अतिरिक्त 2 औस या उस के भग्नाश के लिये . 1 आना

## हवाई शुल्क : विदेशी

| | पत्र (प्रति आधा औंस या उस के अंश) | | | पोस्ट कार्ड | | | हवाई पत्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रु. | आ. | पा. | रु. | आ. | पा. | रु. | आ. | पा. |
| अफगानिस्तान . . . . | 0 | 6 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 5 | 0 |
| बर्मा . . . . | 0 | 6 | 0 | 0 | 4 | 0 | 0 | 5 | 0 |
| चीन . . . . | 0 | 10 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |

| | पत्र (प्रति आधा औंस या उस के अंश) | | | पोस्ट कार्ड | | | हवाई पत्र | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | रु. | आ. | पा. | रु. | आ. | पा. | रु. | आ. | पा. |
| हिन्द-चीन | 0 | 10 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| हिन्देशिया | 0 | 10 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| ईरान, ईराक, इजराइल | 0 | 10 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| जापान, कोरिया, मलय | 0 | 10 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| मिस्र, तुर्की | 0 | 10 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| आस्ट्रिया | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| डेनमार्क | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| फ्रांस | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| जिब्रालटर | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| ग्रेट ब्रिटेन | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| ग्रीस | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| नार्वे | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| पोलैंड | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| स्विट्जरलैण्ड | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| सोवियत यूनियन | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| इथियोपिया | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| केनिया | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| लीबिया | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| सूडान | 0 | 14 | 0 | 0 | 6 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| आस्ट्रेलिया | 1 | 2 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| न्यूजीलैंड | 1 | 2 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| गोल्ड कोस्ट | 1 | 2 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| मारीशश | 1 | 2 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| दक्षिण-पश्चिमी अफ्रीका | 1 | 2 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| दक्षिण-अफ्रीका यूनियन | 1 | 2 | 0 | 0 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 |
| बरमूडा | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| कनाडा | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| क्यूबा | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| मैक्सिको | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| अमेरिका | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| ब्रिटिश गयाना | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| कोलम्बिया | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| पेरू | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| वेनेज्युएला | 1 | 8 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 12 | 0 |

पुस्तकों, नमूने के पैकेटों तथा पैटर्न्स को द्वितीय श्रेणी के हवाई डाक से लंका, पाकिस्तान और पुर्तगाली भारत भेजने के लिये साधारण अन्तर्देशीय डाक-महसूल के अतिरिक्त डेढ़ आना प्रति तोला वायु-उपरि-शुल्क भी लिया जायेगा।

| हवाई पारसल | प्रथम पौंड के लिये डाक-महसूल (जिसमे वायु-शुल्क भी शामिल है) | | | उस के बाद प्रति 4 औंस या उस के अंशों के लिये डाक-महसूल (जिस मे वायु शुल्क भी शामिल है) | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रु० | आ० | पा० | रु० | आ० | पा० |
| अफगानिस्तान . . | 5 | 8 | 0 | 0 | 11 | 0 |
| आस्ट्रेलिया . . | 10 | 8 | 0 | 2 | 5 | 0 |
| लंका . . | 2 | 0 | 0 | (प्रति पौंड तथा उसके अंश के लिये) | | |
| मिस्र . . . | 7 | 12 | 0 | 1 | 2 | 0 |
| फ़्रांस . . . | 11 | 0 | 0 | 1 | 14 | 0 |
| यूनाइटेड किंगडम . | 9 | 12 | 0 | 1 | 14 | 0 |
| स्विट्जरलैण्ड . . | 9 | 8 | 0 | 1 | 12 | 0 |
| अमेरिका . . | 15 | 8 | 0 | 3 | 8 | 0 |

## विविध

**मनीआर्डर**

| | |
|---|---|
| 5 रुपये तक . . . . . | 2 आना |
| 5 रुपये से अधिक और 10 रुपये तक . . | 3 आना |
| 10 रुपये से अधिक और 15 रुपये तक . . | 4 आना |
| 15 रुपये से अधिक और 25 रुपये तक . . | 6 आना |
| प्रति 25 रुपये . . . . | 6 आना |

**तार द्वारा मनीआर्डर**

तार द्वारा मनीआर्डर भेजने के लिये साधारण मनीआर्डर द्वारा भेजने मे जो शुल्क लगता है उस मे तार का मूल्य और 2 आने का उपरि-शुल्क जोड कर शुल्क देना होता है।

**पोस्टल आर्डर**

| | |
|---|---|
| पोस्टल आर्डर. . . . . | 1 आना प्रति आर्डर |
| एक्सप्रेस डिलीवरी . . . . | 2 आना |
| व्यापारी जवाबी पोस्टकार्ड व लिफाफे (वार्षिक परमिट) . | 10 रुपये |

**पोस्ट बाक्स थैले**

| | |
|---|---|
| वार्षिक . . . . . | 12 रुपये |
| त्रैमासिक . . . . . | 4 रुपये |
| सम्मिलित पोस्टबाक्स व बैग (वार्षिक) . . | 15 रुपये |

**सेविंग्स बैंक**

यह निश्चय किया गया है कि :

(1) जमा किये जा सकने वाले धन का अधिकतम परिमाण बढा कर प्रति व्यक्ति 15,000 रुपया और सम्मिलित रूप से 30,000 रुपया कर दिया जाये।

(2) 10,000 रुपये तक की जमा रकम पर 2 प्रतिशत ब्याज तथा 10,000 से अधिक की जमा रकम पर डेढ़ प्रतिशत ब्याज दिया जाये ।

(3) सप्ताह में दो बार धन निकालने दिया जाये यदि कुल निकाला गया धन 10,000 रुपये तक हो, और

(4) बम्बई जी० पी० ओ० तथा बम्बई सर्किल के कुछ विशेष हैड पोस्टआफिसो से चेक द्वारा धन निकालने दिया जाये ।

## नेशनल सेविंग्स सर्टिफिकेट्स

**बारह वर्षीय सर्टिफिकेट्स**

दर्जा—5 रु०, 10 रु०, 50 रु०, 100 रु०, 500 रु०, 1,000 रु०, और 5,000 रु० ।

भुनाने के समय मूल्य—7 रु० 8 आ०, 15 रु०, 75 रु०, 150 रु०, 750 रु०, 1,500 रु० और 7,500 रु० ।

**सात वर्षीय सर्टिफिकेट्स**

दर्जा—5 रु०, 10 रु०, 50 रु०, 100 रु०, 1,000 रु०, और 5000 रु० ।

भुनाने के समय मूल्य—6 रु० 4 आ०, 12 रु० 8 आ०, 62 रु० 8 आ०, 125 रु०, 1,250 रु० और 6,250 रु० ।

**पांच वर्षीय सर्टिफिकेट्स**

दर्जा—5 रु०, 10 रु०, 50 रु०, 100 रु०, 1,000 रु० और 5,000 रु० ।

भनाने के समय मूल्य—5 रु० 12 आ०, 11 रु० 8 आ०, 57 रु० 8 आ०, 115 रु०, 1,150 रु० और 5,750 रु० ।

कोई अकेला व्यक्ति 25,000 रु० के मूल्य तक के सर्टिफिकेट ले सकता है पर किसी अन्य व्यक्ति के संग मिल कर वह सयुक्त रूप से 50,000 रु० के मूल्य तक के सर्टिफिकेट ले सकता है। पंच और सप्तवर्षीय सर्टिफिकेट कभी भी भनाये जा सकते हैं, परन्तु बारह वर्षीय सर्टिफिकेट केवल एक निर्धारित अवधि के बीत जाने पर ही भनाये जा सकते हैं ।

**पोस्टल जीवन-बीमा**

1 जनवरी, 1949 से सेना-विभाग के कर्मचारियो को पोस्टल जीवन बीमा फड से लाभ उठाने की सुविधा दी गई । इस योजना को उन औद्योगिक कार्यों के कर्मचारियो पर भी लागू करने का प्रस्ताव है जो सरकार द्वारा चलाई जा रही है, अथवा जिन मे सरकार का बडा भाग है ।

**देशीय तार**

भारत, वर्मा, श्रीलका, या पाकिस्तान स्थित स्थानो को या उन स्थानो से भेजे गये तार देशीय तारो के वर्ग मे आते है । देशीय तारों पर निम्नलिखित दरो के अनुसार महसूल लिया जाता है :

**भारत में प्राप्ति**

| | एक्सप्रेस | | | साधारण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रु० | आ० | पा० | रु० | आ० | पा० |
| न्यूनतम शुल्क (8 शब्दो तक के लिये) . . | 1 | 8 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| 8 से ऊपर प्रति अतिरिक्त शब्द पर . | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 |

**बर्मा और पाकिस्तान में प्राप्ति**

| | एक्सप्रेस | | | साधारण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रु० | आ० | पा० | रु० | आ० | पा० |
| न्यूनतम शुल्क (8 शब्दों के लिये) . . | 2 | 12 | 0 | 1 | 6 | 0 |
| 8 से ऊपर प्रति अतिरिक्त शब्द पर . . | 0 | 4 | 0 | 0 | 2 | 0 |

**प्रेस तार भारत में प्राप्ति**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| न्यूनतम शुल्क (50 शब्दो तक के लिये) . | 1 | 8 | 0 | 0 | 12 | 0 |
| 50 से ऊपर प्रति अतिरिक्त 5 शब्दों पर . | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 |

**बधाई के तार**

उत्सवो के अवसर पर बधाई के तार, भारत के किसी भी तार घर से भारत के किसी भी तार-घर को, विशेषरूप से घटाई गई दरो पर भेजे जा सकते है :

शब्दो की सख्या :

| | |
|---|---|
| (क) प्राप्त करने वाले का नाम व पता . | 4 शब्द |
| (ख) बधाई (एक विशेष अंक द्वारा इगित) . | 1 शब्द |
| (ग) भेजने वाले का नाम . . . | 1 शब्द |
| | 6 शब्द |

| | एक्सप्रेस | | | साधारण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | रु० | आ० | पा० | रु० | आ० | पा० |
| इन 6 शब्दो के लिये . . . . | 1 | 0 | 0 | 0 | 8 | 0 |
| 6 से ऊपर प्रति अतिरिक्त शब्द के लिये . | 0 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 |

**स्थानीय तार**

भारत के समस्त तार-घरो और डाक-प्राप्त करने वाले कार्यालयो मे स्थानीय तार भेजने की व्यवस्था है जिस के लिये न्यूनतम शुल्क 6 आना है ( 8 या उस से कम शब्दो के लिये) और 8 से ऊपर प्रति अतिरिक्त शब्द के लिए 6 पाई शुल्क देना होता है ।

**फ्लैश तार**

प्रेस की सुविधा के लिये 15 अगस्त, 1947 से एक नये प्रकार के तार चलाये गये जिन्हे "फ्लैश समाचार" कहा जाता है । यद्यपि इस तार के लिये उसी दर से शुल्क देना पडता है जो वैयक्तिक एक्सप्रेस तार के लिये है तथापि इसे उस से उच्चतर प्राथमिकता प्राप्त होती है । फ्लैश तारो के लिए टेलिफोन द्वारा भेजने की भी सुविधा उपलब्ध है ।

**जीवन-संकट तार**

ये तार दुर्घटना, गम्भीर रुग्णावस्था, अथवा किसी व्यक्ति की मृत्यु पर भेजे जा सकते है और इन पर देशीय एक्सप्रेस तारो की दर पर शुल्क लगाया जाता है । इस प्रकार के तारो को अन्य सभी अर्जेन्ट और एक्सप्रेस तारों से अधिक प्राथमिकता दी जाती है ।

## अठारहवा अध्याय

# सहकारी आन्दोलन

सहकारी आन्दोलन सर्वत्र जनता का आन्दोलन है । यदि जनता जोश के साथ इस मे हाथ बटाये, तभी यह आन्दोलन सफल हो सकता है । यद्यपि सविधान के अनुसार यह राज्य सरकार के विषय के अन्तर्गत रक्खा गया है और यद्यपि प्रत्येक राज्य सरकार इस सम्बन्ध मे यथा साध्य कर रही है, फिर भी इसका कार्य बहुत कुछ परामर्श देने तक ही सीमित है, और जनता ही इसे सफल बना सकती है ।

1950–51 के अन्त मे सब तरह की सहकारी समितियो की सख्या 1,81,189 थी, जब कि 1949–50 के अन्त मे उन की सख्या 1,73,094 थी । इसी युग मे प्राथमिक समितियो की सदस्य सख्या 1 करोड 26 लाख से 1 करोड 37 लाख हो गयी । यदि मोटे तौर पर यह मान लिया जाये कि एक भारतीय परिवार मे औसत रूप मे 5 व्यक्ति आते है, तो यह कहा जा सकता है कि 1950-51 मे 6 करोड 85 लाख यानी सारी जनता का 19.1 प्रतिशत सहकारी आन्दोलन से लाभ उठा रहा था । जब कि 1949–50 मे केवल 18.2 प्रतिशत लोग ही इस का फायदा उठा रहे थे । इस सम्बन्ध मे यह स्मरण रखना चाहिये कि कई व्यक्ति एक से अधिक सहकारी समिति के सदस्य हो सकते है इसलिये इस आकडे का प्रयोग समझ बूझ कर ही किया जा सकता है ।

सब तरफ की सहकारी समितियो की कुल पूजी 1949–50 के अत मे 233 करोड 10 लाख रुपये और 1951 की 30 जून को 275 करोड 85 लाख पये थी । इसमे से 40 8 प्रतिशत जमा रकमे थी । मिल्कियत कोष कार्यशील पूजी के 29 प्रतिशत और कुल जमा धन के 71 प्रतिशत थे ।

नीचे की तालिका मे प्राथमिक समितियो के ऋण सम्बन्धी आदान प्रदान की प्रगति देखी जा सकती है :

### तालिका 126

(करोड पयो मे)

| | 1948–49 | 1949–50 | 1950-51 |
|---|---|---|---|
| प्राथमिक समितियो द्वारा दिया गया ऋण | 60 06 | 70 56 | 86 57 |
| चुका दिये गये ऋण . | 50.56 | 59 45 | 72 66 |
| बकाया ऋण . . | 61 84 | 71.37 | 83 86 |
| 30 जून को ऐसे ऋण जिन्हे चुकाने का समय निकले बहुत दिन हो चुके थे . | 7.80 | 8.91 | 9 78 |

रिजर्व बैंक, राज्य और केन्द्रीय सहकारी बैंकों से बहुत अधिक धन प्राप्त होने के कारण प्राथमिक समितियो के द्वारा दिये जाने वाले कर्जों मे बहुत वृद्धि हुई है । यह वृद्धि मुख्यत:

"क" भाग के राज्यो में हुई। उन राज्यो मे कर्ज 60 करोड 88 लाख रुपये से 72 करोड़ 8 लाख रुपये हो गया। "ख" भाग के राज्यो मे इसी प्रकार कर्ज 10 करोड 49 लाख रुपये से बढ़कर 11 करोड 78 लाख रुपये पहुच गया। भुगतान के योग्य पुराने कर्ज घटते हुए मालूम हुए। 1948-49 में इन का परिमाण 12 6 प्रतिशत, 1949-50 मे 12.5 प्रतिशत और 1950-51 मे 11.7 प्रतिशत रहा।

**अल्पकालीन कर्ज**

1949-50 की तुलना में 1950-51 में भुगतान किये हुए कर्जों में और मौजूदा कर्ज मे वृद्धि हुई। कुछ भी हो विभिन्न किस्म की सहकारी समितियो के यहां जो रकम जमा हुई है उन मे आनुपातिक दृष्टि से कोई वृद्धि नही हुई। इस का नतीजा यह रहा कि केन्द्रीय वित्तीय सस्थाओ पर ही निर्भर करना पड़ा।

तालिका 127

(करोड रुपयो में)

| | शिखर बैंक | | केन्द्रीय बैंक | | प्राथमिक कृषि-ऋण समितिया | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1949-50 | 1950-51 | 1949-50 | 1950-51 | 1949-50 | 1950-51 |
| सख्या | 14 | 15 | 498 | 505 | 1,16,534 | 1,15,462 |
| सदस्य सख्या | 18,618 | 20,932 | 1,89,722 | 2,07,074 | 48,17,545 | 51,53,907 |
| वर्ष पर्यन्त दिया गया कुल ऋण | 29 6 | 42 1 | 75 4 | 82 8 | 18 0 | 22 9 |
| वर्ष पर्यन्त चुका दिया गया कुल ऋण | 31.6 | 38 2 | 76 2 | 77 2 | 13 5 | 18 3 |
| बकाया ऋण | 14 1 | 17 9 | 28 9 | 34 1 | 25 0 | 29.1 |
| लगायी गयी पूजी | 11.6 | 11 4 | 13 1 | 14 1 | 1.0 | 1.2 |
| स्वामित्व प्राप्त निधि | 3.4 | 3 8 | 8.1 | 8 8 | 15.3 | 17.3 |
| जमा किया गया धन | 21.2 | 22.1 | 35 0 | 37.8 | 4 1 | 4.5 |
| अन्य उधार | 5.9 | 8.5 | 6.8 | 9.7 | 15.8 | 19.2 |
| कार्यकारी पूंजी | 30.5 | 34.4 | 49.9 | 56.4 | 35.2 | 41.0 |

## सहकारी बैंक

**केन्द्रीय बैंक**

1950-51 में केन्द्रीय बैंकों की सख्या जिस मे बैंकिग यूनियन भी सम्मिलित है, 498 से बढ़ कर 505 हो गयी। उसी युग में उन के सदस्यो की सख्या 1,89,722 से बढ़कर 2,07,074 हो गयी और शेयर पूंजी तथा रिजर्व क्रमशः चार करोड़ चार लाख रुप` और 4 करोड़ 79 लाख रुपये हो गया।

केन्द्रीय बैंको की कार्यकारी पूजी (56 करोड 37 लाख रुपये) की बनावट का अध्ययन करने से यह पता लगा है कि शिखर तथा अन्य सस्थाओ से कर्ज लिये हुए कोष पर निर्भरता अधिक है, जैसा कि नीचे के आकडो से स्पष्ट है :

तालिका 128

| | कार्यकारी पूजी का प्रतिशत | |
|---|---|---|
| | 1949-50 | 1950-51 |
| स्वामित्व प्राप्त (ओन्ड) निधि . | 16 2 | 15 7 |
| जमा किया गया धन . | 70.2 | 67 0 |
| अन्य उधार . . | 13 6 | 17 3 |

केन्द्रीय बैंको ने 1950-51 मे व्यक्तियो, बैंको तथा समितियो को 82 करोड़ 84 लाख रुपये दिये, जब कि 1949-50 मे 75 करोड 44 लाख रुपये दिये गये थे । केवल बम्बई मे व्यक्ति और समितियो के मद मे 3 करोड 50 लाख रुपये की वृद्धि हुई ।

सरकारी कागजो (सिक्युरिटी) तथा इस प्रकार के अन्य कागजो मे केन्द्रीय बैंको की जो पूंजी लगी हुई थी (यह कर्ज का जिकर नही है) वह 14 करोड 13 लाख रुपये की है ।

**राज्य बैंक**

विन्ध्य प्रदेश मे शिखर बैंक की स्थापना के साथ साथ राज्य बैंकों की सख्या 1950-51 मे बढ कर 15 हो गयी । सदस्यो की सख्या में भी कुछ वृद्धि हुई । उस साल सदस्यो में 8,266 व्यक्ति तथा 12,666 बैंक और समितिया थी । 1949-50 के अन्त मे शेयर पूंजी और रिजर्व क्रमश. 1 करोड़ 58 लाख रुपये तथा 2 करोड 22 लाख रुपये हो गयी । शिखर बैंको ने जो पूजी पेशगी दी थी उस का परिमाण 42 करोड 13 लाख रु० था जिस मे से सहकारी बैंक और समितियो को 34 करोड 40 लाख रुपये यानी कुल 82 प्रतिशत पूजी मिली ।

शिखर सस्थाओ ने धन की बढती हुई माग को अधिक कर्ज लेकर पूरा किया । 1949-50 में लिये हुए कर्ज की रकम जो 5 करोड 31 लाख रु० थी, वह अब 8 करोड 34 लाख रुपये हो गयी । जमा धन राशि मे थोडी सी वृद्धि हुई, यानी यह 21 करोड 17 लाख रुपये से 22 करोड़ 7 लाख रुपये मे पहुच गयी ।

बैंक की कुल लागते करीब करीब अपरिवर्तित रूप से 11 करोड 42 लाख रुपये बनी रही । सरकारी कागजो मे लगी हुई पूंजी सब से अधिक थी यानी 10 करोड 74 लाख रुपये थी । बाकी पूंजी जमीन, इमारतो तथा सहकारी संस्थाओ के शेयरो मे लगी रही ।

## कृषि समितियां

**कर्ज समितियां**

1949-50 की तुलना मे कर्ज समितियों की संख्या 1,072 से घट कर 1,15,462 रह गयी । कुल मिलाकर "क" भाग के राज्यो की समितियों की संख्या मे कुछ वृद्धि हुई, पर

"ख" और "ग" भाग के राज्यो की समितियो की सख्या मे 1,925 की कमी हुई । यद्यपि इसी प्रकार समितियो की सख्या तो घट गयी, पर इनके सदस्यो की सख्या 3,36,362 बढ कर 51,53,907 पहुच गयी ।

1950-51 मे समितियो ने अपने सदस्यो को जो कर्ज दिया, उस का परिमाण 22 करोड 90 लाख रुपये था । जब कि 1949-50 मे इसी का परिमाण केवल 18 करोड रुपये ही था । इसी प्रकार 1950-51 के अन्त मे भुगतान लायक पुराने कर्ज 29 करोड 12 लाख रुपये था, जब कि इस के पहले साल यह कुल 24 करोड 96 लाख रुपये ही था । 6 करोड 38 लाख रुपये की बीतकाल दिये हुए कर्ज की रकम 22 प्रतिशत थी, जब कि 1949-50 मे बीतकाल दिये हुए कर्ज की रकम 21.5 प्रतिशत थी ।

कर्ज समितिया अपनी कार्यकारी पूजी के लिये मुख्यत केन्द्रीय वित्तीय जरिये पर निर्भर रहती है । इस प्रकार 1950-51 मे स्थिति यह थी कि उन की कार्यकारी पूजी का 47 प्रतिशत कर्ज से प्राप्त था । (अपना कोष) ओड फंड 17 करोड 26 लाख रुपये का था, यानी कार्यकारी पूजी का 42 प्रतिशत था, जब कि जमा की कुल रकम 4 करोड 48 लाख रुपये थी । युद्ध के बाद के युग मे कार्यकारी पूजी के मुकाबले मे जमा का अनुपात बराबर गिरता गया । उदाहरणस्वरूप 1946-47 मे यह अनुपात 14.4 था, 1950-51 मे यह घटकर 10 प्रतिशत हो गया । इस से यह ज्ञात होता है कि अल्पकालीन ऋण की खेती के लिये कर्ज की व्यवस्था का वृहत्तर भाग बढता रहा, पर उसी अनुपात मे यह बडी रकम को आकर्षित नही कर सका । सहकारी आन्दोलन को अपने पैरो पर खडा करने के लिये यह जरूरी है कि अधिक से अधिक रकम आकृष्ट करने के लिये बराबर प्रयत्न किया जाये । निम्नलिखित आकडो से औसत सदस्य सख्या, शेयर पूंजी तथा जमा की रकम ज्ञात होती है—

| | | |
|---|---|---|
| औसत सदस्य . . . | | 45 |
| प्रति समिति औसत शेयर पूजी | लगभग | 727 रुपये |
| प्रति सदस्य औसत शेयर पूजी . | लगभग | 16 रुपये |
| प्रति समिति लगभग जमा रकम | लगभग | 388 रुपये |
| प्रति सदस्य औसत जमा रकम . . | लगभग | 9 रुपये |

प्रति समिति औसत कार्यकारी पूजी बम्बई मे सब से अधिक थी (11,065 रुपये) इस के बाद कुर्ग का नम्बर आता है (7,991 रुपये) फिर मद्रास आता है (7,398 रुपये)। पेप्सू, बम्बई, मध्य भारत, मध्य प्रदेश, और पजाब मे प्रति सदस्य पर औसत कार्यकारी पूंजी अधिक थी जो क्रमश इस प्रकार थी, 152 रु०, 148 रु०, 119 रु० 116 रु० और 111 रु० ।

सहकारी आन्दोलन का एक मुख्य उद्देश्य शुरू से यह रहा कि खेतिहरो को कम सूद पर खेती के लिये कर्ज मिले, इतना कम सूद जितना कि वे दे सकते है । इस दिशा मे बहुत सीमित सफलता हुई है । खेतिहरों को अब भी सूद अधिक देना पड़ रहा है । कई क्षेत्रो मे तो उन्हे 12.5 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश और बिहार मे तो 15 प्रतिशत तक देना पड रहा है ।

**गैर-कर्ज समितियां**

1950 की 30 जून को राज्यीय गैर-कर्ज समितियों की सख्या 22 थी । पर 1950-51 के अन्त मे यह संख्या बढ़ कर 35 हो गयी । इन सस्थाओं की कार्यकारी पूंजी 8 करोड 74 लाख

रुपये थी, और यह मालिक तथा ऐजेन्टों के रूप में 21 करोड 32 लाख रुपये का माल बेच लेते थे ।

गैर कर्ज ढाचों मे इस के बाद ही गैर कर्ज समितियो का नम्बर आता है, जिन की संख्या 2,201 है। इनमे से 1,860 उत्तर प्रदेश में ही है। 14,06,907 व्यक्ति तथा 46,228 समितियां इन की सदस्य थी। उन की कार्यकारी पूंजी 1951 के 30 जून को 12 करोड़ 45 लाख रुपये थी और उन्होने 86 करोड 7 लाख रुपये का माल बेचा जब कि 1949-50 मे उन्होने 53 करोड़ 34 लाख रुपये का ही माल बेचा था।

1950 की 30 जून को प्राथमिक समितियो की सख्या 25,860 थी, पर 1950-51 के अन्त मे उनकी सख्या 33,815 हो गई। इन की कार्यकारी पूजी 13 करोड़ 14 लाख रुपये से बढ़ कर 16 करोड़ 54 लाख रुपये हो गयी और 1949-50 मे जहा उन को केवल 55 लाख रुपये का लाभ हुआ था अब उन्हे 65 लाख 35 हजार रुपये का लाभ हुआ।

**भूमि बन्धक बेंक**

यद्यपि ऐसे बैंको की सख्या पांच ही बनी रही, पर इन के द्वारा दिये गये कर्ज की रकम जहा 1949-50 मे 1 करोड 1 लाख रुपये थी वहा 1950-51 में यह रकम 1 करोड 33 लाख रुपये हो गयी। इस में से 83 लाख रुपये यानी कर्ज का लगभग 62 प्रतिशत मद्रास, केन्द्रीय भूमि बन्धक बेक के द्वारा दिया गया। देय कर्ज का परिमाण 5 करोड 12 लाख रुपये से 5 करोड 98 लाख रुपये हो गया। देय ऋण पत्रों का परिमाण 5 करोड 82 लाख रुपये से 6 करोड 74 लाख रुपये हो गया। इस मे से केवल मद्रास वाली रकम 5 करोड रुपये से कुछ ऊपर है।

## अकृषि समितिया

**कर्ज समितियां**

1950-51 के अन्त मे भारत मे 7,810 प्राथमिक अकृषि कर्ज समितिया थी जबकि इस के पहले साल इन की सख्या 7,534 थी। इस की कार्यकारी पूंजी बढकर 56 करोड 78 लाख रुपये हो गयी और दिए हुए कर्ज का परिमाण 47 करोड 29 लाख रुपये हो गया। उनकी कार्यकारी पूंजी की बनावट इस प्रकार थी—

| | कुल का प्रतिशत |
|---|---|
| अपना कोष (ओड फड) . . . . | 30.8 |
| जमा . . . . . . | 61.8 |
| कर्जे . . . . . . | 7.4 |
| योग | 100.0 |

**गैर-कर्ज समितियां**

1950-51 के अन्त में 20,518 ऐसी समितियां थीं जिन के 28,03,256 सदस्य थे, और जिन की कार्यकारी पूंजी 35 करोड़ 22 लाख रुपये थी। 1949-50 की तुलना में ये आंकड़े उन्नति के सूचक है क्योंकि उस साल 19,739 समितिया थी जिन के सदस्य 25,49,494 और पूंजी 26 करोड़ 70 लाख रुपये थी। इन समितियों को मालिक अथवा

एजेन्ट के रूप में क्रमश 90 करोड 77 लाख रुपये और 2 करोड 67 लाख रुपयों का माल प्राप्त हुआ । विभिन्न किस्मों की सहकारी समितियों के शुद्ध लाभ इस प्रकार थे :

## तालिका 129

(लाख रुपयों में)

| | 1949-50 | 1950-51 |
|---|---|---|
| राज्य और केन्द्रीय बैंक | 66 10 | 70 62 |
| राज्य और केन्द्र की ऋण न देने वाली समितियां | 57.50 | 119 94 |
| कृषि ऋण समितियां | 74 75 | 87 72 |
| ऋण न देने वाली कृषि समितियां | 55 04 | 65 36 |
| अ-कृषि ऋण समितियां | 83 60 | 104 04 |
| ऋण न देने वाली अ-कृषि समितियां | 60 89 | 242 57 |
| भूमि बन्धक बैंक और समितियां | 6 67 | 7 04 |
| योग | 404 55 | 697.29 |

ऊपर के आंकडों से ज्ञात होता है कि देश में सहकारी आन्दोलन कहीं अधिक फैल रहा है तथा कहीं कम । इसके साथ ही यह भी द्रष्टव्य है कि कहीं इसका रूप कुछ है और कहीं कुछ और । "क" भाग के राज्यों के आन्दोलन यथेष्ट फैले हुए है, फिर भी ये दूसरे स्थानों में कम फैले है, और "ख" तथा "ग" भाग के राज्यों में करीब करीब अविकसित है । सच तो यह है कि भारत में इस समय जो 1,15,462 खेती सम्बन्धी प्राथमिक कर्ज समितियां है, उनमे केवल मद्रास, उत्तर प्रदेश और बम्बई में ही 52,422 समितियां यानी कुल का 45 4 प्रतिशत है ।

जमींदारी प्रथा के हटा दिये जाने से तो खेती करने वालों के लिये वित्त के वैकल्पिक साधन लुप्त हो जाने से सहकारी आन्दोलन की जिम्मेदारी बहुत बढ गई है । पंचवर्षीय योजना में खेती वाले कर्जों के सम्बन्ध में कुछ लक्ष्य नियत किया गया है, जैसे अल्पकालीन कर्जों के लिये प्रति वर्ष 100 करोड रुपये, मध्यकालीन कर्जों के लिये प्रति वर्ष 25 करोड रुपये और दीर्घकालीन कर्जों के लिये प्रति वर्ष 5 करोड रुपये लक्ष्य रक्खा गया है । इस का अर्थ यह है कि यह आन्दोलन बढेगा, तभी कार्य बढेगा । बढ यह तभी सकता है जब कि इस सगठन का दायरा और कार्यकुशलता बढे ।

## आंकडे : एक दृष्टि मे

| | 1949-50 | 1950-51 |
|---|---|---|
| समितियो की कुल सख्या | 1,73,094 | 1,81,189 |
| प्राथमिक समितियो की सदस्य सख्या | 1,25,61,016 | 1,37,15,020 |

| | 1949-50 | 1950-51 |
|---|---|---|
| सब प्रकार की समितियों की कार्यकारी पूंजी . . . | 2,33,10,28,870 रु० | 2,75,85,23,956 रु० |
| प्राथमिक समितियों द्वारा दिया गया ऋण | 70,56,08,272 रु० | 86,56,58,475 रु० |
| सब प्रकार की समितियों द्वारा अर्जित लाभ | 4,04,54,307 रु० | 6,97,29,650 रु० |
| **प्रान्तीय बैंक** | | |
| सख्या . . . | 14 | 15 |
| सदस्यों की सख्या . . | 18,618 | 20,932 |
| दिया गया ऋण . . | 29,57,73,390 रु० | 42,13,30,561 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . . | 30,45,42,441 रु० | 34,42,07,198 रु० |
| **केन्द्रीय बैंक तथा बैंकिंग यूनियन** | | |
| सख्या . . . | 498 | 505 |
| सदस्य सख्या . . . | 1,89,722 | 2,07,074 |
| दिया गया ऋण . . . | 75,43,47,929 रु० | 82,84,04,052 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . . | 49,87,34,416 रु० | 56,36,76,766 रु० |
| **प्राथमिक कृषि ऋण समितियां** | | |
| सख्या . . . | 1,16,534 | 1,15,462 |
| सदस्य सख्या . . . | 48,17,545 | 51,53,907 |
| दिया गया ऋण . . . | 17,98,68,995 रु० | 22,89,71,810 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . . | 35,21,75,427 रु० | 40,95,77,395 रु० |
| **प्राथमिक अ-कृषि समितियां** | | |
| सख्या . . . | 7,534 | 7,810 |
| सदस्य संख्या . . . | 20,65,990 | 21,77,551 |
| दिया गया ऋण . . . | 38,71,57,342 रु० | 47,29,02,608 रु० |
| कार्यकारी पूंजी . . . | 51,60,24,194 रु० | 56,78,02,055 रु० |
| **अ-ऋण प्रान्तीय समितियां** | | |
| संख्या . . . | 22 | 35 |
| सदस्य संख्या . . . | 9,364 | 20,068 |
| प्राप्त माल का मूल्य . . | 8,26,62,628 रु० | 21,29,10,083 रु० |
| विक्रय किये माल का मूल्य . . | 11,51,48,865 रु० | 21,32,05,330 रु० |
| कार्यकारी पूंजी . . . | 2,09,56,530 रु० | 8,74,63,865 रु० |

| | 1949-50 | 1950-51 |
|---|---|---|
| **अ-ऋण केन्द्रीय समितियां** | | |
| सख्या . . . | 2,091 | 2,201 |
| सदस्य सख्या . . | 13,37,738 | 14,53,135 |
| प्राप्त माल का मूल्य . . | 44,92,81,935 रु० | 84,29,55,169 रु० |
| विक्रय किये माल का मूल्य . . | 53,34,55,767 रु० | 86,07,01,253 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . | 11,27,68,745 रु० | 12,44,67,042 रु० |
| **अ-ऋण प्राथमिक कृषि समितियां** | | |
| सख्या . . . | 25,860 | 33,815 |
| सदस्य सख्या . . . | 29,41,157 | 33,65,243 |
| प्राप्त माल का मूल्य . . | 46,80,65,548 रु० | 52,12,48,666 रु० |
| विक्रय किये माल का मूल्य . . | 48,60,64,453 रु० | 55,00,25,115 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . . | 13,14,48,329 रु० | 16,53,82,046 रु० |
| **प्राथमिक अ-ऋण अ-कृषि समितियां** | | |
| सख्या . . . | 19,739 | 20,518 |
| सदस्य संख्या . . . | 25,49,494 | 28,03,256 |
| प्राप्त माल का मूल्य . . | 71,91,20,296 रु० | 93,43,82,356 रु० |
| विक्रय किये माल का मूल्य . | 76,57,41,180 रु० | 1,00,81,50,776 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . . | 26,70,75,761 रु० | 35,21,68,399 रु० |
| **केन्द्रीय भूमि बन्धक बैंक** | | |
| सख्या . . . | 5 | 5 |
| सदस्य सख्या . . . | 8,871 | 9,848 |
| दिया गया ऋण . . . | 1,01,08,270 रु० | 1,32,92,943 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . . | 6,86,93,711 रु० | 7,72,06,284 रु० |
| **प्राथमिक भूमि बन्धक बैंक** | | |
| सख्या . . . | 283 | 286 |
| सदस्य सख्या . . . | 1,86,330 | 2,15,063 |
| दिया गया ऋण . . . | 1,01,10,789 रु० | 1,29,01,950 रु० |
| कार्यकारी पूजी . . . | 5,86,09,316 रु० | 6,65,72,906 रु० |

## तालिका 130

## सहकारी समितियां, सदस्य और कार्यकारी पूंजी

### राज्य वार (1950–51)

| राज्य | जनसंख्या (10 लाख में) (क) | समितियों की कुल संख्या | प्रति लाख व्यक्ति पर समितियों की संख्या | प्राथमिक समितियों के सदस्यों की संख्या | प्रति 1000 व्यक्ति पर प्राथमिक समितियों के सदस्यों की संख्या | कार्यकारी पूंजी: योग | कार्यकारी पूंजी: प्रति व्यक्ति पीछे आना की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **भाग 'क' के राज्य** | | | | | | | |
| मद्रास | 57.0 | 24,205 | 42.5 | 33,82,495 | 59.3 | 85,32,44,721 | 235.0 |
| बम्बई | 35.9 | 16,076 | 44.8 | 22,43,577 | 62.5 | 82,97,10,922 | 369.8 |
| पश्चिमी बंगाल | 24.8 | 15,441 | 62.3 | 9,38,012 | 37.8 | 17,78,41,121 | 114.7 |
| उत्तर प्रदेश | 63.2 | 36,211 | 57.3 | 17,05,553 | 27.0 | 23,03,43,170 | 58.2 |
| मध्य प्रदेश | 21.2 | 10,202 | 48.1 | 4,19,714 | 19.8 | 9,72,56,089 | 73.3 |
| पंजाब | 15.3 | 14,052 | 91.8 | 7,42,922 | 48.6 | 12,52,50,472 | 130.9 |
| बिहार | 40.2 | 14,548 | 36.2 | 6,35,846 | 15.8 | 5,20,40,534 | 20.6 |
| उड़ीसा | 14.6 | 5,145 | 35.2 | 2,82,596 | 19.4 | 4,27,46,014 | 46.6 |
| आसाम | 9.0 | 2,929 | 32.5 | 2,83,960 | 31.6 | 1,95,61,196 | 34.7 |
| योग | 281.2 | 1,38,809 | 49.4 | 1,06,34,675 | 37.8 | 2,42,79,94,239 | 138.1 |
| **भाग ख, ग, और घ के राज्य (ख)** | | | | | | | |
| मैसूर | 9.1 | 5,190 | 57.0 | 4,94,822 | 54.4 | 6,90,90,904 | 121.4 |
| हैदराबाद | 18.6 | 15,077 | 81.1 | 14,56,478 | 78.3 | 10,13,28,235 | 87.0 |
| मध्यभारत | 7.9 | 6,601 | 83.6 | 1,77,036 | 22.4 | 4,13,78,831 | 83.7 |
| राजस्थान | 15.3 | 3,151 | 20.6 | 1,40,735 | 92.0 | 2,28,69,833 | 23.8 |
| तिरुवांकुर-कोचीन | 9.3 | 2,631 | 28.3 | 3,53,345 | 38.0 | 2,65,24,859 | 45.6 |
| पेप्सू | 3.5 | 1,453 | 41.5 | 42,732 | 12.2 | 1,54,64,963 | 70.1 |
| जम्मू और कश्मीर (ग) | — | 3,288 | — | 1,69,548 | — | 1,38,56,924 | — |
| सौराष्ट्र | 4.1 | 767 | 18.7 | 41,347 | 10.1 | 51,21,432 | 19.8 |
| अजमेर | 0.7 | 967 | 138.1 | 33,597 | 48.0 | 82,09,297 | 187.5 |
| भोपाल | 0.8 | 265 | 33.1 | 10,863 | 13.6 | 14,22,425 | 28.3 |
| दिल्ली | 1.7 | 983 | 57.8 | 60,267 | 35.5 | 1,57,90,316 | 148.4 |
| कुर्ग | 0.2 | 356 | 178.0 | 48,255 | 241.2 | 58,42,339 | 476.4 |
| हिमाचल प्रदेश | 1.0 | 843 | 84.3 | 23,982 | 24.0 | 21,36,783 | 34.1 |
| विन्ध्य प्रदेश | 3.6 | 464 | 12.9 | 10,682 | 30.2 | 3,93,628 | 1.8 |
| मणिपुर | 0.6 | 328 | 54.7 | 15,369 | 25.6 | 7,08,629 | 18.9 |
| त्रिपुरा | 0.6 | 9 | 1.5 | 653 | 1.1 | 1,54,650 | 4.0 |
| अन्दमान और निकोबार द्वीप समूह | 0.03 | 7 | — | 634 | 21.1 | 2,35,669 | 125.6 |
| योग | 77.03 | 42,380 | 55.0 | 30,80,345 | 40.0 | 33,05,29,717 | 68.6 |
| **सर्व योग** | 358.23 | 1,81,189 | 50.6 | 1,37,15,020 | 38.3 | 2,75,85,23,956 | 123.2 |

(क) जन-संख्या के आंकड़े भारत की जनगणना पेपर नं० 1 1952 में से लिये गये हैं।

(ख) बिलासपुर और कच्छ में सहकारी समितियां नहीं हैं।

(ग) जम्मू और काश्मीर में वहां की परिस्थिति विशेष के कारण जन-गणना नहीं की गयी।

# उन्नीसवां अध्याय

## शिक्षा

1947 मे शिक्षा विभाग केन्द्र का एक पूर्णावियव मंत्रालय बन गया। राज्य शिक्षा सम्बन्धी मामलो मे स्वतत्र है और उन पर जनता की शिक्षा की व्यवस्था करने की जिम्मेदारी है। केन्द्र का काम यह है कि वह शिक्षा के मामले मे राष्ट्रीय मान-दण्ड कायम रखने मे सहायता करे तथा यह देखरेख रक्खे कि शिक्षा का चरित्र राष्ट्रीय रहता है।

भारत सरकार "ग" भाग के राज्य तथा "घ" भाग के भूभागो की शिक्षा के लिये प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार है। अजमेर, कुर्ग, दिल्ली अन्दमान और निकोबार द्वीप पुज सविधान के लागू होने के पहले केन्द्र के द्वारा प्रशासित थे। केन्द्रीय सरकार कच्छ, मणिपुर, त्रिपुरा और भोपाल की शिक्षा के लिये भी जिम्मेदार है।

सरकार को इस सम्बन्ध मे जो अधिकार प्राप्त है, वे आशिक रूप से विश्वविद्यालयो, सैकेन्ड्री तथा इटर शिक्षा बोर्डों, जिला बोर्डों तथा कुछ परोपकारी और धार्मिक संस्थाओ मे बटे हुए है। नीचे की तालिका मे देश की स्वीकृत शिक्षा सस्थाओ के सम्बन्ध मे सूचनाए है। यह आकडे 1951-52 के है (क)

तालिका 131

| सस्था का रूप | सस्थाओ की संख्या | छात्र सख्या (हजारो मे) | व्यय (लाख रुपयो मे) |
|---|---|---|---|
| वश्वविद्यालय | 30 | 26 | 4,66 |
| माध्यमिक और इटरमीजियेट शिक्षा बोर्ड | 12 | — | 75 (ख) |
| कला और विज्ञान कालेज (ग) | 579 | 3,47 | 8,33 |
| धंधों की शिक्षा तथा विशेष शिक्षा देने वाले कालेज | 311 | 71 | 5,20 |
| माध्यमिक पाठशालाए | 22,500 | 56,48 | 33,40 |
| प्रारम्भिक पाठशालाएं | 2,14,862 | 1,89,01 | 40,15 |
| प्राक प्रारम्भिक पाठशालाएं | 331 | 23 | 15 |
| व्यावासयिक तथा विशेष शिक्षा देने वाली पाठशालाएं | 51,999 | 14,84 | 5,44 |
| योग | 2,90,264 | 2,65,00 | 98,08 (घ) |

(क) संस्थाएं अस्थायी है।

(ख) इस में उन पांच बोर्डों पर हुआ व्यय सम्मिलित नही है जिन पर व्यय परोक्ष व्यय के अन्तर्गत ले लिया गया है।

(ग) इस मे शोध संस्थाएं भी सम्मिलित है।

(घ) इसमें 23.52 करोड़ रुपये का परोक्ष व्यय सम्मिलित नही है।

**सार्जेन्ट योजना**

1944 मे केन्द्रीय शिक्षा परामर्श बोर्ड ने शिक्षा की एक राष्ट्रीय योजना बनाई। इस योजना को आमतौर से सार्जेन्ट योजना कहा जाता है। इस योजना मे 6 से 14 साल की उम्र के बच्चो और बच्चियो की सार्वजनिक अनिवार्य नि.शुल्क शिक्षा के सम्बन्ध मे सुझाव रक्खे गये थे। प्राथमिक विद्यालयो मे निम्न तथा उच्च नई तालीम के स्कूल आ जाते हैं। इस योजना में 11 से लेकर 17 साल तक के बच्चो के लिये एक छः साला पाठयक्रम भी आ गया था। हाई स्कूल या उच्च विद्यालयो के सम्बन्ध मे तय किया गया था कि वे दो विभिन्न किस्मो के होंगे, यानी एक तो विद्यापीठ ढग के और दूसरे प्रौद्योगिक या व्यवसायिक। इस योजना मे यह कहा गया था कि इटर पाठ्यक्रम का उच्छेदन कर दिया जाये और उच्च विद्यालय की अवधि मे एक साल तथा कालेज की अवधि मे एक साल और जोड़ा जाये। सार्जेन्ट योजना के अनुसार सारे देश के लिये एक चालीस साला शिक्षा सम्बन्धी रचनात्मक योजना बनाने की बात कही गयी थी। इन सुझावो पर खेर समिति ने विचार किया, और उस ने ऐसे उपाय बताये जिस से कि यही काम 16 साल के अन्दर पूरा हो सकता था। मोटे तौर पर भारत सरकार ने इस योजना को स्वीकार किया है।

सब से पहले दिल्ली के हायर सैकेन्ड्री एजूकेशन बोर्ड ने इटरमीडियेट कोर्स समाप्त कर दिया, और स्कूल के दोयम सोपान मे एक साल जोड दिया। अब इसे हायर सैकेन्ड्री कहते है। बाकी एक साल डिग्री पाठ्यक्रम मे जोड दिया।

इस समय हमारे यहा शिक्षा का जो ढाचा है, वह इस प्रकार है —(1) प्राथमिक विद्यालय जिन में क्षेत्र की भाषा यानी मातृभाषा माध्यम है, (2) मिडिल स्कूल जिन मे क्षेत्रीय भाषा और अंग्रेजी या केवल क्षेत्रीय भाषा मे शिक्षा दी जाती है, (3) सैकेन्ड्री स्कूल जिन मे मैट्रिकुलेशन यानी उस के तुल्य स्टैन्डर्ड की शिक्षा के लिये सुविधा रहती है, (4) इटर कालेज जो बोर्डों या विश्व-विद्यालयो के अन्तर्भुक्त है, (5) डिग्री कालेज जो विश्व-विद्यालयो के अधीन है, और (6) स्नातकोत्तर या शोध सस्थाए।

**प्राथमिक शिक्षा**

कुछ राज्यो मे विविध प्रकार के नर्सरी स्कूल या शिशु विद्यालय हैं। इन की सख्या बहुत कम है। कुछ ऐसे विद्यालयों को निजी सस्थाए चलाती हैं। कुछ विद्यालय ईसाई मिशनो के द्वारा चलाये जाते हैं। इस क्षेत्र मे बहुत विस्तार की गुंजाइश है, परन्तु प्रशिक्षित शिक्षको की कमी होने के कारण शिशु विद्यालयो का बडे पैमाने पर विस्तार सम्भव नही है। प्रत्येक राज्य मे शिशु विद्यालय अलग अलग ढंग से चलाये जाते हैं। किसी राज्य मे तीन से पाच साल तक की उम्र के बच्चे शिशु विद्यालय मे ले लिये जाते है, पर दूसरो मे सात साल के बच्चे ही लिये जाते हैं। 1950–51 में हिसाब लगा कर देखा गया था कि ऐसे शिशु विद्यालयो की सख्या लगभग 300 है।

प्राथमिक शिक्षा चार से छ साल तक के लिये है। हमारे देश की जनता का बहुत बड़ा भाग गाव मे रहता है, इस कारण अधिकांश प्राथमिक विद्यालय गावो मे हैं। 1949–50 मे यह हिसाब लगाया गया था कि कुल 2,07,354 प्राथमिक शिशु विद्यालयो मे से 1,65,056 प्राथमिक विद्यालय देहातों में अवस्थित हैं। गाव के प्राथमिक विद्यालयो के सम्बन्ध मे एक बत

यह भी बता देने योग्य है कि गावो के प्राथमिक विद्यालयो मे से आधो मे केवल एक ही शिक्षक होता है।

**जूनियर बेसिक शिक्षा**

शिक्षा के केन्द्रीय परामर्श बोर्ड ने यह सुझाव रक्खा है कि प्रत्येक बच्चे को कम से कम 8 साल तक बेसिक शिक्षा दी जाये, जिस मे से जूनियर बेसिक शिक्षा के प्रथम सोपान मे पाच वर्ष लगेगे। मद्रास सरकार ने बेसिक शिक्षा का रूप और भी विस्तृत इस प्रकार कर दिया है कि उन्होने आरम्भिक शिक्षा की एक नयी पद्धति चलाई है। भारत सरकार ने राज्य सरकारो को यह परामर्श दिया है कि 6 से 11 साल के बीच के बच्चो मे अनिवार्य तथा नि:शुल्क शिक्षा के लिये जल्दी से जल्दी प्रबन्ध करे और ऐसा जातपात, धर्म और सामाजिक स्थिति का ख्याल न रख कर किया जाये। इस शिक्षा पद्धति की आधारभूत बात यह है कि शिक्षार्थी काम करता जाये, और सीखता जाये। जूनियर बेसिक स्कूलो मे पाठ्यक्रम वही है जो प्राथमिक विद्यालयो मे है, पर इन मे आधारभूत दस्तकारियो, जैसे खेती, कताई, बुनाई, फलो की रक्षा, तरकारी उत्पादन, बढईगीरी, चमडे का काम, पुस्तक सम्बन्धी काम (जिस मे कागज और कार्डबोर्ड का काम भी आ जाता है) और घरेलू शिल्प जैसे खाना पकाना, सिलाई, गृहप्रबन्ध इत्यादि पर जोर दिया जाता है। इस सम्बन्ध मे यह मान लिया गया है कि यदि बच्चा बागवानी करे, तो खेती मे उसकी रुचि होगी, यदि वह सूत काते, तो बुनाई की तरफ उस का ध्यान आयेगा, और यदि वह मिट्टी के माडल बनायेगा तो बर्तन बनाने और लकडी के काम आदि की तरफ उस का ध्यान जायेगा। यह तो स्पष्ट ही है कि इस प्रकार के स्कूल केवल स्कूली इमारत से चल नही सकते। इमारत हो या न हो, स्कूल के साथ साथ बागबानी आदि के लिये दो एकड भूमि होनी चाहिये, और उस मे सिचाई की सुविधा होनी चाहिये। ऐसी आशा की जाती है कि कुछ सालों के अन्दर जितने भी प्राथमिक विद्यालय है उन सब को जूनियर बेसिक स्कूलो मे परिणित किया जा सकेगा।

**बेसिक प्रशिक्षण**

भारत मे जिन सस्थाओ मे बेसिक प्रशिक्षण दिया जाता है, उनमे ये सस्थाये विशेष रूप से उल्लेखनीय है :—सेवाग्राम का नई तालीम भवन, जामिया मिलिया दिल्ली की शिक्षक प्रशिक्षण सस्था, शान्तिनिकेतन का विद्याभवन और सर्वोदय महाविद्यालय या बिहार कम्यूनिटी कालेज। कुछ ऐसे अच्छे प्रशिक्षण विद्यालय भी है, जो निजी देखरेख मे चलाये जाते है। मद्रास का रामकृष्ण मिशन विद्यालय तथा उदयपुर का विद्याभवन ऐसे विद्यालयो मे है। इन के अलावा प्रत्येक राज्य ने अपने बेसिक प्रशिक्षण विद्यालय तथा स्नातकोत्तर बेसिक प्रशिक्षण कालेज भी स्थापित किये है।

**सैकेन्ड्री शिक्षा**

सैकेन्ड्री विद्यालयो मे दो विभाग है। एक जूनियर और दूसरा सीनियर। जूनियर श्रेणी तक का सेकेण्ड्री स्कूल कही तो मिडिल या कही लोअर सैकेन्ड्री स्कूल कहलाता है। इस मे तीन से चार साल लगते है। साधारण रूप से मिडिल स्कूल भी दो किस्म के है। एक तो देशी भाषा मिडिल स्कूल और दूसरे आग्ल देशी भाषा मिडिल स्कूल। अब यह भेद जल्दी जल्दी समाप्त हो रहा है।

सीनियर बेसिक शिक्षा जूनियर बेसिक शिक्षा की पूरक है। इस के लिये निर्दिष्ट उम्र ग्यारह से चौदह साल है। सीनियर बेसिक स्कूलों में शिल्प और दस्तकारी पर जोर दिया जाता है। जूनियर बेसिक विद्यालयों के 80 प्रतिशत बच्चे सीनियर बेसिक स्कूलों में जाते हैं, जब कि बाकी 20 प्रतिशत बच्चे हाई स्कूलों के जूनियर विभागों में जाते हैं, जहां उन्हें विश्वविद्यालयों में जा कर उच्च शिक्षा प्राप्त करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

**हाई स्कूल का सोपान**

हाई स्कूल में पहले 10 साल आ जाते हैं। छात्रों में से बहुत अधिक संख्या हाई स्कूलों में से निकलकर पढ़ना छोड़ देते हैं। जो लोग आगे पढ़ना चाहते हैं, या तो वे विश्वविद्यालयों में चले जाते हैं, या उच्च शिक्षा के किसी केन्द्र में भरती हो जाते हैं। जो छात्र हायर सैकेन्ड्री पास कर लेते हैं, वे ऐसे विश्वविद्यालयों की डिग्री की श्रेणियों में भरती हो जाते हैं जहां डिग्री के लिये तीन साल अध्ययन करना पड़ता है। कुछ राज्यों में इंटर कालेज, सैकेन्ड्री और इंटर शिक्षा बोर्डों के अधीन होते हैं, विश्वविद्यालयों के अधीन नहीं। दूसरे राज्यों में चार साल का डिग्री पाठ्यक्रम दो साल इंटर में तथा दो साल डिग्री में बंट जाता है।

**सैकेन्ड्री शिक्षा आयोग**

भारत सरकार ने सैकेन्ड्री शिक्षा आयोग स्थापित किया। इस के सभापति मद्रास विश्वविद्यालय के उपकुलपति डा० ए० लक्ष्मणस्वामी मुदलियर नियुक्त किये गये। इस आयोग को ये काम सौंपे गये—(क) भारत में इस समय सैकेन्ड्री शिक्षा की क्या परिस्थिति है, उसके सब पहलुओं पर जांच की जाये, और एक प्रतिवेदन दिया जाये, और (ख) इस के पुनर्गठन तथा उन्नति के लिये उपाय बताये जायें, विशेषकर (1) सैकेन्ड्री शिक्षा के उद्देश्यों, संगठन और अन्तर्गत वस्तु, (2) प्राथमिक बेसिक तथा उच्चतर शिक्षा के साथ इसका सम्बन्ध, (3) विभिन्न प्रकार के सैकेन्ड्री स्कूलों का पारस्परिक सम्बन्ध, (4) दूसरी मिली जुली समस्याओं का स्पष्टीकरण। इस जांच का उद्देश्य यह था कि सारे देश में इस समय जैसे भिन्न भिन्न सैकेन्ड्री शिक्षा पद्धति प्रचलित हैं, वैसी न रह कर उन्हें जहां तक हो सके युक्तिसंगत ढंग से एकरूप कर दिया जाये।

आयोग ने लगभग एक साल तक जांच करने के बाद 1953 के अगस्त में कुछ सुझाव दिये, जिन का सार यों है —

(1) चार या पांच साल प्राथमिक तथा जूनियर बेसिक शिक्षा के बाद हाई स्कूल शुरू होगा। इस में इस प्रकार की विभिन्न बातें आ जायें जैसे भाषा, सामाजिक अध्ययन, साधारण विज्ञान और दस्तकारी। एक उच्चाधिकार-समिति पाठ्य पुस्तकों का चुनाव करे। छात्र किन विषयों को ले इस सम्बन्ध में उसे सही पथ-प्रदर्शन तथा सलाह का मौका मिलना चाहिये।

(2) शिक्षा का माध्यम क्षेत्रीय भाषा हो, इस के अलावा मिडिल स्कूल में राष्ट्रभाषा तथा एक विदेशी भाषा की शिक्षा दी जानी चाहिये।

(3) साल में काम के दिन 200 से कम नहीं होने चाहिये, प्रति सप्ताह 35 पीरियड हों जो 45 मिनट के हों।

(4) परीक्षाओं तथा श्रेणी चढ़ाने के मामले मे विद्यालय के रिकार्डों पर विचार होना चाहिये ।

(5) प्रारम्भिक सोपान मे प्रौद्योगिक शिक्षा को प्रोत्साहन देने के लिये बहुधन्धी विद्यालय खोले जाने चाहिये ।

(6) सैकेन्ड्री विद्यालय के शिक्षको तथा स्नातक शिक्षको के प्रशिक्षण के लिये अलग अलग ग्रेड होने चाहिये । शारीरिक शिक्षा पर अधिक जोर दिया जाये ।

(7) सैकेन्ड्री शिक्षा बोर्ड, शिक्षक प्रशिक्षण-बोर्ड तथा राज्य परामर्श बोर्ड भी हो । प्रशासन को कुशलतापूर्वक चलाने के लिये केन्द्रीय तथा राज्य समितियो को समय समय पर मिलकर अपने कार्यों को संयुक्त करना चाहिये । निरीक्षण तथा सचालन के अधिकारी वर्ग बहुत उच्च अर्थ में विशेषज्ञ हो ।

(8) प्रत्येक स्कूल मे प्रबन्ध बोर्ड हो, जो कम्पनी विधि के अनुसार पजीकृत हो । प्रधान शिक्षक इसके पदेन सदस्य होगे ।

(9) स्कूल की ईमारते हवादार हो, और उनके साथ खेल के मैदान हो ।

(10) कृषि, उद्योग धन्धा, व्यापार, व्यवसाय, नागरिकता मे प्रशिक्षण की प्रगति की दृष्टि से केन्द्र को चाहिये कि सैकेन्ड्री शिक्षा के वित्तीय प्रबन्ध की व्यवस्था करे ।

**उच्चतर शिक्षा**

मैट्रिकूलेशन और इटर परीक्षाओ को पास करने के बाद छात्र कला, विज्ञान, व्यवसाय, कृषि, इंजीनियरिग, चिकित्साशास्त्र आदि की डिग्री की श्रेणियों मे भरती किये जाते है ।

बी. ए., बी. एस. सी. (प्रौद्योगिक), बी. काम., बी. एग., बी. ई., एम. बी. बी. एस., बी. टी., बी. एड., एल. एल. बी., आदि डिग्रियां विश्वविद्यालयो के विभिन्न विभागो के द्वारा दी जाती हैं । स्नातकोत्तर डिग्रियां ये है—एम. ए., एम. एस. सी., एम. काम., एम. ई., एम. डी., एम. एड. तथा एल. एल. एम. और इनसे भी ऊची शोध सम्बन्धी डिग्रियां ये है—पी. एच. डी., डी. एस. सी., डी. लिट., एल. एल. डी., इत्यादि । कुछ विश्वविद्यालय इंजीनियरिग और प्रौद्योगिक विज्ञान, व्यवसाय, शिक्षा विधिशास्त्र इत्यादि विषयों में अपने विभागों, परिषदो तथा स्नातकोत्तर शिक्षण विभागो के जरिये से उच्च शिक्षा का प्रबन्ध करते है ।

## विश्वविद्यालय

| नाम | स्थिति | रूप | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1. कलकत्ता . | पश्चिमी बंगाल | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1857 |
| 2. बम्बई . | बम्बई . | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । (पुनस्संगठित) . | 1857<br>1928 |
| 3. मद्रास . | मद्रास . | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । (पुनस्संगठित) . | 1857<br>1923 |

| नाम | स्थिति | रूप | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 4. इलाहाबाद | उत्तर प्रदेश | शिक्षा देने वाली, एकात्मक और स्थानीय । (पुनस्सगठित) | 1887<br>1922 |
| 5. बनारस | उत्तर प्रदेश | शिक्षा देने वाली और स्थानीय | 1916 |
| 6. मैसूर | मैसूर | सम्बन्धित करने वाली और शिक्षा देने वाली । | 1916 |
| 7. पटना | विहार | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1917 |
| 8. उसमानिया | हैदराबाद | शिक्षा देने वाली तथा स्थानीय | 1918 |
| 9. अलीगढ | उत्तर प्रदेश | शिक्षा देने वाली तथा स्थानीय | 1920 |
| 10. लखनऊ | उत्तर प्रदेश | शिक्षा देने वाली, एकात्मक तथा स्थानीय । | 1920 |
| 11. दिल्ली | दिल्ली | शिक्षा देने वाली, एकात्मक, तथा स्थानीय । | 1922 |
| 12. नागपुर | मध्य प्रदेश | शिक्षा देने वाली ओर सम्बन्धित करने वाली । | 1923 |
| 13 आन्ध्र | आन्ध्र | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1926 |
| 14. आगरा | उत्तर प्रदेश | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1927 |
| 15. अन्नामलाई | मद्रास | शिक्षा देने वाली, एकात्मक और सम्बन्धित करने वाली । | 1929 |
| 16. तिरुवाकुर | तिरुवाकुर-कोचीन | शिक्षा देने वाली, सम्बन्धित करने वाली तथा स्थानीय । | 1937 |
| 17. उत्कल | उडीसा | सम्बन्धित करने वाली | 1943 |
| 18. सागर | मध्य प्रदेश | शिक्षा देने वाली तथा सम्बन्धित करने वाली । | 1946 |
| 19 राजपुताना | राजस्थान | सम्बन्धित करने वाली तथा शिक्षा देने वाली । | 1947 |
| 20. पंजाब | पजाब | सम्बन्धित करने वाली तथा शिक्षा देने वाली । | 1947 |
| 21. गौहाटी | आसाम | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1948 |
| 22. पूना | बम्बई | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1948 |
| 23. रुड़की | उत्तर प्रदेश | शिक्षा देने वाली, एकात्मक और स्थानीय । | 1948 |
| 24. जम्मू और काश्मीर | काश्मीर | सम्बन्धित करने वाली | 1948 |
| 25. बडौदा | बम्बई | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1949 |
| 26. कर्नाटक | बम्बई | शिक्षा देने वाली और सम्बन्धित करने वाली । | 1950 |
| 27. गुजरात | बम्बई | सम्बन्धित करने वाली | 1950 |

| नाम | स्थिति | रूप | वर्ष |
|---|---|---|---|
| 28 श्रीमती नाथीबाई दामोदर ठाकरसे भारतीय नारी विश्वविद्यालय । | बम्बई | सम्बन्धित करने वाली | 1951 |
| 29 विश्व-भारती | पश्चिम बंगाल | शिक्षा देने वाली, एकात्मक और स्थानीय । | 1951 |
| 30 बिहार | बिहार | सम्बन्धित करने वाली | 1952 |

**अन्तर्विश्वविद्यालय बोर्ड**

अन्तर्विश्वविद्यालय बोर्ड एक परामर्श समिति के रूप में काम करता है। इसके सामने विश्वविद्यालयों की समस्यायें आती रहती हैं। यह बोर्ड विदेशों में अपनी डिग्रियों तथा डिप्लोमाओं को स्वीकृत कराने के लिये प्रयास करता है। 1953 के अप्रैल में 'क' तथा 'ख' भाग के राज्यों के शिक्षा मंत्रियों तथा उपकुलपतियों का एक सम्मेलन हुआ था, जिसमें विश्वविद्यालय की शिक्षा के सामान्य मान-दण्ड को ऊपर उठाने के लिये कुछ महत्वपूर्ण उपायों पर बातचीत हुई थी। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग को भी यह निर्देश दिया गया था कि अपने विशेष कर्तव्यों के अतिरिक्त वह इन सुझावों को कार्यरूप में परिणत करे। उच्चतर शिक्षा तथा शोध कार्य के विकास के लिये योजना आयोग ने तीन करोड़ तीस लाख रुपये की व्यवस्था की है।

**गैर-विश्वविद्यालय संस्थायें**

विश्वविद्यालयों के अतिरिक्त कुछ संस्थाएं ऐसी हैं जिन में स्नातक बनने के पहले, स्नातक बनने तथा स्नातकोत्तर कार्य और प्रशिक्षण की सुविधाएं दी जाती हैं। इनको निम्नलिखित वर्गों में बांटा गया है। (1) ह्यूमेनिटीज, (2) वैज्ञानिक शोध, (3) इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिक विज्ञान, (4) कृषि और (5) चिकित्सा शास्त्र।

**ह्यूमेनिटीज**

देश भर में इस समय दस संस्थाएं हैं जिनमें शिक्षा, भारतीय अभिलेखागार, प्राच्य विद्या, इंडोलोजी या भारत-तत्व, दर्शन, सामाजिक विज्ञान आदि विषयों में उच्चतर शिक्षा दी जाती है।

**वैज्ञानिक शोध**

इस समय देश में वैज्ञानिक संस्थाओं तथा प्रयोगशालाओं की संख्या 78 है। इनमें से 12 तो राष्ट्रीय प्रयोगशालाएं हैं, जिन्हें कौंसिल आफ साइंटिफिक एण्ड इंडस्ट्रियल रिसर्च चलाती है, बाकी संस्थाएं निजी सभाओं या उद्योगपतियों के द्वारा चलाई जाती हैं।

**इंजीनियरिंग विद्या और प्रौद्योगिक विज्ञान**

इस समय देश भर में 14 ऐसी ऊंचे दर्जे की संस्थाएं हैं जिनमें इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिक विज्ञान की सभी प्रकार की शिक्षा दी जाती है। कुछ महत्वपूर्ण विषय जिनकी शिक्षा इन संस्थाओं में दी जाती है, ये हैं—

(1) वैमानिक इंजीनियरिंग, (2) आटोमोबील इंजीनियरिंग (3) रासायनिक इंजीनियरिंग (4) सिविल इंजीनियरिंग, (5) विद्युत इंजीनियरिंग, (6) विद्युत एवं यान्त्रिक

इंजीनियरिंग (सम्मिलित), (7) मार्ग निर्माण इंजीनियरिंग, (8) आतर-दहन इंजीनियरिंग, (9) यान्त्रिक इंजीनियरिंग, (10) नाविक भास्कर्य, (11) रेडियो इंजीनियरिंग, (12) टेली-संचार, (13) खनिज-विज्ञान, (14) धातु-कर्म, (15) भू-भौतिकी, (16) व्यावहारिक भौतिक विज्ञान, (17) रासायनिक प्रौद्योगिकी, (18) चलचित्र विज्ञान और ध्वनि प्रौद्योगिकी, (19) मात्स्यिकी प्रौद्योगिकी और नौका-नयन, (20) चर्म प्रौद्योगिकी, (21) मुद्रण प्रौद्योगिकी, (22) शर्करा प्रौद्योगिकी, (23) वस्त्र प्रौद्योगिकी, (24) व्यावहारिक कला कौशल, (25) भास्कर्य और (26) वाणिज्य ।

**कृषि**

देश भर में ऐसी 13 संस्थाए है, जहा पर कृषि इत्यादि अन्य प्रयुक्त विज्ञानो के अध्ययन की सुविधाए है । यह एक बहुत ही मार्के की बात है कि चावल तथा अन्य पुष्टिकर द्रव्यो के लिये उपयुक्त एवजी तैयार करने मे बहुत प्रगति हुई है ।

**चिकित्सा शास्त्र**

कई विश्वविद्यालयो के साथ मैडिकल कालेज तथा चिकित्सा-शास्त्र विभाग लगे हुए है । पर इनके अलावा लिप्रसी इंस्टीच्यूट या कुष्ट संस्था तथा ट्यूबरक्लोसिस ऐसोसियशन या तपेदिक संघ ऐसी संस्थाए मौजूद है जिनमे विशेष विषयो पर अध्ययन की सुविधा है । यो तो ये संस्थाए आत्मशासित है, पर इन्हे सरकार से वित्तीय अनुदान मिलता रहता है ।

**विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग**

भारत सरकार ने 1948 के नवम्बर मे डा० सर्वपल्ली राधाकृष्णन को सभापति बना कर एक आयोग नियुक्त किया कि वह विश्वविद्यालय की शिक्षा पर रिपोर्ट देता हुआ उन्नति के सुझाव रक्खे । आयोग ने जो सुझाव रक्खे, वे इस प्रकार है––विश्वविद्यालय के शिक्षको के वेतन के स्केल बढा दिये जाये, छात्रो को तभी विश्वविद्यालय मे भरती किया जाये जबकि वे विश्वविद्यालय से पहले 12 साल की शिक्षा समाप्त कर चुके हो, शिक्षा का वर्ष परीक्षाओ के अतिरिक्त 180 कार्यकारी दिनो का हो, तीन टर्म हो जिनमे से प्रत्येक लगभग ग्यारह सप्ताह का हो, उच्च शिक्षा के तीन मुख्य उद्देश्य है यानी साधारण सामान्य शिक्षा, उदार शिक्षा और पेशा सम्बन्धी शिक्षा । इन विषयो पर अधिक ध्यान दिया जाये––(1) कृषि, (2) व्यवसाय, (3) शिक्षा, (4) इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिक विज्ञान, (5) विधि शास्त्र और (6) चिकित्सा-शास्त्र । इस समय मौजूदा इंजीनियरिंग तथा प्रौद्योगिक विज्ञान की संस्थाए राष्ट्रीय सम्पत्ति के रूप मे समझी जाये और उन्हे उन्नत बनाने के लिये सब प्रकार के प्रयास किये जाये । प्रशासनीय सेवाओ के लिये विश्वविद्यालय की डिग्री आवश्यक न समझी जाये । विभिन्न सरकारी सेवा मे भरती होने के लिये राज्य की ओर से होने वाली परीक्षाए सब प्रार्थियो के लिये खुली हो, प्रथम डिग्री के लिये प्रस्तुत करने मे तीन साल लगते है, इसलिये यह वाछनीय नही है कि इस अरसे मे किये गये सारे कार्य की जाच केवल एक परीक्षा से की जाये, जहा तक हो सके परीक्षाए कई टकडो मे हो, परीक्षा का मान-दण्ड सर्वत्र ऊचा किया जाये और सब विश्वविद्यालयो मे वह एक रूप कर दिया जाये, विश्वविद्यालय की शिक्षा सहायक (कानकरेन्ट) सूची मे रक्खी जाये ।

शिक्षा के केन्द्रीय परामर्श बोर्ड ने सामान्यत आयोग की सिफारिशो को मजूर किया, पर उन्हे कार्यरूप मे परिणत करने के लिये कुछ दिक्कते थी । इसलिये उन्हे दूर करने के लिये कानून

बनाये जा रहे है। बाकी सिफारिशें फौरन कार्यान्वित हो रही है। विश्वविद्यालय मे स्नातकोत्तर ोध को उन्नत तथा विस्तृत करने के लिये 8 विश्वविद्यालयो को लगभग साढे चार करोड रुपयों ा अनुदान दिया गया है।

**प्रौढ़ शिक्षा**

हमारे देश मे प्रौढ शिक्षा की विशेष आवश्यकता है। देश भर मे कई तरह की प्रौढ शिक्षाए है, जिनमे अल्पकालीन तथा व्यापक पाठ्यक्रम की व्यवस्था है। अल्पकालीन पाठ्यक्रम का उद्देश्य साक्षरता के विस्तार तक सीमित है पर स्वास्थ्य, सफाई और नागरिक शास्त्र मे वृहत्तर पाठ्यक्रमो की भी व्यवस्था है। सेवाग्राम में एक देहाती विश्वविद्यालय और दिल्ली मे एक जनता कालेज है। इनमे देहाती इलाको के लिये नेतृत्व की शिक्षा दी जाती है।

**श्रव्य-दृश्य सहायताएं**

शिक्षा मत्रालय ने श्रव्य—दृश्य शिक्षा के लिये राष्ट्रीय बोर्ड कायम कर दिया है जिसका काम यह है कि इस क्षेत्र में होने वाले कार्यों मे परस्पर सयोग कायम रक्खे तथा केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार को परामर्श दे। इस बोर्ड की ओर से अत्यन्त दूर देहातों मे मोटर गाडियां भेजी जाती है, जिनमे ग्रामोफोन, मैजिक लालटैन, फिल्मे तथा फिल्म दिखाने के साधन होते है। इनके द्वारा लोगो को सामाजिक शिक्षा दी जाती है। आल इडिया रेडियो के सभी केन्द्रो से ग्रामवासियो के उपयुक्त कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं। आल इडिया रेडियो के कुछ केन्द्रो से औद्योगिक क्षेत्रो यानी विशेषकर हमारे मजदूर भाइयों के लिये कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है। कई राज्य सरकारो ने तो सामाजिक शिक्षा के लिये सगीत तथा नाटको द्वारा मनोरजन के कार्यक्रम को भी अपनाया है। इनके अलावा कई राज्यो मे मेले और प्रदर्शनिया भी सगठित की जाती है, जिससे किसान को अधिक से अधिक लाभ हो।

**दृश्य कलाएं और शिल्प**

दृश्य कलाओ और शिल्पों, कृषि, सगीत, चित्र विद्या इत्यादि से शिक्षा देने के लिये विद्यालय तथा कालेजो मे सुविधाए है :

## तालिका 132

**राज्यों में मान्यता-प्राप्त शिक्षण संस्थायें** 1951-52 (क)

| राज्य<br>1 | सस्थाए<br>2 | छात्रो की सख्या (हजारो मे)<br>3 | व्यय (लाख रुपये मे)<br>4 |
|---|---|---|---|
| आसाम | 13,882 | 8,84 | 2,56 |
| बिहार | 30,238 | 19,80 | 7,82 |
| बम्बई | 42,250 | 42,92 | 22,62 |
| मध्य प्रदेश (क) | 31,113 | 14,90 | 5,34 |
| मद्रास | 43,718 | 51,26 | 22,48 |

(क) सख्याए अस्थायी है।

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| उडीसा . . . | 11,528 | 6,19 | 2,13 |
| पंजाब . . . . | 6,195 | 9,08 | 5,51 |
| उत्तर प्रदेश . . . | 38,023 | 38,11 | 17,28 |
| पश्चिमी बगाल . . . | 20,085 | 22,53 | 12,39 |
| हैदराबाद (क) . . . | 9,753 | 7,32 | 4,70 |
| जम्मू और काश्मीर (क) . | 1,449 | 91 | 37 |
| मध्य-भारत . . . . | 5,239 | 3,64 | 1,82 |
| मैसूर . . . . | 13,876 | 9,26 | 3,50 |
| पेप्सू . . . . | 1,432 | 1,66 | 92 |
| राजस्थान . . . | 6,332 | 4,62 | 2,65 |
| सौराष्ट्र (क) . . | 2,777 | 2,83 | 1,22 |
| तिरुवाकुर-कोचीन (क) | 5,534 | 15,14 | 3,39 |
| अजमेर . . | 653 | 58 | 63 |
| अडमान और निकोबार द्वीप-समूह | 23 | 2 | 1 |
| भोपाल . . . | 373 | 20 | 16 |
| बिलासपुर . | 36 | 6 | 3 |
| कुर्ग . . | 163 | 25 | 15 |
| दिल्ली . | 1,921 | 2,33 | 2,88 |
| हिमाचल प्रदेश . | 627 | 42 | 19 |
| कच्छ . | 287 | 23 | 8 |
| मणिपुर . | 681 | 53 | 15 |
| त्रिपुरा . . . . | 497 | 35 | 16 |
| विन्ध्य प्रदेश . | 1,948 | 1,02 | 46 |
| भारत . . | 2,90,624 | 2,65,00 | 1,21,60 |

तालिका 133

**मान्यता प्राप्त संस्थाओं में छात्रों की संख्या श्रेणी—अनुसार (1951–52) (ख)**

| | लडके | लडकिया | योग |
|---|---|---|---|
| **कालेज शिक्षा** | | | |
| इटरमीजियेट . . | 2,19,000 | 28,000 | 2,47,000 |
| बी ए., बी. एस. सी . | 85,000 | 13,000 | 98,000 |
| एम. ए, एम एस सी | 14,000 | 2,000 | 16,000 |
| शोध कार्य | 1,000 | — | 1,000 |
| व्यावसायिक और प्रौद्योगिक शिक्षा . | 1,07,000 | 9,000 | 1,16,000 |
| योग . . | 4,26,000 | 52,000 | 4,78,000 |

(क) इन सख्याओ का सम्बन्ध 1950-51 से है।

(ख) सख्याये अस्थायी हैं।

| | लडके | लडकियां | योग |
|---|---|---|---|
| **स्कूल शिक्षा** | | | |
| पूर्व-प्रारम्भिक | 19,000 | 14,000 | 33,000 |
| प्रारम्भिक | 1,37,74,000 | 54,66,000 | 1,92,40,000 |
| माध्यमिक | 43,78,000 | 8,91,000 | 52,69,000 |
| व्यावसायिक और प्रौद्योगिक शिक्षा | 12,15,000 | 2,63,000 | 14,78,000 |
| योग . . | 1,93,86,000 | 66,34,000 | 2,60,20,000 |
| **सर्व योग** | 1,98,12,000 | 66,86,000 | 2,64,98,000 |

सघ सरकार ने शिक्षकों को बेसिक शिक्षा, कला और शिल्प, सगीत और नृत्य की शिक्षा देने के लिये दिल्ली के जामिया मिलिया तथा शातिनिकेतन की विश्व-भारती में व्यवस्था की है। कुछ भारतीय विश्वविद्यालयो ने प्रशिक्षण देने के लिये विशेष व्यवस्था की है और उनकी तरफ से प्रमाणपत्र तथा डिप्लोमा दिये जाते है। 1953 की जनवरी में नृत्य, नाटक और सगीत की राष्ट्रीय अकादमी स्थापित की गई। सघ सरकार ने कला और साहित्य के क्षेत्र मे विभूतियो को वित्तीय सहायता देने की एक व्यवस्था भी की है।

**अक्षमों की शिक्षा**

अक्षमो की शिक्षा को दो श्रेणियो मे बाटा जा सकता है। एक तो उन अक्षमो की शिक्षा के लिये विद्यालय जो अन्धे, बहरे या गूगे है यानी जो शारीरिक दृष्टि से अक्षम है और दूसरे मानसिक रूप से अक्षमो के लिये विद्यालय।

अन्धो के लिये 50 तथा गूगो और बहरो के लिये 42 सस्थाए है, मानसिक रूप से अक्षमो के लिये केवल दो ही सस्थाए है, एक पश्चिमी बगाल मे तथा दूसरी बम्बई मे।

सभी राज्यो मे अन्धो को ब्रेल पद्धति के अनुसार क्षेत्रीय भाषाओ के जरिये से शिक्षा दी जाती है। छात्रो को दर्जीगीरी, कढाई, बुनाई, बढईगीरी आदि की शिक्षा दी जाती है। इन विद्यालयो मे सगीत की भी शिक्षा दी जाती है।

1950 की जनवरी मे देहरादून मे वयस्क अधो के लिये एक प्रशिक्षण केन्द्र खोला गया था। यहा अच्छा काम हो रहा है। देहरादून मे केन्द्रीय ब्रेल छापाखाना है, और यहा हिन्दी मे ब्रेल की पुस्तके प्रकाशित हो रही है। ओठ के द्वारा पढाई के अतिरिक्त गूगो, बहरो को शब्दस्फुट करना तथा ऐसे शिल्प सिखलाये जाते है जैसे चित्र विद्या, बढईगीरी, दर्जीगीरी इत्यादि।

**प्रौद्योगिक शिक्षा**

शिक्षा मत्रालय का एक डिवीजन देश की प्रौद्योगिक शिक्षा की देखरेख करता है। सघ सरकार ने प्रौद्योगिक शिक्षा के लिये एक अखिल भारतीय प्रौद्योगिक शिक्षा परिषद् की स्थापना की है, जिसका उद्देश्य यह है कि वह प्रौद्योगिक शिक्षा, विकास तथा मानदण्डीकरण के सम्बन्ध मे परामर्श दे। परिषद् ने इजीनियरिग व्यवसाय, रासायनिक इजीनियरिग और वस्त्र प्रौद्योगिक

विज्ञान सम्बन्धी अध्ययनों के लिये अखिल भारतीय बोर्डों की एक सयुक्त समिति भी कायम की है । साथ ही परिषद् ने आगामी पाच वर्षों तथा दीर्घकालीन आधार पर प्रौद्योगिक जनशक्ति की कितनी आवश्यकता है इसके प्रमापन के लिये एक उपसमिति नियुक्त की है । सरकार ने क्षेत्रीय समितिया भी नियुक्त की हैं, जिनका प्रधान सहायक औद्योगिक परामर्शदाता होता है । इनका काम यह है कि एक तरफ तो शिक्षा सस्थाओ और दूसरी तरफ सरकार के औद्योगिक तथा प्रौद्योगिक विभागों में सम्पर्क कायम रक्खे ।

## छात्रवृत्ति की योजनाये

### समुद्रपार छात्रवृत्ति की योजनाएं

युद्ध के बाद की विकास योजनाओं मे प्रौद्योगिक दृष्टि से सहायक सिद्ध होने के लिये भारत सरकार ने प्रौद्योगिक उच्च शिक्षा के लिये 1945 मे समुद्रपार छात्रवृत्तियों की योजना बनाई थी । तब से इस योजना में कुछ परिवर्तन किया गया है । और 1952-53 के प्रारम्भ से तीन साल तक के लिये यह योजना कुछ परिवर्तित करके मजूर की गई है ।

इस समय यह योजना विश्वविद्यालय तथा उच्चतर शिक्षा की अन्य सस्थाओ तक ही सीमित है । 1952-53 मे 25 व्यक्ति छात्रवृत्तियो के लिये चुने गये ।

### केन्द्रीय राज्य छात्रवृत्ति योजना

यह योजना 'ग' भाग के राज्यो तथा 'घ' भाग के क्षेत्रो तक ही सीमित है । आम तौर पर विदेश मे जाकर अध्ययन करने के लिये प्रति वर्ष एक छात्रवृत्ति दी जाती है ।

### ब्रिटिश उद्योग संघ की योजना

इस योजना के अनुसार ग्रेट ब्रिटेन मे छात्रो की शिक्षा के लिये भारत सरकार को और छात्र 200 पौंड देना पड़ता है । इस के अनसार 1952-53 मे उद्योग धधो मे व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये भारतीयो को सात छात्रवृत्तिया दी गईं ।

### भारत जर्मन औद्योगिक सहयोग योजना

पश्चिमी जर्मनी के संघी प्रजातत्र ने 50 भारतीय छात्रो को स्नातकोत्तर सुविधाए देने के अतिरिक्त 250 भारतीय इजीनियरो और शिक्षार्थियो को जर्मन भारी उद्योग धधों में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिये निशुल्क सुविधाये देना स्वीकार किया । इस के जवाब मे भारत सरकार ने दस जर्मन छात्रो को भारतीय भाषाओं, धर्म, दर्शन के अध्ययन के लिये छात्रवृत्तिया दी है ।

### अनुसूचित जातियों अनुसूचित उपजातियों तथा पिछड़े हुए वर्गों को छात्रवृतियां

1952-53 मे ऊपर बताये हुए वर्गों के छात्रो को मैट्रिकुलेशन के बाद की शिक्षा के लिये साढे सत्रह लाख रुपये की व्यवस्था की गई है । बाद को चल कर इस मद मे 12 लाख 60 हजार पया जोड दिया । 1952-53 मे कुल मिला कर 5,893 छात्रवृत्तिया दी गई जिन मे से 1,726

पेशों के लिये, 276 स्नातकोत्तर अध्ययन के लिये, 953 स्नातक बनने के लिये और 2,938 छात्रवृत्तियां प्राकस्नातक अध्ययन के लिये दिये गये। 1953-54 में इस के लिये चालीस लाख रुपये की व्यवस्था है।

**एशिया अफ्रीका तथा कामनवेल्थ के दूसरे देशों की ओर से छात्रवृत्तियां**

भारत तथा दूसरे देशो में सांस्कृतिक सम्पर्क बढ़ाने तथा भारत में शिक्षा सम्बन्धी सुविधायें बढ़ाने के लिये 1949 में 70 छात्रवृत्तियो की एक आम योजना बनाई गई। इसके फल-स्वरुप 1952-53 मे विभिन्न देशो से 91 छात्र आये 1953-54 में इसी योजना के अनुसार 100 छात्रवृत्तियां देने की व्यवस्था की गई है।

**फ्रांसीसी छात्रों को फैलोशिप**

फ्रासीसी सरकार ने भारतीय छात्रों को कुछ छात्रवृतिया दी है। इसके जवाब में भारत सरकार ने फांसीसी छात्रो को छात्रवृत्तिया दी है।

**संयुक्त राष्ट्र संघीय और यूनेस्को फैलोशिप**

भारत सरकार संयुक्त राष्ट्र संघीय सामाजिक कल्याण फैलोशिपों तथा छात्रवृत्तियों के कार्यक्रमो मे 1947 से बराबर भाग लेती रही है। फैलोशिपों तथा छात्रवृतियों के कार्यक्रमों की शर्तो के अनुसार संयुक्त राष्ट्र की तरफ से प्रत्येक व्यक्ति को मासिक वृत्ति दी जाती है। अध्ययन के लिये निर्वाचित देश के अनुसार मासिक वृत्ति की रकम अलग होती हैं। इसके साथ ही समाज का खर्च तथा पुस्तकों के क्रय तथा अन्य आवश्यक वस्तुओं के लिये भी खर्च दिया जाता है।

1952 मे भारत को 35 से ले कर 40 संयुक्त राष्ट्रसंघीय सामाजिक कल्याण फैलोशिप तथा 10 से ले कर 15 छात्रवृत्तियां दी गई। 1953 के कार्यक्रम के लिये भारत सरकार से 70 प्रार्थियों के आवेदन पत्र भेजने के लिये कहा गया था।

## हिन्दी प्रचार

हिन्दी के विकास तथा प्रचार के लिये शिक्षा मंत्रालय ने एक पंचवर्षीय योजना बनाई है। इस योजना का उद्देश्य यह है कि संविधान के अनुसार हिन्दी को पन्द्रह वर्ष के अन्दर संघ की सरकारी भाषा बना दी जाये। इसी उद्देश्य से मंत्रालय मे एक हिन्दी विभाग भी खोला गया है। विशेषकर अहिन्दी भाषी क्षेत्रो मे हिन्दी के विकास तथा प्रचार के लिये हिन्दी शिक्षा समिति नाम से एक समिति की स्थापना हुई है, जो मंत्रालय को इस संबंध मे सलाह देगी। 1950 मे वैज्ञानिक, प्रशासनीय तथा दूसरे प्रौद्योगिक शब्दों के लिये कोष तैयार करने के लिये वैज्ञानिक शब्दावली बोर्ड की स्थापना हुई है।

मंत्रालय ने सरकारी नौकरो को हिन्दी शिक्षा देने के लिये श्रेणियां खोल दी है। अखिल भारतीय हिन्दी परिषद्, नई दिल्ली; साहित्यकार संसद्, इलाहाबाद; संसदीय हिन्दी परिषद्, तथा वर्धा की राष्ट्रभाषा प्रचार समिति को विशेष अनुदान दिये गये है। धीरे धीरे एक हिन्दी पुस्तकालय बन रहा है। हिन्दी के मौलिक लेखकों तथा अनुवादकों के लिये 29,000 रुपये के पुरस्कारो की घोषणा की गई है।

## तालिका 134

### शिक्षा बजट (राजस्व लेखा) (क)

| सरकार | 1952-53 कुल व्यय (लाख रुपयों में) | 1952-53 सम्पूर्ण बजट का प्रतिशत | 1953-54 कुल व्यय (लाख रुपयों में) | 1953-54 सम्पूर्ण बजट का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| आसाम . | 185 | 14·7 | 200 | 13·3 |
| बिहार . | 412 | 13·8 | 521 | 15·6 |
| बम्बई . | 1,280 | 20·3 | 1,282 | 18·9 |
| मध्य प्रदेश | 314 | 15·8 | 467 | 19·0 |
| मद्रास | 1,180 | 16·6 | 1,205 | 14·9 |
| उडीसा . . | 140 | 11·6 | 177 | 12·2 |
| पंजाब . . | 191 | 11·4 | 251 | 12·5 |
| उत्तर प्रदेश . | 785 | 12·0 | 854 | 10·8 |
| पश्चिमी बंगाल . . | 400 | 9·7 | 487 | 11·2 |
| हैदराबाद | 505 | 16·0 | 476 | 16·9 |
| जम्मू और काश्मीर | 45 | 9·6 | 56 | 12·0 |
| मध्य-भारत . | 177 | 13·4 | 178 | 12·3 |
| मैसूर . . | 338 | 16·9 | 373 | 16·8 |
| पेप्सू . | 78 | 13·3 | 109 | 15·4 |
| राजस्थान | 250 | 14·5 | 294 | 15·1 |
| सौराष्ट्र | 122 | 14·0 | 147 | 14·7 |
| त्रिवाकुर-कोचीन | 320 | 17·0 | 381 | 17·8 |
| अजमेर . . | 50 | 29·7 | 61 | 31·0 |
| अण्डमान और निकोबार द्वीप-समूह | 2 | 1·6 | 3 | 1·7 |
| भोपाल | 27 | 7·5 | 35 | 13·7 |
| बिलासपुर | 34 | 23·7 | 4 | 16·2 |
| कुर्ग | 12 | 13·5 | 25 | 17·9 |
| दिल्ली | 113 | [illegible] | 142 | 33·2 |
| हिमाचल प्रदेश . | 29 | 11·7 | 38 | 13·0 |
| कच्छ | 11 | 11·4 | 12 | 11·0 |
| मणिपुर . . | 10 | 21·6 | 12 | 18·4 |
| त्रिपुरा . . | 19 | 17·3 | 20 | 16·3 |
| विन्ध्य प्रदेश . | 66 | 19·4 | 84 | 18·8 |
| भारत . | 7,068 | 15·0 | 7,894 | 15·0 |

(क) केवल शिक्षा विभागों के।

## तालिका 135

**स्रोतों के अनुसार शिक्षा पर अपरोक्ष व्यय**

| स्रोत | 1948-49 | | 1950-51 | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रुपयों में) | प्रतिशत | राशि (करोड़ रुपयों में) | प्रतिशत |
| सरकारी निधि . . | 33 59 | 49 0 | 64 55 | 56 9 |
| स्थानीय संस्था निधि . | 9 51 | 13 9 | 12 48 | 11 0 |
| फीस . . | 16 47 | 24 1 | 23 12 | 20·4 |
| अन्य स्रोत . | 8 89 | 13 0 | 13 28 | 11 7 |
| योग . . | 68·46 | 100·0 | 113 43 | 100 0 |

## तालिका 136

**मदों के अनुसार शिक्षा पर व्यय**

| मदे | 1948-49 | | 1950-51 | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि (करोड़ रुपयों में) | प्रतिशत | राशि (करोड़ रुपयों में) | प्रतिशत |
| 1. प्रारम्भिक पाठशालाएं | 22.9 | — | 37.15 | 32.8 |
| 2. माध्यमिक पाठशालाएं . | 18.15 | — | 30.39 | 26.8 |
| 3. व्यावसायिक तथा विशेष पाठशालाएं . | 3.60 | — | 6.23 | 5.5 |
| 4. कला और विज्ञान कालेज | 4.03 | — | 6.7 | 5.9 |
| 5 धंधों की शिक्षा देने वाले और विशेष कालेज | 2.85 | — | 4.41 | 4.0 |
| 6 विश्वविद्यालय और माध्यमिक एवं इंटरमीजियेट शिक्षा के बोर्ड | 2.0 | — | 5.9 | 5.2 |
| 7 निर्देशन और निरीक्षण | 1.93 | — | — | 2.4 |
| 8. भवन . . | 5.61 | — | 9.8 | 8.5 |
| 9 विविध . . | 6.40 | — | 7.1 | 6.0 |

# बीसवां अध्याय

## स्वास्थ्य

स्वास्थ्य का विषय राज्य सरकार से सम्बन्ध रखता है, फिर भी बहुत से मामलों में केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय को यह अधिकार है कि वह स्वास्थ्य सम्बन्धी मामलों में हस्तक्षेप करे। राज्यों के मामलों में स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्य विशुद्ध रूप से परामर्श देने तथा राज्यों के कार्यों को परस्पर संयुक्त करने का है। स्वास्थ्य मंत्रालय स्वास्थ्य सम्बन्धी विषयों पर अत्यावश्यक सूचनाएं भी भेजता रहता है। इस के अतिरिक्त देशवासियों के स्वास्थ्य तथा कल्याण के लिये परामर्श तथा अन्य सहायता देना भी स्वास्थ्य मंत्रालय का काम है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय पर ही यह भार है कि विदेशों और अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य संगठनों के साथ सम्बन्ध कायम रखे। बन्दरगाहों में क्वारान्टीन का विषय भी उन्हीं के हाथ में है। बाहर से मंगाई हुई दवाओं के मानदण्ड की जांच करते रहना, केन्द्रीय स्वास्थ्य संस्थाओं पर देखरेख रखना, इंडियन कौंसिल आफ मेडिकल रिसर्च तथा अन्य संस्थाओं के जरिए से शोध कार्य को प्रोत्साहन देना, यह भी केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय का कार्य है। केन्द्र ने चिकित्सा शास्त्र, फरमासी विज्ञान, दन्त चिकित्सा तथा धात्रीविद्या के विकास के लिये भी सहायता देता रहता है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से राज्य सरकारों तथा अन्य स्वास्थ्य विभागों में आंकड़े मूलक सूचनाएं भी भेजी जाती हैं।

इन कार्यों के अतिरिक्त इसे निम्नलिखित उद्देश्यों से केन्द्रीय स्वास्थ्यसेवा निर्माण करना तथा उसे कायम रखना पड़ता है—(क) केन्द्र में प्रशासन के ऊंचे मानदण्ड कायम रहें, (ख) राज्यों के साथ सहयोग के द्वारा उनके प्रशासनों में उसी प्रकार के उच्च मानदण्ड कायम रखे जायें और (ग) केन्द्र तथा राज्यों को शिक्षा, शोध तथा चिकित्सा संस्थाओं के लिये उच्च शिक्षित कर्मचारी वर्ग की सेवाएं प्राप्त की जायें।

### पंचवर्षीय योजना

पंचवर्षीय योजना में चिकित्सा तथा सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 99 करोड़ 55 लाख रु० निर्दिष्ट हैं। इस रकम में से केन्द्रीय सरकार मुख्यतः प्रस्तावित अखिल भारतीय चिकित्सा संस्था तथा राष्ट्रीय मलेरिया नियंत्रण पर 17 करोड़ 87 लाख रुपये खर्च करने का इरादा रखती है। ऊपर बताये हुए 99 करोड़ 55 लाख रुपये का केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों की चिकित्सा तथा सार्वजनिक योजनाओं में किस प्रकार खर्च होगा, यह नीचे देखा जा सकता है :

### तालिका 137

(लाख रुपयों में)

| | चिकित्सा-सम्बन्धी | सार्वजनिक स्वास्थ्य | योग |
|---|---|---|---|
| केन्द्र सरकार . . | 565.23 | 1,222.20 | 1,787.43 |
| भाग "क" के राज्य . | 3,394.30 | 2,956.00 | 6,350.30 |
| भाग "ख" के राज्य . | 580.70 | 657.40 | 1,238.10 |
| जम्मू और काश्मीर . | 46.00 | 82.20 | 128.20 |
| भाग "ग" के राज्य . | 222.50 | 228.00 | 450.50 |
| योग . . | 4,808.73 | 5,145.80 | 9,954.53 |

1950-51 मे भारत सरकार ने एक करोड रुपया खर्च किया, जिस मे से साढे सात लाख रुपये विकास योजनाओ पर खर्च किये गये। पचवर्षीय योजना के समय मे केन्द्र की विकास योजना' पर खर्च बढ कर 3 करोड 57 लाख रुपये सालाना तक पहुच जाने की सभावना है।

राज्य सरकारे चिकित्सा सम्बन्धी योजनाओ पर जो 42 करोड 41 लाख रुपया खर्च करने वाली है, उनमे से 33 करोड रुपये तो उन योजनाओ पर खर्च होगे, जो इस समय चालू है। बाकी रकम नई योजनाओ के लिए रिजर्व रखी जाएगी। राज्य की सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं के लिये जो 39 करोड 23 लाख रुपये अलग रखे गये है, उनमे से 17 करोड रुपये चालू योजनाओ पर और बाकी रुपये नई योजनाओ पर खर्च होंगे। नीचे एक तुलना मूलक तालिका प्रस्तुत की जा रही है :

## तालिका 138

(लाख रुपयो मे)

| राज्य | चिकित्सा सम्बन्धी | | | सार्वजनिक स्वास्थ्य | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1950-51 मे विकास के लिये व्यय | योजना मे परि-कल्पित वार्षिक व्यय | वृद्धि का प्रतिशत | 1950-51 मे विकास के लिये व्यय | योजना मे परि-कल्पित वार्षिक व्यय | वृद्धि का प्रतिशत |
| भाग "क" के राज्य | 525.31 | 678.86 | 29.2 | 316.57 | 591.2 | 86.9 |
| भाग "ख" के राज्य | 78.66 | 116.14 | 47.9 | 51.48 | 131.4 | 55.4 |
| भाग "ग" के राज्य | 1.48 | 44.52 | 2,908.0 | 1.12 | 45.6 | 3,970.0 |

**चिकित्सा शास्त्र सम्बन्धी शिक्षा**

जम्मू और काश्मीर के अतिरिक्त केन्द्रीय और राज्य सरकारे मिल कर पचवर्षीय योजना काल मे 47 करोड 62 लाख रुपया खर्च करेगी।

नीचे की तालिका मे यह दिखलाया गया है कि यह खर्च किस प्रकार बटा हुआ है और 1950-51 के साथ उसका तुलनात्मक रूप किस प्रकार बैठता है :

## तालिका 139

(लाख रुपयो मे)

| | 1950-51 मे व्यय | योजना काल मे जो राशि व्यय की जायेगी | योजना काल मे वार्षिक औसत |
|---|---|---|---|
| प्रशासन . . . | 3.2 | 62.2 | 12.4 |
| शिक्षा और प्रशिक्षण . . . | 235.2 | 1,891.7 | 378.3 |
| अस्पताल और दवाखाने . . . | 331.3 | 2,486.7 | 497.4 |
| अन्य योजनाएं . . . | 43.3 | 322.1 | 64.5 |
| योग . . . | 613.0 | 4,762.7 | 952.6 |

केन्द्रीय तथा राज्य सरकारे पचवर्षीय योजना की विकास योजनाओ को आगे बढ़ा रही है। नीचे की तालिका मे राज्यों ने इस सम्बन्ध म किस प्रकार प्रगति की है यह देखा जा सकता है :

## तालिका 140

(लाख रुपयो मे)

| | 1950-51 (वास्तविक) | 1951-52 (वास्तविक) | 1952-53 (सशोधित) | 1953-54 (बजट) | पाच वर्षो का योग |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रशासन | 3·4 | 3·5 | 3·5 | 5·5 | 22.2 |
| शिक्षा और प्रशिक्षण | 291.7 | 270.4 | 167·3 | 217·7 | 1,345·8 |
| अस्पताल और दवाखाने | 241.6 | 378.7 | 436·7 | 525·0 | 2,472.4 |
| अन्य योजनाए | 18.2 | 32.5 | 42.4 | 55.2 | 434·3 |

पंच-वर्षीय योजना मे कुल जितना खर्च प्रस्तावित है, उसका 50 प्रतिशत अस्पताल तथा औषधालयो पर खर्च होगा। पचवर्षीय योजना काल मे अस्पतालों, ओषधालयो तथा रोगी-शय्याओ की सख्या मे किस प्रकार वृद्धि होगी यह नीचे की तालिका मे देखा जा सकता है :

## तालिका 141

| | 1950-51 | 1951-52 (सम्पन्न) | 1952-53 (सम्पन्न) | 1953-54 (प्रत्याशित) | 1951-56 |
|---|---|---|---|---|---|
| अस्पताल . | 1,915 | 158 | 155 | 165 | 258 |
| पलग | 1,16,731 | 7,343 | 6,609 | 4,684 | 16,324 |
| दवाखाने . | 6,589 | 231 | 395 | 202 | 1,574 |
| पलग . | 7,072 | 1,587 | 2,899 | 393 | 9,620 |
| स्वास्थ्य इकाई | 433 | 101 | 55 | 50 | 314 |

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

जम्मू और काश्मीर के अतिरिक्त केन्द्र तथा राज्य योजना के अन्तगत सावजनिक स्वास्थ्य योजनाओ पर 50 करोड़ 63 लाख रुपया खर्च करेगे ।

तालिका 142 मे यह बताया गया है कि यह खर्च किस प्रकार बंटा हुआ है, और साथ ही इसकी तुलना 1950-51 की स्थिति से की गई है ।

## तालिका 142

(लाख रुपयों में)

| | 1950-51 में व्यय | योजना काल में व्यय किया जायेगा | योजना काल मे वार्षिक औसत |
|---|---|---|---|
| प्रशासन . . . . | 15.6 | 210.8 | 42.2 |
| शिक्षा . . . | 1.0 | 130.7 | 26.1 |
| जल और नालियो की व्यवस्था . . | 270.5 | 2,334.4 | 466.9 |
| मलेरिया निरोधक योजना . . | 45.4 | 1,715.2 | 343.0 |
| अन्य योजनाएं . . . | 35.5 | 672.5 | 134.5 |
| योग . . . | 268.0 | 5,063 6 | 1,012 7 |

राज्य सरकारो के स्वास्थ्य कार्यक्रम पच-वर्षीय योजना काल मे किस प्रकार रहेगे, यह नीचे देखा जा सकता है :

## तालिका 143

(लाख रुपयो मे)

| | 1950-51 (वास्तविक) | 1951-52 (वास्तविक) | 1952-53 (सशोधित) | 1953-54 (बजट) | पाच वर्षों का योग |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रशासन . | 15.0 | 30 4 | 21.3 | 22.0 | 224.5 |
| शिक्षा . | 1.4 | 1.2 | 3.7 | 3.8 | 41.8 |
| जल और नालियो की व्यवस्था . | 264.2 | 354.9 | 407 5 | 412.2 | 2,407.9 |
| मलेरिया निरोधक योजनाएं . | 47.2 | 61.7 | 81.6 | 125.0 | 727.1 |
| अन्य योजनाएं | 35.9 | 55.7 | 71.6 | 117.7 | 548.3 |

केन्द्र और राज्य सरकारे मिल कर जो 99 करोड 55 लाख रुपये की रकम खर्च करेगी, नसके अतिरिक्त राज्यों मे स्थानीय अधिकारी विश्व स्वास्थ्य सगठन तथा यूनिसेफ की तरह अन्तर्राष्ट्रीय संस्थाओं की सहायता से कई अन्य चिकित्सा सम्बन्धी तथा सावजनिक स्वास्थ्य सम्बन्धी कार्यक्रम कार्यान्वित करेंगे ।

**चिकित्सा की देशी पद्धतियां**

राष्ट्रीय योजना समिति की सिफारिश तथा 1946 मे स्वास्थ्य मत्रियो का जो सम्मेलन हुआ था, उसके अनसार 1946 के दिसम्बर मे देशी दवा की पद्धतियो के प्रशिक्षण तथा शोध सम्बन्धी सुविधाओ पर जाच करने के लिये तथा इस क्षेत्र मे राज्य का नियत्रण स्थापित करने की वाच्छनीयता पर विचार करने के लिये श्री आर० एन० चोपडा के सभापतित्व मे एक समिति नियुक्त की गई थी ।

1948 के नवम्बर मे होम्योपैथिक जाच समिति की नियक्ति हुई, और इसको यह भार सौपा गया कि यह होम्योपैथिक पद्धति के नियत्रण तथा विकास के लिये सुझाव पेश करे ।

इन समितियो ने जाच के बाद जो प्रतिवेदन पेश किये, उन पर केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों ने अपने अध्ययन प्रस्तुत किये । 1950 के अगस्त-सितम्बर मे स्वास्थ्य मत्रियो के तृतीय सम्मेलन मे इन सब पर विचार किया गया ।

1949 मे पडित कमेटी के नाम से एक छोटी समिति को यह भार सौपा गया कि वह आयुर्वेदिक तथा यूनानी चिकित्सा पद्धतियो पर वैज्ञानिक ढग से शोध करने के लिये क्या सुविधा दी जाये, उनका पता लगाये । समिति ने 1951 मे अपना प्रतिवेदन पेश किया । इस समिति ने यह सिफारिश की कि देशीय चिकित्सा पद्धतियो पर जो केन्द्रीय शोध सस्था प्रस्तावित है, वह जामनगर की गुलाब कुवरबा आयुर्वेदिक सस्था के साथ मिल कर काम करे । सरकार ने यह सिफारिश मजूर कर ली, और यह सस्था 1953 के 24 अगस्त से काम करने लगी ।

कुछ दिनो से लोगो मे यह भावना फैली हुई थी कि देशी चिकित्सा पद्धतियो की उतनी कदर नही की गई, जितनी कि करनी चाहिये । चोपडा समिति, 1950 के स्वास्थ्य मत्रियों के सम्मेलन और पडित समिति सब ने वैद्यो और हकीमो की शिक्षा को पुनस्सगठित करने के विषय पर विचार किया । इस सम्बन्ध मे सभी लोग सहमत है कि देशी चिकित्सा पद्धतियो के पाठ्यक्रम मे शरीर शास्त्र (ऐनाटोमी और फिजिओलोजी) तथा शल्य विद्या होनी चाहिये ।

देशी चिकित्सा पद्धतियो मे शिक्षा देने वाले 50 तथा होम्योपेथिक पद्धतियो पर शिक्षा देने वाले 8 कालेज मौजूद है ।

देशी दवा पद्धतियो के सम्बन्ध मे इन सस्थाओ मे शोध किया जाता है—स्कूल आफ ट्रापिकल मेडिसिन कलकत्ता, केन्द्रीय ड्रग रिसर्च इंस्टीट्यूट लखनऊ, ड्रग रिसर्च लेबोरेटरी, जम्मू तथा सेन्ट्रल इस्टीट्यूट फार रिसर्च इडीजिनस सिस्टम आफ मेडिसन । ठाकुर दत्त शर्मा धर्मार्थ ट्रस्ट की देखरेख में 1953 की 31 जुलाई को एक आयर्वेदिक शोध सस्था भी खोली गई । वम्बई में वैज्ञानिक तरीकों पर आयवदिक चिकित्सा पर शोध करने के लिये तथा झासी आयर्वेदिक कालेज की देखरेख मे एक शोध सस्था खोली गई है ।

पंच वर्षीय योजना में आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति पर शोध करने के लिये 37 लाख 50 हज़ार रुपय की व्यवस्था है ।

इसी कार्य के लिये राज्यो ने कुल मिला कर 95 लाख 23 हजार रुपये का व्यय निर्दिष्ट रखा है, और वे अस्पतालो तथा औषधालयो के लिये 1 करोड 6 लाख रुपये खर्च करना चाहते है ।

एलोपैथी पद्धति ने रोगो के प्रतिशोध तथा आरोग्य करने मे जो महान प्रगति की है, उसे देखते हुए सरकार ने इसके स्थान पर किसी और पद्धति को अपनाना उचित नही समझा । देश मे अनेक ढग की चिकित्सा पद्धतिया प्रचलित होने के कारण गडबडी उत्पन्न होती है, इसे देखते हुए सरकार ने यह निर्णय किया है कि केवल एक ही पद्धति स्वीकार की जाये, यद्यपि दूसरी पद्धतियो की अच्छी बाते एलोपैथी मे ली जा सकती है । भारत सरकार ने इस बात पर जोर दिया है कि देशी तथा होम्योपैथिक पद्धतियो पर शोध किया जाये, साथ ही यह भी जरूरी समझा गया कि जिन लोगो ने उचित ढग से शिक्षा नही पाई, उन लोगो की नीमहकीमी बन्द की जाये ।

**चिकित्सा शास्त्र सम्बन्धी शिक्षा**

1951 मे इस बात की एक विशेष गिनती की गई कि देश मे कितने लोग चिकित्सा शास्त्र तथा स्वास्थ्य सेवाओ मे लगे हुए है। इस प्रमापन का परिणाम नीचे देखा जा सकता है :

तालिका 144

| वर्ग | सख्या |
|---|---|
| पजीकृत चिकित्साजीवी . . . | 91,930 |
| वैद्य, हकीम, और अन्य ऐसे व्यक्ति जो चिकित्साजीवी है परन्तु पजीकृत नही हुए है . . . . . . . | 96,147 |
| कम्पाउडर . . . . . . . | 38,407 |
| नर्से . . . . . . . | 31,517 |
| धात्रिया . . . . . . . | 23,938 |
| टीका लगाने वाले . . . . . . . | 5,928 |
| दत-चिकित्सक . . . . . . . | 3,283 |
| अन्य सभी व्यक्ति जो अस्पतालो मे या अन्य ऐसे सस्थानों मे कार्य करते है जो चिकित्सा या अन्य स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करते है (मेहतरों तथा अन्य सफाई-कर्मचारियों के सहित) . . . . . | 72,970 |
| योग . . | 3,64,120 |

हमारे यहा डाक्टरों तथा चिकित्सा कार्य मे लगे हुए अन्य लोगों की संख्या इतनी कम है कि हमारी कम से कम आवश्यकता भी पूरी नही हो सकती । 1943-44 में डाक्टरों की सख्या 47,500 बताई गई थी । इसी सख्या को ले कर स्वास्थ्य प्रमापन तथा विकास समिति ने यह राय दी कि 1971 तक भारत को और भी 1,85,000 डाक्टरों की जरूरत है । भारत सरकार ने इस समय मौजूदा प्रशिक्षण सुविधाओं को बढ़ाने में कोई बात उठा नही रखी है । इस दिशा म क्या प्रगति हुई है यह तालिका 145 देखा जा सकता है :

तालिका 145

| | 1950-51 | 1951-52 (वास्तविक) | 1952-53 (वास्तविक) | 1953-54 (प्रत्याशित) | 1951--56 (लक्ष्य) |
|---|---|---|---|---|---|
| डाक्टर | 5,336 | 1,325 | 967 | 1,029 | 4,153 |
| कम्पाउडर | 894 | 765 | 461 | 439 | 1,945 |
| धात्रिया | 1,149 | 441 | 607 | 1,068 | 3,501 |
| उपचारिकाए | 2,212 | 1,008 | 860 | 709 | 4,648 |

इस समय 33 मेडिकल कालेज, 2 मेडिकल स्कूल, 6 दन्त चिकित्सा कालेज और 5 अन्य सस्थाए है जो एलोपैथी मे शिक्षा देती ह । उनकी सूची नीचे दी जाती है :

**मेडिकल कालेज**

1 मद्रास मेडिकल कालेज, मद्रास ।
2 स्टेनली मेडिकल कालेज, मद्रास ।
3 आध्र मेडिकल कालेज, विशाखपट्टनम् ।
4 क्रिश्चियन मेडिकल कालेज, वेलोर ।
5 गुटूर मेडिकल कालेज, गुटूर ।
6. ग्राट मेडिकल कालेज, बम्बई ।
7 सेट जी० एस० मेडिकल कालेज, परेल, बम्बई ।
8 टोपी वाला नेशनल मेडिकल कालेज, बम्बई ।
9 बी० जे० मेडिकल कालेज, पूना ।
10 बी० जे० मेडिकल कालेज, अहमदाबाद ।
11 बड़ौदा मेडिकल कालेज, बड़ौदा ।
12 मेडिकल कालेज, कलकत्ता ।
13 आर० जी० कार मेडिकल कालेज, बेलगछिया, कलकत्ता ।
14. नील रतन सरकार मेडिकल कालेज, कलकत्ता ।
15 नेशनल मेडिकल इस्टीट्यूट, कलकत्ता ।
16. महात्मा गाधी मेमोरियल मेडिकल कालेज, लखनऊ ।
17 सरोजिनी नायडू मेडिकल कालेज, आगरा ।
18 प्रिस आफ वेल्स मेडिकल कालेज, पटना ।
19 दरभगा मेडिकल कालेज, दरभगा ।
20. मेडिकल कालेज, अमृतसर ।
21. आसाम मेडिकल कालेज, डिबरूगढ ।
22 मेडिकल कालेज, नागपुर ।
23. श्री रामचन्द्र भग मेडिकल कालेज, कटक ।
24. लेडी हार्डिंग महिला मेडिकल कालेज, नई दिल्ली ।

25. महात्मा गाधी मेमोरियल मेडिकल कालेज, इदौर ।
26. गजरा राजा मेडिकल कालेज, ग्वालियर ।
27. सवाई मानसिंह मेडिकल कालेज, जयपुर ।
28. मेडिकल कालेज, मैसूर ।
29. उसमानिया मेडिकल कालेज, हैदराबाद (दक्षिण) ।
30. मेडिकल कालेज, त्रिवेन्द्रम ।
31. क्रिश्चियन मेडिकल कालेज, लधियाना ।
32. कस्तूरबा मेडिकल कालेज, मनीपाल ।
33 मेडिकल कालेज, पटियाला (पेप्सू)

**मेडिकल स्कूल**

1. आर्य मेडिकल स्कूल, लधियाना ।
2. युनिर्वासिटी मेडिकल स्कूल, बंगलोर ।

**दन्त-चिकित्सा कालेज**

1. नय्यर हास्पिटल डेंटल कालेज, बम्बई ।
2. करीम भाई इब्राहीम मेमोरियल हास्पिटल एण्ड डेंटल कालेज, बम्बई ।
3. कलकत्ता डेंटल कालेज, कलकत्ता ।
4. डेंटल कालेज, अमृतसर ।
5. किंग जार्जेस मेडिकल कालेज (दन्त चिकित्सा विभाग), लखनऊ ।
6. मद्रास मेडिकल कालेज, दत-चिकित्सा विभाग, मद्रास ।

**अन्य सम्बद्ध कालेज**

1. आल इंडिया इस्टीट्यूट आफ हाइजीन एंड पब्लिक हैल्थ, कलकत्ता
2. मलेरिया इस्टीट्यूट आफ इंडिया, दिल्ली ।
3. कालेज आफ नर्सिंग, नई दिल्ली ।
4. स्कूल आफ ट्रापिकल मेडिसिन, कलकत्ता ।
5. श्री वल्लभभाई पटेल चेस्ट इस्टीट्यूट, दिल्ली ।

योजना आयोग ने यह सिफारिश की है कि पंचवर्षीय योजना के अन्त में परिस्थिति ऐसी हो जाये कि सारे देश भर के मेडिकल कालेजो में 4,000 छात्रों की नई भरती की व्यवस्था हो। 1951 में नई भरती सम्बन्धी व्यवस्था इस प्रकार थी :

तालिका 146

| संस्था | छात्रो की सख्या | | |
|---|---|---|---|
| | पुरुष | नारी | योग |
| मेडिकल कालेज (30) . | 2,056 | 514(क) | 2,570(क) |
| मेडिकल स्कूल (2) . | 137 | 24 | 161 |
| दंत-चिकित्सा कालेज (4) . | 77 | 8 | 85 |

(क) लेडी हार्डिंग महिला मेडिकल कालेज, नई दिल्ली, में प्राविष्टयों की संख्या (जो कि 40 है) का सम्बन्ध 1950 से है ।

II मेडिकल स्कूलो को कालेज की मर्यादा दी गई। निम्नलिखित विभागों की भी मर्यादा बढा दी गई है :

मेडिकल कालेज, पटना का दैहिकी विभाग, टाटा-स्मारक अस्पताल, बम्बई का कैसर शोध केन्द्र, अखिल भारत स्वास्थ्य-विद्या एव सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्था, कलकत्ता का औद्योगिक स्वास्थ्य-विद्या विभाग; सरकारी आम अस्पताल, मद्रास का गुप्त-रोग विभाग; मेडिकल कालेज, मद्रास का शरीर विभाग, सरकारी महिला और शिशु अस्पताल, मद्रास का धात्री-विद्या और स्त्री-रोग-विद्या का विभाग, दिल्ली विश्व विद्यालय का क्षय-रोग विभाग।

वेल्लौर के युनिवर्सिटी मेडिकल कालेज को एक लाख रु० इस उद्देश्य से दिया गया कि वहा औरस (थोराकिक) शल्य विद्या के विभाग का मानदण्ड ऊचा किया जाये । उसी प्रकार अन्य सस्थाओ मे अन्य विभागो के मानदण्ड को ऊचा उठाने के लिये 1953-54 के बजट मे 6,73,400 रुपये की व्यवस्था है ।

**अखिल भारतीय चिकित्सा सस्था**

अखिल भारतीय चिकित्सा सस्था के खोलने के लिये सारी प्रारम्भिक बातें ो चकी हैं। आरम्भ के रूप मे नई दिल्ली के सफदरजग अस्पताल में छात्रों को परीक्षणमूलक प्रशिक्षण की सुविधा दी जायेगी। इस सस्था का मुख्य उद्देश्य इसको एक प्रदर्शन केन्द्र बनाना होगा, जहा पूर्व-स्नातक, स्नातकोत्तर तथा शोध क्षेत्रो के प्रशिक्षण के लिये उच्च मानदण्ड रखे जायेंगे। इसके अतिरिक्त देश के चिकित्सा सम्बन्धी कालेजो के शिक्षकों को प्रशिक्षण मिलेगा।

**विशेष प्रशिक्षण**

भारत भर के करीब करीब सभी अस्पतालो मे धात्रीविद्या सिखाने की व्यवस्था है। दिल्ली तथा वेल्लोर के धात्री विद्या कालेजों मे ऐसे पाठ्य क्रम हैं, जो बी० एस० सी० के मानदण्ड के है। भारतीय धात्री विद्या परिषद् ने सहायक धात्रियों के लिए सरल और संक्षिप्त शिक्षाक्रम स्वीकृत किया है। आन्ध्र महिला सभा ट्रस्ट बोर्ड ने सहायक धात्रियों तथा दाइओं के प्रशिक्षण विद्यालयों की स्थापना के लिए एक योजना बनाई थी। इसे भारत सरकार ने स्वीकार किया है। 1951-52 मे सभा बोर्ड को 80 हजार रु० अनावर्तक अनुदान दिया गया और 1952-53 तथा 1953-54 के बजट के अनुमानो मे 15,000 रुपये का आवर्तक अनुदान सभा के लिए स्वीकृत हो चुका है। नई दिल्ली मे जो धात्री विद्या कालेज है, उसमें सार्वजनिक स्वास्थ्य सम्बन्धी प्रशिक्षण भी दिया जाता है। इसके अलावा दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ, मद्रास, पूना, बम्बई, नागपुर, हैदराबाद इत्यादि में हेल्थ विजिटर्ज के लिए प्रशिक्षण केन्द्र है। योजना आयोग ने यह सिफारिश की है कि दाइओं को प्रशिक्षण की जो सुविधाए प्राप्त है उनको विस्तृत करना चाहिए। देशी दाइओं को कुछ राज्यों में भी प्रशिक्षण दिया गया है। अखिल भारतीय इस्टीच्यूट आफ हाइजीन एण्ड पब्लिक हेल्थ, कलकत्ता के मातृत्व तथा शिशु स्वास्थ्य विभाग की मातृत्व तथा शिशु कल्याण शाखा को एक राष्ट्रीय केन्द्र के रूप मे विकसित किया गया है, और साथ ही साथ इस पर कुछ अन्तर्राष्ट्रीय बाध्यताए भी है। भारत की मलेरिया सस्था मे अब तक चिकित्सा अधिकारियो को मलेरिया के सम्बन्ध मे छः सप्ताह शिक्षा लेनी पडती थी, पर उन्हे बारह सप्ताह शिक्षा लेनी पडेगी। भारत सरकार ने पुष्टि विज्ञान के सम्बन्ध मे भी एक सक्षिप्त डिप्लोमा पाठ्यक्रम आरम्भ किया है। इस पाठ्यक्रम मे कृषि फार्मिंग, दुग्धशाला विज्ञान, पशु पालन, मत्स्यपालन इत्यादि के वे पहल

भी आ जाएंगे, जिनका सम्बन्ध पुष्टि से है । देश में कुछ ऐसी संस्थाएं भी हैं, जिनमें तपेदिक शिक्षार्थियों को शिक्षा दी जाती है ।

भारत सरकार ने छात्रों को देश के बाहर जाकर प्रशिक्षण देने के लिए छात्रवृत्तियां दी हैं । 1948 से वरिष्ठ शिक्षकों तथा शोध करने वालों को भ्रमण सम्बन्धी छात्रवृत्तियां भी दी जा रही हैं । कोलम्बो योजना के अन्तर्गत कामनवेल्थ औद्योगिक सहायता कार्यक्रम के अनुसार आस्ट्रेलिया तथा कनाडा ने क्रमशः 37 और 10 छात्रवृत्तियां भारतीय छात्रों को दीं । विश्व स्वास्थ्य संगठन तथा यूनिसेफ की ओर से विदेशों में उच्चतर चिकित्सा सम्बन्धी प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए छात्रों को फैलोशिप दिए जाते हैं ।

## शोध

### पुष्टि

कुन्नूर की पुष्टि विज्ञान शोध प्रयोगशाला, कलकत्ता, बम्बई तथा बंगलोर की शोध संस्थाओं तथा देश की अन्य शोध संस्थाओं में पुष्टि विज्ञान के सम्बन्ध में शोध जारी है । इनमें से कुन्नूर वाली प्रयोगशाला का क्षेत्र बहुत विस्तृत है । इसमें सबसे पहले ऐसे लोगों के सम्बन्ध में जैसे बेरी-बेरी और फीलपांव के सम्बन्ध में शोध कार्य शुरू हुआ, जिनका सम्बन्ध पुष्टिगत कमी से है, पर अब इसका दायरा ऐसे विषयों तक विस्तृत हो गया है जैसे पुष्टि के कृषि सम्बन्धी पहलू, देश में आम तौर से प्रयोग में लाए जाने वाले विभिन्न खाद्य द्रव्यों के पौष्टिक मूल्यों का निर्णय, खाद्यगत प्रमापन तथा शरीर पर कुछ खाद्य द्रव्यों के कुपरिणामों का अध्ययन ।

1953 के 31 मार्च को हैदराबाद में पुष्टि-शोध प्रयोगशाला की स्थायी इमारत का शिलान्यास किया गया था ।

शोणित विज्ञान के सम्बन्ध में भारत में 1930 से 1939 तक के दशक के प्रारंभिक वर्षों में लगभग शोध कार्य शुरू हुआ । तब से चिकित्सा सम्बन्धी शोध की भारतीय परिषद् ने शोणित विज्ञान में शोध की बहुत सी योजनायें रखी हैं और अभी हाल में शोणित विज्ञान पर शोध के लिए एक विशेष विभाग स्थापित हुआ है ।

### विरस-शोध केन्द्र

पूना में 1953 की 4 फरवरी को विरस शोध केन्द्र का बाकायदा उद्घाटन किया गया । भारत में विशेष रूप से पाए जाने वाले विरस से उत्पन्न रोगों पर यहां शोध कार्य होगा, और साथ ही यहां विरस शोध के क्षेत्र में कार्यकर्त्ताओं को प्रशिक्षित किया जायगा । चिकित्सा सम्बन्धी शोध की भारतीय परिषद् तथा राकफेलर फाउन्डेशन ने यह कार्य संयुक्त रूप से किया है इस केन्द्र को चलाने की वित्तीय जिम्मेदारियां प्रत्यक्ष रूप से भारत सरकार पर नहीं हैं ।

चिकित्सा सम्बन्धी शोध की भारतीय परिषद् ने विरस शोध में विशेष दिलचस्पी ली है, इसके अलावा कसौली में कुछ समय से रेबीज शोध केन्द्र काम कर रहा है ।

### इनफ्लुएञ्जा केन्द्र

इनफ्लुएञ्जा के विभिन्न पहलुओं पर कुन्नूर पास्तूर संस्था के इनफ्लुएञ्जा केन्द्र 1950 से शोध कार्य जारी है । इस केन्द्र में अब तक इनफ्लुएञ्जा के ग्यारह प्रकार के विरस अलग किए गए हैं, इसके अलावा मद्रास, कुन्नूर, ऊटकमंड, बम्बई इत्यादि स्थानों में इस रोग का जो प्रकोप हुआ

था, उस पर भी शोध किया गया। यहा पर रैबीज, हैजा तथा सर्पविष प्रतिशोधकों पर भी प्रतिशोध हो रहा है, भारत मे ज्वर कितना होता है इस पर भी खोज हो रही है। साथ ही गुप्त रोगो के निदान के सीरियोलौजिकल उपायों में भी तुलनात्मक अध्ययन हो रहा है। इन्फलूएन्जा निवारक वैकसिनो तथा सिरमो को उत्पन्न करने के लिए प्रयोग किए गए हैं। उनका परिणाम अच्छा रहा है, इसलिए एक प्रस्ताव यह है कि इसके लिए एक प्रारम्भिक कारखाना खोला जाय। यह प्रस्ताव विचाराधीन है।

विश्व स्वास्थ्य सगठन की सहायता से तपेदिक के सम्बन्ध मे विशेषकर बी० सी० जी० के साथ इसके सम्बन्ध को दृष्टि मे रखते हुए शोध कार्य शुरू हो चुका है। तपेदिक शोध मद्रास के मदनापल्ले नामक स्थान के यूनियन मिशन टी० बी० सेनेटोरियम मे हो रहा है। तपेदिक के महामारी रूप सम्बन्धी शोध की एक योजना स्वीकृत हो चुकी है। यह योजना विश्व स्वास्थ्य सगठन तथा चिकित्सा शोध की भारतीय परिषद् की सहायता से कार्यान्वित की जाएगी।

**कुष्ठ**

स्वास्थ्य प्रमापन और विकास समिति की सिफारिश पर पचवर्षीय योजना मे मद्रास के चिगलपट नामक स्थान मे एक केन्द्रीय कुष्ठ रोग शिक्षा तथा शोध सस्था की स्थापना की व्यवस्था की गई है। यह प्रस्ताव है कि लेडी विलिगडन कुष्ठ सेनेटोरियन तथा सिलवर जुबली शिशु रोग परीक्षणगृह को यह सस्था अपने अन्तर्गत कर ले।

**कैन्सर**

1946 मे बम्बई के टाटा मेमोरियल अस्पताल मे केन्सर सम्बन्धी शोध जारी हो गया। अपग्रेडिग समिति या उन्नयन समिति की सिफारिश पर इस शोध कार्य को केसर शोध के राष्ट्रीय केन्द्र की मर्यादा प्राप्त हुई है। भारत सरकार ने अनावर्तक तथा आवर्तक अनुदानो के रूप मे इस केन्द्र को बहुत बडी रकमे दी है।

**प्रयोगशालाएं**

निम्नलिखित सस्थाओं मे अपने अपने विषय के लिए शोध की सुविधाए है। मद्रास के गिण्डी नामक स्थान के के० ई० एम० अस्पताल की बी० सी० जी० वेक्सिन की प्रयोगशाला (स्थापित 1948), कलकत्ता की केन्द्रीय ड्रग प्रयोगशाला (स्थापित 1947) कलकत्ता की सेरेलोजिस्ट प्रयोगशाला (स्थापित 1914) कसौली की केन्द्रीय शोध सस्था (स्थापित 19c6)।

बी० सी० जी० वेक्सिन प्रयोगशाला मे देश की आवश्यकताओ की पूर्ति के लिए यथेष्ट वेक्सिन उत्पन्न हो रहा है। हाल ही मे विश्व स्वास्थ्य सगठन तथा यूनिसेफ ने दक्षिण पूर्वी एशियाई देशो की बी० सी० जी० सम्बन्धी आवश्यकताओ के लिए इस प्रयोगशाला को आर्डर दिए है। कसौली की केन्द्रीय शोध सस्था से देश भर की टी० बी०, हैजा, रैबीज तथा विष निवारक सिरमो और वैक्सिनो की पूर्ति होती है।

**केन्द्रीय स्वास्थ्य परिषद्**

संविधान के 263 अनुच्छेद के अनुसार 1952 के 9 अगस्त को दिए हुए राष्ट्रपति के एक आज्ञा पत्र के अनुसार यह संस्था बनी। इस सस्था का उद्देश्य यह है कि संयुक्त रूप से कार्य किया जाए, और केन्द्र तथा राज्य आपस मे मिल कर प्रयत्न करे। यूनियन की स्वास्थ्य मत्री इस परिषद् की प्रधान तथा राज्यों के स्वास्थ्य मंत्रीगण इसके उपप्रधान है। 1953 की जनवरी में

परिषद् की पहली सभा हैदराबाद मे हुई और इसमे अन्य विषयों के साथ साथ राष्ट्रीय मलेरिया नियन्त्रण कार्यक्रम, चिकित्सा सम्बन्धी शिक्षा के मानदण्डो विशेषकर वैद्यो को, हकीमो को दृष्टि में रखते हुए विचार हुआ।

**औषधि नियन्त्रण**

1940 की औषधि विधि तथा 1945 के ओषधि सम्बन्धी नियम 'क' भाग के सब राज्यों में तथा 'ग' भाग के राज्यो मे से अजमेर, कुर्ग तथा दिल्ली मे 1947 की पहली अप्रैल को लागू हो गये। यह विधि तथा नियम अब 'ख' भाग के सब राज्यों मे (सिवा जम्मू और काश्मीर के तथा नये बने हुए 'ग' भाग के राज्यों मे) लागू हो चुके है। इस विधि के अनुसार यूनियन सरकार को यह अख्तियार दिया गया है कि केवल उन्ही दवाओं को बाहर से मगाने दिया जाये जो एक स्वीकृत मानदण्ड तक की हो। राज्य सरकारो को यह अधिकार है कि वे स्थानीय रूप से उत्पन्न होने वाली दवाओं का उत्पादन, बिक्री और वितरण पर नियन्त्रण रखें। केन्द्रीय स्वास्थ्य मत्रालय इस विधि को भी कडाई के साथ बरतना चाहता है।

स्वास्थ्य सेवाओ के डायरेक्टर जनरल के अधीन एक कन्ट्रोलर या नियन्त्रक तथा चार सहायक नियन्त्रक औषधि विधि मे वर्णित कार्यों को करने के लिए नियुक्त हुए है। केन्द्रीय सरकार तथा राज्य सरकार के प्रोद्योगिक विषयों पर परामर्श देने तथा प्रशासन में एकरूपता प्राप्त करने के लिए औषधि प्रोद्योगिक परामर्श बोर्ड तथा औषधि सलाहकारी समिति का निर्माण हुआ है।

**मेडिकल डिपो और कारखाने**

असैनिक तथा सैनिक विभागों को उपयुक्त तथा स्वीकृत ढंग की दवाएं पहुंचाने के लिए मद्रास, बम्बई, कलकत्ता और करनाल में दवाओं के सरकारी डिपो मौजूद है। मद्रास वाले डिपो के साथ कुछ कारखाने भी हैं। इन कारखानों में बहुत बड़े परिमाण में बाहर से मंगाए हुए तथा देशीय कच्चे माल से बहुत सी दवाएं उत्पन्न की जाती है।

**पेनिसिलीन और डी० डी० टी०**

केन्द्रीय सरकार की यह योजना है कि पूना मे एक पेनिसिलीन का कारखाना खोला जाये यह योजना अच्छी प्रगति कर चुकी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारतीयों को प्रशिक्षित करने के अतिरिक्त तीन लाख तीस हजार डालर के मूल्य तक की प्रौद्योगिक सहायता देने का निश्चय किया है। यूनिसेफ इस कारखाने तथा उसके यन्त्रों के लिए साढे आठ लाख डालर देना चाहता है। बम्बई सरकार बम्बई के पास जल्दी ही एक डी० डी० टी० का कारखाना खोलने वाली है। बंगाल तथा मद्रास सरकार सिन्कोना के ऐसे कारखानों की मालिक है, जिनमें एक लाख पौंड सिन्कोना प्रति-वर्ष उत्पन्न होता है। बम्बई की हैफकिन संस्था ऐसी सलफा दवाएं प्रस्तुत कर रही है जो विश्व मे उत्पन्न सलफा की सर्वोत्तम दवाइयों मे समझी जाती हैं।

**फरमासी जांच समिति**

भारत सरकार ने फरमासी उद्योग के विभिन्न पहलुओं पर खोज करने तथा भारत सरकार को ऐसी बातो की सिफारिश करने जिससे यह धधा मजबूत हो जाए एक समिति नियुक्त की है।

**दवाओं के विज्ञापन पर नियन्त्रण**

दवाओं के विज्ञापनों को नियत्रित करने के लिए भारतीय ससद् ने एक विधि बना दी है। इस विधि के अनुसार तिलस्मी आरोग्य शक्ति तथा अनाप सनाप दावा करने वाले लोगों को सजा दी जायेगी।

### रोगों की रोकथाम और नियन्त्रण

1947 में कुछ शहरों और देहाती इलाको के अतिरिक्त 'क' तथा 'ख' भाग के सब राज्यों में टीका सम्बन्धी विधि लागू थी। 'क' भाग के सब राज्यों तथा 'ख' भाग के अजमेर, कुर्ग और दिल्ली मे 82 कसबे, 204 देहाती वृत्त तथा 621 गाव ऐसे थे जहा प्रारम्भिक टीका लगाना अनिवार्य नही था, तथा 589 कसबे, 815 देहाती वृत्त, 621 गाव ऐसे थे, जहा दोबारा टीका लगवाना अनिवार्य नही था। 'क' भाग के राज्यो मे तथा अजमेर, कुर्ग और दिल्ली मे 1947 के दौरान मे 2,12,49,020 व्यक्तियो को टीके लगे थे। हैजा तथा ताऊन के लिए क्रमश: 2,18,58,094 तथा 62,95,157 व्यक्तियो को टीके दिए गए थे।

### राष्ट्रीय मलेरिया नियन्त्रण कार्यक्रम

इस समय मौजूदा नियन्त्रण कार्यक्रम से लगभग तीन करोड व्यक्तियो को यानी भारत की कुल आबादी के आठ प्रतिशत से कुछ अधिक लोगो को मलेरिया से सरक्षण प्राप्त होता है। यह तो स्पष्ट है कि केवल इतने लोगो को सरक्षण देने से काम नही चलता, इसलिए 1952 की जुलाई वाले भारत अमेरिका समझौते के अनुसार एक राष्ट्रीय मलेरिया नियन्त्रण योजना चालू की जाएगी। इस योजना के दो अश है, एक तो तीन साल तक रोग के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा, और इसके बाद कुछ कम पैमाने पर उस परिणाम को कायम रखा जायेगा। उद्देश्य यह है कि तेरह करोड़ लोगो को मलेरिया से सरक्षण मिले और व्यावहारिक मलेरिया नियन्त्रण टीमो की सख्या तीस से 1955–56 तक 130 कर दिया जाए। 1953–54 तक टीमो की कुल सख्या 75 तक ले जाना था। भारत सरकार राज्यो को 1954–55 और 1955–56 मे 60 लाख रुपये के मूल्य का डी० डी० टी० और अगले तीन सालो मे सवा पाच लाख रुपये के मूल्य की मलेरिया निवारक दवाइया मुफ्त देगी। केन्द्रीय सरकार कुछ राज्यो को नये कार्यक्रम शुरू करने तथा अपने वर्तमान कार्यक्रमो को बढाने के लिए सहायता देने का विचार रखती है। राज्य सरकार को डी०डी०टी० के अलावा बाकी सब व्यावहारिक खर्च और अतिरिक्त सामान के लिए आरम्भिक खर्च उठाना पडेगा, इसके अतिरिक्त प्रत्येक राज्य को यह प्रतिज्ञा करनी पडेगी कि इन तीन वर्षों मे वे अपनी तरफ से बराबर मलेरिया निरोध के लिए जो कुछ खर्च करते रहे है, उसे बन्द नही करेंगे। टी० सी० ए० की ओर से डी० डी० टी० अनुदान के रूप मे सहायता दी जाएगी। यह द्रष्टव्य है कि मलेरिया के नियन्त्रण मे यही सबसे अधिक खर्च वाली चीज है। इसके अलावा टी० सी० ए० की ओर से आवश्यक सामग्री भी दी जाएगी। बम्बई में 1953 की तीन जून को राष्ट्रीय मलेरिया नियन्त्रण योजना चालू की गई।

तालिका 147

(करोड रुपयो में)

| | राष्ट्रीय मलेरिया नियत्रण योजना को कार्यान्वित करने से पूर्व औसत वार्षिक व्यय | राष्ट्रीय मलेरिया नियत्रण योजना काल मे व्यय |
|---|---|---|
| राज्य . | 1 41 | 5 |
| केन्द्र . . | — | 10 |

रौकफेलर फाउन्डेशन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, यूनिसेफ, एफ० ए० ओ० तथा अमेरिका के प्रौद्योगिक सहयोग प्रशासन आदि अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओं ने मलेरिया के विरुद्ध मूल्यवान सहयोग दिया गया है। मलेरिया की टीमें जिनमें डब्ल्यू० एच० ओ० तथा राज्य सरकारों के लोग है, तराई तथा मैसूर के मालनद इलाके में काम कर रही है।

दिल्ली की भारतीय मलेरिया संस्था पद्धतिगत रूप से शोध, महामारी सम्बन्धी अनुसधान तथा मलेरिया निवारक उपाय करती रहती है। साथ ही वह व्यावहारिक मलेरिया निवारण मे लगे हुए लोगों को प्रशिक्षण भी देती है।

**तपेदिक**

अनुमान है कि लगभग पचीस लाख व्यक्ति इस रोग से पीड़ित होते है, जिनमे से पांच लाख व्यक्ति प्रतिवर्ष मर जाते हैं। 1947 में 'क' भाग के राज्यों तथा 'ग' भाग के राज्यों मे अजमेर, कुर्ग, दिल्ली में 3,71,045 व्यक्ति सास सम्बन्धी बीमारियों से तथा 47,639 हृदय के तपेदिक से मर गए। यह हिसाब लगाया गया है कि इन रोगों के कारण 90 करोड़ से लेकर 100 करोड़ तक मनुष्य दिनों की हानि होती है, इसलिए यदि यह कहा जाये कि हानि बहुत ही भारी है, तो इसमे कोई आश्चर्य की बात नहीं। तपेदिक का सामना करने तथा उसके नियन्त्रण के लिए ये उपाय किए गए है :

**बी० सी० जी०**

बीस साल से ऊपर तजुरबा करने के बाद यह मालूम हुआ है कि बी० सी० जी० का टीका तपेदिक नियन्त्रण करने के लिए सुन्दर उपाय है। भारत सरकार ने विश्व स्वास्थ्य सगठन तथा यूनिसेफ के साथ यह समझौता किया है कि देशव्यापी बी० सी० जी० कार्यक्रम चलाया जाये। 1948 मे बी० सी० जी० टीकों का कार्यक्रम आरम्भ हुआ, और 1951 के अप्रैल मे बडे पैमाने पर इसे चलाया जा रहा है।

1953 के सितम्बर के अन्त तक सोलह राज्य इस कार्यक्रम के अन्तर्गत हो चुके थे। 1953 के अगस्त के अन्त तक दो करोड़ दस लाख व्यक्ति की ट्यूबरकुलिन के लिए परीक्षा हो चुकी थी। इनमें से 65 लाख व्यक्ति ट्यूबरकुलिन नेगेटिव पाए गए, इसलिए उन्हे बी०सी० जी० का टीका दिया गया। इस कार्यक्रम को ढग से चलाने के लिए एक केन्द्रीय बी० सी० जी० संगठन बनाया गया है, और 1953-54 के लिए 3,78,000 रुपयों की व्यवस्था की गई है। यह तो केन्द्र की बात हुई, राज्य सरकारों से भी कहा गया कि वे इस प्रकार के संगठन कायम करें।

100 से अधिक बी०सी० जी० टीमें देश भर में काम कर रही है। गिन्डी स्थित बी० सी० जी० वेक्सिन प्रयोगशाला इतनी अधिक वेक्सिन उत्पन्न करती है कि वह देश की आवश्यकता के लिए यथेष्ट है।

तपेदिक पर विजय प्राप्त करने के लिए यह आवश्यक है कि इस कार्य के लिये लोग यथेष्ट संख्या में प्रशिक्षित हों। दिल्ली, पटना और त्रिवेन्द्रम में जो तीन प्रशिक्षण तथा प्रदर्शन केन्द्र हैं, उनमें चिकित्सा-शास्त्र के छात्रों, स्नातकोत्तर कार्यकर्ताओं, धात्रियों, हेल्थ विज़िटरों तथा प्रौद्योगिक विशेषज्ञों को प्रशिक्षण दिया जाता है। भारतीय तपेदिक संघ प्रतिवर्ष कुछ हेल्थ विज़िटरों को प्रशिक्षित करता है।

दिल्ली के वल्लभभाई पटेल चेस्ट इंस्टीट्यूट में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण तथा चिकित्सा शास्त्र सम्बंधी विभिन्न पहलुओ पर शोधकार्य होता है। इस संस्था मे कई विभाग खोले जाने का विचार है जिनमें विभिन्न प्रकार के पहलुओ पर शोधकार्य होगा ।

तपेदिक से लोहा लेने के लिए यह आवश्यक है कि देश भर मे बहुत अधिक सख्या मे रोगी निवास, अस्पताल तथा प्रशिक्षण केन्द्र इत्यादि हो। योजना आयोग ने इन सस्थाओ की वृद्धि तथा जो संस्थाए मौजूद है, उनके विस्तार के लिए सिफारिश की है। इस सम्बन्ध मे क्या प्रगति अभीष्ट है, यह निम्नलिखित तालिका मे देखा जा सकता है

तालिका 148

| | 1950–51 | | 1955–56 | |
|---|---|---|---|---|
| | सस्थाओ की सख्या | पलगो की सख्या | सस्थाओ की सख्या | पलगो की सख्या |
| आरोग्य-गृह | 37 | 4,161 | 46 | 5,656 |
| अस्पताल | 48 | 3,077 | 50 | 4,814 |
| रोगी चिकित्सा गृह | 127 | 2,323 | 180 | 2,562 |

1952 मे इतनी उन्नति हो चुकी थी कि 1947 मे जहा पाच हजार पलगो का ही प्रबन्ध था, वहा उस साल 13,000 पलंगो का प्रबन्ध हो चुका था। तपेदिक रोग से मुक्त लोगो के लिए रोगोत्तर सेवा उपनिवेशो तथा सुपात्र गरीब रोगियो की सहायता के लिए एक कोष का होना बहुत आवश्यक है। तपेदिक के रोगी अच्छे हो जाने पर भी अपने पहले के कार्यों पर लौट नही पाते, क्योकि लोग उनसे एक प्रकार मे बचना चाहते है। इसके अलावा यह भी बात सही है कि यदि वे कठिन परिश्रम करे, तो वे फिर से रोगी हो सकते है। एक प्रस्ताव यह है कि पश्चिमी बगाल मे एक रोगोत्तर सेवा उपनिवेश स्थापित किया जाए, और इसके लिए दस लाख रुपये का लक्ष्य रख कर एक कोष एकत्र किया जा रहा है। केन्द्र मे गरीब रोगियो की सहायता के लिए एक कोष खोला जा चुका है। इस कोष का प्रबंध-भार केन्द्रीय तपेदिक सघ को दे दिया गया है।

**टी० बी० सीलों का कार्यक्रम**

तपेदिक सघ ने टी० बी० सीलो का बेचना जारी करके गैर-सरकारी तपेदिक विरोधी सस्थाओ के लिए अच्छी सुविधा प्रस्तुत कर दी है। इससे पैसे एकत्र करने का तथा जनता मे वैयक्तिक दिलचस्पी पैदा करने का अच्छा मौका मिला है। गत तीन अभियानो मे लगभग तीस लाख रुपये एकत्र हो चुके है। जो लोग तपेदिक के क्षेत्र मे सेवा कार्य कर रहे है, उनका मिल जुल कर काम करना तथा पारस्परिक तजुरबे से फायदा उठाना आवश्यक है। इस उद्देश्य से केन्द्रीय तपेदिक संघ सम्बन्धित लोगों का एक सम्मेलन बुलाता है। 1953–54 की दो फरवरी को मैसूर मे तपेदिक कार्यकर्त्ताओ का दसवां सम्मेलन हुआ था।

केन्द्र मे एक तपेदिक परामर्शदाता है। यह सम्भव है कि जल्दी ही सभी मुख्य राज्यो मे इसी प्रकार के परामर्शदाता होंगे। केन्द्रीय तथा राज्य सरकारे तपेदिक सेवा मे लगे हुए विभिन्न संगठनों तथा संस्थाओं को अनुदान देती है।

**यौन रोग**

अब यह निर्विवाद रूप से कहा जा सकता है कि बम्बई, कलकत्ता, मद्रास ऐसे स्थानो मे यौन रोग का अनुपात बहुत अधिक है। इन राज्यो मे पांच से सात प्रतिशत व्यक्ति उपदश से पीडित है। देहातों में क्या परिस्थिति है, यह नही मालूम, पर काश्मीर से लेकर आसाम तक की पहाडी इलाके विशेष कर काश्मीर, कुल्लू, हिमाचल प्रदेश और आसाम मे यह रोग बहुत अधिक फैला हुआ है। पश्चिमी बगाल तथा हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य सेवा के डायरेक्टरेट के कर्मचारीवर्ग मे ऐसे अधिकारी मौजूद है जो केवल यौन रोग दमन करने वाले है। मद्रास राज्य के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन से एक मेडिकल सलाहकार की सेवाए प्राप्त की गई है।

भारत सरकार के सामने एक ऐसी योजना है जिसके अनुसार मद्रास और बम्बई के मेडिकल कालेजों के अन्तर्गत यौन विभाग को उच्चतर मर्यादा दी जाएगी। पश्चिमी बगाल मे यौन रोग नियन्त्रण की एक बहुत ही व्यापक योजना चालू है, जिसमे 84 लाख 30 हजार रुपये खर्च होते है। पंचवर्षीय योजना काल मे इस मद में केन्द्र तथा राज्य इस प्रकार खर्च करेगे।

| | |
|---|---|
| राज्य . . . . | 1 करोड 3 लाख रु० |
| केन्द्र . . . . . | 5 लाख 79 हजार रु० |

**कुष्ठ**

भारत मे लगभग दस लाख व्यक्ति कुष्ठ रोग से पीडित रहते है। इन स्थानो के कुछ इलाको में कुष्ठ का जोर सबसे अधिक हो रहा है--पश्चिमी बगाल, बिहार, उडीसा, मद्रास, तिरुवाकुर-कोचीन। .

इस समय कुष्ठ निवारण का अधिकाश कार्य स्वयसेवक ढग के सगठनो के द्वारा किया जाता है। इस कार्य मे मिशन टू लेपर्ज सस्था सबसे आगे है। 1875 मे पजाब में चम्बा नामक स्थान में इस संस्था की स्थापना हुई। अब 95 सस्थाएं इससे सयुक्त है। हाल ही मे राज्य सरकार के स्थानीय अधिकारियों ने कुष्ठ रोगियो के रहने का प्रबन्ध करने की चेष्टा की, पर कुल मिला कर देश भर मे केवल 14,000 कुष्ठ रोगियों के लिए स्थान प्राप्त है। हिन्द कुष्ठ निवारण संघ ने 1925 मे ब्रिटिश साम्राज्य कुष्ठ निवारण सघ की भारतीय परिषद् के रूप मे काम शुरू किया। गाधी स्मारक निधि ने भी एक कुष्ठ निवारण सघ स्थापित किया है और इस रोग को रोकने के लिए 90 लाख रुपये का अनुदान दिया है।

जिन स्थानों मे कुष्ठ का विशेष प्रकोप है, उन स्थानों मे अधिक कार्य करने के लिए कुछ योजनाए केन्द्रीय स्वास्थ्य मत्रालय के विचाराधीन है।

**कैन्सर**

साल में लगभग दो लाख व्यक्ति कैंसर मे मरते है। बम्बई का टाटा स्मारक अस्पताल तथा कलकत्ते का चितरंजन अस्पताल ये ही दो ऐसे अस्पताल है, जहा कैंसर का इलाज होता है। मद्रास में इसी प्रकार का अस्पताल स्थापित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है। टाटा स्मारक अस्पताल में शोध भी हो रहा है।

1951 की दो मई को बम्बई मे भारतीय कैंसर सोसायटी की स्थापना हुई। इसके दो प्रधान दफ्तर कलकत्ता और दिल्ली में है। दिल्ली वाला दफ्तर 1953 के अप्रैल में स्थापित हुआ था।

## जलपूर्ति

भारत में केवल छ: प्रतिशत नगरो मे शोधित जल पूर्ति की व्यवस्था है। इस प्रकार भारत की कुल आबादी के 6.15 प्रतिशत तथा शहरी आबादी के 48.5 प्रतिशत को ही शोधित जल मिलता है। बडे शहरो मे जल की व्यवस्था काफी बिगडी है। देहाती इलाको मे तथा छोटे शहरो मे लोगों को शोधित जल नही मिलता। एनवायरेनमेन्टल हाईजीन कमेटी ने इस सम्बन्ध मे पचवर्षीय योजना तैयार की है, जिसमे उन इलाको को प्राथमिकता दी जाएगी जिनमे जल दुर्लभ है, हैजा का प्रकोप रहता है इत्यादि। इस कमेटी ने जो योजना रखी है उसमे प्रतिवर्ष 16 करोड 77 लाख रुपये खर्च होंगे।

एक लाख की आबादी से ऊपर वाले 48 शहरो मे से 23 मे मल अपवहन पद्धति मौजूद है। बारह शहरो मे आंशिक रूप से मल अपवहन प्रणालिया है। इस प्रकार केवल तीन प्रतिशत लोगो को इस प्रणाली से लाभ प्राप्त होता है। ऊपर बताई हुई कमेटी ने इस सम्बन्ध मे पचवर्षीय योजना के अन्तर्गत जो प्रस्ताव रखा है उसमे पद्रह करोड रुपया खर्च आएगा।

'क' भाग के राज्यो मे बम्बई, मद्रास, पश्चिमी बगाल, बिहार, 'ख' भाग के राज्यो मे मध्य प्रदेश, मैसूर तिरुवाकुर-कोचीन और 'ग' भाग के राज्यो मे भोपाल, विन्ध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और मणिपुर ने अपनी जल पूर्ति तथा मल अपवहन प्रणाली को उन्नत करने के लिए यथेष्ट खर्च किया है। राज्यो की जल पूर्ति और मल अपवहन के पचवर्षीय कार्यक्रम मे 23 करोड 49 लाख रुपये खर्च होगे। इसमे केन्द्र दस करोड रुपये देगा, जो पचवर्षीय योजना के अन्तर्गत स्थानीय विकास कार्यों के लिए प्राप्त तीस करोड रुपये की रकम मे से दिया जाएगा।

एक आदर्श व्यापक जन स्वास्थ्य विधेयक बनाने के लिए एक समिति नियुक्त हुई है। इसमें परिस्थितिगत सफाई के सारे पहलू आ जाएगे जैसे मकान की जल पूर्ति, सामान्य सफाई, विविध व्यवसायो, धधो तथा पेशो की व्यवस्था।

## पुष्टि

1935 और 1948 के बीच भारत मे खाद्यो का जो प्रमापन किया गया, उससे यह ज्ञात हुआ कि एक औसत भारतीय के खाद्य मे अनाज बहुत अधिक रहता है, पर उसमे प्रोटीन, खनिज पदार्थ तथा विटामिन जैसे सरक्षण खाद्यो का अभाव रहता है। इस प्रकार का भोजन असन्तुलित होता है और इससे अपुष्टि होती है। इसके कारण बच्चो, माताओ तथा साधारण लोगों मे मृत्यु सख्या अधिक होती है।

भारतीय चिकित्सा अनुसधान परिषद् और भारतीय कृषि शोध परिषद् की सयुक्त समिति ने खेती की उपजों को दृष्टि मे रख कर मनुष्यों तथा पशुओ की पुष्टि के सम्बन्ध मे एक नपी तुली

योजना रखी है। नीचे जो तालिका दी गयी है, उसमें प्रति वयस्क व्यक्ति को कितना खाना प्राप्त है तथा 1956 तक हमारा क्या लक्ष्य है, यह दिखाया गया है :

तालिका 149

**तीस करोड़ वयस्क इकाइयों की आवश्यकता-पूर्ति का लक्ष्य**

| खाद्य पदार्थ | 1950 में प्रति वयस्क व्यक्ति उपलब्ध मात्रा (औंसों में) | दैनिक आवश्यकताए (औंसो में) | वार्षिक आवश्यकताएं (दस लाख टनों में) |
|---|---|---|---|
| अनाज . | 13 71 | 14 | 43 |
| दाले . | 2 1 | 3 | 9 |
| दूध | 5.5 | 10 | 31 |
| फल . | 1 5 | 3 | 9 |
| तरकारिया . | 1 3 | 10 | 29 |
| चीनी . | 1 6 | 2 | 6 |
| मछली और गोश्त . | 0.3 | 3 | 9 |
| अंडे . . | — | 1 (अक) | 10,95,000लाख अडे |
| वनस्पति तेल और घी . | 1 | 2 | 6 |

भारतीय चिकित्सा अनुसधान परिषद् की एक पुष्टि परामर्श समिति है। इसके अलावा कई पुष्टि शोध प्रयोगशालाएं भी है। केन्द्र मे भी एक अन्तर्विभागीय समिति है। बगाल, बम्बई, तथा उत्तर प्रदेश की सरकारों ने ऐसी समितिया बना ली है। मद्रास, बिहार तथा पंजाब की सरकारें इस विषय पर विचार कर रही है।

खाद्य मे मिलावट की ओर सरकार की दृष्टि गई है, और ससद् खाद्य मिलावट विधेयक पर विचार चल रहा था।

**स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा**

सार्वजनिक स्वास्थ्य सम्बन्धी शिक्षा केन्द्रीय प्रशासन की जिम्मेदारी है। जनता मे स्वास्थ्य सम्बन्धी विचारों को फैलाने के लिए फिल्मो, पोस्टरों पुस्तिकाओ, माडलो, फोटो आदि का प्रयोग होता है।

स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टरेट जनरल से एक केन्द्रीय स्वास्थ्य फिल्म पुस्तकालय भी सम्बद्ध है। इस पुस्तकालय में स्वास्थ्य के सम्बन्ध मे जो फिल्म रहते है, वे राज्य सरकारो को, शिक्षा संस्थाओं को, स्थानीय संस्थाओं को, सामूहिक कार्य प्रशासन सस्थाओ को तथा चिकित्सा और स्वास्थ्य संस्थाओं को उधार दिये जाते है, जिससे कि वे उनका लाभ उठा सकें। बीस बहुरंगी चित्रमय पोस्टर तथा पैंतीस पुस्तिकाएं अंग्रेजी और हिन्दी मे प्रकाशित हो चुकी है, और निःशुल्क बाटी जा रही है। नुमाइशों मे बहुत से वृहदीकृत फोटो तथा अन्य प्रदर्शन योग्य चीजे दिखाई जाती है। केन्द्रीय स्वास्थ्य अजायबघर की स्थापना भी की जा चुकी है।

**जनसंख्या का नियन्त्रण**

स्वास्थ्य सेवाओं के डायरेक्टरेट जनरल मे अभी हाल मे ही आबादी-नियन्त्रण के सम्बन्ध में एक नया विभाग खोला गया है। इस सम्बन्ध मे तीन प्रारम्भिक प्रयोग किये जा रहे है। इनमे

से दो प्रयोग दिल्ली मे और एक मैसूर मे किया जा रहा है। परिवार नियत्रण के सम्बन्ध मे जो खतरे से खाली दिन का सिद्धान्त है, उसकी उपयोगिता तथा मूल्य पर अध्ययन तथा प्रयोग किया जा रहा है। ऐसा समझा जाता है कि 1954 के अन्त तक यह अध्ययन समाप्त हो जायेगा। भारत सरकार को परिवार–नियन्त्रण के सम्बन्ध मे शोध सम्बन्धी तथा अन्य योजनाओं पर परामर्श देने के लिए एक परिवार–नियन्त्रण शोध तथा कार्यक्रम समिति का निर्माण किया जा चुका है।

योजना आयोग ने इस कार्य के लिए 65 लाख रुपये की व्यवस्था की है। 1952–53 मे उसके लिए तीन लाख रुपये की व्यवस्था थी, जिसमें से केवल एक ही अंश खर्च हुआ था। 1953–54 के बजट मे भी इस सम्बन्ध मे तीन लाख रुपये की व्यवस्था है।

**अन्तर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्बन्ध**

भारत को 1948 से विश्व स्वास्थ्य सगठन तथा 1949 से यूनिसेफ से सहायता प्राप्त हो रही है। इन सगठनो से जो सहायता प्राप्त होती है, वह साधारणत मौजूदा सेवाओं को उन्नत करने के लिए विशेषज्ञ परामर्श, चिकित्सा सम्बन्धी साहित्य, साज-सामान तथा धात्रियों और दाइयों को प्रशिक्षित करने के लिए फैलोशिप और छात्रवृत्तियों के रूप मे होती है। इन अन्तर्राष्ट्रीय सस्थाओ की तरफ से हमारे यहा जो तरह तरह के प्रशिक्षण तथा शोध कार्य चालू है, उनके लिए पथ प्रदर्शक तथा शिक्षक भी भेजे जाते है। यूनिसेफ की ओर से भूचाल तथा दुर्भिक्ष पीडित क्षेत्रों के लिए भी सहायता प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त बच्चो तथा आसन्न प्रसवा माताओं को खिलाने पिलाने के सम्बन्ध मे भी इसके कार्यक्रम भी चालू है। इसकी ओर से भारत के 28 राज्यों के मातृमंगल तथा शिशु कल्याण केन्द्रो मे 3,06,900 पौड साबुन बाटा जा चुका है।

1952–53 के बजट मे विश्व स्वास्थ्य सगठन मे बीस लाख रुपये अलग रखे गये थे। 1952 में भारत सरकार ने यूनिसेफ के कोष मे बारह लाख रुपये दिये। 1953 मे इस सस्था को पन्द्रह लाख रुपये देने को व्यवस्था है।

तालिका 150

| माह | | जन्म | | मृत्यु | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | योग (हजारो मे) | (हजार व्यक्ति पीछे) दर | योग (हजारो मे) | (हजार व्यक्ति पीछे) दर |
| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1950 | | 6,728 | 24.8 | 4.333 | 16 0 |
| 1951 (क) | जनवरी | 468 | 24 3 | 283 | 14.7 |
| | फरवरी | 445 | 23 4 | 269 | 14 1 |
| | मार्च | 464 | 23 2 | 289 | 14 4 |
| | अप्रैल | 448 | 22 4 | 285 | 14.2 |
| | मई | 460 | 22 6 | 316 | 15.6 |
| | जून | 463 | 22 9 | 291 | 14 4 |
| | जुलाई | 503 | 26.C | 281 | 13.9 |

(क) इनका उन इकाइयों से सम्बन्ध है जिन्हें पहले प्रांत कहा जाता था।

| 1 | | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|---|
| | अगस्त . | 522 | 26.4 | 267 | 13.5 |
| | सितम्बर . | 522 | 28.2 | 260 | 14.1 |
| | अक्तूबर . | 516 | 27.8 | 290 | 15.7 |
| | नवम्बर . | 517 | 27.4 | 250 | 13.2 |
| | दिसम्बर . | 515 | 25.1 | 267 | 13.0 |
| 1952(क) | जनवरी . | — | 24.4 | — | 12.7 |
| | फरवरी . | — | 23 6 | — | 12.4 |
| | मार्च . | — | 24.2 | — | 13.3 |
| | अप्रैल . | — | 24.4 | — | 13.1 |
| | मई . | — | 24.6 | — | 13.0 |
| | जून . | — | 26.0 | — | 12.9 |
| | जुलाई . | — | 29.6 | — | 14.6 |
| | अगस्त . | — | 31.7 | — | 15.6 |
| | सितम्बर . | — | 32.6 | — | 16.4 |
| | अक्तूबर . | — | 34 4 | — | 17.0 |
| | नवम्बर . | — | 29 5 | — | 14.8 |
| | दिसम्बर . | — | 32.6 | — | 17.3 |

(क) अस्थायी ।

# इक्कीसवां अध्याय

## श्रम

केवल कुछ संगठित भागों के सम्बन्ध मे जैसे कारखानो, खानों, बागानों, रेलो, डाक और तार विभाग मे लगे हुए लोगों के सम्बन्ध मे ही आकडे प्राप्त है। पर असली काम करने वालो की संख्या इनसे कही अधिक है। 1950 मे सगठित धधो मे कितने लोग काम करते थे, उसका लेखा इस प्रकार है :—

| | |
|---|---|
| कारखाने | 25,04,399 |
| खाने | 4,71,761 |
| रेले | 9,23,154 |
| ट्राम मार्ग | 13,662 |
| डाक और तार | 1,74,230 |
| मुख्य बन्दरगाह | 53,258 |
| सी० पी० डब्ल्यू० डी० | 4,08,190 |

1950 मे बागानों मे कितने लोग काम करते थे, इसके आंकड़े प्राप्त नही है। पर 1949 मे बागानो मे 12,10,964 व्यक्ति लगे हुए थे। सी० पी० डब्ल्यू० डी०, डाक और तार विभाग, मुख्य बन्दरगाहो और ट्रामो पर 1951 मे क्रमश 2,29,032; 1,93,302, 49,082 और 17,740 व्यक्ति लगे हुए थे। 1952 के 31 मार्च को रेल विभाग मे 9,25,319 व्यक्ति लगे हुए थे।

### काम से गैर-हाजिरी

काम से गैर-हाजिरी के कारण उत्पादन सम्बन्धी साधनो पर बडा जोर पडता है। तालिका 151 से 153 मे कुछ धधो के सम्बन्ध मे परिस्थिति स्पष्ट की गई है :

(देखिये पृष्ठ 346 पर तालिका 151)

### तालिका 152

**कोयला-खानों के मजदूरों की अनुपस्थिति-वृत्ति (प्रतिशत)**

| अवधि | भू-गर्भ मे | खुले मे | धरातल पर | कुल मिलाकर |
|---|---|---|---|---|
| 1951 (औसत) | 15 18 | 14·56 | 10·55 | 13·31 |
| 1952 (औसत) | 14 78 | 14·31 | 10·38 | 13·11 |
| जनवरी 1953 | 15·37 | 14·71 | 8 98 | 12·77 |
| फरवरी 1953 | 14·23 | 14·08 | 10 77 | 13·01 |
| मार्च 1953 | 15·78 | 16·91 | 11·60 | 14·40 |
| अप्रैल 1953 | 13.99 | 14·38 | 10·70 | 12·86 |
| मई 1953 | 14·07 | 14·51 | 11·06 | 13·05 |
| जून 1953 | 15·90 | 15·00 | 11·86 | 14·34 |

## तालिका 151

### उत्पादन करने वाले उद्योगों में अनुपस्थिति—वृत्ति

**[कार्य के लिए निर्धारित व्यक्ति-पालियों (मैन-शिफ्टस) के मुकाबले व्यर्थ गयी व्यक्ति-पालियों का प्रतिशत]**

| वर्ष | सूती मिलें | | | | | | | ऊनी मिलें | | इंजीनियरिंग कारखाने | | टेलिग्राफ वर्कशाप | ट्रामवे वर्कशाप्स | लोहे व इस्पात के कारखाने | आर्डिनेंस कारखाने | सीमेंट के कारखाने | दियासलाई के कारखाने | चमड़े के कारखाने |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बम्बई | अहमदाबाद | शोलापुर | मद्रास | मदुरा | कोयम्बटूर | कानपुर | कानपुर | धारीवाल | बम्बई | पश्चिमी बंगाल | अखिल भारत | अखिल भारत | अखिल भारत | अखिल भारत | अखिल भारत | अखिल भारत | कानपुर |
| 1947 | 14·4 | 6 4 | 19 1 | 10 3 | 14·7 | 13·8 | 16·1 | 11·5 | – | 13·8 | – | – | – | – | 10·6 | 12·2 | 12·4 | 15·5 |
| 1948 | 13·3 | 5·9 | 18 1 | 9·1 | 13 9 | 9 6 | 16·1 | 10·6 | – | 13·4 | – | – | – | 14·3 | 8·5 | 10·9 | 10·9 | 8·0 |
| 1949 | 15·9 | 7·4 | 21·3 | 8·6 | 13·1 | 8·1 | 15·6 | 11·0 | – | 13·6 | – | – | – | 13·5 | 8·0 | 10·1 | 10·8 | 11·3 |
| 1950 | 14·5 | 8 4 | 20·1 | 9·5 | 14·6 | 9·7 | 16·1 | 12·5 | 9·3 | 13·1 | 11·1 | 8·1 | 15·7 | 12·4 | 8·9 | 10·6 | 11·0 | 8·4 |
| 1951 | 12·7 | 8·3 | 18·7 | 8.9 | 11·3 | 10·0 | 12·0 | 13·2 | 10·6 | 13·9 | 10·1 | 8·5 | 13·0 | 11·0 | 8·6 | 11·8 | 10·5 | 7·8 |

## तालिका 153

**आसाम के चाय बागों में अनुपस्थिति-वृत्ति (प्रतिशत)**

| | |
|---|---|
| 1944-45 | 28 8 |
| 1945-46 | 25 5 |
| 1946-47 | 25·6 |
| 1947-48 | 24·6 |
| 1948-49 | 25 9 |
| 1949-50 | 19·3 |

कोयला-खान बोनस योजना, और कोयला-खान प्राविडेंट फंड योजना, जो मुख्यत: कोयला-खान-मजदूरो की नौकरी के आकस्मिक रूप को समाप्त करने के उद्देश्य से बनायी गयी है, और उपस्थिति बोनस के कारण अनुपस्थिति-वृत्ति कम हो गयी है ।

### उत्पादनक्षमता

श्रम की उत्पादनक्षमता के विषय मे हाल ही मे अध्ययन प्रारम्भ किया गया । निम्नलिखित तालिका से कोयला खानो मे श्रम की उत्पादनक्षमता के विषय मे कुछ अन्दाज लग सकेगा—

## तालिका 154

**कोयला-खानों में उत्पादनक्षमता (औसत)**

| अवधि | खुदाई और ढुलाई करने वाले | भू-गर्भ मे और खुले मे कार्य सलग्न सभी व्यक्ति | खान के भीतर बाहर कार्य सलग्न सभी व्यक्ति |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1951 (औसत) | 1 03 | 0 55 | 0 34 |
| 1952 (औसत) | 1·04 | 0 56 | 0 35 |
| जनवरी 1953 | 1 06 | 0 57 | 0·33 |
| फरवरी 1953 | 1 03 | 0 57 | 0 37 |
| मार्च 1953 | 1 06 | 0 57 | 0·36 |
| अप्रैल 1953 | 1 05 | 0 57 | 0 37 |
| मई 1953 | 1 03 | 0 56 | 0·36 |
| जून 1953 | 1 06 | 0 57 | 0·35 |

**उत्पादनक्षमता और परिणामों के द्वारा भुगतान पर अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन टीम**

1952 की 5 दिसम्बर को पांच विशेषज्ञो का बना हुआ अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सगठन मिशन भारत आया । नई दिल्ली मे कुछ प्राथमिक विचार विनिमय करने के बाद मिशन दो हिस्सो मे बंट गया । एक तो वस्त्र व्यवसाय के सम्बन्ध मे सक्रिय हो गया, और दूसरा इंजीनियरिंग धंधों पर काम करने लगा । इन टीमो ने बम्बई राज्य की कपडा मिलो तथा कलकत्ते के पाच इंजीनियरिंग धंधों मे बहुत ब्यौरेवार जाचकार्य किया ।

इस मिशन का उद्देश्य यह जाच करना था कि कार्य करने के आधुनिक उपायों, कारखाने के संगठन तथा जहा भी उपयुक्त हो भुगतान की उपयुक्त पद्धति के प्रवर्तन से भारतीय मज़दूरों की उत्पादनक्षमता तथा मज़दूरी किस प्रकार बढ़ सकती है। मिशन ने कुछ चुने हुए लोगों को तथा मजदूर सघ के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया है और इसका नतीजा बहुत उत्साहप्रद रहा। अब यह प्रस्ताव रखा गया है कि भारत मे एक राष्ट्रीय उत्पादनक्षमता केन्द्र खोला जाये।

## बेकारी

चाय के धधे पर 1952 मे जो आफत आई थी, वह 1953 मे भी कायम रही। कपड़े के धंधे को भी हानि पहुची, यहा तक कि मिले बन्द करने, छाट करने तथा मजदूरो के निकाले जाने की नौबत आ गई। इसके अतिरिक्त शिक्षित लोगो मे भी बेकारी बढ गई। 1952 के अन्त मे काम-दिलाऊ केन्द्रों के रजिस्टरो पर शिक्षित बेकारो की सख्या 1,61,599 दिखाई गई थी, यह संख्या 1953 के जून के अन्त मे 1,94,881 हो गई। 1953 की जुलाई मे आगरा अधिवेशन मे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने देश मे फैली हुई बेरोजगारी के पतनकारी परिणामो की ओर ध्यान आकर्षित किया था। ससद् के दोनो भवनो के शरद् तथा शीत अधिवेशनों मे इस सम्बन्ध मे गैर-सरकारी सदस्यो ने प्रस्ताव भी रखे। कुछ राज्यो की विधान सभाओ मे भी इस प्रश्न पर विचार हुआ। योजना आयोग ने इस समस्या पर ध्यान दिया और परिस्थिति का सामना करने के लिए कुछ कदम उठाये।

## बेकारी दूर करने के उपाय

देश मे बेकारी बहुत अधिक बढ चुकी ह, पर इस सम्बन्ध मे कुछ ही उपाय काम मे लाये जा सकते है। फिर भी बेरोज़गारी दूर करने के लिये जो कुछ भी सम्भव है किया जा रहा है। इस दृष्टिकोण को सामने रखकर पचवर्षीय योजना मे संशोधन किया जा रहा है। केन्द्रीय और राज्य सरकारे विकास कार्यों के लक्ष्यो को जल्दी से जल्दी पूरा करने मे लगी हुई है। निजी धधो को भी अपनी उत्पादनक्षमता बढ़ाने में प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इस क्षेत्र मे देश के प्रयासो को सही मार्ग दिखलाने के लिए एक एकादश-सूत्री कार्यक्रम बनाया गया है। शिक्षित बेकारो की समस्या पर आपत्तिकाल के ढग से विचार हो रहा है। एक शिक्षक वाले विद्यालयो का एक कार्यक्रम बनाया गया है, जिसमे 1953–54 मे 33,000 शिक्षक खप जायेगे और 1954–55 मे 50,000 और शिक्षक खपेगे। इसके अतिरिक्त 30,000 विशेष शिक्षा केन्द्र 1953–54 मे तथा 5,000 विशेष शिक्षा केन्द्र 1954–55 मे खोले जायेगे, ऐसी आशा है। राष्ट्रीय विस्तार योजना से 84,000 नौकरिया निकलेगी। केन्द्रीय सरकार ने रोजगार बढाने के लिए चौदह करोड सत्तर लाख रुपये खर्च करने का निर्णय किया है। अब तक अठारह राज्य केन्द्र का प्रस्ताव स्वीकार कर चुके है। इस मद मे राज्यों मे धन इस प्रकार से बांटा जायेगा :

| | |
|---|---|
| बिहार . . . | 11.50 लाख रुपये |
| पंजाब . . . | 5.50 लाख रुपये |
| पेप्सू . . . | 2.00 लाख रुपये |

राजस्थान . . . 3.72 लाख रुपये
सौराष्ट्र . . . 1.00 लाख रुपये

**छंटनी किये हुए तथा हटाये हुए मजदूरों के लिए क्षतिपूर्ति**

1953 की जुलाई मे स्टैंडिंग लेबर कमेटी या स्थायी श्रम समिति के तेरहवे अधिवेशन में पूंजीपतियो और मजदूरों के बीच जो समझौता हुआ था उसी को राष्ट्रपति के एक अध्यादेश के रूप मे 1953 के अक्तूबर मे प्रकाशित किया गया। इसमे यह कहा गया है कि जो मजदूर मौसमी कारखानो के अलावा ऐसे कारखानो मे काम करते है जहा पचास या उससे अधिक लोग काम करते है और कारखानेदार उसे हटाना चाहता है, तो यदि उस मजदूर के सामने कोई उपयुक्त वैकल्पिक रोजगार नही है, तो कारखानेदार उसे एक साल मे 45 दिन के हिसाब से जितने दिन बनेगे उन के लिये पचास प्रतिशत मजदूरी और महगाई भत्ता देगा। अध्यादेश मे यह भी कहा गया था कि यदि कोई मजदूर किसी मालिक के अधीन कम से कम एक साल रहा है, तो उसे निकालने के लिए एक महीने का नोटिस या नोटिस के ऐवज मे एक महीने का वेतन तथा जितने साल या छः महीने मे अधिक समय उसने पूरा किया, उतने सालो के लिये 15 दिन के औसत वेतन के हिसाब से एक मुश्त रकम देनी पडेगी।

(देखिये पृष्ठ 350 पर तालिका 155)

काम दिलाऊ केन्द्रो मे अनुसूचित जातियो, छटनी मे निकाले हुए सरकारी नौकरो तथा विस्थापितो को नौकरी दिलाने मे प्राथमिकता दी जाती है। 1952 मे इस संस्था की ओर से 8,596 छटनी मे निकाले गये सरकारी नौकरो, 17,088 विस्थापितो तथा 49,044 अनुसूचित जातियो के प्रार्थियो को नौकरिया दिलाई गई। हाल ही मे काम दिलाऊ केन्द्रों में एक नया विभाग खोला गया है जो दर्जा I तथा दर्जा II के गेजेटेड तथा कमीशन प्राप्त फालतू तथा छटनी मे निकाले हुए अधिकारियो को नौकरिया दिलाने का काम करेगा। 1952 मे दर्जा I तथा दर्जा II के गेजेटेड तथा छटनी मे निकाले हुए कमीशन प्राप्त अधिकारियों के विशेष रजिस्टर पर 307 व्यक्तियो के नाम दर्ज किए गए थे।

देहातो तथा काम दिलाऊ केन्द्रों के दफ्तरो से बहुत दूर के स्थानो मे नौकरी चाहने वाले लोगो की मदद के लिए तेरह काम दिलाऊ केन्द्रो की ओर से चलते फिरते दफ्तर खोले गये। 1952 मे प्रति मास औसतन 6,370 व्यक्तियो को नौकरी दिलाई गई। नौकरी चाहने वालो को गतिशील बनाने मे भी काम दिलाऊ केन्द्र सहायक हो रहे है। प्रति मास देश भर के काम दिलाऊ केन्द्रो मे गतिशील श्रम परिस्थिति विवरण के द्वारा लगभग 2,800 व्यक्तियो के सम्बन्ध मे ब्यौरे प्रचारित किये गये और प्रति मास औसतन 402 से अधिक व्यक्तियों को अपने जिलों से बाहर नौकरी दिलाई गई।

**प्रशिक्षण योजनाएं**

1946 मे काम दिलाऊ केन्द्रो की ओर से जो प्रशिक्षण सम्बन्धी योजनाये बनाई गई थी, उनमें केवल भूतपूर्व सैनिकों के लिये प्रौद्योगिक और व्यावसायिक शिक्षा की व्यवस्था की गई थी।

## राष्ट्रीय रोजगार सेवा

1945 मे काम दिलाऊ केन्द्र इस उद्देश्य से खोले गये कि लड़ाई से छूटे हुये सिपाहियों को नौकरिया दिलाई जाये । अभी यह समस्या निपट नही पाई थी कि शरणार्थियों की समस्या आ गई और 1947 मे उनको काम दिलाने की समस्या इस संस्था के सुपुर्द की गयी । बाद को काम दिलाऊ केन्द्रों का दायरा और बढा दिया गया । इन केन्द्रों के कुछ कार्यों पर नीचे की तालिका मे रोशनी पड़ेगी :

तालिका 155

| अवधि | अवधि की समाप्ति पर केन्द्रों की संख्या | अवधि मे पजीकृत हुए व्यक्तियों की सख्या | उन प्रार्थियो की संख्या जिन्हे इस अवधि मे रोजगार दिलवाया गया | उन पजीकृत व्यक्तियो की संख्या जिन्हे अवधि की समाप्ति पर रोजगार नही दिलवाया जा सका था | उन नियोजको की सख्या जो केन्द्रो से लाभ उठा रहे थे | अवधि मे प्रकाशित रिक्त स्थानों की मासिक संख्या | अवधि की समाप्ति पर ऐसे रिक्त स्था जिन्हे भरना शेष था |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 अगस्त, से लेकर दिसम्बर 1947 | 75 | 2,07,838 | 61,729 | 2,36,734 | 2,879 | 97,892 | 68,756 |
| 1948 | 77 | 8,68,787 | 2,59,774 | 2,39,033 | 3,422 | 3,80,118 | 55,131 |
| 1949 | 110 | 10,66,351 | 2,56,809 | 2,74,335 | 4,483 | 3,62,011 | 29,292 |
| 1950 | 122 | 12,10,358 | 3,31,193 | 3,30,743 | 5,566 | 4,19,307 | 28,189 |
| 1951 | 126 | 13,75,351 | 4,16,858 | 3,28,719 | 6,364 | 4,86,534 | 21,776 |
| 1952 | 128 | 14 76 699 | 3,57,828 | 3,83,992 | 6,023 | 4,29,551 | 22,293 |
| जनवरी से लेकर जून 1953 तक | 126 | 6,95,573 | 1 05,379 | 4,73,917 | — | 1,43,240 | 22,662 |

नीचे की तालिका मे प्रति वर्ष की जुलाई मे कितने प्रशिक्षण केन्द्र थे तथा कितने लोगो को प्रशिक्षण दिया जाता था, इसका ब्यौरा दिया जा रहा है

तालिका 156

प्रशिक्षण के आकड़े

**(इसके अन्तर्गत केन्द्रीय श्रम मंत्रालय की योजनाएं आती है)**

| माह | अवधि की समाप्ति पर केन्द्रो की सख्या | अवधि की समाप्ति पर उन व्यक्तियो की सख्या जिन्हे प्रशिक्षण दिया जा रहा था | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | पुरुष | | | नारी | |
| | | प्रौद्योगिक | व्याव-सायिक | शिक्षार्थी | व्याव-सायिक | |
| जुलाई 1948 | 377 | 9,178 | 3,691 | 1,494 | 288 | 15,337 |
| जुलाई 1949 | 533 | 10,958 | 4,571 | 2,439 | 255 | 18,226 |
| जुलाई 1950 | 98 | 6,022 | 1,162 | — | 322 | 7,506 |
| जुलाई 1951 | 199 | 7,640 | 2,304 | 789 | 390 | 11,123 |
| जुलाई 1952 | 106 | 9,371 | 476 | 302 | 14 | 10,163 |
| जुलाई 1953 | 259 | 7,718 | 48 | 572 | 9 | 8,347 |

**केन्द्रीय प्रशिक्षण संस्था**

दस्तकारो को प्रशिक्षित करने के अलावा मध्य प्रदेश के कोनी-बिलासपुर की केन्द्रीय प्रशिक्षण सस्था शिक्षको तथा इंस्पेक्टरो या निरीक्षको को भी प्रशिक्षित करती है। एशिया मे यह सस्था अपने ढग की एक है, और यहा केवल छ: महीने की शिक्षा दी जाती है। 1952 मे इस सस्था मे 207 व्यक्ति प्रशिक्षित हुए थे। इस प्रकार अब तक कुल 874 व्यक्तियो को यहा प्रशिक्षित होने का अवसर मिला।

**राष्ट्रीय व्यापार प्रमाणीकरण बोर्ड**

भारत सरकार ने 1951 मे एक केन्द्रीय बोर्ड इसलिये नियुक्त किया कि वह प्रत्येक विषय मे मानदड नियत करे, परीक्षाए ले तथा कार्यकुशलता के प्रमाणपत्र दे।

**शिवाराव समिति**

ससद् सदस्य श्री शिवाराव की अध्यक्षता मे प्रशिक्षण तथा रोजगार सेवा संगठन समिति नाम से एक समिति नियुक्त हुई, जिसका काम यह है कि पुनर्वास तथा रोज़गार संगठन के भविष्य सम्बन्धी प्रश्न पर विचार करे।

## औद्योगिक सम्बन्ध

**मजदूर संघ**

सरकार की औद्योगिक नीति का मूल मत्र यह है कि मज़दूर संघों को ठोस तथा स्वस्थ आधार पर सगठित किया जाये। 1926 की मजदूर संघ विधि के अनुसार पंजीकृत मज़दूर

संघों को एक विधिगत तथा सामूहिक मर्यादा दी गई, और उन्हे मजदूर-पूजीपतियों के झगडों के सम्बन्ध में कुछ विमुक्तिया प्राप्त हुई। मजदूर संघ के कोषों पर जो थोड़ी बहुत रोकथाम रखी गई है उसका उद्देश्य उसे विवेकहीन व्यक्तियो के शोषण से बचाना है। 1947 में एक सशोधित विधि बनी जिसके अनुसार मजदूर संघों की अनिवार्य स्वीकृति, तथा अवैध आचारो के विरुद्ध उपाय बने। पर यह विधि तब तक लागू नही होगी, जब तक कि कुछ मामलों मे सरकार की अन्तिम नीति स्पष्ट नही हो जाती। सरकार ने जो नई नीति अपनाई है, उसका उद्देश्य यह है कि मजदूर संघ अपनी सगठित शक्ति तथा सामूहिक सौदा करने की सामर्थ्य पर निर्भर करे तथा जो समझौते हों उन्हे कार्यान्वित करने मे अपनी कर्मशक्ति का उपयोग करें, न कि सरकार का मुह ताके।

पजीकृत मजदूर सघों तथा उनके कोषों के सम्बन्ध मे नीचे की तालिकाओ मे सारी बाते आ जाती है:

## तालिका 157

**पंजीकृत संघों की संख्या और सदस्य संख्या 1949-50**

| मजदूर संघ | सघो की सख्या जो रजिस्टर पर थी | ऐसे संघों की सख्या जो आय-विवरण देते थे | आय-विवरण देने वाले संघो की सदस्य सख्या | |
|---|---|---|---|---|
| | | | वर्ष के प्रारम्भ मे | वर्ष के अन्त मे |
| नियोजको के सगठन | 39 | 29 | 3,760 | 4,877 |
| मजदूरो के सगठन | 3,483 | 1,897 | 18,14,648 (क) | 18,16,255 (क) |
| योग | 3,522 | 1,926 | 18,18,408 | 18,21,132 |

## तालिका 158

**1949-50 के लिये आय-विवरण देने वाले पंजीकृत मजदूर सघों के सामान्य कोष**

(रुपयो में)

| | आय विवरण देनेवाले मजदूर संघों की संख्या | प्रारम्भिक अंतर | आय | व्यय | सवरण अन्तर |
|---|---|---|---|---|---|
| मजदूर संघ | | | | | |
| केन्द्रीय संघ | 40 | 1,30,693 | 3,36,192 | 2,81,204 | 1,85,681 |
| राज्यीय संघ | 1,857 | 36,19,136 | 41,02,797 | 34,63,225 | 42,58,708 |
| योग . | 1,897 | 37,49,829 | 44,38,989 | 37,44,429 | 44,44,389 |
| नियोजक संघ : | | | | | |
| केन्द्रीय संघ | 1 | 53,804 | 5,862 | 3,152 | 56,514 |
| राज्यीय संघ | 28 | 19,13,689 | 25,14,719 | 20,69,247 | 23,59,161 |
| योग . | 29 | 19,67,493 | 25,20,581 | 20,72,399 | 24,15,675 |
| सर्व योग | 1,926 | 57,17,322 | 69,59,570 | 58,16,828 | 68,60,064 |

(क) सदस्य सख्या के ये आकडे 1919 के मजदूर संघो से सम्बद्ध है।

इस समय मज़दूर संघ आन्दोलन चार राष्ट्रीय संगठनों में बंटा हुआ है । इस प्रकार से एक ही धंधे में एक से अधिक मज़दूर संघ मौजूद हैं । उद्योग धंधे के एक ही विभाग में विभिन्न और कई बार परस्पर विरुद्ध विचारधाराओं के मज़दूर संघ काम कर रहे हैं । कहना न होगा कि यह परिस्थिति मज़दूर संघ की वृद्धि के लिए हितकर नहीं है । यद्यपि यह सारा मामला मज़दूरों का निजी मामला है, फिर भी सरकार ने बार बार यह बात कही है कि एक धंधे में एक मज़दूर संघ होना वांछनीय है । अब तो मज़दूर संघ के नेता भी इस बात को समझने लगे हैं । भारतीय मज़दूरों के चार राष्ट्रव्यापी संगठनों के साथ कितने-कितने मज़दूर संघ हैं, तथा उनके कितने सदस्य हैं, यह नीचे की तालिका में दिया जा रहा है ।

## तालिका 159

### अखिल-भारत मज़दूर-संगठन

| संगठन | सम्बद्ध संघों की संख्या | | | सदस्य संख्या | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1949 | 1950 | 1951 | 1949 | 1950 | 1951 |
| इंडियन नेशनल ट्रेड यूनियन कांग्रेस . | 847 | 1,043 | 1,232 | 10,23,117 | 14,31,878 | 15,48,56 |
| आल इंडिया ट्रेड यूनियन कांग्रेस . | 754 | 722 | 736 | 7,41,035 | 7,30,636 | 7,58,314 |
| हिन्द मज़दूर सभा . | 419 | 460 | 517 | 6,79,287 | 6,98,720 | 8,04,33 |
| यूनाइटेड ट्रेड यूनियन कांग्रेस | 254 | 306 | 332 | 3,31,991 | 3,66,401 | 3,84,962 |
| योग | 2,274 | 2,531 | 2,817 | 27,75,430 | 32,27,635 | 34,96,181 |

**केन्द्रीय श्रम संस्था**

1953 के पूर्वार्द्ध में अमेरिका के प्रौद्योगिक सहायता कार्यक्रम के अनुसार यह निर्णय हुआ कि एक केन्द्रीय श्रम संस्था की स्थापना की जाये । इस योजना के कई भाग हैं जैसे—(1) औद्योगिक सुरक्षा, स्वास्थ्य तथा कल्याण कार्य अजायबघर; (2) औद्योगिक सफाई प्रयोगशाला; (3) प्रशिक्षण केन्द्र तथा (4) पुस्तकालय तथा सूचना केन्द्र । इस प्रस्तावित प्रशिक्षण केन्द्र का मुख्य कार्य श्रम प्रशासकों तथा इस प्रकार के अन्य लोगों को प्रशिक्षण देना है । श्रम तथा सूचना केन्द्रों में सारी श्रम समस्याओं पर प्रामाणिक सूचनाओं की पूर्ति तथा अध्ययन और शोध की सुविधाएं होंगी । औद्योगिक सफाई प्रयोगशाला स्थापित की गई है, और औद्योगिक अजायबघर खोलने के लिए कदम उठाये जा रहे हैं । इसके अलावा मुक्त मज़दूर संघों के अन्तर्राष्ट्रीय संघ ने एक एशियाई मजदूर संघ कालेज स्थापित किया है । यह कालेज एशिया में अपने ढंग का एक है और इसमें तीस प्रशिक्षणार्थियों को तीन महीने प्रशिक्षित किया जाता है । इस कालेज की देख रेख में विभिन्न देशों में प्रशिक्षण पाठ्यक्रम चालू है । जल्दी ही काडला में इसी कालेज की देखरेख में परिवहन कार्यकर्ताओं के लिए एक शिक्षण केन्द्र खोला जायेगा ।

**औद्योगिक झगड़े**

1939 से औद्योगिक झगड़ों का लेखा इस प्रकार रहा :

## तालिका 160

| वर्ष | झगड़ों की संख्या | | उन मजदूरों की संख्या जो परोक्ष या अपरोक्ष रूप से झगड़ों में फंसे थे | | अवधि में व्यर्थ गये दिनों की कुल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| | जो वर्ष में प्रारम्भ हुए | जो वर्ष भर या उसके किसी भाग में चलते रहे | जो वर्ष में प्रारम्भ हुए | जो वर्ष भर या उसके किसी भाग में चलते रहे । | |
| 1939 . | -- | 406 | — | 4,09,189 | 49,92,795 |
| 1940 . | — | 322 | -- | 4,52,539 | 75,77,281 |
| 1941 . | — | 359 | — | 2,91,054 | 33,30,503 |
| 1942 . | -- | 694 | — | 7,72,653 | 57,79,965 |
| 1943 . | — | 716 | — | 5,25,088 | 23,42,287 |
| 1944 . | -- | 658 | — | 5,50,015 | 34,47,306 |
| 1945 . | — | 820 | — | 7,47,530 | 40,54,499 |
| 1946 . | -- | 1,629 | — | 19,61,948 | 1,27,17,762 |
| 1947 . | — | 1,811 | -- | 18,40,784 | 1,65,62,666 |
| 1948 . | — | 1,259 | — | 10,59,120 | 78,37,173 |
| 1949 . | -- | 920 | -- | 6,85,457 | 66,00,595 |
| 1950 . | — | 814 | — | 7,19,883 | 1,28,06,704 |
| 1951 . | — | 1,071 | — | 6,91,321 | 38,18,928 |
| 1952 | -- | 963 | — | 8,09,242 | 3,33,696 |
| जनवरी से लेकर जून 1953 तक | — | 357 | — | 2,35,801 | 13,33,547 |

**झगड़ों को रोकने तथा मिटाने का उपाय**

1947 की औद्योगिक कलह विधि मे (बाद के सशोधन के साथ) एक सुलह अधिकारी, सुलह बोर्ड, जांच अदालत, औद्योगिक ट्रिब्यूनल तथा श्रम अपीलेट ट्रिब्यूनल की व्यवस्था की गई है । सम्बद्ध सरकारों को तदर्थ ट्रिब्यूनलों की स्थापना का अधिकार दिया गया है । कुछ राज्यों ने इस विषय पर अपने कानून बनाये हैं । बम्बई वाली विधि में दो नई संस्थाओं यानी श्रम अदालत तथा मजदूरी बोर्ड की स्थापना की व्यवस्था की गई है ।

**केन्द्रीय सुलह संगठन**

1945 में यह संगठन बनाया गया था । अब इस में 79 अधिकारी हैं जिनमें एक मुख्य श्रम आयुक्त, दो सहायक श्रम आयुक्त, सात क्षेत्रीय आयुक्त, सत्रह सुलह अधिकारी और 52 श्रम निरीक्षकों की व्यवस्था है, जो विभिन्न इलाकों में रहते हैं । कुछ श्रम विधियों के प्रशासन का भार भी इस संगठन पर है । राज्यों में सुलह कराने के अपने अपने साधन हैं ।

**औद्योगिक ट्रिब्यूनल**

दो औद्योगिक ट्रिब्यूनल हैं—एक धनबाद में तथा दूसरा कलकत्ते में। राज्यों के अपने अपने ट्रिब्यूनल हैं।

**श्रम अपीलेट ट्रिब्यूनल**

कलकत्ता, बम्बई और लखनऊ में इस ट्रिब्यूनल की शाखाएं हैं। प्रधान दफ्तर कलकत्ता में है।

**तदर्थ रेल ट्रिब्यूनल**

1953 की जुलाई में एक सदस्यीय रेल ट्रिब्यूनल स्थापित हुआ था जिसके सामने पांच कलहपूर्ण विषय रखे गये। इनका सम्बन्ध कुछ रेल कर्मचारियों के वेतन के ग्रेड और स्केल, छुट्टी तथा दूसरे के एवज में कार्य करत समय के वेतन आदि से था।

**अखिल भारतीय औद्योगिक ट्रिब्यूनल (बैंक के झगड़े)**

1953 के अप्रैल में बैंक के झगड़ों पर पहले जो तीन सदस्यों वाला ट्रिब्यूनल बैठाया गया था, उसकी सिफारिश सामने आई। वेतन तथा भत्ता की दृष्टि से ट्रिब्यूनल ने बैंकों को उनके कार्यकारी कोषों के अनुसार चार वर्गों में बांटा है, और उनके कार्यक्षेत्र को रहन-सहन के व्यय की विभिन्नता के अनुसार तीन श्रेणियों में बांटा है। प्रत्येक वर्ग के लिए समय सम्बन्धी स्केल तथा श्रम के घंटे निर्दिष्ट कर दिये गये हैं। निर्वाह निधि, बोनस, चिकित्सा सम्बन्धी सहायता, छुट्टी, छटनी के लिए क्षतिपूर्ति तथा भर्ती, तबादला और अनुशासन सम्बन्धी कार्रवाई के सम्बन्ध में सिफारिशें की गई।

इसी प्रकार प्रतिरक्षा विभाग के श्रमिकोंकी शिकायतों पर प्रतिवेदन देने के लिये जांच समिति की सिफारिशें मुख्यतः भारत सरकार द्वारा स्वीकार कर ली गई हैं। सरकार ने कोयले की खानों के मजदूरों की कुछ शिकायतों को भी एक औद्योगिक ट्रिब्यूनल के सामने रखने का फैसला कर लिया है। एक ऐसे ट्रिब्यूनल की स्थापना का प्रयास हो रहा है।

**त्रिदलीय यंत्र**

कुछ सालों से अन्तर्राष्ट्रीय श्रम सगठन के नमूने पर देश भर में सरकार, पूंजीपति तथा मजदूरों के प्रतिनिधियों के सगठन काम करते रहे हैं। इन सगठनों का होना हितकर पाया गया है और अब वे देश की औद्योगिक नीति के एक अंग हो गये हैं। इन लोगों ने समझौते की भावना, शुभेच्छा, पारस्परिक विश्वास उत्पन्न कर के बडी कठिन तथा जटिल समस्याओं को सुलझाया है।

त्रिदलीय ढग के महत्वपूर्ण सगठनों में यह हैं—भारतीय श्रम सम्मेलन, स्थायी श्रम समिति और विविध औद्योगिक तथा परामर्श समितियां। अधिकांश राज्यों में इसी ढग पर स्वतन्त्र त्रिदलीय यंत्र हैं। 1953 की 27 और 28 जुलाई को स्थायी श्रम समिति का अधिवेशन हुआ था। उसमें बहुत से महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार हुआ और इच्छा के विरुद्ध बेकारी तथा छटनी के सम्बन्ध में उन्होंने एक स्वीकृत सूत्र विकसित किया, जिसके द्वारा क्या रकम दी जायेगी तथा कितने समय के लिये लाभ होगा, यह बताया गया था। यद्यपि श्रम मंत्रियों के सम्मेलन को त्रिदलीय सगठन नहीं कहा जा सकता, पर वह घनिष्ठ रूप से संयुक्त तो है ही। 1953 की छः और सात फरवरी को इनका दसवां अधिवेशन हुआ और इसमें, औद्योगिक सम्बन्ध विधेयक

[ पृष्ठ 358 पर जारी ]

1950-51 मे केन्द्रीय कारखानो मे 323 कार्य समितियां थीं । 1951 के 30 सितम्बर को जितनी कार्य निर्वाहक और उत्पादन समितियां थी, उन का लेखा इस प्रकार है—

## तालिका 161

### कार्य और उत्पादन समितियो की सख्या 30 सितम्बर, 1951 को

| अनुक्रम | बम्बई | | बिहार | | मद्रास | | उडीसा | | पंजाब | | पश्चिमी बंगाल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ |
| 1. कागज मिलें | 30 (क) | 7 (क) | – | – | – | – | 1 | 1 | – | – | – | – |
| 2 काच के कारखाने | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – | 1 | – |
| 3 विद्युत संस्थान | 5 | 3 | – | – | – | – | 1 | – | – | – | 2 | – |
| 4 चीनी के कारखाने | 1 | 1 | – | 1 | – | – | 1 | – | – | – | – | – |
| 5 तेल मिले | – | – | – | 1 | – | – | 1 | – | – | – | – | – |
| 6 कुम्हार का काम | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – | – | – |
| 7 छापाखाने | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – | 3 | 1 |
| 8 कपडा मिले | – | 45 | – | 2 | – | – | 1 | – | 25 | 13 | 28 | 5 |
| 9 चावल मिले | – | – | – | – | – | – | 11 | 2 | – | – | – | – |
| 10 इंजीनियरिंग और धातुएं | 69 | 20 | – | 7 | – | – | – | – | 17 | 5 | 8 | 11 |
| 11 रासायनिक | 39 | 17 | – | 1 | – | – | – | – | – | – | – | 1 |
| 12 खाद्य, पेय और तबाकू | 15 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 2 | 2 |
| 13 खाले और चमडा | 1 | – | – | 1 | – | – | – | – | – | – | – | 1 |
| 14 सीमेंट | 1 | – | – | 3 | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 15 दियासलाई | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 16 यातायात | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 17 विविध | 85 | 22 | 102 | 4 | – | – | 1 | 2 | 56 | 35 | 34 | 2 |
| योग | 245 | 115 | 102 | 20 | 486 (ख) | 200 (ख) | 20 | 5 | 98 | 53 | 78 | 23 |

| अनुक्रम | हैदराबाद | | मध्यभारत | | पेप्सू | | राजस्थान | | सौराष्ट्र | | अजमेर | | भोपाल | | दिल्ली | | हिमाचल प्रदेश | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ | का | उ |
| 1 | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 2 | – | – | – | – | – | – | 2 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 3 | – | – | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 4 | – | – | – | – | 2 | – | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | – | – | – | – |
| 5 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 6 | – | – | – | – | – | – | – | – | 3 | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – |
| 7 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | 5 | – | – | – |
| 8 | – | – | 1 | – | – | – | 4 | – | 5 | – | 4 | 4 | – | – | 4 | – | – | – |
| 9 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 10 | – | – | – | – | – | – | 3 | – | – | – | – | – | – | – | 17 | – | – | – |
| 11 | 1 | – | – | – | 1 | – | 1 | – | 1 | – | – | – | – | – | 2 | – | – | – |
| 12 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 13 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 14 | – | – | – | – | 1 | – | 1 | – | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 15 | – | – | – | – | – | – | 1 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | |
| 16 | – | – | – | – | – | – | 3 | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – | – |
| 17 | – | – | – | – | 2 | – | 20 | – | 4 | – | – | – | 1 | – | 11 | – | 7 | 8 |
| योग | 2 | – | 1 | – | 6 | – | 35 | – | 15 | – | 5 | 4 | 2 | – | 40 | – | 7 | 8 |

का-कार्य समितिया उ-उत्पादन समितिया

(क) इसमें छापाखाने भी शामिल हैं । (ख) उद्योगवार वितरण अप्राप्य है ।

तथा ऐसे प्रश्न जैसे--चाय बागानों मे फालतू श्रम, फैक्टरी इस्पेक्टरेट का तगडा किया जाना तथा निजी कारखानो मे चिकित्सा निरीक्षको का नियुक्ति ग्रौर राष्ट्रीय छुट्टियो तथा त्यौहार के लिये भुगतान के एक एकीभूत मानदण्ड पर विचार हुग्रा ।

**संयुक्त समितियां**

मालिको ग्रौर मजदूरो की कार्य निर्वाहक समितिया झगडो को निपटाने मे प्रारम्भिक स्थिति मे बहुत काम कर सकती है । ये समितिया मुख्यत: मुक्त तथा खुले वाद-विवादो के द्वारा परस्पर के दृष्टिकोण को समझ सकती है । केन्द्रीय तथा राज्य सरकारे 1947 की ग्रौद्योगिक विधि तथा ग्रन्य कानूनो के ग्रनुसार समय समय पर सौ या उससे ग्रधिक मजदूरो को काम मे लगाने वाले कारखानो मे मालिक मजदूर समितियो का निर्माण करवा सकती है ।

(देखिये पृष्ठ 356-57 पर तालिका 161)

**औद्योगिक रोजगार सम्बन्धी स्थायी आज्ञापत्र**

स्थायी ग्राज्ञापत्रो मे पहले से सेवा की ग्रवस्थाए, कार्य की प्रगति, काम के घन्टे, छुट्टिया, मजदूरी का भुगतान, मजदूरी मे किसी तरह की कमी करने के नियम ग्रौर ग्रनुशासन सम्बन्धी कार्यवाही के विषय मे बातें ही होती है । पहले से ये नियम बने होने से मनमुटाव तथा झगड़े के कारण कम मे कम हो जाते है । 1946 की ग्रौद्योगिक रोजगार सम्बन्धी स्थायी ग्राज्ञापत्र विधि के ग्रनुसार केन्द्रीय तथा राज्य सरकार को इस बात का ग्रधिकार प्राप्त है कि वे ग्रादर्श नियम बनावे । तदनुसार इन सरकारो ने ग्रादर्श नियम बनाये है, ग्रौर सौ या उससे ग्रधिक मजदूर वाले कारखानो मे वे चाहती है कि ये नियम लागू कर दिये जाये । उत्तर प्रदेश की सरकार ने तो यह ग्राज्ञा दी है कि जिन कारखानो मे सौ से कम व्यक्ति काम करते हों वे भी ग्रपने यहा के स्थायी ग्राज्ञापत्र की पद्धति चालू करें । ग्रासाम सरकार ने तो इस विधि को ऐसे कारखानो मे जिनमे दस या उससे ग्रधिक लोग काम करते है, लागू कर दिया है ।

**औद्योगिक सम्बन्ध विधेयक**

ग्रस्थायी ससद मे जो ग्रौद्योगिक सम्बन्ध विधेयक पेश किया गया था वह ग्रस्थायी ससद के समाप्त हो जाने पर स्वय समाप्त हो गया । केन्द्रीय सरकार ने इस मौके से फायदा उठाया, ग्रौर इस बीच में जो ग्रालोचनाए हुई थी, उनकी रोशनी मे विधेयक पर विचार किया गया । जून 1952 मे एक व्यापक प्रश्नपत्र गश्ती रूप से घुमाया गया । ग्रक्तूबर 1952 के भारतीय श्रम सम्मेलन मे इस प्रश्न पर विचार भी हुग्रा । दिसम्बर 1952 मे सात व्यक्तियो की एक समिति मे इसकी ग्रौर छानबीन भी की गयी । इस के बाद केन्द्रीय सरकार के रोजगार वाले मंत्रालयों ने इस पर विचार किया । फिर फरवरी 1953 में श्रम मंत्रियो के सम्मेलन में इसके सब पहलुग्रों पर विचार हुग्रा । इन वाद-विवादो तथा ग्रालोचनाग्रो के फलस्वरूप यह विधेयक ग्रब ग्रतिम रूप मे है, ग्रौर शायद संसद मे शीघ्र ही पेश हो ।

**मजदूरी और उपार्जन**

मजदूरों के जीवन में मजदूरी ग्रोर उपार्जन को बहुत ग्रधिक महत्व प्राप्त है, ग्रौर यह तो कहने की ग्रावश्यकता है ही नही कि मजदूरी का ग्रसर ग्रौद्योगिक सद्भाव तथा उत्पादनक्षमता पर पड़ता है । 1939 के बाद से कारखाने के मजदूरो के उपार्जन में वृद्धि हुई है, यह इन ग्रांकड़ों से ज्ञात होगा ।

इस विधि पर 1950 मे किस प्रकार से काम हुआ है, यह निम्नलिखित तालिका में देखा जा सकता है ।

## तालिका 162

| राज्य | उन सस्थानों की अनुमानित सख्या जिन पर वह कानून लागू होता था | स्थायी आदेशो के प्रमाणीकरण के लिये आए प्रार्थना-पत्रो की सख्या | | उन प्रार्थना पत्रो की सख्या जिनका वर्ष मे निबटारा कर दिया गया | 31-12-50 को ऐसे संस्थानो की सख्या जिन्हे प्रमाणीकृत स्थायी आदेश प्राप्त थे | 31-12-49 को ऐसे संस्थानो की कुल संख्या जिन्हें प्रमाणीकृत स्थायी आदेश प्राप्त थे |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | जो वर्ष के आरम्भ मे विचाराधीन थे | जो उसी वर्ष प्राप्त हुए | | | |
| आसाम | 638 (क) | 55 | 7 | 6 | 561 | 555 |
| बिहार | 180 (ख) | 74 | 26 | 48 | 85 | 37 |
| बम्बई | 556 | 138 | 88 | 10 | 10 | कुछ नही |
| मध्य प्रदेश | 115 | — | 11 | 11 | 11 | — |
| मद्रास | 739 | 245 | 196 | 293 | 566 | 273 |
| उडीसा | 22 | 6 | 2 | 5 | 7 | 2 |
| पंजाब | 130 | 3 | 69 | 16 | 16 | कुछ नही |
| उत्तर प्रदेश | 701 (ग) | 346 | 100 | 65 | 413 (घ) | 348 (घ) |
| पश्चिमी बगाल | 1,131 | 191 | 96 | 182 | 872 | 690 |
| अजमेर | 6 | 1 | — | 1 | 6 | 5 |
| कुर्ग | 7 | 4 | 11 | 15 | 76 | 61 |
| दिल्ली | 34 | 10 | 1 | 3 | 21 | 18 |
| केन्द्रीय क्षेत्र के कार्य | 1,424 | 73 | 116 | 62 | 375 | 313 |

(क) इस मे 149 ऐसे सस्थान भी शामिल हे जिन मे सौ से कम मजदूर काम करते हे, परन्तु जो इस कानून की धारा 1 (3) के अन्तर्गत आ जाते हे ।

(ख) लगभग ।

(ग) इस मे 422 ऐसे संस्थान भी शामिल हे जिन मे सौ से कम मजदूर काम करते हें, परन्तु जो इस कानून की धारा 1 (3) के अन्तर्गत आ जाते हे ।

(घ) इस मे 56 ऐसी चीनी फैक्ट्रियां भी शामिल हे जिन के स्थायी आदेश, इस कानून के अधीन प्रमाणीकृत कर दिये गये थे, परन्तु जिन्हें आगे चल कर इसलिए छूट प्रदान कर दी गयी थी कि उन के स्थायी आदेशों का उत्तर प्रदेश औद्योगिक कलह कानून, 1947 के अधीन निबटारा हो चुका था ।

## तालिका 163

**उन फैक्ट्री मजदूरों की औसत वार्षिक आय जिनकी मासिक आय 200 रुपये से कम है (ग)**

| राज्य | 1939 | 1945 | 1946 | 1947 | 1948 | 1949 | 1950 | 1951 (क) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आसाम | 263.7 | 660.5 | 687.5 | 755.5 | 795.8 | 942.8 | 1,018.6 | 1,017.9 |
| बिहार | 415.5 | 538.7 | 544.0 | 819.8 | 946.2 | 983.9 | 1,059.1 | 1,239.3 |
| बम्बई | 370.4 | 814.7 | 812.3 | 977.9 | 1,141.9 | 1,210.1 | 1,170.3 | 1,270.5 |
| मध्य प्रदेश | ... | 530.6 | 479.7 | 572.3 | 609.2 | 841.9 | 936.8 | 862.0 |
| मद्रास | 175.9 | 357.6 | 422.2 | 560.3 | 611.8 | 726.6 | 591.2 | 664.9 |
| उड़ीसा | 161.8 | 417.2 | 440.1 | 493.6 | 612.6 | 527.0 | 680.6 | 749.1 |
| पंजाब | 296.0 | 578.8 | 602.0 (ख) | 628.2 | 675.9 | 858.7 | 771.3 | 756.0 |
| उत्तर प्रदेश | 235.6 | 551.7 | 593.6 | 672.8 | 887.1 | 993.0 | 933.0 | 960.4 |
| पश्चिमी बंगाल | 248.7 | 465.5 | 496.3 | 567.7 | 723.9 | 839.0 | 877.5 | 942.3 |
| अजमेर | 163.7 | 419.8 | 447.8 | 445.3 | 527.2 | 552.0 | 660.0 | 694.2 |
| दिल्ली | 309.4 | 699.9 | 837.2 | 877.7 | 1,047.3 | 1,028.4 | 1,061.6 | 1,292.6 |
| तिरुवांकुर-कोचीन | ... | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 632.1 |
| अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह (ख) | ... | ... | ... | ... | ... | ... | 732.9 | 718.1 |

(क) अस्थायी ।

(ख) अनुमानित ।

(ग) इसमें, रेलवे वर्कशाप के अतिरिक्त, खाद्य, पेय, तम्बाकू, रुई की ओटाई और गांठ बंधाई सम्मिलित नहीं हैं ।

**मजदूरी भुगतान विधि 1936**

इस विधि के अनुसार मजदूरी नियमित रूप से देना तथा उसमें से किस प्रकार की कितनी कमी की जा सकती है, इस सम्बन्ध में नियम दिये गये हैं। यह उन मजदूरों पर लागू है जो प्रति मास 200 रुपये या उससे कम पाते हैं। इस विधि के अनुसार सरकार को यह अधिकार है कि किसी भी औद्योगिक कारखाने तक इस विधि का विस्तार करे तथा उसके निरीक्षण के लिये निरीक्षक नियुक्त करे। सच तो यह है कि यह विधि रेलों, खानों, कारखानों, बगानों, कुछ राज्यों की कुछ विशेष परिवहन सेवाओ तथा अन्य व्यवसाय केन्द्रो तक प्रसारित की जा चुकी है।

**न्यूनतम मजदूरी सम्बन्धी विधि 1948**

विभिन्न ढंग के निर्णयपत्रों, समझौतों, विभिन्न अनुसंधान समितियों की सिफारिशों तथा केन्द्रीय वेतन आयोग के अनुसार अनेक धन्धो मे लगे हुए मजदूरो की कम से कम मजदूरी तय कर दी गयी है। न्यूनतम मजदूरी सम्बन्धी विधि का महत्व यह है कि इसके द्वारा सरकार को यह अधिकार प्राप्त होता है कि वह ऐसे कई कम मजदूरी वाले धन्धो के लिये न्यूनतम अनुविहत मजदूरी निर्दिष्ट करे, जिनमें अपनी मागों को मनवा सकने की सांगठनिक शक्ति बहुत कम है। विभिन्न राज्यो मे अनुसूची के भाग एक के अन्तर्भुक्त कई तरह के श्रमो के लिये न्यूनतम मजदूरी निर्दिष्ट है। एक संशोधन के अनुसार सब राज्यो के लिये यह जरूरी कर दिया गया है कि वे इस वर्ग के लिये 31 दिसम्बर 1953 तक न्यूनतम मजदूरी तय कर दे। खेतिहर मजदूरों की न्यूनतम मजदूरी भी इसी अवधि मे निर्दिष्ट होने वाली थी। कुछ राज्यों ने जैसा कि वे इस विधि के अनुसार कर सकते हैं कई ऐसे धन्धों पर भी इस विधि को लागू कर दिया है, जिनका उल्लेख विधि में नही है।

सरकार ने कई धन्धो के सम्बन्ध मे उचित मजदूरी निर्दिष्ट करने के सम्बन्ध मे एक कदम उठाने की सोची है। अस्थायी संसद् के विलय हो जाने पर उचित मजदूरी विधेयक भी समाप्त हो गया। इस पर और भी विचार हो रहा है, और ऐसी आशा की जाती है कि जल्दी ही अंतिम राय प्राप्त होगी। 1946 की औद्योगिक सम्बन्ध विधि के अनुसार कपास तथा रेशम के कारखानों में मजदूरी को एक सतह पर लाने के लिये बम्बई में मजदूरी बोर्ड स्थापित हुए हैं। 1948 की कारखाना विधि तथा 1952 की खान विधि के अनुसार समयानन्तर (ओवर टाइम) कार्य के लिये भुगतान का दर मामूली से दुगुना निश्चित हुआ है।

**कोयले की खानों की बोनस सम्बन्धी योजना**

मजदूरों की बोनस सम्बन्धी मांग सैद्धान्तिक रूप से मान ली गयी है। रहा यह कि रकम क्या हो इसका निर्णय औद्योगिक अदालतों तथा सुलह बोर्डों पर छोड़ा हुआ है। कोयले की खानों की बोनस सम्बन्धी योजना के अनुसार खानों में काम करने वाले मजदूरों का बोनस पाना निश्चित है, और इस सम्बन्ध में रकम का निर्णय भी उन लोगों के आधारभूत उपार्जन पर होता है, जो इसके हकदार हैं।

बिहार, पश्चिमी बंगाल तथा मध्य प्रदेश के कुछ कोयले की खानो मे 1950–51 मे कितने मजदूर थे, तथा उन्हे कितना बोनस मिला यह नीचे दिखाया गया है—

## तालिका 164 (क)

| त्रैमास की समाप्ति का माह | उन कोयला-खानों की सख्या जो आय विवरण देती हैं | आय विवरण देने वाली कोयला खानो मे काम कर रहे मजदूरो की सख्या | उन मजदूरो की सख्या जिन्होने बोनस पाने का अधिकार प्राप्त किया | वितरण किये गये बोनस की राशि |
|---|---|---|---|---|
| बिहार | | | | |
| जून 1950 . | 165 | 1,29,919 | 58,178 | 11,19,898 |
| सितम्बर 1950 | 89 | 79,803 | 39,799 | 8,03,150 |
| दिसम्बर 1950 | 113 | 89,520 | 40,981 | 7,62,199 |
| मार्च 1951 . | 80 | 73,235 | 40,909 | 8,59,876 |
| पश्चिमी बंगाल | | | | |
| जून 1950 . | 93 | 1,04,814 | 31,640 | 5,67,006 |
| सितम्बर 1950 | 42 | 31,956 | 10,664 | 1,92,688 |
| दिसम्बर 1950 | 58 | 48,185 | 14,244 | 2,53,878 |
| मार्च 1951 . | 37 | 24,344 | 6,414 | 1,08,113 |
| मध्य प्रदेश | | | | |
| जून 1950 . | 45 | 40,744 | 14,998 | 3,16,252 |
| सितम्बर 1950 | 23 | 27,868 | 12,363 | 2,23,652 |
| दिसम्बर 1950 | 22 | 35,718 | 13,493 | 2,97,936 |
| मार्च 1951 . | 17 | 16,164 | 6,967 | 1,30,549 |

**लागत और रहन सहन का मानदण्ड**

रहन सहन के बढ़े हुए मूल्य का मजदूरों के जीवन पर क्या असर पड़ा इसका अंदाज लगाने के लिये विभिन्न सूत्रों से आवश्यक सामग्री तैयार होती है। केन्द्रीय सरकार ने अपने श्रम ब्यूरो के जरिये से रहन सहन के मूल्य सूचक अंकों के सोलह वर्ग तैयार किये है, और इस कार्य के लिये 1944 या 1939 आधारभूत वर्ष माना गया है। इसी प्रकार से कुछ राज्य सरकारें कुछ विशेष वर्ग के मजदूरों के लिये रहन सहन के मूल्य सम्बन्धी सूचक अंक तैयार कर रही है। नियमित रूप से ये अंक सरकारी गजटों में प्रकाशित होते हैं। इस के अतिरिक्त कुछ राज्यों में मजदूरों के पारिवारिक बजटों के सम्बन्ध में भी कुछ अनुसन्धान किया जाता है। तालिका 165 तथा 166 में 1945 से लेकर सारे भारत तथा सोलह चुने हुए स्थानों के लिये रहन सहन के सूचक अंक या देशनांक दिये जाते हैं :

(क) प्रादेशिक श्रम आयोग (केन्द्रीय) धनबाद द्वारा प्रदत्त सूचना पर आधारित।

## तालिका 165

### मजदूर-वर्ग के रहन-सहन के मूल्य का अखिल भारतीय औसत देशनांक

(आधार : 1944=100)

| | |
|---|---|
| 1944 | 100 |
| 1945 (औसत) | 100 |
| 1946 ,, | 106 |
| 1947 ,, | 120 |
| 1948 ,, | 134 |
| 1949 ,, | 138 |
| 1950 ,, | 138 |
| 1951 ,, | 144 |
| 1952 ,, | 141 |

## तालिका 166

### श्रम ब्यूरो द्वारा प्रस्तुत मजदूर-वर्ग के रहन-सहन के मूल्य का देशनांक

(आधार : 1944=100)

| केन्द्र | वार्षिक औसत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1945 | 1946 | 1947 | 1948 | 1949 | 1950 | 1951 |
| 1. दिल्ली | 103 | 108 | 122 | 132 | 132 | 132 | 142 |
| 2 अजमेर | 110 | 118 | 152 | 161 | 161 | 168 | 178 |
| 3 झरिया | 97 | 122 | 139 | 153 | 159 | 182 | 184 |
| 4. देहरी | 99 | 131 | 158 | 171 | 170 | 185 | 197 |
| 5 जमशेदपुर | 100 | 103 | 123 | 136 | 138 | 145 | 160 |
| 6. मुंगेर और जमालपुर | 105 | 132 | 153 | 166 | 171 | 193 | 188 |
| 7. कटक | 102 | 106 | 117 | 134 | 147 | 163 | 181 |
| 8. बरहमपुर | 101 | 111 | 126 | 145 | 154 | 162 | 190 |
| 9. गौहाटी | 90 | 86 | 97 | 117 | 128 | 126 | 141 |
| 10. सिलचर | 92 | 96 | 110 | 132 | 138 | 146 | 159 |
| 11. तिनसुकिया | 94 | 83 | 93 | 109 | 110 | 114 | 124 |
| 12. अकोला | 98 | 107 | 139 | 156 | 168 | 162 | 165 |
| 13. जबलपुर | 95 | 101 | 123 | 146 | 151 | 153 | 168 |
| 14. लुधियाना | 105 | 119 | 142 | 168 | 164 | 165 | 167 |
| 15. खड़गपुर | 97 | 100 | 111 | 132 | 137 | 137 | 136 |
| 16. मरकारा-(क) | – | – | – | – | 111 | 116 | 118 |

(क) बग़ान मजदूरों के लिए अन्तरिम शृंखला (आधार: जुलाई से दिसम्बर 1948=100)

**षि सम्बन्धी श्रम के विषय में जांचपड़ताल**

भारत सरकार ने राज्य सरकारों के साथ मिलकर खेतिहर मज़दूरों की अवस्था के सम्बन्ध ' एक राष्ट्रव्यापी जांचपड़ताल का सूत्रपात किया था। इस का उद्देश्य रोज़गार, पार्जन तथा रहन सहन के मूल्य और मानदण्ड पर तथ्य एकत्र करना था। कुल मिलाकर मने के गांव मे रहने वाले एक लाख चालीस हजार परिवारों का पर्यवेक्षण किया गया। नमूने ; गांव में खेतिहर तथा गैरखेतिहर परिवारों का अनुपात 78 और 22 का था।

## सामाजिक सुरक्षा

जिन उपायों से देश के औद्योगिक मज़दूरों को सामाजिक सुरक्षा प्राप्त होती है वे यों हैं– म्प्लाईज स्टेट इंश्योरेन्स ऐक्ट, 1948; प्रौविडेन्ट फंड ऐक्ट, 1952; कोल माइन्स प्रौविडेन्ट ंड एण्ड बोनस स्कीम ऐक्ट 1948; वर्कमेन्स कम्पेन्सेशन ऐक्ट 1923; और मैटरनिटी बेनिफिट क्ट, इन विषयों का कुछ ब्यौरा नीचे दिया जाता है।

### एम्प्लाईज़ स्टेट इन्श्योरेन्स ऐक्ट

यह विधि दक्षिण पूर्वी एशिया में अपने ढंग की सबसे पहली है। 1951 मे इस मे सशोधन सलिये किया गया कि दिल्ली तथा कानपुर के मालिको ने उत्पादन की बढ़ी हुई लागत की ाकायत की थी। इस विधि की व्यवस्थाएं देश के विभिन्न स्थानों मे दर्जाबदर्जा लागू की जाती ही है।

**ेत्र**

यह विधि उन सब स्थायी कारखानों पर लागू है, जिनमे विद्युत का प्रयोग होता है और हा बीस या उससे अधिक लोग काम करते है। मज़दूर चाहे सीधे रखे गये हों या परोक्ष प से, उन सब पर तथा क्लर्कों पर भी यह विधि लागू है। यह विधि उन लोगों पर लागू हीं है जिनका वेतन 400 रुपये मासिक से अधिक है। सेना के लोग इस विधि ं नहीं आते।

**प्रशासन**

इस योजना का प्रशासन एम्प्लाइज स्टेट इन्शोरेन्स कारपोरेशन के द्वारा होता है। इस ारपोरेशन के 38 सदस्य हैं, जिनमें मज़दूर, मालिक, केन्द्रीय और राज्य सरकारों तथा डाक्टरी शे के लोग तथा संसद-सदस्य हैं। इनमें से भी तेरह सदस्यों की एक स्थायी समिति है, जिस पर ाधारण प्रशासन का भार है। एक मैडिकल बेनिफिट कौंसिल भी है, जिस के 28 सदस्य हैं। ह कारपोरेशन को चिकित्सा सम्बन्धी हितों पर सलाह देती है। कारपोरेशन का प्रबन्धकर्ता ायरेक्टर जनरल है। इसके आधीन चार मुख्य अधिकारी हैं। डायरेक्टर जनरल क्षेत्रीय था स्थानीय दफतरों के जरिये से काम करता है। क्षेत्रीय सलाहकारी बोर्ड में मालिकों, मज़दूरों तथा राज्य सरकारों के प्रतिनिधि हैं।

**अनुदाय**

अनुदाय की दृष्टि से विधि में जो लोग आते हैं, उन्हें आठ वर्गों में बांटा गया है और उनके अनुदाय का दर तथा उनके तथा उनके मालिकों के अनुदाय का दर एक अनुसूची में निश्चित किया गया है। जिन मजदूरों की मजदूरी प्रतिदिन एक रुपये से कम हो, उन्हें कुछ नही देना पड़ता, पर उनके मालिक अनुदाय देने से बरी नहीं हैं। अनुदाय के ये दर एक संशोधित विधि में निर्दिष्ट अनुदाय में परिवर्तित कर दिये गये हैं। यह तब तक चालू रहेगा, जब तक सारा देश योजना के अन्तर्गत नही आ जाता। सशोधित विधि के अनुसार सारे देश के मालिकों को मजदूरी के कुल बिलों का 0.75 प्रतिशत विशेष अनुदाय देना पडता है। पर जिन इलाको में मजदूर कल्याण सम्बन्धी नियम लागू हो चुके हैं, वहा के मालिकों को मजदूरी मे दिये हुए अपने बिलों का 1.25 प्रतिशत अनुदाय देना पडेगा। बात यह है कि यहा इन लोगो को मजदूरों की क्षतिपूर्ति विधि तथा मातृमंगल विधि के अनुसार क्षतिपूर्ति देनी नही पड़ती। जिन इलाकों मे यह योजना अभी लागू नही हुई है वहा के मजदूरो को कुछ भी देना नही पडता। सबसे ताजे आंकड़ो से ज्ञात होता है कि दो करोड रुपये से अधिक अनुदाय के रूप में प्राप्त हो चुके है जिस मे से मालिको से 174 लाख रुपये और मजदूरों से 39 लाख रुपये प्राप्त हुए है। इस विधि मे जिन लोगो की व्यवस्था है वे इस प्रकार है—(1) बीमारी के लाभ, (2) मातृ मंगल, (3) पगु हो जाने पर लाभ, (4) आश्रित लोग सम्बन्धी लाभ, और (5) चिकित्सा सम्बन्धी लाभ।

**चिकित्सा सम्बन्धी लाभ**

बीमा किये हुए लोगो को बीमारी की हालत में चिकित्सा सम्बन्धी लाभ प्राप्त होते हैं। चिकित्सा तथा दवा मुफ्त होती है। इस समय केवल बीमा किये हुए लोगों को ही चिकित्सा सम्बन्धी लाभ प्राप्त हैं, पर यदि कारपोरेशन तथा राज्य सरकारे सम्भव समझे तो वे ये लाभ उन लोगो को भी मिल सकते हैं जो बीमा किये हुए नही हैं।

**बीमारी के लाभ**

यदि एक बीमा किये हुए व्यक्ति ने छः महीने की अपनी अनुदाय अवधि मे कम से कम बार अनुदाय दिये हैं तो बीमारी की हालत मे उसे बीमारी के लाभ प्राप्त होंगे। इसका रूप यह होगा कि 365 दिनों तक लगातार काम करने पर अधिक से अधिक आठ सप्ताह का नकद वेतन मिलेगा। यह दर मोटे तौर पर उसकी औसत मजदूरी का 7/12 है।

**मातृमंगल लाभ**

स्त्रियों को मातृत्व लाभ इस रूप मे दिया जाता है कि उन्हे बारह सप्ताह की छुट्टी मिलती है। इन बारह सप्ताहो मे से प्रसव की सम्भव तारीख के पहले छः सप्ताह से अधिक छुट्टी नही मिल सकती। इस समय के लिये प्रति दिन बारह आने या बीमारी के लाभ के दर से, इनमें से जो भी अधिक हो उस दर से पैसे मिलते हैं।

**पर लाभ**

यदि कोई बीमा किया हुआ व्यक्ति काम करते हुए चोट खा जाये और उसके फलस्वरूप पंगु हो जाये तो उसे समय समय पर सहायता दी जाती है। सामयिक रूप से पंगु हो जाने की

अवधि के लिये लगभग आधी औसत मजदूरी दी जाती है। यदि व्यक्ति पूरे तरीके से पंगु हो जाये, तो मजदूरों की क्षतिपूर्ति विधि के अनुसार एक मुश्त रकम दिये जाने के बजाय बीमा किये हुए लोगों को उपार्जन सामर्थ्य में जिस अनुपात में हानि हुई है उस अनुपात से आजीवन पेंशन पाने का अधिकार है।

**आश्रितों के लाभ**

यदि कोई बीमाशुदा व्यक्ति काम करते समय चोट के फलस्वरूप मर जाये, तो उसके आश्रित लोगों को कुछ लाभ दिये जाते हैं। यह लाभ बीमा किये हुए व्यक्ति के बच्चो तथा स्त्री को दिये जाते हैं—पूरे दर के 3/5 मृत व्यक्ति की विधवा को तब तक मिलता है, जब तक कि वह फिर से शादी नही करती। पूरे दर का 2/5 प्रत्येक वैध तथा गोद लिये हुए लड़के को पंद्रह साल की उम्र तक मिलता है तथा पूरे दर का 2/5 प्रत्येक वैध अविवाहित लडकी को पंद्रह साल की उम्र तक मिलता है। मजदूरों के राज्य बीमा निगम की ओर से दिल्ली तथा कानपुर के मजदूरों को किस प्रकार का कितना लाभ 1953 के 30 सितम्बर तक दिया गया, उसका लेखा इस प्रकार है :—

| | |
|---|---|
| वे बीमार जिनकी दवाखानो मे देखभाल की गयी | 16,10,028 |
| वे बीमार जिनके विषय मे अस्पतालों से राय मागी गयी | 1,801 |
| विशेष जाच | 14,463 |
| कितनी बार बीमारों के घर जाया गया | 16,951 |
| रुग्णता सम्बन्धी लाभ | 11,25,987 रु० |
| अस्थायी अपागता लाभ | 1,64,828 रु० |
| स्थायी अपागता लाभ | 6,137 रु० |
| आश्रितो को लाभ | 3,954 रु० |
| मातृ मंगल लाभ | 1,866 रु० |

**योजना की प्रगति**

पहले पहल यह योजना 24 फरवरी 1952 को दिल्ली और कानपुर मे लागू की गई। इस में डेढ़ लाख मजदूर और 1,200 मालिक आ गए। दूसरी स्थिति तब सामने आयी, जब 17 मई 1953 को पंजाब में इसका प्रवर्तन किया गया। यह इन नगरो मे लागू है अमृतसर—(छहारटा का नोटिफाइड एरिया भी आ जाता है) अम्बाला, जालन्धर, लुधियाना अब्दुल्लापुर, जगाधरी, बटाला और भवानी जहा तीस हजार मजदूर हैं। इस योजना को बम्बई, पश्चिमी बगाल, मद्रास, मैसूर और मध्य प्रदेश में लागू करने का विचार है। पश्चिमी बंगाल में हावड़ा जिला तथा कलकत्ता में एक योजना चालू करने का प्रस्ताव है। हाल ही में पश्चिमी बगाल के मुख्य मंत्री डा० बी० सी० राय ने मजदूरों के राज्य बीमा निगम के पश्चिमी बंगाल बोर्ड का उद्घाटन किया। इस से कलकत्ता और हावड़ा जिले के लगभग दो लाख चालीस हजार मजदूरो को लाभ होगा। जब अन्त तक यह योजना सारे राज्यों में लागू हो जायेगी, तो छः लाख औद्योगिक मजदूरों को फायदा पहुचेगा। मद्रास सरकार ने इस योजना को कार्यान्वित करने के लिए कोयम्बटूर चुना है।

12 नवम्बर 1953 को यूनियन सरकार के श्रम मंत्री ने मद्रास क्षेत्रीय बोर्ड का उद्घाटन किया। मैसूर सरकार बंगलोर में चिकित्सा सम्बन्धी लाभ देने के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर रही थी। मध्य प्रदेश ने एक प्रशासकीय चिकित्सा अधिकारी को दिल्ली, कानपुर और पंजाब में इस योजना का अध्ययन करने तथा नागपुर में कार्यान्वित करने की संभावनाओं की रिपोर्ट देने का भार सौंपा है। यह आशा की जाती है कि यह योजना 1954 में उन सब औद्योगिक क्षेत्रों मे लागू की जाएगी, जहां पांच हजार या अधिक मजदूर हैं।

## एम्प्लाइज प्राविडेन्ट फंड ऐक्ट

1952 में यह विधि पारित हुई थी। 1953 के अक्तूबर मे राष्ट्रपति ने एक अध्यादेश निकाल कर इसे संशोधित किया। अध्यादेश में उदारतर पैमाने पर कुछ उद्योग धन्धों को इससे मुक्त कर दिया गया है। साथ ही प्राविडेन्ट फंड या निर्वाह निधि के निरीक्षण की भी व्यवस्था है। यह विधि छः प्रधान धन्धों—सीमेंट, सिगरेट, वैद्युतिक, यान्त्रिक तथा साधारण इजीनियरिंग, लोहा और इस्पात, कागज और कपड़े पर लागू होगी बशर्ते कि उसमे पचास या उस से अधिक व्यक्ति काम में लगे हों। सरकार तथा स्थानीय अधकारियो की देख-रेख मे चलने वाले उद्योग धन्धे तथा वे धन्धे जिन को आरम्भ हुए अभी तीन साल नही हुए इस विधि के दायरे के बाहर हैं। अब 1,643 कारखाने (जिन मे से 473 बरी हैं और 1,170 बरी नही हैं) तथा 13,63,000 मजदूर (जिन मे से 8,16,000 बरी हैं और 5,47,000 ऐसे कारखानो मे हैं जो बरी नही हैं) इस विधि मे आ जाते हैं। अब तक इस आवश्यकता को पूरा न करने के कारण सत्रह मालिकों पर मुकदमा चलाया गया।

### अनुदाय

इस कोष मे मालिकों का अनुदाय मुलाजिमो को दी जाने वाली आधारभूत मजदूरी तथा महंगाई भत्ता का 6¼ प्रतिशत होगा। मुलाजिमो से भी यह आशा की जाती है कि मालिक जितनी रकम देंगे वे भी उतनी ही रकम देगे; वे चाहे तो ज्यादा भी दे सकते हैं। पर किसी भी हालत मे आधारभूत मजदूरी और महगाई भत्ते के 8⅓ प्रतिशत से अधिक नही दे सकते।

### प्रशासन

इस विधि के अनुसार ट्रस्टियों का एक बोर्ड स्थापित किया गया है और एक केन्द्रीय प्राविडेन्ट फंड या निर्वाह निधि आयुक्त नियुक्त हुआ है। इस कोष का प्रशासन 1954 के अन्त तक विकेन्द्रित हो जायेगा। राज्य बोर्डों के स्थापित होते ही यह कार्य स्वाभाविक रूप से सिद्ध हो जायेगा।

### कोयले की खान की प्राविडेंट फंड और बोनस योजना विधि

कोयले की खानों में काम करने वाले लोगों के प्राविडेन्ट फंड की योजना उल्लिखित विधि के अनुसार दिसम्बर 1948 मे बनाई गई थी। और यह इसके बाद पश्चिमी बगाल, बिहार,

उड़ीसा और मध्य प्रदेश में अनुदर्शी रूप से लागू होगी। कुछ मामूली संशोधनों के साथ बाद मे यह विधि आसाम, रीवा, तलचर, कोरिया और मध्य प्रदेश के आंशिक रूप से बहिर्भूत इलाकों में लागू की गई है। योजना को बिहार, उड़ीसा और पश्चिमी बंगाल के आंशिक रूप से बहिर्भूत इलाकों को कोयले की खानों में लागू किया गया है। हैदराबाद, सौराष्ट्र और राजस्थान में इसे लागू करने का प्रश्न विचाराधीन है।

इस योजना के अनुसार बोनस पाने का अधिकारी प्रत्येक मुलाज़िम कोयले की खान सम्बन्धी बोनस योजना के अनुसार त्यों ही बोनस पाने का अधिकारी हो जाता है, ज्यों ही वह बोनस पाने का अधिकारी होने के बाद अगली तिमाही मे पदार्पण करता है। आयु के विभिन्न वर्गों मे अनुदाय के विभिन्न दर तय किये गये हैं। अनुदाय मासिक तथा साथ ही साप्ताहिक रूप में देने की व्यवस्था है। 1952 के दिसम्बर तक मालिकों और मुलाज़िमों की तीन करोड़ रुपये की रकम इस कोष में जमा हो चुकी थी। कोयले की खानो के निर्वाह निधि आयुक्त जो साथ ही कोष के मुख्य प्रबन्धकर्ता है नियुक्त किये जा चुके हैं। प्राविडेन्ट फड की योजना को लागू करने के लिए कुछ इंस्पेक्टर नियुक्त किये गये है, 1951 के 31 मार्च को अन्त होने वाले वर्ष मे अधिकारियों और निरीक्षकों ने 1,627 कोयले की खानों का निरीक्षण किया। सितम्बर 1951 के अन्त तक शर्त पूरी न कर पाने वाले खान मालिकों से जवाबतलबी करते हुए तीन सौ नोटिसे दी गई थी, और 150 के विरुद्ध शिकायतें दर्ज की गई थीं। ऐसा ज्ञात हुआ है कि कोयले के सभी बडे कार-खानों में यह योजना लागू की जा चुकी है। यह पता लगा है कि यह योजना जनप्रिय सिद्ध हुई है।

### मजदूरों की क्षतिपूर्ति विधि 1923

इस विधि के अनुसार काम करते समय लगी हुई चोटो, पेशे के कारण उत्पन्न रोग तथा इस प्रकार की चोटों और रोगों से होने वाली मृत्युओ के लिए क्षति-पूर्ति देने की व्यवस्था है। यदि मजदूरों को यह चोट शराब पीने की वजह से या किसी ऐसे नियम को जानबूझ कर न मानने की वजह से आई है जो खतरो से बचाव वाली हिदायत के रूप मे है, तो मालिक उस हालत मे क्षतिपूर्ति देने के लिए मजबूर नही है। यदि चोट सात ही दिन या उससे कम रही है, तो भी कोई क्षतिपूर्ति नहीं दी जाती। अब तक मजदूरो के सत्ताइस वर्ग इस विधि के अन्तर्भुक्त किये गए हैं। पेशे के कारण उत्पन्न ऐसे रोगो की सूची जिन मे क्षतिपूर्ति दी जाती है, विधि मे दी हुई है। राज्य सरकारों को उचित नोटिस देने के बाद इस सूची मे इजाफा करने का अधिकार है।

### क्षतिपूर्ति की राशि

यदि कोई नाबालिग मर जाये या बिलकुल पंगु हो जाये, तो उस के लिए क्रमशः 200 तथा 1,200 रुपये की क्षतिपूर्ति की व्यवस्था है।

इस विधि मे मजदूरों के हितों की उचित रूप से रक्षा की गई है। क्षतिपूर्ति के लिए जो रकम लगेगी, वह न तो जब्त की जा सकेगी, न बन्द की जा सकेगी, और न किसी और को दी जा सकेगी, बशर्ते कि दावा ऐसा न हो, जो विधि में वर्णित है। यदि मालिकों का दिवाला निकल जाता है, या ऐसा कोई शर्तनामा है जिसके अनुसार अनुविहित क्षतिपूर्ति के अधिकार में कोई कमी आती है, तो उस हालत में भी मजदूरों के हित सुरक्षित हैं।

प्रशासन

राज्य सरकारो के द्वारा नियुक्त मजदूरों की क्षतिपूर्ति आयुक्त इस विधि के प्रशासक हैं । 1929 से ले कर 1950 तक मृत्यु, स्थायी रूप से पंगु हो जाने तथा सामयिक रूप से पगु हो जाने पर दी गई क्षतिपूर्ति का लेखा नीचे दिया जाता है—

तालिका 167

**दुर्घटनाओं की संख्या और क्षतिपूर्ति-राशि**

| वर्ष | उन दुर्घटनाओं की सख्या जो कारण वनी | | | | दी गयी क्षति-पूर्ति-राशि रुपयो मे | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मृत्यु का | स्थायी अपागता का | अस्थायी अपागता का | योग | मृत्यु | स्थायी अपागता | अस्थायी अपांगता | योग |
| 1929 . . | 888 | 1,345 | 16,632 | 18,865 | 5,87,390 | 3,97,177 | 2,75,597 | 12,60,164 |
| 1934 . . | 598 | 1,287 | 15,005 | 16,890 | 3,71,762 | 2,94,131 | 2,02,954 | 8,68,847 |
| 1939 . . | 832 | 1,929 | 35,920 | 38,681 | 5,81,080 | 5,16,444 | 4,11,803 | 15,09,327 |
| 1945 . . | 1,250 | 3,943 | 62,194 | 67,390 | 13,30,644 | 20,30,576 | 8,64,119 | 42,25,339 |
| 1946 (क) . . | 1,154 | 3,536 | 50,551 | 55,241 | 13,68,681 | 13,03,113 | 9,54,014 | 36,25,808 |
| 1947 (ख) . . | 1,011 | 3,228 | 49,335 | 53,574 | 11,79,087 | 12,09,974 | 9,37,434 | 33,26,495 |
| 1948 (ग) . . | 1,032 | 3,850 | 61,894 | 66,776 | 15,80,450 | 16,15,390 | 10,24,228 | 42,20,068 |
| 1949 . . | 1,063 | 3,972 | 55,441 | 60,476 | 18,70,568 | 20,25,227 | 13,19,617 | 52,15,412 |
| 1950 (घ) . . | 969 | 4,062 | 50,706 | 55,737 | 18,20,082 | 21,82,788 | 12,86,902 | 52,89,772 |

(क) पजाब और सिध के अतिरिक्त ।

(ख) इनका सम्बन्ध पजाव के अतिरिक्त भारतीय यूनियन के उन सब राज्यो से है जिन्हे पहले प्रान्त कहा जाता था ।

(ग) 1948 और उसके बाद के वर्षों के आकड़े भारतीय यूनियन के उन सब राज्यों से सम्बन्धित है जिन्हे पहले प्रात कहा जाता था ।

(घ) आंकड़ अस्थायी; इनमे उड़ीसा के आंकडे सम्मिलित नही है।

## मातृमंगल के लाभ

मातृमंगल के भुगतान के सम्बन्ध में भारतीय यूनियन के करीब करीब सभी राज्यों में कानून मौजूद हैं। बारह राज्यों ने अपनी विधान सभाओं में मातृमंगल विधि पारित की, बाकी राज्यों ने दूसरे राज्यों की विधियों को अपने यहां लागू कर दिया। इस सम्बन्ध में एक केन्द्रीय विधि है जो खानों पर लागू है। कुछ राज्य विधिया उन्हीं के क्षेत्राधिकार के सारे नियमित कारखानों पर लागू हैं, और कुछ विधियां ऐसी हैं जो स्थायी या गैर-मौसमी कारखानों पर ही लागू हैं। पश्चिमी बंगाल में एक अलग विधि है जो बगानों में काम करने वाली स्त्रियों पर लागू है।

जितने समय के लिये लाभ मिलता है, लाभ का दर क्या है तथा लाभ की रकम क्या है, यह प्रत्येक स्थान की विधि मे अलग अलग है। आसाम मातृमंगल विधि तथा पश्चिमी बगाल चाय बागान मातृमंगल विधि के अनुसार 150 दिन, मद्रास विधि के अनुसार 240 दिन, कोचीन विधि के अनुसार बारह महीने, बिहार, उत्तर प्रदेश और केन्द्रीय विधिओं के अनुसार छः महीने तथा बाकी विधियों के अनुसार नौ महीने काम कर लेने पर ही कोई स्त्री मातृमगल विधि के लाभ पाने की अधिकारिणी होती है। हैदराबाद तथा पश्चिमी बगाल चाय बागान विधि के अनुसार स्त्रियों को बारह सप्ताह, मद्रास विधि के अनुसार सात सप्ताह, पजाब विधि के अनुसार साठ दिन तथा बाकी विधियों के अनुसार आठ सप्ताह के लिए लाभ मिलता है। पजाब, हैदराबाद और केन्द्रीय विधियों के अनुसार लाभ बारह आने, प्रतिदिन आसाम विधि के अनुसार साढे ग्यारह आने (इसमें खाद्य सम्बन्धी रियायतें शामिल नही हैं), पश्चिमी बंगाल चाय बागान विधि के अनुसार सवा पांच रुपये प्रति सप्ताह तथा बाकी विधियों के अनुसार आठ आने प्रति दिन या औसत दैनिक मज़दूरी जो भी अधिक हो, दिया जाता है।

ऊपर जो लाभ बताये गये हैं, उनके अतिरिक्त बिहार और उत्तर प्रदेश की विधियो के अनुसार पांच रुपये तथा केन्द्रीय विधियों के अनुसार तीन रुपये का बोनस उन स्त्रियों को दिया जाता है, जो प्रसव के समय प्रशिक्षित धात्रियों या दाइयों का उपयोग करती हैं। चिकित्सा सम्बन्धी निःशुल्क सहायता, शिशु-शालाओं तथा काम के बीच में अतिरिक्त छुट्टियों की भी व्यवस्था कुछ विधियों में भी की गई है। यदि मालिक ऐसी स्त्रियों को नौकरी से अलग करना चाहे तो उसके लिए भी उचित संरक्षण रखा गया है और यदि फिर भी करे तो उसके लिए सजा की व्यवस्था है। मातृमंगलवाली छुट्टियों के जमाने में स्त्रियो से काम लेना दण्डनीय अपराध है। यदि कोई स्त्री इन छुट्टियों में काम करती पाई जाये तो उसे अनुविहित लाभ से वंचित किया जाता है।

मातृमंगल लाभ पाने के लिए कितनी स्त्रियां दावा पेश करती है, और पाती हैं, उनकी औसत संख्या तथा दी हुई रकम नीचे दिखाई गई है :

## तालिका 168

1950 में विभिन्न राज्यो तथा अथवा खानों मे दिया गया मातृमंगल-लाभ

| राज्य | प्रति दिन काम पर लगायी जाने वाली औरतों की औसत संख्या | उन औरतों की संख्या जिन्होने मातृ-मंगल-मागा | उन औरतो की संख्या जिन्हे मातृ-मंगल-लाभ पूरा या आंशिकरूप मे दिया गया | उन मामलो की संख्या जहा अंश गर्भपात या मृत्यु के कारण बोनस या मातृमंगल-लाभ दिया गया | कुल प्रदत्त राशि (रुपयों मे) |
|---|---|---|---|---|---|
| अजमेर | 13,336 | 47 | 39 (क) | ... | 990 |
| आसाम | 2,12,463 | 45,652 | 44,339 | ... | 17,14,707 |
| बिहार | 11,535 | 1,028 | 944 | 83 | 64,314 |
| बम्बई | 47,108 | 4,671 | 4,530 | ... | 1,81,132 |
| दिल्ली | 511 | 16 | 14 (ख) | ... | 428 |
| मध्य-प्रदेश | 5,256 | 600 | 581 | ... | 27,348 |
| मद्रास | 88,526 | 3,723 | 3,249 | ... | 1,36,181 |
| पंजाब | 1,640 | 15 | 15 | ... | 634 |
| उत्तर-प्रदेश | 1,352 | 94 | 73 | 11 | 3,587 |
| पश्चिमी-बंगाल (ग) | 54,875 | 4,539 | 4,505 | ... | 4,77,670 |
| खाने | 93,899 | 6,437 | 6,325 (घ) | 1,706 | 2,38,125 |

### श्रम कल्याण

1948 की कारखाना विधि, 1952 की खान विधि, 1951 की बगान श्रमिक विधि के अनुसार कैंटीनों, शिशुशालाओं, विश्रामगृहो, धोने की सुविधाओं तथा चिकित्सा सम्बन्धी

(क) आठ मामले अभी निबटे नही है ।

(ख) इसमे एक 1949 का मामला भी शामिल है । 1950 के दो मामले अभी निबटे नही हैं ।

(ग) इस सूचना का 1949 से सम्बन्ध है ।

(घ) इस संख्या मे 180 ऐसे मामले भी शामिल है जिनमे लाभ की प्रथम किश्त 1949 में दे दी गयी थी ।

सहायता की व्यवस्था की गई है। यदि कारखाने में कम से कम मजदूर जो इस विधि के लिए जरूरी है, लगे हुए हैं तो श्रम अधिकारियो की नियुक्ति आवश्यक है।

1951 के 31 मार्च को कोयले की खानों में 65 पिटहैड गुसलखाने तथा 89 शिशुशालाएं बनाई गई थी और 93 पिट हैड गुसलखाने तथा 104 शिशुशालाए बन रही थी।

1947 की कोयले की खानों की श्रम कल्याण कोष विधि, 1946 की अभ्रक खान कल्याण कोष विधि, 1951 की उत्तरप्रदेश चीनी और पावर इल्कोहल धन्धों के श्रम कल्याण तथा विकास कोष विधि तथा 1953 की बम्बई श्रम कल्याण कोष विधि का दायरा बहुत विस्तृत है। इन विधियों के अनुसार कल्याण योजना बनाते समय मजदूरों के सारे जीवन को सामने रख कर यह चेष्टा की जाती है कि मजदूर तथा उसके परिवार पूर्ण रूप से पनपे।

## तालिका 169

कोयला-खान श्रम कल्याण कोष का प्राप्ति-व्यय लेखा

(रुपयो में)

| वर्ष | सामान्य कल्याण का लेखा | | आवास-प्रबंध लेखा | |
|---|---|---|---|---|
| | प्राप्ति | व्यय | प्राप्ति | व्यय |
| 1946-47 | 43,42,500 | 17,15,531 | ... | ... |
| 1947-48 | 50,70,964 | 40,00,000 (क) | 40,00,000 (क) | ... |
| | | 22,93,034 | 11,18,862 | 6,46,485 |
| 1948-49 | 63,05,351 | 41,07,528 | 16,73,673 | 18,52,417 |
| 1949-50 | 47,11,298 | 55,22,048 | 66,99,159 | 30,26,547 |
| 1950-51 | 50,10,720 | 37,01,282 | 79,71,273 | 11,80,394 |
| योग | 3,15,41,043 | 2,17,66,159 | 2,14,62,967 | 67,05,843 |
| 1 अप्रैल 1951 को जमा बाकी आई : | | 97,74,884 रु० | 1,47,57,124 रु० | |

**कोयले की खानों में श्रम कल्याण**

1948 से मातृमंगल केन्द्र वाले चार क्षेत्रीय अस्पताल तिसरा और कतरास और (झरिया की खानें), चोरा और सियरसोल (रानीगंज की खानें) काम कर रहे हैं। धनबाद का केन्द्रीय अस्पताल 6 दिसम्बर 1951 को खोला गया था। 1 अप्रैल 1950 से 31 मार्च 1951 तक इन अस्पतालों में 16,463 ऐसे रोगी थे, जो अस्पतालों में भरती किये गये थे, और 50,122 ऐसे रोगी थे, जो बाहर रह कर चिकित्सा कराते थे। इसका लेखा तालिका 170 में दिया हुआ है।

(क) सामान्य-कल्याण लेखा से आवास-प्रबन्ध लेखा को एतदर्थ स्थानान्तर।

तालिका 170

| अस्पताल | इलाज किये गये मरीजो की सख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | अस्पताल मे दाखिल मरीज | | | | बाहर से आने वाले मरीज़ | | | |
| | पुरुष | नारी | शिशु | योग | पुरुष | नारी | शिशु | योग |
| कतरास | 3,521 | 1,213 | 346 | 5,080 | 6,882 | 6,772 | 5,121 | 18,775 |
| तिसरा | 1,119 | 781 | 474 | 3,374 | 4,831 | 6,117 | 2,936 | 13,884 |
| सियर-साल | 4,339 | 331 | 91 | 4,761 | 7,261 | 2,934 | 1,249 | 11,444 |
| कोरा | 2,420 | 688 | 140 | 3,248 | 2,712 | 1,733 | 1,574 | 6,019 |
| सब अस्पताल | 12,399 | 3,013 | 1,051 | 16,463 | 21,686 | 17,556 | 10,880 | 50,122 |

आसनसोल मे एक और केन्द्रीय अस्पताल बन रहा है। बोकारो कोयले की खान मे फुसरो नामक स्थान मे एक क्षेत्रीय अस्पताल के निर्माण का निर्णय हो चुका है, और पंच घाटी मे एक क्षेत्रीय अस्पताल खोलने की योजना विचाराधीन है। कतरास और सियरसोल में तपेदिक रोगी-परीक्षण गृह खोले गये हैं। कुछ स्वास्थ्य निवासो मे खान मे काम करने वालो के लिए कुछ पलग रिजर्व रखे गये हैं। आसनसोल में खान मे काम करने वाले तथा उन के परिवारो के लिये एक शोणित बैंक चालू है। लगभग कोयले की खान के सभी क्षेत्रो मे मलेरिया प्रतिशोधक कार्यक्रम चालू है। बी० सी० जी० टीके का भी एक अभियान चालू है।

कई कोयले के क्षेत्रों मे ऐसे बहुमखी कल्याण केन्द्र खोले गये हैं जहां पुरुषों, स्त्रियों, बच्चों की शिक्षा, मनोरंजन तथा कल्याण सम्बन्धी अन्य कार्य भी जारी रहते हैं। 1951-52 के लिए ऐसे ग्यारह तथा 1952-53 के लिए ऐसे सात केन्द्रों का खोलना मंजूर हुआ था। धनबाद के केन्द्रीय अस्पतालों में पंगू खान-मजदूरों के लिए एक पुनर्वास केन्द्र खोला गया है। हैदराबाद की कोयले की खानों मे खान मजदूरों के लाभ के लिए कुछ कृषि फार्म चलाये जा रहे हैं। खान मजदूरों के मनोरंजन के लिए रेडियो, चलते फिरते सिनेमा और खेल के मैदानो की व्यवस्था है। केन्द्रीय श्रम कल्याण सम्बन्धी विभाग के अन्तर्गत 1951-52 तथा 1952-53 के लिए कोयले की खानों के श्रमिकों के कल्याण के लिए क्रमशः 72,44,000 रुपयों तथा 70,18,200 रुपयों का बजट बना हुआ था।

तालिका 171

**अभ्रक-खान श्रमिक कल्याण कोष का आय-व्यय लेखा**

| वर्ष | प्राप्ति | | व्यय | |
|---|---|---|---|---|
| | | रु० आ० पा० | | रु० आ० पा० |
| 1950-51 | रोकड़ बाकी आई | 42,07,178-5- 4 | बिहार मे | 1,11,857-8- 0 |
| | प्राप्तियां वर्ष की अवधि मे | 20,63,304-3- 6 | मद्रास मे | 77,714-14- 2 |
| | | | रोकड बाकी रही | 60,80,910- 2- 8 |
| | प्राप्ति योग | 62,70,482-8-10 | | 62,70,482- 8-10 |
| 1951-52 | अनुमानित प्राप्ति | 15,00,000-0- 0 | अनुमानित व्यय-बिहारमे | 13,39,310- 0- 0 |
| | | | मद्रास मे | 4,02,623 - 0- 0 |

**अभ्रक की खानों में कल्याण कार्य**

बिहार के कर्मा नामक स्थान मे एक केन्द्रीय अस्पताल बनाने की मजूरी 1950–51 मे दी गई थी। मद्रास के कलिचेडू नामक स्थान मे इस प्रकार एक अस्पताल बनाने की मजूरी 1951–52 मे दी गई। बिहार के धाब नामक स्थान मे एक मातृकल्याण तथा शिशु–कल्याण केन्द्र बनाने की मंजूरी 1952–53 मे दी गई। नैल्लोर तथा गुडूर के सरकारी अस्पतालो मे केवल खान मजदूरो के लिए कुछ पलग रिजर्व थे।

1950–51 मे एक बहुमुखी कल्याण केन्द्र स्थापित करने की योजना मजूर की गई थी। 1952–53 मे राजस्थान मे ऐसे आठ केन्द्र खोलने की योजना विचाराधीन थी। खान मजदूरो के बच्चों को प्रौद्योगिक, उच्च सेकेन्डरी तथा कालेजो की शिक्षा देने और उन्हे मुफ्त पुस्तके और स्लेटे देने के लिए धन राशि मजूर की गई थी।

ऊपर बताए गये कोष से कई काम और किये जाते है। जरूरत की चीजो तथा परचून की दुकान खोली जाती है, और चलते फिरते सिनेमा दिखाये जाते है इत्यादि। 1951-52 मे अभ्रक कल्याण कोष के बजट के अनुसार बिहार और मद्रास के लिए क्रमश: नौ लाख और सवा लाख रुपये का बजट निर्दिष्ट था। 1952–53 के बजट मे बिहार के लिए 7,75 000 रुपये की; मद्रास के लिये 4,00,000 रुपये की; राजस्थान के लिये 1,37,000 रुपये की और अजमेर के लिए 2,000 रुपये की व्यवस्था थी।

**बागान श्रमिक सम्बन्धी कल्याण**

चाय बागान के श्रमिकों का भी उचित ध्यान रखा गया है। चाय बागानो मे काम करने वालों को चिकित्सा सम्बन्धी क्या सुविधाएं देनी चाहिए, इस सम्बन्ध मे सुझाव देने के लिए

एक समिति बनाई गई थी। इस समिति ने जो सुझाव रखे वे सब के सब मान लिये गये। कुछ मालिको ने इन सुझावों को पूर्ण रूप से मान लिया। 1951–52 मे केन्द्रीय चाय बोर्ड से चाय बागान के मजदूरो के कल्याण के लिए चार लाख रुपये प्राप्त किये गये। यह रकम राज्य सरकारो मे बाट दी गई, और इनके लिये जो कल्याण कार्य किये गये उनमे मनोरजन के अलावा, दर्जीगिरी, कढाई, बुनाई, टोकरी बनाना इत्यादि उपयोगी शिल्प आते है। चाय बागान के मजदूरो को व्यावसायिक शिक्षा देने के लिए आदर्श केन्द्र सगठित करने के लिए एक जापानी विशेषज्ञ बुलाया गया है।

**स्वेच्छा से किए जाने वाले उपाय**

द्वितीय महायुद्ध के जमाने मे श्रम कल्याण कोष इसलिए बनाये गये कि मजदूरो के लिए कल्याण कार्य किये जा सके। 1947–48 मे सब केन्द्रीय सस्थाओ को यह कहा गया कि वे इस प्रकार के कोषो का निर्माण करे। 1950–51 मे 221 केन्द्रीय सस्थाओ मे कल्याण कोष स्थापित किये जा चुके थे। मत्रालयो की दृष्टि से किस प्रकार यह कोष बटे हुए है यह नीचे देखा जा सकता है :

| मत्रालय | ऐसी सॅस्थाओ की सख्या जिनमे कल्याण कोष है |
|---|---|
| प्रतिरक्षा . . . . . . | 193 |
| वित्त . . . . . . | 4 |
| निर्माण, उत्पादन और पूर्ति . . . | 6 |
| संचार . . . . . . | 8 |
| स्वास्थ्य . . . . . | 4 |
| खाद्य एवं कृषि . . . | 6 |
| योग . . | 221 |

इन कोषो मे सात लाख रुपया एकत्र है, और इनमे लगभग एक लाख बीस हजार मजदूरो को लाभ पहुचता है। कोष से मजदूरो के लिए विशेष कर घर के अन्दर खेले जाने योग्य खेल तथा बाहर खेले जाने योग्य खेल, वाचनालय, पुस्तकालय, रेडियो, शिक्षा तथा मनोरजन की व्यवस्था की जाती है। विभिन्न सस्थाओ तथा मजदूर सगटनो के द्वारा चलाये हुए मातृकल्याण केन्द्र, क्लबों, स्कूलो तथा सामाजिक सेवा केन्द्रो को अनुदान भी दिये जाते है।

राज्य सरकारे भी कुछ कल्याण केन्द्र चलाती है। कल्याण कार्यो के आकार प्रकार तथा प्रकृति के अनुसार यह केन्द्र 'क' 'ख' 'ग' 'घ' वर्गो मे वर्गीकृत है। इन केन्द्रो के बारे मे सब से ताजे आकडे इस प्रकार है—बम्बई 53, उत्तर प्रदेश 33, पश्चिमी बगाल 19, सौराष्ट्र 17, बिहार, हैदराबाद और तिरुवांकुर-कोचीन—प्रत्येक मे 3 और मैसूर मे 2 ।

**कल्याण ट्रस्ट फंड**

निजी मालिकों को समझा बुझाकर अपने यहा काम करने वाले लोगो के लाभ के लिए कल्याण ट्रस्ट कोष खोलने के लिए राजी किया गया। प्रयास यही किया गया कि ये कोष सामयिक स्वेच्छा के आधार पर बनाये जाये, यदि ऐसा न हो सका तो यह निर्णय किया गया कि

इसके लिए कानून बना कर लोगों को मजबूर किया जाये । नवम्बर 1952 मे केन्द्रीय सरकार न राज्य सरकारों को अपने क्षेत्र के औद्योगिक कारखानो को यह समझाने के लिए कहा कि वे इस प्रकार के कोष जारी करें । कल्याण कोष के सुन्दरतर उपयोग तथा निर्माण के लिए एक अखिल भारतीय विधि बनाने का विचार है ।

अकेले मालिक (जैसे टाटा कम्पनी जमशेदपुर), कई मालिको की संस्थाएं (जैसे भारतीय जूट मिल्स एसोसियेशन और भारतीय चाय एसोसियेशन) और कई मजदूर संस्थाएं (जैसे वस्त्र श्रमिक एसोसियेशन, अहमदाबाद) अपने अपने ढंग से श्रम कल्याण मे लगे हुए हैं ।

## मजदूरों के लिए मकान

1948 के अप्रैल मे केन्द्रीय सरकार ने दस साल के अन्दर मजदूरों के लिए दस लाख मकान बनाने का निश्चय किया । आर्थिक दिक्कत के कारण 1949 के अप्रैल में एक संशोधित योजना घोषित की गई । इस योजना के अनुसार 1950–51 मे तथा 1951–52 मे राज्य सरकार को जो कर्ज दिये गये, वे इस प्रकार थे :

तालिका 172

(लाख रुपयो मे)

| राज्य | 1950-51 | 1951-52 |
|---|---|---|
| आसाम | ... | 10 |
| बिहार | 5 | 30 |
| बम्बई | 75 | 44 |
| मध्य प्रदेश | 10 | 10 |
| मद्रास | ... | 9 |
| उडीसा | 10 | 10 |
| पंजाब | ... | 5 |
| हैदराबाद | ... | 20 |
| मैसूर | ... | 20 |
| तिरुवाकुर-कोचीन | ... | 10 |
| योग | 100 | 168 |

**मजदूरों के लिये सहायताप्राप्त मकान**

1952 के अन्त में केन्द्रीय सरकार ने मजदूरों के लिए सहायता प्राप्त मकानों की एक योजना की घोषणा की । यह योजना 1956 के मार्च तक याने प्रथम पंचवर्षीय योजना के अन्त तक जारी रहेगी । केन्द्रीय सरकार मुख्य वित्तीय जिम्मेदारी ग्रहण करेगी, साथ ही साथ सामान और परिवहन की सुविधाएं भी देगी । विद्यालयों, औषधालयों तथा अन्य सुविधाओं की व्यवस्था राज्य सरकार की ओर से की जायेगी । मालिक तथा मजदूर युक्तिसंगत किराया देने के जिम्मेदार होंगे ।

1952-53 के लिए सात करोड़ सोलह लाख रुपये की लागत पर 28,500 मकान बनाने का लक्ष्य रखा गया है । पर यह योजना देर से चालू हुई इसलिए कर्ज के रूप में 3,01,10,265 रुपयों तथा सहायता के रूप में 2,70.18,786 रुपयों की लागत पर 19,635 मकानों के बनाने

की मजूरी दी गई। इनमे से 1,189 की मंजूरी (जिनमे कर्ज के रूप मे 11,11,435 रुपये तथा सहायता के रूप मे 11,98,401 रुपये मंजूर थे) रद कर देनी पड़ी क्योंकि मकान बनाना शुरू ही नही हुआ था। 1953-54 के लिए सात करोड सढसठ लाख रुपयो की लागत पर 22,000 मकानो के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है, जिनसे यह आशा की जाती है कि 14,000 मकान राज्य सरकारो तथा हाउसिंग बोर्डों के द्वारा, 3,500 सहकारी समितियो तथा 4,500 मालिकों के द्वारा बनाये जायेगे। अगस्त 1953 तक 1,802 मकानो के बनने के लिए 34,55,775 रुपये की कुल रकम मंजूर की गई थी। 1953 के सितम्बर मे इनके अलावा एक कमरे वाले एक मजिल के 980 मकानो के लिए और भी 23,43,837 रुपये मजूर किये गये थे। 1953 के अक्टूबर मे एक कमरे वाले एक मजिल वाले 2,164 मकानो को बनाने के लिए 48,95,710 रुपयों की एक रकम और मजूर की गई।

गत वर्ष जो तजरबे हुए, उनके अनुसार इस योजना मे कुछ सशोधन हुए। साथ ही मजदूरो की सहकारी समितियो की सुविधा के लिए भी परिवर्तन किये गये। गत वर्ष के मुकाबले मे एक मुख्य परिवर्तन यह हुआ है कि 150 रुपये मासिक या उससे अधिक कमाने वाले मजदूरो के लिए दो कमरे वाले मकान बनाने तय हुए है।

**पंचवर्षीय योजना**

मकान बनाने के लिए पचवर्षीय योजना मे 48,69,00,000 रुपयो की व्यवस्था है। इस रकम मे से केन्द्रीय सरकार 38 करोड 50 लाख रुपये और राज्य सरकारे 10 करोड 19 लाख रुपये खर्च करेगी। 1953-54 मे इस सम्बन्ध मे जितने खर्च की व्यवस्था है, उसमे तथा बाद के वर्षों मे खर्च के सम्बन्ध मे जो प्रस्ताव रखे जायेंगे उनमे यह ध्यान रखा जायेगा कि कुल 38 करोड 50 लाख रुपया खर्च करना है।

केन्द्रीय सरकार के उदाहरण का अनुसरण करते हुए लगभग सभी राज्य सरकारे मजदूरो के लिए मकान सम्बन्धी अपने कार्य क्रमो को कार्यान्वित करने मे लगी हुई है। बम्बई, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, मैसूर ने क्रमशः बम्बई हाउसिंग ऐक्ट 1948, उ० प्र० शुगर एण्ड पावर एलकोहल इण्डस्ट्रीज लेबर वेलफेअर एण्ड डेवलपमेन्ट ऐक्ट 1951, मध्य प्रदेश हाउसिग बोर्ड ऐक्ट 1950 और मैसूर लेबर हाउसिंग ऐक्ट 1949 पास कर लिया है। इन विधियो के द्वारा मकान बनवाने के लिए सरकारें वित्त ले सकेगी। इस सम्बन्ध मे वित्त आने के साधन केन्द्रीय और राज्य सरकारों से प्राप्त राज्य अनुदान, मालिको और मुलाजिमो से प्राप्त अनुदान तथा किराये है। इन कोषों को यह भी अधिकार प्राप्त है कि सम्बद्ध सरकारों से पहले से स्वीकृति प्राप्त कर आवश्यक ऋण प्राप्त करें। बम्बई, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में प्रासगिक विधियों के अनुसार अनुविहित हाउसिंग बोर्ड स्थापित किये गये है। मैसूर सरकार ने लेबर हाउसिंग कारपोरेशन की शक्तियां तथा जिम्मेवारियां बगलोर नगरोन्नयन ट्रस्ट को सौप दी है। बिहार सरकार ने मई 1951 में एक अस्थायी औद्योगिक गृह निर्माण बोर्ड स्थापित की है। उन गृहनिर्माण बोर्डों को इस बात का कानूनी अधिकार कि वे भूमि प्राप्त करें, और उसको उन्नयन करे तथा औद्योगिक मजदूरो के लिए मकान बनवाये और उन्हें कायम रखे।

भारत सरकार ने हाल ही की एक विज्ञप्ति द्वारा यह घोषित कर दिया है कि पंचवर्षीय योजना आयोग ने जिस राष्ट्रीय भवन निर्माण संगठन को स्थापित करने की सिफारिश की, उस

की सब प्रारम्भिक तैयारियां हो चुकी है। इस सगठन मे कौन लोग होगे, यह भी अन्तिम रूप से तय हो चुका है। जल्दी ही इस सम्बन्ध में घोषणा होने वाली है।

**कोयले की खानों में काम करने वाले मजदूरों के लिये मकान**

अपने अपने यहा के स्वास्थ्य सम्बन्धी खान बोर्डों के आदेश के अनुसार झरिया, आसनसोल, हजारीबाग के कोयले की खानों के मालिकों ने क्रमश: 37,386, 16,110 और 1,442 मकान बनवाये है। इतना हो जाने पर भी निवास-स्थान की बहुत कमी थी क्योंकि खान में काम करने के लिए दूर दूर से लोग आते है। कोयले की खान के मजदूरो की कल्याण कोष विधि 1948 के अनुसार जो कल्याणकारी संगठन बने हैं, वे खान मे काम करने वाले मजदूरों के रहने के लिए मकान बनवाने का एक अलग हिसाब रखते है। 1 अप्रैल 1951 की इन सगठनों का आयव्यय और बाकी क्रमश: इस प्रकार था—2,14,62,967 रुपये, 67,05,843 रुपये तथा 1,47,57,124, रुपये। इस सगठन ने अब तक झरिया क्षेत्र के भूलि नामक स्थान में 1,566 तथा रानीगंज की कोयले की खान के विजयनगर नामक स्थान में 48 मकान बनवाये है। बोकारो, करगालो, भर-कण्डा और कुरसिया की सरकारी खानों मे इस कोष से 184 मकान बन चुके है और 355 बन रहे है। कल्याण कोष सगठन ने खान-स्वास्थ्य बोर्ड से यह अनुरोध किया है कि वह मालिकों से यह कहे कि खान मजदूरों के लिए उन्नत किस्म के मकान बनवाएं।

## श्रम विधियों का प्रशासन

श्रम विधियों का प्रशासन विभक्त जिम्मेवारी का है, याने केन्द्रीय सरकार खानों, रेलो तथा अन्य केन्द्रीय उद्योगों पर लागू श्रम विधियों को अपने विभिन्न दफ्तरों के जरिये से प्रशासित करती है। राज्य सरकारे बाकी विधियो को अपने सगठनों के जरिये से लागू करती है। तत्सम्बन्धी केन्द्रीय संगठन ये है :—

(1) मुख्य श्रम-आयुक्त का दफ्तर, नई दिल्ली।
(2) कोयले की खानों के कल्याण आयुक्त का दफ्तर, धनबाद।
(3) कोयले की खानों के प्राविडेंट फंड आयुक्त का दफ्तर, धनबाद।
(4) अभ्रक की खानो के श्रम कल्याण कोष के कल्याण आयुक्तों के दफ्तर, धनबाद तथा नेल्लौर।
(5) खानों के मुख्य निरीक्षक का दफ्तर, धनबाद।
(6) कारखानों के मुख्य परामर्शदाता का दफ्तर, नई दिल्ली।
(7) बाहर से आये हुए श्रमिको के कट्रोलर का दफ्तर, शिलाग।
(8) मुलाजिमो के राज्य बीमा निगम के डायरेक्टर जनरल का दफ्तर, नई दिल्ली।
(9) लेबर ब्यूरो के डायरेक्टर का दफ्तर।

औद्योगिक रूप से महत्वपूर्ण सभी राज्यों ने अपने इलाकों के अन्दर लागू सभी श्रम विधियों के प्रशासन तथा लागू करने के लिए संगठन बनाये है। जम्मू और काश्मीर के अतिरिक्त सभी 'क' तथा 'ख' भाग के राज्यों मे इस उद्देश्य से आयुक्त नियुक्त हुए है।

## बाईसवां अध्याय

# पत्र-पत्रिकाएं, फिल्म और रेडियो द्वारा प्रसार

1947 के अगस्त मे भारत मे प्रकाशित समाचार पत्रो और सामयिक पत्रो की सख्या 3,000 थी, जिस मे 300 दैनिक पत्र थे। 1 अप्रैल 1953 को यही सख्या 8,134 मे पहुच गई, जिस मे 683 दैनिक पत्र, 2,666 साप्ताहिक पत्र, 2,911 मासिक पत्र और 1,874 दूसरे सामयिक पत्र थे। इन मे से अग्रेजी मे 74 दैनिक, 299 साप्ताहिक, 465 मासिक, और 439 दूसरे सामयिक पत्र प्रकाशित होते थे।

नीचे की तालिका मे भाषावार लेखा प्रस्तुत किया गया है :

तालिका 173

| किस भाषा मे प्रकाशित होता है | दैनिक | साप्ताहिक | मासिक | अन्य पत्रिकाए | योग |
|---|---|---|---|---|---|
| हिन्दी | 176 | 705 | 777 | 297 | 1,955 |
| अग्रजी | 74 | 299 | 465 | 439 | 1,277 |
| उर्दू | 170 | 391 | 317 | 79 | 957 |
| बगला | 24 | 235 | 300 | 211 | 770 |
| मराठी | 52 | 168 | 49 | 80 | 349 |
| तमिल | 16 | 161 | 249 | 92 | 518 |
| तेलगू | 8 | 103 | 162 | 62 | 335 |
| मलयालम | 13 | 54 | 105 | 19 | 191 |
| कन्नड | 28 | 96 | 33 | 20 | 177 |
| गुजराती | 48 | 154 | 60 | 88 | 350 |
| सस्कृत | ... | 3 | 8 | ... | 11 |
| काश्मीरी | ... | .. | .. | .. | ... |
| गुरमुखी | 22 | 35 | 52 | 6 | 115 |
| असमिया | 1 | 27 | 11 | 32 | 71 |
| उडिया | 3 | 15 | 32 | 6 | 56 |
| द्वै-मासिक या बहु-मासिक | 33 | 161 | 252 | 424 | 870 |
| अन्य भाषाए (सिधी आदि) | 15 | 59 | 39 | 19 | 132 |
| योग | 683 | 2,666 | 2,911 | 1,874 | 8,134 |

भारत मे दैनिक पत्रो के प्रकाशन की अनुमानित कुल सख्या बीस लाख से ऊपर है। दूसरे देशों के मुकाबले मे यह संख्या बहुत कम है। प्रति एक हजार व्यक्तियो के पीछे ब्रिटेन मे 596 दैनिक, संयुक्त राष्ट्र अमेरिका मे 354, इजराइल मे 235, जापान मे 224, लेबनान मे 81,

लंका मे 27, फिलीपीन द्वीप मे 25 और इराक मे 10 दैनिक लिए जाते है, जब कि भारत मे मोटे तौर पर प्रत्येक हजार व्यक्तियो के पीछे 6 पत्र छपते हैं। भारत सरकार ने 1952 के 23 सितम्बर को न्यायाधीश राजध्यक्ष की अध्यक्षता मे एक मुद्रणालय आयोग (प्रेस कमीशन) इसलिए नियुक्त किया कि वह पत्र-पत्रिकाओ की वर्तमान अवस्था की पडताल करे और भविष्य मे उसका किस प्रकार विकास हो, यह बताये। निर्देशय शर्तों के अनुसार आयोग को इन बातो पर विचार करना था-(1) समाचार पत्रों, सामयिक पत्रो, खबर देने वाली एजेंसियों तथा फीचर सिन्डीकेटो का नियन्त्रण, उनकी व्यवस्था, मिल्कियत तथा उनका वित्तीय ढाचा क्या है। (2) एकाधिकार तथा पत्रों की मालाए किस प्रकार चलती हैं। (3) पत्रकारिता के विकास पर अधिकारी कम्पनी तथा विज्ञापनो का क्या असर पडता है। (4) वेतन प्राप्त पत्रकारो की भर्ती, प्रशासन, वेतन तथा काम करने की अवस्थाए क्या हैं। (5) न्यूजप्रिंट की पूर्तियो तथा छापेखाने कहा तक उपयुक्त हैं। (6) पत्रकारिता के ऊचे मानदण्ड के लिए क्या आवश्यक है। (7) कौन सी विधिया ऐसो ह जिनको बिना हटाये या सशोधन किये बिना पत्रकार-कला की स्वतन्त्रता नही रह सकती। इन मामलों पर सूचनाएं एकत्रित करने के लिए आयोग ने एक प्रश्नावली गश्ती रूप मे जारी की और इस पर लोगों की गवाहिया ली गई। आयोग का प्रतिवेदन प्रकाशित हो गया है।

**छापेखाने की स्वतंत्रता**

संविधान के 19वे अनुच्छेद मे यह गारटी दी गई है कि प्रत्येक नागरिक को बोलने तथा अभिव्यक्त करने की स्वतन्त्रता का अधिकार प्राप्त होगा। 1951 की सविधान (प्रथम सशोधन) विधि के अनुसार ससद् इस अधिकार को देश की सुरक्षा, विदेशी राष्ट्रो के साथ मित्रता के सम्बन्ध, सार्वजनिक व्यवस्था, सुरुचि या सुनीति, अदालत का अपमान, मानहानि या किसी अपराध के लिए उत्तेजना की दृष्टि से इस अधिकार को यक्तिसगत रूप से रोक सकती है। संशोधन के कारण 'युक्तिसंगत रूप से रोकने' के जो शब्द आ गये, उनके कारण अब इस अधिकार को रोकते हुए जो कानून बनते हैं, वे एक तरफ जहां उचित हो गए, वही दूसरी तरफ वे कही युक्तिसंगत हद से आगे तो नही निकल गये, इस पर अदालत के सामने मुकदमा दायर हो सकता है।

## फिल्म

1930 तक भारतीय फिल्म व्यवसाय की प्रगति बहुत मामूली रही। उन दिनो जितने विदेशी फिल्म भारत मे दिखाय जाते थे, उनकी लम्बाई भारतीय फिल्मों की सात गुनी होती थी। 80 प्रतिशत फिल्म तो अमेरिका से ही मगाये जाते थे। पर अब परिस्थिति यह है कि जितने फुट फीचर फिल्म भारत ने बनाये जाते हैं, वे बाहर से मंगाये हुए फिल्मो से अधिक लम्बे होते हैं। अब भारत में लगभग 200 निर्माता, 60 स्टुडियो, 40 प्रयोगशालाएं और लगभग 6,600 वितरक और उपवितरक काम करते है। मुख्य उत्पादन-केन्द्र बम्बई, कलकत्ता और मद्रास है। इस धधे मे कुल पूंजी चालीस करोड़ पये लगी हुई है। और इससे प्रति वर्ष बीस करोड़ रुपये कुल राजस्व प्राप्त होता है। अब तो परिस्थिति यहा तक पहुंच गई है कि यहा की फिल्मे देश के बाहर भी खपने लगी है।

संसार के फिल्म उत्पादकों मे भारत का स्थान दूसरा है । 1953 मे भारत ने 259 फिल्मे तैयार की । इस समय अन्य देशों के वार्षिक आकडे इस प्रकार है —संयुक्त राष्ट्र अमेरिका 450 फीचर फिल्म, जापान 150, इटली 120, फ्रास 110, जर्मनी और ब्रिटेन प्रत्येक 85, चीन 26 और रूस 15 ।

1931 से विभिन्न भारतीय भाषाओं मे किस गति से फिल्म उत्पन्न हुए इसका लेखा नीचे प्रस्तुत किया गया है :

## तालिका 174

भारतीय भाषाओं मे निर्मित फीचर-फिल्मे (1931–53)

| वर्ष | हिन्दी | गुजराती | मराठी | बंगला | तमिल | तेलगु | कन्नड | पंजाबी | मलयालम | अन्य | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1931 . | 23 | ... | ... | 3 | 1 | 1 | ... | ... | ... | ... | 28 |
| 1932 . | 61 | 2 | 8 | 5 | 4 | 2 | ... | ... | ... | 1 | 83 |
| 1933 . | 75 | ... | 6 | 9 | 7 | 5 | ... | ... | ... | 1 | 103 |
| 1934 . | 121 | 1 | 11 | 10 | 14 | 3 | 2 | ... | ... | 2 | 164 |
| 1935 . | 154 | 1 | 9 | 19 | 38 | 7 | 1 | 1 | ... | 3 | 233 |
| 1936 . | 135 | 3 | 6 | 19 | 38 | 12 | 1 | 1 | ... | 2 | 217 |
| 1937 . | 102 | ... | 11 | 16 | 37 | 10 | 3 | ... | ... | ... | 179 |
| 1938 . | 88 | ... | 14 | 19 | 39 | 10 | ... | 1 | 1 | ... | 172 |
| 1939 . | 82 | 1 | 12 | 15 | 35 | 12 | ... | 7 | ... | 1 | 165 |
| 1940 . | 86 | 1 | 10 | 16 | 36 | 14 | ... | 7 | 1 | ... | 171 |
| 1941 . | 79 | 1 | 14 | 18 | 34 | 16 | 2 | 2 | 1 | 3 | 170 |
| 1942 . | 97 | ... | 13 | 18 | 19 | 8 | 2 | 5 | ... | 1 | 163 |
| 1943 . | 108 | ... | 5 | 21 | 13 | 6 | 4 | ... | ... | 2 | 159 |
| 1944 . | 86 | ... | 4 | 14 | 13 | 6 | ... | 2 | ... | 1 | 126 |
| 1945 . | 73 | ... | ... | 9 | 11 | 5 | 1 | ... | ... | ... | 99 |
| 1946 . | 155 | 1 | 2 | 15 | 16 | 10 | ... | 1 | ... | ... | 200 |
| 1947 . | 186 | 11 | 6 | 38 | 29 | 6 | 5 | ... | ... | 7 | 288 |
| 1948 . | 148 | 28 | 7 | 37 | 32 | 7 | 2 | 1 | 1 | 2 | 265 |
| 1949 . | 157 | 17 | 15 | 62 | 21 | 7 | 6 | 1 | 1 | 2 | 289 |
| 1950 . | 115 | 13 | 19 | 42 | 19 | 18 | 1 | 4 | 6 | 4 | 241 |
| 1951 . | 100 | 6 | 16 | 38 | 26 | 20 | 2 | 4 | 7 | 2 | 221 |
| 1952 . | 102 | 2 | 17 | 43 | 32 | 25 | 1 | ... | 11 | ... | 233 |
| 1953 . | 96 | ... | 21 | 50 | 42 | 29 | 7 | 3 | 7 | 4 | 259 |

1945–46 के बाद से बाहर से कितनी फिल्में मंगाई गईं इनका लेखा यों है :—

तालिका 175

(सख्याये लाखों मे)

| वर्ष (अप्रैल से मार्च तक) | कच्ची फिल्म | | प्रयुक्त (एक्सपोज्ड) फिल्म | | ध्वनि रेकार्डिंग और यंत्र सम्बन्धित सामग्री (मूल्य रूपयों में) | प्रदर्शन यंत्र और संबधित सामग्री (मूल्य रुपयो में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | फुटों मे लम्बाई | मूल्य रुपयो मे | फुटो मे लम्बाई | मूल्य रुपयो मे | | |
| 1945-46 | 808·94 | 29·05 | 161·88 | 45·28 | 15·37 | 19·10 |
| 1946-47 | 1,286·23 | 54·11 | 151·15 | 24·60 | 23·17 | 46·70 |
| 1947-48 | 1,742·00 | 79·96 | 150·88 | 19·98 | 84·64 | 61·51 |
| 1948-49 | 1,564·16 | 76·96 | 123·91 | 31·52 | 24·53 | 37·14 |
| 1949-50 | 1,787·50 | 95·30 | 146·32 | 38·18 | 11·50 | 61 08 |
| 1950-51 | 2,085·38 | 125·59 | 145·37 | 35·79 | 9·53 | 61·94 |
| 1951-52 | 1,981·74 | 135·55 | 105·96 | 28·01 | 17·56 | 53·79 |
| 1952-53 | 2,476·41 | 166·07 | 129·47 | 39·69 | 10·70 | 25·58 |

भारत मे लगभग 3,250 सिनेमाघर हैं, जिन मे से 850 चलते फिरते है। इनमे से बीस प्रतिशत ऐसे शहरो अथवा नगरों मे है, जिनकी आबादी एक लाख मे ऊपर है। बाकी छोटे नगरो तथा कस्बो मे अवस्थित हैं। कुल मिलाकर साल मे सिनेमा घरो मे उपस्थिति 60 करोड़ रहती है।

**डाक्यूमेन्टरी तथा खबरों की रीलें**

सूचना एवं प्रसार मत्रालय के अन्तर्गत फिल्म डिवीजन ऐसी डाक्यूमेंटरी तथा खबरो की रीलों का निर्माण करता है, जिन मे भारतीय जीवन के विभिन्न पहलू दिखलाये जाते है। इन फिल्मो मे इतिहास, सस्कृति, सामाजिक और आर्थिक प्रगति तथा चालू घटनाएं दिखाई जाती हैं। भारत सरकार के फिल्म डिवीजन को 1948 मे पुनर्जीवित किया गया। 1953 के दिसम्बर के दूसरे सप्ताह तक यह डिवीजन 269 समाचार रीले प्रस्तुत कर चुका था और प्रतिवर्ष औसत 39 डाक्यूमेंटरी तैयार कर रहा था। 1948 और 1953 के बीच के डाक्यूमेंटरी का लेखा इस प्रकार रहा है —

तालिका 176

| वर्ष | डाक्यूमेंटरी फिल्मों की सख्या |
|---|---|
| 1948 . . . . . | 3 |
| 1949 . . . . . | 28 |
| 1950 . . . . . | 39 |
| 1951 . . . . . | 38 |
| 1952 . . . . . | 39 |
| 1953 (नवम्बर के अंत तक) . . | 30 |
| योग . | 177 |

सरकार साधारणतः पांच भाषाओं मे फिल्म तैयार करती है। हिन्दी, बंगला, तमिल, तेलगु और अंग्रेजी। चुने हुए डाक्यूमेंटरी तथा खबर की रीले अब व्यापारिक प्रदर्शन के लिये विदेश स्थित भारतीय मिशनो मे भी भेजी जाती है। इसके अलावा ब्रिटेन तथा संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के टेलिवीजन कार्यक्रमो मे भी उनका अब इस्तेमाल होता है।

**फिल्मों का सेन्सर**

जनवरी 1951 मे फिल्म सेंसरो का केन्द्रीय बोर्ड स्थापित किया गया, और उस समय जो विभिन्न राज्य बोर्ड थे उनका स्थान उसे मिला। इस प्रकार एक संस्था स्थापित करने का उद्देश्य यह था कि राष्ट्रीय संस्कृति, शिक्षा, तथा मनोरंजन के माध्यम के रूप मे फिल्मो के मान-दण्ड को ऊंचा करने के लिये सेन्सर के कार्य मे एकरूपता स्थापित की जाये।

बोर्ड का उद्देश्य यह है कि फिल्मो को सार्वजनिक रूप से दिखाने की दृष्टि से उनकी परीक्षा की जाये तथा उन्हे मंजूर किया जाये। बोर्ड म सभापति को लेकर सात सदस्य होते है। इस का प्रधान दफ्तर बम्बई मे है। इसके अलावा बम्बई, कलकत्ता और मद्रास मे इस के क्षेत्रीय दफ्तर है। बोर्ड दो प्रकार के प्रमाण-पत्र देते है, एक तो वह प्रमाण-पत्र जिस के अनुसार फिल्म सब को दिखलायी जा सकती है, दूसरा वह प्रमाण-पत्र जो केवल वयस्को को दिखलाने की आज्ञा देता है। प्रथम प्रमाण-पत्र को यू० प्रमाण-पत्र और दूसरे को ए० प्रमाण-पत्र कहा जाता है। यदि कोई निर्माता बोर्ड के निर्णय से असन्तुष्ट है, तो उसे भारत सरकार से अपील करने का अधिकार है। 1 अप्रैल 1952 और 31 मार्च 1953 के बीच मे 33 फिल्मो (जिन मे 26 विदेशी फिल्मे थी) को वयस्कों के लिये तथा 3,164 फिल्मो को सर्व प्रकार की जनता के लिये प्रमाणपत्र दिये गये। इसी युग मे कितनी फीचर फिल्मो को और कितनी संक्षिप्त फिल्मो को प्रमाणपत्र दिये गये, उसका हिसाब यों है :—

| | भारतीय | विदेशी |
|---|---|---|
| फीचर फिल्मे . . . | 262 | 500 |
| छोटी फिल्मे . . . | 369 | 2,066 |
| योग | 631 | 2,566 |

## प्रसारण

आल इंडिया रेडियो के 21 प्रसार केन्द्र है। 1953 के 2 अक्तूबर को पूना मे एक प्रसार केन्द्र खोला गया, पर साथ ही औरंगाबाद का स्टेशन बन्द हो गया। इस प्रकार प्रसार केन्द्रो की संख्या उतनी ही बनी रही।

देश मे लाइसेंसयुक्त रेडियो सैटों का प्रचार जोरों के साथ हुआ। 1947 मे जहां इनकी संख्या 2,75,956 थी, वहा 1952 के दिसम्बर के अन्त तक इनकी संख्या 7,58,620 हो गयी। इसमें से अधिकतर घरेलू सेट है, जिनकी संख्या लगभग 6,94,000 है।

लाइसेंसो की सख्या मे किस प्रकार प्रगति रही उसका लेखा इस प्रकार है —

तालिका 177

| वर्ष | कुल सख्या |
|---|---|
| 1947 . . . . . . . . | 2,75,955 |
| 1948 . . . . . . . . | 3,18,999 |
| 1949 . . . . . . . . | 4,08,060 |
| 1950 . . . . . . . . | 4,46,319 |
| 1951 . . . . . . . . | 6,85,508 |
| 1952 . . . . . . . . | 7,58,620 |

1952 के अन्त में प्रति हजार व्यक्ति पीछे भारत मे लगभग दो रेडियो सेट थे, जब कि 1950–51 मे इजराइल मे प्रति हज़ार व्यक्ति पीछे 123 सेट, जापान मे 106, लेबनान मे 36 टर्की मे 16, मिस्र मे 12, और लंका में 4 थे । पश्चिमी देशो मे यह सख्या बहुत अधिक है, यह तो बताने की आवश्यकता ही नही है । अधिक से अधिक लोगो को रेडियो का लाभ देने के लिये देहातो के औद्योगिक क्षेत्रो तथा विद्यालयो मे सामूहिक सेट लगाये गये हैं । वर्तमान समय में 6,600 ऐसे रिसीवर हैं ।

**विकास योजनाएं**

1953 मे प्रसार के विकास की एक पचवर्षीय योजना बनायी गयी । इस योजना मे बम्बई, अहमदाबाद, बंगलोर, कलकत्ता, जालन्धर तथा इलाहाबाद मे अत्युच्च शक्तियुक्त ह्रस्व तरंग सप्रेषण लगेंगे तथा नागपुर, गौहाटी, मद्रास, इंदौर, हैदराबाद में मझोले तरग सप्रेषण लगने है । जयपुर, जोधपुर (केवल रिले केन्द्र), ग्वालियर तथा राजकोट मे नये प्रसार केन्द्र खुलने है । इसके अलावा कलकत्ता और मद्रास मे स्टूडियो की इमारते बनेगी और नई दिल्ली मे जो इमारत है, उसका विस्तार होगा ।

दिल्ली, बम्बई, मद्रास और कलकत्ता के प्रसार केन्द्र ह्रस्व तथा मझोली तरग के सप्रेषणो के द्वारा अपने अपने इलाके की सेवा करते है । मझोली तरग पर जो दूसरे केन्द्र काम करते है, वे सीमित रूप से अपने इर्द-गिर्द की सेवा करते है । इन केन्द्रो से जो कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है, उनमें सगीत, खबरे, शिक्षा सम्बन्धी प्रसार, नाटक, बच्चो, स्त्रियो के लिये फीचर तथा देहाती भाइयो और मजदूरो के लिये कार्यक्रम होते है ।

1952–53 मे कार्यक्रमो के उन्नयन के लिये कुछ कदम उठाये गये । आल इडिया रेडियो को पक्के गाने तथा सरल संगीत (हिन्दुस्तानी तथा कर्नाटकी दोनों के) प्रसारित करने वाले कलाकारो को चुनने मे सहायता देने के लिये विषेशज्ञो की एक समिति चुनी गयी । साथ ही साथ हल्के गानो के मान-दण्ड का भी उन्नयन हो रहा है । फिल्म सगीत के सम्बन्ध मे काफी कमी की गयी है और इस प्रकार जो समय बच रहा है उसमे ऐसा सगीत प्रसारित किया जा रहा है, जो वाछनीय मान-दण्ड का है । आल इंडिया रेडियो दिल्ली से सगीत का एक राष्ट्रीय कार्यक्रम भी

इसलिये शुरू किया गया है कि लोगों में एकता बढ़े। इस कार्यक्रम को सभी स्टेशन प्रसारित करते हैं तथा उच्च कोटि का हिन्दुस्तानी तथा कर्नाटकी संगीत सर्वसाधारण में प्रसारित किया जाता है।

**संवाद प्रसार**

आल इंडिया रेडियो की संवाद प्रसार सम्बन्धी सेवा दिल्ली के संवाद सेवा डिवीजन में केन्द्रित है और दिल्ली के प्रसारित संवाद सम्बन्धी विज्ञप्तियां क्षेत्रीय केन्द्रों से प्रसारित होती हैं।

आल इंडिया रेडियो इस समय प्रतिदिन 73 संवाद विज्ञप्तियां प्रसारित करता है, जिनमें से 44 देश के अन्दर के लोगों के लिये होती हैं, तथा 29 विदेशों में रहने वाले भाइयों के लिये होती हैं। इन विज्ञप्तियों में लगभग 14 घंटे लगते हैं और ये 27 भाषाओं में प्रसारित की जाती हैं। इनमें से 16 भारतीय भाषाएं हैं और शेष 11 विदेशी।

एक्सटर्नल सरविसेज में एशिया, अफ्रीका तथा यूरोप के विभिन्न देशों तथा वेस्ट इंडीज के लिये कार्यक्रम प्रसारित होता है। प्रति दिन इस कार्यक्रम में 21 घंटे लगते हैं।

1947 में आल इंडिया रेडियो से प्रसार का कुल समय 26,342 घंटे था। 1952 में यह 74,640 घंटे हो गया। छुट्टी के सप्ताहांत दिवसों में प्रसार का समय केन्द्र की शक्ति के अनुसार पांच से दस घंटे तक होता है।

**प्रसार केन्द्र**

आल इंडिया रेडियो के प्रसार केन्द्र चार क्षेत्रों में बटे हुए हैं—उत्तर, पूर्व, दक्षिण और पश्चिम। उत्तर क्षेत्रीय सेवा में ये केन्द्र आ जाते हैं—दिल्ली, लखनऊ, इलाहाबाद, पटना, जलन्धर-अमृतसर। पूर्वी क्षेत्रीय सेवा में, कलकत्ता, कटक, शिलांग और गौहाटी आते हैं। मद्रास, तिरुची, विजयवाडा, मैसूर, त्रिवेन्द्रम और कोजीकोड दक्षिण सेवा में आते हैं, और पश्चिम क्षेत्रीय सेवा में बम्बई, नागपुर, बडौदा, अहमदाबाद, धारवाड, हैदराबाद और पूना आते हैं।

दिल्ली में संप्रेषण की दो अलग धाराएं हैं "क", "ख"। संप्रेषण "क" में कुल नौ घंटे बीस मिनट और संप्रेषण "ख" में आठ घंटे तीस मिनट प्रसार होता है। सप्ताह के कुछ दिनों में विद्यालयों के लिये जो विशेष कार्यक्रम होता है, उनको इस में नहीं दिखाया गया है। दिल्ली "क" में हिन्दी, उर्दू, हरियाना और अंग्रेजी व्यवहार में आती है। हिन्दी और उर्दू के सारे कार्यक्रम दिल्ली "क" से शुरू होते हैं। इसमें वे कार्यक्रम भी हैं जो बच्चों, स्त्रियों, देहाती भाइयों तथा विद्यालयों के लिये हैं। दिल्ली "ख" में हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी के "क" वाले कुछ कार्यक्रमों को पुनः प्रसारित करने के अतिरिक्त पंजाबी और गोरखाली श्रोताओं के लिये कार्यक्रम प्रसारित होता है। पश्चिमी संगीत तथा सेनाओं के लिये कार्यक्रम दिल्ली "ख" से प्रसारित होते हैं। फरवरी 1953 तक लखनऊ, इलाहाबाद और पटना इस विचार से एक साथ बंधे हुए थे कि इन क्षेत्रों में जो प्रतिभाएं प्राप्त हैं वे सबके लिये हैं। पर 1953 की पहली फरवरी को बिहार के श्रोताओं के लाभ की दृष्टि से पटना केन्द्र को अलग कर दिया गया। इन केन्द्रों में हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी के कार्यक्रम होते हैं। प्रत्येक केन्द्र से साढे आठ घंटे प्रसार होता है। इसमें विद्यालयों के लिये विशेष दिनों में होने वाले कार्यक्रम नहीं गिनाये गये। लखनऊ और इलाहाबाद के प्रथम और द्वितीय संप्रेषण सामान्य हैं, और लखनऊ से ही उनका आरम्भ होता है। इन दो केन्द्रों में वार्ताओं, नाटकों, फीचरों तथा संगीत कार्यक्रमों की सामान्य सूची होती है। विद्यालयों, बच्चों

तथा स्त्रियों के लिये कार्यक्रम भी सामान्य है । देहाती इलाको के लिये तथा स्थानीय बोलियों म जो सामयिक दिलचस्पी के कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं, व दोनो स्टेशनो से अलग अलग होते हैं । देहाती भाइयो के लिये लखनऊ से जो कार्यक्रम प्रसारित होता है, उसमे मजदूरो के लिये भी पद्रह मिनट का एक कार्यक्रम रहता है ।

जालन्धर और अमृतसर मे कार्यक्रम अक्सर सामान्य होते हैं । इन केन्द्रो मे हिन्दी, पजाबी उर्दू और अग्रेजी काम मे लायी जाती है । प्रतिदिन कुल साढे पाच घटे प्रसार का काम होता है ।

बम्बई मे दो अलग अलग धारायें हैं 'क' और 'ख', जिनमे से प्रत्येक मे कुल मिला कर नौ घटे पचीस मिनट सप्रेषण का कार्य होता है । इसमे विद्यालयो के कार्यक्रम शामिल हैं । बम्बई 'क' से गुजराती और अग्रेजी भाषा मे प्रसार होता है । मजदूरो के लिए भी एक कार्यक्रम होता है । बम्बई 'ख' से हिन्दी, उर्दू, मराठी और कोन्कनी मे प्रसार कार्य होता है ।

नागपुर मे प्रतिदिन साढे सात घटे प्रसार होता है । यहा से हिन्दी, मराठी और अग्रेजी मे प्रसार कार्य होता है ।

बडौदा और अहमदाबाद जुडे हुए हैं, और उनके अधिकाश कार्यक्रम सामान्य हैं । बडौदा से देहाती भाइयों के लिए गुजराती मे और अहमदाबाद से मजदूरो के लिए कार्यक्रम प्रसारित होते हैं । यहा केन्द्र मे कुल मिला कर प्रति दिन सवा छः घटे प्रसार होता है ।

धारवाड से सप्ताह के सातो दिन साढेसात घटे प्रसार का काम होता है । यहा कन्नड, हिन्दी और अग्रेजी काम मे आती है ।

हैदराबाद मे प्रति दिन आठ घटे पैंतीस मिनट कार्यक्रम प्रसारित होता है । यहा से उर्दू, मराठी, कन्नड और अग्रेजी मे प्रसार होता है ।

कलकत्ता मे 'क' और 'ख' दो कार्यक्रम चलते हैं । कुल मिला कर प्रति दिन दस घटे प्रसार का काम होता है । 'क' मे बगला, हिन्दी और अग्रेजी तथा 'ख' मे इन भाषाओ के अलावा उडिया भी काम मे लायी जाती है । कलकत्ता 'ख' के अधिकाश कार्यक्रम कलकत्ता 'क' से प्रसारित किये जाते हैं । कलकत्ता 'ख' का भाव यह है कि उडिया मजदूरो तथा देहाती सुनने वालो के लिए कार्यक्रम प्रसारित किया जाये । कटक से प्रति दिन साढे पाच घटे प्रसार होता है और वहा उडिया, हिन्दी तथा अग्रेजी काम मे आती है ।

शिलाग, गौहाटी मे प्रति दिन पाच घटे पैंतीस मिनट कार्यक्रम प्रसारित होता है, और यहा की भाषा आसामी, हिन्दी और अग्रेजी है । गौहाटी और शिलाग से साथ ही साथ देहाती सुनने वालो के लिए स्थानीय बोली मे और उपजातियों के लिए खासी-जयन्तिया भाषा मे कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है ।

मद्रास मे 'क' और 'ख' दो कार्यक्रम चलते हैं । प्रति दिन 'क' मे नौ घटे पैंतीस मिनट और 'ख' मे दस घंटे पाच मिनट प्रसार किया जाता है । 'ख' के कार्यक्रम मे विद्यालयो के कार्यक्रम भी शामिल हैं । 'क' से तमिल, हिन्दी और अग्रेजी में कार्यक्रम प्रसारित किये जाते हैं जो तमिल भाषी इलाकों के लिए होते हैं । 'ख' मे हिन्दी, अंग्रेजी और तेलगू मे कार्यक्रम प्रसारित होते है । सप्ताह में पाच दिन मजदूरो के लिए तथा देहाती सुनने वालो के लिए तेलगू मे कार्यक्रम प्रसारित होते हैं । मद्रास के 'क' से कोई देहाती कार्यक्रम प्रसारित नही होता ।

तिरुची से प्रति दिन तमिल में आठ घंटे पैंतीस मिनट कार्यक्रम प्रसारित होता है। यहां से देहाती कार्यक्रम होते हैं तथा सप्ताह में पांच दिन प्राथमिक स्कूलों के लिए भी कार्यक्रम प्रसारित होता है।

त्रिवेन्द्रम और कोजीकोड एक साथ जुड़े हुए हैं और इन से मलयालम और अंग्रेजी में कार्यक्रम प्रसारित होते हैं। अधिकांश कार्यक्रम सामान्य होते हैं। स्थानीय दिलचस्पी के कार्यक्रम अलग अलग प्रसारित होते हैं। त्रिवेन्द्रम से प्रति दिन पौने सात घंटे और कोजीकोड से पौने छ: घंटे कार्यक्रम प्रसारित किया जाता है।

मसूर से कुल मिला कर पौने सात घंटे का संप्रेषण होता है। यहां से कन्नड, हिन्दी, अंग्रेजी में कार्यक्रम प्रसारित होता है।

**बाहर की सेवाएं**

बाहर की सेवा को मोटे तौर पर दो हिस्से में बांटा जा सकता है--एक पूर्वी सेवा और दूसरी पश्चिमी सेवा। दिल्ली से उच्च शक्तियुक्त संप्रेषकों पर प्रसार का काम जारी रहता है।

पूर्वी सेवा पांच पृथक इलाकों के लिए है, और इनमें दक्षिण-पूर्वी एशिया के भारतीयों के लिए होने वाले सामान्य कार्यक्रम भी प्रसारित होते हैं। गानों तथा फीचर कार्यक्रमों के अतिरिक्त हिन्दी, तमिल और अंग्रेजी में खबरें भी प्रसारित की जाती हैं। बर्मी, चीनी (क्युयु), केन्टनी तथा इंडोनेशियाई भाषाओं में प्रतिदिन समाचार प्रसारित किये जाते हैं। विशेष दिलचस्पी के संगीत और वार्ताएं तथा बच्चों के लिए कार्यक्रम प्रसारित होते हैं।

पश्चिमी सेवा में सुनने वालों के कार्यक्रम आठ पृथक वर्गों के लिए प्रसारित होते हैं तथा इसमें पूर्वी तथा दक्षिण-पूर्वी अफ्रीका के भारतीयों के लिए सामान्य सेवा भी रहती है। गानों तथा अन्य कार्यक्रमों के अतिरिक्त हिन्दी, गुजराती तथा अंग्रेजी में समाचार प्रसारित किये जाते हैं। वेस्टइंडीज संप्रेषण में हिन्दी में वार्ताएं, संगीत, नाटक इत्यादि होते हैं। अरबी ईरानी, अफगान तथा पश्तो संप्रेषणों में पूर्वी तथा पश्चिमी संगीत के अतिरिक्त इन भाषाओं में समाचार भी प्रसारित होते हैं। यूरोपीय संप्रेषण में दो विभिन्न कार्यक्रम हैं--एक अंग्रेजी में और दूसरा फ्रांसीसी में।

## तेईसवां अध्याय

# पुनर्वास

1951 की जनगणना के अनुसार भारत में विस्थापितों की कुल संख्या 74 लाख 80 हजार है। इनमें से मोटे तौर पर 49 लाख 5 हजार पश्चिमी पाकिस्तानी और 25 लाख 75 हजार पूर्वी पाकिस्तानी हैं।

मई-अक्तूबर 1952 के समय में पश्चिमी बंगाल और पूर्वी पाकिस्तान के बीच हिन्दुओं का आवागमन बढ़ता गया। पर 1952 के 15 अक्तूबर से जब से पासपोर्ट पद्धति का सूत्रपात हुआ तब से उनकी गतिविधि में यथेष्ट कमी आयी है। मई 1953 के बाद फिर कुछ गतिविधि बढ़ी। 1953 के जुलाई में लगभग 46,100 हिन्दू पूर्वी पाकिस्तान से पश्चिमी बंगाल में आये, और 44,200 हिन्दू पश्चिमी बंगाल छोड़कर पूर्वी बंगाल गये। यह अंदाज लगाया जाता है कि जनगणना के बाद छः लाख विस्थापित पूर्वी पाकिस्तान से आये हैं, इसलिए मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि पूर्वी पाकिस्तान से 32 लाख आदमी आये।

## देहाती बस्तियां

पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापितों को खेती में फिर से लगाने का कार्य लगभग पूरा हो चुका है। पंजाब और पेप्सू में पश्चिमी पंजाब तथा सिन्ध, उत्तर पश्चिमी सीमा प्रान्त, बलोचिस्तान और बहावलपुर में आये हुए पंजाबी खेतिहरों को लगभग स्थायी आधार पर निष्क्रातों की खेती वाली जमीन दी गई है। कुल मिलाकर इन दो राज्यों में 23 लाख 80 हजार स्टैंडर्ड एकड़ जमीन 4 लाख 75 हजार विस्थापित खेतिहरों को मिल चुकी है।

पंजाब और पेप्सू में लगभग 33 हजार विस्थापित परिवार गैर-मौरूसी काश्तकारों के रूप में बसा दिये गये हैं। इसके अतिरिक्त पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए अधिकांश रूप में गैर पंजाबी 56 हजार विस्थापित खेतिहर परिवार अजमेर, भोपाल, बम्बई, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, कच्छ, मध्य भारत, मध्य प्रदेश, राजस्थान, सौराष्ट्र, उत्तर-प्रदेश और विन्ध्य प्रदेश में बसा दिये गये हैं। 7 लाख 65 हजार एकड़ से अधिक भूमि इनमें आवंटित की गई है।

विस्थापितों के पुनर्वास के लिए पूर्वी राज्यों में कई योजनाओं को कार्यान्वित किया गया। लगभग 1,96,000 परिवार पश्चिमी बंगाल में भूमि, चाय बगान तथा खेती से सम्बद्ध पेशों में लगा दिए गये हैं। इसके अतिरिक्त 34 हजार परिवारों को आसाम, बिहार, मणिपुर, त्रिपुरा, उड़ीसा, उ० प्रदेश, अन्डमान तथा निकोबार द्वीप पुंज में बसा दिया गया है। 1953 के मार्च के अन्त तक केन्द्रीय पुनर्वास मंत्रालय ने बैल, चारा, खाद्य, खेती के औजार, बीज तथा मकान और कुओं की मरम्मत और निर्माण के लिये विस्थापितों को 16 करोड़ 94 लाख रुपया दिया था। इस रकम में से पूर्वी और पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए लोगों को क्रमशः 7 करोड़ 83 लाख रुपया तथा 9 करोड़ 11 लाख रुपया दिया गया। 1953–54 के लिए 2 करोड़ 79 लाख रुपये की व्यवस्था है जिस में 25 लाख रुपये पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापितों के लिए और 2 करोड़ 54 लाख रुपये पूर्वी पाकिस्तान के विस्थापितों के लिये है।

## शहरी बस्ती

1953 के मार्च के अन्त तक केन्द्रीय तथा राज्य सरकारों ने मिल कर पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापितो के लिये 1,39,000 मकानों के निर्माण की मंजूरी दे दी थी। इनमें मे लगभग 1,13,000 मकान जून 1953 तक पूरे हो चुके थे, और जो मकान बाकी थे, वे निर्माण की विभिन्न स्थिति मे थ। विस्थापितो ने व्यक्तिगत रूप से या सहकारी समितियों के रूप में जो भी सगठन किया, उन्हे सरकार की ओर मे मकान बनाने के लिये स्थान तथा कर्ज मिले हैं।

1952-53 मे 1,81,000 मकानो के बनाने का कार्यक्रम सामने रक्खा गया था। पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए 9 लाख 10 हजार विस्थापितो के लिये इन मकानों के बन जाने से समस्या हल हो जाती थी। सरकार ने इस कार्यक्रम पर 46 करोड़ 44 लाख रुपये खर्च किये।

पूर्वी पाकिस्तान के सम्बन्ध मे परिस्थिति को देखते हुए सामान्य नीति यह रही है कि उन्हें इमारत बनाने के स्थान तथा कर्ज देने की व्यवस्था की जाये और मकान बनाने का काम विस्थापितो का रहे पर फिर भी सरकार ने कुछ निर्माण कार्य अपने हाथ में लिये हैं। फूलिया और हावड़ा-बैगाछी मे दो नये नगर बसाये गये है। इस के अलावा पूर्वी राज्यों में सरकार ने लगभग 10 हजार मकान बनाये।

**व्यापार और उद्योग-धन्धों को सहायता**

पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापितो को निष्क्रान्तों की लगभग 29 हजार दुकाने तथा औद्योगिक कारखाने दिये गये। इसके अलावा विभिन्न नगरों में लगभग 31 हजार नयी दुकाने तथा कई बाजार बनाये गये है। दिल्ली मे तथा उसके इर्द-गिर्द विस्थापितों के लिये जो नये नगर बसाये गये हैं, उनके अतिरिक्त लगभग 130 नगरोपकन्ठीय बस्तियां तथा नये नगर बसाये गये है। ऐसे बसाये हुए स्थानों मे फरीदाबाद, गाधीधाम, राजपुरा, नीलोखेरी, त्रिपुरी, सरदारनगर, उल्हासनगर, हस्तिनापुर और पंजाब की राजधानी चंडीगढ़ है। यद्यपि नगरोपकन्ठीय बस्तियां पुराने शहरो के विस्तार रूप है फिर भी उनके निजी स्कूल अस्पताल, दुकाने तथा खेल के मैदान हैं।

**रोजगार**

जून 1953 के अन्त तक काम दिलाऊ दफ्तर ने 9,56,800 विस्थापितों को पंजीकृत किया। इस मे से 2,07,200 (जिनमे पूर्वी पाकिस्तान के 35,900 लोग आ जाते है) नौकरी दिलायी गयी थी।

## प्रौद्योगिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण

इस समय विस्थापितो को प्रौद्योगिक तथा व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिये तीन तरह की योजनाये है—(1) एक तो वे जिन मे श्रम मत्रालय के फिर से बसाये जाने और काम दिलाऊ विभाग के डायरेक्टरेट जनरल की अधीनता मे काम होता है, (2) ऐसी योजनाए जिनका निर्माण राज्य सरकारो ने किया है, और (3) पुनर्वास मत्रालय के द्वारा शुरू किये हुए कार्यक्रम।

प्रथम योजना उन लोगों तक सीमित है जो ऐसे व्यवसाय सीखना चाहते हैं, जिन में स्वीकृत पाठ्यक्रम के अनुसार बहुत आगे बढ़े हुए प्रशिक्षण की आवश्यकता रहती है। इन योजनाओ के अधीन 31 प्रशिक्षण केन्द्र है। 1953 के जून के अन्त तक 11 410 विस्थापित इन केन्द्रों मे

प्रशिक्षित हो चुके थे और 2,095 प्रशिक्षित हो रहे थे । 4,015 विस्थापित स्वीकृत निजी औद्योगिक संस्थाओं में शिक्षार्थी के रूप मे प्रशिक्षित हो चुके थे और 536 विस्थापित पश्चिमी बंगाल और उत्तर प्रदेश मे प्रशिक्षण पा रहे थे ।

जून 1953 तक जो 15,400 विस्थापित व्यक्ति प्रशिक्षित हुए थे,उन मे से 4,200 पूर्वी पाकिस्तान से तथा बाकी पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए थे ।

फिर से बसाने तथा काम दिलाने के डायरेक्टरेट जनरल ने प्रशिक्षण की जो सुविधाएं दी थी उन्हें सहायता पहुचाने के लिये कई राज्य सरकारों ने प्रशिक्षण—श्रम केन्द्र खोले है । पुनर्वास मत्रालय ने भी इसी प्रकार के केन्द्र खोले थे पर वे अब या तो बन्द कर दिये गये है या स्थानीय राज्य सरकारो को सौप दिये गये है । केवल एक विशेष प्रशिक्षण—श्रम केन्द्र अरब की सराय मे जारी है, जिसे पुनर्वास मत्रालय चला रहा है । नीलोखेरी, फूलिया, फरीदाबाद तथा गाधीधाम आदि नये बसाये हुए शहरो मे प्रशिक्षण केन्द्र स्थानीय अधिकारी चला रहे है ।

1953 के जून के अन्त तक पश्चिमी पाकिस्तान से 50,500 विस्थापित व्यक्ति शिल्पो तथा दस्तकारियों मे प्रशिक्षित हो चुके थे । इन के अलावा नौ हजार लोगों का एक जत्था विभिन्न केन्द्रो मे प्रशिक्षण ले रहा था । इस के अलावा पूर्वी पाकिस्तान से आये 6,000 विस्थापित पूर्वी राज्यो मे प्रशिक्षित हो चुके थे और 2,000 प्रशिक्षण पा रहे थे ।

## शिक्षा

विस्थापितो की शिक्षा की ओर भी सरकार ने विशेष ध्यान दिया है । वित्तीय सहायता की एक सशोधित योजना के अनुसार हाई स्कूल के मानदण्ड तथा नि शुल्क शिक्षा तथा पुस्तकों और लेखन सामग्रियों के लिये सुपात्र छात्रों को नकद अनुदान दिया जाता है । प्रतिभाशाली छात्रो को कला, विज्ञान और प्रौद्योगिक विषय मे कालेजो मे उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिये वृत्तिया दी जा रही है ।

## ऋण

'अल्प ऋण योजना' के अनुसार शहरी इलाको से आये हुए विस्थापितो को वाणिज्य, व्यापार, उद्योग-धन्धो तथा शिक्षित पेशो के लिये अधिक से अधिक 5,000 रुपये का ऋण दिया जा रहा है । विस्थापितो की सहकारी समितियों को ऋण देने मे कोई सीमा नही रखी गयी है । फिर भी सहकारी समितियो की कुल धनराशि या प्रति सदस्य पीछे 2,500 रुपये (इनमे से जो भी बड़े हों) के ऊपर साधारण रूप से ऋण नही दिया जाता ।

इस योजना के अनुसार जो बहुत से कर्ज गत छः सालो मे दिये गये थे, उनके भुगतान का समय आ चुका है, फिर भी पुनर्वास मत्रालय ने यह निश्चय किया है कि जिन विस्थापितो को पश्चिमी पाकिस्तान में सम्पत्तिया है, उन्हे क्षतिपूर्ति की पहली किश्त जब तक अदा नही की जाती, तब तक उन से कर्ज की रकम की अदायगी रोकी रक्खी जाये । ऐसी रिआयत केवल उन्ही क्षेत्रों में दी जायेगी जहां ऋण सम्बन्धित व्यक्ति के प्रमाणीकृत दावे के 10 प्रतिशत से अधिक न हो ।

छोटे कर्जों की योजना मे हाल ही मे सुधार किया गया है और शहरी इलाको मे अब केवल निम्नलिखित लोगो को ही कर्ज दिया जाता है :—

(1) जिन्होंने किसी सरकारी योजना के अनुसार प्रौद्योगिक या व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त किया हो और जो अपने धन्धे जारी करना चाहते हों ।

(2) नये बसाये हुए नगरो में बसने वाले ।

(3) अपाहिज गृहो से निकले हुए ऐसे लोग जिन के सम्बन्ध मे यह कहा गया हो कि वे योग्य नही है ।

पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापितो के सम्बन्ध मे ऊपर की शर्तें ढीली कर दी गयी हैं और राज्य सरकारे अपने निर्णय के अनुसार कर्ज देती है ।

1952-53 मे कुल 16 करोड 75 लाख रुपये ऋण के रूप मे दिये गये । इनमें से 10 करोड़ 79 लाख रुपये पश्चिमी पाकिस्तान के विस्थापितो को और 5 करोड़ 96 लाख रुपये पूर्वी पाकिस्तान के विस्थापितो को दिये गये ।

पुनर्वास वित्त प्रशासन व्यक्तियो, हिस्सेदारों, निजी लिमिटेड कंपनियो को 5,000 रुपये से ऊपर ऋण देता है । 1953 के 30 जून तक 13,081 प्रार्थियो के लिये 10 करोड़ 37 लाख रुपये मजूर किये गये थे । पर वास्तव में कुल 6 करोड़ 23 लाख रुपये दिये गये ।

## सहायता

पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापितों के शिविर बहुत पहले ही बन्द कर दिये गये और पूर्वी राज्यों में भी अधिकांश शिविर 1952 के अप्रैल मे बन्द कर दिये गये । पर 1952 की मई से अक्तूबर तक पूर्वी पाकिस्तान से कुछ नये शरणार्थी आ गये, इसलिये कुछ शिविरों को फिर से खोलने की जरूरत पड़ी । पासपोर्ट पद्धति के प्रवर्तन के साथ-साथ इन शिविरों मे भारतीयों की सख्या बराबर घटती गयी है । जून 1953 के अन्त मे पूर्वी राज्यो के शिविरों की कुल आबादी 87,000 थी और यह लोग सब सामयिक रूप से सहायतार्थी वर्ग के थे ।

इस समय लगभग 77 हजार ऐसी स्त्रिया तथा बच्चे है, जिनका कोई नही है । इनमे बुड्ढे तथा अपाहिज लोग भी है । पूर्वी पाकिस्तान से आयी 40,500 और पश्चिमी पाकिस्तान से आयी 36,500 स्त्रिया इसमे आती है । इन लोगों को शिविरो, आश्रमो तथा अपाहिजगृहो मे रक्खा गया है । पुनर्वास मंत्रालय की ओर से अन्तरिम सहायता के रूप मे विधवाओ, अनाथ स्त्रियो, नाबालिगों या ऐसे विस्थापित लोगों को जो बुढापा, अपांगता, रोग तथा अन्य कारणों से रोटी कमाने मे असमर्थ है या जो लोग पश्चिमी पाकिस्तान की शहरी अचल सम्पत्ति से मिलने वाली आय पर सम्पूर्णरूप से निर्भर है, उन्हे निर्वाह भत्ता देना स्वीकार किया गया है । भत्ता अधिक से अधिक 100 रुपये मासिक का दिया जाता है । अब तक लगभग 1 करोड 1 लाख 58 हजार रुपये खर्च किये जा चुके है और इस रूप मे 14,200 लोगों को सहायता दी जा रही है ।

## दावों की जाच

विस्थापितों की दावा विधि 1950 के अनुसार 1953 की 31 मई के दिन तक जाच के लिय पेश किये गये दावो की स्थिति यो थी :

तालिका 178

| | शहरी और ग्रामीण घर | कृषि भूमि | योग |
|---|---|---|---|
| भरे गये सम्पत्ति-पत्रो की कुल संख्या | 10,39,842 | 1,51,976 | 11,91,818 |
| उन दावों की कुल सख्या जिनकी जाच की जा चुकी है । | — | — | 5,25,454 |
| उन सम्पत्ति-पत्रो की कुल सख्या जिन की जाच की जा चुकी है | 10,23,307 | 1,47,682 | 11,70,989 |

**अन्य दावे**

1949 की अप्रैल में नई दिल्ली में जो हिन्द-पाकिस्तान सम्मेलन हुआ था उस के एक निर्णय के अनुसार दोनो देशों मे पेंशनों, प्राविडेंट फंडो, सरकारी नौकरो, राज्यो तथा स्थानीय संस्थाओं के नौकरो (जो पश्चिमी पाकिस्तान से भारत आये थे) के पैन्शनों, प्राविडेंट फंडों और छुट्टी के वेतनो के मामले को जल्दी से जल्दी तय करने के लिये दोनो देशो मे केन्द्रीय दावा संगठन कायम किया गया था। भारतीय केन्द्रीय दावा सगठन पैन्शनो, प्राविडेंट फंडों तथा भारत सरकार की अपनी अन्तरिम सहायता योजना के अनुसार विस्थापितो के कुछ वर्गों को स्थायी रूप से भुगतान करने का प्रबन्ध करता है।

## अन्तरिम-क्षतिपूर्ति-योजना

चूंकि अचल सम्पत्ति के सम्बन्ध मे पाकिस्तान के साथ कोई समझौता नही हो सका, इसलिये पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए विस्थापितो को क्षतिपूर्ति देने के सम्बन्ध मे कोई अन्तिम योजना मजूर नही हो सकी। क्षतिपूर्ति के लिये निष्क्रान्तों की सम्पत्ति के उपभोग के सम्बन्ध मे भी कोई कानून इस कारण नही बनाया जा सका, फिर भी इस बीच मे सरकार ने 1953 के 18 नवम्बर को विस्थापितो के कुछ वर्गों के लिए अंतरिम क्षतिपूर्ति योजना मजूर कर ली गई। इस योजना के अनुसार फौरन 50 हजार से अधिक दावेदारों को लाभ पहुचा जो इन वर्गों मे आ जाते हैं। यह स्मरण रहे कि नीचे जो आकड़े दिये गये है वे मोटे तौर पर सही है :—

| | | |
|---|---|---|
| (1) | विधवाए, बुड्ढे तथा अपाहिज व्यक्ति जो निर्वाह भत्ता पा रहे है | 10,250 |
| (2) | स्त्रियों के आश्रमों तथा अपाहिज गृहो के रहने वाले अनाथ स्त्रियों, तथा बच्चे, ऐसे बुड्ढे और अपाहिज जो आश्रमों आदि के बाहर रहते हुए सहायता पा रहे है (इस मे नकद सहायता पाने वाले 1,100 लोग भी है) . . . . . . | 4,250 |
| (3) | ऐसी विधवाएं जिन के अपने नाम पर दावे है . . | 13,600 |
| (4) | जो लोग कुछ सरकारी और निर्मित नगरों या उपनिवेशो मे रहते है | 18,100 |
| (5) | पजाब के मिट्टी के मकान वाले उपनिवेशों मे रहने वाले . | 5,450 |

क्षतिपूर्ति तथा पुनर्वास अनुदान की दरे इस सिद्धान्त पर तैयार की गयी कि दावेदार जितना ही छोटा हो उसे उतनी ही अधिक सहायता दी जाये। किसी भी दावेदार को अधिक से अधिक 8,000 रुपये की रकम देनी निश्चित हुई। स्वीकृत दावे का 16 से 20 प्रतिशत क्षतिपूर्ति के रूप में दिया जाता है। और बाकी रकम पुनर्वास अनुदान के रूप मे दावेदार की आवश्यकता को देखते हुए दी जा रही है। आश्रमों तथा अपाहिज घरों मे रहने वाले दावेदारों के लिये उदार दरे मंजूर की गयी है।

सच तो यह है कि अन्तरिम क्षतिपूर्ति को धीरे धीरे और विस्तृत किया जायेगा, जिस से कि अधिक से अधिक दावेदारों को लाभ पहुंचे। भूमि के कुछ मालिको तथा दूसरे दावेदारों से क्षतिपूर्ति के सम्बन्ध मे प्रार्थना-पत्र मागे जा चुके हैं।

व्यय

1947 से 1952-53 के अन्त तक पुनर्वास मन्त्रालय ने पश्चिमी तथा पूर्वी पाकिस्तान के विस्थापितों पर कुल मिला कर 175 करोड 74 लाख रुपये खर्च किये थे। इस का ब्यौरा यो है :—

तालिका 179

(करोड रुपयो मे)

| व्यय की मद | पश्चिमी-पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो पर | पूर्वी-पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों पर | योग |
|---|---|---|---|
| अनुदान . | 56.59 | 21.17 | 77.76 |
| ऋण . | 19.90 | 13 79 | 33 6 |
| आवास प्रबन्ध . . | 46 44 | 11.70 | 58.14 |
| प्रस्थापना . . | 0.86 | 0.06 | 0.92 |
| विधि . . . | 0.01 | — | 0.01 |
| योग . . | 123.80 | 46.72 | 170.52 |
| पुनर्वास वित्त प्रशासन द्वारा दिये गये ऋण . . | | | 5.22(क) |

1953-54 के लिए व्यवस्था इस प्रकार है :

| | (करोड़ रुपयों में) |
|---|---|
| पश्चिम पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्ति . . . | 16.76 |
| पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्ति . . . | 12.69 |
| पुनर्वास-वित्त-प्रशासन . . . . . | 2.50 |
| योग . | 31.95 |

आंकड़े : एक दृष्टि म

**देशान्तरगमन**

1. 1951 की अखिल-भारत जनगणना के अनुसार पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों की सख्या . . 74.80 लाख
   - (i) पश्चिमी पाकिस्तान से . . 49.05 लाख
   - (ii) पूर्वी पाकिस्तान से . . 25.75 लाख

(क) पूर्वी तथा पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो के लिए।

**ग्रामीण क्षेत्र मे फिर से बसाने का कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| 1. पश्चिमो पाकिस्तान से आये उन विस्थापित परिवारों की सख्या जिन्हे कृषि-योग्य भूमि पर बसाया गया . . . . . | | 5.64 लाख |
| (i) लगभग स्थायी नियतन . . | 4.75 लाख | |
| (ii) जो असामी के रूप मे बसाये गये . | 0.33 लाख | |
| (iii) अस्थायी नियतन . . . | 0.56 लाख | |
| 2. पूर्वी पाकिस्तान से आये उन विस्थापित परिवारो की संख्या जिन्हे कृषि-योग्य भूमि, चाय बगानो, और सहायक धधो मे लगाया गया . . | | 2.3 लाख |
| 3. ग्रामीण क्षेत्रो मे बसे विस्थापित परिवारो को दिया गया ऋण . . . . | | 16.94 करोड़ रुपये |
| (i) पश्चिमा पाकिस्तान से आये परिवारो को . . . . | 9.11 करोड़ रुपये | |
| (ii) पूर्वी पाकिस्तान से आये परिवारों को | 7.83 करोड रुपये | |

**आवास प्रबन्ध**

| | | |
|---|---|---|
| 1. पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो के लिये उपलब्ध को गयी निवास ईकाइयो की सख्या | | |
| (i) निष्क्रात व्यक्तियो के मकान . | | 1.79 लाख |
| (ii) सरकार द्वारा नव-निर्मित . . | | 1.39 लाख |
| (iii) सरकार द्वारा आशिक सहायता प्राप्त लोगो द्वारा निजी रूप से नव-निर्मित | | 0.42 लाख |
| 2. पश्चिमी पाकिस्तान से आये उन नागरिक विस्थापित व्यक्तियो को सख्या जिन के लिए आवास-व्यवस्था कर दी गयी है . . . | | 23.80 लाख |
| (i) निष्क्रात व्यक्तियो के मकानो मे . | 14.70 लाख | |
| (ii) नव-निर्मित मकानो मे अथवा उन मकानो म जो बन रहे है . . | 9.10 लाख | |

**रोजगार**

| | | |
|---|---|---|
| विस्थापित व्यक्ति जिन्हे काम-दिलाऊ केन्द्रों के द्वारा रोज़गार मिला . . . | | 2.07 लाख |
| (i) पश्चिमी पाकिस्तान से आये हुए . | 1.71 लाख | |
| (ii) पूर्वी पाकिस्तान से आये हुए . | 0.36 लाख | |

**औद्योगिक और व्यावसायिक प्रशिक्षण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 पश्चिमी पाकिस्तान से आये उन विस्थापित व्यक्तियो की सख्या जिन्हे | | |
| (i) प्रशिक्षण दिया जा चुका है . . | | 0.62 लाख |
| (ii) प्रशिक्षण दिया जा रहा है . . | | 0.10 लाख |
| 2. पूर्वी पाकिस्तान से आये उन विस्थापित व्यक्तियो की सख्या जिन्हे | | |
| (i) प्रशिक्षण दिया जा चुका है . . | | 0.10 लाख |
| (ii) प्रशिक्षण दिया जा रहा है . . | | 0.04 लाख |

**व्यापारिक और औद्योगिक गृह**

| | | |
|---|---|---|
| पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो को दी गयी इकाइयो की कुल सख्या . | | 0.60 लाख |
| (i) निष्क्रान्त व्यक्तियो की दुकाने और औद्योगिक गृह . . . . . | 0.29 लाख | |
| (ii) नई दुकाने . . . . . | 0.31 लाख | |

**ऋण**

| | | |
|---|---|---|
| (क) अल्प ऋण . . . . . | | 16.75 करोड रु० |
| (i) पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो को . . . . . | 10.79 करोड रु० | |
| (ii) पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों को . . . . . | 5.96 करोड रु० | |
| (ख) पुनर्वास-वित्त-प्रशासन द्वारा दिया गया ऋण | | |
| (i) उन विस्थापित व्यक्तियो की सख्या जिनके लिए ऋण स्वीकृत हुआ . | | 13,081 |
| पूर्वी पाकिस्तान से आये . . | 3,816 | |
| पश्चिमी पाकिस्तान से आये . | 9,265 | |
| (ii) स्वीकृत राशि . . . . . | | 1,037·23 लाख रु० |
| पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों के लिए . . . . | 286·93 लाख रु० | |
| पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो के लिए . | 750·30 लाख रु० | |
| (iii) प्रदत्त राशि . . . . . | | 623.03 लाख रु० |
| पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो को . . . . | 160·21 लाख रु० | |
| पश्चिम पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों को . | 462·82 लाख | |

**सहायता**

1. उन विस्थापित व्यक्तियों की संख्या जिन्हे सरकार द्वारा सहायता दी जा रही है . . . 1·64 लाख
   - (i) अस्थायी दायित्व (पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्ति) . . 0·87 लाख
   - (ii) स्थायी और अर्ध-स्थायी दायित्व . 0·77 लाख
2. निर्वाह भत्ता
   - (i) प्रदत्त मासिक भत्ता . . 3·50 लाख रु०
   - (ii) पाने वालों की सख्या . . 0·14 लाख

**व्यय**

विस्थापित व्यक्तियों पर व्यय की कुल राशि
- (i) 1947-48 से 1952-53 तक[1]. 175·74 करोड रु०
- (ii) 1953-54 के लिए की गयी व्यवस्था 31·95 करोड़ रु०

## तालिका 180

### 1951 में विस्थापित व्यक्तियों का राज्यवार आवंटन

(हजारों में)

| राज्य | कुल जन-संख्या (क) | विस्थापित जन-सख्या (ख) |
|---|---|---|
| **'क' भाग के राज्य** | | |
| 1. आसाम . . | 9,044 | 277 |
| 2. बिहार . . | 40,226 | 79 |
| 3. बम्बई . . | 35,956 | 341 |
| 4. मध्य प्रदेश . . | 21,248 | 121 |
| 5. मद्रास . . | 57,016 | 10 |
| 6. उडीसा . . | 14,646 | 21 |
| 7. पजाब . . | 12,641 | 2,468 |
| 8. उत्तर प्रदेश . . | 63,216 | 476 |
| 9. पश्चिमी बगाल . . | 24,810 | 2,118 |
| योग . | 2,78,803 | 5,911 |
| **'ख' भाग के राज्य** | | |
| 10. हैदराबाद . | 18,655 | 4 |
| 11. जम्मू और काश्मीर | जनगणना नही हुई | --- |
| 12 मध्य-भारत | 7,954 | 68 |
| 13 मैसूर | 9,075 | 8 |
| 14 पेप्सू . . | 3,494 | 380 |
| 15 राजस्थान | 15,291 | 313 |
| 16 सौराष्ट्र | 4,137 | 61 |
| 17 तिरूवाकुर-कोचीन . | 9,280 | --- |
| योग | 67,886 | 834 |

(क) अंतिम योग। (ख) अस्थायी योग।

| राज्य | कुल जनसंख्या (क) | विस्थापित जन-संख्या (ख) |
|---|---|---|
| **'ग' भाग के राज्य** | | |
| 18. अजमेर . . | 683 | 72 |
| 19. भोपाल . . | 836 | 18 |
| 20 बिलासपुर . | 126 | --- |
| 21 कुर्ग . . | 229 | --- |
| 22 दिल्ली . . | 1,744 | 510 |
| 23 हिमाचल प्रदेश . . | 983 | 5 |
| 24 कच्छ . . . | 568 | 12 |
| 25 मणिपुर . . | 578 | 1 |
| 26 त्रिपुरा . . | 639 | 100 |
| 27 विन्ध्य-प्रदेश . . | 3,575 | 15 |
| योग . | 9,971 | 733 |
| 28 अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह . . . | 31 | 2 |
| 29 सिक्किम . | 138 | ... |
| योग . | 169 | 2 |
| सर्व योग (ग) | 3,56,289 | 7,480 (घ) |

## तालिका 181

**पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित परिवार जिन्हें कृषि-योग्य भूमि पर बसाया गया (जून 1953) (च)**

| राज्य | बसाये गये परिवारो की संख्या | आवंटित भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ो मे) |
|---|---|---|
| पेप्सू | 61,451 | 3,67,197 (ङ) |
| पंजाब | 4,13,156 | 20,12,429 (ङ) |
| योग . | 4,74,607 | 23,79,626 (ङ) |
| **अस्थायी आवंटन** | | |
| अजमेर | 235 | 1,981 |
| भोपाल | 827 | 10,840 |
| बम्बई . . | 1,198 | 12,492 |

(क) अन्तिम योग। (ख) अस्थायी योग।

(ग) जम्मू और काश्मीर के तथा आसाम के भाग 'ख' के जन-जातीय क्षेत्रो के आकड़े वहा जन-गणना-कार्य न होने के कारण नही दिये जा सके है।

(घ) प्रस्तुत अस्थायी योगों के अन्तर्गत (जिन का सम्बन्ध 1 मार्च 1951 से है) भारत आने के पश्चात उत्तर प्रदेश, मध्य-प्रदेश, आसाम, उडीसा, मद्रास, विन्ध्य प्रदेश, पश्चिमी बगाल के कुछ भागो और बिहार मे विस्थापित व्यक्तियो के पैदा हुए शिशु भी सम्मिलित है। अन्य स्थानो मे पैदा हुए इस प्रकार के शिशु इन योगो के अन्तर्गत सम्मिलित नही है।

(ङ) 'प्रमापीकृत' (स्टैंडर्ड) एकड़।

(च) जहां जून 1953 के आकड़े अप्राप्य है वहा ताजे से ताजे आकडे ले लिये गये है।

| राज्य | बसाये गये परिवारों की संख्या | आवंटित भूमि का क्षेत्रफल (एकड़ों में) |
|---|---|---|
| **अस्थायी आवंटन—जारी** | | |
| दिल्ली . | 1,177 | 12.690 |
| हिमाचल प्रदेश | 27 | 2,361 |
| कच्छ . | 326 | 2,400 |
| मध्य भारत . | 420 | 7.033 |
| मध्य प्रदेश . | 134 | 3.775 |
| मनीपुर | 1 | [illegible] |
| राजस्थान . . | 44,158 | 6,28.800 |
| राजपुरा (पेप्सू) . | 1,017 | 9,530 |
| सौराष्ट्र . . | 615 | 0,320 |
| उत्तर-प्रदेश . | 5,382 | 59 787 |
| विन्ध्य प्रदेश . | 306 | 4,201 |
| योग . | 55,823 | 7.65.215 |

## तालिका 182

**पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों के लिए सरकारी भवन-निर्माण योजनाओं की प्रगति**

( 30 जून 1953)

| राज्य | 1952–53 के अन्त तक के लिए स्वीकृत भवन-निर्माण कार्यक्रम | | |
|---|---|---|---|
| | बनाये जा चुके मकानों/वास-स्थानों की संख्या | उन मकानों/वास-स्थानों की संख्या जो बन रहे हैं या जिनका निर्माण विचाराधीन है। | योग |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| अजमेर . . | 776 | ... | 776 |
| भोपाल . . | 326 | 580 | 906 |
| बिहार . . . | 262 | 288 | 550 |
| बम्बई . . | 18,603 | 8,634 | 27.237 |
| दिल्ली | 31,381 | 6,819 | 38.200 |
| कच्छ | 3,320 | 400 | 3,720 |
| मध्य-भारत . | 1,403 | 70 | 1.473 |
| मध्य-प्रदेश . . | 2,313 | 4,000 | 6,313 |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| मद्रास . | 108 | ... | 108 |
| मैसूर . . | 56 | . | 56 |
| पेप्सू . | 4,215 | ... | 4,215 |
| पंजाब . | 32,349 | 529 | 32,878 |
| राजस्थान . | 1,435 | 500 | 1·935 |
| सौराष्ट्र | 1,501 | 725 | 2,226 |
| उत्तर-प्रदेश (क) | 14,604 | 2,801 | 17·405 |
| विन्ध्य- प्रदेश | . | 780 | 780 |
| योग . | 1,12,652 | 26,126 | 1,38,778 |

तालिका 183

**काम दिलाऊ केन्द्रों द्वारा पंजीकृत और रोजगार में लगाये गये विस्थापित व्यक्ति**

**(30 जून 1953)**

| राज्य | वे विस्थापित व्यक्तियों जिन्हें | |
|---|---|---|
| | पंजीकृत किया गया है | रोजगार दिलवाया गया है |
| आसाम | 17,370 | 2,499 |
| बिहार | 10,982 | 1,698 |
| बम्बई | 59,196 | 11,650 |
| दिल्ली अजमेर और राजस्थान | 1,52,890 | 20,315 |
| हैदराबाद | 143 | 42 |
| मध्य प्रदेश | 11,547 | 1,861 |
| मद्रास | 832 | 149 |
| उड़ीसा | 1,043 | 165 |
| पंजाब | 3,82,098 | 1,20,762 |
| उत्तर प्रदेश | 81,564 | 16,530 |
| पश्चिमी [illegible] . | 2,39,110 | 31,536 |
| योग | 9,56,775 | 2,07,207 |

दृष्टव्य : इस ब्यौरे के अन्तर्गत दो निर्माण-कार्य नहीं लिये गये हैं जो स्वयं विस्थापित व्यक्तियों द्वारा अथवा सरकारी सहायता से उन की सहकारी समितियों द्वारा उठाये गये । ऐसे कार्यों की संख्या लगभग 42,000 है ।

जहां जून की रिपोर्ट प्राप्य नहीं थीं वहां ताजे से ताजे आंकड़े ले लिये गये हैं ।

(क) अस्थायी ।

## तालिका 184

**श्रम मंत्रालय के अधीन संचालित प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति**

(30 जून 1953)

| राज्य | उन विस्थापित व्यक्तियों की सख्या जो प्रशिक्षण पा चुके है | | | | उन विस्थापित व्यक्तियो की सख्या जो प्रशिक्षण पा रहे है | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | टेकनिकल | व्याव-सायिक | शिक्षार्थी | योग | टेकनिकल | व्याव-सायिक | शिक्षार्थी | योग |
| आसाम . | 36 | 32 | — | 68 | 89 | 31 | — | 120 |
| बिहार . | 156 | 16 | — | 172 | 58 | — | — | 58 |
| बम्बई . | 423 | 93 | 26 | 542 | 42 | 11 | — | 53 |
| दिल्ली } | 1,210 | 612 | 176 | 1,998 | 123 | — | — | 123 |
| अजमेर } | | | | | 13 | — | — | 13 |
| राजस्थान } | | | | | 9 | — | — | 9 |
| मध्यप्रदेश . | 121 | 100 | — | 221 | 60 | — | — | 60 |
| उड़ीसा . | 46 | — | — | 46 | 76 | — | — | 76 |
| पजाब . | 2,473 | 416 | 1,415 | 4,304 | 153 | — | — | 153 |
| उत्तर प्रदेश . | 2,526 | 553 | 947 | 4,026 | 471 | — | 289 | 760 |
| पश्चिम बगाल | 1,911 | 386 | 1,451 | 3,748 | 803 | 156 | 247 | 1,206 |
| योग | 8,902 | 2,208 | 4,015 | (क) 15,125 | 1,897 | 198 | 536 | 2,631 |

## तालिका 185

**पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों के लिए बनायी गयीं प्रशिक्षण योजनाओं की प्रगति**

(30 जून 1953)

| राज्य/उप-नगर | उन विस्थापित व्यक्तियों की सख्या जिन्हे प्रशिक्षण | |
|---|---|---|
| | दिया जा चुका है | दिया जा रहा है |
| 1 | 2 | 3 |
| अजमेर . | 394 | 146 |
| भोपाल . . | 1,294 | 143 |
| बम्बई . . . | 6,031 (ख) | 801 |

(क) इसके अतिरिक्त 285 और व्यक्तियों को भी हाल ही मे प्रशिक्षण दिया गया है। इन व्यक्तियों के राज्य-वार आवटन के विषय मे सूचना प्राप्त नही है।

(ख) ताजी सूचनाओ के आधार पर सख्याओ मे सशोधन किया गया है।

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| दिल्ली . . . | 10,426 (क) | 1,419 |
| मध्य भारत . . | 2,200 | 146 |
| पेप्सू . . . | 1,261 | 181 |
| पंजाब . . . | 15,101 (क) | 3,163 |
| राजस्थान . . | 256 | 744 |
| सौराष्ट्र . . | 592 | 267 |
| उत्तर प्रदेश . . | 7,759 | 1,458 |
| फरीदाबाद उप-नगर . . | — | 39 |
| नीलोखरी उप-नगर . . | 3,010 | 191 |
| राजपुरा उप-नगर . . | 717 | 310 |
| योल शिविर में बसे काश्मीरी विस्थापित व्यक्ति . . | 1,443 | — |
| योग . | 50,484 | 9,008 |

## तालिका 186

**पुनर्वास वित्त प्रशासन द्वारा दिया गया ऋण**

(30 जून 1953)

| प्रांत/राज्य जो प्रार्थी का मूल निवास-स्थान था | प्राप्त आवेदनपत्रों की कुल सख्या | उन आवेदन-पत्रों की सख्या जिनका निबटारा कर दिया गया | स्वीकृत आवेदन-पत्र | स्वीकृत राशि (लाख रुपयों में) | प्रदत्त राशि (लाख रुपयों में) |
|---|---|---|---|---|---|
| बहावलपुर राज्य . | 959 | 750 | 246 | 19·72 | 9·16 |
| बलोचिस्तान . | 898 | 787 | 212 | 16·80 | 9·79 |
| पूर्वी पाकिस्तान . | 18,819 | 12,887 | 3,816 | 286·93 | 160·21 |
| उत्तर-पश्चिमी सीमा प्रान्त . . | 4,261 | 2,882 | 774 | 58·96 | 36·01 |
| सिंध और खैरपुर राज्य | 19,572 | 15,574 | 3,893 | 281·92 | 152·91 |
| पश्चिमी पंजाब . | 19,490 | 15,530 | 4,140 | 372·90 | 254·95 |
| अन्य . . | 1,696 | 358 | — | — | — |
| योग . | 65,695 | 48,768 | 13,081 | 1,037·23 | 623·03 |

(फुटनोट देखिए पृष्ठ 402 पर)

द्रष्टव्य :

इस ब्यौरे के अन्तर्गत डी० जी० आर० ई० के अधीन सचालित योजनाओ के अतिरिक्त सभी योजनाए ली गयी है। इन योजनाओ को या तो सरकार सीधे स्वय चलाती है या ऐसी सम्मानित गैर-सरकारी सस्थाओ द्वारा चलवाती है जिन्हे सरकारी आर्थिक सहायता प्राप्त है।

जहा जून 1953 की रिपोर्ट नही मिली वहा ताजी से ताजी प्राप्य सूचना को आधार बनाया गया।

**(क) ताजी सूचनाओं के आधार पर संख्याओं में संशोधन किया गया है।**

## तालिका 187

### पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों पर किया गया कुल व्यय (1947–48 से 1952–53 तक) (क)

(लाख रुपयों में)

| | पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियों पर | पूर्वी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो पर | योग |
|---|---|---|---|
| **1. अनुदान** | | | |
| (i) सहायता (जिसमें कर्मचारी-मंडल पर व्यय, निष्क्रांति व्यय, आदि सम्मिलित हैं) . | 4640·22 | 1546·66 | 6186·88 |
| (ii) पुनर्वास . | 1018·48 | 570·81 | 1589·29 |
| योग . | 5658·70 | 2117·47 | 7776·17 |
| **२. ऋण** | | | |
| (i) शहरी . | 1078.67 | 595·93 | 1674.60 |
| (ii) ग्रामीण . | 911.17(ख) | 782.92(ख) | 1694.09 |
| (iii) पुनर्वास-वित्त-प्रशासन | — | — | 521.90 |
| योग . | 1989.84 | 1378.85 | 3890.59 |
| **३. आवास-प्रबन्ध** | | | |
| (i) ऋण . . | 3126.58 | 1170.55 | 4297.13 |
| (ii) असैनिक कार्यों पर लगाई गई पूंजी . | 1462.34 | — | 1462.34 |
| (iii) शेयर-क्रय . | 55·00 | — | 55·00 |
| योग . | 4643.92 | 1170.55 | 5814.47 |
| **४. परिस्थापना** | | | |
| पुनर्वास मंत्रालय का सचिवालय . . | 86.40 | 6.14 | 92.54 |
| **५. पाकिस्तान से आगमन-बढ़ाव** नियंत्रण विधि की व्यवस्थाओं को तोड़ने वाले व्यक्तियों की शारीरिक निष्क्रान्ति . . | 0.51 | — | 0.51 |
| **कुल योग** . | 12379·37(ग) | 4673·01(ग) | 17574 28 |

| | |
|---|---|
| 1. खोले गये ऋण खातों की कुल सख्या | 8,070 |
| 2. 30–6–1953 तक जो किश्तें देनी बकाया थीं | 94·80 लाख रु० |
| 3. 30–6–1953 तक जो किश्तें मिल चुकी थीं | 45·87 लाख रु० |

(क) 1951–52 और 1952–53 के आंकड़ो का अन्तिम अनुदान राशि से सम्बन्ध है ।

(ख) पूर्वी तथा पश्चिमी पाकिस्तान से आये विस्थापित व्यक्तियो के लिए ।

(ग) पुनर्वास-वित्त-प्रशासन द्वारा दिये गये ऋणों के अतिरिक्त ।

## चौबीसवां अध्याय

# अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां और पिछड़े हुए वर्ग

पिछड़े हुए वर्गों मे जो दो मुख्य समूह आते हैं उनमे अनुसूचित जातिया और अनुसूचित जनजातिया हैं। 1951 की जनगणना के अनुसार अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 5 करोड़ 14 लाख है और वह विभिन्न उपवर्गों मे बटे हुए हैं। अनुसूचित जनजातियों के लोगो की सख्या 1 करोड़ 91 लाख है। पिछड़े हुए वर्गों की कुल आबादी 3 करोड़ 56 लाख 60 हजार है जिनमे 2 करोड़ 94 लाख 80 हजार गावो मे तथा 61 लाख 80 हजार शहरी इलाको मे बसते है। सविधान मे इन जातियों के कल्याण के लिए तथा किसी भी रूप मे उनके साथ भेदभाव का बर्ताव करने के विरुद्ध बड़ा ही सरक्षण है।

## सविधान मे बचाव

सविधान के पद्रहवे अनुच्छेद के अनुसार धर्म नस्ल, जाति, लिंग तथा जन्म स्थान के आधार पर किसी भी व्यक्ति के साथ भेद रखना निषिद्ध है। इन कारणो से किसी भी नागरिक को रेस्टोरेंट, होटल, सार्वजनिक मनोरजनगृहो तथा उन स्थानो मे रोका नही जा सकता जिन पर राष्ट्रीय कोष से पूर्णत या अशत खर्च होता है या जो आम जनता के समर्पित है।

सत्रहवे अनुच्छेद के अनुसार छुआछूत समाप्त कर दी गयी और किसी भी रूप मे इसका पालन निषिद्ध है।

पचीसवे अनुच्छेद के अनुसार राज्यो को यह अधिकार दिया गया है कि वे हिन्दू मन्दिरो इत्यादि मे सब हिन्दुओ के प्रवेश के सम्बन्ध मे कानून बना सकते है या इसके सम्बन्ध मे जो कानून है, उनको जारी रख सकते है।

उन्तीसवे अनुच्छेद मे यह बता दिया गया है कि राष्ट्र के द्वारा चलाई जाने वाली सहायता प्राप्त किसी भी सस्था मे नागरिको को धर्म, नस्ल या जाति या भाषा के आधार पर रोका नही जा सकता।

राष्ट्र की नीति के नियामक सिद्धातो मे दो बाते जो विशेष रूप से उल्लेखनीय है, उनमे से एक तो यह है कि राज्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के द्वारा जनता का कल्याण करे। दूसरा नियम यह है कि राज्य जनता के कमजोर वर्गों के लोगो, विशेष कर अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगो की शिक्षा सम्बन्धी तथा आर्थिक सुविधाओं की रक्षा करे और हर हालत मे सामाजिक अन्याय तथा सभी तरह के शोषण से उनकी रक्षा करे।

सविधान के 338वे अनुच्छेद के अनुसार राष्ट्रपति ने 18 नवम्बर 1950 को अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियो के लिए एक आयुक्त नियुक्त किया। इस अनुच्छेद की धारा द, के अनुसार आयोग के कार्य यह है कि सविधान मे बनाए गये सब बचावो की जाच करे तथा उनके अनुसार होने वाली कार्रवाइयों की उतने उतने अरसे मे रिपोर्ट दे जैसा कि राष्ट्रपति आदेश दे।

तालिका 190 में अनुसूचित जातियों के कल्याण के लिए राज्यों के विधान मंडलों में कौन सी विधियां पारित हुई, यह दिखाया गया है। जहां तक 'ख' भाग के राज्यों का सम्बन्ध है, सूचनाएं अभी सम्पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हैं। हैदराबाद, मध्य भारत, मैसूर, सौराष्ट्र और त्रिवांकुर-कोचीन में इस प्रकार के कानून बनाए गए हैं। जो विधियां 'क' भाग के राज्यों में लागू हैं, केन्द्रीय सरकार ने उन्हें 'ख' भाग के राज्यों पर भी लागू कर दिया है।

**सेवाओं में संरक्षण**

संविधान के अनुच्छेद 335 में यह कहा गया है कि प्रशासन की कार्य कुशलता को ध्यान में रखते हुए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों को केन्द्र तथा राज्यों की सेवाओं में स्थान दिया जाए। केन्द्र तथा राज्य सरकारें इस सम्बन्ध में किस प्रकार कार्य करेंगी यह अनुच्छेद 16 (4) में साफ कर दिया गया है। इस अनुच्छेद में यह कहा गया है कि चाहे कुछ भी हो, राज्यों को किसी भी पिछड़े हुए वर्ग के लोगों के लिए नौकरियों में नियुक्ति के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार का संरक्षण कायम करने का अधिकार होगा बशर्ते कि राज्य की राय में उस वर्ग को राज्य सरकार की सेवाओं में उपयुक्त प्रतिनिधित्व प्राप्त नहीं है।

1934 में ही भारत सरकार ने यह आज्ञा दी थी कि इन वर्गों के योग्य व्यक्तियों को केवल इस कारण नौकरियों से वंचित न किया जाये कि वे खुली प्रतियोगिता में सफल नहीं हो सकते। उस समय यह जरूरी नहीं समझा गया कि इन वर्गों के लिए नौकरियों का कुछ निर्दिष्ट प्रतिशत रिजर्व रखा जाये, पर 1942 में यह पता लगा कि उन्हें उस नियम से कोई फायदा नहीं पहुंचा। भारत सरकार का यह मत था कि योग्य उम्मीदवार प्राप्त न होने के कारण ऐसा हो रहा है। फिर यह उचित समझा गया कि उनके लिए कुछ नौकरियां सुरक्षित कर दी जायें, तब लोग आवश्यक योग्यता प्राप्त करने की ओर झुकेंगे। यह समझा गया कि उम्र सम्बन्धी नियमों को ढीला करने तथा परीक्षाओं की फीस घटाने से उपयुक्त वातावरण उत्पन्न होगा। तदनुसार अगस्त 1943 में $8\frac{1}{3}$ प्रतिशत रिक्त स्थान उनके लिए सुरक्षित कर दिए गए, पर यह केवल सीधी भरती के मामलों में ही लागू थी। जून 1946 में संरक्षण का प्रतिशत बढ़ा कर $12\frac{1}{2}$ कर दिया गया अर्थात यह प्रतिशत देश की जनसंख्या में अनुसूचित जातियों के प्रतिशत के बराबर कर दिया गया। स्वतन्त्रता प्राप्ति के बाद यह तय हुआ कि प्रतियोगिता के आधार पर रिक्त स्थानों में उसमें $12\frac{1}{2}$ प्रतिशत अनुसूचित जातियों के लिए सुरक्षित रहे। बाकी सब नौकरियों के लिए सुरक्षित भाग $16\frac{2}{3}$ प्रतिशत कर दिया गया।

इसीके साथ साथ सारे देश में नियुक्तकारी अधिकारियों विशेष कर आसाम, बिहार, मध्य प्रदेश और उड़ीसा के अधिकारियों को यह आज्ञा दी गई कि वे अनुसूचित जातियों के योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की बात याद रखें। जुलाई 1949 में उम्र तथा फीस के सम्बन्ध में अब तक जो रियायतें, अनुसूचित जातियों को दी जाती हैं वे अब अनुसूचित जनजातियों को भी दी जाने लगीं।

## संसद् तथा विधान मंडलों में प्रतिनिधित्व

संविधान के लागू होने के दिन से लेकर दस वर्षों के लिए अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लोगों को संसद् और राज्यों के विधान मंडलों में विशेष प्रतिनिधित्व दिया गया है। संविधान के 330, 332 और 334 अनुच्छेद में यह आदेश है। इस सम्बन्ध में परिस्थिति क्या है यह तालिका 191 और 192 में देखी जा सकती है।

**ंत्रियों की नियुक्ति**

सविधान के 164 वें अनुच्छेद के प्रतिबन्ध 1 तथा 238 अनुच्छेद की छठी धारा के अनुसार ाध्य भारत, मध्य प्रदेश, बिहार और उडीसा के लिए यह जरूरी है कि वह अनुसूचित जनजातियो, ानुसूचित जातियों तथा पिछड़े हुए वर्गो के कल्याण पर देख रेख रखने के लिए मत्री नियुक्त रे। कुछ दूसरे राज्यों में भी इन लोगों के कल्याण के विभाग खोले हुए है। केन्द्रीय तथा राज्य ारकार मे जितने मत्री, उपमत्री तथा संसदीय सचिव हे उनमे स 31 अनुसूचित जातियो तथा पछड़े हुए वर्गों के ह।

## अनुसूचित तथा जनजातीय इलाके

यह तो पहिले ही बताया जा चुका है कि संविधान म पिछड़े हुए वर्गो के कल्याण ़े लिए विशेष रूप से वर्णन है। पिछड़े हुए इलाकों को सविधान के पचम अनुच्छेद े पैरा छः के अनुसार आसाम के अतिरिक्त 'क' तथा 'ख' भाग के राज्यो मे अनुसूचित इलाके था आसाम म जनजातीय इलाके करार दिए गए। जिन राज्यो मे अनुसूचित इलाके है, उनमे सविधान के पचम अनुच्छेद के पेरा चार के अनुसार एक जनजाति परामर्श परिषद् कायम करने की ात की गई है, जो राज्यपाल या राजप्रमुख को अनसूचित जातियो की उन्नति तथा कल्याण के म्बन्ध मे परामर्श देगी। यदि राष्ट्रपति आज्ञा दे तो ऐसे किसी भी राज्य मे इस प्रकार की परिषद् नेयुक्त हो सकती है, जिसमे अनुसूचित जनजातिया तो हे, पर अनसूचित इलाके नही हे। इस समय क बिहार, मध्य भारत,मध्य प्रदेश, मद्रास, उडीसा, पजाब और राजस्थान, बम्बई और हैदराबाद ं जनजाति परामर्श परिषद कायम हो चुकी है। राष्ट्रपति ने यह आज्ञा दी है कि पश्चिमी बगाल े भी इस प्रकार की एक परिषद् खोली जाये।

सविधान की पचम अनुसूची के तीसरे पेरा के अनुसार किसी ऐसे राज्य के र ... राजप्रमुख को जिसके किसी भाग को अनसूचित इलाका घोषित किया गया है प्रतिवर्ष इन इलाकों क प्रशासन के सम्बन्ध मे राष्ट्रपति को एक प्रतिवेदन देना पडेगा।

यह स्मरण रहे कि अनुसूचित जनजातियो के मामले अनुसूचित जातियो की तरह जटिल नही है, क्योंकि शोषित लोगो के विरुद्ध समाज मे जिस प्रकार की विरोधी धारणाए है, उनके विरुद्ध वैसी नही है। शताब्दियों से अनुसूचित जनजातिया घने जगलो और पहाडो मे रहती थी। इसलिए वह समाज से दूर रहती हे। उनको उन्नत करने के लिए प्रयत्न किए जा रहे है, और कुछ राज्यो ने उनकी उन्नति के लिए पचवर्षीय योजना बनाई है। इसके लिए उन्हे सविधान के 205वें अनुच्छेद के अनुसार केन्द्रीय सरकार मे यथेष्ट सहायता मिलती है। 1952 के जून मे अनुसूचित जनजातियो तथा अनुसूचित इलाको का एक सम्मेलन बुलाया गया था, और उसमे अनुसूचित जनजातियो की उन्नति तथा अनुसूचित इलाको के विकास के लिए एक योजना बनाई गई थी।

**शिक्षा तथा अन्य कल्याण योजनाएं**

सविधान के अनुच्छेद 46 के अनुसार जनता के कमजोर हिस्से विशेष कर अनुसूचित जातियां तथा अनुसूचित जनजाति की शिक्षा सम्बन्धी और आर्थिक हितो को विशेष रूप से उन्नयन और उन्हे सब तरह के शोषण के साथ सामाजिक अन्याय से बचाने की बात की गई है। केन्द्रीय तथा राज्य सरकारो ने इस सम्बन्ध मे बहुत कुछ कार्य किया है।

1951-52 में जहा अनुसूचित जातियो तथा अन्य पिछड़े हुए वर्गों के कल्याण कार्य के लिए 2 करोड़ 75 लाख रुपये खर्च हुए थे वहां 1952-53 में यह खर्च 3 करोड़ 50 लाख रुपये था, और 1953-54 में यह खर्च 5 करोड 20 लाख रुपये कर दिया गया।

भारत सरकार मैट्रिकोत्तर छात्रो के लिए छात्रवृत्तिया देती है। तालिका 188 में इसका लेखा प्रस्तुत किया गया है।

तालिका 188

(रुपयो में)

| व्यय | 1951-52 | | 1952-53 |
|---|---|---|---|
| | स्वीकृत | वास्तविक | स्वीकृत |
| अनुसूचित जातियां . | 8,25,000 | 8,17,976 | 14,50,000 |
| अनुसूचित जनजातियां . | 3,00,000 | 2,81,780 | 5,00,000 |
| अन्य पिछड़ी जातियां . | 3,75,000 | 4,41,186 | 10,50,000 |
| योग . | 15,00,000 | 15,40,942 | 30,00,000 |

दिसम्बर 1952 के अन्त तक अनुसूचित जातियो को 3,065, अनुसूचित जनजातियो को 1,094 तथा दूसरे पिछडे हुए वर्गो को 1,734 छात्रवृत्तिया दी गई याने कुल मिला कर 5,893 छात्रवृत्तिया दी गई। पूर्व वर्षो की तुलना मे इन जातियो के लोगो ने चिकित्सा, इजीनियरिग, कृषि इत्यादि की शिक्षा प्राप्त की। यह देखा गया था कि बहुत से छात्र गरीबी के कारण मैट्रिक या इटर के बाद पढ़ना छोड देते है। कुछ राज्यो मे इन छात्रो को शिक्षा के सब सोपानो मे फीस से मुक्त कर दिया गया है, पर कुछ राज्यो मे उन्हे ये रियायते केवल प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयो मे दी जाती है। भारत सरकार ने सब राज्यो से यह कहा है कि वे उन जातियो के छात्रों को सब सोपानो मे निःशुल्क शिक्षा देने पर विचार करें।

**विकास योजनाएं**

सविधान के 275वे अनुच्छेद के अनुसार केन्द्रीय सरकार राज्य सरकारो को इसलिए अनुदान देगी कि वे पिछडे हुए वर्गो के लाभ के लिए विकास योजनाओ को आगे बढावें। 1951-52 के 'क' तथा 'ख' भाग के राज्यों को इसके अनुसार 1 करोड़ 74 लाख 75 हजार रुपयें, 1952-53 मे 1 करोड 80 लाख रु० का अनुदान दिया गया। 1952-53 मे भारत सरकार ने 'ग' भाग के राज्यो को जनजातियों के कल्याण के लिए 24 लाख रुपया और दिया। इस सम्बन्ध मे भारत सरकार अनुसूचित जातियो तथा अनुसूचित जनजातियो के आयुक्त की सलाह से कार्य करती है।

**पंचवर्षीय योजना के लाभ**

अनुसूचित जातियों तथा पिछड़े हुए वर्गो के लिए पंचवर्षीय योजना में 4 करोड़ रु० की व्यवस्था है। जनजातियों के इलाकों की विकास योजनाओं को कार्यान्वित करने के लिए भारत सरकार ने जनजातीय संस्कृति के संरक्षण तथा विकास के महत्व पर भी विचार किया है।

पंचवर्षीय योजना के अनुसार 'क' भाग के राज्य 1,548 लाख रुपये, 'ख' भाग के राज्य 316·6 लाख रुपये तथा 'ग' भाग के राज्य 22·5 लाख रुपये खर्च करेंगे। यह किस प्रकार वितरित है नीचे देखा जा सकता है :

| | राशि (लाख रुपयों में) |
|---|---|
| **'क' भाग के राज्य** | |
| आसाम | 209·6 |
| बिहार | 160·0 |
| बम्बई | 213·6 |
| मध्य प्रदेश | 136·4 |
| मद्रास | 467·6 |
| पंजाब | 116·4 |
| उड़ीसा | ... |
| उत्तर प्रदेश | 236·2 |
| पश्चिमी बंगाल | 8·3 |
| | 1,548·1 |
| **'ख' भाग के राज्य** | |
| हैदराबाद | ... |
| मध्य भारत | 80·0 |
| मैसूर | 100·0 |
| पेप्सू | 10·0 |
| राजस्थान | 42·2 |
| सौराष्ट्र | 24·4 |
| तिरुवांकुर-कोचीन | 60·0 |
| | 316·6 |
| **'ग' भाग के राज्य** | |
| अजमेर | ... |
| भोपाल | 5·0 |
| बिलासपुर | ... |
| कुर्ग | ... |
| दिल्ली | ... |
| हिमाचल प्रदेश | ... |
| कच्छ | 2·5 |
| मणिपुर | ... |
| त्रिपुरा | ... |
| विन्ध्य प्रदेश | 15·0 |
| | 22·5 |
| सब राज्यों का सम्पूर्ण योग | 1,887·2 |

## तालिका 189

**अनुसूचित और अन्य पिछड़ी जातियों के लिए बनायी गयी कल्याण योजनाओं पर व्यय**

(रुपयों में)

| राज्य | अनुसूचित जातियां | | अन्य पिछड़ी जातियां | | योग | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1951-52 (वास्तविक) | 1952-53 (परिकल्पित) | 1951-52 (वास्तविक) | 1952-53 (परिकल्पित) | 1951-52 | 1952-53 |
| आसाम | 1,836 | 1,836 | 18,036 | 18,036 | 19,872 | 19,872 |
| बिहार | 15,87,020 | 15,34,092 | 6,22,026 | 6,65,991 | 22,09,087 | 37,44,083 |
| बम्बई | 22,66,826 | 24,71,088 | 24,95,763 | 35,35,970 | 47,62,589 | 60,07,058 |
| मध्य प्रदेश | 1,06,716 | 1,24,965 | — | — | 1,06,716 | 1,24,965 |
| मद्रास | 1,00,86,289 | 1,26,18,598 | 13,04,214 | 18,71,800 | 1,13,90,503 | 1,44,90,398 |
| पंजाब | 7,98,300 | 5,52,700 | — | — | 7,98,300 | 5,52,700 |
| उत्तर प्रदेश | 39,20,000 | 49,62,000 | 4,75,300 | 5,60,200 | 43,95,300 | 55,22,200 |
| पश्चिमी बंगाल | 7,51,508 | 7,00,000 | अप्राप्य | अप्राप्य | 7,51,508 | 7,00,000 |
| हैदराबाद | 42,637 | 1,91,264 | 32,665 | 80,281 | 75,302 | 2,71,545 |
| मध्य भारत | 2,12,371 | 5,47,249 | — | — | 2,12,371 | 5,47,249 |
| मैसूर | 18,14,607 | 19,03,000 | — | — | 18,14,607 | 19,03,000 |
| पेप्सू | 3,78,137 | 8,01,138 | — | — | 3,78,137 | 8,01,138 |
| राजस्थान | — | — | 29,517 | 11,000 | 29,517 | 11,000 |
| सौराष्ट्र | 80,000 | 3,92,000 | — | 1,10,000 | 80,000 | 7,02,000 |
| तिरुवांकुर-कोचीन | 6,35,000 | 9,12,600 | — | — | 6,35,000 | 9,12,600 |
| अजमेर | 25,080 | 25,080 | — | — | 25,080 | 25,080 |
| भोपाल | अप्राप्य | 10,000 | — | — | अप्राप्य | 10,000 |
| बिलासपुर | 600 | 600 | — | — | 600 | 600 |
| कुर्ग | 50,000 | 50,000 | — | — | 50,000 | 50,000 |
| दिल्ली | 58,414 | 1,53,200 | — | — | 58,414 | 1,53,200 |
| हिमाचल प्रदेश | — | 2,45,840 | — | — | अप्राप्य | 2,45,840 |
| कच्छ | 10,780 | 53,400 | — | — | 10,780 | 53,400 |

द्रष्टव्य : जहां अनुसूचित तथा अन्य पिछड़ी जातियों को अलग-अलग नहीं लिया जाता वहां प्रशासन के कार्यों के लिए दोनों को संग ले लिया गया है।

## पिछड़े हुए वर्ग

यद्यपि सविधान मे इस सम्बन्ध मे कुछ स्पष्ट नही कहा गया, फिर भी सामाजिक रूप से और शिक्षा मे पिछड़े हुए वर्गों के लोगों को पिछड़े वर्ग का माना जाता है। संविधान के 15वे अनुच्छेद के अनुसार राज्य को अनुसूचित जातियो तथा अनुसूचित जनजातियों के अतिरिक्त सामाजिक रूप से तथा शिक्षा मे पिछड़े हुए किसी भी वर्ग की उन्नति के लिए विशेष नियम बनाने के अधिकार है। कुछ राज्यो मे अनुसूचित जातियो तथा पिछड़े हुए वर्गो मे कोई फर्क नही किया जाता है। विभिन्न राज्यों के पिछड़े हुए वर्गों की कल्याण योजनाओ पर खर्च का लेखा तालिका 189 मे प्रस्तुत किया गया है।

### पिछड़े हुए वर्गो का आयोग

भारत सरकार ने श्री काका साहब कालेलकर के सभापतित्व मे एक पिछड़े हुए वर्गो का आयोग नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने 18 मार्च 1953 को इसका उद्घाटन किया। इसका काम तीन तरह का है: पहला तो यह है कि यह बताये कि कोई वर्ग या समूह पिछड़ा हुआ किस आधार पर माना जा सकता है। दूसरा कार्य है सारे भारत के लिए इस प्रकार के पिछड़े हुए वर्गो की एक सूची तैयार की जाये। तीसरा कार्य यह है कि वह पिछड़े हुए वर्गों की कठिनाइयों की जाच करे और उन्हे दूर करने के उपाय बताये।

आयोग जिस राज्य मे जाएगा, उस राज्य से कम से कम दो सदस्य ले सकेगा, जिसमे एक स्त्री हो सकती है। निर्देश्य शर्तो मे अनुसूचित जातियो, अनुसूचित जनजातियो तथा सामाजिक, आर्थिक रूप से और शिक्षा मे पिछड़े हुए कुछ अन्य समूह पर छानबीन करनी है। आयोग विभिन्न सरकारों तथा निजी सस्थाओं से प्राप्त तथ्यों पर अपना उपसहार अवलम्बित करेगा।

हिन्दुओं मे सामाजिक अनर्हताए दूर करने के लिए 31 दिसम्बर 1951 तक क्या किया गया, इसका लेखा इस प्रकार है:

तालिका 190

| राज्य<br>1 | स्वीकृत विधान<br>2 | क्या इस कानून के अतर्गत आने वाले अपराध कार्य-वाही किये जाने योग्य है<br>3 |
|---|---|---|
| 1. बिहार | बिहार हरिजन (नागरिक-अनर्हताओ का निवारण) कानून, 1949 और संशोधन कानून, 1951 | हा |
| 2. बम्बई | (1) बम्बई हरिजन (नागरिक अनर्हताओं का निवारण), 1947 | हा |
| | (2) बम्बई हरिजन मन्दिर प्रवेश कानून, 1947 | हां |
| 3. मध्य प्रदेश | (1) सी० पी० और बरार अनुसूचित जातियां (नागरिक अनर्हताओं का निवारण) कानून, 1947 | हां |
| | (2) सी० पी० और बरार मन्दिर प्रवेश स्वीकृतिकरण कानून, 1947 | हां |
| 4. मद्रास | (1) नागरिक अनर्हताओं का निवारण कानून, 1938 | हां |
| | (2) मद्रास मन्दिर प्रवेश स्वीकृतिकरण कानून, 1947 और सशोधन कानून, 1949 | हां |
| 5. उडीसा | (1) उडीसा (नागरिक अनर्हताओं का निवारण) कानून, 1946 | नही |
| | (2) उडीसा मन्दिर प्रवेश स्वीकृतिकरण कानून, 1948 | हां |

| 1 | 2 | 3 |
|---|---|---|
| 6. पंजाब . | पूर्वी पंजाब (धार्मिक और सामाजिक अनर्हताओं का निवारण) कानून, 1947 . | हा |
| 7. उत्तर प्रदेश | उ० प्र० (सामाजिक अनर्हताओं का निवारण) कानून, 1947 . . | नही |
| 8. पश्चिमी-बंगाल | पश्चिमी बंगाल हिन्दू (सामाजिक अनर्हताओं का निवारण) कानून, 1948 . | हा |
| 9. हैदराबाद . | (1) हैदराबाद हरिजन मन्दिर प्रवेश विनियम 1358 एफ० की स० 55 (1948-49) . | हां |
| | (2) हरिजन (सामाजिक अनर्हताओं का निवारण) विनियम 1358 एफ० की स० 56 (1948-49) | हा |
| 10. मध्य भारत | हरिजन अनर्हताओं का (निवारण) कानून, 1949 और संशोधन कानून, 1950 | हा |
| 11 मैसूर . | (1) नागरिक अनर्हताओं का निवारण कानून, 1943 | हा |
| | (2) 1948 और 1949 के संशोधन कानून . | हा |
| | (3) मैसूर मन्दिर-प्रवेश स्वीकृतिकरण कानून, 1948 और संशोधन, कानून, 1949 | हा |
| 12 सौराष्ट्र . | सामाजिक अनर्हताओं का निवारण अध्यादेश, 1948 | हा |
| 13 तिरुवाकुर-कोचीन | (1) तिरुवाकुर-कोचीन मन्दिर-प्रवेश (अनर्हता निवारण) कानून, 1950 . | हा |
| | (2) संयुक्त राज्य तिरुवाकुर-कोचीन (सामाजिक अनर्हता-निवारण) कानून, 1950 | हा |
| 14 अजमेर | उत्तर प्रदेश (सामाजिक अनर्हता निवारण) कानून, 1947, अजमेर राज्य पर भी लागू कर दिया गया | नही |
| 15 भोपाल | उत्तर प्रदेश (सामाजिक अनर्हता निवारण) कानून, 1947, ... 1951 में भोपाल राज्य पर भी लागू कर दिया गया | नही |
| 16 बिलासपुर. | उत्तर प्रदेश (सामाजिक अनर्हता निवारण) कानून, 1947, जून 1951 से बिलासपुर राज्य पर भी लागू कर दिया गया | नही |
| 17. कुर्ग . | (1) कुर्ग अनुसूचित जातिया (नागरिक और सामाजिक) अनर्हता-निवारण) कानून, 1949 . | हां |
| | (2) कुर्ग मन्दिर-प्रवेश स्वीकृतिकरण कानून, 1949 . | नही |
| 18 दिल्ली | बम्बई हरिजन (सामाजिक-अनर्हता-निवारण) कानून 1947 इस राज्य पर भी लागू कर दिया गया | हा |
| 19 हिमाचल-प्रदेश . | उत्तर प्रदेश (सामाजिक-अनर्हता-निवारण) कानून 1947, मई 1951 से इस राज्य पर भी लागू कर दिया गया . | नही |
| 20. कच्छ . | बम्बई हरिजन (सामाजिक-अनर्हता निवारण) कानून, 1947, मई 1951 से कच्छ राज्य पर भी लागू कर दिया गया . . . | हा |
| 21. त्रिपुरा . | पश्चिमी-बंगाल हिन्दू (सामाजिक-अनर्हता-निवारण) कानून, 1948, मई 1951 से त्रिपुरा राज्य पर भी लागू कर दिया गया . . . | हां |
| 22. विंध्य-प्रदेश | उत्तर प्रदेश (सामाजिक-अनर्हता-निवारण) कानून, 1947, विंध्यप्रदेश राज्य पर भी लागू कर दिया गया . | नही |

नीचे यह दिखलाया गया है कि 1953 की मई के परिसीमन आयोग के प्रस्ताव के अनुसार अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए कुल कितनी सीटों का प्रबंध ा। यह प्रस्ताव ताजी जनगणना के आधार पर किया गया है :

तालिका 191

| राज्य अथवा क्षेत्र का नाम | लोक सभा में स्थानों की कुल संख्याएं | अनुसूचित जातियों के लिए सरक्षित स्थानों की संख्या | अनुसूचित जन-जातियों के लिए सरक्षित स्थानों की संख्या |
|---|---|---|---|
| **'क' भाग के राज्य :** | | | |
| 1. आंध्र . . | 28 | 4 | 1 |
| 2. आसाम . . | 12 | 1 | 2<br>1 (क) |
| 3. बिहार . . | 55 | 7 | 6 |
| 4. बम्बई . . | 49 | 4 | 5 |
| 5. मध्य प्रदेश . | 29 | 4 | 3 |
| 6. मद्रास . . | 49 | 8 | नहीं |
| 7. उड़ीसा . . | 20 | 4 | 4 |
| 8. पंजाब . | 17 | 3 | नहीं |
| 9. उत्तर प्रदेश . | 86 | 16 | नहीं |
| 10 पश्चिमी बंगाल . | 34 | 6 | 2 |
| **'ख' भाग के राज्य :** | | | |
| 1. हैदराबाद . | 25 | 4 | नहीं |
| 2. जम्मू और काश्मीर . | 6 (ख) | नहीं | नहीं |
| 3. मध्य भारत | 11 | 2 | 1 |
| 4. मैसूर . . | 13 | 2 | नहीं |
| 5. पेप्सू . . | 5 | 1 | नहीं |
| 6. राजस्थान . | 21 | 2 | नहीं |
| 7. सौराष्ट्र . . | 6 | नहीं | नहीं |
| 8. तिरुवाकुर-कोचीन . | 13 | 1 | नहीं |
| **'ग' भाग के राज्य :** | | | |
| 1. अजमेर . . | 1 | नहीं | नहीं |
| 2. भोपाल . . | 2 | नहीं | नहीं |
| 3. बिलासपुर . | 1 | नहीं | नहीं |
| 4. कुर्ग . . | 1 | नहीं | नहीं |
| 5. दिल्ली . . | 3 | नहीं | नहीं |
| 6. हिमाचल प्रदेश . | 2 | नहीं | नहीं |
| 7. कच्छ . . | 2 | नहीं | नहीं |
| 8. मणिपुर . . | 2 | नहीं | 1 |
| 9. त्रिपुरा . . | 2 | नहीं | 1 |
| 10. विन्ध्य प्रदेश . | 5 | 1 | 1 |
| 11. अंडमान और निकोबार द्वीप-समूह . | 1 (ख) | नहीं | नहीं |
| 12. 'ख' भाग के जन-जातीय क्षेत्र . . | 1 (ख) | नहीं | नहीं |
| **योग** . | 502 | 71 | 28 |

(क) स्वसत्ता-प्राप्त जिलों में।

(ख) राष्ट्रपति द्वारा नामजद किये जायेंगे।

राज्य विधान मंडलों में अनुसूचित जातियों तथा अनुसूचित जनजातियों के लिए कितनी सीटें सुरक्षित हैं, इसका लेखा नीचे दिया गया है :

तालिका 192

| राज्य का नाम | व्यवस्थापिका सभा में स्थानों की संख्या | अनुसूचित जातियों के लिए सुरक्षित स्थानों की संख्या | अन्य पिछड़ी जातियों के लिए सुरक्षित स्थानों की संख्या |
|---|---|---|---|
| **भाग 'क' के राज्य** | | | |
| 1 आन्ध्र . . | 168 | 22 | 4 |
| 2 आसाम . . | 108 | 5 | { 9(क)<br>17(ख) |
| 3. बिहार | 330 | 41 | 33 |
| 4 बम्बई . | 294 | 25 | 27 |
| 5 मध्य प्रदेश . | 232 | 32 | 27 |
| 6 मद्रास . | 245 | 39 | 1 |
| 7 उड़ीसा | 140 | 25 | 28 |
| 8 पंजाब . | 119 | 22 | — |
| 9 उत्तर प्रदेश . | 430 | 78 | — |
| 10 पश्चिमी बंगाल . | 238 | 45 | 11 |
| **भाग 'ख' के राज्य** | | | |
| 1. हैदराबाद . | 175 | 26 | 3 |
| 2. मध्यभारत . | 99 | 16 | 13 |
| 3 मैसूर | 117 | 21 | — |
| 4. पेप्सू . | 60 | 12 | — |
| 5. राजस्थान | 168 | 18 | 3 |
| 6. सौराष्ट्र . | 60 | 2 | 1 |
| 7 तिरुवांकुर-कोचीन | 104 | 10 | — |
| **भाग 'ग' के राज्य** | | | |
| 1 अजमेर | 30 | 6 | — |
| 2 भोपाल | 30 | 5 | 2 |
| 3 कुर्ग | 24 | 3 | 3 |
| 4 दिल्ली . | 48 | 6 | — |
| 5 हिमाचल प्रदेश | 36 | 8 | — |
| 6 विन्ध्य प्रदेश . | 60 | 6 | 6 |
| **योग** | 3,315 | 473 | 188 |

(क) जन-जातीय क्षेत्रों के अतिरिक्त ।

(ख) स्वसत्ता-प्राप्त जिलों में ।

अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा दूसरे पिछड़े हुए वर्गों के छात्रों को किन किन विषयों में छात्रवृत्तियां दी गई है, यह नीचे दिखाया गया है :

तालिका 193

| अध्ययन विषय | छात्रवृत्ति प्राप्त लोगो की सख्या | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अनुसूचित जातिया | अनुसूचित जनजातियां | अन्य पिछडी जातियां | योग |
| **व्यावसायिक शिक्षा** | | | | |
| डाक्टरी | 236 | 52 | 341 | 629 |
| इजीनियरिंग | 250 | 32 | 377 | 659 |
| कृषि | 59 | 11 | 80 | 150 |
| पशु चिकित्सा सम्बन्धी | 2 | 5 | 2 | 9 |
| प्रौद्योगिक | 16 | 2 | 2 | 20 |
| कानूनी | 119 | 19 | 30 | 168 |
| अध्यापक प्रशिक्षण | 27 | 11 | 45 | 83 |
| कला-कौशल | 3 | 1 | 4 | 8 |
| | | | | 1,726 |
| **स्नातकोत्तर श्रेणी** | | | | |
| पी० एच० डी० | 4 | — | 3 | 7 |
| एम० एस० सी० | 25 | 4 | 35 | 64 |
| एम० ए० | 138 | 29 | 27 | 194 |
| एम० काम० | 5 | — | 6 | 11 |
| | | | | 276 |
| **स्नातक श्रेणी** | | | | |
| बी० एस० सी० | 161 | 36 | 116 | 313 |
| बी० ए० | 235 | 190 | 118 | 543 |
| बी० काम० | 53 | 19 | 25 | 97 |
| | | | | 953 |
| **प्राक-स्नातक श्रेणी** | | | | |
| आई० एस० सी० | 807 | 179 | 340 | 1,326 |
| आई० ए० | 812 | 460 | 159 | 1,431 |
| आई० काम० | 113 | 44 | 24 | 181 |
| | | | | 2,938 |
| योग | 3,065 | 1,094 | 1,734 | 5,893 |

# पच्चीसवां अध्याय

## 'क' भाग के राज्य

### आन्ध्र

**राज्यपाल** चन्दूलाल त्रिवेदी

**मंत्री**

| | |
|---|---|
| 1. मुख्य मंत्री तथा सार्वजनिक सेवा, राजनीतिक, सूचना और प्रचार **विभाग** . . . . | टी० प्रकाशम |
| 2. उप-मुख्य मंत्री, गृह, पुलिस, कानून और व्यवस्था, पासपोर्ट व्यवस्थापन, निर्वाचन, सार्वजनिक कार्य और यातायात | एन० संजीव रेड्डी |
| 3. लगान, अन्न तथा रजिस्ट्रेशन . . | के० कोटि रेड्डी |
| 4 वित्त, कानून, धर्मार्थ, परिगणित क्षेत्र तथा आदिवासी . | टी० विश्वनाथन |
| 5. आयोजन, स्वास्थ्य, सहयोग, श्रम तथा हरिजन सेवा . | डी० सजीवय्या |
| 6 शिक्षा, व्यवसाय, आन्तरिक कर, मद्यनिषेध, नारी उन्नति और व्यापारिक कर . . . | एस० बी० पी० पट्टाभि रामाराव |
| 7. स्थानीय शासन, कृषि, जगल, पशुपालन तथा मछली व्यवसाय . . . . | पी० थिम्मा रेड्डी |

आन्ध्र राज्य का जन्म 1 अक्तूबर 1953 को हुआ था और तब से करनूल इसकी अस्थाई राजधानी है। यह राज्य पहले मद्रास राज्य का भाग था। इसका क्षेत्रफल 67000 वर्गमील है और आबादी 2,12,82,000।

**वित्त**

आन्ध्र का 1953-54 का बजट इस प्रकार है :

| | रुपये |
|---|---|
| आय . . . . | 27,77,00,000 |
| व्यय . . . . | 22,80,00,000 |
| बचत . . . . | 4,97,00 000 |

**शिक्षा**

आन्ध्र विश्वविद्यालय की स्थापना आज से 27 वर्ष पूर्व हुई थी। भारत के विश्वविद्यालयों मे इसका निर्माण अपेक्षाकृत अर्वाचीन है। इस विश्वविद्यालय के अधीन 29 कालेज है और उनमे ज्ञान, विज्ञान, भारतीय अध्ययन, कानून, व्यापार, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, कृषि और शिक्षण की शिक्षा का प्रबन्ध है।

### खाद्यान्न तथा कृषि

आन्ध्र की 75 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर करती है और वहा अपनी आवश्यकता से 3 लाख टन अधिक अन्न उत्पन्न होता है। आन्ध्र मे 155 लाख एकड़ भूमि पर कृषि की जाती है। 1953–54 मे वहा 33 लाख टन चावल पैदा हुआ था। भारत में कुल जितना तमाखू उत्पन्न होता है, उसका 80 प्रतिशत आन्ध्र मे पैदा होता है।

पंचवर्षीय आयोजना के अन्तर्गत आन्ध्र मे दो जल विद्युत् कार्यों का निर्माण जारी है। उनमें से तुगभद्रा कार्य द्वारा आन्ध्र और मैसूर को लाभ होगा तथा मचकुण्ड कार्य द्वारा आन्ध्र और उडीसा को।

### व्यवसाय

आन्ध्र मे चीनी के 7 कारखाने, सीमेन्ट के 2 कारखाने और शीशा, एनेमल, कागज़, वनस्पति और खांड की मिठाई बनाने के एक-एक कारखाने हैं। पंचवर्षीय आयोजना में इस राज्य के औद्योगिक विकास के लिए 46,28,000 रुपये स्वीकार किए गए हैं। विशाखापटनम के जहाजों के कारखाने का विकास तथा तेल शुद्धि का कारखाना खोलना वहा की योजना के मुख्य भाग हैं। विजयवाडा के निकट वुय्यूरू के चीनी के कारखाने में उप-उत्पादनों के व्यावसायिक प्रयोग का प्रबन्ध किया जा रहा है।

## आन्ध्र विधान सभा

**अध्यक्ष**—एन० वेंकटरमैया

के० आदिकेसवलु नायडु (चन्द्रागिरि)
जी० अजनयलू (वन्दर)
के० अप्पला नायडु (श्रीकाकुलम्)
बोज्जा अप्पलास्वामी (अमलापुरम्, सरक्षित परिगणित जाति)
राजा मेका रगय्या अप्पाराव (नूजवीड)
टी० सी० अच्चन्ना नायडु (चीपुरुपल्ली)
वाइ० आदिनारायण रेड्डी (रायचोटी)
के० बालनारायण रेड्डी (प्रोद्दुतूर)
एम० बापैया चौदुरी (बेल्लमकोण्डा)
के० बाप्पन्ना दोरा (भद्राचलम सरक्षित परिगणित जाति)
जी० बापय्या (दिवी, सरक्षित परिगणित जाति)
पी० बापु नाइडू (येल्लमनचिल्ली)
डी० बस्विरेड्डी (पेनुगोण्डा)
चन्द्र रामलिंगय्या (दिवी, सरक्षित परिगणित जाति)
के० चवूराम नायडू (कन्दूकूर)
वी० चिदानन्दम् (बडवेल)
पी० चिन्नम्मा रेड्डी (चित्तूर)
वी० सी० चूडामणि देव (पार्वतीपुरम्)
डी० दशरथरमैया नायडू (रापूर)
एम० डोरयकन्नू (तिरुतानि, सरक्षित परिगणित जाति)
पी० वी० आर० गजपतिराजू (विजय नगरम्)
बी० गगैया नायडू (माडूगोल)
पी० गोपालकृष्ण रेड्डी (गूडूर)
वी० गोपालकृष्णैया (सेट्टनपल्ली)
के० गोविन्दराव (अनकापल्ली)
पी० गुन्नैया (चीपुरुपल्ली, संरक्षित परिगणित जाति)

एम० हनुमन्त राव (रेपल्ले)
चि० इन्द्रय्या (तणुकू)
जी० जोसेफ (अमरतलूर)
एस० कासीरेड्डी (दर्मी)
जी० सी० कोण्डय्या (आत्माकुर)
पी० कोटय्या (चीराला)
के० कोटि रेड्डी (कडप्पा)
श्रीमती तम्मा कोटम्मा रेड्डी (प्रत्तिपाडू)
वी० वी० कृष्णाम् राजु (तुनी)
बी० कृष्णमूर्ति राव (पुगनूर)
के० कृष्ण राव (नेल्लोर)
वाई० वी० कृष्ण राव (भद्राचलम्)
एम० कूने राव (चिन्तलपुडी)
एल० लक्ष्मणदास (पातपटनम्)
टी० लक्ष्मीनारायण रेड्डी (पेनूकोण्डा)
एम० लक्ष्मण स्वामी (कंकीपाडू)
डी० लक्ष्मैया (मगलगिरि)
आर० लक्ष्मी नरसिंहम दारा (टेक्कली)
वी० लक्ष्मीनरस राजू (नरसापुर)
जी० लच्चन्ना (सोमपेट)
के० मालकोडय्या (ओंगोल संरक्षित परिगणित जाति)
टी० मल्लय्या (अदोनी संरक्षित परिगणित जाति)
एस० आर० ए० पी० मूर्ति राजू (ताडेपल्ली गुडेम)
जी० नागभूषणम् (रायदुर्ग)
जी० नागेश्वर राव (गजाल)
ए० नागेश्वर राव (दुग्गीराला)
टी० नागि रेड्डी (अनन्तपुर)
एन० वी० एल० नरसिंह राव (गुन्तूर)
पी० नरसिंह रेड्डी (राजमपेट)
के० नारायण (श्रीकाकुलम्, संरक्षित परिगणित जाति)
एम० नारायणप्पा (कल्याण दुर्ग)
डी० नारायण राजू (उण्डी)
एम० नारायण स्वामी (ओंगोल)

ए० नीलाद्रिराव रेड्डी (इच्छापुरम्)
के० वी० एस० पद्मनाभ राजु (अलमण्डा)
के० पट्टाभिरामैया (रामचन्द्रपुरम्)
एस० बी० पी० पट्टाभिरामाराव (पामरू)
एम० पेन्टन्नायडू (पातपटनम्, संरक्षित परिगणित जन-जाति)
टी० पोता राजू (विजयवाडा)
सी० प्रभाकर चौधरी (राजामुन्द्री)
टी० प्रकाशम् (मुगवरपुकोटा)
सी० पुल्लारेड्डी (नन्दीकोटकुर)
पी० पुण्डरीकाक्षाचार्युलु (होजरम्)
के० राजगोपाल राव (गुडिवाडा)
एम० राजेश्वरराव (कोवूर, संरक्षित परिगणित जाति)
एन० रामभद्र राजू (अमलापुरम्)
डी० रामब्रह्मम (पलमनेर)
पी० एस० रामचन्द्र राव (कोवूर)
बी० रामकृष्ण रेड्डी (कावली)
एच० रामालिंगा रेड्डी (अदोनी)
के० राममूर्ति (गालगाण्डा)
जी० रामा राव (गुडिवाडा संरक्षित)
एन० वी० रामाराव (वनपुडी)
पी० रामाराव (तिरूवूर)
वी० रामाराव (कंचिकचेर्ला)
थोटा रामास्वामी (पेद्दापुरम्)
के० वी० रामेशम (चोडवरम्)
के० रमैया, चौधरी (उदयगिरि)
के० रमैया (जम्मल मडुगु)
के० रगा राव (चिलकलूरिपेटा)
पी० रगा रेड्डी (कम्बम)
सी० वी० के० राव (काकिनाडा)
पी० सगम नाइडू (पालकोण्डा)
एन० सजीव रेड्डी (कालाहस्ती)
डी० सजीवैया (करनूल, संरक्षित परिगणित जाति)
एन० शकर रेड्डी (करनूल)
बी० शकरय्या (कोवूर)

के० सांतप्पा (कल्याणदुर्ग, संरक्षित परिगणित जाति)
जी० सत्यनारायण (एलूरू)
एच० सत्यनारायण डोरा (नरसन्नापेट)
पी० सत्यनारायण रेड्डी (अनपर्ति)
डी० सीतारमैया (मदनपल्ली)
के० षनमुखम् (कण्डुकुर, संरक्षित पारिगणित जाति)
आर० सिद्धन्ना गौड (मड़कसिरा)
एन० शिवरामी रेड्डी (कमलापुरम्)
जी० शिवशंकर रेड्डी (हिन्दुपुर)
वी० श्री कृष्णा (बापत्ला)
के० श्रीनिवासुलु (धर्मवरम्)
श्रीरामम् (चित्तूर, संरक्षित परिगणित जाति)
वी० सुब्बा राजू (भीमवरम्)
के० सुब्बा रेड्डी (पलनाड)
एम० सुब्बा रेड्डी (नन्द्याल)
सी० सुब्बारायडु (नाडिपत्री)
आर० वी० वी० सुदर्शन वर्मा (कारवेतिनगर)
पी० सूर्यचन्द्र राव (आलम्पुरम्)
जी० सूर्यनारायण (विजयनगरम् संरक्षित परिगणित जाति)
के० सूर्यनारायण (भीमुनीपटनम्)
सूर्यनारायण राजू (पयकाराओपेट)
पी० श्यामसुन्दर राव (नरसपुर, संरक्षित परिगणित जाति)
पी० थिम्मा रेड्डी (पीलेरू)
के० वरदाचारी (तिरुत्तनी)
एम० वीरभद्रम (परवड)
के० वीरन्ना पडाल (गोल्लुगोण्डा) संरक्षित परिगणित जन जाति
के० वी० वेमा रेड्डी (कदिरि)
एस० वेमैय्या (नेल्लोर संरक्षित परिगणित जाति)
के० वेकय्या (पोन्नूर)
आर० वेकटजग्गा राव (पिठापुरम्)
के० वेकट कुर्मी नायड (बोबिली)
ए० वेकटरामराजु (राजोल)
एन० वेंकटरामैय्या (नरसराओपेट)
के० वेकट शेट्टी (धोन)
पी० वेकट शिवैय्या (विनूकोण्डा)
एम० वेकट सुब्बा रेड्डी (कुयलकुन्टला)
टी० एन० वेकट सुब्ब रेड्डी (घट्टूर)
पी० वेकटसुब्बैय्या (राजमपेट संरक्षित परिगणित जाति)
ए० वेकटसुब्रमण्यम् (कैकलूर)
एन० वेकटय्या (मार्कपुर)
पी० वेकटेश्वरलू (जग्गय्यापेट)
के० वेकट नारायण डोरा (मालुरू)
ए० वेकटरमैय्या (तेनाली)
एस० वेंकटराव (काकीनाड, संरक्षित परिगणित जाति)
पी० वेंकटस्वामी रेड्डी (वेकटगिरी)
टी० विश्वनाथम् (विशाखपत्तनम्)
जी० येलमन्दा रेड्डी (कनिगिरि)

## आसाम

**राज्यपाल** — जयरामदास दौलतराम

**मंत्री**

1. मुख्य मंत्री, गृह, नियुक्ति, समन्वय तथा आ [illegible] सियों की उन्नति . . . विष्णुराम मेधी
2. वित्त तथा लगान . . . मोतीराम बोरा
3. सार्वजनिक कार्य तथा यातायात . सिद्धिनाथ शर्मा
4. श्रम, शि [illegible] -विकास . ओमियोकुमार दास

| | | |
|---|---|---|
| 5. अन्न, कृषि, सहयोग, प्रचार तथा कुटीर व्यवसाय | . | महेन्द्र मोहन चौधरी |
| 6. पूर्त्ति, व्यापार और वाणिज्य . | . | वैद्यनाथ मुखर्जी |
| 7. न्याय और स्वास्थ्य . . | . | रूपनाथ ब्रह्म |
| 8. जंगल, व्यवस्थापन और बिजली . | . | रामनाथदास |
| 9. आन्तरिक कर, जेल, रजिस्ट्रेशन तथा स्टैम्प | . | जे० जे० एम० निकोलस राय |
| 10. स्थानीय स्वराज्य, पशु चिकित्सा तथा पशुवृद्धि विभाग | . | अब्दुल मतलिब मजूमदार |

**उपमंत्री**

| | | |
|---|---|---|
| 1. लगान. सहायता तथा पुनर्वास . | . | हरेश्वर दास |
| 2. श्रम और शिक्षा . . | . | पूर्णानन्द चेटिया |

**वित्त**

(लाख रुपयो मे)

| बजट के आंकडे | | आय | व्यय | बचत (+) या घाटा (—) |
|---|---|---|---|---|
| 1950-51 | (लेखा) | 9,92 | 9,28 | + 64 |
| 1951-52 | (लेखा) | 11,29 | 10,93 | + 36 |
| 1952-53 | (सशोधित) | 12,72 | 12,68 | + 4 |
| 1953-54 | (बजट) | 13,01 | 14,97 | — 196 |

**शिक्षा**

1952-53 मे आसाम मे सब तरह की शिक्षा सस्थाओं की उन्नति हुई। 1951-52 मे वहा प्रारम्भिक स्कूलों की सख्या, 9,610 थी, जो गत वर्ष बढ कर 9,860 हो गई। इसी तरह शिक्षकों की सख्या 14,253 से 14,603 और विद्यार्थियो की सख्या 5,69,640 से बढ कर 6,00,000 हो गई। 1953-54 में वहा शिक्षा पर 72,29,000 रुपया खर्च किया गया।

गत वर्ष वहां 11 सब-डिविजनों में शिक्षा अनिवार्य कर दी गई। आजकल 12 नगरो और 4,000 गावों मे शिक्षा अनिवार्य कर दी गई है और उसके अन्तर्गत 6 से 11 वर्ष तक की आयु के 2,80,000 बच्चे शिक्षा प्राप्त कर रहे है। परिगणित जातियों तथा आदिवासियों मे भी शिक्षा का अधिकाधिक प्रचार किया जा रहा है।

गत वर्ष ऐसे प्रारम्भिक स्कूलों की संख्या, जिनमें बेसिक ढंग की शिक्षा दी जाती है, 142 तक पहुंच गई। 1951 में वहां शिक्षा पर 33,21,000 रुपये व्यय किए गए और 1952-53 में 47,26,000। माध्यमिक शिक्षा के लिए स्थानीय संस्थाओं को काफी बड़ी संख्या में सहायता दी गई। पहाड़वासियों को आसामी भाषा की शिक्षा देने के लिए टीटाबर प्रशिक्षण संस्था में एक विशेष प्रशिक्षण केन्द्र जारी किया गया। इस केन्द्र में 33,000 रुपयों के व्यय से प्रति वर्ष 40

शिक्षक तैयार किए जायेंगे। 1952–53 में माध्यमिक श्रेणियों में हिन्दी और सामाजिक सेवाओं की शिक्षा अनिवार्य कर दी गई। आसाम राष्ट्रभाषा प्रचार समिति को राज्य की सरकार ने हिन्दी के प्रचार के लिए 25,000 रुपये दिये।

**खाद्य तथा कृषि**

1952–53 में चीनी, रूई, सुपारी तथा जूट के अनुसंधान के लिए कई योजनाएं जारी की गईं। 'अधिक अन्न उपजाओ' आन्दोलन के अन्तर्गत एक सप्तमुखी कार्य शुरू किया गया। इसके अनुसार अच्छे बीज, खाद, सिंचाई का प्रबन्ध, पौधों की रक्षा, व्यर्थ भूमि का उपयोग तथा वर्ष में दो बार फसल पैदा करने के कार्य भी प्रारम्भ किए गए।

गत वर्ष 5,00,000 रुपये के व्यय से सिंचाई के 900 छोटे-छोटे कार्य चालू किए गए। इनसे अन्न की उपज मे 35,000 टन की वृद्धि होने की आशा है। पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट, जो सिंचाई के 24 बड़े-बड़े कार्यों का निर्माण कर रहा है, उनमें से 8 गत वर्ष पूरे कर लिए गए। इसके अतिरिक्त 47,492 एकड परती भूमि को उपजाऊ बना लिया गया और वह कृषिरहित किसानों और शरणार्थियो मे बाट दी गई।

**उद्योग**

15 अगस्त 1952 से 31 मार्च 1953 तक राज्य के कुटीर उद्योग विभाग ने घरेलू उद्योगों की उन्नति के लिए 54,500 रुपये उधार दिए। इसी तरह छोटे उद्योगो के विकास के लिए राज्य की ओर से कुछ और सहायताएं भी दी गई। पहाड़ी प्रदेशों मे शहद उद्योग को उन्नत करने का प्रयत्न किया गया तथा चापरमुख मे एक वारनिश बनाने के कारखाने का निर्माण जारी किया गया।

गत वर्ष चाय बागान, चावल तथा तेल की मिलों, मोटर और यातायात के कार्यों मे काम करने वाले मजदूरो का न्यूनतम वेतन निश्चित कर दिया गया। चाय बागान के वेतनो पर अभी पुनर्विचार किया जाएगा। इन साधनों द्वारा चाय के 27 बगीचो को बन्द होने से बचा लिया गया, क्योंकि राज्य का चाय-व्यवसाय एक बड़े सकट मे से गुज़र रहा था।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

ग्रामीण क्षेत्रों मे कालाज़ार के इलाज के लिए 2 अस्पताल खोले गए। दुदनाई तथा गोलपाड़ा जिलों में भी 20–22 बिस्तरों के दो कालाजार अस्पताल खोले जाएंगे। पेट के कीड़ों तथा मलेरिया से बचाव का प्रयत्न भी किया गया और 20,000 रुपयों की दवाइयां मुफ्त बांटी गईं। इन्हीं दिनों कोढ के सम्बन्ध में जाच पड़ताल करने का व्यापक प्रयत्न किया गया। कोढ़ के 37 अस्पतालों में 429 रोगियों की चिकित्सा की गई और 251 रोगियों की चिकित्सा अभी जारी है। ग्रामीण क्षेत्रों में जच्चाओं के लिए तथा शिशुओं की चिकित्सा के लिए विशेष स्टाफ नियुक्त किया गया। बाढ़ पीड़ित क्षेत्रों को चिकित्सा सम्बन्धी विशेष सहायता पहुंचाई गई और संक्रामक बीमारियों को रोकने का अधिकाधिक प्रयत्न किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ की एक संस्था के अधीन स्त्रियों और बच्चों को 498 दुग्धचूर्ण के पीपे बांटे गए।

# आसाम विधान सभा

## अध्यक्ष—कुलधर चलिहा

ए० अल्ले (नगपो., सरक्षित परिगणित जन जाति)
आरान संगमा (दैनाडूबी, सरक्षित परिगणित जन जाति)
अब्दुल मतलीब मजुमदार (हाइला कादि)
अब्दुल जलील (बदरपुर)
अजित नारायण देव (कोकराझर, सिदली)
ए० एस० खोगफाई (नोगस्टोन, सरक्षित परिगणित जन जाति)
अक्षयकुमार दास (सरभोग)
आनन्दचन्द्र बेजबरुवा (नाजिरा)
वैद्यनाथ मुकर्जी (रातावादी पाथरकादी)
बैकुण्ठनाथ दास (पतचरकुशी बारमा, सरक्षित परिगणित जन जाति)
डालीराम दास (मरीगाव बिंग, सरक्षित परिगणित जन जाति)
विजयचन्द्र भागवती (सूतिया)
विमला कान्त बोरा (जमुनामुख)
विष्णुराम मेधी (हाजो)
विश्वदेव शर्मा (तेजपुर उत्तर)
बु० च० सपरगा (आइजल पश्चिम सरक्षित परिगणित जन जाति)
चानू खेरिया (गोलाघाट पश्चिम)
दलवीरसिंग लोहार (डिगबोय)
दण्डीराम दत्त (कलियाइगाव)
डेविडसन भोबोरा (पानेरी, सरक्षित परिगणित जन जाति)
देवेश्वर राजखोवा (डेरगाव)
धरणीधर वसुमतारी (रगिया, सरक्षित परिगणित जन जाति)
एमर्नसिंग सगमा (फुलवारी, संरक्षित परिगणित जन जाति)
एमारसन मोमिन (तुरा, सरक्षित परिगणित जन जाति)
फैजनूर अली (डिब्रूगढ पश्चिम)
गहनचन्द्र गोस्वामी (गोहपुर)
गौरीशकर भट्टाचार्य (गौहाटी)
गौरीशकर राय (कातलीचेरा)
घनकान्त गगै (मोरान)
गिरीन्द्रनाथ गग (शिवसागर)
हाकिमचन्द्र राभा (गोआलपाडा, सरक्षित परिगणित जन जाति)
हरेश्वर दास (उत्तर सालमरा)
हरेश्वर गोस्वामी (पलाशवारी)
हरिहर चौधुरी (डूमडूमा)
हैरिसन मोमिन (वाधमर, सरक्षित परिगणित जन जाति)
हरिनारायण बरुवा (तियक)
हेमचन्द्र चक्रवर्ती (हाइला कान्दि, शिलचर)
हेमचन्द्र हजारिका (उत्तर लखीमपुर)
नरनारायण गौस्वामी (पतचरकुची, बरमा)
इन्द्रेश्वर खाउन्द (तिनसुकिया उत्तर)
यादवचन्द्र खाखलाड़ी (डिगबोई, सरक्षित परिगणित जन जाति)
यदुनाथ भूयान (तिनसुकिया दक्षिण)
यतीन्द्र नारायण दास (गोसाइगाव)
जयभद्र हगजर (उत्तर कछार पहाडिया, सरक्षित परिगणित जन जाति)
जे० जे० एम० निकोलस राय (शिलाग)
योगकान्त बरुवा (जयपुर)
कमलाप्रसाद अगरवाल (तेजपुर दक्षिण)
खगेन्द्रनाथ (गोयालपारा)
कार्कचन्द्र दोले (उत्तर लखीमपुर, सरक्षित परिगणित जन जाति)
खर्रसिह तेराग (मिकिर पहाड़िया, पूर्व संरक्षित परिगणित जन जाति)
किष्टोविन रिम्बाय (जावाय, सरक्षित परिगणित जन जाति)

कोबाद हुसैन अहमद (मानकछार)
कृष्णानन्द ब्रह्मचारी (बिजनी)
कुलधर चलिहा (जोरहाट दक्षिण)
लीलाकान्त बेडा (कलीआबर)
महादेव दास (बरपेटा उत्तर पूर्व, सरक्षित परिगणित जन जाति)
माहम सिंह (चैरा, सरक्षित परिगणित जन जाति)
नूरुल इस्लाम (लाहारीघाट)
मुहम्मद इद्रिस (रूपाही हाट)
मुहम्मद अली (पाथरकडी करीमगज)
महेन्द्र मोहन चौधरी, (बरपेटा उत्तर पूर्व)
महेन्द्र हजारिका (नगांव, रहा, सरक्षित परिगणित जन जाति)
मालचन्द्र पेगू (गोलाघाट पश्चिम, सरक्षित परिगणित जन जाति)
माणिकचन्द्र दास (बरडुबी)
मेहराबअली लस्कर (शिलचर)
महेन्द्र नाथ डेका (कमलपुर)
महीकान्त दास (ढेकियाजुली दक्षिण)
मोयनल हक चौधरी (शिलचर सोनाई)
मोतीराम बेरा (मरीगाव धिग)
ताजउद्दीन अहमद (बरपेटा पश्चिम)
मुहम्मद पहाड खान (तारावाडी)
मुहम्मद उमरुद्दीन (विलासीपाडा)
नामवर अली बरभूंया (काटीगोरा)
नन्दकिशोर सिंह (सोनाई)
निह रंगफेर (मिकिर पहाडिया, पश्चिम)
नीलमणि फूकन (जोरहाट उत्तर)
अमिय कुमार दास (ढेकियाजली उत्तर)
प्रभातचन्द्र गोस्वामी (नलवारी उत्तर)
प्रतापचन्द्र शर्मा (नगांव रहा)
पुरन्दर शर्मा (मगलदय)
पूर्णानन्द चेतिया (सोनारी)
रबीन काकती (आमगुरी,
राधिका रामदास (पूबबगसर, शिलसुन्दरी धोपा)
राधाचरण चौधुरी (बेको)
रघुनन्दन धोबी (लखीपुर, सरक्षित परिगणित जन जाति)
पु० आर० डेगथुआमा (लूगलेह, सरक्षित परिगणित जन जाति)
पु० लालबुआइया (आइजल पूर्व सरक्षित परिगणित जन जाति)
राय चाद नाथ (बरखोला)
राजेन्द्र नाथ बरुवा, (गोलाघाट पूर्व)
रमेशचन्द्र दास चौधुरी (रातावारी पाथरकान्दी, सरक्षित परिगणित जन जाति)
रमेशचन्द्र बरूवा (डिब्रुगढ़ पूर्व)
रामनाथ दास (जोरहाट उत्तर, सरक्षित परिगणित जाति)
रामप्रसाद चौबे (लखीमपुर)
रणेन्द्र मोहन दास (करीमगज)
रुपनाथ ब्रह्म (कोकराझार सिदली, सरक्षित परिगणित जन जाति)
सहादतअली मण्डल (दक्षिण सलमारा)
सन्तोषकुमार बरूवा (गोलोकगज)
सरजूप्रसाद सिंह (तीताबर)
सर्वेश्वर बरूवा (बिहपुरिया)
शशधर घोष (पानेरी)
सिद्धिनाथ शर्मा (रगिया)
प्रफुल्लचन्द्र गोस्वामी (नलवाडी दक्षिण)
तमीजुद्दीन प्रोधानी (धूबरी)
थानूराम गगै (नाजिरा सोनारि)
उषा बडठाकुर (सामगुरी)
रिक्त (नागा पहाडिया उत्तर)
रिक्त (नागा पहाडिया केन्द्र)
रिक्त (नागा पहाडिया दक्षिण)

## बिहार

**राज्यपाल** रगनाथ आर० दिवाकर

**मंत्री**

1. मुख्य मत्री, राजनीतिक तथा नियुक्ति विभाग . श्री कृष्ण सिन्हा
2. वित्त, कृषि और श्रम . . . अनुग्रहनारायण सिंह

3. लगान, जंगल तथा गृह कर . . . . . कृष्णवल्लभ सहाय
4. शिक्षा . . . . . . . बदरीनाथ वर्मा
5. सिंचाई और बिजली . . . . रामचरितसिंह
6. नागरिक पूर्ति तथा स्वास्थ्य . . . . . हरिनाथ मिश्र
7. व्यवसाय, यातायात तथा सूचना . . . . महेशप्रसाद सिंह
8. न्याय तथा व्यवस्थापन . . . . . शिवनन्दनप्रसाद मंडल
9. सहयोग तथा पशु चिकित्सा . . . . दीपनारायण सिंह
10. स्थानीय स्वराज्य और पिछड़ी जाति-कल्याण . . भोला पासवान
11. जेल तथा पुनर्वास . . . . . . एस० मोहम्मद उजैर मु०
12. सार्वजनिक कार्य . . . . . . मोहम्मद शफी

**उप मंत्री**

1. तारापद मुखर्जी
2. वीरचन्द्र पटेल
3. अब्दुल अहद मुहम्मद नूर

**वित्त**

(लाख रुपयों में)

| बजट के आंकड़े | आय | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1950–51 (लेखा) . | 28,97 | 26,05 | +292 |
| 1951–52 (लेखा) . | 34,30 | 32,82 | +148 |
| 1952–53 (संशोधित) . | 35,77 | 31,36 | +441 |
| 1953–54 (बजट) . | 33,00 | 33,34 | —34 |

**शिक्षा**

1952–53 में पटना युनिवर्सिटी को एक शिक्षात्मक यूनिवर्सिटी बना दिया गया और पटना के सब कालेज उसके अधीन कर दिए गए। बिहार के शेष सब कालेज एक नए बिहार विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कर दिए गए।

राज्य के माध्यमिक शिक्षा के पाठ्यक्रम में इस उद्देश्य से परिवर्तन किया गया कि राज्य के हाई स्कूलों में धंधों की शिक्षा को यथेष्ट महत्व दिया जा सके। मैट्रिक्युलेशन परीक्षा अब विश्वविद्यालय के अधीन नहीं रही। इस परीक्षा को अब एक स्कूल परीक्षा बोर्ड के अधीन कर दिया गया है। टुर्की में एक बेसिक शिक्षा का कालेज खोला गया। पौर्वात्य विषयों की शिक्षा के सम्बन्ध में नालन्दा पाली संस्था और मिथिला संस्कृत संस्था ने विशेष उन्नति की। काशीप्रसाद जायसवाल अनुसंधान संस्था ने कुमराहार में खुदाई का काम किया और तिब्बती पाण्डुलिपियों का सम्पादन किया। आचार्य हजारीप्रसाद द्विवेदी के तत्वावधान में बिहार राष्ट्रभाषा परिषद् ने 'साहित्य का आदिकाल' नामक पुस्तक का प्रकाशन किया।

**खाद्य तथा कृषि**

बिहार मे 1952-53 मे अन्न की कमी थी। इसलिए शहरों में 1,846 और गावों में उचित मूल्य की 9,613 दूकानों द्वारा अन्न बाटा गया। इस सम्बन्ध मे लोगो को सहायता देने के लिए और भी कितने ही कार्य किए गए, यथा मुफ्त बीज और गेहू बाटना आदि। इन कार्यों पर सरकार ने 360 लाख रुपये व्यय किए।

2 अक्तूबर 1952 को राज्य मे सामुदायिक विकास कार्यों का प्रारम्भ किया गया। पंचवर्षीय आयोजना के अनुसार बिहार मे इस तरह की 190 योजनाएं चलाई जाएगी जिन पर 5,729 लाख रुपये व्यय होगे। 1952-53 मे इन योजनाओ पर 1,223 लाख रुपये व्यय किए गए।

सिंचाई की छोटी योजनाओं के अनुसार उत्तर बिहार के कुल 300 ट्यूबवैलो मे से 175 ट्यूबवैल गत वर्ष लगा दिए गए और दक्षिण विहार के 283 मे से 205। इनके अतिरिक्त विभिन्न नदियो पर 250 चल (मोबाइल) पम्प लगाए गए।

सिंचाई के मुख्य कार्यों मे गत वर्ष 12 बाढ रोकने वाले बाध पूरे कर लिए गए जिनमे 3 लाख एकड भूमि को लाभ होगा। नालियो द्वारा पानी के निष्कासन की 26 योजनाएं जारी की गईं, जिनके द्वारा 77,000 एकड भूमि का उद्धार हुआ। इसी तरह कुछ छोटी नदियो का सुधार तथा सिंचाई की नालियो आदि की व्यवस्था भी की गई। साथ ही छोटा नागपुर के कासी और फकीदीह कार्य तथा चम्पारन में 19 मील की बेल्वा साथी नहर के कार्य पूरे किए गए।

**उद्योग**

1953-54 मे मध्यम आकार के उद्योगो के लिए सरकार ने 10 लाख रुपया दिया। छोटे उद्योगो के पुनर्सगठन के लिए 14 श्रेणिया खोली गईं, जिनमे रूई, रेशम, ऊन आदि की बुनाई, बर्तन निर्माण, चाकू छुरी निर्माण, रगाई छपाई और चमडे के काम की शिक्षा देने का प्रबन्ध किया गया।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

मलेरिया और कालाजार को रोकने का विशेष प्रयत्न किया गया। राज्य के 6,49,500 व्यक्तियो की इस सम्बन्ध मे परीक्षा की गई कि उन्हे तपेदिक की बीमारी तो नही है। बी० सी जी० के 3 लाख टीके लगाए गए। 1952-53 मे बिहार सरकार ने पटना के तपेदिक केन्द्र मे 69,764 रुपयो से 44 नए बिस्तरो का प्रबन्ध किया। इसी तरह ग्रामीण तथा शहरी हल्को मे स्वास्थ्य सुधार और चेचक निरोध के गम्भीर प्रयत्न किए गए। अस्पतालो को चीरफाड के नए औजार और दवाइया दी गईं। पटना के मैडीकल कालेज के अस्पताल का विस्तार किया गया और 250 बिस्तरो का एक नया सर्जिकल वार्ड बनाया गया। रांची और भागलपुर मे दो पैथोलोजिकल अनुसधान शालाए खोली गईं।

## बिहार विधान सभा

### अध्यक्ष—विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा

रामेश्वर प्रसाद शास्त्री (मनेर)
जगत नारायण लाल (दानापुर)
बदरीनाथ वर्मा (पटना शहर पश्चिम-नौवतपुर)
मूंगरी लाल (पटना शहर पश्चिम नौवतपुर, सरक्षित परिगणित जाति)

सैयद महम्मद मेहदी (पटना शहर पूर्व)
शिव महादेव प्रसाद (फ़तुहा)
राम खेलावन सिंह (पुनपुन-मसौढ़ी)
श्रीमती सरस्वती चौधरी (पुनपुन मसौढ़ी सरक्षित परिगणित जाति)
धनराज शर्मा (चान्दी)
लालसिंह त्यागी (एकंगरसराय)
शिवशरणप्रसाद शर्मा (इसलामपुर सिलाव)
महावीर प्रसाद (इसलामपुर-सिलाव सरक्षित परिगणित जाति)
जगदीश नारायण सिंह (मोकामाह्)
राणा शिवलाखपतिसिंह (बाढ़)
ताजुद्दीन (स्थावा)
गिरवरधारी सिंह (बिहार उत्तर)
सैयद मुहम्मद अकिल (बिहार दक्षिण)
श्रीमती सुन्दरी देवी (बख्तियारपुर)
श्रीमती मनोरमा देवी (बिहटा)
राम लखनसिंह यादव (पालीगज)
मजूर अहमद (पकरीबरांव—वार्सलीगज)
चेतूराम (पकरीबराव—वार्सलीगज) सरक्षित परिगणित जाति)
रामकिसुन सिंह (नवदा हासुआ)
शक्तिकुमार (नवादा-हसुआ, सरक्षित परिगणित जाति)
राधाकृष्ण प्रसाद सिंह (रजौली-वारिसगज)
महावीर चौधरी (रजौली वजीरगज संरक्षित परिगणित जाति)
रामेश्वर प्रसाद यादव (अतरी)
केशो प्रसाद (गया शहर)
जगलाल महतो (शेरघाटी ईमामगज)
देधारी चमार (शेरघाटी ईमामगज, संरक्षित परिगणित जाति)
जोगेश्वर प्रसाद खलिश (बुद्धगया परय्या)
रामेश्वर माझी (बुद्धगया परय्या सरक्षित परिगणित जाति)
देदानी सिंह (अरवल)
रामचरन सिंह (कुर्था)
शिवभजन सिंह (जहानाबाद)
रामचन्द्र यादव (घोसी)
रामेश्वर यादव (मखदूमपुर)
मिथिलेश्वरप्रसाद सिंह (टेकारी)
रामनरेश सिंह (दाऊद नगर)
मुन्द्रिका सिंह (गोह)
एस० एम० लतिफुर्रहमान (रफीगंज)
प्रियव्रत नारायण सिंह (औरंगाबाद)
पदारथ सिंह (ओबरा)
अनुग्रह नारायण सिंह (नवीनगर)
राम विलास सिंह (बड़हरा)
अम्बिकासिंह (आरा मुफ़स्सिल)
रणबहादुर प्रसाद (आरा शहर)
देव नारायण सिंह (सहार)
गुप्तनाथ सिंह (चैनपुर)
राम नगीना सिंह (भभुआ मोहनिया)
दुलारचाद राम (भभुआ-मोहनिया, सरक्षित परिगणित जाति)
जगन्नाथ सिंह (सस.राम-रोहतास)
गोविन्द चमार (ससाराम रोहतास, सरक्षित-परिगणित जाति)
बसावन सिन्हा (देहरी)
रामचन्द्र राय (रामगढ)
राजाराम आर्य (इटाढी)
लक्ष्मीकान्त तिवारी (बक्सर)
हरिहर प्रसाद सिंह (डुमराव)
लल्लन सिंह (ब्रह्मपुर)
रामानन्द तिवारी (शाहपुर)
श्रीमती सुमित्रादेवी (जगदीशपुर)
हेमराज यादव (विक्रमगज)
रघुनाथ प्रसाद शाह (नोखा)
रामानन्द उपाध्याय (दिनारा)
राधामोहन राय (तड़ारी-पीरो)
देवी दयाल राम (तड़ारी-पीरो, सरक्षित परिगणित जाति)
शिव कुमार पाठक (कुचायकोट)

कमला राय (गोपालगज)
अब्दुल गफूर मिया (बरौली)
शिवबचन त्रिवेदी (बैकुण्ठपुर)
नन्दकिशोर नारायण (कटैया भोरे)
चन्द्रिका राम (कटैया-भोरे, संरक्षित परिगणित जाति)
जनार्दन सिंह (मीरगज)
मौलवी घसीरुल हक (बड़हरिया)
शंकरनाथ (सिवान)
रामबसावन राम (सिवान, संरक्षित परिगणित जाति)
गदाधर प्रसाद (भैरवा)
रामायण शुक्ल (दरौली)
रामानन्द यादव (रघुनाथपुर)
गिरीश तिवारी (माझी)
महामायाप्रसाद सिंह (महाराजगज)
लक्ष्मीनारायण सिंह (एकमा)
कृष्णकान्त सिंह (बसन्तपुर पश्चिम)
हरिकिशोर प्रसाद (बसन्तपुर पूर्व)
बैजनाथ सिंह (मसरख उत्तर)
सुखदेव नारायण सिंह महथा (मसरख दक्षिण)
यमुना प्रसाद सिंह (मरहौरा)
विश्वनाथ प्रसाद मिश्र (बनियापुर)
मुरलीमनोहर प्रसाद (छपरा कस्बा)
प्रभुनाथ सिंह (छपरा मुफस्सिल-गरखा)
जगलाल चौधरी (छपरामुफस्सिल-गरखा, संरक्षित परिगणित जाति)
दरोगाप्रसाद राय (परसा)
रामविनोद सिंह (दिघवारा)
जगदीश शर्मा (सोनपुर)
केदार पाण्डे (बड़हा-रामनगर)
विश्वनाथ सिंह (शिकारपुर लौरिया)
रघूनी बैठा (शिकारपुर-लोरिया, संरक्षित परिगणित जाति)
फजुल रहमान (सिकटा)
सुदामा मिश्र (धनहा)
श्रीमती केतकी देवी (बेतिया)
श्रीमती पार्वती देवी (नौतन)
जय नारायण प्रसाद (सगौली)
हरिवंश सहाय (हरसीडीह)
गणेशप्रसाद शाह (मोतीहारी पिपरा)
जमनाराम (मोतीहारी पिपरा, संरक्षित परिगणित जाति)
राधा पाण्डे (रक्सौल)
रामसुन्दर तिवारी (अदापुर)
राम अयोध्या प्रसाद (घोड़ासाहन)
मौलवी मसूद (ढाका)
गदाधर सिन्हा (पटाही)
ब्रज बिहारी शर्मा (मधुबन)
शिवधारी पाण्डे (गोविन्दगज)
श्रीमती प्रभावती गुप्त (केसरिया)
श्रीमती रामदुलारी (मेजरगज)
डा० गिरजानन्दन सिंह (शिवहर-बेलसन्ड)
चुल्हई दुसाध (शिवहर बेलसन्ड संरक्षित परिगणित जाति)
रामसेवक शरण (सीतामढी दक्षिण)
कुलदीप नारायण यादव (सीतामढी पश्चिम)
दामोदर झा (सीतामढी)
विवेकानन्द गिरी (रूनी सैदपुर)
महन्त श्यामनारायण दास (पुपरी दक्षिण)
डा० मोहम्मद हबीबुर्रहमाहन (पुपरी उत्तर)
तिलधारी महतो (सोनबर्षा फ्रन्टियर)
रामचरित्र राय यादव (सुरसन्ड)
ब्रजनन्दन प्रसाद सिंह (साहबगज)
रामचन्द्र प्रसाद शाही (बरुराज)
जमुना प्रसाद त्रिपाठी (कान्टी)
कपिलदेव नारायण सिंह (कुरहनी)
बीरचंद पटेल (महुआ)
फुदेनीप्रसाद (महुआ, संरक्षित परिगणित जाति)
नवलकिशोर प्रसाद सिंह (पारू उत्तर)
हरिहर शरण दत्त (पारू दक्षिण)
ललितेश्वर प्रसाद साही (लालगंज)

चन्द्रमणि लाल चौधरी (लालगंज, सरक्षित परिगणित जाति)
सरयूप्रसाद (हाजीपुर)
हरवंश नारायण सिंह (राघोपुर)
जनक सिंह (मीनापुर)
मथुराप्रसाद सिंह (कटरा उत्तर)
नीतेश्वर प्रसाद सिंह (कटरा दक्षिण)
विन्ध्येश्वरी प्रसाद वर्मा (मुजफ्फरपुर कस्बा)
महेशप्रसाद सिंह (मुजफ्फरपुर सकरा)
शिवनन्दन राम (मुजफ्फरपुर—सकरा सरक्षित परिगणित जाति)
नथुनीलाल मेहता (पातेपुर)
दीपनारायण सिंह (महनार)
अब्दुल समी नाद्वी (जाले)
रामरूमप्रसाद राय (मोहीउद्दीननगर)
कपूरी ठाकुर (ताजपुर)
वशिष्ठ नारायण सिंह (वारिस नगर)
धनपति पशवन (वारिसनगर, सरक्षित परिगणित जाति)
यदुनन्दन सहाय (समस्तीपुर)
सुन्दर महतो (समस्तीपुर, सरक्षित परिगणित जाति)
सहदेव महतो (दलसिहसराय पूर्व)
देवकी नन्दन झा (दलसिहसराय पश्चिम)
महावीर राउत (रोसेड़ा)
बालेश्वर राम (रोसेड़ा, सरक्षित परिगणित जाति)
सईदुल हक (दरभगा)
हृदय नारयण चौधरी (दरभगा उत्तर)
राधाकान्त चौधरी (दरभगा दक्षिण)
बाबूलाल महतो (दरभगा दक्षिण, सरक्षित परिगणित जाति)
मुहम्मद शफी (बेनीपट्टी पश्चिम)
सुबोध नारायण यादव (बेनीपट्टी पूर्व)
देवचन्द्र मिश्र (बिरौल)
श्रीमती कृष्णा देवी (बहेरा दक्षिण)
जयनारायण झा 'विनीत' (बहेरा, उत्तर)
नरेन्द्रनाथ दास (बहेडा, उत्तर पूर्व)
गजेन्द्र नारायण सिंह (सिंधिया)
जानकी नन्दन सिंह (मधेपुर)
श्रीमती जनक किशोर देवी (हरलाखी)
कुंवर महाबल (जयनगर)
शकूर अहमद (खजौली)
देव नारायण यादव (लादनिया)
हरिनाथ मिश्र (मधुबनी)
रामकृष्ण महतो (मधुबनी सरक्षित परिगणित जाति)
कपिलेश्वर शास्त्री (झझरपुर)
जोगेश्वर घोष (लौकहा)
काशीनाथ मिश्र (फुलपरास)
श्रीकृष्ण सिन्हा (खडगपुर)
बासुकीनाथ राय (तारापुर)
योगेन्द्र महतो (जमालपुर कस्बा)
निरापद मुखर्जी (मुगेर कस्बा)
राजेश्वरी प्रसाद सिंह (सूरजगढ लखीसराय)
भागवतप्रसाद (सूरजगढ लखीसराय, सरक्षित परिगणित जाति)
चन्द्रशेखर सिंह (झाझा)
दुर्गा मडल (लक्ष्मीपुर, जमुई)
गुरू चमार (लक्ष्मीपुर, जमुई, सरक्षित परिगणित जाति)
कृष्ण मोहन प्यारे सिंह (बरबीघा)
शाह मुश्ताक साहिब (शेखपुरा सिकन्दरा)
रघुनन्दन प्रसाद (शेखपुरा सिकन्दरा सरक्षित परिगणित जाति)
राम नारायण चौधरी (बरियारपुर)
मिट्ठन चौधरी (बछवारा)
रामचरित्र सिंह (तेघरा)
मुहम्मद इलियास (बेगूसराय उत्तर)
सरयूप्रसाद सिंह (बेगूसराय दक्षिण)
शिव व्रत नारायण सिंह (बखरी)
ब्रह्मदेव नारायण सिंह (बलिया)
द्वारिकाप्रसाद (खगड़िया)
जियालाल मण्डल (बख्तियारपुर—चौथम)

मिश्री मुशर (बख्तियारपुर—चौथम, सरक्षित परिगणित जाति)
घनश्यामसिंह (गोगरी)
त्रिवेणीकुमार (परबट्टा)
कामताप्रसाद गुप्त (निर्मली)
खूबलाल महतो (प्रतापगज)
लहटन चौधरी (सुपौल)
बिन्देश्वरी प्रसाद मण्डल (त्रिवेणीगज मधेपुर)
भोली सरदार (त्रिवेणीगज मधेपुर, सरक्षित परिगणित जाति)
रमेश झा (धरहार)
उपेन्द्र नारायण सिंह (सबदर बाजार सोनवर्सा)
जोगेश्वर हाजरा (सबदर बाजार सोनवर्सा सरक्षित परिगणित जाति)
शिवनन्दन प्रसाद मण्डल (मुरलीगज)
कमलेश्वरी प्रसाद यादव (किशुनगज)
3. विकास, कानून और न्याय . . . गोपीनाथ अमन

वित्त (हजार रुपयो में)

| बजट के आकडे | आय | व्यय | बचत (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1952-53 (संशोधित) . | 36,253 | 36,253 | — |
| 1953-54 (बजट) . | 42,563 | 42,563 | — |

**शिक्षा**

1953-54 के बजट में शिक्षा के लिये 1,29,77,000 रुपये रखे गये। स्कूलो की इमारतों की कमी के कारण दिल्ली के कई स्कूलों में दो बार क्लास लगाने का प्रबन्ध किया गया और इस तरह 40,000 अतिरिक्त विद्यार्थियों की शिक्षा का प्रबन्ध किया गया। हरिजन विद्यार्थियों को दसवी श्रेणी तक मुफ्त शिक्षा दी जाती है। राज्य मे 3 से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिये 10 नए नर्सरी स्कूल खोलने का निश्चय किया गया है। अनिवार्य शिक्षा के लिये एक मसविदा आजकल विचाराधीन है। देहाती हलको मे 6 से 11 वर्ष तक की आयु के विद्यार्थियो को शिक्षा देने के लिये लगभग 300 बेसिक स्कूल खोले गये हैं। अलीपुर में एक जनता कालेज की स्थापना की गई है जो शहर से 12 मील दूर है। कला और साहित्य को प्रोत्साहन देने का भी प्रयत्न किया गया। इस कार्य के लिय संगीत के साज आदि पुरस्कार में बाटे गये।

**खाद्यान्न तथा कृषि**

1953-54 मे 'अधिक अन्न उपजाओ' आन्दोलन के लिये 8,55,000 रुपये रखे गये हैं। गत वर्ष 600 नए कुएं खोदे गये थे तथा 16 ट्यूबवैल और 400 रहट लगाए गए थे। इन कार्यों के द्वारा 11,000 एकड़ नई भूमि को सिचाई योग्य बना लिया गया। किसानों को 8 लाख रुपये तकावी के रूप मे बाटे गये और 22,020 रुपये की लगान मे छूट दी गई। इस के अतिरिक्त किसानो को 6 लाख मन खाद भी बांटा गया। इन साधनों से 22,500 मन अधिक अनाज उत्पन्न होने की आशा है। राज्य की ग्राम सम्बन्धी उन्नति के लिये अन्य भी कितने ही काम किये जा रहे हैं, उदाहरण के लिये 52 गावों में 40,998 एकड भूमि का संगृहीतिकरण किया गया। खेती-बाड़ी के औज़ारो को भी राज्य ही में बनाने का प्रबन्ध किया गया है। दिल्ली भर को दूध और अण्डे पहुंचाने के लिये योजना बनाई गई है। राज्य में पशुओं की उन्नति के लिये भी स्कीमें बनाई जा रही है। एक मछली विभाग भी बनाया गया है।

राज्य के विकास विभाग के प्रयत्न से दिल्ली के गांवों के निवासियों तथा राष्ट्रीय कैडिट कोरों ने स्वेच्छापूर्वक शारीरिक श्रम दान किया। इस श्रमदान द्वारा देहाती हलकों में 38 मील नालियों की सफाई की गई और उन का पुनरुद्धार किया गया। ज़मींदारी सम्बन्धी कानून में आवश्यक परिवर्तन किया जा रहा है और उन में वे सिद्धान्त बरते जा रहे हैं, जो अन्य राज्यों के ज़मीदारी-निरोध कानून में बरते गये हैं।

**व्यवसाय**

छोटे पैमाने के व्यवसायों की उन्नति के लिये व्यावसायिक सलाह बोर्ड ने अनेक स्कीमें बनाई हैं। इस उद्देश्य से राज्य की भूमि, जल और शक्ति के साधनों की जांच-पड़ताल की गई है। सामूहिक विकास योजना कार्यक्रम के अन्तर्गत खादी आदि कुछ व्यवसायों का विशेष विकास करने का प्रयत्न किया जा रहा है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

1952-53 मे इरविन अस्पताल में 48 बिस्तरे बढाए गए। इसी तरह तपेदिक के अस्पताल मे 18 ओर संक्रामक बीमारियो के अस्पताल मे 24 बिस्तरों की सख्या बढाई गई। लाजपत नगर, मालवीय नगर, तिलक नगर और काल्काजी मे 16-16 नए बिस्तरों के 4 अस्पताल खोले गये। झीलकुरंजा में एक औषधालय खोला गया और सब्जीमंडी तथा करोलबाग क्षेत्र में 6 स्वास्थ्य केन्द्र। राज्य भर में हैज़ा, चेचक आदि के निरोध के लिये सफलतापूर्वक टीके लगाये गये। बी० सी० जी० आन्दोलन को खूब सफलतापूर्वक चलाया गया। राज्य की सरकार को मलेरिया के नियंत्रण करने के कार्य में असाधारण सफलता प्राप्त हुई, यह इस बात से स्पष्ट होगा कि 1933 में दिल्ली में प्रति 1,000 व्यक्तियों के पीछे 180 व्यक्ति मलेरिया से बीमार हुआ करते थे, 1952 में यह सख्या घट कर 2.1 रह गई। गावों में भी इस सम्बन्ध में असाधारण सफलता प्राप्त हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में 3,700 पौंड डी० डी० टी० छिडका गया। हैजा आदि पर पूर्ण नियंत्रण रखा जा सका। राज्य की विधान सभा आजकल एक नर्सिंग होम बिल पर विचार कर रही है।

## दिल्ली विधान सभा

**अध्यक्ष** गुरमुख निहालसिंह

हरीचन्द (अजमेरी गेट)
मंगलदास (आर्यपुरा)
सुलतान यार खां (बल्लीमारां)
युद्धवीरसिंह (चांदनी चौक)
नुरुद्दीन एहमद (चावड़ी बाजार)
करतारसिंह (चित्रगुप्त)
हुकुमसिंह (चन्द्रावल)
श्रीमती कृष्णा सेठी (सिविल लाइन्स)
गुरमुख निहालसिंह (दरियागंज)
राघवेन्द्रसिंह (दिल्ली छावनी)
श्यामचरण (डिपुटीगंज)
हाथीसिंह (इशापुर)
गिरधारीलाल सलवान (झण्डेवाला)
भूपसिंह (कंझावला)
भगवानदास (कश्मीरी गेट)
जंगबहादुर सिंह (किंग्सवे कैम्प)
जगप्रवेश चन्द्र (किशनगंज, आनन्द पर्वत)
श्रीमती शान्ता वशिष्ठ (कोटला, फीरोज़शाह)
मुश्ताक एहमद (कूचा चेलां)
शिवनन्दन ऋषी (लोदी रोड)

आनन्द राज (मालीवाड़ा)
बी० डी० जोशी (मानकपुरा)
मुश्ताक राय खन्ना (मन्टोला)
सुख देव (मेहरौली)
मित्तरसैन (मेहरौली, संरक्षित परिगणित जाति)
दिलावर सिंह (नाईवालां)
ब्रह्मप्रकाश (नांगलोई)
मांगेराम (नरेला)
प्रभुदयाल (नरेला, सरक्षित परिगणित जाति)
अजीतसिंह (नजफगढ़)
चिन्तामणि (शाहदरा)
शिवनाथ (पहाड़ी धीरज--बस्ती जुलाहा, संरक्षित परिगणित जाति)
खुशालेश्वरप्रसाद शंकरा (पार्लियामेंट स्ट्रीट)
हरकिशनलाल भगत (फाटक हबश खान)
श्रीमती पुष्पादेवी (पुराना किला-विनय नगर)
शंकरलाल (राम नगर)
प्रफुल्ल रंजन चक्रवर्ती (रीडिंग रोड)
अमीचन्द (रीडिंग रोड, संरक्षित परिगणित जाति)
श्रीमती सुशीला नैयर (रैगरपुरा-देवनगर)
दयाराम (रैगरपुरा-देवनगर, संरक्षित परिगणित जाति)
कंवरलाल गुप्त (रोशनारा)
दलजीतसिंह (सफदर जंग)
हेमचन्द जैन (पहाडी धीरज—बस्ती जुलाहान)
शिवचरण दास (सीताराम बाजार-तुर्कमान गेट)
सुदर्शनसिंह (सीताराम बाजार-तुर्कमान गेट, संरक्षित परिगणित जाति)
रामसिंह (तिब्बिया कालेज)
गोपीनाथ अमन (टोकरीवाला)
फतेहसिंह (वजीराबाद)

## हिमाचल प्रदेश

**का० मों०** एम० एस० हिम्मतसिहजी

**मंत्री**

1. मुख्य मन्त्री, साधारण व्यवस्था, वित्त और लगान . यशवन्तसिह परमार
2. शिक्षा, पुलिस, जेल, विकास, व्यवसाय और नागरिक पूर्ति . . . . . पद्म देव
3. सार्वजनिक कार्य, स्वास्थ्य, यातायात तथा स्थानीय स्वराज्य . . . गौरीप्रसाद

15 अप्रैल 1948 को पंजाब की 30 छोटी-छोटी पहाड़ी रियासतों को मिला कर हिमाचल प्रदेश की स्थापना की गई। 26 जनवरी 1950 को कोटगढ और कोटखाई का छोटा-सा भाग इस राज्य मे मिला दिया गया।

वित्त (हजार रुपयो में)

| बजट के आकडे | आय | व्यय | बचत या (+) घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1952-53 (सशोधित) . . | 23,969 | 23,694 | +275 |
| 1953-54 (बजट) . . | 26,683 | 26,596 | +87 |

**शिक्षा**

1952-53 मे हिमाचल प्रदेश में दो माध्यमिक स्कूलो को हाई स्कूल बना दिया गया और 11 प्रारम्भिक तथा 21 छोटे स्तर के माध्यमिक स्कूलो को माध्यमिक स्कूल बना दिया गया। इन के अतिरिक्त 36 नए प्रारम्भिक स्कूल खोले गये थे। पंचवर्षीय आयोजना के अन्तर्गत प्रथम वर्षों

मे 145 नए माध्यमिक स्कूल खोले गये थे। वयस्क लोगो मे शिक्षा के प्रचार के लिये सामाजिक शिक्षा की एक योजना तैयार की गई है, जिस के द्वारा राज्य के अध्यापक और विद्यार्थी साक्षरता प्रसार का कार्य करेगे ।

**खाद्यान्न तथा कृषि**

'अधिक अन्न उपजाओ' आन्दोलन के अन्तर्गत राज्य सरकार ने अच्छे बीजो के 4 फार्म खोले है। राज्य मे अच्छे फलों के वृक्ष बोने के लिये आवश्यक सलाह दी जाती है। गत वर्ष 19,100 फलो के वृक्ष लगाये गये और 1,438 वृक्षो मे कलमे लगाई गई। आलुओ की किस्म अच्छी बनाने के लिये आवश्यक परीक्षा की गई। राज्य की सरकार ने काश्मीर सरकार को 5,000 मन गेहू दिया और केन्द्रीय सरकार को 10,000 मन मक्का। किसानों की भलाई की दृष्टि से राज्य की सरकार ने 1952 मे दो आवश्यक कानून पास किये। लगान के सम्बन्ध मे छानबीन करने के लिये एक कमेटी भी नियुक्त की गई। मछली व्यवसाय के विकास, नियत्रण और सचालन के लिये आवश्यक नियम बनाये गये है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

महासू जिले के स्नोडन अस्पताल को राज्य की सरकार ने अपने हाथ मे ले लिया है और उस का नाम हिमाचल प्रदेश अस्पताल रख दिया गया है। 34,000 रुपये की लागत से वहा एक नया एक्सरे प्लाट लगाया गया है। इसी के साथ एक परिवार नियत्रण केन्द्र तथा एक दांतों का क्लिनिक भी खोले गये है। मंडी मे 35,000 रुपयों के व्यय से एक नया मैटरनिटी वार्ड खोला गया है। चम्बा मे भी एक जच्चागृह खोला गया है। इन के अतिरिक्त 12 नए आयुर्वेदिक औषधालय खोलने का भी प्रस्ताव है।

राज्य मे लैंगिक बीमारियो की रोकथाम के लिये प्रयत्न किया जा रहा है। महासू जिले मे एक तपेदिक अस्पताल खोला जा रहा है और सामूहिक विकास योजना क्षेत्र मे मलेरिया नियत्रण का उपाय किया गया है।

## हिमाचल प्रदेश विधान सभा

**अध्यक्ष : जयवन्त राम**

सरजूसिह (भामला)
जयवन्तराम (भटियात)
गुरदित्तामल (भरमौर)
कृष्णचन्द्र (चच्योट)
पीरू (चच्योट, संरक्षित)
अवतारचन्द मेहता (चौराह)
विद्याधर (चौराह, संरक्षित)
चत्तरसिंह (चम्बा)
गोपालचन्द्र (चीनी)
बालानन्द (जुब्बल)
बेसरराम (योगेन्द्र नगर)
जीवनूराम (पछाद, संरक्षित)
शिवानन्द (पाओन्टा)
दौलतराम (पांगी)
पद्मदेव (रोड़ू)
घनश्याम (राजगढ)
हरदयालसिंह (रामपुर)
भगतराम (रामपुर, संरक्षित)
गौरीप्रसाद (रवालसर)
सूरतसिंह (रेणुका)
प्रतापसिंह (रेणुका, संरक्षित)
हीरासिंह पाल (सोलन)

हितेन्द्र सेन (कसुम्पटि)
रामदयाल (कुमारसैन)
रत्नसिह (करसोग)
करमसिह (महादेव)
कृष्णानन्द स्वामी (मण्डी सदर)
तपेन्द्रसिह (नाहन)
यशवन्तसिह परमार (पछाद)
रामदास (सोलन, संरक्षित)
सीताराम (सुनी)
बलदेवचन्द (सुन्दरनगर)
कश्मीरसिह (सन्धौल)
हरिसिह (सन्धौल, सरक्षित)
देवीराम (ठयोग)
जीवनू (ठयोग, संरक्षित)

## कच्छ

**चीफ कमिश्नर** एस० ए० घाटगे

1 जून 1948 को कच्छ भारत यूनियन मे सम्मिलित हुआ।

**वित्त**

1953-54 का बजट इस प्रकार है —

| | |
|---|---|
| आय | 37,48,000 रु० |
| व्यय | 1,57,59,000 ,, |
| घाटा | 1,20,11,000 ,, |

**शिक्षा**

कच्छ मे कुल 8 हाई स्कूल है, जिन मे विद्यार्थियो की सख्या 2,600 है। इस के अतिरिक्त वहा 13 माध्यमिक स्कूल 355 लडको के प्रारम्भिक स्कूल, और 135 लडकियो के प्रारम्भिक स्कूल है। वहा एक आर्ट्स स्कूल, एक अध विद्यालय, एक कृषि स्कूल, और लगभग 40 प्रौढ शिक्षा केन्द्र है। राज्य मे विद्यार्थियो की कुल सख्या 53,000 है। 1953 मे एक इटर कालेज खोला गया।

**खाद्यान्न तथा कृषि**

कच्छ म मख्यत बाजरा, गेहूं, जौ और रूई पैदा होती है। सिचाई के साधनो का अच्छा विकास किया गया है और इस कार्य के लिये वहा 46 तालाब है, जिन से 75,000 एकड भूमि की सिचाई होती है। पचवर्षीय आयोजना के अनसार 11 नए बाध बनाने का निश्चय किया गया है, जिन मे से 6 का निर्माण हो गया है और बाकी का निर्माण जारी है। इन बाधो के द्वारा 67,000 एकड नई भूमि की सिचाई हो सकेगी।

**व्यवसाय**

राज्य में बहुत ऊचे दर्जे की मिट्टी, पत्थर का चूना, लिगनाइट, सगमरमर तथा फिटकरी आदि पाई जाती है। साथ ही कच्छ अपने सुन्दर कसीदे तथा चादी पर पच्चीकारी के कार्य के लिए प्रसिद्ध है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

राज्य की सरकार की ओर से 6 अस्पताल, 15 औषधालय और 2 जच्चागृह चलाए जा रहे हैं। इन के अतिरिक्त राज्य में 7 व्यक्तिगत अस्पताल तथा 31 अन्य औषधालय भी हैं। पंचवर्षीय आयोजना के अनुसार भुज में एक अस्पताल, मांडवी मे आंखों का एक अस्पताल, भुज

में एक मानसिक रोगो का अस्पताल तथा तपेदिक क्लिनिक और 5 चल-औषधालय जारी किये जायेगे। मलेरिया की रोकथाम, विटामिन की गोलियो का वितरण तथा बच्चों के लिये दूध और फलों के केन्द्र खोलने के निमित्त 10,00,000 रुपये रखे गये है।

## कच्छ निर्वाचन मण्डल

नानालाल रामचन्द (आडेसर)
माणेकलाल नेणसी (आदौई)
पुरुषोत्तम सामजी (अन्जार)
हेतुभा रम्वाजी (मचाऊ)
खिमजी जेव्वत (भद्रेश्वर)
जमियतराय गुलाबशकर (भुज)
मगनलाल वेलजी (भुजपर)
शिवजी हरसी (विडडा)
सरूपचन्द न्यालचन्द (फतेहगढ)
गोविन्दजी मावजी (गठसीसा)
दुगरसी पुरुषोत्तम लोहाणा (गान्धीधाम)
हिरजी भाई रणछोडदास कोटक (केरा)
वकील मूलशकर कुवरजी (खावडा)
वानेचन्द घरमसी (किडीयानगर)
करसन दास हीरजी (कोडारा)
मावजी रामजी जोशी (लायजा मोटा)
मोतीलाल लक्ष्मण जैन (लाकडिया)
खराशंकर जटाशंकर जोशी (लखपत)
प्रेमजी भवानजी ठकर (माघापर)
हरीराम नथुभाई कोठारी (माडवी)
मनहरलाल मावजी कायस्थ (मानकुवा)
शिवलाल अमरजी गरनारा (मस्का)
कुमारजी जेडीसिहजी (मादाला)
वाघजी भाई केशवजी राजपूत (मुन्दरा)
नथु नानजी (नखत्राणा)
विशनजी कान्जी लोहाना (नलिया)
जुगतराम दलपतराम ब्राह्मण (नेतरा)
जादवजी मानसग लोहाना (रापर)
शिवुभा मोरजी जाडेजा (रतनाल)
मनसुख खिमकरण बारोट (रोहा, सुमरी)

## मणिपुर

**चीफ कमिश्नर** — आर० पी० भार्गव

15 अक्तूबर 1949 को भारत सरकार ने मणिपुर का शासन अपने हाथ में लिया था। उस से पहले यह आसाम के अन्तर्गत एक छोटी सी रियासत थी।

**वित्त**

1953-54 का बजट इस प्रकार है —

| | रुपये |
|---|---|
| आय | 34,66,000 |
| व्यय | 1,08,44,000 |
| घाटा | 73,78,000 |

**शिक्षा**

मणिपुर में एक सरकारी कालेज है, 22 हाई स्कूल, 65 माध्यमिक स्कूल तथा 687 प्रारम्भिक स्कूल है। इन सब मे कुल मिला कर 46,096 विद्यार्थी है।

**खाद्यान्न तथा कृषि**

'अधिक अन्न उपजाओ' आन्दोलन के अन्तर्गत किसानो को अच्छे किस्म के बीज बाटे जा रहे है तथा राज्य की सम्पूर्ण भूमि पर खेती वाड़ी करने का प्रयत्न किया जा रहा है। समुसग

सुरक्षित क्षेत्र, जिस में 2,500 एकड़ भूमि है, का परिमापन पूरा कर लिया गया है। अन्य दो बड़े क्षेत्रों का परिमापन जारी है। लूशीपत और खारुंगपत में से नहरे काट कर उन का पानी निकालने का प्रस्ताव है।

**व्यवसाय**

राज्य के प्रमुख गृहव्यवसाय निम्नलिखित है—करघा, साबुन बनाना, तरखानी, रेशम, चमड़ा तथा रस निकालना। वस्त्र व्यवसाय को उन्नति के लिये गावो मे अच्छे ढग के करघे आदि उधार दिये जा रहे है। राज्य मे विदेशी रेशम के कीडो के पालन का प्रबन्ध भी किया जा रहा है। मणिपुर का बना कपडा अपने सौन्दर्य के लिये देश भर मे प्रसिद्ध है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

मणिपुर मे कुल 15 अस्पताल है, जिन मे से एक तपेदिक का अस्पताल है और एक कोढ का। इन के अतिरिक्त जो 12 अस्पताल है, उन मे से 3 चल है।

## मनीपुर निर्वाचन मण्डल

अथुइबाऊ (आइमोल)
माइरेन्बम् कोइरगसिंह (विशेपुर—मोइराग)
सीरोंखाइब चौरजीतसिंह (चरागपात—खोमजोक)
सुमखोहेन (चुराचान्दपुर)
एलागबम् नदों सिंह (हिगागलम—सुगनु)
तखेल्लम्बम् इबोतोम्बी सिंह (इरिगबुग—याइरिपोक—तोप—चिगथा)
सिनाम विजय सिह (जीरी)
पुखम्बम् तोमचौ सिह (कक्चिग०वागजिग)
युमनाम मेघसिंह (कैशामथोंग)
श्रीमती विनोदिनी देवी (खुराई)
निगथौजम थोंगलेन सिंह (कुम्बीथाग)
तोम्बा मिया (लमलाई—कैराओ)
अलीमुद्दीन (लिलोंग)
दासो थोइसो (माओ—पूर्व)
हेपुनी कैखो (माओ—पश्चिम)
लाइश्रम गिरिमोहन सिंह (नम्बोल—कैनौ)
जरेम (फसात)
सलाम तोम्बी सिंह (सगोलबन्द)
आर० के० अङसिगा सिंह (सगोलमाग)
सोराम छत्रधारी सिंह (सलाम—खुम्बोग—कौन्थौजम)
ख्वाइराकपम् चाउबासिंह (सेकमाइ—लमशाग)
कैबेन (तमेंगलोग)
आत्नम अनल (तेंगनौपल)
खुमा (थानलौन)
एल० चाओयाइमा सिंह (थौबाल—चन्द्रखोंग)
सुइसा (उखुल)
हिदगमयुम् द्विजमणि शर्मा (उरिपोक—ललाम्बुग—थांगमैबन्द)
लाइश्रम अचौसिह (वाखै—कौगबा)
निंगथौजम् तोमचौसिह (वांगोइ—मयाग—इम्फाल)

## त्रिपुरा

**चीफ कमिश्नर** वी० आई० ननजप्पा

15 अक्तूबर 1949 को त्रिपुरा केन्द्रीय शासन के अन्तर्गत आया।

**शिक्षा**

1952-53 के बजट मे 4,36,800 रुपये कालेज शिक्षा के लिये तथा 4,86,000 रुपये प्रारम्भिक तथा प्रौढ शिक्षा के लिये रखे गये। 70 व्यक्तिगत सस्थाओ को 35,160 रुपये सहायता

के रूप में दिये गये। किसानों तथा आदिवासियों में शिक्षा प्रसार करने के लिये एक-एक अध्यापक वाले 80 निम्न प्रारम्भिक स्कूल खोले गये और दो-दो अध्यापकों वाले 10 उच्च प्रारम्भिक स्कूल। इन पर 50,000 रुपये व्यय किये गये।

**खाद्यान्न तथा कृषि**

गत वर्ष 300 टन खाद तैयार किया गया और 200 टन बाटा गया। सरकारी कृषि फार्म की ओर से चावल, गन्ना, मक्का आदि के श्रेष्ट कोटि के बीज बाटे गये। अगरतल्ला का $2\frac{1}{2}$ वर्ग मील का क्षेत्र, राज्य मे 'केन्द्र ग्राम' बनाने के उद्देश्य से चुना गया। मछली व्यवसाय के विकास की ओर भी ध्यान दिया गया।

**व्यवसाय**

आयोजना कमीशन की ओर से त्रिपुरा मे छोटे व्यवसायो के विकास के लिये 2 लाख रुपये स्वीकृत हुए हैं।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

अगरतल्ला के वी० एम० अस्पताल मे एक मेटरनिटी वार्ड खोला गया है, तथा ग्रामीण क्षेत्रो के लिये 7 औषधालय जारी किये गये हैं। राज्य के अस्पताल मे शिक्षित नर्सें और दाइया रखी गई हैं और जच्चा तथा शिशु कल्याण केन्द्र भी खोले गये हैं। गत वर्ष बी० सी० जी० के टीक लगाये गये तथा मलेरिया के सम्बन्ध में जांच पड़ताल की गई।

## त्रिपुरा निर्वाचन मण्डल

हेमन्तदेव (अगरतला सदर 1)
अतिकुल इसलाम (अगरतला सदर 2)
सुदानचन्द्र देब बर्मा (अगरतला सदर 3)
नन्दलाल चक्रवर्ती (अगरतला कस्वा 1)
उमेशलाल सिंह (अगरतला कस्वा 2)
जोएनल आबेदिन (बेलोनिया)
गारूमिया (वीरगंज)
आफताबदीन (विशालगढ़)
अघोरचन्द्र देव वर्मा (चारीलाम)
करुणचन्द्र नाथ (धर्म नगर—उत्तर)
अब्दुल वाजीद (धर्मनगर—दक्षिण)
प्यारी मोहन जग (घुम्बुर नगर)
गोकुलचन्द्र सिंह (फटिकराय)
अब्दुल लतीफ (कैलाशहर)
रामचरण (कल्याणपुर—दक्षिण)
गणसिंह (कमलपुर)
माधवचन्द्र मास्टर (कांचनपुर)
सतीश चक्रवर्ती (खोवाई आशारामबाडी)
श्रीमती कीर्णमाला देवी (खोआई कल्याणपुर)
कृष्णमणि त्रिपुरा (कुलाइनोर)
बसरतउल्ला (कुर्ती)
प्रमोदरजन दासगुप्त (मोहनपुर)
क्षेत्रमोहन मजूमदार (मुहुरीपुर)
सिराजुल इस्माइल (पुराना अगरतला)
इरशाद अली (राधाकिशोरपुर)
वंशीदेव बर्मा (सब्रूम)
मणीन्द्रकिशोर चौधरी (सालगढ)
काला मिया (सोनामुरा—उत्तर)
कृष्णचन्द्र देव बर्मन (सोनारपुरा—दक्षिण)
बीरचन्द्र देव बर्मा (ताकरजल)

## विन्ध्यप्रदेश

**लेफ्टिनेंट गवर्नर** के० सन्तानम

**मंत्री**

1. मुख्यमंत्री तथा साधारण शासन वित्त और लगान . शम्भुनाथ शुक्ल
2. शिक्षा तथा सामाजिक सेवाएं . . . महेन्द्रकुमार मानव

3. गृह तथा स्थानीय स्वराज्य . . . लालाराम बाजपेयी
4. योजना तथा न्याय . . . . गोपाल शरण सिंह
5. व्यवसाय तथा नागरिक पूर्ति . . . दान बहादुर सिंह

पुरानी छोटी छोटी 36 रियासतों को मिला कर 1 जनवरी 1950 को विन्ध्यप्रदेश राज्य बनाया गया ।

**वित्त** (हजार रुपयों में)

| बजट के आकडे | श्राय | व्यय | बचत (+) या घाटा (—) |
|---|---|---|---|
| 1952-53 (सशोधित) . . | 3,18,30 | 3,07,93 | +10,37 |
| 1953-54 (बजट) . . | 4,39,60 | 4,39,40 | +20 |

**शिक्षा**

1952-53 में विन्ध्यप्रदेश में 150 नए प्रारम्भिक स्कूल खोले गये और इस तरह उन की संख्या 1,858 हो गई। इन स्कूलो मे कुल 67,059 विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त कर रहे है। गत वर्ष 15 प्रारम्भिक स्कूलो को माध्यमिक स्कूल बना दिया गया और 7 माध्यमिक स्कूलो को हाई स्कूल। अनिवार्य शिक्षा के सम्बन्ध मे राज्य की सरकार ने एक कानून पास किया है। व्यावसायिक टैक्निकल तथा धधो की शिक्षा देने के लिए नौगाव मे एक पौलिटैक्नीक सस्था खोली गई है श्रौर रीवा मे एक नई कृषि सस्था। इस के अतिरिक्त प्रत्येक जिले मे 8 बेसिक स्कूल खोले गये है। टीकमगढ जिले के कुण्डेश्वर नामक स्थान पर एक बेसिक ट्रेनिग स्कूल खोला गया है।

**खाद्यान्न तथा कृषि**

'अधिक अन्न उपजाओ' योजना के अन्तर्गत राज्य में 214 टन वैज्ञानिक खाद, 2,526 टन साधारण खाद, 1,000 मन गेहू, 1,680 मन आलू, 85 मन चावल और 380 मन अन्य प्रकार के बीज किसानो को बाटे गये। सिचाई की योजनाश्रो के अन्तर्गत 60 कुए खोदे गये और एक तालाब बनाया गया। इन से 1,180 एकड़ भूमि की सिचाई की गई। 10 लाख रुपये तकावी के रूप मे बांटे गये और चावल की कृषि मे जापानी ढग को लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न किया गया।

**व्यवसाय**

1953 मे रीवा मे एक राजकीय एम्पोरियम की स्थापना की गई तथा टैक्निकल इन्स्टीच्यूट के तरखानी विभाग का विकास किया गया। पचवर्षीय आयोजना के अनुसार विन्ध्यप्रदेश मे छोटे व्यवसायो के विकास पर 6 लाख रुपये व्यय किये जायेगे।

गत वर्ष टीकमगढ मे ताड गुड व्यवसाय जारी करने की योजना तथा सतना में हड्डियो से खाद बनाने की एक फैक्टरी बनाने की योजना स्वीकार हुई।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

गत वर्ष 4 नए जच्चा और शिशु कल्याण केन्द्र खोलने का निश्चय किया गया, जिन मे से रीवां और नौगाव मे दो केन्द्र जारी भी कर दिये गये। लैगिक बीमारियों तथा कोढ़ की रोकथाम

के लिये राज्य में 4 क्लिनिक खोले जा रहे है। छतरपुर जिले में बी० सी० जी० आन्दोलन बहुत सफलतापूर्वक चलाया गया।

## विन्ध्यप्रदेश विधान सभा

अध्यक्ष : शिवानन्द (सतना, जिला सतना)

शत्रुसूदन सिंह (धरापुर)
ब्रजराज सिंह तिवारी (गुढ़)
श्रीनिवास तिवारी (मनगा)
मुनीप्रसाद शुक्ल (रेवा)
सरदार नर्मदाप्रसाद सिह (सिरमौर)
बकुठप्रसाद पाण्डेम (सेमरिया)
राणा शमशेरसिह (गढी)
राजेश्वरप्रसाद मिश्र (तियन्थर)
कुवर सोमेश्वरसिह (मउनगज, नई गढी)
सहदेइया (परिगणितजाति मउनगंज नई गढी)
भुवनेश्वर प्रसाद उर्फ ईश्वराचार्य (हनुमान)
कौशलेन्द्र प्रताप बहादुर सिह (कोठी)
रामाधार पाण्डेय (अमदरा)
चन्दा दीन (परिगणित जाति नागौद)
गोपालशरण सिह (नगोद)
कर्नल बलवन्तसिह (रामनगर)
केशवप्रसाद (मुकन्दपुर)
लालविहारीसिह (अमरपटान)
गोविन्दनारायण सिह (रामपुर बघेतान)
रामसजीवन (सभापुर)
भाईलाल (कनपुरी)
जगतबहादुर सिंह (चुरहट)
चन्द्रप्रताप तिवारी (सीधी, मडवास)
दाढी (परिगणित वन जाति, मडवास)
श्यामकार्त्तिक (सिगरौली निवास)
श्रीमती सुमित्री (परिगणित जनजाति, सिंग रौली निवास,)
जगदीशप्रसाद खरे (देवसर)
शम्भुनाथ शुक्ल (अमरपुर)
दानबहादुर सिह (पुष्पराजगढ)
रामप्रसाद सिह (परिगणित जन जाति पुष्पराज गढ)
बाबूलाल उदानिया (जैतपुर कोतमा)
रतन सिह (परिगणित जन जाति, जैतपुर कोतमा)
लाल राजेन्द्रबहादुर सिह (सोहागपुर)
सरस्वतीप्रसाद पटेल (बुढार)
लाल आदित्यनाथ सिह (उमरिया)
बाबादीन (परिगणित जाति, ब्योहारी)

रामकिशोर शुक्ल (ब्यौहारी)
नरेन्द्रसिह (पवई)
भरा (परिगणित जनजाति पवई)
लाल मुहम्मद (अजयगढ)
सरजूप्रसाद चदपुरिया (पन्ना)
रघुनाथसिह (बन्दला)
महेन्द्र कुमार मानव (लौडी)
गोकुलप्रसाद (राजनगर)
दशरथजैन (छतरपुर)
बिरवा (परिगणत जाति, छत्रपुर)
दीवान प्रतापसिह (बिजावर)
प्यारेलाल (परिगणित जाति, बिजावर)
रिक्त (मलहरा)
रिक्त (सेवढा)
रिक्त (परिगणित जाति, सेवढा)
कृष्णकान्त राय (टीकमगढ)
रिल्ली चमार (प० जा०, टीकमगढ,)
ठाकुरदास मिश्र (चन्दपुर)
सेठ नारायणदास (जतरा)
लालाराम वाजपेयी (निवारी)
रघुराज सिंह (लिधौरा)
श्यामलाल साहू (पृथ्वीपुर)

# भाग 'घ' के प्रदेश

## अन्दमान तथा नीकोबार द्वीपसमूह

**चीफ कमिश्नर** एम० एन० मैत्रा

**खाद्यान्न तथा कृषि**

1952-53 में कुल 5,599 एकड भूमि पर चावल बोया गया। सरकारी परीक्षण फार्म में चावल की 16 किस्मे पैदा की गई। परीक्षण के तौर पर गन्ना, अरहर, रूई, रागी, और चना आदि भी बोये गये। मार्च 1953 मे एक कृषि तथा व्यावसायिक प्रदर्शनी संगठित की गई, जिस मे किसानो को पुरस्कार बांटे गये। अन्दमान मे एक सहायक मछली अनुसन्धान अफसर, मछली व्यवसाय के विभिन्न उपायो के सम्बन्ध मे अनुसन्धान कार्य कर रहा है।

**व्यवसाय**

अन्दमान मे दो बड़े कारखाने है। एक चैथम आरा मिल तथा दूसरा दियासलाई फैक्टरी। करघो मे बने माल की उन्नति के लिए एक करघा सोसाइटी कार्य कर रही है। कारनिकोबार द्वीप मे सहयोगी ढग पर खोपरा तेल व्यवसाय को विकसित करने का प्रस्ताव विचाराधीन है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य**

कारनिकोबार के नए अस्पताल का निर्माण कार्य समाप्तप्राय है। माया बन्दर मे 20 बिस्तरो का एक नया अस्पताल खोला गया है। नीकोबार द्वीपो मे लैंगिक बीमारियो की रोकथाम के लिये चिकित्सको का एक दल भेजने का प्रस्ताव है तथा रगट मे एक अस्पताल खोला जा रहा है। इन द्वीपो की सब से भयकर बीमारी मलेरिया है, अत उस की रोकथाम के लिये भरसक प्रयत्न किया जा रहा है। गत वर्ष स्कूलो मे पढने वाले बच्चो की स्वास्थ्य परीक्षा की गई और जिन्हे आवश्यकता थी, उन का इलाज किया गया।

## सिक्किम

5 दिसम्बर 1950 की सधि के अनुसार सिक्किम भारत सरकार का सुरक्षित राज्य है। राज्य की रक्षा, वैदेशिक सम्बन्ध तथा यातायात और सवादवहन के सम्बन्ध मे भारत का विशेष उत्तरदायित्व है।

# अठाईसवां अध्याय

# खेल

## हाकी

1928 से भारत का स्थान हाकी की दृष्टि से संसार में सर्वश्रेष्ठ है। तब से अब तक जितने ओलम्पिक खेल हुए है, उन सब में भारत हाकी में प्रथम आता रहा है। 1952 में हैलसिकी में भी भारत हाकी मे सर्वप्रथम आया और उसने अन्तिम सान्मुख्य में हालैंड को 6 के मुकाबले में 1 गोल से हराया था।

**राष्ट्रीय हाकी प्रतियोगिता** (जून 1953)

सर्विसेज टीम ने पजाब को एक गोल से हराया।

पुराने विजयी : बंगाल (1952) पंजाब (1951)।

**आगाखान टूर्नामेंट** (अप्रेल 1953)

लूसिटैनियन्ज ने टाटा स्पोर्ट्स क्लब को एक गोल से हराया।

पुराने विजयी : टाटा स्पोर्ट्स क्लब (1950 से 1952)।

**बेटन कप टूर्नामेंट** (मई 1953)

टाटा स्पोर्ट्स क्लब ने नागपुर यूनाइटेड को कलकत्ता मे 2 गोलो के मुकाबले मे 1 से हराया।

पुराने विजयी मोहन बागान (1952)
हिन्दुस्तान एयर क्राफ्ट (1951)

## फुटबाल

**सन्तोष मेमोरियल ट्राफ़ी** (1953)

बंगाल ने मैसूर को 3 गोलों से हराया। बंगाल ने सातवी बार यह ट्राफी जीती।

पुराने विजयी : मैसूर (1952)
बंगाल (1951)

**आई० ए० एफ० शील्ड** (1953)

बम्बई की इंडिया कल्चर लीग तथा ईस्ट बगाल मे दो दिन मैच हुआ, फिर भी कोई निश्चय नही हो पाया। तब इडिया कल्चर लीग की शिकायत पर ईस्ट बगाल को खेल से हटा दिया गया, क्योकि उन के ो खिलाडी अनियमित रूप से खेल मे शामिल थे। इसलि े यह शील्ड इंडिया लीग को दी गई।

पुराने विजयी : मोहन बागान और राजस्थान (1952)
पूर्वी बंगाल (1951)

**रोवर्स कप** (**अक्तूबर** 1953)

बगलौर मुस्लिम को 2 गोलों से हरा कर हैदराबाद पुलिस ने चौथी बार यह कप जीता। यह सान्मुख्य 61 वर्षों से जारी है ।

**डूराण्ड कप** (**अक्तूबर-नवम्बर** 1953)

नेशनल डिफेन्स अकादमी को मोहनबागान ने 4 गोलो से हरा कर यह कप जीता।

पुराने विजयी : पूर्वी (बगाल 1951 और 52)

## क्रिकेट

रंजी ट्राफी (मार्च 1953)

होल्कर ने पश्चिमी बगाल को पहली पारी मे अधिक रन बनाने के कारण हरा दिया। स्कोर यह रहे —

| | | |
|---|---|---|
| होल्कर | पहली पारी | 496 (बी० बी० निम्बालकर 219) |
| | दूसरी ,, | 9 विकटो पर 177 रन |
| पश्चिमी बगाल | पहली पारी | 479 |
| | दूसरी ,, | 5 विकटो पर 320 रन (पारी समाप्ति घोषणा) |

पिछले विजेता .

| वर्ष | विजेता | पराजित |
|---|---|---|
| 1934-35 . . . . | बम्बई | उत्तरी भारत |
| 1935-36 . . . . | बम्बई | मद्रास |
| 1936-37 . . . . | नवानगर | बगाल |
| 1937-38 . . . . | हैदराबाद | नवानगर |
| 1938-39 . . . . | बगाल | दक्षिणी पजाब |
| 1939-40 . . . . | महाराट्र | उत्तर प्रदेश |
| 1940-41 . . . . | महाराष्ट्र | मद्रास |
| 1941-42 . . . . | बम्बई | मैसूर |
| 1942-43 . . . . | बडौदा | हैदराबाद |
| 1943-44 . . . . | पश्चिमी भारत | बगाल |
| 1944-45 . . . . | बम्बई | होल्कर |
| 1945-46 . . . . | होल्कर | बडौदा |
| 1946-47 . . . . | बडौदा | होल्कर |
| 1947-48 . . . . | होल्कर | बम्बई |
| 1948-49 . . | बम्बई | बडौदा |

| | | |
|---|---|---|
| 1949-50 . . . | बडौदा | होल्कर |
| 1950-51 . . . . | होल्कर | गुजरात |
| 1951-52 . . . . | बम्बई | होल्कर |

## वेस्ट इंडीज़ मे भारतीय क्रिकेट टीम (1953)

**पोर्ट आफ़ स्पेन में पहला टेस्ट**

मैच अनिर्णीत सिद्ध हुआ :

| | | |
|---|---|---|
| भारत | पहली पारी | . 417 (उमरीगर, 130) |
| | दूसरी ,, | 294 (उमरीगर 69 · फाडकर 65) |
| वेस्ट इडीज | पहली पारी | 438 (वीक्स 207; गुप्ते 162 रनो पर 7 विकटे) |
| | दूसरी ,, | . 142 कोई आउट नही । |

**ब्रिजटाउन मे दूसरा टैस्ट**

वेस्ट इडीज ने 142 रनो से मैच जीत लिया ·

| | | |
|---|---|---|
| वेस्ट इडीज | पहली पारी | . 296 (वालकौट, 98) |
| | दूसरी ,, | . 228 |
| भारत | पहली पारी | . 253 (आप्टे 64, हजारे 63) |
| | दूसरी ,, | . 129 (रामाधीन 26 रनो पर 5 विकटे) |

**ट्रिनिडाड मे तीसरा टैस्ट**

मैच अनिर्णीत सिद्ध हुआ ·

| | | |
|---|---|---|
| भारत | पहली पारी | . 279 (रामचन्द 62, उमरीगर 61, किग 74 रनो पर 5 विकटे) |
| | दूसरी ,, | . 7 विकटो पर 362 रन (पारी समाप्ति घोषित) (आप्टे 163 रन, आउट नही हुए; मनकद 96 रन) |
| वेस्ट इडीज | पहली पारी | . 315 (वीक्स 161, गुप्ते 107 रनो पर 5 विकटे) |
| | दूसरी ,, | . 2 विकटो पर 192 रन, (लेगाल 104, आउट नही हुए) |

**जार्ज टाउन में चौथा टैस्ट**

मैच अनिर्णीत सिद्ध हुआ

| | | |
|---|---|---|
| भारत | पहली पारी | . 262 |
| | दूसरी ,, | . 5 विकटो पर 190 रन |
| वेस्ट इडीज | पहली पारी | . 364 (वालकौट 125) |

**किंगस्टन में पांचवां टैस्ट**

मैच अनिर्णीत सिद्ध हुआ:

| | | |
|---|---|---|
| भारत | पहली पारी | . 312 (उमरीगर 117, राय 85) |
| | दूसरी ,, | ,, 444 (राय 150, मंजरेकर 118) |

वेस्ट इंडीज पहली पारी . 576 (वोरेल 237, वाल्कौट 118, वीक्स 109)
दूसरी „ . 4 विकटों पर 92 रन

## पिछले टैस्ट मैच

भारत बनाम आस्ट्रेलिया (1947-48)

| | |
|---|---|
| आस्ट्रेलिया ने जीते | 4 |
| भारत ने जीते | 0 |
| अनिर्णीत | 1 |
| कुल | 5 |

भारत बनाम वेस्ट इंडीज (1948-49)

| | |
|---|---|
| भारत ने जीते | 0 |
| वेस्ट इंडीज़ ने जीते— | 1 |
| अनिर्णीत | 4 |
| कुल | 5 |

भारत बनाम इंगलैंड

| वर्ष | खेले हुए मैचों की संख्या | जीते | हारे | अनिर्णीत |
|---|---|---|---|---|
| 1932 | 1 | 0 | 1 | 0 |
| 1933-34 | 3 | 0 | 2 | 1 |
| 1936 | 3 | 0 | 2 | 1 |
| 1946 | 3 | 0 | 1 | 2 |
| 1951-52 | 5 | 1 | 1 | 3 |
| 1952 | 4 | 0 | 3 | 1 |
| | 19 | 1 | 10 | 8 |

## रिकार्ड

| अधिक से अधिक कुल संख्या | टीम | वर्ष |
|---|---|---|
| 38 विकटों पर 2,376 रन | महाराष्ट्र बनाम बम्बई | 1948-49 |
| 40 विकटों पर 2,078 रन | बम्बई बनाम होल्कर | 1944-45 |

**सब से अधिक रन बनाने वाला जोड़ा**

वी० एस० हज़ारे (288) और गुल मुहम्मद (319) ने 577 रन बनाकर विश्व-रिकार्ड स्थापित किया। यह रिकार्ड उन्हों ने 1946-47 में बड़ौदा की ओर से होल्कर के विरुद्ध खेलते हुए चौथी विकट के पार्टनरशिप में स्थापित किया था।

1948-49 मे पूना में बी० बी० निम्बालकर और के० वी० भन्डारकर ने महाराष्ट्र की ओर से पश्चिमी भारतीय राज्य (वेस्टर्न इंडिया स्टेट्स) के विरुद्ध दूसरी विकेट पार्टनरशिप में खेलते हुए 455 रन बनाये ।

* * * * * *

1930 मे के० एस० दिलीपसिह जी ने होव मे ससेक्स की ओर से नार्थम्पटन शायर के विरुद्ध खेलते हुए 333 रन बनाये थे ।

* * * * * *

के० एस० दिलीपसिह जी ने ब्रिटेन मे 1931 मे एक के बाद एक लगातार 4 शतक बनाये ।

* * * * * *

भारत का सब से अधिक रन बनान का रिकार्ड 8 विकटों पर 912 रन (पारी समाप्ति घोषणा) होल्कर ने इन्दौर मे 1945-46 में होल्कर बनाम मैसूर के मैच मे स्थापित किया ।

## भारत में रजतजयन्ती 1953-54

प्रथम टैस्ट (दिल्ली)

भारत एक पारी और 15 रन से जीता :

भारत : पहली पारी . 387 (जी० एस० रामचन्द 119, वी० एल० मन्जरेकर 86)

एस० जी० ओ० सी० टीम :

पहली पारी . 198 (सिम्पसन 57, गुप्ते 91 रनो पर 8 विकटे)

दूसरी ,, . 174 (सिम्पसन 59, वोरेल 54, गुलाम एहमद 52 रन पर 6 विकटे, गुप्ते 82 रनो पर 4 विकटे)

द्वितीय टैस्ट (बम्बई)

मैच अनिर्णीत सिद्ध हुआ :

एस० जी० ओ० सी० टीम :

पहली पारी . 6 विकटो पर 504 रन (पारी समाप्ति घोषणा) (सिम्पसन 121, बैरिक 102, आउट नही हुए; मार्शल 90)

भारत : पहली पारी . 153 (उमरीगर 83)

दूसरी ,, . 5 विकटों पर 447 रन (मनकद 154, गडकारी 102, आउट नही हुए)

तृतीय टैस्ट (कलकत्ता)

एस० जी० ओ० सी० टीम 6 विकटों से मैच जीत गई :

भारत : पहली पारी . 238 (उमरीगर 112, आउट नही हुए)

दूसरी ,, . 190 (रामचन्द 111, इवर्सन न 47 रनो पर 6 विकटे हासिल की)

एस० जे० ओ० सी० टीम :

पहली पारी . 245 (गुप्ते 95 रनों पर 6 विकटे, मियूलमान 75)
दूसरी „ . 4 विकटो पर 187 रन (मार्शल 88, आउट नही हुए)

## टेनिस

**राष्ट्रीय लॉन टेनिस सर्व-विजय प्रतियोगिता (चैम्पियनशिप)** (दिसम्बर 1953-54)

पुरुष अकेले

आर० कृष्णन ने स्ट्रेट सेट 6-2, 6-3, 7-5 पर आस्ट्रेलिया के जे० आर्किनस्टाल को हरा कर टाईटल प्राप्त किया।

पिछले विजेता : सुमन्त मिश्र

पुरुष जोडे

जे० आर्किनस्टाल और इफ्तिखार एहमद ने नरेश कुमार और नरेन्द्रनाथ को 3-6, 5-7, 8-6, 7-5, 6-3 पर हराया ,

मिले-जले जोडे

इफ्तिखार एहमद और मिस पी० शेख अपने प्रतिद्वदी जोडे नरेन्द्रनाथ और मिस थापर के न खेलने के कारण जीत गये।

स्त्रियां अकेली

कुमारी रीता डावर ने कुमारी थापर को 0-6, 6-2, 6-2 पर हराया।

## टेबल-टेनिस

**राष्ट्रीय सर्वविजयी प्रतियोगिता (चैम्पियनशिप) (दिसंबर 1953)**

पुरुष अकेले

बम्बई के एस० ठाकरसे ने मद्रास के टी० तिरुवेन्गादम को हरा कर ओपन-सिन्गल्ज टाईटल प्राप्त किया 25-23, 21-13, 15-21, 21-19।

पिछले विजेता . के० जयन्त (1950), टी० तिरुवेन्गादम (1951), के० जयन्त (1952)।

पुरुष जोड़े

बम्बई के यू० एम० चन्दराना और डी० पी० सोमाया ने बगाल के एम० बनर्जी और आर० भडारी को हराया, 22-20, 18-21, 21-12, 22-24, 21-18।

स्त्रियां अकेली

कुमारी सुलताना ने श्रीमती सी० के० के० पिल्ले को हराया, 21-12, 21-16, 21-11।

पिछली विजेता : कुमारी सुलताना (1951 और 1952)।

मिले-जुले जोड़े

कुमारी सुलताना और भंडारी ने श्रीमती राजगोपालन और चन्दराना को हराया 21-16, 21-13, 21-13 ।

**अन्तर्राज्यीय सर्वविजयी प्रतियोगिता (चैम्पियनशिप) (दिसम्बर 1953)**

बम्बई ने बगाल को पाच मैचों मे हरा कर चेम्पियनशिप को जीत लिया ।

हैदराबाद ने पिछले विजेता बम्बई को तीन मैचो मे हरा कर स्त्रियो के जयलक्ष्मी कप को जीत लिया ।

## राष्ट्रीय खेल-कूद (फरवरी 1953)

खेलों का आयोजन जबलपुर में हुआ । सेना (सर्विसिज) ने चेम्पियनशिप को 121.5 प्वाइट्स प्राप्त कर के जीत लिया । पेप्सू 30 प्वाइट्स प्राप्त कर द्वितीय रहा और बम्बई 23 प्वाइट्स प्राप्त कर तृतीय रहा ।

इन खेलो मे 7 नये अखिल-भारतीय रेकार्ड स्थापित किये गये ।

### पुरुषो के खेल

100 मीटर दौड़
1 लेवी पिन्टो (बम्बई)
2 सती घोष (बिहार)
3 बलवन्तसिह (सेना)
समय 10 8 सेकन्ड

200 मीटर दौड
1 लेवी पिन्टो (बम्बई)
2 सती घोष (बिहार)
3 कृपालसिह (पजाब)
समय 21 8 सेकन्ड (नया रिकार्ड)

400 मीटर दौड
1 ईवान जैकब (मद्रास)
2 बलवन्तसिह (पेप्सू)
3. अप्परसिह (सेना)
समय : 49 6 सेकन्ड (नया रिकार्ड)

800 मीटर दौड
1. सोहनसिह (सेना)
2 कुलवन्तसिह (सेना)
3. भगवानसिह (दिल्ली)
समय 1 मिनट 55 2 सेकन्ड (नया रिकार्ड)

1,500 मीटर दौड
1. कुलवन्तसिह (सेना)
2 नीकासिह (सेना)
3 रणजीतराम (दिल्ली)
समय . 4 मिनट 42 सेकन्ड

3,000 मीटर स्टीपलचेज दौड
1 डालूराम (सेना)
2 इन्दरसिह (सेना)
3. गुलजारासिह (पेप्सू)
समय 9 मिनट 33 4 सेकन्ड

5,000 मीटर दौड
1. डालूराम (सेना)
2. करनालसिह (सेना)
3. गुरबचनसिह (सेना)
समय : 15 मिनट 31 5 सेकन्ड

10,000 मीटर दौड़
1. धनसिह (सेना)
2. बूलासिह (सेना)
3. रौनकसिह (पेप्सू)
समय · 32 मिनट 45 8 सेकन्ड

### चलना

10,000 मीटर चलना

1. हरनायकसिंह (सेना)
2. अमरीकसिंह (पंजाब)
3 नत्थाराव (राजस्थान)

समय : 55 मिनट 2 सेकन्ड

50 किलोमीटर चलना

1. बी० दास (बंगाल)
2. भागसिंह (पंजाब)
3 लालसिंह (पेप्सू)
4 एच० रोज (बंगाल)
5 इन्दरजीत सिंह (दिल्ली)

समय 5 घंटे, 32 मिनट 24 1 सेकन्ड

मैराथन दौड 26 (मील)

1. छोटासिंह (पेप्सू)
2 सुर्जनसिंह (पेप्सू)
3 सुरतसिंह (दिल्ली)

समय 2 घंटे, 33 मिनट 21 4 सेकन्ड

110 मीटर बाधा दौड

1 गुरुदुर्रसिंह (सेना)
2 हरिश्वरसिंह (सेना)
3 अजमेरसिंह (पंजाब)

समय 15 6 सेकन्ड

400 मीटर बाधा दौड

1 जोगिन्दरसिंह (सेना)
2 प्रीतमसिंह (सेना)
3. दर्शनसिंह (पंजाब)

समय : 55 6 सेकन्ड

4,100 मीटर रिले दौड

1. बम्बई
2 दिल्ली
3. मद्रास
4. पेप्सू

समय · 44 2 सेकन्ड

4,400 मीटर रिले दौड

1. सेना
2. पेप्सू
3 मद्रास

समय · 3 मिनट 23 9 सेकन्ड (नया रिकार्ड)

दौड कर ऊंची कूद

1. अजीतसिंह (पंजाब)
2 के० चटर्जी (बंगाल)
3 दयालसिंह (सेना)

ऊंचाई 6 फीट 3 5 इंच

दौड कर लांघना

1 केहरसिंह (सेना)
2 भागसिंह (सेना)
3 कृपालसिंह (पंजाब)

फासला 22 फीट 7 75 इंच

भार फेंकना

1 लक्ष्मीप्रसाद (सेना)
2 कृष्णसिंह (पेप्सू)
3 बीघीराम (सेना)

फासला 142 फीट 1 इंच

डिस्क फेंकना

1 बख्शीश सिंह (पंजाब)
2 माखन सिंह (सेना)
3 ईशर सिंह (पेप्सू)

फासला . 131 फीट 1.25 इंच

जैवेलिन फेंक

1 सुरतसिंह (सेना)
2 राजगोपालन् (दिल्ली)
3 गोविन्दराम (दिल्ली)

फासला · 176 फीट

डिकैथलन्

1. गुरनामसिंह (पेप्सू) 4,367 प्वाइंट
2. एम० कौड्स (बम्बई) 4,345 "
3. एन० के० दास (उड़ीसा) 4,302"

उछलना, कदम लेना और कूदना

1. केहरसिंह (सेना)
2. सुदर्शनसिंह (सेना)
3. दर्शनसिंह (पजाब)

फासला : 46 फीट 10 इच

गोला फेकना

1. परदुमनसिंह (सेना)
2. मोहिन्दरसिंह (सेना)
3. ईशरसिंह (पेप्सू)

फासला : 44 फीट 10 इंच

बांस से कूदना

1. जार्ज (सेना)
2. भगवानसिंह (सेना)
3. पी० वासवन (तिरुवाकुर-कोचीन)

ऊंचाई : 11 फीट 11 इच

## स्त्रियों के खेल

100 मीटर

1. मेरी डी० सूजा (बम्बई)
2. ए० काचातूर (बंगाल)
3. जोन टैलिस (बम्बई)

समय : 13 सेकन्ड

200 मीटर

1. मेरी डी० सूजा (बम्बई)
2. ए० काचातूर (बगाल)
3. स्टिफी डी० सूजा (बम्बई)

समय : 26.4 सेकन्ड

4,00 मीटर रिले

1. बम्बई
2. बंगाल
3. मध्यप्रदेश

समय : 52.5 सेकन्ड

80 मीटर बाधा दौड

1. मेरी ड़ी० सूजा (बम्बई)
2. मेरी सीमोज (बम्बई)
3. नीलिमा घोष (बंगाल)

समय : 12.7 सेकन्ड (नया रिकार्ड)

दौड कर ऊंचा कूदना

1. मेरी सीमोज (बम्बई)
2. पी० वसु (मध्य प्रदेश)
3. सी० ओडी (मध्य प्रदेश)

ऊंचाई : 4 फीट 2 34 इच

दौड़ कर दूर लाघना

1. स्टिफी डी० सूजा (बम्बई)
2. लूसी पाल (तिरुवाकुर-कोचीन)
3. मेरी कैस्टेलीन (बम्बई)

फ़ासला : 13 फीट 3 5 इच

गोला फेंकना

1. आर० थौर्नबर (बम्बई)
2. ए० मसावजी (मध्य प्रदेश)
3. एस० थामस (तिरुवाकुर-कोचीन)

फासला 29 फीट 3.25 इच

डिस्क्स फेकना

1. पी० प्राउडफुट (बम्बई)
2. ए० मजाओ (मध्यप्रदेश)
3. सी० भिडे (बम्बई)

फ़ासला : 90 फ़ीट 0.5 इंच

# उन्तीसवां अध्या

## 1953 की घटनाओं की सूची

### जनवरी

**तारीख**

1 भोपाल मे अखिल भारतीय हिन्दू महासभा का अधिवेशन समाप्त हुआ ।

2 नई दिल्ली मे रेडियोलौजी की 7वी भारतीय काग्रेस का अधिवेशन प्रारम्भ हुआ ।

5 नई दिल्ली में गाधीवाद पर अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार का उद्घाटन हुआ ।

5 इलाहाबाद मे अखिल भारतीय संगीत सम्मेलन का प्रारम्भ ।

6 डाक्टर सैफुद्दीन किचलू को स्टालिन शाति पुरस्कार दिया गया ।

7 रंगून में एशियन सोशलिस्टो का सम्मेलन प्रारम्भ हुआ ।

12 दिल्ली मे राजकुमारी अमृतकौर ने वल्लभभाई पटेल चैस्ट इन्स्टीच्यूट का उद्घाटन किया ।

13 बम्बई के निकट प्रधान मत्री ने अम्बरनाथ मशीन टूल फैक्टरी का उद्घाटन किया । जनरल के० एम० करिअप्पा ने भारत के कमान्डर-इन-चीफ के पद से अवकाश ग्रहण किया ।

14 डाक्टर राधाकृष्णन ने कराएकुडी मे केन्द्रीय विद्युत रासायनिक अनुसंधान सस्था का उद्घाटन किया ।

14 हैदराबाद के नानलनगर मे अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी का अधिवेशन प्रारम्भ हुआ ।

15 जनरल राजेद्रसिंह जी भारत के कमान्डर-इन-चीफ नियुक्त हुए ।

16 अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी की विषय समिति ने पचवर्षीय आयोजना को स्वीकार किया ।

17 नानलनगर मे श्री जवाहरलाल नेहरू ने अखिल भारतीय काग्रेस के सम्मुख अध्यक्ष पद से अपना भाषण दिया ।

17 डाक्टर राजेन्द्रप्रसाद ने गाधियन सेमीनार के सम्मुख भाषण दिया ।

17 अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी ने राज्यो के पुनस्संगठन के सम्बन्ध मे प्रस्ताव स्वीकार किया ।

18 नानलनगर मे अखिल भारतीय काग्रेस का अधिवेशन समाप्त हुआ ।

19 भारत से काबुल के हवाई मार्ग के सम्बन्ध में भारत और पाकिस्तान में समझौता हुआ ।

19 डाक और तार विभाग के कर्मचारियों के सम्बन्ध मे विशेषज्ञो की रिपोर्ट को भारत सरकार ने स्वीकार किया ।

20 श्री जवाहरलाल नेहरू ने हैदराबाद मे शारीरिक शिक्षा अकादमी का उद्घाटन किया ।

24 तिरुवांकुर-कोचीन में मछली व्यवसाय का विकास करने के लिये भारत ने संयुक्त राष्ट्र संघ तथा नार्वे के साथ समझौता किया ।



13 M of I & B.

तारीख

28 भारत और वेस्ट इण्डीज के बीच पहला टैस्ट मैच बिना किसी निर्णय के समाप्त हुआ।

29 नई दिल्ली मे राष्ट्रपति ने भारतीय राष्ट्रीय नृत्य-नाटक और सगीत अकादमी का उद्घाटन किया।

29 न्यायाधीश वाचू ने आंध्र के सम्बन्ध मे अपनी जाच समाप्त कर ली।

29 पाकिस्तान ने किसी भी दशा मे युद्ध न करने की घोषणा के सम्बन्ध मे भारत के प्रधान मंत्री का प्रस्ताव अस्वीकृत कर दिया।

30 उडीसा हाईकोर्ट ने उडीसा राज्य इस्टेट कानून को वैध घोषित किया।

31 भारत और इन्डोनेशिया के बीच व्यापारिक सम्बन्ध स्थापित हुए।

## फ़रवरी

2 दिल्ली में प्रधान मत्री ने अखिल भारतीय खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड का उद्घाटन किया।

2 भारत और पाकिस्तान मे पासपोर्ट पद्धति मे उदारता से काम लेने का समझौता हुआ।

6 श्री सी० सी० देसाई लका मे भारत के हाई कमिश्नर नियुक्त हुए।

6 भारतीय इलैक्शन कमीशन ने कांग्रेस, प्रजासोशलिस्ट, कम्युनिस्ट तथा जनसंघ को अखिल भारतीय पार्टियों के रूप में स्वीकार किया।

10 इंग्लैंड के मजदूर नेता श्री एनुरिन बेवन नई दिल्ली मे आये।

10 भारत के रक्षा मत्री श्री एन० गोपालास्वामी का मद्रास मे देहान्त हो गया।

11 राष्ट्रपति ने पार्लियामेंट के बजट अधिवेशन का उद्घाटन किया।

12 दूसरे टेस्ट मैंच में वैस्ट इण्डीज टीम भारत से 142 रनों द्वारा जीत गई।

19 आस्ट्रेलियन प्रेस डेलीगेशन भारत की तीन सप्ताह की यात्रा पर कलकत्ता पहुंचा।

21 प्रधान मत्री ने तल्लैया बांध और बोकारो बिजली स्टेशन का उद्घाटन किया।

21 श्री सुकुमार सेन सूडान के निर्वाचन कमीशन में नियुक्त हुए।

27 भारत के वित्त मंत्री ने पार्लियामेंट में नया बजट पेश किया।

28 मद्रास मे डाक्टर टी० विजयाराघवाचार्य का देहान्त हुआ।

## मार्च

1 श्री ज्ञानसिंह राड़ेवाला ने पेप्सू के मुख्य मंत्रित्व से त्यागपत्र दे दिया।

5 बिहार के चांडिल नामक ग्राम में भूदान यज्ञ के प्रमुख कार्यकर्ता आचार्य विनोबा भावे से विचार विमर्श के निमित्त मिले।

7 नई दिल्ली में प्रधान मंत्री ने भारतीय रेलवे शताब्दी प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

8 टर्की का पार्लियामेंट प्रतिनिधि मंडल नई दिल्ली पहुंचा।

10 बम्बई में सुप्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रो० के० टी० शाह का देहान्त हुआ।

11 श्री चन्द्रीकेश्वर प्रसाद नारायण सिंह पंजाब के राज्यपाल नियक्त हुए।

16 श्री महावीर त्यागी प्रतिरक्षा सगठन के मंत्री नियुक्त हुए।

17 पार्लियामेंट में प्रधान मंत्री ने भारत में विदेशी पाकेटों के विरुद्ध घोषणा की।

तारीख

24 होल्कर टीम रणजी ट्राफ़ी जीत गई ।

25 प्रधान मंत्री ने घोषणा की कि पहली अक्तूबर को आंध्र राज्य का निर्माण किया जायेगा ।

28 संवादवहन के मंत्री ने घोषणा की कि 31 मार्च, 1954 तक भारत के प्रत्येक गांव में, जिसकी आबादी 2,000 से ऊपर है, एक डाकखाना अवश्य खोला जायेगा ।

30 भारत और बर्मा के प्रधान मंत्रियों ने एक साथ आसाम और बर्मा के आदिवासी क्षेत्रों का दौरा किया ।

31 डाक्टर ग्राहम ने काश्मीर के सम्बन्ध में अपनी रिपोर्ट संयुक्त राष्ट्र संघ को पेश की ।

## अप्रैल

1 बर्न में भारत के राजदूत श्री आसफअली का देहान्त हुआ ।

1 भारतीय वायु सेना ने अपनी 20वीं वर्षगाठ मनाई ।

8 श्री वालचन्द हीराचन्द का देहान्त हुआ ।

9 पार्लियामेंट ने खादी बिल पास किया ।

12 भारत के शिक्षा मंत्री ने रुड़की में केन्द्रीय निर्माण अनुसन्धान शाला का उद्घाटन किया ।

18 लोकसभा ने वित्त बिल पास किया ।

19 भारतीय रेलवे कार्यकर्ताओं के दो मुख्य संगठन मिल कर एक हो गये और इस संगठन का नाम भारतीय रेलवे कार्यकर्ताओं का राष्ट्रीय फेडरेशन रखा गया ।

28 प्रधान मंत्री ने यह घोषणा की कि भाषा के आधार पर राज्य बनाने के प्रश्न पर विचार करने के लिये एक कमीशन नियुक्त किया जायेगा ।

30 जनरल करिअप्पा आस्ट्रेलिया में भारत के कमिश्नर नियुक्त हुए ।

## मई

2 प्रधान मंत्री ने यह घोषणा की कि युद्ध होने की स्थिति में भारत किसी गुट का साथ नहीं देगा ।

3 डमडम हवाई अड्डे से 25 मील दूर बी० ओ० ए० सी० का कोमेट विमान टूटा ।

4 भारत में अमेरिका के नये राजदूत श्री जार्ज एलेन ने राष्ट्रपति के सन्मुख अपने कागज़ पेश किये ।

11 डाक्टर श्यामाप्रसाद मुकर्जी काश्मीर में अनियमित प्रवेश के आधार पर लखीमपुर में गिरफ्तार किये गये ।

15 प्रधान मंत्री ने सर चर्चिल के बड़े राष्ट्रों की कांफ्रेंस के प्रस्ताव का समर्थन किया ।

20 अमेरिका के सैक्रेटरी आफ स्टेट मि० जान फोस्टर डलेस नई दिल्ली पहुंचे ।

20 भारत सरकार ने शरणार्थियों को मुआवजा देने की एक नई स्कीम की घोषणा की ।

28 प्रधान मंत्री महारानी एलिज़ाबेथ के राज्याभिषेक में सम्मिलित होने के लिये दिल्ली से लंदन को रवाना हुए ।

29 शेरपा तेनसिंह नोरकी तथा एडमण्ड हिलैरी मानव जाति के इतिहास में पहली बार संसार के सर्वोच्च शिखर एवरेस्ट पर पहुंचे ।

तारीख

30 भारत सरकार का 75 करोड का कर्ज पूर्ण रूप से बिक गया।

31 त्रिवेन्द्रम मे आइ० एफ० डब्ल्यू० जे० का दूसरा वार्षिक अधिवेशन समाप्त हुआ।

## जून

2 लदन मे महारानी एलिजाबेथ द्वितीय का राज्याभिषेक हुआ।

4 कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय ने श्री जवाहरलाल नेहरू को डाक्टर ऑफ ला की मानर्नाय पदवी दी।

5 मद्रास विधान सभा के आध्र सदस्यो ने बहुमत से यह निश्चय किया कि करनूल को आध्र की राजधानी बनाया जाय।

10 लिस्बन भारतीय दूतावास बन्द कर दिया गया।

12 भारत ने यह स्वीकार कर लिया कि वह कोरिया के युद्धबन्दी कमीशन का सदस्य बनेगा।

23 श्रीनगर के अस्पताल मे डा० श्यामाप्रसाद मुकर्जी का देहान्त हुआ।

23 काहिरा मे भारत के प्रधानमत्री जनरल नजीब और श्री मोहम्मद अली से मिले।

23 रूस के राजदूत श्री आई० ए० बैनेडिक्टोव नई दिल्ली पहुचे।

## जुलाई

1 तुगभद्रा के जलभंडार से सिचाई के लिये पानी छोड़ा गया।

2 श्री वेकटारमन् शास्त्री का देहान्त हो गया।

3 प्रधान मंत्री ने यह अपील की कि प्रजा परिषद् आन्दोलन समाप्त कर दिया जाय।

7 अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी ने यह सुझाव दिया कि पचवर्षीय आयोजना मे बेकारी की समस्या सुलझाने पर विशेष बल दिया जाय।

7 जम्मू में प्रजा परिषद् आन्दोलन समाप्त कर दिया गया।

8 काहिरा मे भारत और मिस्त्र के बीच व्यापारिक सधि हुई।

10 भारत सरकार ने कपड़ा और सूत की कीमतो और वितरण पर से कन्ट्रोल उठा लिया।

13 फारवर्ड ब्लाक प्रजा सोशलिस्ट पार्टी में सम्मिलित हो गया।

17 डाक्टर बी० वी० केसकर ने यह अपील की कि भारतीय शास्त्रीय संगीत का पुनरुद्धार किया जाय।

25 भारत के प्रधान मंत्री कराची मे पाकिस्तान के प्रधान मंत्री से मिले।

27 मद्रास विधान सभा ने आध्र राज्य बिल पास कर दिया।

## अगस्त

1 स्टेट एअर कारपोरेशन का उद्घाटन किया गया।

4 पाकिस्तान के नये हाई कमिश्नर श्री गज़नफरअली खा नई दिल्ली मे पहुंचे।

9 सदरे रियासत ने शेख मोहम्मद अब्दुल्ला को पदच्युत कर दिया।

9 बख्शी गुलाम मोहम्मद जम्मू और काश्मीर के नये प्रधान मंत्री नियुक्त हुए।

9 शेख अब्दुल्ला नजरबन्द कर लिये गये।

तारीख

10 गृह मंत्री ने यह घोषणा की कि पेप्सू मे 1954 मे आम चुनाव होगे ।

15 देश भर मे स्वाधीनता दिवस धूमधाम से मनाया गया ।

16 गोदावरी मे बहुत बड़ी बाढ आई ।

20 दिल्ली मे पाकिस्तान और भारत के प्रधानमंत्रियो ने सम्मिलित रूप से यह निश्चय किया कि अप्रैल 1954 के अन्त तक जम्मू और काश्मीर के लिये प्लैबिसिट एडमिनिस्ट्रेटर (लोक-सम्मति व्यवस्थापक) को नियुक्त कर दिया जायगा ।

## सितम्बर

1 भारतीय कस्टोडियन फोर्स का पहला दस्ता कोरिया पहुचा ।

1 प्रजा सोशलिस्ट नेता श्री अशोक मेहता पारडी सत्याग्रह के सम्बन्ध मे गिरफ्तार हुए ।

3 श्री सैयद जफर इमाम बिहार हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश नियुक्त हुए ।

4 मैसूर सरकार ने निश्चय किया कि भविष्य मे $16\frac{2}{3}$ सरकारी नौकरिया परिगणित जातियो और आदिवासियो को दी जायेगी ।

8 फिलिपाइन सरकार ने भारतीयो के आने पर से पाबन्दी हटा ली ।

14 भारत सरकार ने दक्षिणी अफ्रीका मे भारतीय परिवारो का प्रवेश न होने देने की नीति का विरोध किया ।

15 श्रीमती विजयलक्ष्मी पडित सयुक्त राष्ट्र सघ की जनरल असेम्बली के 8वे अधिवेशन की प्रधान चुनी गई ।

18 नई दिल्ली मे राज्यो के सूचना मत्रियो की दो दिन की काफ्रेस प्रारम्भ हुई ।

23 तिरुवाकुर-कोचीन विधान सभा मे सरकार के प्रति विश्वास का प्रस्ताव गिर गया और राज्य की विधान सभा भग कर दी गई । यह घोषणा की गई कि अगले निर्वाचन तक श्री ए० जे० जोन का मत्रिमडल काम चलाता रहेगा ।

25 बिहार मे देवगढ का वैद्यनाथ मदिर हिन्दूमात्र के लिये खोल दिया गया ।

## अक्तूबर

1 आध्र राज्य का उद्घाटन हुआ और टी० प्रकाशम उसके प्रथम मुख्य मत्री नियुक्त हुए ।

1 श्री चन्दूलाल एम० त्रिवेदी ने आध्र राज्य के राज्यपाल पद की शपथ ग्रहण की ।

3 मद्रास मे डा० अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर का देहान्त हुआ ।

4 कलकत्ता मे वर्क्स, हाउसिंग और सप्लाई के उपमंत्री श्री एस० एन० बरगोहन का देहान्त हुआ ।

4 भारत सयुक्त राष्ट्र संघ की ट्रस्टीशिप कौसिल का सदस्य चुना गया ।

7 राष्ट्रपति ने पजाब की नई राजधानी चडीगढ का उद्घाटन किया ।

9 बम्बई मे राष्ट्रपति ने नौसेना की प्रथम रिव्यू देखी ।

14 इस्टेट ड्यूटी एक्ट जारी हुआ ।

14 विश्व बैंक ने भारत को 50 करोड पौड दामोदर वैली कारपोरेशन तथा लोहे के कार्यों के लिये उधार दिया ।

तारीख

15 भारत सरकार ने मैसूर सरकार को लक्कावल्ली कार्य के लिये 3 करोड़ रुपये , कर्ज जारी करने की अनुमति दी।

15 कोरिया में युद्ध बन्दियों का एक्स्प्लेनेशन प्रारम्भ हुआ।

22 भारत सरकार ने निश्चय किया कि भारतीय राजाओं की व्यक्तिगत आय पर आय-कर लगाया जाय।

29 उत्तर पूर्वी सरहद की अबोर पहाड़ियों पर कुछ आदिवासियों ने सरकारी कार्यकर्ताओं और फौज के व्यक्तियों की एक टुकड़ी पर आक्रमण किया।

30 'ख' भाग के राज्यों के सम्बन्ध में गाडगिल कमेटी ने अपनी रिपोर्ट पेश की।

## नवम्बर

1 नई दिल्ली में राष्ट्रपति ने भारतीय तार शताब्दी प्रदर्शिनी का उद्घाटन किया।

9 विशाखापटनम में भारत के उत्पादन मंत्री ने जलपुत्र नामक 1,000 टन के जहाज का जल प्रवेश किया।

11 रांची में राष्ट्रपति ने दूसरी अखिल भारतीय आदिवासी कल्याण कांफ्रेस का उद्घाटन किया।

15 प्रधान मंत्री ने पाकिस्तान और अमेरिका के बीच हो रही इस बातचीत के सम्बन्ध में गहरी चिन्ता प्रकट की कि अमेरिका पाकिस्तान को सैनिक सहायता देगा।

17 नई दिल्ली में भारत के मुख्य न्यायाधीशों की दो दिनों की कान्फ्रेन्स समाप्त हुई।

21 पाकिस्तान ने भारत के 20 रोके हुए इंजन वापिस किये।

24 जनरल थिमैया न इस सम्बन्ध में रिपोर्ट की कि उनके मिशन का कार्य कितना कठिन है।

30 ज्यूरिच में श्री बी० एन० राव का देहान्त हो गया।

0 अमेरिका के उपराष्ट्रपति श्री रिचर्ड निक्सन नई दिल्ली पहुंचे।

लोकसभा ने व्यावसायिक कलह बिल पास किया।

## दिसम्बर

2 भारत और रूस के बीच पंचवर्षीय व्यापारिक संधि हुई।

3 भारत के योजना मंत्री ने यह घोषणा की कि पंचवर्षीय आयोजना पर 150 से लेकर 170 करोड़ रुपये तक अधिक व्यय आयेगा।

11 प्रधान मंत्री ने घोषणा की कि प्रस्तावित पाकिस्तान और अमेरिकन सैनिक संधि का प्रभाव सम्पूर्ण दक्षिण-पूर्वी एशिया की शांति को भंग कर देगा। क्योंकि वह इस क्षेत्र के शक्ति संतुलन को तोड़ देगा।

15 यह घोषणा की गई कि मार्च 1954 में तिरुवांकुर-कोचीन और पेप्सू में नये निर्वाचन होंगे।

18 इंग्लैंड के मजदूर नेता श्री सी० आर० एटली ने घोषणा की कि संसार में प्रजातंत्र पद्धति के पनपने में भारत का महत्व बहुत अधिक है।

तारीख

21 भारत सरकार का जर्मनी के क्रुप्स कारखाने से यह समझौता हुआ कि भारत में 100 करोड़ रुपयों की लागत से हिन्दुस्तान स्टील लिमिटेड नाम का इस्पात का कारखाना खोला जायगा ।

22 प्रधान मंत्री ने यह घोषणा की कि राज्यों के पुनर्संगठन के उद्देश्य से एक कमीशन नियुक्त किया जा रहा है ।

24 भारतीय रेलवे के लिये अमेरिका और भारत में यह समझौता हुआ कि अमेरिका भारत को 2 करोड़ डालर देगा ।

30 भारत में अस्पृश्यता को अपराध घोषित करने वाला कानून गजट में प्रकाशित कर दिया गया ।

31 प्रधान मंत्री ने यह घोषणा की कि वह किसी भी दशा में विदेशी सेना को भारत की भूमि पर नहीं आने देंगे ।

# तीसवां अध्याय
## वर्ष के कानून
## 1953

| कानून<br>1 | पेश होने का समय<br>2 | प्रारम्भ करने वाले भवन में स्वीकृत होने की तारीख<br>3 | दूसरे भवन में स्वीकृत होने की तारीख<br>4 | राष्ट्रपति द्वारा अनुमति देने की तारीख<br>5 |
|---|---|---|---|---|
| 1 स्वीकृतिकरण कानून 1953 | 19 फरवरी 1953 | 19 फरवरी 1953 | 23 फरवरी 1953 | 5 मार्च 1953 |
| 2 भारतीय तटकर (संशोधन) कानून 1953 | 20 फरवरी 1953 | 4 मार्च 1953 | 9 मार्च 1953 | 16 मार्च 1953 |
| 3 संनियन अन्तरिम कर (वितरण) कानून 1953 | 27 फरवरी 1953 | 3 मार्च 1953 | 9 मार्च 1953 | 18 मार्च 1953 |
| 4 स्वीकृतिकरण (वोट ऑन एकाउन्ट) कानून 1953 | 3 मार्च 1953 | 3 मार्च 1953 | 7 मार्च 1953 | 19 मार्च 1953 |
| 5. स्वीकृतिकरण (रेलवे) कानून 1953 | 2 मार्च 1953 | 3 मार्च 1953 | 7 मार्च 1953 | 19 मार्च 1953 |
| 6 स्वीकृतिकरण (रेलवे) नं० 2 कानून 1953 | 3 मार्च 1953 | 3 मार्च 1953 | 7 मार्च 1953 | 19 मार्च 1953 |
| 7 पटियाला और पूर्वी-पंजाब राज्य संनियन स्वीकृति-करण कानून 1953 | 26 मार्च 1953 | 26 मार्च 1953 | 28 मार्च 1953 | 31 मार्च 1953 |
| 8 पटियाला और पूर्वी-पंजाब राज्य संनियन स्वीकृति-करण (वोट ऑन एका-उन्ट) कानून 1953 | 26 मार्च 1953 | 26 मार्च 1953 | 28 मार्च 1953 | 31 मार्च 1953 |
| 9 स्वीकृतिकरण (नं० 2) कानून 1953 | 26 मार्च 1953 | 26 मार्च 1953 | 28 मार्च 1953 | 31 मार्च 1953 |
| 10 हैदराबाद मुद्रा और कागजी मुद्रा (विविध व्यवस्थाएं) कानून 1953 | 27 मार्च 1953 | 28 मार्च 1953 | 31 मार्च 1953 | 31 मार्च 1953 |
| 11 निष्क्रान्त सम्पत्ति प्रशासन संशोधन कानून 1953 | 4 अगस्त 1952 | 20 फरवरी 1953<br>26 मार्च 1953 | 25 फरवरी 1953 | 9 अप्रैल 1953 |

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
|---|---|---|---|---|
